महाकविदण्ड्याचार्यविरचितः

काव्यादर्शः

व्याख्याकारः

आचार्यः श्रीरामचन्द्रमिश्रः

चौखम्बा विद्याभवन
वाराणसी

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला
३७

महाकविदण्ड्याचार्यविरचितः

काव्यादर्शः

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वयोपेतः

व्याख्याकारः
आचार्य श्रीरामचन्द्रमिश्रः
(प्राध्यापक : धर्मसमाज संस्कृत कालेज, मुजफ्फरपुर)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी २२१००१

प्रकाशक—

चौखम्बा विद्याभवन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),

पो० बा० नं० १०६९

वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३२०४०४

द्वितीय संस्करण १९९६

प्रथम परिच्छेद २५-००

१-२ ५०-००

सम्पूर्ण ७५-००

अन्य प्राप्तिस्थान—

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पोस्ट बाक्स नं० ११२९

वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३३३४३१

*

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., जवाहरनगर, बंगलो रोड

दिल्ली ११०००७

दूरभाष : २३६३९१

मुद्रक

फूल प्रिण्टर्स

वाराणसी

THE

VIDYABHAWAN SANSKRIT GRANTHAMALA

37

KĀVYĀDARŚA

OF

MAHĀKAVI DAṆḌĪ

Edited with

'Prakasha' Sanskrit & Hindi Commentaries

By

Acharya Ramchandra Mishra

Ex. Professor, Dharma Samaj Sanskrit College, Muzaffarpur.

CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

VARANASI

विंशशताब्द्यामपि महाकाव्यखण्डकाव्यचम्पूविविधटीका-
निर्माणयशःशालिनां सफलाध्यापनप्रथितकीर्तीनां
मैथिलश्रोत्रियविद्वद्वरकविशेखरपण्डितश्रीयुत,

बदरीनाथझाशर्मणां

करकमलयोः
सादरं समर्पयति निजां कृतिं काव्यादर्शव्याख्यामिमां
तस्य साहित्यविद्याद्रोणाचार्यस्यैकलव्यः

शिष्यः
रामचन्द्रः

अवतारणा

अथायमुपक्रम्यते प्रकाशयितुं महाकविदण्डिविरचितः सव्याख्यश्च काव्यादर्शः, अलङ्कारशास्त्रे प्रविविक्षतां कृते ग्रन्थोऽयमतीवोपकारकः सरसमधुरया शैल्याऽलङ्कारशास्त्रीयतत्त्वनिग्रहप्रकाशश्चेति न तिरोहितं सुधियाम्। इदमीयगुणगणगौरवमेवास्य चिरप्रणीतत्वेऽपि समधिकसुधीसमुदयाकर्षणकारणत्वं कलयति।

यद्यप्यस्य बहवो व्याख्याः प्रथन्ते, यथा—१. तरुणवाचस्पतिकृता टीका, २. एस्. के. बेलबलकरेण कृता टीका, एन्. बी. रेडीशास्त्रिकृता, ३. प्रेमचन्द्रकृता, ४. जीवानन्दकृता, ५. विश्वेश्वरसुतहरिनाथकृता, ६. नरसिंहकृता, ७. भगीरथकृता, ८. विजयानन्दकृता, ९. त्रिभुवनाचार्यकृता १०. कृष्णकिंकरकृता, ११. जगन्नाथतनयमल्लिनाथकृता, १२. रङ्गाचार्यकृता च। एतदतिरिक्ता अपि अज्ञातकर्तृकास्तिस्रष्टीकाः कृष्णमाचार्येण स्वीये संस्कृतसाहित्येतिहासनामके ग्रन्थे स्मर्यन्ते।

आधुनिकसमयेऽप्यत्र ग्रन्थे व्रजरत्नदासमहोदयेन हिन्दीव्याख्या तथा वी. नारायणऐयरमहाशयेनाङ्ग्लानुवादः क्रियतेस्म।

तदेवं भूयांसि व्याख्यानानि ग्रन्थस्यास्य गौरवं सडिण्डिमनादं ख्यापयन्ति। तासु टीकासु कतीनामनुपलम्भात् कतिपयानां च संक्षिप्ततमत्वादन्यासां चासम्बद्धाधिकार्थाभिधायित्वादेका वर्त्तमानसमयोपयुक्ता टीकाऽपेक्ष्यते स्म। तन्निमित्त एव ममायमुपक्रमः।

मया टीकाकरणकाले पञ्चषा व्याख्या निपुणमालोचितास्तत्र रङ्गाचार्यकृता टीका मुख्या, अन्याश्च जीवानन्द-प्रेमचन्द्र-व्रजरत्नदास-वी. नारायणऐयरप्रभृतिसम्पादिताः।

सर्वास्ताष्टीका यथामति समालोच्य मयाऽयं ग्रन्थष्टीकितो यत्र संस्कृतव्याख्यया सह हिन्दीव्याख्यापि समावेशिता विद्यते। संस्कृतव्याख्यापेक्षया हिन्दीव्याख्यायामधिका अर्थाः समावेशयितुमिष्टा मया, तथा साधारणाध्येतृजनानामधिकं सौविध्यमाधीयेत।

आशासे मदीयेन प्रयासेनास्य ग्रन्थस्याध्येतारश्छात्रास्तदध्यापकाश्चाक्लेशमिमं हृदयावर्जकं ग्रन्थं तत्त्वतो विज्ञाय मदीयं श्रमं सर्वात्मना सफलयिष्यन्तीति शम्।

विनयावनतः

श्रीरामचन्द्रमिश्रः

प्रस्तावना

अलङ्कारशास्त्र

काव्यशास्त्र समाज का चित्र माना जाता है, कवि अपनी प्रतिभाके द्वारा समाजका सर्वाङ्गीण चित्र अपने काव्यों में उपस्थित करते हैं, उसके नियमोंका, स्वरूपका, दोष-गुणका और उसमें अपेक्षित रीति आदिका विवेचन भी काव्यके करने तथा यथार्थरूपमें समझनेके लिये आवश्यक हो जाता है। इसी तरहकी विवेचनाके लिये प्रस्तुत ग्रन्थोंकी गणना साहित्यशास्त्र-के विभागमें की जाती है।

साहित्यशास्त्र का ही परिमार्जित रूप या संक्षिप्त रूप अलङ्कारशास्त्र माना जाता है। आलोचक विद्वान् अपनी प्रतिभाके आधारपर काव्यके दोषों, गुणों तथा अन्यान्य उपयोगी अङ्गोंकी विवेचना करके काव्यको समझनेकी सुविधा उत्पन्न कर देते हैं।

इस तरह अलङ्कारशास्त्र काव्याङ्ग होता है, अत एव साहित्यदर्पणकारने अपने ग्रन्थमें लिखा है:—

'अस्य ग्रन्थस्य काव्याङ्गतया काव्यफलैरेव फलवत्त्वम्'

काव्यका फल भी उन्होंने इस प्रकार कहा है :—

चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि। काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते॥

इसका प्रतिपदविवेचन साहित्यदर्पणमें देखें।

अलङ्कार-शब्दार्थ

अलङ्कार शब्दका अर्थ भूषण माना जाता है। जिससे अङ्गकी तथा उसके द्वारा अङ्गीकी शोभावृद्धि होती है उसे अलङ्कार कहते हैं। अलङ्कारका लौकिक प्रयोग-विषय जितना प्रसिद्ध है, शास्त्रीय प्रयोग-विषय भी उतना ही प्रसिद्ध है। जिस प्रकारसे शरीर-शोभा-वर्धन द्वारा शरीरी-की शोभा बढ़ानेवाले हारादि अलङ्कार कहे जाते हैं उसी तरह शब्दार्थस्वरूप शरीरशोभा-वर्धन द्वारा रसरूप शरीरीकी शोभा बढ़ानेवाले उपमादि अलङ्कार कहे जाते हैं। आचार्योंने स्वीकार किया है :—

'हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः।' 'काव्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान्प्रचक्षते॥'

अलङ्कारों का आविर्भाव

अलङ्कारोंका आविर्भाव कब हुआ ? इस प्रसङ्गमें विचार करनेसे प्रतीत होता है कि मानव-समाजकी आदि भाषामें भी इसका प्रयोग अवश्य होता रहा होगा। मानव-समाजकी आदिम भाषा कौन थी, इसका निर्णय अवश्य कठिन है, परन्तु उसमें अलङ्कारोंका प्रयोग अवश्य होता रहा होगा, क्योंकि हम देखते हैं कि संसारकी कोई भी ऐसी भाषा नहीं है, जिसमें आलङ्कारिक प्रयोग नहीं होते हों।

जहाँ तक उपलभ्यमान भाषाओंका संबन्ध है, लोगोंकी मान्यता यही है ऋग्वेदका प्राचीनत्व सिद्ध है। ऋग्वेदमें अलङ्कारोंके प्रयोग प्रचुर रूपमें पाये जाते हैं :—

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्ष सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मर्त्यां आविवेश'॥ (ऋग्० ४।५८।३)
सिंहा इव मा नदन्ति प्रचेतसः, पिशा इव सुपिशः विश्ववेदसः॥ (ऋग्० १।६४।८)
तद्विष्णोः परमं पदं दिवीवचक्षुराततं, सदा पश्यन्ति सूरयः॥ (ऋग्० १।२२।२०)

इन मन्त्रांशोंमें रूपक एवं उपमाके प्रयोग स्पष्ट हैं।

उसके बादके ग्रन्थोंमें तो अलङ्कारोंके प्रयोग होते ही थे। इस प्रसङ्गमें उदाहरण-प्रदर्शन अनावश्यक है।

अलङ्कारशास्त्र

जब किसी वस्तुका प्रयोग होने लगता है, उसकी ओर वक्ता-श्रोताकी रुचि बढ़ने लगती है, तब उसकी परिभाषा आदि शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत किये जाने लगते हैं जिसे हम तत्तत् शास्त्रके नाम से पुकारते हैं।

अलङ्कारशास्त्रके विषयमें यही बात लागू हुई होगी। हमारी प्राचीन परम्पराके अनुसार शास्त्र होनेके लिये सूत्र, वृत्ति और भाष्यका होना अपेक्षित है। तदनुसार अलङ्कारशास्त्रमें इन वस्तुओंका होना अपेक्षित है।

अलङ्कारशास्त्रके सूत्र, वृत्ति तथा भाष्यग्रन्थ कौन-कौनसे हैं, इस सम्बन्धमें विचार करनेपर पता चलता है कि इसका सूत्रग्रन्थ शौद्धोदनिका सूत्र है, केशवमिश्रने अपने अलङ्कारशेखरमें लिखा है :—

'अलङ्कारविद्यासूत्रकारो भगवान् शौद्धोदनिः काव्यस्य स्वरूपमाह'

गौड़देशके आचार्यगण काव्यप्रकाशकारिकाको भरतमुनिकृत काव्यालङ्कारसूत्ररूपमें स्वीकार करते हैं—साहित्यकौमुदी नामक स्वलिखित ग्रन्थमें बलदेव विद्याभूषण ने लिखा है :—

'काव्यप्रकाशस्य द्वावंशौ; कारिका, वृत्तिश्च, भरतमुनिप्रणीता या कारिका सा अलङ्कार-सूत्रनाम्ना व्यवह्रियते, मम्मटप्रणीता या वृत्तिः सैव काव्यप्रकाशनामभाक्।'

अन्यान्य आचार्यगण भी काव्यप्रकाशस्थ कारिकाओंको सूत्र नामसे व्यवहृत करते हैं, देखिये :—

महेश्वर—**उदाहरणेषु दृष्टत्वात् सूत्रानुक्तमपि प्रभेदद्वयमाह।**

भीमसेन—**सूत्रे प्रश्नोत्तरपदं पूर्वापरवाक्योपलक्षकम्।**

विद्यानाथ—**सूत्राक्षरानुसाराच्चोपेक्ष्यम।**

गोविन्दठक्कुर—**'सूत्रे विभाग उपलक्षणपरः।**

नागेशभट्ट—**सूत्रं चोपलक्षणपरतया योज्यम।**

यद्यपि केशव मिश्रने अलङ्कारशेखरमें शौद्धोदनिके सूत्रको सूत्र माना है, परन्तु काव्य-प्रकाशकी कारिकाको ही बहुमतसे सूत्र मानना उचित प्रतीत होता है। अन्यान्य वामनादि-प्रणीत सूत्रोंको अव्यापक होनेसे सूत्रग्रन्थ कहलानेका गौरव नहीं प्राप्त हो सका।

कुछ अज्ञातकर्तृक या यशकरकृत अलङ्कारसूत्रों पर बारहवीं शताब्दीमें उत्पन्न होनेवाले शोभाकरने व्याख्या लिखी है, परन्तु इन सूत्रोंको भी वह ख्याति नहीं मिल सकी जो काव्य-प्रकाशादृत सूत्रोंको मिली है। इस प्रकारसे सूत्रोंके विषयमें विचारकर लेनेपर वृत्तिके विषयमें यही कहना होगा कि उन्हीं सूत्रोंपर लिखी गई व्याख्यायें वृत्तियाँ मानी जा सकती हैं।

अलङ्कारशास्त्र का क्रम-विकास

अलङ्कारोंके क्रम-विकासपर विचार करनेसे ज्ञात होता है कि इसके प्रयोगात्मक स्वरूपमें विकास होनेमें जितना अधिक समय लगा होगा, लक्षणोदाहरणनिरूपणरूप विवेचनात्मक क्रमविकासमें उतना समय नहीं लगा होगा। जितना समय वस्तुके बननेमें लगता है उतना समय उसके नाम-करणमें भी लगे, यह उचित नहीं है।

भरतमुनिकृत नाट्यशास्त्रमें केवल चार ही अलङ्कारोंका उल्लेख हो पाया है, इसके बाद अग्निपुराणमें १६ अलङ्कारोंके नाम आये हैं। अग्निपुराणके समयके सम्बन्धमें बड़ा सन्देह

है, कुछ लोग पुराण-शब्द-प्रथाके आधारपर उसे प्राचीनतम और कुछ लोग अन्तरङ्ग-परीक्षाके आधारपर अनतिप्राचीन मानते हैं, अतः उसमें लिखे गये अलङ्कारोंका कौन क्रम होगा, यह भी सन्दिग्ध है।

वास्तवमें अग्निपुराण तकका अलङ्कारविभाग प्रामाणिक रूपमें नहीं है। अग्निपुराणके बाद अलङ्कारग्रन्थ भामहका अलङ्कारसूत्र माना जाता है। उसमें निम्नलिखित अलङ्कार निरूपित हुए हैं :-

१. अतिशयोक्ति, २. अनन्वय, ३. अनुप्रास, ४. अपह्नुति, ५. अप्रस्तुतप्रशंसा, ६. अर्थान्तर-न्यास, ७. आक्षेप, ८. आशीः, ९. उत्प्रेक्षा, १०. उत्प्रेक्षावयव, ११. उदात्त, १२. उपमा, १३. उपमा-रूपक, १४. उपमेयोपमा, १५. ऊर्जस्वी, १६. तुल्ययोगिता, १७. दीपक, १८. निदर्शना, १९. पर्या-योक्त, २०. परिवृत्ति, २१. प्रेयः, २२. भाविक, २३ यथासंख्य, २४. यमक, २५. रसवत्, २६. रूपक, २७. विभावना, २८. विरोध, २९. विशेषोक्ति, ३०. व्यतिरेक, ३१. व्याजस्तुति, ३२. श्लेष, ३३. सन्देह, ३४. समासोक्ति, ३५. समाहित, ३६. संसृष्टि, ३७. सहोक्ति, ३८. स्वभावोक्ति।

इस प्रकार भामहने ३८ अलङ्कारोंका निरूपण किया है।

दण्डीने इनमें कुछ घटा-बढ़ाकर ३७ अलङ्कार स्वीकार किये हैं :—

स्वभावाख्यानमुपमा रूपकं दीपिकावृती। आक्षेपोऽर्थान्तरन्यासो व्यतिरेको विभावना॥
समासातिशयोत्प्रेक्षा हेतुः सूक्ष्मो लवः क्रमः। प्रेयो रसवदूर्जस्वि पर्यायोक्तं समाहितम्॥
उदात्तापह्नुतिश्लेषविशेषास्तुल्ययोगिता। विरोधाप्रस्तुतस्तोत्रे व्याजस्तुतिनिदर्शने॥
सहोक्तिः परिवृत्त्याशीः, सङ्कीर्णमथ भाविकम्। इति वाचामलङ्कारा दर्शिताः पूर्वसूरिभिः॥
काश्चिन्मार्गविभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलंक्रियाः। (काव्यादर्श २।३-७)

वामनने केवल ३१ अलङ्कार ही निरूपित किये हैं, जिनके नाम ये हैं :—

१. अतिशयोक्ति, २. अनन्वय, ३. अनुप्रास, ४. अपह्नुति, ५. अप्रस्तुतप्रशंसा, ६. अर्थान्तर-न्यास, ७. आक्षेप, ८. उत्प्रेक्षा, ९. उपमा, १०. उपमेयोपमा, ११. तुल्ययोगिता, १२. दीपक, १३. निदर्शना, १४. परिवृत्ति, १५. प्रतिवस्तूपमा, १६. यथासंख्य, १७. यमक, १८. रूपक, १९. वक्रोक्ति, २०. विभावना, २१. विरोध, २२. विशेषोक्ति, २३. व्यतिरेक, २४. व्याजस्तुति, २५. व्याजोक्ति, २६. श्लेष, २७. सन्देह, २८. समासोक्ति, २९. समाहित, ३०. संसृष्टि, ३१. सहोक्ति।

इसी प्रकार रुद्रटने २६ अलङ्कार तथा उद्भटने ४१ अलङ्कार स्वीकार किये हैं।

इस प्रसङ्गमें उन सभी आचार्यों द्वारा स्वीकृत अलङ्कारोंकी सूची प्रस्तुत करना अनावश्यक है, इससे इतना ही पता लगाना है कि क्रमशः अलङ्कारोंके सम्बन्धमें उपयुक्त विचार करके आचार्योंने अलङ्कारोंकी संख्या घटाई या बढ़ाई।

सर्वाधिक प्रभावशाली, प्रामाणिक तथा वाग्देवतावतार प्रकाशकारने अपने काव्यप्रकाशमें ६९ अलङ्कार स्वीकार किये हैं :—

उपमानन्वयस्तावदुपमेयोपमा ततः। उत्प्रेक्षा च ससंदेहो रूपकापह्नुती तथा॥
अप्रस्तुतप्रशंसातिशयोक्ती परिकीर्त्तिते। श्लेषस्तथा समासोक्तिः प्रोक्ता चैव निदर्शना॥
प्रतिवस्तूपमा तद्वद् दृष्टान्तो दीपकं तथा। तुल्ययोगितया चैव व्यतिरेकः प्रकीर्त्तितः॥
आक्षेपो विभावना च विशेषोक्तिस्तथैव च। यथासंख्यमर्थान्तरन्यासः स्यातां विरोधवत्॥
स्वभावोक्तिस्तथा व्याजस्तुतिः प्रोक्ता सहोक्तिवत्। विनोक्तिपरिवृत्ती च भाविकं काव्यलिङ्गवत्॥
पर्यायोक्तमुदात्तं च समुच्चय उदीरितः। पर्यायश्चानुमानं च प्रोक्तः परिकरस्तथा॥
व्याजोक्तिपरिसंख्ये च विज्ञेये हेतुमालया। अन्योऽन्यमुत्तरं सूक्ष्मसारौ तद्वदसङ्गतिः॥
समाधिस्तु समेन स्याद्विषमस्त्वधिकेन च। प्रत्यनीकं मीलितं च स्यातामेकावली स्मृती॥

भ्रान्तिमांस्तु प्रतीपेन सामान्यं च विशेषवत्। तद्गुणातद्गुणौ चैव व्याघातः परिकीर्त्तितः॥
संसृष्टिसंकरौ चैवमेकषष्टिरुदीरिताः।

इस प्रदीपोक्ति के अनुसार ६१ अर्थालङ्कार और ८ शब्दालङ्कार (योग ६९) हुए।

इस प्रकार तुलनात्मक दृष्टिकोणसे विचार करनेपर यह भी ज्ञात होता है कि लगभग ईसा को बारहवीं शताब्दी तक अलङ्कारोंके विषयमें एक प्रकारकी निश्चिन्तता आ गई थी। इस विषयमें इयत्तावधारण करना तो संभव नहीं है; क्योंकि वाग्भङ्गीके भेदसे नये-नये अलङ्कार उत्पन्न होते रहते हैं और वाग्भङ्गीका नियन्त्रण करना संभव भी नहीं है, वक्ताकी बुद्धिके भेदसे वाग्भङ्गी सदा बदलती रह सकती है, इसीलिये कहा है :—

काव्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान् प्रचक्षते।
ते चाद्यापि विकल्प्यन्ते, कस्तान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति॥ (काव्यादर्श २-१)

'सहस्रशो हि महात्मभिरन्यैलङ्कारप्रकाराः प्रकाशिताः, प्रकाश्यन्ते च।' (ध्वन्या० १)

आगे चलकर अलङ्कारोंकी संख्या बहुत अधिक वेगसे बढ़ने लगी, १२वीं शताब्दी ईस्वीके बाद और १८वीं ईस्वीं शताब्दीके बीचमें बने हुए ग्रन्थोंमें अपनाये गये अलङ्कारोंका विवरण इस प्रकार है।

जयदेवने चन्द्रालोकमें ८ शब्दालङ्कार और ८१ अर्थालङ्कार कुल मिलाकर ८९ अलङ्कार निरूपित किये हैं। मम्मट द्वारा स्वीकृत अलङ्कारोंमें संकर, संसृष्टि, सूक्ष्म नामक तीन अलङ्कारोंको छोड़कर शेष ६६ अलङ्कार जयदेवने मान लिये हैं और शेष स्वीकृत अलङ्कार खुद उद्भावित किये हैं।

साहित्यदर्पणकार विश्वनाथने १२ शब्दालङ्कार, ७० अर्थालङ्कार और ७ रसवदादि अलङ्कार कुल ८९ अलङ्कारोंका निरूपण किया है। उनके द्वारा निरूपित अलङ्कारोंमें ८४ अलङ्कार ऐसे हैं, जिनका निरूपण उनके पूर्ववर्त्ती आचार्यों द्वारा किया जा चुका था, ५ अलङ्कारोंकी उद्भावना उन्होंने स्वयं की है।

द्वितीय वाग्भटने अपने काव्यानुशासनमें अन्य और अपर नामक दो अलङ्कार उद्भावित किये हैं।

अप्पय्यदीक्षितने सब मिलाकर ११८ अलङ्कार माने हैं।

पण्डितराज जगन्नाथ का रसगङ्गाधर अपूर्ण है, अतः उनके द्वारा स्वीकृत अलङ्कारोंकी संख्या नहीं निर्णीत की जा सकती है।

इस सम्बन्धमें एक बात और जाननी चाहिये कि सभी आचार्योंने सूचित अलङ्कारोंकी सूचीको वर्गोंमें विभक्त कर दिया है, जैसे शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार और उभयालङ्कार। एक दूसरे प्रकारका वर्गीकरण भी पाया जाता है, जैसे सादृश्यमूलक, कार्यकारणभावमूलक आदि।

नवीनतम आलोचकोंने निम्नलिखित रूपसे अलङ्कारों का वर्गीकरण किया है।

१. **उपमामूलक**—उपमा, उपमेयोपमा, अनन्वय, स्मरणादि।
२. **आरोपमूलक**—रूपक, परिणाम, सन्देह, भ्रान्तिमान् आदि।
३. **अध्यवसायमूलक**—उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति आदि।
४. **गम्यमान सादृश्यमूलक**—तुल्ययोगिता, दीपकादि।
५. **भेदमूलक**—व्यतिरेक, विनोक्ति आदि।
६. **विशेषणादिवैचित्र्यमूलक**—समासोक्ति, परिकरादि।
७. **विरोधमूलक**—विरोध, विभावना, व्याघात आदि।

८. तर्कमूलक—अनुमान, काव्यलिङ्गादि ।
९. काव्यन्यायमूलक—यथासंख्य, पर्याय आदि ।
१०. लोकवृत्तोपन्यासमूलक—मीलित, सामान्य, तद्गुणादि ।
११. गूढार्थाभिव्यक्तिमूलक—सूक्ष्म, व्याजोक्ति ।
१२. रसादिसम्बन्धमूलक—रसवत्, प्रेयः आदि ।

काव्यादर्श-परिचय

काव्यादर्श एक रीतिसम्प्रदायका साहित्यशास्त्र-सम्बन्धी ग्रन्थ है । उपलब्ध होने वाले प्राचीन लक्षणग्रन्थों में भामहके बाद दण्डीका काव्यादर्श ही मिलता है । काव्यादर्शमें तीन परिच्छेद हैं ।

प्रथम परिच्छेदमें काव्यपरिभाषा, काव्यभेद, महाकाव्यादिके लक्षण, गद्यके प्रभेद, कथा, आख्यायिका, मिश्रकाव्य, भाषाप्रभेद और वैदर्भमार्ग एवं अन्यान्य मार्ग तथा अनुप्रास, गुण काव्यकारण आदिका विवेचन किया गया है ।

द्वितीय परिच्छेदमें ३५ अर्थालङ्कारोंके भेदप्रभेदके साथ लक्षणोदाहरणादि निरूपित किये गये हैं ।

तृतीय परिच्छेदमें यमकप्रपञ्च, गोमूत्रिकादि चित्रबन्ध, प्रहेलिका तथा दोषोंका निरूपण विस्तारके साथ किया गया है ।

काव्यादर्श ही एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें पूर्ववर्त्ती सभी अलङ्कार-ग्रन्थोंसे अधिक अलङ्कारोंके उपभेदों एवं रीति तथा गुणादिका विस्तृत विमर्श किया गया है ।

अन्यान्य अलङ्कारशास्त्री

(१) **भामह**—भामहने काव्यालङ्कार नामक ग्रन्थकी रचना की है, जिसमें ३८ अलङ्कारों का निरूपण किया गया है । उद्भट, आनन्दवर्धन और मम्मट जैसे प्रतिष्ठित आचार्यों ने भामह-का नाम तथा मत गौरवके साथ लिया है । भामहका न्यायदोषप्रकरण अत्यन्त विवेचनापूर्ण है ।

(२) **धर्मकीर्ति**—धर्मकीर्त्तिने भी अलङ्कारशास्त्रपर कुछ लिखा था, उनका लिखा हुआ ग्रन्थ यद्यपि नहीं मिलता है, तथापि—**'अलङ्कारो नाम धर्मकीर्तिकृतो ग्रन्थविशेषः'** इस प्रकारके शिवरामलिखित अवतरणसे पता चलता है कि धर्मकीर्तिने अलङ्कारशास्त्रपर भी कुछ लिखा था । उनका बौद्धशास्त्रीय प्रबन्ध तो प्रथित ही है ।

वामन—वामनने अपने काव्यालङ्कारसूत्रमें ३३ अलङ्कार निरूपित किये हैं । वामनके काव्यालङ्कारसूत्रमें रीतिसम्प्रदायका समर्थन किया गया है, जिसकी आलोचना मम्मटने की है ।

(४) **उद्भट**—उद्भटका 'काव्यालङ्कारसारसंग्रह' एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है, जिसमें ४१ अलङ्कारों का निरूपण किया गया है । उद्भट काश्मीरनरेश जयपालके सभास्तार थे, जिसके सम्बन्धमें कल्हणने राजतरङ्गिणीमें लिखा है :—

'विद्वान् दीनारलक्षेण प्रत्यहं कृतवेतनः ।
भट्टोऽभूदुद्भटस्तस्य भूमिभर्त्तुः सभापतिः ॥'

जयपालका समय ७७९ से ८१३ ई० माना जाता है, उद्भटका भी वही समय है ।

(५) **लोल्लट**—लोलटने नाट्यशास्त्रपर टीका लिखी थी, जिसका अब पता नहीं लगता है, केवल अभिनवगुप्त द्वारा किये गये खण्डनके प्रसङ्गमें लोल्लटके मतका प्रसङ्ग आया है । राजा, शेखरने भी लोल्लटके मतकी आलोचना की है, जिसमें राजशेखरने लोल्लटको 'अपराजित' का पुत्र कहा है । अपराजितका समय राजशेखरके समयसे मिलता-जुलता है ।

(६) **शंखुक**—शंखुकके रससम्बन्धी विचारकी आलोचना अभिनवगुप्तने की है, शंखुक काश्मीरी राजा अजितापीड़के समयमें वर्त्तमान थे, अजितापीड़का काल ८१४-८५१ ई० माना जाता है। शंखुकने भावनाभ्युदय नामक काव्य भी लिखा है।

(७) **घण्टक**—घण्टक नामक आचार्यके मतकी आलोचना अभिनवगुप्तके लोचनमें आई है, घण्टकका नाम नाटकसंबन्धी ग्रन्थकर्त्ताके रूपमें लिया है।

(८) **आनन्दवर्धन**—आनन्दवर्धनका नाम ध्वन्यालोककारके रूपमें प्रसिद्ध है। आनन्दवर्धन अवन्तिवर्मा नामक राजाके समयमें थे, जिनका समय ८५५ से ८८४ ई० माना जाता है।

(९) **भट्टनायक**—भट्टनायकका मत भी अभिनवगुप्त द्वारा आलोचित हुआ है। भट्टनायक भी अवन्तिवर्माके दरवारी कवि माने जाते हैं, अतः उनका समय भी ८५५-८८४ माना जा सकता है।

(१०) **मुकुल**—मुकुलका 'अभिधावृत्तिमातृका' नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध है, उनका समय भी ८५५-८८४ ही है।

(११) **राजशेखर**—राजशेखरका साहित्यिक आलोचनासन्बन्धी 'काव्यमीमांसा' नामक ग्रन्थ अतिप्रसिद्ध है। राअशेखर आलोचक होनेके साथ ही उत्तम कवि भी थे। राजशेखरका रचनाकाल ८८४ से ९२५ ई० तक प्रमाणित है।

(१२) **रुद्रट**—रुद्रट काश्मीरी थे, उनके लिखे दो ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं, काव्यालङ्कार तथा श्रृङ्गारतिलक। रुद्रटका समय नवम शताब्दीका उत्तर भाग माना जाता है। रुद्रटका काव्यालङ्कार आर्याछन्दमें लिखित तथा सोलह अध्यायोंमें विभक्त है। अलङ्कारोंको रुद्रटने वास्तव, औपम्य, ऐतिह्य, और श्लेष नामक नामविभागोंमें विभक्त किया है।

(१३) **नमिसाधु**—नमिसाधु नामक श्वेताम्बर जैनने रुद्रटके काव्यालङ्कार पर टीका लिखी है। वह टीका ११२५-११५६ के बीच लिखी गई है।

(१४) **धनञ्जय**—धनञ्जयका लिखा हुआ दशरूपक नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध है। धनञ्जय प्रतिहारेन्दुराज द्वितीयके समयमें थे, अतः उनका काल ९७४ से ९९५ तक माना जाता है।

(१५) **अभिनवगुप्त**—अभिनवगुप्त एक प्रतिष्ठित आचार्य थे। उनके लिखे हुए 'अभिनवभारती' तथा 'लोचन' नामक ग्रन्थ अलङ्कारशास्त्रके लिये प्रमाणभूत माने जाते हैं। अभिनवगुप्ताचार्यका समय ९७०-१०५० माना जाता है।

(१६) **उत्पलदेव**—उत्पलदेव अभिनवगुप्तके गुरुओंमेंसे थे। उनका लिखा हुआ प्रत्यभिज्ञा दर्शनविषयक ग्रन्थ प्रसिद्ध है। उनका समय १०म शतकका आदि भाग है।

(१७) **भट्टतौत**—भट्टतौतविरचित काव्यकौतुक नामक ग्रंथ अब अप्राप्य हो गया है, परन्तु उसका उद्धरण माणिक्यचन्द्रने अपने ग्रन्थमें किया है, जिससे पता चलता है कि वह ग्रन्थ साहित्यशास्त्रका था। उनका समय भी दशम शतकका प्रारम्भ माना जा सकता है, क्योंकि उनके मतका उल्लेख लोचनमें भी आया है।

(१८) **भट्टेन्दुराज**—भट्टेन्दुराजका कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ अब नहीं पाया जाता है, परन्तु उनका उल्लेख क्षेमेन्द्रविरचित औचित्यविचारचर्चामें आया है। भट्टेन्दुराजका समय ९म शतक हो सकता है।

(१९) **क्षीरस्वामी**—क्षीरस्वामी भट्टेन्दुराजके शिष्य थे, उनके द्वारा विरचित 'अभिनवराघव' नामक ग्रन्थ का अवतरण रामचन्द्रने दिया है। उनका समय ९म शतक हो सकता है।

(२०) **भोज**—धाराधीश महाराज भोजका सरस्वतीकण्ठाभरण तथा शृङ्गारप्रकाश नामक ग्रन्थयुगल साहित्यशास्त्रमें विख्यात है। भोजका समय एकादश शतकका आदि भाग निश्चित है।

(२१) **अजितसेन**—अजितसेनने अलङ्कारचूड़ामणि नामक ग्रन्थ अलङ्कारपर तथा शृङ्गार-मञ्जरी नामक ग्रंथ रसशास्त्र पर लिखा था। उनके ग्रंथ पद्यबद्ध थे। वह १०म शतकमें विद्यमान थे।

(२२) **क्षेमेन्द्र**—क्षेमेन्द्रविरचित औचित्यविचारचर्चा नामक ग्रन्थ औचित्यसम्प्रदाय-प्रवर्त्तकतया स्वनामख्यात है। क्षेमेन्द्रका समय लगभग १०५० ई० है।

(२३) **कुन्तक**—कुन्तकविरचित 'वक्रोक्तिजीवित' वक्रोक्तिसम्प्रदायका प्रधान ग्रन्थ माना जाता रहा है। कुन्तकने ध्वनिको वक्रोक्तिस्वरूप माना है। कुन्तकका समय १०म शतक और ११ शतकका मध्य भाग है।

(२४) **महिमभट्ट**—महिमभट्टने अपने समयके प्रसिद्ध ग्रन्थ ध्वन्यालोकका खण्डन अपने 'व्यक्तिविवेक' नामक ग्रन्थमें बड़े जोरदार शब्दोंमें किया है, उनका भी एक अपना खास व्यक्तित्व है। काव्यालोचकों में महिमभट्ट की महिमा विख्यात है। उनका समय ११ शतक का आदि भाग है।

(२५) **मम्मट**—मम्मटका नाम वाग्देवतावतार के रूपमें प्रसिद्ध है। इनका काव्यप्रकाश स्वनामख्यात है। उनका समय एकादश शतक निश्चित है।

(२६) **माणिक्यचन्द्र**—माणिक्यचन्द्र काव्यप्रकाशके सर्वप्रथम टीकाकारके रूपमें प्रसिद्ध हैं। उनकी सङ्केत नामक टीका ११६० ई० में लिखी गई थी, अतः उनका समय वही माना जाता है।

काव्यप्रकाशकी टीकाओंमें सङ्केतके अतिरिक्त सरस्वतीतीर्थकृत टीका (समय १२४२ ई०), जयन्तभट्टकृत जयन्ती टीका (समय १२९४ ई०), श्रीवत्सलाञ्छनकृत टीका (समय १६वीं शताब्दी), सोमेश्वरकृत टीका (समय १४ शतक), साहित्यदर्पणकर्त्ता विश्वनाथकृत टीका (समय १४ शतक), चण्डीदासकृत टीका, चक्रवर्त्तीकृत टीका (समय १५ शतक), महेश्वर न्याया-लङ्कारकृत टीका (समय १६ शतक), आनन्दराजानककृत शिवपक्षीय टीका (समय १७६५ ई०), कमलाकरकृत टीका (समय १६१२ ई०), नृसिंहठाकुरकृत टीका (समय १७ शतकका पूर्वार्द्ध), विद्यानाथकृत टीका (समय १७ शतकका परार्ध), भीमसेनकृत टीका (समय १७२३ ई०), रत्नकण्ठरचित सारसमुच्चय टीका (समय १७ श शतकका उत्तरार्ध) गोविन्द ठाकुर-कृत काव्यप्रदीप (समय १६ वीं शताब्दी) अपने प्रामाणिकत्वके लिये प्रसिद्ध है, अतः इन टीका-कारोंकी गणना अलङ्कारशास्त्रियोंमें की जाती है। काव्यप्रकाशकी अन्य टीकायें व्याख्यामात्र है, अतः उनके विषयमें विवरण नहीं दिया जा रहा है, उनकी संख्या बहुत बड़ी है।

(२७) **हेमेन्द्र**—हेमचन्द्रका काव्यानुशासन प्रसिद्ध अलङ्कारग्रन्थ है। उसकी रचना १०८८-११७४ के बीचमें हुई है। इन्हींके समसामयिक जयमङ्गलने कविशिक्षानामक ग्रन्थ तथा नागवर्माने काव्यालोचन नामक ग्रन्थ लिखा है।

(२८) **वाग्भट**—वाग्भटने वाग्भटालङ्कार नामक ग्रन्थ १०९४-११४३ के बीचमें लिखा है।

(२९) **देवेश्वर**—देवेश्वरने कविकल्पलता नामक ग्रन्थ लिखा है, उनका समय १३०० ई० के लगभग माना गया है।

(३०) **वाग्भट (द्वितीय)**—वाग्भट (द्वितीय) ने काव्यनुशासन नामक ग्रन्थ लिखा है, उनका समय त्रयोदश शतकका अन्त समझा जाता है।

(३१) **रुय्यक**—रुय्यककृत अलङ्कार-सर्वस्व एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका पाण्डित्य-गौरव प्रख्यात है। इस ग्रन्थके दो भाग हैं, सूत्र और वृत्ति। इतिहासज्ञोंका मत है कि रुय्यने सूत्रमात्र बनाये हैं, वृत्तिभाग मङ्खकी कृति है। इस वृत्तिग्रन्थ पर जयरथकृत टीका प्रसिद्ध है।

(३२) **मलयज पण्डित**—मलयज पण्डितकी रचना साहित्यसार है, जो लगभग ११६८ ई० में लिखा गया है।

(३३) **राजराज**—राजराज नामक विद्वान्ने 'राजराजीयम्' नामक अलङ्कारग्रन्थ लिखा है। उसका निर्माण १२ वाँ शतक है।

(३४) **आशाधर**—आशाधरका समय १२४० ई० माना गया है, उनकी बहुत-सी कृतियों-में त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र प्रसिद्ध है।

(३५) **धर्मदास**—धर्मदास एक बौद्ध विद्वान् हुए हैं। उनकी कृति विदग्धमुखमण्डन प्रसिद्ध है। उनका जीवनकाल १३९३ से १३०९ तक प्रमाणसिद्ध है।

(३६) **शारदातनय**—शारदातनयका 'भावप्रकाशनम्' नामक ग्रन्थ प्रख्यात है। उनका समय १२-१३ वें शतक का मध्य माना जा सकता है।

(३७) **शोभाकर**—शोभाकरविरचित अलङ्काररत्नाकर यशकरविरचित मूल ग्रन्थकी व्याख्याके रूपमें है। ये १३ वें शतकमें विद्यमान थे।

(३८) **सिंगभूपाल**—सिंगभूपाल १४ वीं शताब्दीमें दक्षिण-भारतमें विद्यमान थे। उनके दो ग्रन्थ मिलते हैं, जिनमें एक रस पर तथा दूसरा नाटक पर है।

(३९) **विश्वनाथ**—साहित्यदर्पण-निर्माता विश्वनाथ अतिप्रसिद्ध हो गये हैं, उनका समय १४ वाँ शतक अभ्रान्तरूप में निर्धारित हो गया है।

(४०) **विश्वनाथ (द्वितीय)**—धारासुरनिवासी विश्वनाथ प्रसिद्ध विश्वनाथसे भिन्न आचार्य थे। उनका लिखा 'साहित्यसुधासिन्धु' नामक ग्रन्थ मिलता है। उनका समय अनिश्चित है, परन्तु उन्होंने अपने ग्रन्थ में काव्यप्रकाशके व्याख्याकार चण्डीदासको याद किया है, जिससे उन्हें चण्डीदासके बादका ही मानना होगा।

(४१) **भानुदत्त**—भानुदत्त मिश्र मिथिलानिवासी तथा रसमंजरीके निर्माताके रूपमें प्रसिद्ध हैं।

(४२) **जयदेव**—जयदेवका चन्द्रालोक एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इनका समय क्या है? इस सम्बन्धमें मतभेद पाया जाता है। यदि चन्द्रालोककारको ही प्रसन्नराघवका निर्माता मान लिया जाय तो इनका समय १२ वीं और १३ वीं शताब्दीके मध्यमें हो सकता है, और यदि मैथिल सम्प्रदायके मन्तव्योंके अनुसार प्रसन्नराघवके प्रणेता और चन्द्रालोकके प्रणेतामें भेद माना जाय तो उनका अर्वाचीन होना ही युक्तिसङ्गत माना जायगा।

(४३) **सुखलाल**—सुखलाल मिश्रने चन्द्रालोककी कारिकाओंको आधार बनाकर अलङ्कार-मंजरी नामक ग्रन्थ लिखा है। उनका समय १८ वीं शताब्दीका मध्य माना जा सकता है।

(४४) **वेमभूपाल**—वेमभूपालका लिखा साहित्यचिन्तामणि नामक अलङ्कारग्रन्थ उपलब्ध होता है। उनका समय १५ वीं शताब्दीका प्रारम्भ माना गया है, क्योंकि १४२० में उनका देहावसान बताया जाता है।

(४५) **अनुरथमण्डन**—अनुरथमण्डन नामके एक जैन विद्वान् हो गये हैं उनके द्वारा लिखे गये दो ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं—जलपकलपलता और मुग्धमेधाकर। उनका समय १८ वीं शताब्दीका मध्यभाग निश्चित है।

(४६) **पुञ्जराज**—पुञ्जराज एक राजा थे जो मालवामें शासक थे। उनके द्वारा अपने भाई मुञ्जके लिये राज्यत्यागकी बात प्रसिद्ध हैं। पुञ्जराजकी रचनाओंमें ध्वनि-प्रदीप और शिशु-प्रबोधालङ्कार नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध है। उनका समय १५ वीं शताब्दीका अवसान भाग माना जाता है।

(४७) **अप्पयदीक्षित**—अप्पयदीक्षितका कुवलयानन्द तथा चित्रमीमांसा नामक ग्रन्थ अलङ्कारशास्त्रमें अतिप्रसिद्ध है। अप्पयदीक्षितका समय १५५४–१६१३ ई० है।

(४८) **कृष्णसुधी**—कृष्णसुधीका 'काव्यकलानिधि' नामक ग्रन्थ प्रसिद्ध है। उनका समय १८ वीं शताब्दीका प्रारम्भ माना जाता है।

(४९) **कृष्णशर्मा**—कृष्णशर्माका मन्दारमण्डनचम्पू नामक ग्रन्थ अलङ्कारका अच्छा-ग्रन्थ है। यद्यपि नाममें चम्पू शब्द जुड़ा हुआ है, परन्तु उसे अलङ्कार तथा रसके लिये विश्वकोष समझा जाता है। उनका समय १७ वीं शताब्दी है।

(५०) **प्रभाकर**—प्रभाकरका रसप्रदीप १५८३ ई० में लिखा गया, जिसमें तीन अध्याय हैं। इनमें क्रमशः, काव्य, रस, ध्वनिकी विवेचना है।

(५१) **बलदेव**—बलदेव विद्याभूषण चैतन्यमहाप्रभुके अनुयायी थे। उनके लिखे हुए साहित्यकौमुदी तथा काव्यकौस्तुभ नामक ग्रन्थ विख्यात हैं। वे जयसिंहके समय में १८ वीं शताब्दी में विद्यमान थे।

(५२) **विश्वेश्वर**—विश्वेश्वर पर्वतीय अल्मोड़ाके रहनेवाले तथा अतिप्रतिभाशाली थे। वे ३४ वर्षकी अवस्थामें ही स्वर्गीय हो गये। उनके लिखे ग्रन्थोंमें—अलङ्कारकौस्तुभ, अलङ्काराभरण, आर्यासप्तशती, अलङ्कारप्रदीप, अलङ्कारमुक्तावली आदि प्रसिद्ध हैं। उनकी दशमी पीढ़ीके लोग आज भी विद्यमान हैं, इसीसे उनके समयका अन्दाज लगाया जा सकता है।

(५३) **राजशेखर**—१९ वीं शताब्दीमें दक्षिण देशमें उत्पन्न राजशेखर नामक एक विद्वान्ने ८१ स्तवकोंमें विभक्त साहित्यकल्पद्रुम नामक अलङ्कारग्रन्थ लिखा है।

(५४) **रत्नभूषण**—रत्नभूषण नामक एक वङ्गीय विद्वान्ने १८५९ ई० में काव्यकौमुदी नामक एक ग्रन्थ लिखा है, जिसके अगले अध्यायोंमें आलङ्कारिक विवेचन है।

(५५) **श्रीशैल नरसिंहाचार्य**—श्रीशैल नरसिंहाचार्यका अलङ्कारेन्दुशेखर लक्षणमालिका नामक ग्रन्थकी व्याख्या होकर भी अलङ्कारके निरूपणमें अपना स्थान रखता है। नरसिंहाचार्यका समय १७ वीं शताब्दी हो सकता है।

(५६) **रामसुब्रह्मण्यम्**—रामसुब्रह्मण्य शास्त्रीने अलङ्कारशास्त्रविलास नामक एक ग्रन्थ लिखा है। उनका देहान्त १९२२ ई० में हुआ।

(५७) **मुदुम्बई नरसिंहाचार्य**—ये विजयानगर महाराजके सभापण्डित हो गये हैं। इन्होंने अलङ्कारपर काव्यसूत्रवृत्ति, काव्योपोद्घात, काव्यप्रयोगविधि एवं अलङ्कारमाला नामक ग्रन्थ लिखे हैं। ये १९ वीं शताब्दीके प्रारम्भमें विद्यमान थे।

(५८) **विद्यानाथ**—विद्यानाथका प्रतापरुद्रयशोभूषण एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। उनका समय १२६८–१३२८ ई० माना गया है।

(५९) **विद्याधर**—विद्याधरने एकावली नामक ग्रन्थ लिखा है। उनका समय १३ वीं शताब्दीका आदि भाग माना जाता है।

(६०) **धर्मसुधी**—धर्मसुधी नामक एक तैलङ्ग विद्वान्‌ने साहित्यरत्नाकर नामक ग्रन्थ लिखा है। उनका समय १८ वीं शताब्दीका आदि भाग माना गया है।

(६१) **शठकोपाचार्य**—शठकोपाचार्य नामक प्रसिद्ध वैष्णव सन्तके नामसे संबद्ध शठकोपालङ्कारपरिचय नामक अलङ्कारग्रन्थ मिलता है, जिसके निर्माताका नाम अविदित है।

(६२) **सुधीन्द्रयोगी**—सुधीन्द्रयोगी नामक एक विद्वान्‌ने अलङ्कारविकाश नामक एक अर्थालङ्कारनिरूपणपरक ग्रन्थ प्रसिद्ध किया है। वे सत्रहवीं शताब्दीमें विद्यमान थे।

(६३) **वीरनारायण**—साहित्यचूडामणि नामक जो ग्रन्थ १५ वीं शताब्दीमें लिखा गया, उसीके रचयिता वीरनारायण हैं।

(६४) **श्रीकृष्ण**—श्रीकृष्णापरनामक परकाल स्वामी आचार्यने अलङ्कारमणिहार नामक ग्रन्थ लिखा है। उनका समय १७ वीं शताब्दी है।

(६५) **कर्णपूर**—गोस्वामी कर्णपूरने अलङ्कारकौस्तुभ नामक ग्रन्थ लिखा है। कर्णपूर का समय सोलहवीं शताब्दीका उत्तर भाग है।

(६६) **रूपगोस्वामी**—रूपगोस्वामीका उज्ज्वलनीलमणि नामक रसविषयक ग्रन्थ है। उसका रचनाकाल १५ वीं शताब्दी है।

(६७) **आचार्य केशव**—किसी बौद्धाचार्यने शौद्धोदनि नामसे अलङ्कारपर कारिकायें लिखी थीं जिन्हें आधार बनाकर केशव मिश्रने अलङ्कारशेखर नामक वृत्तिग्रन्थ बनाया है। केशव मिश्रका समय १६ वाँ शतक है। उनके द्वारा व्याख्यात कारिकाओंका समय १२ वाँ शतक माना जाता है।

(६८) **पण्डितराज**—पण्डितराज जगन्नाथका रसगङ्गाधर अपनी पाण्डित्यपूर्ण विवेचनापद्धतिके लिये प्रसिद्ध है। उनका समय १७ वीं शताब्दीके आदिसे तृतीयचरण तक माना जाता है।

(६९) **मुरारिदान तथा सुब्रह्मण्यम**—मेवाड़नरेश यशवन्तसिंहके नामको अमर बनानेके लिये कविराजा मुरारिदान तथा सुब्रह्मण्यशास्त्रीने यशवन्तयशोभूषण नामक ग्रन्थकी रचना की। उनका समय १९ वीं शताब्दीका परार्ध माना गया है।

इनके अतिरिक्त अलङ्कारशास्त्रके कुछ और भी ग्रन्थों तथा उनके रचयिताओंके नाम दिये जा रहे हैं। उनका कालनिर्देश सन्दिग्ध होनेसे नहीं किया जा रहा है।

ग्रन्थनाम	निर्मातृनाम
(१) काव्यालङ्कारसूत्र	यास्कमुनि, अखिलानन्दाश्रमकृत टीका
(२) अलङ्कारविचार	जीवनाथ
(३) अलङ्कारप्रकाशिका	जीवनाथ
(४) अलङ्कारशेखर	जीवनाथ
(५) अलङ्कारशिरोभूषण	कुण्डलाचार्य
(६) अलङ्कारकरमाला	दामोदरभट्ट
(७) अलङ्कारकौमुदी	वल्लभभट्ट
(८) अलङ्कारसार	नृसिंह
(९) अलङ्कारकौस्तुभ	वेङ्कटाचार्य
(१०) अलङ्कारसूत्र	चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार
(११) अलङ्कारचन्द्रिका	
(१२) अलङ्कारकारिका	

(१३) अलङ्कारकौमुदी	
(१४) अलङ्कारमयूख	
(१५) अलङ्कारानुक्रमणिका	
(१६) अलङ्कारप्रकरण	
(१७) अलङ्कारप्रकाशिका	बालकृष्ण
(१८) शतालङ्कारानुक्रमणिका	
(१९) अलङ्कारसारसंग्रह	
(२०) अलङ्कारग्रन्थ	
(२१ अलङ्कारवादार्थ	
(२२) अलङ्कारसार	
(२३) अलङ्कारमञ्जरी	त्रिमल्लभट्ट
(२४) अलङ्कारमञ्जूषा	देवशङ्कर
(२५) अलङ्कारसमुद्गक	शिवराम
(२६) काव्योल्लास	नीलकण्ठ
(२७) काव्यसारसंग्रहत्रय	श्रीनिवास
(२८) काव्यचन्द्रिका	रामचन्द्र न्यायवागीश
(२९) काव्यवृत्तरत्नावली	नारायण
(३०) काव्यकण्टकोद्धार	नरसिंह शास्त्री

यत्र-तत्र पुस्तकालयोंकी पुस्तक-सूचियोंमें कुछ अज्ञातकर्त्तृक तथा अनुपलभ्यमान अन्यान्य अलङ्कारग्रन्थोंके भी नाम उपलब्ध होते हैं जिनका नाम मैंने नहीं लिखा है।

दण्डीका काल तथा अन्य वृत्तान्त

दण्डीके समयपर विचार करते समय निम्नलिखित बातोंपर ध्यान दिया जाता है :—

(१) दशम शताब्दीमें उत्पन्न अभिनवगुप्ताचार्यने लोचनमें लिखा है :—

'यथा दण्डी—गद्यपद्यमयी चम्पूः' (तृतीय उद्योत, ७ म कारिकाकी वृत्ति)

(२) दशमशतक पूर्वार्द्धमें उत्पन्न प्रतिहारेन्दुराजने उद्भटरचित काव्यालङ्कारसारसंग्रहकी लघुवृत्तिमें लिखा है :—

—अत एव दण्डिना—'लिम्पतीव' इत्यादि।

(३) कन्नड भाषामें 'कविराजमार्ग' नामक ग्रन्थ है, वह राष्ट्रकूटके राजकुमार अमोघवर्षका लिखा है। उसे स्पष्टतः काव्यादर्शपर आधारित माना जा सकता है। उसका निर्माणकाल ८१५ से ८७५ ई० तक माना गया है।

(४) सिंहली भाषामें प्रथम राजासेनने 'सियाकसलकार' (स्वभाषालङ्कार) नामक ग्रन्थ लिखा है। महावंशके अनुसार उसकी रचनाका काल ८४६–८६६ ईस्वी है। उस ग्रन्थपर काव्यादर्शका प्रभाव ही नहीं, काव्यादर्शका नाम भी उल्लिखित है।

(५) वामनने अपने काव्यालङ्कारसूत्र में जिस रीतिको काव्यकी आत्मा बताकर विस्तृत विवेचन दिया है, वह मार्ग शब्दसे दण्डीके ग्रन्थमें वर्णित है। दण्डीके समयमें रीति शब्दका पता नहीं था। दण्डीने दो ही मार्ग माने थे। वामनने उसकी जगहपर तीन रीतियाँ स्वीकार की हैं। इससे स्पष्ट है कि दण्डी वामनके पूर्ववर्त्ती थे। वामनका समय जयापीड़ का राज्यकाल ७७९ से ८१३ ई० माना जाता है।

इन बातोंसे दण्डीके समयकी उत्तरी सीमा अष्टम शतक निश्चित है। इसी प्रकार पूर्वी सीमापर विचार करते समय निम्नलिखित बातोंपर ध्यान दिया जाता है :—

(१) शार्ङ्गधरपद्धतिमें महारानी विज्जिकाके नामसे एक श्लोक है :—

नीलोत्पलदलश्यामां विज्जिकां मामजानता। वृथैव दण्डिना प्रोक्ता सर्वशुक्ला सरस्वती॥

यह आक्षेप काव्यादर्शके मङ्गलश्लोकमें 'सर्वशुक्ला सरस्वती' यह कथन देखकर ही किया गया था। विज्जिका चन्द्रादित्यकी रानी थी। चन्द्रादित्य द्वितीय पुलकेशीका पुत्र था, जिसका समय ६६० ई० नियत है। इससे प्रमाणित होता है कि दण्डी उससे पहले विद्यमान रह चुके थे।

(२) 'वासवदत्ता' नामक प्रसिद्ध गद्यग्रन्थके रचयिता सुबन्धु नामक कविवर छठी शताब्दी-में हुए थे। उन्होंने—दण्डी द्वारा निर्मित या आहृत—'**छन्दोविचित्यां सकलस्तत्प्रपञ्चः प्रदर्शितः** द्वारा स्मृत 'छन्दोविचिति' नामक ग्रन्थका उल्लेख बार-बार किया है :—

छन्दोविचितिरिव कुसुमविचित्रा। छन्दोविचितिरिव मालिनी सनाथा॥

इस तरह दण्डीके समयकी पूर्वसीमा छठी शताब्दी मानी जा सकती है।

इन्हीं सब बातोंपर विचार करके मि० मैक्समूलर, वेबर, मैकडोनल, कर्नल जेकब प्रभृति पाश्चात्य विद्वान् दण्डीका समय छठी शताब्दी ही मानते हैं।

काव्यादर्श में एक श्लोक आया है :—

रत्नभित्तिषु संक्रान्तैः प्रतिबिम्बशतैर्वृतः।
ज्ञातो लङ्केश्वरः कृच्छ्रादाञ्जनेयेन तत्त्वतः॥ (काव्यादर्श ३-३०२)

इसकी समता माघके निम्नलिखित श्लोकसे है :—

रत्नस्तम्भेषु सङ्क्रान्तप्रतिमास्ते चकाशिरे।
एकाकिनोऽपि परितः पौरुषेयवृता इव॥ (माघ ३-४)

काव्यादर्शका श्लोक :—

अरत्नालोकसंहार्यमवार्यं सूर्यरश्मिभिः। दृष्टिरोधकरं यूनां यौवनप्रभवं तमः॥

बाणभट्टकृत कादम्बरीगत शुकनासोपदेशमें वर्तमान :—

अभानुभेद्यमरत्नालोकोच्छेद्यमप्रदीपप्रभापनेयमतिगहनं हि तमो यौवनप्रभवम्।

इन्हीं तुलनाओंके आधारपर कुछ आलोचकोंने दण्डीका समय माघ तथा बाणके बाद मान लिया है, परन्तु मेरे विचारमें इस समानतामात्रके आधारपर कुछ दृढ़तापूर्वक नहीं कहा जा सकता।

एक और भी तर्क उपस्थित किया जाता है—अवन्तिसुन्दरीकथामें लिखा है कि दण्डी भारवि-के वंशधर थे। भारविके पिता नारायण स्वामी पहले गुजरातमें रहते थे। वहाँसे वे दक्षिणके अचलपुरमें आ बसे। इसी अचलपुरको अब एलिचपुर कहते हैं। नारायणस्वामीके पुत्र भारवि (दामोदर) के पुत्रोंमें अन्यतम मनोरथके पुत्र वीरदत्तसे गौरी नामक जननीसे दण्डीका जन्म हुआ।

भारविका समय ६३४ से पूर्वका माना जाता है। प्रत्येक पीढ़ीके लिए यदि २० वर्षका समय भी मानें तो इस तरह दण्डीका समय ७ वीं शताब्दीका अन्तिम भाग सिद्ध होता है।

काव्यादर्शमें कुछ बातें ऐसी भी आई हैं जिनसे दण्डीके समयपर प्रकाश पड़ता है।

द्वितीय परिच्छेदमें '**इति साक्षात्कृते देवे राज्ञो यद्रातवर्मणः**' ऐसा उल्लेख है। इसमें रातवर्मा के स्थानपर राजवर्मा यह पाठभेद पाया जाता है। यह रातवर्मा या राजवर्मा पल्लवनरेश द्वितीय नृसिंहवर्माका नामान्तर था। काञ्चीके राजदरबारमें दण्डी रहते भी थे। उसी परिच्छेदमें अवन्तीकी राजकन्याका भी उल्लेख है—

सैवावन्ती मया लब्धा कथमत्रैव जन्मनि।

विषय-सूची

॥ श्रीः ॥

काव्यादर्शः

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेतः

प्रथमः परिच्छेदः

चतुर्मुखमुखाम्भोजवनहंसवधूर्मम ।
मानसे रमतां नित्यं[1] सर्वशुक्ला[2] सरस्वती ॥ १ ॥

भूतेशे नियमाय मौनिनि गते दूरं क्वचिन्नन्दिनी
म्लाने बालविधौ तथाऽमृतभुजां सिन्धौ भजन्त्यां क्रुधम् ।
यस्मिन् हैमवती बबन्ध विविधां भावानुबन्धोद्धुरां
चेतोवृत्तिमसौ कृषीष्ट कुशलं देवो द्विपेन्द्राननः ॥

श्रद्धानतेन शिरसा पितरं 'मधुसूदनम्' ।
प्रसूं 'जयमणिं' चाहं प्रणमामि पुनः पुनः ॥
आचार्यदण्डिरचनाभावानवबोधबद्धवैमुख्यान् ।
मन्ये कतिचन बालान् प्रोत्साहयिता प्रकाशोऽयम् ॥

अथ सकलशास्त्रपारदृश्वाऽऽचार्यदण्डी काव्यलक्षणपरिचायकं काव्यादर्शनामकमिमं ग्रन्थमारभमाणः 'मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषाणि च भवन्त्यायुष्मत्पुरुषाणि चाध्येतारश्च मङ्गलयुक्ता यथा स्युः' इत्यनुशिष्टविधेयताकमाचारपरम्पराप्राप्तं च मङ्गलं चिकीर्षुः सरस्वतीं स्तौति—**चतुर्मुखेति** । चत्वारि मुखानि यस्यासौ चतुर्मुखो ब्रह्मा तस्य मुखान्येवाम्भोजानि कमलानि तेषां वनं समूहस्तत्र हंसवधूः हंसीव सर्वशुक्ला सर्वतः श्वेता शुक्लावर्णा सरस्वती विद्याधिष्ठातृदेवता नित्यं सर्वदा मम मानसे हृदये रमतां प्रीतिमाधाय वसतु । हंसी हि कमलवनवासरसिका, अतः सरस्वत्या हंसीत्वेन रूपणे ब्रह्ममुखानां कमलत्वेन रूपणमावश्यकम् । यथा हंसी कमलवने विहरति तथा ब्रह्मणो मुखेषु स्वच्छन्दविहारिणीयं वाणीति रूपकार्थः । ब्रह्ममुखविहारिण्या वाण्या वेदरूपतया निरस्तसमस्तपुंदोषतया सर्वशुक्ला नितान्तनिर्दोषेत्युक्तम् । काव्यलक्षणप्रपञ्च-

१. पाठान्तरम्—दीर्घं । २. सर्वशुभ्रा ।

केऽत्र ग्रन्थे सरस्वत्याः स्तुतिरतिसमुचिता । अत्र सरस्वत्यां हंसवधूत्वारोपं प्रति ब्रह्ममुखेऽम्भोजवनत्वारोपो हेतुरिति परम्परितरूपकमलङ्कारः, मुखमुखेति छेकानुप्रासश्च ॥ १ ॥

हिन्दी—काव्यलक्षणात्मक अपने 'काव्यादर्श' नामक ग्रन्थकी समाप्ति एवं प्रचारकी कामनासे आचार्य दण्डीने ग्रन्थारम्भमें सरस्वतीकी वन्दना की है। सरस्वती ब्रह्माके मुखकमलसमूहमें सतत वास करने के कारण निर्दोष है, वेदरूपा वाणी ब्रह्ममुखवासके कारण निरस्तसमस्तपुंदूषणतया निर्मल है, वह वाणी हमारे हृदयमें रमण-सप्रेम निवास-करे। काव्यलक्षण प्रपञ्चात्मक ग्रन्थ बनानेके लिये तत्पर आचार्यके लिये सबसे आवश्यक वस्तु यही है कि उसके हृदयमें निर्दोष वाणीका निवास हो, इसीलिये वाणीसे ऐसी प्रार्थना की गई है। 'चतुर्मुख' को अम्भोजवन कहकर हंसीस्वरूपा सरस्वतीके विहारकी योग्यता ध्वनित की गई है। एक बात और ध्यान देनेके योग्य है कि हंसी शुक्लवर्णा होती है, अतः हंसीत्वेनाध्यवसिता सरस्वती भी शुक्लवर्णा हो, इसीलिये सर्वशुक्ला विशेषण दिया गया है। सरस्वतीकी शुक्लवर्णताके विषयमें लिखा है :—

आविर्बभूव तत्पश्चान्मुखतः परमात्मनः।
एका देवी शुक्लवर्णा वीणापुस्तकधारिणी ॥
कोटिपूर्णेन्दुशोभाढ्या शरत्पङ्कजलोचना। (ब्रह्मवैवर्त्त)

किसी-किसी टीकाकारने 'मम सरस्वती शिष्याणां मानसे रमताम्' ऐसा अध्याहार करके यह अर्थ किया है कि हमारी वाणी विद्यार्थियोंके हृदयमें विहार करे, परन्तु यह अर्थ ठीक नहीं है, क्योंकि ग्रन्थ बनानेवाले आचार्यकी पहली कामना यही हो सकती है कि वाणीका प्रकाश हमारे हृदयमें हो जिससे ग्रन्थ अच्छी तरह लिखा जाय। विद्यार्थियों के हृदयमें अपनी वाणीके निवासकी कामना तो ग्रन्थके बननेके बाद की जा सकती है। दूसरी बात जो सबसे अधिक खटकनेवाली है वह यह है कि इस अर्थमें 'मानसे' का एकवचन बाधक है, 'विद्यार्थियों' बहुवचन है, उनका एक मन कैसे होगा ?

इस श्लोकमें ब्रह्माके मुखको कमलवनसे रूपक दिया है, वह तभी सङ्गत होगा जब वाणीको हंसीका रूपक दिया जाय, अतः परम्परितरूपक नामक अर्थालङ्कार तथा 'मुखमुख' शब्दसाम्यसे छेकानुप्रास शब्दालङ्कार है।

इसी श्लोकमें 'सर्वशुक्ला' विशेषण देखकर—'विज्जिका' नामक विद्यागर्विता महारानीने कहा था—

'नीलोत्पलदलश्यामां विज्जिकां मामजानता।
वृथैव दण्डिना प्रोक्ता सर्वशुक्ला सरस्वती ॥'

'सर्वशुक्ला' विशेषणसे सरस्वतीका निर्दोषत्व ही प्राधान्येन अभिप्रेत है। प्रेमचन्द्र तर्कवागीश नामक व्याख्याकारने इसे वर्णपरक मानकर करचरणनयनादिभिन्न अङ्गोंमें श्वैत्यको स्वीकार किया है। परन्तु मेरी रायमें कोई भी अङ्ग उजला नहीं अच्छा होगा, कवियोंने सुन्दरी स्त्रीके रूपमें किसी भी शरीरावयवको श्वेत नहीं वर्णित किया है, अतः उनका यह कहना कि—'सति बाधे सङ्कोचस्यादरणीयत्वेन सर्वपदस्य करचरणतलाधरनयनादिभिन्नाङ्गपरत्वादुपपन्नम्' ठीक नहीं मालूम पड़ता है ॥ १ ॥

पूर्वशास्त्राणि संहृत्य प्रयोगानुपलक्ष्य[१] च।
यथासामर्थ्यमस्माभिः क्रियते काव्यलक्षणम् ॥ २ ॥

पूर्वेषां प्राचां शिलालिभरतप्रभृत्याचार्याणां शास्त्राणि तैर्विरचितानि नाट्यसूत्रप्रभृतीनि

---

१. उपलभ्य ।

संहृत्य समुच्चित्य संक्षिप्य तान्यर्थतः संगृह्येत्यर्थः, प्रयोगान् व्यासवाल्मीकिकालिदास-प्रभृतिमहाकविग्रन्थेषु स्थितानि तत्प्रयुक्तानि लक्ष्याणि च उपलक्ष्य सूक्ष्मेक्षिकया विभाव्य निपुणमालोच्य यथासामर्थ्यम् स्वबुद्धिवैभवानुकूलम् अस्माभिः दण्डिना काव्यलक्षणम् इतरव्यवच्छेदकं काव्यपर्याप्तवृत्तिधर्मविशेषरूपं लक्षणं काव्यपरिचायकं वस्तुवर्णनम् क्रियते विधीयते । अयमाशयः—यथासामर्थ्यमित्यनेन नम्रता प्रदर्शिता, काव्यलक्षणं क्रियते इत्यनेन काव्यपरिचायकं वस्तु निरुच्यते इति विवक्षा । लक्ष्यते ज्ञायते स्वरूपमनेनेति लक्षणम्, तच्च द्विविधं स्वरूपलक्षणं तटस्थलक्षणं च, यथा ब्रह्म किमिति जिज्ञासायां-यतो जगतो जन्मादि तत्तदिति तटस्थलक्षणं, सच्चिदानन्दं ब्रह्मेति तत्स्वरूपलक्षणम् । एवमिहापि काव्यस्य स्वरूपलक्षणं वक्ष्यत इति बोध्यम् । अनेनास्य ग्रन्थस्य प्रतिपाद्यं प्रदर्शितम् । तथा च काव्यस्वरूपं प्रतिपाद्यम्, तज्जिज्ञासुरधिकारी, व्युत्पत्तिः प्रयोजनम्, प्रतिपाद्यप्रति-पादकभावश्च सम्बन्ध इति चतुष्टयमनुबन्धस्य सूचितम् ॥ २ ॥

हिन्दी—पूर्वाचार्य शिलालिभरतप्रभृति द्वारा निर्मित नाट्य-सूत्रादिका संग्रह करके उनके द्वारा किये गये विवेचनोंका संक्षेपरूपमें संग्रह करके और व्यास वाल्मीकि कालिदास प्रभृति महाकवियोंकी कवितामें उनके उदाहरणोंको सूक्ष्म दृष्टिसे विचार करके, मैं (दण्डी) अपनी बुद्धिके अनुसार काव्य-लक्षणका निर्वचन करूंगा । इसमें अपनी बुद्धिके अनुसार कहनेसे नम्रता प्रकट की गई है । 'पूर्व-शास्त्राणि संगृह्य' कहकर आचार्य दण्डीने स्वोक्त अर्थका कपोलकल्पितत्व निरास करके उपादे-यत्व सूचित किया है । 'पूर्वशास्त्राणि संगृह्य' 'प्रयोगानुपलक्ष्य च' इन दोनों विशेषणोंसे यह सिद्ध होता है कि इस ग्रन्थमें कहे गये पदार्थ केवल लक्षणानुमोदित ही नहीं, लक्ष्यानुसारी भी हैं । लक्षण शब्दका अर्थ 'इतरव्यवच्छेदक' होता है, वह वस्तु लक्षण है जिसके कहे जानेपर जिसका लक्षण किया जाय उससे अतिरिक्त पदार्थोंका व्यवच्छेद-पृथक्करण-हो जाय । जैसे घटका लक्षण किया—'कम्बुग्रीवादिमत्त्व' इस लक्षणके द्वारा पटादि पदार्थका व्यवच्छेद हो गया । लक्षण दो तरहके होते हैं, १-स्वरूपलक्षण, २-तटस्थलक्षण । जैसे ब्रह्मका स्वरूपलक्षण—'सच्चिदानन्दं ब्रह्म' । तटस्थ-लक्षण—'जन्माद्यस्य यतः' है । प्रकृतमें आचार्यने काव्यका स्वरूपलक्षण ही किया है जो आगे कहा जायगा । इस श्लोकसे अनुबन्धचतुष्टय भी प्रदर्शित हो जाता है काव्यस्वरूप प्रतिपाद्य विषय, जिज्ञासु जन अधिकारी, काव्यस्वरूपज्ञान प्रयोजन एवं प्रतिपाद्यप्रतिपादकभाव ही सम्बन्ध है ॥ २ ॥

इह शिष्टानुशिष्टानां शिष्टानामपि सर्वथा ।
वाचामेव प्रसादेन लोकयात्रा प्रवर्त्तते ॥ ३ ॥

इह अनादिविविधविचित्ररचनाप्रपञ्चचारुतरेऽत्र संसारे शिष्टैः शब्दशास्त्रप्ररूढ-मतिभिः पाणिनिवररुचिप्रभृतिभिः अनुशिष्टानां प्रकृतिप्रत्ययविभागादिभिर्व्युत्पादितानाम् साध्वसाध्वनुशासनविधया वा शासितानां संस्कृतप्राकृतानाम्, शिष्टानाम् केनापि प्रकारेण अनुशासनं न प्राप्तानां संस्कृतप्राकृतभिन्नानां देशभाषाणाम्, वाचाम् एतत्त्रितयरूपाणां गिरामेव प्रसादेन अनुग्रहेण लोकानां देवानारभ्य पामरपर्यन्तानां प्राणिनां यात्रा व्यवहारः प्रवर्त्तते सिद्ध्यति । इह संसारे त्रिविधा वाच उपलभ्यन्ते—संस्कृताः, प्राकृताः, देश्यश्च । तत्राद्या पाणिन्यादिभिरनुशिष्टा, द्वितोया वररुचिना कृतानुशासना, शिष्टा च देशी वाक् । एता एव वाच आधारीकृत्य देवादिपामरान्तमिदं विश्वमुच्चावचव्यवहारमातनोति, वाचाम-भावे कः कथं स्वाभिप्रायं स्वेतरजनवेद्यं विधातुमीशीत । इदमेव मनसिकृत्योक्तं भर्तृहरिणा-

'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते ।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते ॥'

सर्वेषां ज्ञानानां शब्दानुविद्धत्वकथनेन व्यवहाराणां शब्दनैरपेक्ष्येणासम्भवतोक्ता। तत्रोत्तमानां संस्कृतभाषया मध्यमानां प्राकृतयाऽधमानां च देशभाषया व्यवहारः सिद्ध्यतीति यथायथमवगन्तव्यम् ॥ ३ ॥

हिन्दी—शिष्टजन-अनुशासनके जाननेवाले पाणिनि, वररुचि आदि-से अनुशिष्ट-प्रकृतिप्रत्यय-विभागज्ञापनद्वारा साधित संस्कृत और प्राकृत, तथा इनके अतिरिक्त शिष्ट-अशासित-देशी वचनोंके प्रसादसे ही यह लोकयात्रा-देवादिपामरान्त जनसमूहका समस्त व्यवहारकलाप-चला करता है। संसारमें वाणियोंको दो वर्गोंमें विभाजित किया जा सकता है—शिष्टानुशिष्ट तथा तद्भिन्न। शिष्टानुशिष्ट कहनेसे संस्कृत-प्राकृत वाणियाँ ली जा सकती हैं क्योंकि उनका अनुशासन है। शिष्टानुशिष्टभिन्न देशी भाषा मानी जाती है, इन्हीं तीनों प्रकारकी वाणियोंसे इस देवादिपामरान्त जनसमूहका व्यवहार प्रवृत्त होता है। उत्तम लोक संस्कृतसे, मध्यम लोक प्राकृतसे तथा अधम लोक देशी वाणीसे अपना व्यवहार चलाते हैं। इसी बातको भर्तृहरिने वाक्यपदीयमें कहा है:—

'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते ।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते' ॥ ३ ॥

इदमन्धंतमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम् ।
यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारं न दीप्यते ॥ ४ ॥

इदं कृत्स्नं समस्तं भुवनत्रयम् लोकत्रितयम् अन्धंतमः गाढान्धकारव्याप्तं जायेत यदि शब्दाह्वयं शब्दाभिधानम् ज्योतिः प्रकाशकरम् किमपि तत्त्वम् आसंसारम् सृष्टिकालात् आरभ्य न दीप्यते न प्रकाशेत। शब्दाभिधानस्य ज्योतिष एवायं महिमा यदयं लोको व्यवहारेषु न मुह्यति, यदि शब्दा न स्युस्तदा लोकोऽयं व्यवहारं कर्तुं न पारयेत्तदधीनत्वात्सर्वव्यवहाराणाम्। यथाहि सूर्यादिज्योतिरभावे सर्वे पदार्थास्तमसा व्याप्ता लुप्ता इव भवन्ति तथैव शब्दाभिधज्योतिरभावे तन्मात्रसम्पाद्यानां व्यवहाराणामनभ्युपायतया लोकोऽयमन्ते तमसीव मग्नो विलुप्तसकलव्यवहारश्च जायेतेत्याशयः पूर्वश्लोकेन शब्दानां व्यवहारसाधनत्वमन्वयमुखेनोक्तं तदेवात्र व्यतिरेकमुखेनोक्तम् ॥ ४ ॥

हिन्दी—यह भुवनत्रय गाढ़ अन्धकार से व्याप्त हो जाय। जैसे अन्धकार में व्यवहारकी असाध्यता उत्पन्न हो जाती है उसी तरह सभी तरह के व्यवहार लुप्त हो जाँय, यदि शब्दरूप ज्योति सृष्टिकालसे ही अपना प्रकाश न फैलाती रहे। यह शब्दरूप ज्योतिका ही महत्त्व है कि यह संसार व्यवहार-लोपको प्राप्त करके अन्धकारनिमग्न-सा नहीं हो जाता है, 'आसंसारं न दीप्यते' इसमें 'आसंसारम्' पदका आङ् अभिव्यापक अर्थमें है, 'संसारकी उत्पत्तिसे लेकर अन्ततक' यह उसका तात्पर्य है, जो यह द्योतित करता है कि सृष्टि करनेवाला 'नामरूपे व्याकरवाणि' ऐसी इच्छा करके रूपसे पहले नामकी ही सृष्टि करता है जिससे नामरूप शब्दज्योतिकी सहायतासे समस्त व्यवहार निर्बाध चला करते हैं। किसी वस्तुका कथन दो प्रकारसे होता है—अन्वयमुखसे तथा व्यतिरेकमुखसे। जैसे किसी लड़केको अध्ययनाभिमुख करनेके लिये कहा जाता है कि 'पढ़ोगे तो आरामसे रहोगे' यह अन्वयमुखसे कथन है, इसी अर्थको यदि कहें कि 'नहीं पढ़ोगे तो कष्टमें पड़ोगे'। यह व्यतिरेकमुखसे कथन हुआ। इसी तरह पूर्वश्लोक द्वारा शब्दका व्यवहारोपयोगित्व अन्वयमुखेन कहा गया था, इस श्लोक द्वारा वही वस्तु व्यतिरेकमुखसे कही गई

है। अतः पौनरुक्त्य नहीं है। इस श्लोकमें आचार्यने शब्दको ज्योति कहा है, 'ज्योतिर्द्योतनात्' प्रकाशक तत्त्व ज्योति कहा जाता है, अतः शब्द भी सकलव्यवहारप्रकाशकतया ज्योति कहा जा सकता है, बृहदारण्यकोपनिषद्में आया है :—'वाचेवायं ज्योतिषा आस्ते'। इसी व्यवहारप्रवर्त्तकत्वको दृष्टिमें रखकर कवियोंने वाणीको बड़े आदरसे स्मरण किया है, सुबन्धुने कहा है :—

'करबदरसदृशमखिलं भुवनतलं यत्प्रसादतः कवयः।
पश्यन्ति सूक्ष्ममतयः सा जयति सरस्वती देवी'॥

इन दो श्लोकों द्वारा आचार्य दण्डीने अन्वयमुख एवं व्यतिरेकमुखसे वाणीके महत्त्वका प्रतिपादन किया है, इसमें वाणीसामान्य का महत्त्व प्रतिपादित हुआ है, काव्य वाणीविशेष है, उसका महत्त्व आगे बता रहे हैं॥ ४॥

आदिराजयशोबिम्बमादर्शं प्राप्य वाङ्मयम्।
तेषामसन्निधानेऽपि न स्वयं पश्य नश्यति॥ ५॥

आदिकालीनाः प्राचीनसमयजाताः ये राजानः इक्ष्वाकुमान्धातृदिलीपप्रभृतयस्तेषां यशोरूपं बिम्बं प्रतिरूपं छायात्मकम्, वाङ्मयम् कविकृतकाव्यप्रबन्धरूपमादर्शम् दर्पणं प्राप्य इदानीम् तेषां राज्ञाम् असन्निधाने समवधानाभावेऽपि न नश्यति न विलीयते, इति स्वयम् आत्मनैव पश्य विभावय। इदमत्र बोध्यम्—किमपि बिम्बान्तरमादर्शप्रतिबिम्बितं सत् तावदेव प्रकाशते यावत्तत्र तिष्ठति, बिम्बापगमे प्रतिबिम्बापगमनैयत्यात्, इह तु काव्यात्मकं दर्पणं प्राप्तं प्राचां राज्ञां यशोबिम्बं सदैव प्रतिबिम्बसृष्टिं करोति, बिम्बस्थानीये यशसि गतेऽपि काव्यदर्पणे तत्प्रतिबिम्बं भासमानमेव तिष्ठति। एतेनातीतानां राज्ञां यशःख्यापनं काव्यप्रयोजनमुक्तम्, इदमुपलक्षणम्, काव्यकर्त्तुस्तद्बोद्धुश्चापि यशःप्रभृतीनि काव्यप्रयोजनानि बोध्यानि। तथा चोक्तं काव्यप्रकाशे—

'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यःपरनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

भामहस्तु सर्वानपि पुरुषार्थान् काव्यनिबन्धनफलत्वेनोपगतवान्, तदुक्तं तेन—

धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।
करोति कीर्त्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिषेवणम्॥

अत्र श्लोके उपमानभूतलौकिकादर्शापेक्षयोपमेयभूतवाङ्मयादर्शस्याधिक्यवर्णनात् व्यतिरेकोऽलङ्कारः, तच्चाधिक्यमत्र बिम्बापगमेऽपि प्रतिबिम्बप्रकाशनात् प्रत्येयम्॥ ५॥

हिन्दी—जो राजागण कालक्रमानुसार व्यतीत हो चुके हैं, इहलोकलीला समाप्त कर कालधर्मको प्राप्त हो गये हैं, उनका यशरूप बिम्ब इस शब्दरूप दर्पणमें अब भी प्रतिबिम्बरूपमें भासमान हुआ करता है, नष्ट नहीं होने पाता है, इस बातको आप स्वयं देख लें। लोकमें बिम्बप्रतिबिम्बभावका साधारण क्रम यही है—यावत्कालपर्यन्त बिम्ब सम्मुखावस्थित रहता है। तावत्कालपर्यन्त ही प्रतिबिम्ब दर्पणादिप्रतिबिम्बग्रहणसमर्थद्रव्यमें प्रतिबिम्बित हुआ करता है, बिम्बापाय हो जानेपर प्रतिबिम्बका भी अपाय अवश्य हो जाया करता है, परन्तु इस शब्दरूप दर्पणमें प्राक्तन नृपतियोंके यशरूप बिम्बका प्रतिबिम्ब बिम्बापाय हो जानेपर भी प्रतिबिम्बात्मना भासमान ही रहता है, नष्ट नहीं होता है, इस बातको आप स्वयं देख लें। इसमें अन्यप्रतिबिम्बापेक्षया यह विशेषता है कि यह बिम्बापाय हो जानेपर भी प्रतिबिम्बरूपमें सदा शब्दरूप दर्पणमें प्रति-

बिम्बित हुआ करता है। 'स्वयं पश्य' कहकर आचार्यने अपने कथनमें प्रमाण दे दिया है, इसमें बोध्यजनका प्रत्यक्ष ही प्रमाण है, अतः यह बात असन्दिग्धरूपमें मान्य है।

इससे अतीत नृपतियोंका यशःख्यापन काव्यका प्रयोजन है यह बात कही गई। यह उपलक्षण है, काव्यनिर्माण करनेवाले तथा उसके ज्ञाताके यशः प्रभृतिको भी काव्यप्रकाशकार आदि परवर्त्ती आचार्योंने काव्यप्रयोजन माना है।

'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यःपरनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे'॥

इस कारिकामें आचार्य मम्मटने काव्यके छः प्रयोजन प्रतिपादित किये हैं, १—यश, २—अर्थ, ३—आचारज्ञान, ४—अमङ्गलनिवारण, ५—रसानुभवजन्यानन्द और ६—उपदेश।

आचार्य भामहने अपने काव्यालङ्कारमें लिखा है :—

'धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।
करोति कीर्त्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिषेवणम्'॥

इनके मतानुसार काव्यके तीन प्रयोजन हैं, १-तत्तच्छास्त्रज्ञानप्राप्ति, २-कीर्त्ति और ३-रसानुभव।

इन आचार्योंने समय-प्रवाहमें काव्यप्रयोजनतया प्रतीत होनेवाले यथासम्भव अधिकतम विषयोंको समाविष्ट करनेका प्रयास किया है।

आचार्य रुद्रटने भी अपने 'काव्यालङ्कार' में काव्यप्रयोजनका प्रतिपादन बड़े विशद शब्दोंमें किया है—

'ज्वलदुज्ज्वलवाक्प्रसरः सरसं कुर्वन् महाकविः काव्यम्,
स्फुटमाकल्पमनल्पं प्रतनोति यशः परस्यापि॥
अर्थमनर्थोपशमं शममसममथवा मतं यदेवास्य।
विरचितरुचिरसुरस्तुतिरखिलं लभते तदेव कविः॥
तदिति पुरुषार्थसिद्धिं साधुविधास्यद्भिरविकलां कुशलैः।
अधिगतसकलज्ञेयैः कर्त्तव्यं काव्यममलमलम्'॥

इन उद्धरणोंसे काव्यका प्रयोजन विशदरूपमें अवगत हो जाता है।

पाश्चात्य आलोचकोंने काव्यका प्रयोजन इस प्रकार लिखा है :—

'Delight is the Chief, if not the only end of the poetry. Instruction can be admitted in the Second place, for poetry only instructs as it delights'.

इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि प्रायः सभी आचार्योंने कीर्त्तिको काव्यप्रयोजन माना है। हाँ, उसके साथ अन्यान्य प्रयोजन भी यथावत् वर्णित हुए हैं॥ ५॥

गौर्गौः कामदुघा सम्यक् प्रयुक्ता स्मर्यते बुधैः।
दुष्प्रयुक्ता पुनर्गोत्वं प्रयोक्तुः सैव शंसति॥ ६॥

इतः पूर्वं वाचः सप्रयोजनकत्वमुक्त्वा सम्प्रति तस्या निर्दोषतायां यतनीयमित्यभिधास्यति, तत्र प्रथमं सुप्रयोगकुप्रयोगयोर्वैलक्षण्यमाह—**गौर्गौरिति**। सम्यक् दूषणराहित्येन गुणालङ्कारादिपूर्णतया च प्रयुक्ता व्यवहृता गौः वाक् बुधैः पण्डितैः कामदुघा सर्वकामप्रदात्री स्मर्यते आख्यायते, तदुक्तं महाभाष्ये—'एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः शास्त्रान्वितः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग् भवति' इति, तदेवं सुप्रयोगस्य सर्वफलदत्वमुक्तम्, दुष्प्रयोगे दोषमाह—सैव गौः दुष्प्रयुक्ता स्वरवर्णमात्रादिवैगुण्येन सन्दर्भसङ्केताद्यविचारणया चोच्चारिता सती प्रयोक्तुः दुष्टप्रयोगकर्त्तुः कवेः वक्तुश्च गोत्वं

बलीवर्दत्वं मूर्खभावम् शंसति प्रथयति, एतदप्युक्तम्—'वाग्योगविद् दुष्यति चापशब्दैः' इति। अनेन सुप्रयोगस्य सकलफलप्रदत्वेन कामदुघात्वस्य कुप्रयोगस्य च मूर्खताप्रथकत्व-स्याभिधानेन दोषाणां परिहेयत्वम्, गुणानां च संग्रहणीयभाव उच्यते ॥ ६ ॥

हिन्दी—अभीतक वाणीके और तद्विशेषरूप काव्यके प्रयोजन बतलाये गये थे, अब उनकी निर्दोषताके विषयमें सावधान करनेके लिये सुप्रयोग तथा दुष्प्रयोगमें भेद कहने जा रहे हैं। **गौर्गौरिति**। सम्यक्–भलीभाँति, दोषोंसे बचाकर और गुणालङ्कारादिसे युक्त करके प्रयोग की गई वाणी विद्वानों द्वारा कामदुघा–कामधेनु–सकलाभिमतार्थदात्री कही गई है, और वही वाणी यदि दुष्प्रयुक्ता–स्वरवर्णमात्रादि वैगुण्यसे सन्दर्भसङ्केतादि दोषसे अथवा अन्य किसी प्रकारके दोषसे युक्त प्रयुक्त होती है तब प्रयोग करनेवाले की मूर्खता प्रकट करती है। यदि आपने शब्दों-का सुप्रयोग किया तब तो वह आपके लिये सकलाभिमतार्थदात्री कामधेनु सिद्ध होगा, यदि आपने वैसा नहीं किया, उसमें स्वरमात्रासन्दर्भसङ्केतादिका दोष उत्पन्न करके प्रयोग किया, तब वह आपको मूर्ख प्रख्यापित करेगा, इस बातको महाभाष्यकारने प्रमाणित किया है:—'एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः शास्त्रान्वितः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग् भवति' और 'वाग्योग-विद्दुष्यति चापशब्दैः'। यह कथन मुझे कबीरके एक दोहेका स्मरण दिलाता है:—

'साधु कहावन कठिन है लम्बा पेड़ खजूर।
चढै तो चाखै प्रेमरस गिरै तो चकनाचूर'॥

इन अवतरणों तथा कथनोंसे यह सिद्ध होता है कि दोषोंके त्याग तथा गुणोंके संग्रहमें प्रयत्न करना आवश्यक है॥ ६ ॥

तदल्पमपि नोपेक्ष्यं काव्ये दुष्टं कथञ्चन।
स्याद्वपुः सुन्दरमपि श्वित्रेणैकेन दुर्भगम्॥ ७॥

दोषाणां हेयत्वं गुणानां संग्राह्यत्वं च समर्थितं सामान्येन, सम्प्रति विशिष्य दोषाणां हेयत्वं दृष्टान्तद्वारा विशदयति—**तदल्पमिति**। तत् तस्मात् दोषस्यानेकविधायशःप्रख्या-पकत्वाद् निषिद्धत्वाच्च काव्ये अल्पम् पदपदांशगतमपि (किं पुनः शब्दार्थरसगतम्) दुष्टं दोषः कथञ्चन केनापि प्रकारेण नोपेक्ष्यम् न परित्यक्तव्यम्, सर्वथैव दोषाणां स्वल्पा-नामपि परिहाराय यत्नः करणीय इत्यर्थः, ननु स्वल्पो दोषो गुणसन्निपाते चन्द्रकरेष्वङ्क इव निमङ्क्ष्यति, कृतं तत्परिहारप्रयासेनेत्यत्राह—**स्यादिति**। यथा सुन्दरमपि सुविभक्त-सुगठितसर्वाङ्गशालितया यथोचितपरिधानपरिष्कृततया च सुन्दरमपि रमणीयमपि वपुः शरीरम् एकेन कुत्राप्यङ्गविशेषेऽवस्थितेन लघुना श्वित्रेण श्वेतकुष्ठेन दुर्भगं सौभाग्यवर्जितम् निन्दापात्रं स्यात् जायेत, यथा शरीरे क्वचनाङ्गभेदेऽवस्थितेन श्वेतकुष्ठेन सुन्दरमपि शरीरं दुर्भगं जायते तद्वत् स्वल्पेन क्वचन पदांशे स्थितेन दोषेण काव्यमेव सकलं निन्दापात्रं भवति, अतः सर्वथा तत्परिहाराय यतनीयमिति भावः। दुष्टमिति भावे क्तः, दोष इत्यर्थः। दोषस्यात्यन्तपरिहार्यत्वे प्रक्रान्ते भामहेनाप्युक्तम्—

'सर्वथा पदमप्येकं न निगाद्यमवद्यवत्।
विलक्ष्मणा हि काव्येन दुःसुतेनेव निन्द्यते'॥

अत्रोपमानोपमेयभूतयोः पूर्वोत्तरवाक्ययोः बिम्बप्रतिबिम्बभावेन भिन्नधर्मनिर्देशाद् दृष्टान्तो नामालङ्कारः॥ ७॥

हिन्दी—सगुण शब्दका सुप्रयोग करनेवाला प्रशंसाका पात्र होता है और सदोष शब्दका प्रयोग करनेवाला मूर्ख कहा जाता है, अतः काव्यमें (जो शब्दकी उत्तम श्रेणीमें है) थोड़ेसे दोषकी भी, पद-तदंशगत दोषकी भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये ऐसा नहीं सोचना चाहिये कि बहुतसे गुणोंमें वर्त्तमान छोटा-सा दोष क्या कर सकेगा, 'एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः', सब जगह यह न्याय काम नहीं करता, देखिये—एक सुन्दर शरीरवाले तथा बढ़िया वस्त्र पहने हुए बालकके किसी अङ्गविशेषमें श्वेतकुष्ठका धब्बा दीख पड़ता है तो वह घृणाका पात्र बन जाता है। शरीरके एक भागमें वर्त्तमान वह श्वेतकुष्ठ जैसे सभी गुणोंके समवधानमें भी उस सुन्दर बालकको घृणाका पात्र बना देता है, उसी तरह एक भागमें वर्त्तमान थोड़ासा भी दोष काव्यकी उत्कृष्टताको समाप्त कर डालता है, इससे यह सिद्ध होता है कि काव्यमें दोष न आ पड़े इसके लिये पूर्ण सतर्क रहना चाहिये। इसी प्रसङ्गमें कही गई भामहकी उक्ति ऊपर संस्कृत व्याख्यामें लिखी जा चुकी है ॥ ७ ॥

गुणदोषानशास्त्रज्ञः कथं विभजते जनः।
किमन्धस्याधिकारोऽस्ति रूपभेदोपलब्धिषु ॥ ८ ॥

दोषाणां परित्यागो गुणानां संग्रहश्च कार्यत्वेनोक्तः, ते च ज्ञाताः सन्त एव हेया उपादेयाश्च भवितुं शक्नुवन्ति, तज्ज्ञानं च शास्त्रैकसम्पाद्यमित्याह—**गुणदोषानिति**। अशास्त्रज्ञः गुणदोषपरिचयप्रदसाहित्यशास्त्रज्ञानविधुरो जनो लोकः गुणान् उपादेयधर्मान्, श्लेषः प्रसाद इत्यादिना वक्ष्यमाणान् (काव्यशोभाजनकतयोपादेयान् अनुप्रासोपमादीनलङ्कारांश्च), दोषान् हेयतयोक्तान् अपार्थत्वादीन् कथं विभजते केन प्रकारेण इमे गुणा इमे च दोषा इति प्रातिस्विकरूपेण परिचिनुयात्, शब्दानुशासनादिज्ञानसम्पन्नः कथंचित्पदतदर्थज्ञानं लब्धुं क्षमोऽपि भवेत्, परं यावत्तस्य साहित्यशास्त्रज्ञानं न भवति, तावद् गुणान् दोषांश्च परिच्छेत्तुमसौ नैव क्षमेतेत्यर्थः। अमुमेवार्थं दृष्टान्तेन विशदयति—**किमिति**। किं रूपस्य चक्षुरिन्द्रियमात्रग्राह्यगुणविशेषस्य भेदः श्वेतपीतादिरूपः तदुपलब्धिषु तत्परिज्ञानेषु अन्धस्य चक्षुरिन्द्रियविकलस्य अधिकारः क्षमत्वम् अस्ति? नास्तीत्यर्थः। अयमभिप्रायः—यथा चक्षुरिन्द्रियविकलो जनो रूपभेदान् श्वेतपीतादीनवधारयितुमशक्तो भवति, तद्वत्साहित्यशास्त्रज्ञानविधुरो जनो गुणदोषविभागाक्षमो भवति, विभज्य तज्ज्ञानं चावश्यकं पूर्वोदीरितफलवत्त्वादतः साहित्यशास्त्रं सप्रयोजनमित्यावेदितं बोध्यम्। पूर्वश्लोकवदत्रापि दृष्टान्तोऽलङ्कारः ॥ ८ ॥

हिन्दी—जिसे साहित्यशास्त्रका परिचय नहीं प्राप्त होगा, वह गुण-दोषका विभाग किस प्रकार कर सकेगा? क्या रूपभेदको परखनेका अधिकार अन्धोंको होता है? जिसको साहित्यशास्त्रका ज्ञान नहीं है, उसे (शब्दानुशासनका ज्ञान रहनेपर) पदपदार्थका ज्ञान कदाचित् हो भी जाय, परन्तु उपादेयतया निर्दिष्ट श्लेष, प्रसाद आदि गुण तथा वर्जनीयतया कथित अपार्थत्व प्रभृति दोषोंका विभक्ततया ज्ञान कैसे संभव होगा? उसको दोषगुणका पृथक्-पृथक् परिचय नहीं प्राप्त हो सकेगा, जैसे चक्षुरिन्द्रियविकल व्यक्तिको रूपभेद (श्वेतपीतादिका विभक्ततया ज्ञान) होना संभव नहीं है। इस श्लोकसे साहित्यशास्त्रका प्रयोजन कहा गया है। यहाँ दृष्टान्त अलङ्कार है ॥ ८ ॥

अतः प्रजानां[1] व्युत्पत्तिमभिसन्धाय सूरयः।

---

१. पदानां।

वाचां विचित्रमार्गाणां निबबन्धुः क्रियाविधिम् ॥ ९ ॥
तैः शरीरं च काव्यानामलङ्काराश्च[1] दर्शिताः[2] ।

अतः गुणदोषविभागज्ञानपूर्वककाव्यपरिशीलनजन्यानन्दस्य साहित्यशास्त्रज्ञानाधीनत्वात् सूरयः भरतादयो विद्वांसः प्रजानां लोकानाम् व्युत्पत्तिम् काव्यतो व्यवहारपरिज्ञानकौशलम् तद्विरचनचातुर्यम् वा अभिसन्धाय उद्दिश्य—एते लोकाः काव्यतो व्यवस्थितव्यवहारज्ञानवन्तो भवेयुः, काव्यं कर्तुं च वा क्षमेरन्निति प्रजाव्युत्पत्तिमीहमानाः सन्त इत्याशयः, विचित्रमार्गाणाम् नानाप्रकाराणाम् वैदर्भगौडीयादिरीतिभेदेन शब्दार्थालङ्कारभेदेन च भिद्यमानरचनाप्रकाराणाम् वाचाम् काव्यात्मकगिराम् क्रियाविधिम् निर्माणपद्धतिं निबबन्धुः शास्त्रपरिभाषया विरचयामासुः । अत्र सूरयो निबबन्धुरिति तदुक्तीनामप्रमादत्वसंभावना, तया च तदनुसारिणो ममाप्युक्तेः सारवत्त्वमिति ध्वनितम् ॥ ९ ॥

तैः पूर्वसूरिभिः भरतादिभिः काव्यानाम् इष्टार्थयुतवाक्यानाम् गद्यपद्यमिश्रादिभेदेन भिन्नानाम् शरीरम् आत्मस्थानीयेष्टार्थाश्रयो देहः, अलङ्काराः अनुप्रासोपमादयः च दर्शिताः, प्राञ्चो भरतादयः सूरयोऽभीष्टार्थमात्मानम्, तदाश्रयं शब्दस्तोमं देहम्, तत्प्रसाधनपटूनलङ्कारानप्रासोपमादीन्, चकाराद्दोषांश्च प्रदर्शितवन्त इत्याशयः । गुणास्तु श्लेषादयो वैदर्भरीतेः प्राणतया मता अतः पदावलीसंस्थानविशेषात्मकवैदर्भरीतेः शरीररूपतया तादृशशरीरनिरुक्त्यैव निरुक्ता इति पृथगत्र गुणपदानुक्तावपि न्यूनत्वं नाशङ्कनीयम् ।

हिन्दी—गुण तथा दोषका विभागपूर्वक ज्ञान–ये गुण हैं, ये दोष हैं, इस प्रकारका धर्मभेदप्रकारक ज्ञान–साहित्यशास्त्रज्ञानके बिना नहीं हो सकता, इसलिये प्राक्तन आचार्य भरत आदि विद्वानोंने लोकको व्यवस्थित व्यवहारज्ञान मिल सके इसलिये नाना प्रकारोंमें—वैदर्भीगौडीप्रभृति रीतियों एवं शब्दार्थालङ्कारादि प्रभेदसे भिन्न–काव्यात्मक वाणीके निर्माणका प्रकार बताया है। भरत आदि आचार्योंने देखा कि सकल जनको व्यवहार-ज्ञान व्यवस्थित रूपसे काव्यके द्वारा ही हो सकता है, अतः उन्होंने वैदर्भी, गौड़ी आदि रीतियों तथा शब्दार्थालङ्कारादिकोंके प्रभेदसे बहुधा विभक्त इस काव्यात्मक वाणीके निर्माण-प्रकारका यथावत् वर्णन कर दिया है ॥ ९ ॥

भरतादि प्राचीन आचार्योंने काव्यका स्वरूप बताया है, काव्यका लक्षण प्रदर्शित कर दिया है और काव्यकी विशिष्टता प्रकट करनेवाले अलङ्कारोंका भी निर्वचन करके बताया है। यहाँ अलङ्कार शब्द उपलक्षण है अतः अलङ्कार से उपस्कारकमात्र—रीति तथा गुणादि भी लिये जा सकते हैं। शरीर-निर्वचन से ही प्राणभूत रीतियोंका निर्वचन हो जाता है ॥

शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली ॥ १० ॥

तावदिति पदं वाक्यालङ्करणाय प्रयुज्यमानं बोध्यम्, इष्टाः अभिलषिताः सरसतया मनोहरतया च वर्णयितुमुद्दिष्टाः ये अर्थाः कविप्रतिभाप्रतिफलिताः सुन्दराः पदार्थाः तैर्व्यवच्छिन्ना युक्ता पदावली शब्दसमूहः शरीरं काव्यशरीरम्, इष्टार्थः पदसमुदयः काव्यमिति यावत् । नन्वेवं काव्यस्येष्टार्थपदसमूहत्वेन परिचेयत्वे 'कामिनी कमलं चन्द्रः क्षीरोदधिरहस्करः' इत्यादिपदसमुदयस्य काव्यत्वापत्तिरिति चेन्न, पदसमूहस्य साकाङ्क्षस्यैव काव्यशरीरत्वेन प्रतिपादयितुमिष्टत्वात् । अत्र सुन्दरपदार्थकानामप्येषां पदानां

---

१. अलङ्कारश्च । २. दर्शितः ।

परस्परनिराकाङ्क्षत्वात्। न च साकाङ्क्षपदसमुदयस्यैव काव्यशरीरत्वेनोपादानं निष्प्रमाणकमिति शङ्कनीयम्, तादृशपदसमुदयस्यैवेष्टार्थव्यवच्छिन्नत्वस्य संभवेन तादृशस्यैव पदसमुदयस्यात्र ग्रहीतुं योग्यत्वात। इष्टार्थत्वं च चमत्कृतिबहुलत्वम्, चमत्कारश्च लोकोत्तर आह्लादः, आह्लादगतं लोकोत्तरत्वं च कविप्रतिभयोपस्थापितेनालौकिकसामग्रीविशेषेण सम्पादितः सुखत्वव्याप्योऽनुभवसाक्षिको जातिविशेषः। तेन 'पुत्रस्ते जातः' 'धनं ते दास्यामि' इति वाक्यार्थधीजन्यस्यानन्दस्य न लोकोत्तरत्वमतो न तद्वाक्ययोः काव्यत्वप्रसक्तिः। तादृशाह्लादं प्रति शब्दार्थानां कारणत्वं व्यङ्ग्यविशेषद्वारेण दोषाभावोपस्कृतगुणालङ्कारकृतसौन्दर्येण च, तेन काव्यस्य त्रैविध्यं फलति, यत्र वाच्यचमत्कृतेः व्यङ्ग्यचमत्कृतिः प्रधानतया परिस्फुरति तत्र ध्वनिकाव्यत्वव्यपदेशः, यत्र व्यङ्ग्यचमत्कृतिर्वाच्यचमत्कृतिसमाविष्टा सत्यङ्गभावं भजते तत्र गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वव्यवहारः, यत्र व्यङ्ग्यचमत्कृतिनिरपेक्षा वाच्यचमत्कृतिस्तत्र चित्रकाव्यत्वप्रथा ॥ १० ॥

हिन्दी—काव्यका शरीर-स्वरूप क्या है? काव्य किसे कहते हैं? इस प्रश्नका उत्तर इस कारिकार्धमें दिया गया है—**शरीरमिति**। (इष्ट-सरस मनोहरतया वर्णन करनेके लिये अभिप्रेत अर्थसे युक्त शब्दको काव्यका शरीर कहा जाता है।) इष्ट अर्थसे युक्त पदसमुदायको काव्य कहते हैं। यहाँ पर इतना जानना आवश्यक है कि इष्टार्थयुक्त पद होना-भर ही काव्यशरीर कहलानेके लिये पर्याप्त नहीं है, उन पदोंका साकाङ्क्षत्व-योग्यत्वादि अपेक्षित है, अतएव 'कामिनी कमल' आदि निराकाङ्क्ष पदसमुदायको काव्य नहीं कहा जा सकता। यह साकाङ्क्षत्वनिवेश कोई निष्प्रमाणक बात नहीं है, इष्टार्थव्यवच्छिन्नत्वान्यथानुपपत्त्या सिद्ध ही है।

इष्टार्थत्वसे यहाँ पर चमत्कारयुक्तत्व अभिमत है, चमत्कारका अभिप्राय लोकोत्तर आह्लादसे है, और आह्लादगत लोकोत्तरत्व कविप्रतिभोपस्थापित लौकिक सामग्रीसे सम्पादित सुखत्वव्याप्य अनुभवसाक्षिक जातिविशेषस्वरूप है, अतएव 'पुत्रस्ते जातः' 'धनं ते दास्यामि' इत्यादि लौकिकवाक्यार्थबुद्धिजन्य लौकिक आह्लादसे इस वाक्यसमूहको काव्यत्वप्राप्तिका अधिकार नहीं मिलता। उस अलौकिक आह्लादके प्रति शब्द तथा अर्थकी कारणता तीन प्रकारोंसे संभव है, १-मुख्य व्यङ्ग्यविशेष द्वारा, २-अमुख्य व्यङ्ग्यविशेष द्वारा, ३-दोषासंपृक्त गुणालङ्कारसमुद्भावित चमत्कार द्वारा। अतः काव्यके तीन भेद शुद्ध होते हैं, जहाँ पर वाच्यार्थसौन्दर्यापेक्षया व्यङ्ग्यार्थ सौन्दर्य प्रधानतया प्रकाशित होता हो वहाँ पर ध्वनिकाव्यत्वव्यवहार होता है, इसमें मुख्यव्यङ्ग्यविशेषद्वारक आह्लाद है, जहाँ पर व्यङ्ग्यार्थ सौन्दर्य वाच्यार्थसौन्दर्यापेक्षया गुणीभूत हो जाय, वाच्यार्थ सौन्दर्य कुक्षिप्रविष्ट-सा हो जाय उसे गुणीभूत व्यङ्ग्य काव्य नामसे व्यवहृत करते हैं, इसमें अमुख्यव्यङ्ग्यद्वारक आह्लाद है, और जहाँ पर दोषाभावके साथ गुणसद्भाव हो तथा वाच्यार्थमात्रकृत आह्लाद हो उसे चित्रकाव्य कहा जाता है। कुछ आचार्योंने चित्रकाव्यके दो भेद माने हैं, अर्थचित्र तथा शब्दचित्र। अर्थचित्रका स्वरूप तो यही माना है जो हम यहाँ कह आये हैं, शब्दचित्रका स्वरूप उन्होंने यह कहा है—यदि अर्थकी विशेष चिन्ता न करके शब्दको सजाकर उपस्थित करनेका प्रयास किया जाय, जैसा कि नवाभ्यासी कवि लोग किया करते हैं तो वह चित्र शब्दचित्र है।

इस प्रकार इष्टार्थव्यवच्छिन्न पदावलीको काव्यशरीर माननेवाले दण्डीके मतमें रमणीयार्थयुक्त वाक्य ही काव्य होता है, वाक्य उस पदसमुदायको कहते हैं, जो योग्यता, आकांक्षा और आसत्तिसे युक्त हो। अतः इनका लक्षण शब्दकाव्यवादी सिद्ध होता है।

काव्य शब्दका अर्थ क्या है? शब्दार्थयुगल अथवा केवल रमणीयार्थयुक्त शब्द? इस विषयमें

पक्षभेद चला आता है—कुछ आचार्य शब्दार्थयुगलको काव्य माननेके पक्षमें हैं और कुछ लोग रमणीयार्थक शब्दको ही काव्य मानते हैं, जैसे—

भामह—'शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा'।

वामन—'काव्यशब्दोऽयं गुणालङ्कारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्तते'।

रुद्रट—'शब्दार्थौ काव्यम्'।

मम्मट—'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि'।

आनन्दवर्धन—'शब्दार्थशरीरं तावत्काव्यम्'।

हेमचन्द्र—'अदोषौ सगुणौ सालङ्कारौ च शब्दार्थौ काव्यम्'।

वाग्भट—'शब्दार्थौ निर्दोषौ सगुणौ प्रायः सालङ्कारौ च काव्यम्'।

विद्यानाथ—'गुणालङ्कारसहितौ शब्दार्थौ दोषवर्जितौ काव्यम्'।

विद्याधर—'शब्दार्थौ वपुरस्य तत्र विबुधैरात्माभ्यधायि ध्वनिः'।

यहाँ हमने कुछ आचार्योंके काव्यलक्षण उद्धृत कर दिये हैं, यह शब्दार्थयुगलकाव्यत्व-समर्थक आचार्योंके वचन हैं। इन लोगोंने शब्दार्थयुगलको काव्य क्यों माना? इस विषय पर विचार करनेसे मालूम पड़ता है कि शास्त्रविमुख सुकुमारमति राजपुत्रादिकोंको शिक्षित करनेके लिये ही प्राधान्येन काव्यकी आवश्यकता होती है, अतः उन रङ्गरूटोंको गुड़जिह्विकया उपदेश प्रदान करनेवाले काव्योंमें हृदयहारी अर्थ तथा मनोरम शब्दशैलीका होना अपेक्षित था। अतः काव्यफलत्वेनाभिमत विनेयराजपुत्रादिशिक्षणकार्यमें शब्द तथा अर्थका समप्राधान्येन उपयोग देखकर आचार्योंने शब्दार्थयुगलको काव्य मान लिया। परन्तु शब्दमात्रको काव्य माननेवाले आचार्य इस मतके विरोधमें यह तर्क उपस्थित करते हैं कि 'काव्य जोरोंसे पढ़ा जा रहा है', 'काव्यसे अर्थ समझा जाता है,' 'मैंने काव्य तो सुन लिया परन्तु अर्थ नहीं समझा' इत्यादि सर्वलोकप्रचलित व्यवहारोंसे काव्य शब्दका अर्थ शब्दमात्र ही निर्धारित होता है, और वाग्व्यवहारमें शब्दको ही प्राधान्य प्राप्त है, इसलिये भी अर्थोपस्कृत शब्दको ही काव्य माना जाना चाहिये।

पूर्वोक्त व्यवहारोंको उपपन्न करनेके लिये शब्दार्थयुगलैकदेश शब्द या अर्थमें (अग्रमात्र हस्तावयवमें हस्तोऽयम् इस व्यवहारकी तरह) लक्षणा कर ली जा सकती है यह कहना सङ्गत नहीं है, क्योंकि लक्षणा तो तब होगी जब कि काव्यपदकी शक्ति शब्दार्थयुगलमें निर्धारित हो गई हो, और उसीके चलते मुख्यार्थबाध होता हो। यहाँ तो अभी शब्दार्थयुगलमें काव्यपदकी शक्ति निर्धारित नहीं हुई है, इस स्थितिमें लक्षणा कैसे होगी?

एक बात और ध्यान देने योग्य है कि 'वेद' 'पुराण' आदि संज्ञा शब्द भी जब शब्दमात्र-परत्वेन व्यवस्थापित हैं, तब तत्सजातीय इस 'काव्य' शब्दको भी शब्दमात्रपरक ही होना चाहिये, शब्दार्थयुगलपरक नहीं होना चाहिये।

इसके अतिरिक्त शब्दार्थयुगल-काव्यतावादी यह तो बतावें कि काव्यपदप्रवृत्तिनिमित्त (काव्यत्व) शब्दार्थयुगलमें व्यासज्यवृत्ति (शब्दार्थोभयपर्याप्तवृत्ति) मानते हैं या प्रत्येकमें (शब्द तथा अर्थमें अलग अलग) पर्याप्तवृत्ति मानते हैं? इसमें पहला कल्प इसलिये असङ्गत है कि यदि काव्यत्वको शब्दार्थयुगलव्यासज्यवृत्ति कहते हैं तो जैसे 'एको न द्वौ' यह व्यवहार होता है, उसी तरह 'श्लोकवाक्यं न काव्यम्' यह व्यवहार भी होने लग जायगा। यदि द्वितीय पक्ष—अर्थात् शब्द तथा अर्थमें अलग अलग पर्याप्त काव्यत्व-मानते हैं तो शब्दार्थांशभेदसे एक ही काव्यको आप दो काव्य भी स्वीकार करनेको बाधित हो जाते हैं। अतः काव्यपदका अर्थ केवल शब्द ही माना जाय। इस पक्षमें भी बहुतसे आचार्य हैं। जैसे—

अग्निपुराण—'संक्षेपाद् वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली काव्यम्' ।

दण्डी—'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली' ।

शौद्धोदनि—'रसादिमद् वाक्यं काव्यम्' ।

विश्वनाथ—'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' ।

जगन्नाथ—'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' ।

जयदेव—'निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गुणभूषिता ।
सालङ्काररसानेकवृत्तिर्वाक् काव्यनामभाक्' ॥

माणिक्यचन्द्र—'काव्यं रसादिमद्वाक्यं श्रुतं सुखविशेषकृत' ।

इस तरह हम देखते हैं कि काव्यके लक्षणमें बड़ा भारी मौलिक मतभेद है । कुछ लोग जितनी दृढताके साथ शब्दार्थयुगलको काव्य मानते हैं, कुछ अन्य लोग उतनी ही दृढताके साथ शब्द-मात्रको काव्य स्वीकार करते हैं ।

यहाँ पर सोचना यह है कि आखिर कौन पक्ष अधिक युक्तिसङ्गत है ? मेरी बुद्धिमें शब्द-मात्रको काव्य कहनेवाला पक्ष ही ठीक है, क्योंकि वाग्व्यवहारमें शब्दमात्रका प्राधान्य है, वह अर्थापेक्षया अधिक व्यापक है, अतः वाग्व्यवहारविशेषरूप काव्यमें शब्दका प्राधान्य होगा । उसके समकक्षरूपमें अर्थका निवेश कर देना उचित नहीं है । यदि अर्थनिवेश कर देते हैं तो तुल्यन्यायसे वेदादि लक्षणोंमें भी अर्थनिवेश करना पड़ जायगा, और तब 'वेदः पठितः परमर्थो नावगतः' यह प्रतीति अनुपपन्न हो जायगी । अतः जैसे वेद-शब्दसे केवल शब्दविशेष समझा जाता है उसी तरह काव्य-शब्दसे भी केवल शब्द ही लिया जाना चाहिये । हाँ, यह जरूर है कि अर्थोपस्कृत ही शब्द काव्य होंगे, परन्तु लक्षणमें अर्थ पदका समावेश अनावश्यक है ।

यहाँ पर एक शङ्का यह की जा सकती है कि यदि शब्दमात्रको काव्य कहा जाय तब 'काव्यं बुद्धम्' इत्यादि प्रतीति कैसे उत्पन्न होगी ? इस प्रसङ्गमें यह उत्तर देना चाहिये कि इस प्रतीति—मधुरवर्ण अनुप्रासजन्य श्रुतिचमत्कारानुभव—को ही यहाँ पर 'बुद्धम्' पदसे स्वीकार किया गया है । जिसको अर्थज्ञान नहीं होता है वह भी अनुप्रासादिसौन्दर्यके प्रभावसे जो मानसिक तृप्ति प्राप्त करता है, उसी तृप्तिको उसने 'बुद्धम्' पदसे व्यक्त किया है । अनुभव साक्षी है कि—

'शिञ्जानमञ्जुमञ्जीराश्चारुकाञ्चनकाञ्चयः ।
कङ्कणाङ्कभुजा भान्ति जितानङ्ग तवाङ्गनाः' ॥

अथवा

'मधुरया मधुबोधितमाधवीमधुसमृद्धिसमेधितमेधया ।
मधुकराङ्गनया मुहुरुन्मदध्वनिभृता निभृताक्षरमुज्जगे' ॥

इस तरहकी मधुरकोमलकान्तपदावलीको पढ़कर या सुनकर विना अर्थ समझे भी लोग यह समझ लेते हैं कि यह काव्य है ।

यदि अर्थ काव्य होता तब तो जिस प्रकार—'कामिनी व्याहरति' 'नीरसतरुरिह विलसति' यह वाक्य काव्य कहे जाते हैं, उसी तरह 'स्त्री ब्रूते' 'शुष्को वृक्षस्तिष्ठति' ये वाक्य भी काव्य कहे जाते, क्योंकि दोनों वाक्ययुगलोंमें अर्थ तो समान ही है, अतः काव्यलक्षणमें अर्थका समावेश दुरर्थक ही है ।

यह तो काव्यलक्षणकी व्याख्या हुई, अब थोड़ा अर्थको भी लक्षणघटक बनानेवाले आचार्यों-के दलपति आचार्य मम्मटके लक्षणको देखिये । उनका लक्षण इस प्रकार है—'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि' ।

इस लक्षणमें 'शब्दार्थौ काव्यम्' मान लिया गया है, और उसमें तीन विशेषण लगाये गये हैं, उनमें पहला विशेषण है—'अदोषौ' । यदि निर्दोष शब्दार्थको ही काव्य माना जायगा तब—

'न्यक्कारो ह्ययमेव मे यदरयस्तत्राप्यसौ तापसः
सोऽप्यत्रैव निहन्ति राक्षसकुलं जीवत्यहो रावणः।
धिग्धिक् शक्रजितं प्रबोधितवता किं कुम्भकर्णेन वा
स्वर्गग्रामटिकाविलुण्ठनवृथोच्छूनैः किमेभिर्भुजैः' ॥

इस श्लोकमें विधेयाविमर्श नामक दोष होनेके कारण लक्षणकी अव्याप्ति होगी। इसे काव्य नहीं ही मानें यह बात नहीं कही जा सकती है, क्योंकि स्वयं काव्यप्रकाशकारने इसे ध्वनियुक्त कहकर उत्तम काव्य माना है (ऐसा लक्षण है कि उत्तमकाव्यतया अभिमत पद्यको काव्य तक नहीं बनने दे रहा है), एक बात और होगी कि यदि निर्दोष ही को काव्य माना जायगा तब काव्यका विषय बहुत कम रह जायगा, या यों कहिये कि काव्य नामक वस्तु हस्तनक्षत्रका खञ्जन बन जायगी, क्योंकि सर्वथा निर्दोष होना नितान्त कठिन होता है। यही नहीं, यदि निर्दोष को ही काव्य मानें तब 'दुष्टं काव्यम्' यह प्रतीति नहीं होगी, क्योंकि दोषयुक्तको तो आप काव्य मानते ही नहीं, फिर 'दुष्टं काव्यम' आप किस प्रकार कहेंगे। दूसरा विशेषण है 'सगुणौ'। यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि काव्यप्रकाशकारने गुणोंको स्वयं रसधर्म कहा है—'ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः'। गुण तभी रहेंगे जब रस रहेगा, अतः 'सगुणौ' से 'सरसौ' विवक्षित ऐसा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि इस तरह कहना तो एक प्रकारकी पहेली हो जाती है, 'प्राणिमान् देश है' इस अभिप्रायसे 'शौर्यादिमान् देश है' ऐसा कहनेकी प्रथा नहीं है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यदि 'सगुणौ शब्दार्थौ काव्यम्' ऐसा मान लेते हैं तब 'उदितं मण्डलं विधोः' 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादि वाक्यको काव्यत्व नहीं प्राप्त होता क्योंकि इनमें गुण नहीं है। तीसरा विशेषण है 'सालङ्कारौ'। यह तो और अविचारित है, क्योंकि हारादिवत् अलङ्कार तो शोभावर्धनके लिये धारण किये जाते हैं, उनका शरीरावयव होना कैसे उचित होगा।

इस प्रधान मतकी आलोचनासे ही शब्दार्थोभयकाव्यतावादी सभी आचार्योंके मतकी आलोचना हो जाती है।

शब्दकाव्यतावादी आचार्योंमें भी कुछ आचार्य ऐसे हैं जिनके मत पर कुछ विचार करना है, उनमें विश्वनाथने—'रसात्मकं वाक्यं काव्यम्' कहा है, शौद्धोदनिके मतमें 'रसादिमत' कहा गया है, इन दोनों आचार्योंने रसके बिना काव्यत्व नहीं स्वीकार किया है, परन्तु इस पक्षमें वस्त्वलङ्कारप्रधान काव्योंमें काव्यलक्षण नहीं सङ्गत होगा, यह अव्याप्तिदोष होगा, उन्हें आप काव्य नहीं मानें यह तो ठीक नहीं होगा, क्योंकि महाकवियोंने जलप्रवाह प्रपात, कपिविलसित, बाललीलाके वर्णन किये हैं, और उन्हें सहृदय जन काव्य मानते आये हैं। वस्त्वलङ्कारप्रधान काव्योंमें भी (कथञ्चित-परम्परया) रसस्पर्श है अतः ये उसी रसस्पर्शके बलपर काव्य कहे जा सकते हैं, यह बात ठीक नहीं जँचती है क्योंकि यदि इस तरह रसस्पर्शसे वाक्य काव्य कहे जाने लगेंगे तब तो 'गौश्चरति' इसे भी काव्य कहना पड़ेगा। संसारके सभी पदार्थ कहीं न कहीं विभावादिस्वरूप होते ही हैं, उनके द्वारा रसस्पर्श सर्वत्र मानना पड़ जायगा। इस प्रकार मैं देखता हूँ कि इस पक्षमें भी कुछ दोष है। अन्तमें दण्डीका लक्षण ही ऐसा रह जाता है जिसे हम रसगङ्गाधरके प्रौढ लक्षणके रूपमें विवृत पाते हैं।

इस प्रसङ्गमें जिज्ञासुजनोपकारार्थ इतना और कह देना चाहता हूँ कि यद्यपि दण्डी तथा आलोचनारसिक जगन्नाथने शब्दमात्रको काव्य कहनेके लिये बहुत प्रयास किया है, परन्तु आलोचनाका अन्त यहीं हो नहीं है, जिन्हें इस प्रसङ्गमें और जानना हो वह छात्रवर्ग नागेशकृत गुरुमर्मप्रकाशनामक रसगङ्गाधरव्याख्या, म. म. गङ्गाधरशास्त्रीकृत रसगङ्गाधरटिप्पणी, म. म. गोकुलनाथोपाध्यायकृत काव्यप्रकाशव्याख्या तथा म. म. गोविन्दठक्कुरकृत काव्यप्रदीप अवश्य देखें।

गद्यं' पद्यं च मिश्रं च तत् त्रिधैव व्यवस्थितम्।
पद्यं चतुष्पदी तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा॥ ११॥

काव्यस्वरूमुक्तं प्राग्, इदानीं प्रोक्तस्वरूपस्य काव्यस्य भेदानाह—गद्यमिति० गद्यते स्वाभाविकरूपेण स्वाभिधेयार्थबोधनाय लोकैरुच्चार्यत इति गद्यम्, पद्यम् श्लोकचरणमर्हतीति पद्यम्, मिश्रम् गद्यपद्योभयमिलितम्—एवं गद्यपद्यमिश्रनामकप्रकारत्रयेणोपलक्षितं तत् काव्यं त्रिधैव त्रिष्वेव प्रकारेषु व्यवस्थितम् नियतम्, काव्यस्य त्रय एव भेदाः संभवन्ति, गद्यपद्योभयरूपत्वात्। एवं भेदत्रयमभिधाय तत्र प्रथमं भेदं लक्षयति—पद्यमिति० काव्यभेदेषु प्रथमं पद्यम् श्लोकात्मकम् चतुष्पदी चतुर्भिः पादैश्चरणैर्निबद्धम् भवति, चतुर्णां पदानां समाहारश्चतुष्पदी, पादचतुष्टयात्मकं पद्यमित्यर्थः। यद्यपि वेदे द्वित्रिपद्यादयोऽपि दृश्यन्ते, तथापि केवललौकिकवृत्तपरत्वादत्र चतुष्पदीत्युक्तम्। वस्तुतस्तु चतुष्पदीत्युपलक्षणम्, तेन षट्पद्यादयोऽपि संग्राह्याः। तच्च पद्यम्—वृत्तम् जातिः इति प्रकारद्वयेन द्विधा द्विप्रकारकम्। तत्र अक्षरसङ्ख्यातं वृत्तम्, मात्रासङ्ख्याता जातिः, तदुक्तम्—

'पद्यं चतुष्पदी तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
वृत्तमक्षरसङ्ख्यातं जातिर्मात्राकृता भवेत्'॥ छन्दोमञ्जरी॥ ११॥

हिन्दी—जिस काव्यका स्वरूप हम निरुक्त कर आये हैं वह काव्य तीन प्रकारका होता है—गद्य, पद्य और मिश्र (मिलित-गद्यपद्य उभयरूप)। गद्य उसे कहते हैं जिसे हम स्वभावतः बोलते हैं, जिसमें राग नहीं होता है, जो केवल अपना भाव प्रकाशित करनेके लिये स्वभावतः प्रयुक्त होता है। साहित्यदर्पणकारने गद्यके लक्षण तथा भेद इस प्रकार कहे हैं—

'वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च। भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम्'॥

इस लक्षणमें 'वृत्तगन्धोज्झितं गद्यम्' यह गद्यका स्वरूपकथन है। मुक्तक, वृत्तगन्धि, उत्कलिकाप्राय और चूर्णक ये चार उसके भेद हैं। इन चारों भेदोंके भी लक्षण उसी जगह बताये गये हैं, जैसे—

'आद्यं समासरहितं वृत्तभागयुतं परम्। अन्यद्दीर्घसमासाढ्यं, तुर्यं चाल्पसमासकम्॥'

मुक्तकमें समास बिल्कुल नहीं रहता है, वृत्तगन्धिमें छन्दोबन्धके कुछ अंश हों, परन्तु उनका क्रम कायम नहीं रह पाता हो, उत्कलिकाप्रायमें लम्बे-लम्बे समास किये गये हों और चूर्णकमें समास हों परन्तु कम। इनके उदाहरण ये हैं—

मुक्तक—'गुरुर्वचसि पृथुरुरसि अर्जुनो यशसि'।

वृत्तगन्धि—'समरकण्डूयननिबिडभुजदण्डकुण्डलीकृतकोदण्डशिञ्जिनीटङ्कारोज्जागरितवैरिनगर'।
यहाँ 'कुण्डलीकृतकोदण्ड' यह अनुष्टुप् का चरण है।

उत्कलिकाप्राय—'वन्दारुवृन्दारकवृन्दशिरस्सुमस्यन्दमानमकरन्दबिन्दुवन्ध्यमानचरणयुगलचारुताधरीकृतलोलालिप्यमानकाश्मीरजद्रवदरविकसदरविन्दानाम्'।

चूर्णक—'गुणरत्नसागर, जगदेकनागर, कामिनीमदन, जनरञ्जन'।

पद्यका लक्षण कहा है—'छन्दोबद्धपदं पद्यम्'। छन्द अनेक प्रकारके होते हैं—मालिनी, शिखरिणी, वसन्ततिलक आदि। यह पद्य प्रायः चार चरणोंका होता है, इसीलिये आचार्य दण्डीने 'पद्यं चतुष्पदी' कहा है। वस्तुतः पद्यके चरणोंकी संख्या नियत नहीं होती है, विश्व-

---

१. पद्यं गद्यं च।

विदित गायत्री तीन ही चरणोंकी है, इतना ही नहीं, 'षट्पदी' नामक वृत्त भी प्रसिद्ध है, अतः 'चतुष्पदी' पद उपलक्षण मानना चाहिये। पद्यके दो प्रकार होते हैं-वृत्त एवं जाति। अक्षरसंख्यात चरणको वृत्त तथा मात्रासङ्ख्यात चरणको जाति कहते हैं। उदाहरणके लिये स्रग्धरा आदि वृत्त हैं और आर्या आदि जाति हैं। वृत्तोंके भी सम, अर्धसम, विषम आदि भेद कहे गये हैं। समवृत्त जैसे—स्रग्धरा, अर्धसम—पुष्पिताग्रा, विषमवृत्त—वैतालीय। मिश्र शब्दसे गद्यपद्योभयमिश्रण विवक्षित है। नाटक, चम्पू आदि इस प्रभेदमें आते हैं। अन्यान्य आचार्योंने काव्यके भेद इस प्रकार बताये हैं, 'दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुनः काव्यं द्विधा मतम्'। उनके अनुसार काव्य दो प्रकारके हैं—दृश्य और श्रव्य। श्रव्यके भेद काव्य, आख्यायिका, चम्पू आदि। दृश्यके भेद नाटक, रूपक, प्रहसनादि ॥ ११ ॥

छन्दोविचित्यां सकलस्तत्प्रपञ्चो निदर्शितः।
सा विद्या नौस्तितीर्षूणां[1] गभीरं काव्यसागरम् ॥ १२ ॥

वृत्तविभागस्य वक्तव्यतायाः प्रकरणप्राप्ततया तद्विषयें वक्तव्यमाह—छन्द इति। छन्दांसि विचीयन्ते लक्षणत उदाहरणतो भेदप्रभेदतश्च निरुध्यन्ते यस्यां सा छन्दोविचितिर्नाम छन्दःशास्त्रविषयकः प्रबन्धः, तस्यां सकलः समग्रः तत्प्रपञ्चः वृत्तजात्योर्विस्तारः निदर्शितः उदाहृतः, उक्थादयः समार्धसमविषमादयो वृत्तभेदाः आर्यागीत्यादयो जातिभेदाश्च तत्र सामग्र्येण विवेचिताः, अतश्छन्दोज्ञानार्थं तादृश एव ग्रन्थः परिशीलनीय इत्यर्थः। सा विद्या छन्दोविचित्यादिग्रन्थसम्पाद्यं छन्दःशास्त्रविषयकं ज्ञानम् गभीरम् दुरवगाहम् काव्यसागरं काव्यरूपं महोदधिं तितीर्षूणाम् पारं जिगमिषूणाम् नौः पोतः भवतीति शेषः। यथाहि सागरपारं जिगमिषुर्जनः नावमवलम्बते, तत्र तन्मात्रस्योपायत्वात्तथा छन्दोविवेकज्ञानाय छन्दःशास्त्रमेव परिशीलनीयं तस्य तदेकोपायकत्वात् छन्दोज्ञानं हि काव्यस्य करणे परिशीलने चोपयुङ्क्त इत्याशयः। 'छन्दोविचितः' नाम छन्दोग्रन्थो दण्डिना प्रणीत इति बहव आहुः, 'त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च' इति च ते तदुपोद्बलकं स्मारयन्ति ॥

हिन्दी—वृत्तजाति आदि छन्दोभेदका विस्तारपूर्वक विवेचन 'छन्दोविचिति' नामक छन्दोग्रन्थमें विस्तारपूर्वक किया गया है, अतः उसका ज्ञान उसी ग्रन्थसे करना चाहिये क्योंकि काव्यरूप सागरमें (शब्दार्थरूप रत्न पानेकी इच्छासे) तरण करनेवालोंके लिये छन्दोज्ञान नौकारूप है। जिस प्रकार नौका लेकर समुद्रमें जानेवाले अव्यापन्नभावसे स्वाभीष्ट रत्नादिसंग्रहणमें समर्थ हुआ करते हैं अन्यथा असफल रहते हैं, उसी तरह छन्दोज्ञान सम्पन्न जन काव्यसागरमें शब्दार्थरत्नका संग्रह कर पाते हैं अन्यथा नहीं। 'छन्दोविचिति' नामक एक छन्दोग्रन्थ दण्डिकृत था (जो अब अप्राप्य हो गया है) उसीका नाम इस पद्यमें आया है, इसीके आधार पर लोग 'त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च' मानते हैं ॥ १२ ॥

मुक्तकं कुलकं कोषः सङ्घात इति तादृशः।
सर्गबन्धांशरूपत्वादनुक्तः[2] पद्यविस्तरः ॥ १३ ॥

'गद्यं पद्यं च मिश्रञ्चे'ति काव्यत्रैविध्यमुक्तम्, तत्र पद्यकाव्यस्य बहवो भेदाः प्रथन्ते, 'मुक्तकम्', 'कुलकम्', 'कोषः', 'सङ्घातः' इत्यादयः, सर्वेषां तेषां विस्तारेणात्र वर्णनं न चिकीर्षितं सर्वेषामपि तेषां महाकाव्यांशरूपत्वान्महाकाव्यवर्णनेनैव तेषामपि वर्णनस्य

१. विवक्षूणां, विविक्षूणां। २. बन्धाङ्ग-।

कृतप्रायत्वात्, तदाह—**मुक्तकमिति**। मुक्तकम्—'मुक्तकं श्लोक एवैकश्चमत्कारक्षमः सताम्' यथा—अमरुशतकादिः।

कुलकम्—

'द्वाभ्यां तु युग्मकं सन्दानितकं त्रिभिरिष्यते। कलापकं चतुर्भिश्च पञ्चभिः कुलकं मतम्॥'

यथा—तत्र तत्र काव्यादौ वर्णनविशेषाः।

कोषः—

'कोषः श्लोकसमूहस्तु स्यादन्योन्यानपेक्षकः। व्रज्याक्रमेण रचितः स एवातिमनोरमः॥'

यथा—आर्यासप्तशत्यादिः।

सङ्घातः—'यत्र कविरेकमर्थं वृत्तेनैकेन वर्णयति काव्ये सङ्घातः स निगदितः।'

यथा—वृन्दावन-मेघदूतादिः।

एवंलक्षणलक्षिताः पद्यप्रभेदाः पृथगत्र न प्रपञ्चिताः, तेषां सर्वेषां सर्गबन्धांशरूपत्वात् सर्गबन्धात्मकमहाकाव्यांशरूपत्वात्, तत्र मुक्तककुलकौ नामाद्यभेदौ साक्षादंशरूपौ, अन्त्यौ कोषसङ्घातौ तु महाकाव्ये तत्तदुच्चावचवर्णने सम्भवत एवेति पृथगत्र न प्रपञ्चितौ॥ १३॥

हिन्दी—मुक्तक, कुलक, कोष, संघात आदि पद्यविस्तरका इस ग्रन्थमें विस्तृत विवेचन नहीं किया गया है क्योंकि वे सभी सर्गबन्धात्मक महाकाव्यके अङ्गभूत हैं, इनमें मुक्तक तथा कुलक साक्षाद् अङ्ग हैं और कोष तथा संघात तत्तद्वर्णनमें अङ्ग हो जाया करते हैं। मुक्तकका लक्षण है—'अन्यानपेक्ष एकश्लोकनिबन्धो मुक्तकम्'। कुलक–'अनेकपद्यैनैकक्रियाऽन्वितैनैकवाक्यार्थकथनं कुलकम्'। कोषः—'असंहतार्थानाम् एककवेरनेककवीनां वा वाक्यानां काव्यात्मनां निबन्धः कोषः'। संघातः–'कल्पितवस्तुकः एकच्छन्दोनिर्व्यूढः पद्यसमुदयः संघातः'। इस तरह सभी भेदोंके लक्षण अलग-अलग बताये गये हैं, ये सभी महाकाव्यके अङ्गभूत हैं, अतः इनका विस्तृत वर्णन यहाँ पर नहीं दिया जा रहा है॥ १३॥

सर्गबन्धो महाकाव्यमुच्यते तस्य लक्षणम्।
आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखम्॥ १४॥

मुक्तककुलकादीनां काव्यप्रभेदानां सर्गबन्धांशरूपत्वमुदीरितं, तत्र सर्गबन्धस्य स्वरूपं ज्ञपयितुमवशिष्यते, तदाह—**सर्गबन्ध** इत्यादिना। महाकाव्यमित्युद्देश्यपदम्, सर्गबन्ध इति च विधेयम्, महाकाव्यं नाम सर्गबन्धपदाभिलप्यमिति तदाशयः। सर्गः अवान्तर-प्रकरणविशेषः, तत्कृतः बन्धो रचना महाकाव्यम्, यत्र प्रकरणानि सर्गपदेन व्यवच्छिद्यन्ते तादृशी रचना महाकाव्यम्, तस्य लक्षणम् इतरव्यावृत्तिकरं चिह्नम् उच्यते वक्ष्यमाणेनेति शेषः। आशीर्नमस्क्रियेत्यारभ्य जायते सदलङ्कृतीति पर्यन्तेन सन्दर्भेण काव्यं लक्ष्यत इत्यर्थः। तन्मुखम् तस्य महाकाव्यस्य मुखम् प्रारम्भः आद्याकृतिः आशीः नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशोऽपि वा एतत्त्रितयान्यतमद्वारा तत्प्रारम्भः क्रियत इत्यर्थः। तत्र आशीर्नाम स्वेष्टजनस्य स्वस्य वा शुभाशंसनम्। एके तु स्वेष्टजनस्य शुभाशंसनमात्रमाशिषमाहुः, तदुक्तम्—

'वात्सल्याद्यत्र मान्येन कनिष्ठस्याभिधीयते। इष्टावधारकं वाक्यमाशीः सा परिकीर्त्तिता'॥

नमस्क्रिया—मदपेक्षया त्वमुत्कृष्ट इति परोत्कर्षसूचनपूर्वकस्वापकर्षबोधनानुकूलो व्यापार-विशेषः, स च करशिरःसंयोगादिरूपस्तत्तद्देशविशेषभिन्नः। स चात्र शब्दोपनिबद्धो वेदि-

तव्यः। वस्तुनिर्देशः वर्णनीयकथाभागस्य प्रकारेण केनचिदुपनिबन्धः, स च क्वचिन्नायकनिर्देशेन क्वचित्तदावासदेशनिर्देशादिप्रकारेण वा क्रियते ॥ १४ ॥

हिन्दी—पहले श्लोकमें मुक्तक, कुलक आदि काव्योंको महाकाव्यांश मान लिया गया है, उसी का लक्षण इस श्लोकसे लेकर उन्नीसवें श्लोक तक बता रहे हैं। सर्गबन्ध शब्दसे महाकाव्य लिया जाता है, उसकी रचना सर्गोंके आधार पर की गई होती है, इसीलिये वह सर्गबन्ध कहलाता है, उस महाकाव्यका मुख-प्रारम्भ तीन प्रकारोंसे किया जाता है—आशीः, नमस्क्रिया और वस्तुनिर्देश। आशीः से आशीर्वादकी विवक्षा है, आशीर्वाद शब्दका अर्थ होता है स्वेष्टजन अथवा अपने शुभकी इच्छा प्रकट करना, 'पुत्रस्ते भवतु', 'धनं मे स्यात्' इत्यादि वाक्योंसे वैसा ही भाव प्रकट होता है। केवल अन्यशुभेच्छा मात्रको आशीः पदार्थ समझनेवालोंके मतमें 'धनं मे स्यात्' इत्यादि प्रतीतियाँ कैसे बनेंगी। नमस्क्रियाका अर्थ है अपनी अपकृष्टताके साथ दूसरेका उत्कर्ष प्रदर्शित करनेवाला व्यापारविशेष, वह व्यापार कहीं पर करशिरःसंयोगात्मक होता है, कहीं पर शिरोभूमिसंयोगात्मक या अन्य किसी प्रकारका। वस्तुनिर्देशका अर्थ है कथाभागका निर्देश करना, वह कई प्रकारोंसे किया जाता है, कहीं नायकनिर्देशद्वारा और कहीं पर नायकके आवासदेशकालादि निर्देशद्वारा और कहीं पर कथा-भागागत वस्तु निर्देशद्वारा। उनके उदाहरणके लिये निम्नलिखित काव्योंके उद्धरण दिये जाते हैं—

आशीर्वाद—(स्वेष्टजनशुभाशंसन)—

'श्रियं क्रियाद्यस्य सुरागमे नमत्सुरेन्द्रनेत्रप्रतिबिम्बलाञ्छिता।
सभा बभौ रत्नमयैर्महोत्पलैः कृतोपहारेव स वोऽग्रजो जिनः' ॥

(चन्द्रप्रभाकाव्य)

स्वशुभाशंसन—'पूतं स्वतः पूततरं ततो यद् गाङ्गं पयः शङ्करमौलिसङ्गात्।
तत्पातु मातुः प्रणयापराधपादाहतैः पूततमं ततो नः' ॥

(शिवलीलार्णव)

नमस्कार—'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ' ॥

(रघुवंश)

वस्तुनिर्देश (नायकनिर्देश)—

'श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं जगज्जगन्निवासो वसुदेवसद्मनि।
वसन्ददर्शावतरन्तमम्बराद्धिरण्यगर्भाङ्गभुवं मुनिं हरिः' ॥ (शिशुपालवधं)

(नायकस्थानादिनिर्देश)—

'राकासुधाकरसितद्युतिदीप्यमानसौधावलीविलसिता मधुराभिधाना।
आसीदशेषविभवैरुपचीयमानैर्युक्ता पुरा यदुकुलोत्तमराजधानी' ॥ (कृष्णविभव)

(कथाभागनिर्देश)—

'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः' ॥ (कुमारसंभव)

इन्हीं प्रकारोंमेंसे अन्यतमका अवलम्बन करके महाकाव्योंका प्रारम्भ किया जाता है। यह निर्वचन लक्ष्यानुसारी है, यदि कोई कवि वसन्तवर्णनसे ही किसी महाकाव्यका प्रारम्भ करे तो कोई बाधा नहीं होगी ॥ १४ ॥

इतिहासकथोद्भूतमितरद्वा सदाश्रयम्।
चतुर्वर्गफलायत्तं चतुरोदात्तनायकम् ॥ १५ ॥

१. कलोपेतं।

इतिहासेति। इतिहासकथोद्भूतम् इतिहासवर्णितकथामाधारीकृत्य प्रबद्धम्, इतिहासः-महाभारतं रामायणं च, अन्यद्वा राजतरङ्गिण्यादि। सदाश्रयम्-इतरद्वा, सतामापामरप्रसिद्धसद्भावानां बुद्धादीनां कथामाश्रित्य प्रवृत्तम्, यथाश्वघोषकृतबुद्धचरितादि। इतिहासप्रसिद्धकथां विहायापि प्रसिद्धस्य सत आश्रयेण प्रवृत्तं महाकाव्यं भवति, यथा प्रोक्तबुद्धचरितादि। चतुर्वर्गफलायत्तम्-चतुर्णां धर्मार्थकाममोक्षाणां वर्गः समूहः तत्र फले आयत्तं तत्फलमुद्दिश्य प्रणीतम्, तत्र काव्याद्धर्मप्राप्तिर्भगवन्नारायणचरणारविन्दस्तवादिना, अर्थप्राप्तिश्च प्रत्यक्षसिद्धा, कामप्राप्तिश्चार्थद्वारा, मोक्षप्राप्तिश्चैतज्जन्यफलाननुसन्धानात्। चतुरोदात्तनायकम्-चतुरो व्यवहारकुशलः उदात्तः धीरोदात्तो नायककथाप्रधानपुरुषो यत्र तादृशम्। इदं महाकाव्यलक्षणघटकम्॥ १५॥

हिन्दी—इतिहासकी कथापर आधारित होना, अथवा इतिहासप्रसिद्धिको छोड़कर किसी सत्पुरुषकी कथाका आश्रय लेना, धर्म अर्थ-काम-मोक्षकी सिद्धिरूप फलको उद्देश्य करके बनाया जाना एवं चतुर तथा उदात्त नायकका कथाका मुख्य पात्र होना महाकाव्यमें अपेक्षित है। इतिहास पदसे महाभारत, रामायण तथा अन्यान्य पुराण परिगृहीत होते हैं, इनमें वर्णित पुरुषको महाकाव्योंमें प्रधान नायक बनाया जाता है। यह कोई अनुल्लंघनीय नियम नहीं है, इतिहासप्रसिद्धिके नहीं रहनेपर भी किसी सत्पुरुषको प्रधान नायक बनाकर महाकाव्यकी रचना की जा सकती है, जैसे अश्वघोषने भगवान् बुद्धको नायक बना कर 'बुद्धचरित' नामक महाकाव्य बनाया। महाकाव्यका फल धर्मार्थकाममोक्षरूप चतुर्वर्गकी सिद्धि मानी गई है। इसी फलको उद्देश्य बना कर महाकाव्यकी रचना की जाती है। उसमें—धर्मकी प्राप्ति भगवान्के चरणारविन्दोंकी स्तुतिद्वारा, अर्थकी प्राप्ति प्रत्यक्षसिद्ध, कामप्राप्ति अर्थद्वारा तथा मोक्षप्राप्ति काव्यजन्य धर्मार्थकामरूप फलोंके विषयमें अनासक्ति करनेसे सिद्ध होती है। महाकाव्योंमें नायकको चतुर तथा उदात्त होना चाहिये। नायकका लक्षण शास्त्रकारोंने इस प्रकार बताया है—

साहित्यदर्पण—

'त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही। दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता'॥

दशरूपक—

'नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः। रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशः स्थिरो युवा॥
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः। शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः'॥

इस प्रकार लक्षित नायक धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित, धीरप्रशान्त-भेदसे चार प्रकारके होते हैं। महाकाव्यमें चारों प्रकारके नायक लिये जाते हैं, अतः उदात्त पदको उपलक्षण समझना चाहिये। नायक कहीं एक देव, कहीं एक सद्वंशज क्षत्रिय, तथा कहीं एकवंशज बहुतसे क्षत्रिय हुआ करते हैं, जैसे—शिशुपालवधमें एक देव श्रीकृष्ण, नैषधीयचरितमें सद्वंशज एक क्षत्रिय नल, एवं रघुवंशमें एकवंशज बहुतसे क्षत्रिय दिलीपादि अग्निवर्ण पर्यन्त॥ १५॥

नगरार्णवशैलर्तुचन्द्रार्कोदयवर्णनैः।
उद्यानसलिलक्रीडामधुपानरतोत्सवैः॥ १६॥

नगरार्णवेति। नगरं नायकाध्युषितं पुरम्, तद्वर्णनं यथा शिशुपालवधे तृतीयसर्गे द्वारकावर्णनम्, अर्णवः सागरः, तद्वर्णनं यथा रघुवंशे त्रयोदशसर्गे। शैलः पर्वतस्तद्वर्णनं यथा कुमारसम्भवस्य प्रथमे सर्गे शिशुपालवधस्य चतुर्थे च सर्गे। ऋतवो वसन्तादयः, तद्वर्णनं यथा शिशुपालवधस्य षष्ठे सर्गे। चन्द्रार्कौ चन्द्रमस्सूर्यौ तयोरुदयः, अत्रोदये-

नास्तमयमपि बोध्यत उपलक्षणविषया, तथा चन्द्रसूर्ययोरुदयास्तमयवर्णनं फलितं, तद्यथा—किरातार्जुनीये नवमसर्गे शिशुपालवधे च नवमैकादशसर्गयोः। उद्यानमुपवनं सलिलं जलाधारः सरिदादिस्तत्र क्रीडाविहारः, तद्वर्णनं शिशुपालवधस्याष्टमसर्गे। मधुपानं मद्यसेवनं तद्वर्णनं, यथा-किरातार्जुनीये नवमसर्गे। रतं सम्भोगश्रृङ्गारस्तद्वर्णनं यथा—रघुमाघादौ तत्र तत्र। अत्र तृतीयान्तपदं वक्ष्यमाणेनाष्टादशश्लोकगतेनालङ्कृतमिति पदेनान्वेति। तथा चैभिर्वर्णनविशेषैरलङ्कृतं काव्यं कल्पान्तस्थायि यशोजनकं जायत इति पर्यवसितोऽर्थः॥ १६॥

हिन्दी—महाकाव्यमें नगरका, समुद्रका, पर्वतका, ऋतुओंका, चन्द्रोदय-सूर्योदय एवं चन्द्रास्त-सूर्यास्तका, उद्यानविहारका, जलक्रीड़ाका, मधुसेवन तथा संभोगका वर्णन होना चाहिये। उदाहरणस्वरूप तत्तद् काव्योंके स्थल ऊपरकी व्याख्यामें बता दिये गये हैं। प्रसङ्गवश यहाँ यह जानना चाहिये कि किस वस्तुके वर्णनमें क्या होना चाहिये।

नगरवर्णन—

'पुरेऽट्टपरिखावप्रप्रतोलीतोरणादयः। प्रासादाध्वप्रपारामवाप्यो वेश्या सतीस्वरी'॥

अर्णववर्णन—

'अब्धौ द्वीपाद्रिरत्नोर्मिपोतयादोजगत्प्लवाः। विष्णुकुल्यागमश्चन्द्राद्वृद्धिरौर्वोऽम्बुपूरणम्'॥

शैलवर्णन—

'शैले मेघौषधीधातुवंशकिन्नरनिर्झराः। शृङ्गपादगुहारत्नवनजीवाद्युपत्यकाः'॥

ऋतुवर्णन—

'सुरभौ दोलाकोकिलमारुतसूर्यगतितरुदलोद्भेदाः। जातीतरपुष्पचयाम्रमञ्जरीभ्रमरझङ्काराः॥
ग्रीष्मे पाटलमल्लीतापसरःपथिकशोषवातालयः। सक्तुप्रपाप्रपाक्षीमृगतृष्णाम्रादिफलपाकाः'॥
'वर्षासु घनशिखिस्मयहंसगमाः पङ्ककन्दलोद्भेदौ। जातीकदम्बकेतकझञ्झानिलनिम्नगा हलिप्रीतिः'॥
'शरदीन्दुरविपटुत्वं जलाच्छतागस्त्यहंसवृषदर्पाः। सप्तच्छदपद्मसिताभ्रधान्यशिखिपक्षमदपाताः'॥
'हेमन्ते दिनलघुता शीतयवस्तम्बमरुवकहिमानि'। 'शिशिरे करीषधूमः कुमुदाम्बुजदाहशिखिरतोत्कर्षाः'॥

सूर्योदयवर्णन—

'सूर्येऽरुणता रविमणिचक्राम्बुजपथिकलोचनप्रीतिः। तारेन्दुदीपकौषधिघूकतमश्चौरचन्द्रकुलटार्त्तिः'॥

चन्द्रोदयवर्णन—

'चन्द्रे कुलटाचक्राम्बुरुहविरहितमोहानिरौज्ज्वल्यम्। जलधिजनिनेत्रकैरवचकोरचन्द्राश्मदम्पतिप्रीतिः'॥

उद्यानवर्णन—

'उद्याने सरणिः सर्वफलपुष्पलताद्रुमाः। पिकालिकेलिहंसाद्याः क्रीडावाप्यध्वगस्थितिः'॥

सलिलक्रीडावर्णन—

'जलकेलौ सरःक्षोभचक्रहंसापसर्पणम्। पद्मग्लानिः पयःक्षेपो दृग्रागो भूषणच्युतिः'॥

मधुपानवर्णन—

'सुरापाने विकलता स्खलनं वचने गतौ। लज्जमानच्युतिः प्रेमाधिक्यं रक्तेक्षणभ्रमाः'॥

रतोत्सववर्णन—

'सुरते सात्त्विका भावाः सीत्कारः कुड्मलाक्षता। काञ्चीकङ्कणमञ्जीररवोऽधरनखक्षते'॥

इसी प्रकारके वर्णन होते हैं। इसमें कविगण अपनी रुचिके अनुसार परिवर्तन-परिवर्धन किया करते हैं, परन्तु सामान्य प्रकार ऐसा ही हुआ करता है, बुद्धिवैशद्यार्थ हमने यह सङ्गृहीत कर दिया है॥ १६॥

विप्रलम्भैर्विवाहैश्च कुमारोदयवर्णनैः ।
मन्त्रदूतप्रयाणाजिनायकाभ्युदयैरपि ॥ १७ ॥

विप्रलम्भैरिति । विप्रलम्भो विप्रलम्भश्रृङ्गारः, 'यत्र तु रतिः प्रकृष्टा नाभीष्टमुपैति विप्रलम्भोऽसौ' इति लक्षितः। स च 'पूर्वरागमानप्रवासकरुणात्मकतया चतुर्विध' इति द्योतनायैवात्र बहुवचनप्रयोगः, तत्र पूर्वरागो नैषधीयचरिते चतुर्थसर्गे, मानो यथा कृष्णवैभवे राधायाः, प्रवासो यथा तत्रैव, करुणो यथा कादम्बर्यां महाश्वेतायाः। विवाहः पाणिग्रहणम् , तद्वर्णनं यथा रघुवंशेऽजेन्दुमत्योः। कुमारोदयः पुत्रोत्पत्तिः, तद्वर्णनं यथा रघुवंशे तृतीयसर्गे। मन्त्रः मन्त्रणा, रिपुजयार्थं प्रधानपुरुषैः सह गुप्तसंभाषणं, तद्वर्णनं यथा शिशुपालवधस्य द्वितीयसर्गे। दूतः प्रेष्यः, स च निसृष्टार्थमितार्थसन्देशहारकभेदेन त्रिविधः, तत्राद्यो यथा उद्योगपर्वणि वासुदेवः, मितार्थो यथा रामायणेऽङ्गदः, सन्देशहारको यथा कादम्बर्यां केयूरकः। प्रयाणं विजययात्रा, तद्वर्णनं यथा रघुवंशे चतुर्थसर्गे। आजिः समरप्रसङ्गः, तद्वर्णनं यथा किरातार्जुनीये पञ्चदशसर्गे। नायकाभ्युदयः प्रधाननायकस्य विजयावाप्तिः, तद्वर्णनं यथा शिशुपालवधे श्रीकृष्णस्य विजयः। तत्र मन्त्रप्रयाणाजिविजयाः क्रमश एव वर्णनमर्हन्तीति बोध्यम् ॥ १७ ॥

हिन्दी—विप्रलम्भ श्रृङ्गारका वर्णन महाकाव्यमें होना चाहिये क्योंकि विप्रलम्भके बिना श्रृङ्गारकी पुष्टि नहीं होती है, लिखा है—

'न विना विप्रलम्भेन संभोगः पुष्टिमश्नुते। कषायिते हि वस्त्रादौ भूयान् रागो विवर्धते ॥'

विप्रलम्भ श्रृङ्गार की चार दशायें होती हैं—मान, प्रवास, पूर्वराग, करुण। इन चारों प्रभेदोंका वर्णन यथावत् किया जाता है।

विप्रलम्भमें वर्णनीय—

'विरहे तापनिःश्वासचिन्ता मौनं कृशाङ्गता। अब्जशय्या निशादैर्घ्यं जागरः शिशिरोष्मता ॥'

विवाहका वर्णन, उसमें वर्णनीय—

'विवाहे स्नानशुभ्राङ्गभूषालूलुत्रयीरवाः। बेदी सीमन्ततारेक्षा लाजामङ्गलवर्शनम् ॥'

कुमारमें वर्णनीय—

'कुमारे शस्त्रशास्त्रश्रीकलाबलगुणोच्छ्रयाः। वाह्यालीखुरलीराजभक्तिः सुभगतादयः ॥'

दूतमें वर्णनीय—

'दूते स्वस्वामितेजःश्रीविक्रमौन्नत्यकृद्वचः। शत्रुक्षोभकरी चेष्टा धाष्टर्यं दाक्ष्यमभीरुता ॥'

प्रयाणमें वर्णनीय—

'प्रयाणे भेरिनिःस्वानभूकम्पबलधूलयः। करमोक्षध्वजच्छत्रवणिक्छकटवेशराः ॥'

युद्धमें वर्णनीय—'युद्धे तु वर्मबलवीररजांसि तुर्यनिःश्वासनादशरमण्डपरक्तनद्यः।
छिन्नातपत्ररथचामरकेतुकुम्भिमुक्तामरीवृतभटाः सुरपुष्पवर्षाः ॥'

इस प्रकार प्रोक्त वर्णनसे युक्त होना महाकाव्यकी शोभाको बढ़ाता है। इन वर्णनोंमें सबका होना नितान्त अपरिहार्य नहीं है, कुछ अंशमें कमी क्षम्य होती है ॥ १७ ॥

अलङ्कृतमसङ्क्षिप्तं रसभावनिरन्तरम् ।
सर्गैरनतिविस्तीर्णैः [1]श्रव्यवृत्तैः सुसन्धिभिः ॥ १८ ॥

---

१. श्राव्य ।

अलङ्कृतमिति। नगरादारभ्य अभ्युदयपर्यन्तमुक्तानां वस्तूनां वर्णनैः अलङ्कृतमिति योजना असङ्क्षिप्तम्—अतिसङ्क्षेपवर्णितं हि वस्तु न स्वदते, यथा—'वसुदेवात्समुत्पद्य पूतनां विनिपात्य च। कंसं हत्वा द्वारकायामुषित्वा स्वर्गतो हरिः' इति कृष्णकथानकं न रोचते। रसाः—शृङ्गारादयो नव, भावः—'रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः। भावः प्रोक्तः' इति लक्षितस्वरूपः। तै रसैर्भावैश्च निरन्तरम् पूर्णम्। अनतिविस्तीर्णैः—साधारणतया विस्तारभाग्भिरपि समरसतास्पृक्त्वेन वैरस्यमनावहद्भिः, श्रव्यवृत्तैः हतवृत्ततादिदोषास्पृष्टच्छन्दोनिबद्धैः, सुसन्धिभिः—मुखप्रतिमुखगर्भविमर्शनिर्वहणनामकैः सन्धिभिः साधुसमुपयोजितैर्युक्तैः सर्गैरुपेतमिति वक्ष्यमाणेनान्वयः॥ १८॥

हिन्दी—नगरसे लेकर नायकाभ्युदयपर्यन्त कहे गये विषयोंके वर्णनोंसे युक्त सर्ग हों, उन सर्गोंमें सर्वत्र रसभावको सत्ता हो, उनका विस्तार अनतिबृहत् हो, छन्द ऐसे हों जिनमें हतवृत्तता आदि दोष नहीं आते हों, सन्धियोंका समावेश भलीभाँति हो सका हो, ऐसे सर्गोंसे काव्यका उत्कर्ष सिद्ध होता है। महाकाव्योंमें किस तरहके सर्ग हों इसका विचार इस श्लोकमें किया गया है। साहित्यदर्पणकारने सर्गोंके विषयमें इस प्रकार कहा है—

'एकवृत्तमयैः पद्यैरवसानेऽन्यवृत्तकैः। नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह॥
नानावृत्तमयैः क्वापि सर्गः कश्चन दृश्यते। सर्गान्ते भाविसर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत्॥'

अनतिविस्तीर्ण सर्ग कहकर दण्डीने कविके सामर्थ्यपर इसके विस्तारको निर्भर कर दिया है, कुछ लोगोंका कहना है कि प्रतिसर्गमें तीससे अन्यून तथा दो सौसे अनधिक श्लोक हों। सन्धियोंका समावेश होना चाहिये, उनमें साङ्गनिर्वाह ही सुश्लिष्टत्व माना जाता है॥ १८॥

सर्वत्र भिन्नवृत्तान्तैरुपेतं लोकरञ्जकम्।
काव्यं कल्पान्तरस्थायि जायते सदलङ्कृति॥ १९॥

सर्वत्रेति। सर्वत्र भिन्नवृत्तान्तैः प्रतिसर्गं भिद्यमानकथैः, अथवा सर्वेषां सर्गाणां समाप्तौ विपरीतच्छन्दोभिरित्यर्थः, पूर्णं सर्गं केनचिदेकेन च्छन्दसा निर्मायावसाने भिद्यमानेन वृत्तेन निर्माणमत्राभिप्रेतं बोध्यम्। तदुक्तमन्यत्र—'एकवृत्तमयैः पद्यैरवसानेऽन्यवृत्तकैः' इति। एतत्प्रायिकं, नानावृत्तमयसर्गस्यापि दर्शनात्। यथा शिशुपालवधे चतुर्थः सर्गः। सदलङ्कृति—सत्यः शब्दार्थशोभाजननद्वारा रसोपकारिका अलङ्कृतयो यमकानुप्रासोपमोत्प्रेक्षादयो यत्र तादृशम्, एतेनालङ्कारसृष्टिं प्रति कवेरभिप्रायो निवेदितः। एतावत्पर्यन्तं महाकाव्यस्य लक्षणं प्रोक्तं, सम्प्रति तल्लक्षणलक्षितं काव्यं प्रशंसन् तस्य निर्माणे प्रवृत्तिमुपश्लोकयति—**लोकरञ्जकमिति।** तादृग्लक्षणकं हि काव्यं लोकरञ्जकं भवति, श्रोतृजनहृदयावर्जनक्षमं भवति, कल्पावसानपर्यन्तस्थायि च जायत इत्यर्थः। एतेनाक्षयकीर्त्तिप्राप्त्यभिलाषेण कविभिरत्र यतनीयम् इत्युक्तम्॥ १९॥

हिन्दी—महाकाव्यके सर्गोंमें भिन्न भिन्न वृत्तान्त-घटनाओं का वर्णन होना चाहिये, अथवा 'भिन्नवृत्तान्तैः' का यह अर्थ है कि प्रत्येक सर्गके अन्त में दूसरे प्रकारके वृत्तका उपयोग किया जाय, जिस छन्दमें पूरा सर्ग लिखा गया हो अन्तिम श्लोकोंमें उससे कोई दूसरा छन्द चुना जाय। जैसे रघुवंशके द्वितीय सर्गमें पूरा सर्ग उपजाति छन्दमें लिखा गया है और अन्तिम श्लोक मालिनीछन्दका बनाया गया है। महाकाव्यमें एक अपेक्षित गुण—'सदलङ्कृति' होना है, अलङ्कारों—शब्दार्थालङ्कारों-यमक, उपमा आदिका सुन्दर समावेश होना आवश्यक है, ऐसा होनेसे काव्य श्रोतृवर्गका मनोरञ्जक होता है और वैसा ही काव्य

कल्पान्तरपर्यन्त स्थायी कीर्त्ति प्रदान करनेवाला हुआ करता है। अतः कल्पान्तस्थायी यशकी कामना रखनेवाले कवियोंको तत्तल्लक्षणयुक्त काव्यके प्रति सोद्योग होना चाहिये ॥ १९ ॥

न्यूनमप्यत्र यैः कैश्चिदङ्गैः काव्यं न दुष्यति।
यद्युपात्तेषु[1] सम्पत्तिराराधयति तद्विदः ॥ २० ॥

न्यूनमिति—महाकाव्येऽपेक्षितत्वेन वर्णितास्तत्तद्वर्णनसद्भावादयोंऽशतः खण्डकाव्येष्वपि दृश्यन्तेऽतः खण्डकाव्येषु तल्लक्षणप्रसक्तिरथ तद्वारणाय सामस्त्येन तत्तद्गुणसमावेशो विवक्ष्यते चेदांशिक्यां न्यूनतायां सत्यां महाकाव्यान्यपि स्वलक्षणेन न व्याप्येरन्निति प्रसज्यमानानामुभयतः पाशां रज्जुमपनोदितुमाह—**न्यूनमिति**। अत्र पूर्वोक्तवर्णनीयसमुदयमध्ये कैश्चिदङ्गैर्न्यूनं रहितमपि काव्यं महाकाव्यम् न दुष्यति न दूषणीयं भवति, यदि उपात्तेषु वर्णयितुमङ्गीकृतेषु शैलादिषु सम्पत्तिः पूर्णताजनितो रसपोषः तद्विदः काव्यरहस्यज्ञातॄन् विदुषः आराधयति प्रसादयति, अयमाशयः—महाकाव्येषु वर्णनीयतयोक्तानां तेषां तेषां वस्तूनां कतिचिद् वस्तूनि वर्णितानि, कतिचिच्च हीनानि, न तावता कापि क्षतिर्भवति यदि वर्णयितुमुपात्ताः पदार्थाः साधु वर्ण्यमानाः सन्तो रसपरिपोषं जनयेयुः, रसपरिपोष एव हि तैर्वर्णनैश्चिकीर्षितः, स हि यद्यल्पसङ्ख्यकवस्तुवर्णनेनैव सम्पाद्यते तदा नास्ति सर्वेषामेवोद्दिष्टानां वस्तूनां वर्णनस्य नितान्तावश्यकतेति। यथा यदि कुत्रापि महाकाव्ये शैलर्तुवर्णनेनैव रसपरिपोषः सम्पाद्यते, तदा तत्र कुमारोदयमन्त्रदूतवर्णनवैकल्येऽपि न कापि क्षतिरिति, तथा चोक्तं भोजराजेन—

'नावर्णनं नगर्यादेर्दोषाय विदुषां मतम्। यदि शैलर्तुरात्र्यादेर्वर्णनेनैव तुष्यति' ॥

तथा च तत्तद्वर्णनीयवस्तूपन्यासोऽन्यतमत्वेन विवक्षितो बोध्यः, प्राधान्येन रसपोषस्य यावता निष्पत्तिस्तावदवश्यमपेक्षितं मन्तव्यमिति। खण्डकाव्ये महाकाव्यलक्षणातिव्याप्तिशङ्का तु चमत्कारवैलक्षण्येन वारणीया ॥ २० ॥

हिन्दी—महाकाव्यके लिये जितने वर्णनीय विषय बताये गये हैं उनमें यदि कुछ विषयोंके वर्णन नहीं भी किये गये हों, परन्तु जिनका वर्णन किया गया हो, उतने विषयोंके वर्णनसे ही यदि श्रोता तथा अध्येता आदि रसपुष्टिका अनुभव करते हों तो वह न्यूनता नहीं मानी जायगी। महाकाव्यमें तत्तद्वर्णनीय वस्तुजातका वर्णन सामग्र्येण नहीं अपेक्षित है, अन्यतमत्वेन प्राचिकत्वेन वा अपेक्षित है ऐसा समझना चाहिये। यदि किसी कविने अपने निर्मेय महाकाव्यके लिये कुछ विषयोंका वर्णन किया, कुछको छोड़ भी दिया, तो यहाँ यह नहीं देखा जायगा कि इन्होंने तत्तत् वस्तुका वर्णन नहीं किया, अतः इनका महाकाव्य दुष्ट है, परन्तु यह देखा जायगा कि जितने विषयोंका वर्णन किया गया है उतनेमें रसकी पुष्टि होती है या नहीं! यदि रसकी पुष्टि हो जाती है तब उस न्यूनताका कोई मूल्य नहीं है। यहाँ पर यह ध्यान देनेकी बात है कि यदि कुछ विषयोंका वर्णन न्यून रह जायगा तो भी यदि महाकाव्य मानने लगेंगे तब खण्डकाव्य भी महाकाव्य कहे जाने लगेंगे, क्योंकि उन्हें भी तो 'खण्डकाव्यं महाकाव्यस्यैकदेशानुसारि यत्' इस लक्षण द्वारा ही निरुक्त किया गया है। इसका उत्तर यह समझना चाहिये कि महाकाव्य तथा खण्डकाव्यमें चमत्कारवैलक्षण्यकृत भेद है जो उसे असङ्कीर्ण बनाये रखता है। महाकाव्य तथा खण्डकाव्यके चमत्कार भिन्न-भिन्न प्रकारके हुआ करते हैं, अतः वर्णनीयविषयसाम्यकृत अतिव्याप्तिका भय नहीं है ॥ २० ॥

---

१. यद्युपात्तार्थसम्पत्तिः।

गुणतः प्रागुपन्यस्य नायकं तेन विद्विषाम्।
निराकरणमित्येष मार्गः प्रकृतिसुन्दरः ॥ २१ ॥

गुणत इति। पूर्वोक्ते काव्यलक्षणे 'चतुरोदात्तनायक' मित्युक्तम्, तत्र नायकपदं प्रतिनायकस्याप्युपलक्षणं मन्यते, एतेन नायकप्रतिनायकयोरुत्कर्षापकर्षौ महाकाव्ये वर्णनीयावित्यायातं, तत्र द्वयी गतिः, प्राक् नायकस्य वर्णनं ततः प्रतिनायकस्य, तदनन्तरं नायककृतः प्रतिनायकपराजयः इत्येकः प्रकारः, अन्यश्च पूर्वं प्रतिनायकस्य वर्णनं ततो नायकवर्णनपुरस्कृतस्तत्कृतस्तदुच्छेद इति, तत्रानयोः प्रकारयोः प्रथमः प्रकारो रामायणे, द्वितीयश्च महाभारते, तत्र स्वमतं प्रकारं प्राधान्यं प्रापयितुं प्राक्प्रचलितं प्रकारं दर्शयति—**गुणत इति।** प्राक् प्रथमम् गुणतः नायकगुणवर्णनद्वारा नायकं काव्यनेतारं प्रधानपुरुषम् उपन्यस्य अभिधाय, तेन तथा वर्णितेन नायकेन विद्विषाम्। प्रतिनायकानाम् निराकरणम् उच्छेदः (वर्ण्येत), एषः मार्गः प्रकारः (प्राङ्नायकं वर्णयित्वा पश्चात्तदुच्छेद्य प्रतिनायकवर्णनपुरस्कृतो नायकरचिततदुच्छेदवर्णनम् इत्थंभूतः प्रकारः) प्रकृतिसुन्दरः स्वभावमनोरमः। काव्यस्य प्रधानमुद्देश्यं सदुपदेशः, स च सत्पुरुषाभ्युदयासत्पुरुषविनिपातप्रतिपादनेनैव प्रकटीकृतो भवति, तदर्थं तयोः क्रमशो वर्णनमपेक्षितं भवति, यथा रामायणे प्राग् रामस्य वर्णनं ततो रावणस्य वर्णनसहचरी तदुच्छेदकथा, तेनैव वर्णनेन रामादिवत्प्रवर्त्तितव्यं न रावणादिवदिति सदुपदेशो गृहीतो भवति, तेनास्य मार्गस्य स्वभावसुन्दरत्वमावेदितं भवति ॥ २१ ॥

हिन्दी—महाकाव्यके स्वरूपनिर्वचन-प्रसङ्गमें पहले कहा गया है—'चतुरोदात्तनायकम्' इस विशेषणमें आनेवाला नायकपद प्रतिनायकका भी उपलक्षण माना जाता है, फलतः यह सिद्ध हुआ कि महाकाव्यमें नायक, प्रतिनायक, उभयका वर्णन अपेक्षित है, उसमें विचारणीय यह है कि किसका वर्णन पहले किया जाय? इस सम्बन्ध में दो प्रकार आश्रित होते आये हैं, पहला प्रकार यह है कि पहले नायकके गुण-शौर्य-कुल-समृद्धयादिका विशद वर्णन करके बादमें प्रतिनायकका वर्णन किया जाय और नायकके द्वारा उसके निराकरण-उच्छेदका वर्णन किया जाय। यह प्रकार स्वभावतः सुन्दर होता है, क्योंकि काव्यका सर्वोच्च प्रयोजन 'सदुपदेश' माना जाता है, वैसा वर्णन करनेसे वह सिद्ध होता है। जैसे रामायणमें पहले रामचन्द्रका वर्णन किया गया है, बादमें रावणका वर्णन, तथा रामके द्वारा उसके उच्छेदका वर्णन किया गया है, जिससे यह उपदेश गृहीत होता है कि 'रामकी तरह आचरण करना भला है, रावणकी तरह आचरण करना भला नहीं है' ॥ २१ ॥

वंशवीर्यश्रुतादीनि वर्णयित्वा रिपोरपि।
तज्जयान्नायकोत्कर्षकथनं[1] च धिनोति नः ॥ २२ ॥

वंशवीर्येति—नायकवर्णने प्रकारद्वयमिति प्रागभिहितं तत्रैकः प्रकारः पूर्वश्लोके प्रदर्शितः, सम्प्रत्यनेन श्लोकेन द्वितीयं प्रकारं प्रस्तौति-वंशवीर्येति। वंशः कुलम्, वीर्यम् पराक्रमप्रकर्षः, श्रुतं शास्त्रज्ञानम्, आदिनौदार्यनीतिज्ञत्वादिपरिग्रहः। रिपोः प्रतिनायकस्य अपि वंशवीर्यश्रुतादीनि वर्णयित्वा तज्जयात् तादृशस्य प्रतिनायकस्य जयात् उच्छेदात् नायकोत्कर्षस्य नायकश्रेष्ठत्वस्य कथनम् वर्णनम् नः अस्मान् धिनोति

१. वर्णनं।

प्रीणयति। अयमाशयः—नायकवर्णनात् प्राक् प्रतिनायकवंशवीर्यश्रुतादीनि वर्णयित्वा तत्पश्चात् तादृशस्यापि प्रतिनायकस्य नायकद्वारोच्छेदो वर्ण्यमानो नायकस्यैव सारवत्तातिशयं पुष्णातीति पक्षोऽयमस्मान् सविशेषमानन्दयति, यतो विजेतव्योत्कर्षवर्णनं हि विजेतुरुत्कर्षातिशयं गमयति। अयं च प्रकारः किरातार्जुनीये समादृतः, तत्र हि दुर्योधननीत्यादिवर्णनपूर्वकं पाण्डवानामुत्कर्षप्रतिपादनं कृतम्। 'धिनोति नः' इत्युक्त्वात्र स्वरुचिः प्रदर्शिता, तत्कारणं त्वत्र प्रकारे वस्तुवृत्तस्यानपलापो भवतीति, प्रतिनायकवर्णनपूर्वकनायकवर्णनेन कविप्रतिभाचमत्कारश्च भवति स्फुटं इति च बोध्यम्॥ २२॥

हिन्दी—नायकके वंशादिवर्णनके पहले प्रतिनायकके कुल, पराक्रम, शास्त्रज्ञान आदि उत्कर्षका वर्णन कर लिया जाय, पीछे नायकका वर्णन हो और प्रतिनायकके संहारका भी वर्णन किया जाय, यह प्रकार मुझ (दण्डी) को बहुत अच्छा लगता है। तात्पर्य यह है कि पहले प्रतिनायकका पूरा वर्णन कर लिया जाय, पीछे नायकके वर्णनसे प्रारम्भ करके उसके द्वारा प्रतिनायकके उच्छेदतकका वर्णन कर लिया जाय, यह दूसरा प्रकार मुझे अधिक पसन्द है, क्योंकि इस प्रकारमें विजेतव्योत्कर्ष-वर्णन भी फलतः विजेताके उत्कर्ष-वर्णनमें ही पर्यवसित होता है, इस प्रकारका वर्णन किरातार्जुनीयमें किया गया है। यहाँपर एक आपत्ति उठाई जा सकती है कि प्रतिनायकका लक्षण तो निम्न प्रकारका बताया गया है—

> 'लुब्धो धीरोद्धतः स्तब्धः पापकृद् व्यसनी रिपुः।' (दशरूपक)
> 'धीरोद्धतः पापकारी व्यसनी प्रतिनायकः' (साहित्यदर्पण)
> 'अन्यायवाँस्तदुच्छेद्य उद्धतः प्रतिनायकः' (नाट्यदर्पण)

फिर आप 'वंशवीर्यश्रुतादीनि' का वर्णन प्रमुख रूपसे प्रतिनायकमें किस तरह करना चाहते हैं? इस आपत्तिका समाधान यह है कि भाग्यवश प्रतिनायकका जन्म बड़े कुलमें हुआ, पूर्वसंस्कारवश उसने शास्त्र भी पढ़े, परन्तु अपने अविनय-अविवेकके कारण सकल अन्य गुणोंके होते हुए भी उसका विनिपात हुआ, यह सदुपदेशप्रदान इस प्रकारके परिग्रहमें अनायास सिद्ध होता है। वंशवीर्यश्रुतादिगौरवसम्पन्न होकर अविवेकपुरस्कार करनेवालेका पराभव अवश्यंभावी है इस बातको प्रमित करानेके कारण ही आचार्य दण्डीने इस प्रकारको स्वाभिमत कहा है। इस प्रकारमें एक विशिष्टता यह भी है कि इसमें वास्तविकताका अपलाप नहीं करना पड़ता। इसके अतिरिक्त इस प्रकारके आश्रयणसे कविकी प्रतिभाका चमत्कार भी प्रकट होता है॥ २२॥

अपादः पदसन्तानो गद्यमाख्यायिका कथा।
इति तस्य प्रभेदौ द्वौ तयोराख्यायिका किल॥ २३॥

एवं महाकाव्यं निरूप्य क्रमप्राप्तं गद्यं निरूपयति—**अपाद इति**। पादो गणमात्रानियमितः पद्यतुरीयांशः तद्भिन्नः अपादः गणमात्रानियमवर्जित इत्यर्थः। एतादृशः पदसन्तानः सुप्तिङन्तपदसमुदयो गद्यमित्याख्यायते। अस्य गद्यस्य—मुक्तकवृत्तगन्धिचूर्णकोत्कलिकाप्रायनामकाश्चत्वारो भेदाः सन्ति, तेऽपि कथाख्यायिकयोरेवान्तर्भवन्तीतिताननुपन्यस्य कथाख्यायिकारूपं भेदद्वयं निर्वक्ति—**इति तस्येति**। तस्य गद्यस्य द्वौ प्रभेदौ, कथा, आख्यायिका चेति। तत्र प्राचीनोक्तं कथाख्यायिकयोर्लक्षणमयं दूषयिष्यति, तदुपक्रमते—**तयोरिति**। तयोः कथाख्यायिकयोर्मध्ये आख्यायिका एवंलक्षणा प्राचीनैरुक्तेति भावः। प्राचीनमतानुसारिणा भामहेन कथाख्यायिकयोर्लक्षणमधिकृत्योक्तम्—

'प्रकृतानाकुलश्रव्यशब्दार्थपदवृत्तिना । गद्येन युक्तोदात्तार्था सोच्छ्वासाख्यायिका मता ॥
वृत्तमाख्यायते यस्यां नायकेन स्वचेष्टितम् । वक्त्रं चापरवक्त्रं च काले भाव्यर्थशंसि च ॥
कवेरभिप्रायकृतैरङ्कनैः कैश्चिदङ्किता । कन्याहरणसङ्ग्रामविप्रलम्भोदयान्विता ॥
न वक्त्रापरवक्त्राभ्यां युक्ता नोच्छ्वासवत्यपि । संस्कृतं संस्कृता चेष्टा कथापभ्रंशभाक् तथा ॥
अन्यैः स्वचरितं तस्यां नायकेन तु नोच्यते । स्वगुणाविष्कृतिं कुर्यादभिजातः कथं जनः ॥
अनिबन्धं पुनर्गाथाश्लोकमात्रादि तत् पुनः । युक्तं वक्त्रस्वभावोक्त्या सर्वमेवैतदिष्यते ॥
तदेवं प्राचीनाः कथाऽऽख्यायिकयोर्लक्षणमाख्यातवन्तः । अत्रास्य लक्षणभेदस्य स्वानभिमतत्वसूचनाय किलशब्दप्रयोगो बोध्यः ॥ २३ ॥

हिन्दी—गणमात्रानियत पद्यतुरीयभाग पाद कहा जाता है, उससे रहित पद-सुबन्त-तिङन्त समुदाय—को गद्य कहते हैं, अर्थात जिस सुबन्त-तिङन्त-पद-समुदायमें गणमात्रानियत पाद नहीं हो, उसको गद्य कहते हैं। उसके दो भेद हैं—आख्यायिका एवं कथा। उनमें आख्यायिकाका लक्षण यह है (जो आगेके श्लोकमें कहेंगे)। प्राचीनोक्त आख्यायिका तथा लक्षणोंकी अतिप्रसिद्धतासूचनार्थ इस भेदप्रकाशक श्लोकमें 'किल' शब्दका प्रयोग किया गया है, उसके स्वानभिमतत्वको वही किल शब्द प्रकट करता है ॥ २३ ॥

नायकेनैव वाच्यान्या नायकेनेतरेण[1] वा ।
स्वगुणाविष्क्रियादोषो नात्र भूतार्थशंसिनः ॥ २४ ॥

प्राचीनाः कथाख्यायिकयोर्भेदं स्वमुखवाच्यत्वतदभावाभ्यां प्रयोजयतः, अर्थात् कथाख्यायिकयोराख्यायिका स्वयं नायकेन वाच्या, अन्या कथा नायकेन तदितरेण वा केनापि पुरुषेण वाच्या। एवं च आख्यायिकायां नायकमात्रस्य वक्तृता, कथायां त्वंशभेदेन नायकस्य तदितरस्य च पुरुषस्य वक्तृतेति प्राचीनाभिमतलक्षणाशयः। नन्वेवं प्राचीनलक्षणे नायकेन निजवृत्तकथनं स्वविकत्थना स्यात् , तच्च न युज्यते, यथोक्तमत्र प्रसङ्गे भामहेन—'स्वगुणाविष्कृतिं कुर्यादभिजातः कथं जनः' इति चेत्तत्राह—स्वगुणाविष्क्रियेति। भूतार्थशंसिनः यथार्थव्याहारिणो नायकस्य स्वगुणाविष्क्रिया निजगुणवर्णनम् न दोषः, स हि यथार्थवक्तृत्वेन स्वमपि गुणमाविष्कुर्वन्न दुष्यति, स्वगुणस्य प्रसङ्गागतस्य वस्तुसतश्चाभिधानस्यात्मविकत्थनानन्तर्गतत्वात् , असति प्रसङ्गे अतिशयोक्तिपूर्वकं स्वगुणख्यापनमेव दोषाय भवति, न तु सति प्रसङ्गे वास्तवगुणाभिधानं दोषायेति। एतावत्पर्यन्तं कथाख्यायिकयोः प्राचीनं लक्षणं व्याख्यातम् ॥ २४ ॥

हिन्दी—कुछ लोग ऐसा भेद मानते हैं कि आख्यायिकामें नायक अपनी कथा अपने मुँहसे कहता है और कथामें नायक स्वयं भी कहता है या दूसरे ही कहते हैं। इस तरह यह सिद्ध हुआ कि कथामें नायक अपने मुँहसे अपनी वर्णना कर लेता है। यहाँपर कुछ लोग यह आशङ्का प्रकट करते हैं कि उच्चवंशीय कथानायक अपने मुँहसे अपना वर्णन किस प्रकार करेगा ? आत्मश्लाघा करना भले आदमीको किस प्रकार पसन्द आवेगा ? इसी शङ्काके उत्तरमें आचार्य दण्डीने पूर्वोक्त श्लोकका उत्तरार्ध कहा है, उसका अर्थ यह है कि अपनेमें वस्तुतः वर्त्तमान गुणोंका वर्णन तो आत्मश्लाघा नहीं है। आत्मश्लाघा तो

---

१. नायकादितरेण ।

अवर्त्तमानगुणप्रख्यापनको कहते हैं, वस्तुसद्गुणोंका वर्णन करनेसे नायकमें आत्मश्लाघाका दोष नहीं लगेगा। इस तरह कथा एवं आख्यायिकामें प्राचीनोक्त भेद बताया गया। आगेके श्लोकमें इस मतका विरोध किया जायगा ॥ २४ ॥

अपि त्वनियमो दृष्टस्तत्राप्यन्यैरुदीरणात्।
अन्यो वक्ता स्वयं वेति कीदृग् वा भेदलक्षणम्[1] ? ॥ २५ ॥

माधुर्यं नाम गुणं लक्षयति—**मधुरमिति**। रसवत् सरसं वाक्यम् मधुरम् माधुर्याख्यगुणशालि, एतेन रसो माधुर्यमिति तयोरभेदः पर्यवस्यति, माधुर्यं नाम गुणः, गुणास्तावच्छब्दार्थनिष्ठतया साक्षात् परम्परया वा रसोपकारकाः समभ्युपगताः, न तु रसाभिन्नता गुणानां तत्कथमत्र माधुर्यगुणस्य रसात्मकत्वमुच्यते, तत्राह—**वाचीति**। वाचि शब्दे वस्तुनि अर्थे चापि रसस्थितिः व्यञ्जकतया संबन्धः, तेन वाक्यस्य रसव्यञ्जकवर्णरचनाशालित्वं रसव्यञ्जकार्थयुक्तत्वं वा माधुर्यमिति सिद्धम्। ननु रसस्वरूपमेव न ज्ञायते, तत्कथं प्रागुक्तं माधुर्यलक्षणमवगच्छेमेत्यत्राह—**येनेति**। यथा मधुव्रता भ्रमरा मधुना पुष्परसेन माद्यन्ति आह्लादमनुभवन्ति, तथा येन वस्तुना धीमन्तो बुद्धिमन्तः सहृदया माद्यन्ति स रसः काव्यार्थानुशीलनजन्मा चमत्कारापरपर्यायो लोकोत्तराह्लाद एव रसः, एवं च यस्य काव्यस्यासकृत्परिशीलनेऽपि सहृदया न वैरस्यमासादयन्ति, तत् मधुरं काव्यम्, इति स्वयमुन्नेयस्वरूपं माधुर्यं सिद्ध्यति॥ ५१॥

हिन्दी—रसवत् वाक्यको मधुर कहा जाता है, फलतः रस तथा माधुर्य एक वस्तु है। गुणको आचार्योंने साक्षात् परम्परया वा रसका उपकारक माना है, तब यहाँपर माधुर्य नामक गुणको रसस्वरूप कैसे कहा जाता है इसी प्रश्नका उत्तर देनेके लिये—'वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः' यह अंश कहा है। शब्द तथा अर्थ दोनोंमें व्यञ्जकतया रस रहता है, तब रस व्यञ्जक

वर्णरचनाशालित्व या रसव्यञ्जकार्थशालित्व, यही माधुर्यका लक्षण सिद्ध होगा। रसका स्वरूप बतानेके लिये एक उपमा प्रस्तुत की गई है—'येन माद्यन्ति धीमन्तो मधुनेव मधुव्रताः' अलिगण जैसे पुष्पासवसे मत्त हो उठते हैं, उसी तरह जिस शब्दार्थजन्य आह्लादातिरेकसे सहृदयगण आनन्दित हों, मत्त हो उठें, उसे ही रस कहा जाता है। इस प्रकार माधुर्यको रसस्थानीय मानकर लक्षणोदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

भामहने माधुर्यका लक्षण इस प्रकार कहा है :—

'श्रव्यं नातिसमस्तार्थं काव्यं मधुरमिष्यते'।

भरतने—

'बहुशो यच्छ्रुतं काव्यमुक्तं वापि पुनः पुनः। नोद्वेजयति तस्माद्धि तन्माधुर्यमुदाहृतम्'।

यह लक्षण कहा है, परन्तु काव्यप्रकाशकार प्रभृति इस तरहके लक्षणोंका विरोध करते हैं, उन लोगोंने स्पष्ट कहा है—

'ओजःप्रसादयोरपि श्रव्यत्वान्नैतल्लक्षणं निर्दोषम्'।

आचार्य वामनने—शब्दगत माधुर्यका लक्षण इस प्रकार बताया है—

'यापृथक्पदता वाक्ये तन्माधुर्यमिति स्मृतम्'।

इसका उदाहरण दिया है—

'स्थिताः क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधराः पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिताः।
वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे चिरेण नाभिं प्रथमोदविन्दवः'॥

परन्तु वामनका यह लक्षण सङ्गत नहीं है, क्योंकि समासस्थलमें भी माधुर्यका स्वाद मिलता है, अतः पृथक्पदत्वको माधुर्य कहना ठीक नहीं है, देखिये—

'अनवरतनयनजललवनिपतनपरिमुषितपत्रलेखान्तम्।
करतलनिषण्णमबले वदनमिदं किन्न तापयति'॥

इस श्लोकमें समासबाहुल्य होनेपर भी माधुर्य स्पष्ट है।

काव्यप्रकाशकारने—

'आह्लादकत्वं माधुर्यं शृङ्गारे द्रुतिकारणम्। करुणे विप्रलम्भे तच्छान्ते चातिशयान्वितम्'॥

इस प्रकार अपना मत प्रकट किया है। आचार्य वाग्भटने भी—

'यत्र आनन्दमन्दं मनो द्रवति तन्माधुर्यं, तच्च रसभेदेन विविधम्'।

ऐसा कहकर उनके ही पदाङ्कोंका अनुसरण किया है।

दर्पणकारने कहा है—'चित्तद्रवीभावमयो ह्लादो माधुर्यमुच्यते'।

पण्डितराजने अर्थगत माधुर्यका लक्षण या उदाहरण इस प्रकार बताया है—

लक्षण—'एकस्या एवोक्तेर्भङ्ग्यन्तरेण पुनःकथनात्मकमुक्तिवैचित्र्यं माधुर्यम्'।

उदाहरण—

'विधत्तां निःशङ्कं निरवधिसमाधिं विधिरहो सुखं शेषे शेतां हरिरविरतं नृत्यतु हरः।
कृतं प्रायश्चित्तैरलमथ तपोदानयजनैः सवित्री कामानां यदि जगति जागर्ति भवती'॥

इस प्रकार भिन्न-भिन्न आचार्योंने अपने-अपने मत व्यक्त किये हैं॥ ५१॥

यया कयाचिच्छ्रुत्या यत्समानमनुभूयते।
तद्रूपा हि पदासत्तिः सानुप्रासा रसावहा॥ ५२॥

'माधुर्यलक्षणे निरुच्यमाने वाचि रसस्थितिः' इत्युक्त्या विशिष्टवर्णविन्यासस्य रसव्यञ्जकत्वमुक्तम्, तत्र वैदर्भाभिमतं श्रुत्यनुप्रासं निरूपयति **यया कयाचिदिति**। यया

---

१. कयापि। २. तद्रूपादि।

कयाचित् कण्ठ्यया तालव्ययाऽन्यया वा श्रुत्या उच्चारणेन यत् समानम् पूर्वोच्चारितवर्णसदृशम् अनुभूयते आस्वाद्यते तद्रूपा तादृशसादृश्यकरी पदासत्तिः अव्यवहितपदप्रयोगः सानुप्रासा श्रुत्यनुप्रासयुता (अतश्च) रसावहा रसपुष्टिकरी। एवञ्च कण्ठताल्वाद्यनेकस्थानोच्चार्यतया व्यञ्जनानां सादृश्यं श्रुत्यनुप्रास इति फलितम्। अलङ्कारस्यास्यात्र निरूपणं वैदर्भगौडसम्प्रदायभेदकथनप्रसङ्गातः कृतम्। तदग्रे वक्ष्यति—'काश्चिन्मार्गविभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलङ्क्रियाः'॥ ५२॥

हिन्दी—इससे पहली कारिकामें 'वाचिरसस्थितिः' कहकर बताया गया था कि रसकी व्यञ्जनामें विशिष्टवर्णविन्यासको साधन माना जाता है। इस कारिकामें उसी सम्बन्धमें बताना है कि वैदर्भमार्गानुगामी विद्वद्गण जिस श्रुत्यनुप्रासको रसव्यञ्जक मानते हैं उसका क्या स्वरूप है।

जिस पदसमुदायमें समानकण्ठादिस्थानजन्य वर्णोंकी अव्यवधानेन श्रुतिउच्चारण किया गया हो, उसको श्रुत्यनुप्रासयुक्त कहते हैं, वैसा पदसमुदाय रसव्यञ्जक होता है। भोजराजने श्रुत्यनुप्रासकी बड़ी प्रशंसा की है—

'आवृत्तिर्या तु वर्णानां नातिदूरान्तरस्थिता। अलङ्कारः स विद्वद्भिरनुप्रासः प्रदर्श्यते॥
प्रायेण श्रुत्यनुप्रासस्तेष्वनुप्रासनायकः। सनाथैव हि वैदर्भी भाति तेन विचित्रिता'॥
'यथा ज्योत्स्ना शरच्चन्द्रं यथा लावण्यमङ्गनाम्। अनुप्रासस्तथा काव्यमलङ्कर्तुमिह क्षमः'॥

यद्यपि यह प्रकरण अलङ्कारनिरूपणका नहीं था, अलङ्कारोंका निरूपण अन्यत्र किया जायगा, तथापि वैदर्भगौड़मार्गभेदप्रदर्शनार्थ प्रसङ्गतः यहाँ श्रुत्यनुप्रासका लक्षण-उदाहरण बता दिये गये हैं। इसीलिए आगे चलकर कहा गया है कि—'काश्चिन्मार्गविभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलङ्क्रियाः॥ ५२॥

एष राजा यदा लक्ष्मीं प्राप्तवान् ब्राह्मणप्रियः।
तदा प्रभृति धर्मस्य लोकेऽस्मिन्नुत्सवोऽभवत्॥ ५३॥

एष ब्राह्मणप्रियः दानादिना विप्रप्रीतिकरो राजा यदा लक्ष्मीं प्राप्तवान् शासनाधिरूढः सन्समृद्धश्रीकोऽभवत्, तदाप्रभृति ततः कालात् अस्मिन् लोके धर्मस्य उत्सवः उत्कर्षः अभवत्। अस्मिन् राजनि सति धर्मः समेधमानोऽभूदित्यर्थः। अत्रैष राजेत्यंशे षकाररेफौ मूर्द्धन्यौ, जकारयकारौ च राजापदेत्यत्र तालव्यौ, यदा लक्ष्मीम् इत्यत्र दकारलकारौ दन्त्यौ, एवम् अपरात्रापि ते ते वर्णाः समानस्थानीयाः, इति स्थानसाम्याच्छ्रुत्यनुप्रासः, तदुक्तं साहित्यदर्पणे—

'उच्चार्यत्वाद्यदैकत्र स्थाने तालुरदादिके। सादृश्यं व्यञ्जनस्यैव श्रुत्यनुप्रास उच्यते'॥

हिन्दी—यह ब्राह्मणप्रिय राजा जबसे शासनाधिरूढ़ हुआ है, तबसे धर्मकी अधिकाधिक उन्नति होने लग गई है, यही उदाहरणार्थ है। इस उदाहरणमें स्थानसाम्यवाले वर्णोंका विन्यास श्रुत्यनुप्रासप्रयोजक है॥ ५३॥

इतीदं नादृतं गौडैरनुप्रासस्तु तत्प्रियः।
अनुप्रासादपि प्रायो वैदर्भैरिदमिष्यते॥ ५४॥

इति एवंभूतम् पूर्वप्रदर्शितप्रकारं रचनावस्तु श्रुत्यनुप्रासयुतं काव्यं गौडैः पौरस्त्यैः नादृतम् माधुर्यगुणशालितया नाभ्युपगतम् समानश्रुतिवर्णानां रसोपकारकचमत्कारशून्यतया

---

१. राज्यं। २. ततः। ३. उद्भवः। ४. ईप्सितम्, आदृतम्।

नायमलङ्कारोऽतोऽत्र सत्यपि माधुर्यं नाम गुणो नोपपद्यत इति गौडानामाशयः। गौडाः श्रुत्यनुप्रासं नाद्रियन्ते, किन्तु अनुप्रासः वर्णावृत्तिरनुप्रास इति वक्ष्यमाणलक्षणः तत्प्रियः गौडानां हृदयङ्गमः, ते हि सदृशवर्णोच्चारणजां चमत्कृतिं रसावहां मन्यन्ते। वैदर्भास्तु अनुप्रासादपि श्रुत्यनुप्रासमधिकमाद्रियन्ते, तदाह—**अनुप्रासादपि इति**। 'तस्य तदेव हि मधुरं यस्य मनो यत्र संलग्नम्' इति दिशा गौडवैदर्भाणामत्र रुचिभेद एव निबन्धनं, न त्वस्य क्षोदक्षमं किमपि तत्त्वमिति भावः॥ ५४॥

हिन्दी—इस श्रुत्यनुप्रासको गौड़ लोग अधिक महत्त्व नहीं देते हैं, उनके मतमें समानस्थान-जन्य वर्णोंके सन्निवेशविशेषसे रसोपकारक चमत्कृति नहीं उत्पन्न होती, अतः श्रुत्यनुप्रास होनेसे माधुर्य नामक गुण नहीं होता है, उनके मतमें वर्णावृत्तिरूप अनुप्रास अधिक रसावह-रसव्यञ्जक होता है, अतः वे अनुप्रासस्थलमें ही माधुर्यगुण मानते हैं। ठीक इसके विपरीत वैदर्भसम्प्रदायवाले आचार्य अनुप्राससे भी अधिक श्रुत्यनुप्रासका आदर करते हैं, यह तो रुचिभेद का स्थान है, इसमें कुछ युक्ति तो दी जाती नहीं है॥ ५४॥

वर्णावृत्तिरनुप्रासः पादेषु च पदेषु च।
पूर्वानुभवसंस्कारबोधिनी[1] यद्यदूरता॥ ५५॥

पादेषु श्लोकचतुर्थभागेषु पदेषु सुप्तिङन्तरूपेषु च वर्णावृत्तिः वर्णस्य वर्णयोः वर्णानाम् वा आवृत्तिः पुनःपुनरुच्चारणम् अनुप्रासः पुनःपुनरुच्चारणजन्या वर्णानां साम्य-प्रतीतिरनुप्रासः, तदुक्तं प्रकाशकृता—**'वर्णसाम्यमनुप्रासः'** अत्र वर्णपदं व्यञ्जनपरकम्, केवलस्वराणामावृत्तौ चमत्कारविरहात्। सादृश्यस्य भेदगर्भतया वर्णेषूच्चारणकालसम्बन्ध-कृतो भेदो बोध्यः। वर्णावृत्तिश्च समीपस्थैव चमत्कारिणी भवति, न दूरस्थेति बोधयितु-माह—**पूर्वेति**। पूर्वस्य पूर्वोच्चारणविषयस्य वर्णस्य योऽनुभवः श्रावणप्रत्यक्षम् तज्जनितो यः संस्कारो भावनाविशेषस्तस्य बोधिनी उद्बोधकरी अदूरता द्वितीयवर्णादीनां निकट-स्थितिः यदि स्यात्। चमत्कारजननी एव सादृश्यप्रतीतिर्वर्णावृत्तिरूपालङ्कारस्तत्र सादृ-श्यप्रतीतिर्द्वित्रिवर्णमात्रव्यवधानं सहते, नाधिकवर्णव्यवधानम्, इति भावः। अस्यानुप्रासस्य भेदाः काव्यप्रकाशादिग्रन्थतोऽवसेयाः॥ ५५॥

हिन्दी—वर्ण-व्यञ्जक अक्षरोंकी आवृत्ति समानश्रुतिको अनुप्रास नामक अलङ्कार कहते हैं, वह पाद तथा पदमें होता है, काव्यप्रकाशमें, 'वर्णसाम्यमनुप्रासः' यही लक्षण दिया गया है। सादृश्य भेदगर्भ होता है, अतः एक ही वर्णके आवृत्तिस्थलमें उन वर्णोंमें उच्चारण-काल-भेद-कृत भेद मानकर सादृश्य माना जाता है। आवृत्ति समीपस्थ रहने पर ही चमत्कारकारिणी होती है। अतः द्वित्रिवर्णव्यवधानसे अधिक व्यवधान रहनेपर अनुप्रास नहीं मानते। इसी बातको बतानेके लिये—'पूर्वानुभवसंस्कारबोधिनी यद्यदूरता' कहा गया है। यदि समश्रुति उच्चारणवाले वर्णोंकी दूरता इतनी अधिक न हो जिससे पूर्वोच्चारित वर्णश्रावणप्रत्यक्षजात संस्कार समाप्त हो जाय। इसका स्पष्ट आशय यह है कि अभी जिस व्यञ्जनका उच्चारण किया गया, उसके सुननेसे जात संस्कार जबतक मिटा नहीं है, तभी तक यदि दूसरा तत्सम वर्ण उच्चारित किया जाय, तब अनुप्रासनामक अलङ्कार होता है॥ ५५॥

चन्द्रे शरन्निशोत्तंसे कुन्दस्तबकविभ्रमे[2]।
इन्द्रनीलनिभं लक्ष्म संदधात्यलिनः[3] श्रियम्॥ ५६॥

---

१. बोधिनी। २. सन्निभे। ३. अनिलः।

कुन्दस्तबकविभ्रमे कुन्दनामकपुष्पगुच्छवत्सुन्दरे शरन्निशोत्तंसे शारदरात्रिभूषणायमाने चन्द्रे इन्द्रनीलनिभं श्यामलं लक्ष्म कलङ्कः अलिनः भ्रमरस्य श्रियम् शोभाम् सन्दधाति उत्पादयति, इन्द्रनीलमणिसमानकान्तिः (श्यामः) शशिनः कलङ्कः स्वच्छतया कुन्दपुष्पानुहारिणि चन्द्रमसि भ्रमर इव भासते इत्यर्थः। अत्र चतुर्ष्वपि पादेषु 'चन्द्र' 'इन्द्र' 'कुन्द' 'सन्द' इत्यंशेषु नकारदकाररेफाणां नकारदकारयोर्वाऽऽवृत्तिः कृतेति पादगतोऽयमनुप्रासः। स चायमनुप्रासः स्ववर्ण्यश्रृङ्गारविभावभूतं चन्द्रमुपस्कुर्वाणः श्रृङ्गारं पुष्णाति, इत्यर्थनिष्ठं माधुर्यं बोध्यम् ॥ ५६ ॥

हिन्दी—शरत्कालकी रातके अलङ्कारस्वरूप तथा कुन्दपुष्पके गुच्छकी तरह दीखनेवाले धवल चन्द्रबिम्बमें वर्त्तमान इंद्रनीलसमानवर्ण कलङ्कका धब्बा भ्रमरकी शोभा धारण करता है। शरत्कालके धुले हुए आकाशमें चमकता हुआ चन्द्रमा कुन्दस्तबककी तरह प्रतीत होता है और उसमें वर्त्तमान कलङ्क भ्रमरकी शोभा धारण करता है। इस श्लोकमें चारों चरणोंमें चन्द्र, इन्द्र, कुंद, सन्द्र, आदि पदोंमें नकार, दकार, रेफ तथा नकार-दकारकी आवृत्ति होनेसे पादगत अनुप्रास है ॥ ५६ ॥

चारु चान्द्रमसं भीरु बिम्बं पश्यैतदम्बरे।
मन्मनो मन्मथाक्रान्तं निर्दयं हन्तुमुद्यतम् ॥ ५७ ॥

हे भीरु भयभीतनयने ! चारु त्वदीयचिन्तनरसक्षालितम् मन्मनः मम चित्तम् निर्दयं यथा तथा क्रूरतापूर्वकम् हन्तुम् प्रहर्तुम् एतत् चान्द्रमसम् ऐन्दवम् बिम्बम् अम्बरे व्योमनि पश्य अवलोकय। कस्यचित्कामुकस्य कुपितां नायिकां प्रत्युक्तिरियम्। अत्र चतुर्षु पादेषु प्रथमे 'चारु-चन्द्र-भीरु' इति पदेषु 'चा' 'रु'वर्णयोरावृत्त्या वृत्त्यनुप्रासः, द्वितीये पादे मकारवकारयोः संयुक्तयोरावृत्तिरिति च वृत्त्यनुप्रासः, स च पदगतः। पूर्वत्रोदाहरणे पादे पादे तेषामावृत्तिरत्र तु पदे पदे इति तथा ॥ ५७ ॥

हिन्दी—हे भयग्रस्तनेत्रे बाले, तुम्हारी चिन्ता करनेके कारण नितान्त पवित्र इस हमारे हृदयको निर्दयतापूर्वक सतानेको उद्यत यह आकाशस्थित चन्द्रबिम्ब देखो। मैं तुम्हारे लिये चिन्तित हूँ, चन्द्रमा हमको सता रहा है, इसपर ध्यान दो। इस श्लोकमें प्रथम पादमें चारु चान्द्रमस पदोंमें 'चा' एवं 'चारु भीरु' पदोंमें 'रु'का अनुप्रास है, वह पदगत है, अतः यह पदगत वृत्त्यनुप्रासका उदाहरण हुआ ॥ ५७ ॥

इत्यनुप्रासमिच्छन्ति नातिदूरान्तरश्रुतिम्[१]।
न तु रामामुखाम्भोजसदृशश्चन्द्रमा इति ॥ ५८ ॥

अनुप्रासलक्षणे पूर्वं निरुच्यमाने—'पूर्वानुभवसंस्कारबोधिनी यद्यदूरता' इत्युक्तं सम्प्रति तदेव प्रत्युदाहरणप्रदर्शनविधया प्रपञ्चयति—**इत्यनुप्रासमिति**। इति एवंप्रकारकं नातिदूरान्तरश्रुतिम् नातिविलम्बेनोच्चार्यमाणसदृशवर्णम् (यावता पूर्वानुभूतवर्णजनितः संस्कारो न निवर्त्तते तावदत्रानतिदूरम्) अनुप्रासम् इच्छन्ति, न तु अतिदूरान्तरश्रुतिम्, तावता विलम्बेनोच्चारणे पूर्वानुभवजातस्य संस्कारस्य विलोपात्। तदेवोदाहरति—**न त्विति**

अत्र रामापदगतमाशब्दश्रवणजः संस्कारश्चन्द्रमाःपदघटकमाशब्दश्रवणपर्यन्तं नावतिष्ठते

१. कर्त्तुम्। २. स्थितिम्। ३. सदृक्ष।

दूरत्वात्, अत ईदृशं दूरान्तरश्रुतिम् अनुप्रासं नेच्छन्ति ॥ ५८ ॥

हिन्दी—अनुप्रासलक्षणमें कहा गया था—'पूर्वानुभवसंस्कारबोधिनी यद्यदूरता', अर्थात् अनुप्रास वहीं पर माना जाता है जहाँ पर प्रथमोच्चारित वर्णजन्य संस्कार तत्सदृश दूसरे वर्णके उच्चारणतक बना रहे। तभी समानश्रुतिक वर्णोंके उच्चारणसे अनुप्रास होता है, फलतः 'रामामुखाम्भोजसदृशश्चन्द्रमाः' इस पद्यार्थमें 'रामा' पद के 'मा' का संस्कार 'चन्द्रमा'पदगत 'मा' के उच्चारणकाल तक नहीं रह पाता है अतः यहाँ पर अनुप्रास नामक अलङ्कार नहीं हुआ। अतिदूरान्तर श्रुति होने के कारण वह अनुप्रास नहीं है ॥ ५८ ॥

स्मरः खरः खलः कान्तः कायः कोपश्च नः कृशः।
च्युतो मानोधिको रागो[1] मोहो जातोऽसवो गताः ॥ ५९ ॥
इत्यादि बन्धपारुष्यं शैथिल्यं च नियच्छति[2]।
अतो नैवमनुप्रासं दाक्षिणात्याः प्रयुञ्जते ॥ ६० ॥

अलङ्कारशास्त्रे प्रस्थानद्वयमेकं वैदर्भाणामपरञ्च गौडानां तयोराद्ये बन्धपारुष्यशैथिल्ययोः सद्भावे सत्यपि समानवर्णोच्चारणे न तत्तदलङ्कारस्वीकारः, गौडानां मते तु सतोरपि बन्धपारुष्यशैथिल्ययोः केवलं समानश्रुतिवर्णोच्चारणे भवन्त्यलङ्काराः, तदेतन्मतवैषम्यं स्पष्टयति **च्युत** इत्यादिना कारिकाद्वयेन। स्मरः कामः खरः तीक्ष्णः, कान्तः प्रियतमः खलः निष्ठुरः, नः अस्माकम् कायः शरीरम् कोपः कान्तविषयः परस्त्रीसंगादिजन्मा क्रोधश्च कृशः क्षीणः, मानः स्वीयगौरवरिरक्षिषा च्युतः गलितः, रागः संभोगाभिलाषोऽधिकः समुत्कटः, मोहः चित्तवैक्लव्यम् जातः प्रादुर्भूतः, असवः प्राणा गताः। अत्र प्रथमचरणे रेफखकारयोः द्वितीये पादे ककाराणां चावृत्त्या वृत्त्यनुप्रासः, तृतीयचतुर्थपादयोर्दन्त्यवर्णानां निवेशात् श्रुत्यनुप्रासः। प्रथमार्धे विसर्गबाहुल्यात् पारुष्यं द्वितीयार्धे संयुक्तवर्णविरहकृतं शैथिल्यम्। अत्र वृत्त्यनुप्रासश्रुत्यनुप्रासयोः पारुष्यशैथिल्यदोषग्रस्तत्वान्नेमौ अलङ्कारतां प्राप्नुतः। अतश्चाभ्यां विप्रलम्भशृङ्गारस्यानुपकृतत्वान्नात्र माधुर्यगुणः। तदेतत्कण्ठत आह—**इत्यादीति**। इत्यादि पूर्वोक्तम् उदाहरणद्वयम् (आद्यपादयोर्बन्धपारुष्यम् अन्त्यपादयोः शैथिल्यं च) नियच्छति समर्पयति, विसर्गबाहुल्यादाद्यपादयोः पारुष्यम्, तदुक्तम्—'अनुस्वारविसर्गौ तु पारुष्याय निरन्तरौ' इति। अन्तिमपादयोस्तु संयुक्तवर्णाभावात् शैथिल्यम्। ईदृशं सदोषमलङ्कारं दाक्षिणात्या नाद्रियन्ते—गौडास्तु केवलमनुप्रासलुब्धाः सदोषमपि तमङ्गीकुर्वन्तीति भावः ॥ ५९-६० ॥

हिन्दी—इस अलङ्कार में दोष के रहने पर क्या होगा, अलङ्कार माना जायगा या नहीं? इसी प्रश्नका उत्तर इन दो कारिकाओंमें दिया गया है। कुछ आचार्य इस प्रकारके सदोष स्थलमें अलङ्कार मानते हैं, उन्हें अलङ्कार-लोभ है, कुछ लोग रसानुपकारकतया इन सदोष अलङ्कारों को अलङ्कारताविरहित समझते हैं। 'स्मरः खरः' इस श्लोकके प्रथम दो चरणोंमें विसर्गबाहुल्य होनेसे बन्धपारुष्य है, क्योंकि रीतिशास्त्रियोंने कहा है—'अनुस्वारविसर्गौ तु पारुष्याय निरन्तरौ'। इसी प्रकार उत्तरार्धमें संयुक्त वर्णके नहीं होनेसे शैथिल्य दोष है। इस प्रकार सदोष इन अलङ्कारोंका आदर दक्षिणात्य-वैदर्भ लोग नहीं करते। गौड़ लोग इसका भी आदर करते हैं ॥ ५९-६० ॥

---

१. रोगो। २. निगच्छति।

आवृत्तिं वर्णसङ्घातगोचरां कवयो विदुः ।
तत्तु नैकान्तमधुरमतः पश्चाद्विधास्यते ॥ ६१ ॥

यथा वर्णावृत्तिरूपोऽनुप्रासो रसपोषकमाधुर्यगुणशाली मन्यते तथा पदाऽऽवृत्तिरूपं यमकमपि तथा मन्यते न वेत्यपेक्षायामाह—**आवृत्तिमिति** । वर्णसङ्घातगोचरां पूर्वोक्तवर्णसमुदायविषयाम् आवृत्तिम् भूयो भूय उच्चारणं—यथानुपूर्वीकाणां स्वरव्यञ्जनसमुदायानाम् असकृदुपादानं यमकं नामालङ्कारमालङ्कारिका आहुः, तदुक्तं प्रकाशकृता 'सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः । क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते' इति । अनुप्रासे बहूनां क्वचिदेकस्वरसहितस्य व्यञ्जनस्यावृत्तिः, यमके तु स्वरसहितानां व्यञ्जनानां क्रमेण तेन तयैवानुपूर्व्यावृत्तिर्भवतीत्युभयोर्भेदः । तत् यमकं तु नैकान्तमधुरं नात्यन्तमनोहरम्, अतः पश्चात् माधुर्यगुणनिरूपणानन्तरं शब्दालङ्कारप्रस्तावे विधास्यते । अनुप्रासे—'अपसारय घनसारं कुरु हारं दूर एव किं वलयैः' इत्यादौ यादृशी चारुता न तादृशी यमके—'नवपलाशपलाशवनं पुरः' इत्यादौ । अपि च वर्णसङ्घातावृत्तौ अर्थावगमः क्लेशेन भवति, न तथाऽनुप्रास इत्यनुप्रासापेक्षयाऽत्र माधुर्यस्य न्यूनत्वं बोध्यम् ॥ ६१ ॥

हिन्दी—वर्णावृत्तिरूप अनुप्रास रसपोषक माधुर्यशाली माना जाता है, उसी तरह पदावृत्तिरूप यमक भी माधुर्यशाली माना जाय, इस प्रसङ्ग में निषेधात्मक उत्तर देते हैं—आवृत्तिमिति । वर्णसङ्घातकी आवृत्तिको यमक माना जाता है, वह अतिशय मधुर नहीं होता, अतः उसका साङ्गोपाङ्ग विवेचन माधुर्यगुणनिरूपणके बाद शब्दालङ्कारनिरूपण-प्रसङ्गमें किया जायगा ।

दण्डीके मतमें अनुप्रास और यमकमें अनुप्रास अधिक रसमाधुर्यपोषक होता है, यमक उतना रसपोषक नहीं होता, जैसे विजातीय पुष्पसङ्कीर्ण पुष्पमाला अधिक रमणीय होती है, तदपेक्षया एकप्रकारक पुष्पमाला कम रमणीय होती है । अनुप्रासस्थलमें मध्य-मध्यमें भिन्न-भिन्न वर्णोंके समावेशके हो जानेसे उसका चमत्कार बढ़ जाता है, जैसे—'अपसारय घनसारं कुरु हारं दूर एव किं वलयैः' इत्यादि स्थलमें । यमकस्थलमें एक प्रकारसे वर्णसङ्घातकी आवृत्ति हुई रहती है वह उतना आकर्षक नहीं होती, जैसे—'नवपलाशपलाशवनं पुरः, स्फुटपरागपरागतपङ्कजम्' इत्यादि श्लोकमें ॥ ६१ ॥

कामं सर्वोऽप्यलङ्कारो रसमर्थे निषिञ्चतु[2] ।
तथाप्यग्राम्यतैवैनं[3] भारं वहति भूयसा ॥ ६२ ॥

'मधुरं रसवद् वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः' इत्युद्देशवाक्ये वस्तुनि—अर्थे रसस्थितिरुक्ता, तेनार्थगतं माधुर्यं निर्दिष्टं, तदिदानीं, प्रपञ्चयति—**काममिति** । सर्वः प्रर्वप्रकारकः शब्दगतोऽर्थगतस्तदुभयगतश्चालङ्कारः । कामं यथायोगमर्थे वाच्यलक्ष्यव्यङ्ग्यात्मके वस्तुनि रसं चमत्कारविशेषं निषिञ्चतु उपपादयतु, काममर्थास्तैस्तैरलंङ्कारै रसपुष्टिमासादयन्तु, परन्तु तथापि तत्तदलङ्काराणां रसोपकारकत्वे सत्यपि अग्राम्यता हालिकादिव्यवहारविमुखता विदग्धजनव्यवहारः भूयसा प्राधान्येन बाहुल्येन इमं रसोद्बोधकतालक्षणं भारं वहति । अयमाशयः—यद्यप्यलङ्काराणामस्ति रसपोषकत्वं तथापि ग्राम्यतारहितेष्वेव स्थलेषु ते रसपोषकतां बिभ्रति, न ग्राम्येषु अग्राम्यव्यवहारसमृद्धान्येव वाक्यानि प्राधान्येन रसं पुष्णन्तीति भावः ॥ ६२ ॥

---

१. आवृत्तिमेव संघात । २. निषिञ्चति । ३. एवं ।

हिन्दी—इससे पहले माधुर्यगुणके निरूपण-प्रारम्भमें 'मधुरं रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः' यह कहकर वाच्यलक्ष्यव्यङ्ग्यात्मक अर्थमें रसस्थिति कही गई थी, फलतः अर्थगत माधुर्यकी स्वीकृतिकी ओर इङ्गित मिलता है, उसी अर्थमाधुर्यका विशद स्वरूप इस कारिका द्वारा बताते हैं। इसका अर्थ यह है कि भले ही सभी प्रकारके अलङ्कारगण (शब्दार्थ तदुभयगतं तत्तदलङ्कार) अर्थमें रसका निषेक (आधान) करें, परन्तु बाहुल्येन प्रायः करके अर्थमें रसनिषेकका भार अग्राम्यता ही ढोती है। तात्पर्य यह है कि यद्यपि अलङ्कारोंके कारण भी अर्थ रसोद्बोधक होते हैं, परन्तु बाहुल्येन वही अर्थ रसोद्बोध-समर्थ होते हैं जिनमें ग्राम्यता नामक दोषका विरह—अग्राम्यता हो। काव्यके हृदय-रूप विदग्ध व्यवहारके हो जानेपर अलङ्कारोंकी जरूरत नहीं रह जाती। ऐसा देखा जाता है कि निरलङ्कार शब्दार्थमें भी रसपोषकता है। इस श्लोकमें प्रतियोगिविधया निर्दिष्ट ग्राम्यता पद अश्लीलता आदिका भी उपलक्षक है। इस कारिकामें 'भूयसा' कहकर आचार्यने सङ्केत किया है कि कहीं-कहीं ग्राम्यता और अश्लीलता भी दोषस्वरूप नहीं होती। इसी बातको ध्यानमें रखकर विश्वनाथने कहा है—'सुरतारम्भगोष्ठ्यादावश्लीलत्वं गुणो भवेत्'। इस प्रसङ्गमें यह भी जानना आवश्यक है कि ग्राम्यता कई तरहसे होती है, जैसे अवैदग्ध्यग्राम्यत्व—

'स्वपिति यावदयं निकटे जनः स्वपिति तावदहं किमपैति ते।
इति निगद्य शनैरनुमेखलं मम करं स्वकरेण रुरोध सा'॥

असभ्यार्थनिबन्धनग्राम्यत्व—

'ब्रह्मचर्योपतप्तोऽहं त्वं च क्षीणा बुभुक्षया। भद्रे भजस्व मां तूर्णं तव दास्याम्यहं पणम्'॥ ६२॥

कन्ये कामयमानं मां न[1] त्वं कामयसे कथम्।
इति ग्राम्योऽयमर्थात्मा वैरस्यायं[2] प्रकल्पते॥ ६३॥
कामं कन्दर्पचाण्डालो[3] मयि वामाक्षि निर्दयः।
त्वयि निर्मत्सरो दिष्ट्येत्यग्राम्योऽर्थो रसावहः॥ ६४॥

अग्राम्यताऽर्थगतं माधुर्यं भूयसा सृजतीत्युक्तं, तत्राग्राम्यतास्वरूपबोधनाय तदपेक्षितां ग्राम्यतां प्रथममुदाहरति—**कन्ये इति**। हे कन्ये, कामयमानं रतये समुत्कण्ठमानं मां त्वं कथं न कामयसे, अत्र कन्यापदं दुहितृपरतया प्रसिद्धमिति प्रथममेवानुचितप्रयुक्त्या वैरस्यमावहति एवमेवात्रत्यः सर्वोऽप्यर्थो विस्पष्टमभिधीयमानतया सभ्यानां लज्जामुत्पादयन् रसास्वादवैमुख्यजनकः। अतश्चेदृशोऽर्थः सर्वथाऽनादरणीयः। अत्र यद्यपि शृङ्गारानुकूलयोः ककारमकारयोरावृत्त्या वृत्त्यानुप्रासो वर्त्तत इति शक्यते कथयितुं तथापि नासावनुप्रासो वर्ज्यमपि ग्राम्यार्थेन निकृष्टीभवन्तं शृङ्गारं प्रभवत्युपकर्त्तुम्। अतोऽत्र ग्राम्यतादोषसद्भावो माधुर्यमपनयति तदेवं ग्राम्यतामुदाहृत्य तद्विरुद्धस्वभावामग्राम्यतामाह—**काममिति**। हे वामाक्षि रमणीयायतलोचने, कन्दर्पचाण्डालः क्रूरप्रहारी कामः मयि निर्दयः अतिरुष्टतया नितान्तकुपितः, दिष्ट्या भाग्येन त्वयि निर्मत्सरः अपगतरोषः इति एतादृशः अग्राम्यः विदग्धजनव्यवहारविषयोऽर्थः रसावहः रसव्यञ्जकतया माधुर्यगुणोपेत इत्यर्थः। अनेनाग्राम्येणार्थेन विप्रलम्भः पुष्यते॥ ६३–६४॥

हिन्दी—हे कन्ये, मैं कामसे पीड़ित हूँ, तुम मुझे क्यों नहीं चाहती हो? इसमें जो ग्राम्य-असभ्यजनव्यवहार्य अर्थ प्रयुक्त हुआ है वह श्रोताके हृदयमें वैरस्य-विमुखताको उत्पन्न करता है। इस श्लोकमें सर्वप्रथम 'कन्या' पद आया है, जो लड़कीके लिये प्रयुक्त होता है, उसके

---

१. त्वं न। २. वैरस्यायैव कल्पते। ३. चण्डालो।

प्रयोगसे बड़ी विरसता आ गई है। इसी प्रकार इसमें प्रयुक्त अर्थ खुलकर किये गये रति-निवेदनके कारण विदग्ध जनोंके हृदयोंमें लज्जाकी उत्पत्ति करता हुआ विरसता उत्पन्न करता है, अतः यह ग्राम्य है। इसी अर्थको यदि सभ्यजनव्यवहार्य भाषामें कहेंगे, तब वह अग्राम्य होगा, तथा उससे रसकी पुष्टि होगी, इसका उदाहरण दिया है—कामम् इत्यादि। हे सुन्दर नयनोंवाली रमणी, कन्दर्प चाण्डाल मेरे ऊपर निर्दय है, परन्तु भाग्यवश वह तुम्हारे विषयमें उतना अधिक कुपित नहीं है। कामदेवके निर्दय प्रहारोंसे मैं जर्जर हो रहा हूँ, परन्तु तुम नहीं, इस तरह कहे गये इस अर्थमें सभ्यजनव्यवहार्य अर्थका प्रयोग हुआ है, जो विप्रलम्भ शृङ्गारकी पुष्टि करता है। इसमें वही अर्थ है जो पूर्वोक्त ग्राम्यतोदाहरणवाले पद्यमें है, परन्तु अपने-अपने कथनप्रकारसे भिन्न तरहके कार्य करता है॥ ६३-६४॥

शब्देऽपि ग्राम्यताऽस्त्येव सा सभ्येतरकीर्त्तनात्।
यथा यकारादिपदं रत्युत्सवनिरूपणे॥ ६५॥
पदंसन्धानवृत्त्या वा वाक्यार्थत्वेन वा पुनः।
दुष्प्रतीतिकरं ग्राम्यं यथा यो भवतः प्रिया॥ ६६॥

माधुर्यप्रतिबन्धकमर्थगतं ग्राम्यत्वमुक्तं, सम्प्रति शब्दगतं तन्निरूपयति—**शब्देऽपि इति**। सभ्येतरस्य असभ्यस्य सभायामुच्चारणायोग्यस्य शब्दस्य कीर्त्तनात् उच्चारणात् शब्देऽपि ग्राम्यता नाम दोषः अस्त्येव, यथा रत्युत्सवनिरूपणे रतिक्रीडाप्रसङ्गे यकारादि 'याभ'पदम्। 'यभ्' मैथुने इत्यतो धातोर्निष्पन्नं याभपदं नितान्तग्राम्यं, तद्धि श्रवण-समकालमेव वैरस्यं समापादयद् ग्राम्यम्। सुरतनिधुवनादिपदानि रत्यर्थकान्येव सन्त्यपि ग्राम्यतां न स्पृशन्ति, तदर्थकमेव च याभपदमश्लीलं ग्राम्यं च भवतीति शब्दस्वभावः। अयं च नार्थगतः किन्तु शब्दगतो दोष इति बोध्यम्। सोयं ग्राम्यतादोषो विशिष्टपद-निष्ठः केवलं विशिष्टपद एव नायम्, पदानां सान्निध्यविशेषेण वाक्यार्थविशेषेण चापी-दमीयः प्रतिभासः, तदाह—**पदसन्धानेति**। पदानां सन्धानेन सन्धिना वृत्त्या सत्तया पदानां परस्परसन्धौ सति ग्राम्यतोदयते, यथा—'चलं डामरचेष्टितम्' इत्यत्र सन्धौ सति लण्डापदम्, अत्र पदसन्धानेनासभ्यार्थत्वम्। एवमस्योदाहरणं कारिकागतं याभवतः प्रिया 'या भवतः' इति विच्छिद्य पाठे न ग्राम्यतयाऽश्लीलत्वं, तस्यैव 'याभवतः' इति पदसन्धानेन पाठे याभवतः सततमैथुनानुरक्तस्य भवतः प्रिया सततसुरतप्रदानेन प्रीण-यित्रीत्यर्थेनासभ्यत्वम्॥ ६५-६६॥

हिन्दी—माधुर्यप्रतिबन्धक अर्थगत ग्राम्यत्वका स्वरूप पहले बताया गया है, इन दो कारिकाओं द्वारा शब्दगत ग्राम्यत्वका स्वरूप बताया जाता है। सभ्येतर—असभ्य सभामें उच्चारणके अयोग्य अर्थके कीर्त्तन-अभिधानसे शब्दमें भी असभ्यताकी प्रतीति होती है, जैसे यकारादि 'यभ्' धातुनिष्पन्न पदोंके उच्चारणसे। यह शब्दगत ग्राम्यता दो प्रकारसे संभव है—पदसन्धानवृत्ति एवं वाक्यार्थतया दुष्प्रतीतिकर। पदसन्धान वृत्तिसे मतलब यह है कि पदोंके समीपस्थ होनेसे जो असभ्य हो जाय, जैसे—या, भवतः ये दो पद अलग-अलग रहनेपर ग्राम्य नहीं हैं, परन्तु इन्हीं दोनों पदोंको यदि सन्निधानवृत्ति समीपस्थता सन्धि हो जाय तब 'याभवतः' हो जानेसे सततमैथुनानुरक्त रूप अर्थ होने लगता है जो नितान्त ग्राम्य है। इस कारिकामें दो प्रकारसे ग्राम्यताका संभव होना कहा है, पदसन्धानवृत्ति तथा वाक्यार्थत्व। उसमें पदसन्धानवृत्तिका

---

१. पदसंघात। २. वा।

उदाहरण 'याम्भवतः प्रिया' कहा गया है। वाक्यार्थत्वेन दुष्प्रतीतिकररूप ग्राम्यत्वका उदाहरण उत्तर कारिकामें ॥ ६५-६६ ॥

खरं प्रहृत्य विश्रान्तः पुरुषो वीर्यवानिति ।
एवमादि न शंसन्ति मार्गयोरुभयोरपि ॥ ६७ ॥

वीर्यवान् पराक्रमशाली पुरुषो दाशरथी रामः खरं तन्नामकं दैत्यभेदं प्रहृत्य हत्वा विश्रान्तो विश्रमं प्राप्तः। एषः प्राकरणिकोऽर्थः प्रथमं प्रतीयते, पश्चात्—वीर्यवान् गाढशुक्रः पुरुषः कश्चन कामुकः खरं गाढं प्रहृत्य मदनध्वजेन मदनमन्दिरं ताडयित्वा विश्रान्तः ग्लानिं प्राप्त इत्यसभ्योऽर्थः प्रतीयते। एवं वाक्यार्थगताश्लीलदोषेण दुष्टत्वान्नात्र-माधुर्यम् ॥ ६७ ॥

हिन्दी—'भगवान् रामने खर नामक दानवको मार करके विश्राम लिया', यह इस उदाहरणवाक्यका प्रधान अर्थ है, परन्तु प्रधान अर्थकी प्रतीतिके पश्चात् यह भी अर्थ प्रतीत होता है कि वीर्यवान् किसी युवा कामुकने मदनध्वज द्वारा कामशास्त्रोक्त भगताड़न करके विश्राम किया, इस अर्थमें असभ्यता है, इस तरहके अर्थकी प्रशंसा न वैदर्भमार्गमें है न गौड़मार्गमें। दोनों सम्प्रदायके आचार्य इस ग्राम्यत्वदोषको हेय मानते हैं ॥ ६७ ॥

भगिनीभगवत्यादि सर्वत्रैवानुमन्यते ।
विभक्तमिति माधुर्यमुच्यते सुकुमारता ॥ ६८ ॥

भगिनीभगवत्यादि पदं योनिलिङ्गादिग्राम्यार्थप्रतिपादकशब्दघटितमपि सर्वत्रैव गौडवैदर्भमार्गयोः सर्वविधेषु काव्येषु च अनुमन्यते निर्दुष्टतया शिष्टैः स्वीक्रियते। एषां शिष्टपरिगृहीतानां भगिनीभगवतीशिवलिङ्गविश्वयोनिप्रभृतिशब्दानां प्रयोगः सर्वत्र व्यवहारे काव्येषु वैदर्भ्यादिषु रीतिषु च अनुमन्यते निर्दोषतया स्वीक्रियते। तथा चोक्तं भोजराजेन—

'ग्राम्यं घृणवदश्लीलामङ्गलार्थं यदीरितम्। तत्संवीतेषु गुप्तेषु लक्षितेषु न दुष्यति' ॥
'संवीतस्य हि लोकेऽस्मिन् न दोषान्वेषणं क्षमम्। शिवलिङ्गस्य संस्थाने कस्यासभ्यत्वभावना' ॥
तदेवं माधुर्यं नाम गुणः सप्रपञ्चमुपदर्शितः, सम्प्रति क्रमप्राप्तां सुकुमारतां निरूपयितु-मुपक्रमते, तदाह—उच्यते **सुकुमारतेति** ॥ ६८ ॥

हिन्दी—ग्राम्यता-अश्लीलताके वर्णनप्रसङ्गमें कुछ अपवादस्थल बतानेके लिये यह कारिका लिखी गई है। भगिनी, भगवती, विश्वयोनि, शिवलिङ्ग आदि पद लोकव्यवहार, काव्य, वैदर्भी आदि रीतियों, सभी जगह निर्दोष माने जाते हैं, उनके प्रयोगमें कुछ भी बाधा नहीं है। भोज-राजने इस प्रसङ्गमें असभ्यार्थक शब्द-समुदायके निर्दोष होनेके तीन प्रभेद बताये हैं—'तत्संवीतेषु गुप्तेषु लक्षितेषु न दुष्यति'। संवीतसे अभिप्राय है अपुष्टतया स्वीकृतसे। अपुष्टतया अङ्गीकृतको ही संवीत कहते हैं।

इसका उदाहरण—

'तस्मै हिमाद्रेः प्रयतां तनूजां यतात्मने रोचयितुं यतस्व ।
योषित्सु तद्वीर्यनिषेकभूमिः सैव क्षमेत्यात्मभुवोपदिष्टम्' ॥

गुप्त उसको कहते हैं जहाँ प्रसिद्ध अर्थसे अप्रसिद्ध असभ्य अर्थका गोपन हो जाय, यथा—

'सुदुस्त्यजा यद्यपि जन्मभूमिः गजैरसंबाधमयां बभूवे ।
स तेऽनुनेयः सुभगोऽभिमानी भगिन्ययं न प्रथमाभिसन्धिः' ॥

यहाँ जन्मभूमि, संबाध, सुभग, भगिनी आदि पद अपने जन्मस्थान, संकट, सुन्दर, बहन आदि प्रसिद्ध अर्थोंमें प्रयुक्त हुए हैं, उनके अप्रसिद्ध अर्थ योनि, स्त्रीभग आदि गुप्त हो गये हैं, अतः इनका प्रयोग सर्ववादिसिद्ध है। इसी तरह लक्षित होनेपर भी ग्राम्यता नहीं होती :—

'ब्रह्माण्डकारणं योऽप्सु निदधे बीजमात्मनः। उपस्थानं करोम्येष तस्मै शेषाहिशायिने'॥

इस श्लोकमें ब्रह्माण्ड, उपस्थान शब्दोंसे यद्यपि असभ्य अर्थका स्मरण हो आता है तथापि यहाँ इन पदोंकी लक्षणा अन्य अर्थोंमें हो गई है, अतः इन्हें ग्राम्य नहीं माना जाता।

इस प्रकार माधुर्यका सविस्तर वर्णन गौड़वैदर्भमार्गमें यथायोग्य किया गया है। इसके बाद सुकुमारता नामक गुणका निरूपण करेंगे। सारांश यह है कि गौड़सम्प्रदायवाले आचार्य वृत्त्यनुप्रासप्रधान प्रबन्धको मधुर मानते हैं, एवं वैदर्भसम्प्रदायानुगामी आचार्यगण श्रुत्यनुप्रासप्रधान काव्यको मधुर कहते हैं, इस प्रकार माधुर्य विभागद्वयमें अवस्थित है। उस माधुर्यका अन्त हो गया, अब सुकुमारता नामक गुणका वर्णन क्रमप्राप्त होनेके कारण किया जा रहा है॥ ६८॥

अनिष्ठुराक्षरप्रायं सुकुमारमिहेष्यते[1]।
बन्धशैथिल्यदोषोऽपि[2] दर्शितः सर्वकोमले॥ ६९॥

अनिष्ठुराणि श्रुतिकटुत्वदोषास्पृष्टानि कोमलानि प्रायः बाहुल्येन यत्र तत् अनिष्ठुराक्षरप्रायम् बाहुल्येन कोमलवर्णघटितमिति यावत्, तादृशं वाक्यं सुकुमारम् इह साहित्यशास्त्रे इष्यते कविभिरास्थीयते। सुकुमारतयाऽभिमते काव्ये केवलं कोमला एव वर्णाः स्युर्नेदं नितान्तमपेक्ष्यते, किन्तु भूयसा सुकुमाराण्यक्षराणि स्युरेव, केवलकोमलाक्षरविन्यासे तु क्रियमाणे न केवलं लक्षणाव्याप्तिरेव, अपि त्वनर्थान्तरमपि स्यात्, तथाहि सति सर्वकोमले बन्धशैथिल्यदोषोऽपि प्रसज्येत-तदाह—**बन्धेति**। तथा चोक्तं शिथिलतालक्षणप्रस्तावे—शिथिलमल्पप्राणाक्षरोत्तरम्, यथा—'मालतीमालालोलालिकलिला' इति। एवं च यत्र कोमलाक्षराणां मध्ये मध्ये परुषाक्षरविन्यासेन मुक्तामालाया अन्तरान्तरा रत्नगुम्फनेनेव जायमानं किमपि चारुत्वं सुकुमारत्वमिति बोध्यम्। न चैवं सति प्रागुक्तस्वरूपस्य श्लेषाख्यगुणस्यास्य सुकुमारत्वस्य चैक्यापत्तिः उभयोर्लक्षणसाम्यादिति वाच्यम्, श्लेषस्य महाप्राणमिश्रिताल्पप्राणाक्षरविन्यासविशेषेण सुकुमारतायाश्चानिष्ठुराक्षरप्रायत्वेन द्वयोः परस्परभिन्नत्वात्।

काव्यप्रकाशकारादयस्तु सौकुमार्यं श्रुतिकटुत्वदोषाभावस्वरूपं मन्यमाना इदं पृथग् गुणत्वेन नाभ्युपगच्छन्ति, एवमेव तदनुगामिनो विश्वनाथप्रभृतयः। सौकुमार्यलक्षणप्रसङ्गे भरतः—

सुखप्रयोज्यैर्यच्छब्दैर्युक्तं सुश्लिष्टसन्धिभिः। सुकुमारार्थसंयुक्तं सुकुमारं तदिष्यते॥

एतदुदाहरणं यथा—

'अङ्गानि चन्दनरजःपरिधूसराणि ताम्बूलरागसुभगोऽधरपल्लवश्च।
अच्छाञ्जने च नयने वसनं तनीयः कान्तासु भूषणमिदं विभवावशेषः'॥

भोजराजेन तु दण्डिन एव लक्षणोदाहरणे स्वीकृते।

वामनस्तु अजरठत्वं सौकुमार्यं तच्चापारुष्यस्वरूपं मन्यते, 'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा' इत्यादि कालिदासीयं च पद्यं—सुकुमारबन्धमुदाहरति।

---

१. इहोच्यते। २. दोषो हि।

जगन्नाथपण्डितराजस्तु—अकाण्डे शोकदायित्वाभावरूपमपारुष्यं सुकुमारता, यथा—'त्वरया याति पान्थोऽयं प्रियाविरहकातरः' अत्र 'प्रियामरणकातर' इति पाठे पारुष्यं तद्रहितत्वात्सुकुमारतेति। आचार्यदण्डी सौकुमार्यं शब्दगुणमभिप्रैति, परे त्विदमर्थगुणं गृणन्ति। वस्तुतस्तु अर्थसौकुमार्यस्यामङ्गलरूपाश्लीलताख्यदोषाभावस्वरूपत्वेन न गुणत्वं तदुक्तं दर्पणकृता—'ग्राम्यदुःश्रवतात्यागात् कान्तिश्च सुकुमारता' इति ॥ ६९ ॥

हिन्दी—जिसमें प्रायः करके-बाहुल्येन अनिष्ठुर, श्रुतिकटुत्व दोषसे रहित अक्षर हों, अर्थात कोमल वर्णोंसे जिसका सङ्गठन किया गया हो, वैसे वाक्यको सुकुमार-अर्थात सुकुमारता नामक गुणसे भूषित कहा जाता है। 'प्रायः' पद इस लक्षण में बड़ा उपयोगी है, उससे यह अभिप्राय निकलता है कि सुकुमार वाक्यमें यह कोई नियम नहीं है कि सभी अक्षर अकठोर ही हों, इतना अवश्य चाहिये कि बाहुल्य कोमल वर्णोंका ही हो, जैसे मुक्तामाला में यदि बीच-बीच में रत्नान्तर लगा दिये जाते हैं तो उसकी शोभा और बढ़ जाती है, उसी तरह सुकुमार वाक्योंमें बीच-बीच में एकाध परुष वर्णके हो जानेसे कोई क्षति नहीं होती, प्रत्युत लाभ ही होता है। इसी बातको बतानेके लिये उत्तरार्धमें स्पष्ट कहा गया है कि यदि सभी वर्ण कोमल ही रहेंगे, तब बन्धशैथिल्यदोष उपस्थित होगा। जैसे—'मालतीमालालोलालिकलिला'।

इस सौकुमार्य गुणको काव्यप्रकाशकार आदि परवर्त्ती आचार्योंने श्रुतिकटुत्वरूप दोषका अभावस्वरूप मानकर इस गुणको अस्वीकृत कर दिया है। कुछ लोग सौकुमार्यको अर्थगुण भी मानते हैं, उनके मतमें अर्थगत सौकुमार्य वह है जिसमें अर्थगत पारुष्य नहीं आया हो, जैसे 'प्रियामरणकातरः' की जगहपर 'प्रियाविरहकातरः' कहकर पारुष्य से पृथक् रखा गया है। वस्तुतः यह अर्थगत सौकुमार्य गुण भी अमङ्गलरूपाश्लीलतादोषाभावस्वरूप ही है, अतः यह भी आवश्यक नहीं माना जायगा ॥ ६९ ॥

मण्डलीकृत्य बर्हाणि कण्ठैर्मधुरगीतिभिः।
कलापिनः प्रनृत्यन्ति काले जीमूतमालिनि ॥ ७० ॥

पूर्वकारिकायां लक्षितस्य सुकुमारतानामकस्य गुणस्योदाहरणमुपन्यस्यति—**मण्डलीति**। जीमूतमालिनि मेघमेदुरे काले बर्हाणि स्वीयपिच्छानि मण्डलीकृत्य मण्डलाकारेण विस्तार्य मधुरगीतिभिः मधुरं शब्दायमानैः कण्ठैः कलापिनो मयूराः प्रनृत्यन्ति, नृत्यमारभन्ते, ध्वनत्सु जलधरेषु तद्ध्वनिश्रवणसन्तुष्टा मयूराः स्वीयानि पिच्छानि मण्डलाकारेण वितत्य सानन्दं नृत्यन्तीत्यर्थः। अत्र निष्ठुराक्षरपरित्यागात्सुकुमारतागुणः ॥ ७० ॥

हिन्दी—वर्षाकालके उपस्थित होनेपर मधुर शब्द करनेवाले अपने कण्ठोंसे शब्द करते हुए गीत-सा गाते हुए एवं अपनी पूँछको मण्डलाकारमें फैलाये हुए यह मयूर नृत्य करने लगते हैं। इस वाक्यमे परुष वर्णका अप्रयोग है, प्रायः कोमल अक्षरोंके ही प्रयोग हो पाये हैं, अतः सुकुमारता नामक गुण माना जाता है ॥ ७० ॥

इत्यनूर्जित एवार्थो नालङ्कारोऽपि तादृशः।
सुकुमारतयैवैतदारोहति सतां मनः[1] ॥ ७१ ॥

सुकुमारताख्यस्य पूर्वं लक्षितस्योदाहृतस्य च गुणस्यावश्यस्वीकार्यत्वे युक्तिमुपन्यस्यति—**इत्यनूर्जित इति**। इति अस्मिन् पद्ये अर्थः अनूर्जितः रससम्पर्कशून्यतयाऽनति-

---

१. मुखम्।

स्फुट एव अलङ्कारोऽपि न तादृशः अतिशययुतः, समासोक्तिः सत्यपि नातिरसस्पृक्, (तथाऽपि अर्थालङ्कारयोरनतिप्रस्फुटत्वेऽपि) एतत्पद्यम् सुकुमारतयैव सौकुमार्यनामकगुणसद्भावेनैव सतां मनः आरोहति, सद्भिरिदं यत्काव्यत्वेनाभ्युपेयते, तत्र केवलं सुकुमारतानामकगुणसद्भाव एव कारणं, नार्थविशेषः, तस्यानूर्जितत्वात्, नाप्यलङ्कारविशेषः, तस्याप्यपरिनिष्ठितत्वात्, अतश्च सौकुमार्यमवश्यं गुणत्वेनास्थेयमिति भावः ॥ ७१ ॥

हिन्दी—पूर्वलक्षित एवम् उदाहृत सुकुमारता गुणके विषयमें मतभेद है, कुछ लोग इसे स्वीकार करते हैं और कुछ लोग इसको श्रुतिकटुत्वरूपदोषाभावस्वरूप मानते हैं। भरतमुनिने सुकुमारताको गुण माना है, परन्तु कुछ प्राचीन तथा तदनुवर्त्ती अर्वाचीन आचार्य इसे गुण नहीं मानते, उनका कथन है कि जब तक अर्थचमत्कृति न होगी, तब तक सुकुमारताका कोई लाभ नहीं है, वह स्वतः दोषाभावस्वरूप ही है, इसी मतका खण्डन इस कारिकामें किया गया है। दण्डीका कहना कि पूर्वोक्त उदाहरणश्लोकमें अर्थ अनूर्जित-अनतितेजस्वी है, इसी तरह अलङ्कार भी अनतिप्रस्फुट है, फिर भी यह पद्य सज्जनोंको भला लगता है, इसका एकमात्र कारण सौकुमार्य गुणका सद्भाव ही है, इस स्थितिमें सौकुमार्य गुणका माना जाना उचित है। दण्डीने अलङ्कारापेक्षया और अर्थापेक्षया भी गुणोंको काव्यमें प्रधान अङ्ग माना है, उनके मनमें यह बात बैठ गई थी—

'तया कवितया किं वा किं वा वनितया तया। पदविन्यासमात्रेण यया नापहृतं मनः' ॥

दण्डीका स्पष्ट आशय मालूम पड़ता है कि गुणवैचित्र्यके नहीं रहनेपर अर्थ और अलङ्कार रहकर भी काव्यकी शोभा नहीं बढ़ाते हैं, दण्डीको एक अच्छे समर्थक मिल गये हैं—भोजराज। उनका कथन है :—

'अलंकृतमपि श्रव्यं न काव्यं गुणवर्जितम्'।
'यदि भवति वचश्च्युतं गुणेभ्यो वपुरिव यौवनवन्ध्यमङ्गनायाः।
अपि जनदयितानि दुर्भगत्वं नियतमलङ्करणानि संश्रयन्ते' ॥

जैसे किसी स्त्रीके शरीरमें सभी अलङ्कार सजा दिये गये हों परन्तु यौवन नहीं हो तो वह आकर्षक नहीं होती, उसी तरह यदि काव्यमें गुण नहीं हो, किन्तु अलङ्कार हो तो वह काव्य फीका ही लगता है ॥ ७१ ॥

दीप्तमित्यपरैर्भूम्ना कृच्छ्रोद्यमपि बध्यते।
न्यक्षेण क्षपितः पक्षः क्षत्रियाणां क्षणादिति ॥ ७२ ॥

अपरैः गौडकविभिः दीप्तम् दीप्तियुतम् दीप्तिसंज्ञकौज्ज्वल्ययुक्तम् इति हेतोः कृच्छ्रोद्यम् कष्टोच्चार्यमपि पदं बध्यते काव्ये प्रयुज्यते। ओजस्विरचनानुकूलतया परुषवर्णघटितमत एव कष्टोच्चार्यमपि बध्यते गौडैः, एतदुदाहरणेन विशदीकरोति—**न्यक्षेणेति**। न्यक्षेणनिर्गतनेत्रेण जन्मान्धेन धृतराष्ट्रेण क्षत्रियाणां समस्तराजन्यानां पक्षः समूहः क्षणेन अल्पकालेन क्षपितः विनाशितः, दुर्मन्त्रद्वारा महाभारतयुद्धे विनाशं गमित इत्यर्थः। अत्र धृतराष्ट्रस्यायुध्यमानतया न वीररसप्रसङ्गः, वस्तुतस्त्वत्र करुणो रसः, तत्र चौजःप्रधानरचनायाः अयुक्तत्वान्न केवलमुच्चारणेनापि तु रसप्रसङ्गेनापि कृच्छ्रोद्यमिदं गौडा आद्रियन्ते ॥ ७२ ॥

---

१. क्षयितः।

हिन्दी—गौड़ लोग सौकुमार्य की अपेक्षा नहीं करते, इसी बातका वर्णन सोदाहरण इस कारिकामें किया गया है। अपर—गौड़ सम्प्रदायके कविगण दीप्त-ओजोगुणयुक्त मान कर कष्टोच्चार्य वर्णगुम्फित काव्यका भी निर्माण करते हैं। उदाहरण—न्यक्षेणेत्यादि। जन्मान्ध धृष्टराष्ट्रने क्षत्रियोंके समूहको थोड़े समयमें समाप्त करवा दिया, अपने पुत्र दुर्योधनादिको ऐसी दुर्बुद्धि दी जिससे अन्ततः सारे क्षत्रिय कट मरे। इस पद्यार्धमें करुणरस है, वीर नहीं क्योंकि धृतराष्ट्र तो युद्धरत था नहीं, ऐसी हालतमें यहाँपर ऐसा कष्टोच्चार्य पदकदम्ब नहीं प्रयुक्त करना चाहिये। लेकिन गौड़ जन केवल ओजके लोभसे ऐसा प्रयोग भी किया करते हैं ॥ ७२ ॥

अर्थव्यक्तिरनेयत्वमर्थस्य हरिणोद्धृता।
भूः खुरक्षुण्णनागासृग्लोहितादुदधेरिति ॥ ७३ ॥

क्रमप्राप्तमर्थव्यक्तिनामकं गुणं निरूपयति—**अर्थव्यक्तिरिति**। अर्थस्य पदप्रतिपाद्यस्य अनेयत्वम् अध्याहारादिकल्पनां विनैव प्रत्येयत्वम् अर्थव्यक्तिर्नाम शब्दगुणः, अर्थात् यावन्तोऽर्था अन्वयबोधौपयिकतयाऽपेक्ष्यन्ते तद्बोधनाय तावतां पदानां विन्यासोऽर्थ-व्यक्तिः, उदाहरणं यथा—हरिणा वराहरूपभृता भगवता विष्णुना खुरेण स्वशफेन क्षुण्णाः ताडिताः ये नागाः रसातलस्थाः सर्पास्तेषामसृग्भिः शोणितैः लोहितात् रक्तात् उदधेः सागरात् भूः उद्धृता उपरि नीता। अत्र सागरपयोरञ्जनकारणीभूतो नागासृक्सम्पर्कः पृथगुक्तिमन्तरा नेयः स्यात् अतः पृथगुक्त इति नात्र नेयत्वमिति भवत्यर्थव्यक्तिः। तदनुक्तौ तु नेयार्थत्वेन नार्थव्यक्तिः, अभिधास्यति तदग्रेतनोदाहरणेन ॥ ७३ ॥

हिन्दी—जिस वाक्यमें विवक्षित अर्थ समझनेके लिये अध्याहारादि कष्ट कल्पनायें नहीं करनी पड़ें, सभी शब्द वाक्यार्थबोधमें अपेक्षित अर्थोंको स्पष्टतया बताते हों उस वाक्यमें अर्थव्यक्तिनामक गुण माना जाता है। जैसे—हरिणा इति। भगवान् विष्णु वराहावतारमें अपने खुरसे कुचले गये नागोंके शोणितसे रक्तवर्ण समुद्रके जलसे इस पृथ्वीको ऊपर ले आये अर्थात् पृथ्वीका उद्धार किया, प्रलयकालमें जलमग्न हुई इस पृथ्वीको पानीसे बाहर निकाला। इसमें सागरका पानी लाल क्यों हुआ? इसका कारण यदि नहीं कहा गया होता तो नेयार्थ हो जाता, जैसे आगे कहे गये प्रत्युदाहरणश्लोक—'मही महावराहेण लोहितादुद्धृतोदधेः' में सागरके लाल होनेमें कारण नहीं कहनेसे नेयार्थ हो गया है। यह अर्थव्यक्ति शब्दगुण है ऐसा दण्डीका मत है, इस अर्थव्यक्ति नामक शब्दगुणका लक्षण अन्यान्य आचार्योंके अनुसार इस प्रकार है :—

भरत—

'सुप्रसिद्धा धातुना तु लोककर्मव्यवस्थिता।
या क्रिया क्रियते काव्ये सार्थव्यक्तिः प्रकीर्त्तिता' ॥

भोजराज—'यत्र संपूर्णवाक्यत्वमर्थव्यक्तिं वदन्ति ताम्' ॥ यथा—

'वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ' ॥

वाग्भट—'यत्र सुखेनार्थप्रतीतिः सार्थव्यक्तिः'। यथा—

'बाले तिलकलेखेयं भाले भिल्लीव राजते।
भ्रूलताचापमाकृष्य न विद्मः कं हनिष्यति' ॥

पण्डितराज जगन्नाथ—

झटिति प्रतीयमानार्थान्वयकत्वमर्थव्यक्तिः, इति शब्दगताऽर्थव्यक्तिः, अर्थी स्वर्थव्यक्तिः—वर्णनीयस्यासाधारणक्रियारूपयोर्वर्णनमर्थव्यक्तिः। काव्यप्रकाशकारने इस अर्थका स्वभावोक्तिमें

अन्तर्भाव माना है। उनका कहना है—'अभिधास्यमानस्वभावोक्त्यलङ्कारेण वस्तुस्वभावस्फुटत्वरूपार्थव्यक्तिः स्वीकृता'।

साहित्यदर्पणकारने अर्थव्यक्तिका अन्तर्भाव प्रसाद गुणमें किया है। कहा है :—

'अर्थव्यक्तेः प्रसादाख्यगुणेनैव परिग्रहः'।

इस प्रसङ्गमें साफ-साफ यही समझना चाहिये कि शाब्दी अर्थव्यक्तिका प्रसाद गुणमें अन्तर्भाव मानते हैं और आर्थी अर्थव्यक्तिको स्वभावोक्त्यलङ्कारस्वरूप। इस प्रकार दोनों तरहकी अर्थव्यक्तिका अपलाप कर लेते हैं॥ ७३॥

मही महावराहेण लोहितादुद्धृतोदधेः।
इतीयत्येव निर्दिष्टे नेयत्वमुरगासृजः॥ ७४॥

पूर्वकारिकायामर्थव्यक्तिनिरूपणप्रस्तावेऽनेयार्थत्वमवश्यमपेक्ष्यत्वेन स्वीकृतं, तज्ज्ञानस्य नेयार्थत्वज्ञानाभावे सम्पत्तुमशक्यतया सम्प्रति सोदाहरणं नेयार्थत्वमाह—**महीति**। अर्थः प्रागुक्तः, अत्र केवलम्—खुरक्षुण्णनागासृगिति नोक्तं, यदभावेऽम्बुधिलौहित्यमित्यनुपपद्यमानं कष्टकल्पनादिनोन्नेयं प्रसज्यत इतीदं नेयार्थम्। उक्तश्चायमर्थो भोजराजेन—

'वाक्यं भवति नेयार्थमर्थव्यक्तेर्विपर्ययात्।
महीमहावराहेण लोहितादुद्धृतोदधेः।
इतीयत्येव निर्दिष्टे नेया लौहित्यहेतवः'॥

काव्यप्रकाशकारादयस्तु-रूढिप्रयोजनाभावादशक्तिकृतं लक्ष्यार्थप्रकाशनं नेयार्थत्वमाहुः॥७४॥

हिन्दी—'मही महावराहेण' इस उदाहरणमें सागरके लाल होनेका कारण नहीं बताया गया है, अतः कष्टकल्पना द्वारा लाल होनेके कारणका उन्नयन किया जाता है अतः यह नेयार्थ होनेके कारण अर्थव्यक्तिरहित है। यहाँ इतना बता देना अप्रासङ्गिक नहीं होगा कि लक्षणा दो प्रकारसे की जाती है—निरूढलक्षणा और प्रयोजनलक्षणा। निरूढलक्षणा एक तरहसे अभिधाकी तरह होती है, क्योंकि वह प्रसिद्धिसे उद्भूत होती है, इसीलिये उसे अनादितात्पर्यमूलक कहते हैं, जैसे 'कर्मणि कुशलः'। इसी तरह प्रयोजनवती लक्षणा किसी खास वस्तुको बतानेके लिये की जाती है, जैसे 'गङ्गायां घोषः'। इसमें शैत्यप्रतीति प्रयोजन है। इन दोनों लक्षणाओंको दुष्ट नहीं कहा जाता है। इनके अतिरिक्त कुछ लक्षणायें ऐसी भी की जाती हैं, जिनके मूलमें शब्दोंकी अशक्ति उच्चारित पदोंका विवक्षितार्थप्रत्यायनाक्षमत्व होता है। इस तरहकी अशक्तिमूलक लक्षणा नहीं करनी चाहिये, वैसा करनेसे नेयार्थत्व दोष होता है, इसी बातको दृष्टिमें रखकर आचार्योंने नेयार्थता दोषके स्वरूपनिर्वचनकालमें कहा है—'रूढिप्रयोजनाभावादशक्तिकृतं लक्ष्यार्थप्रकाशनं नेयार्थत्वम्', उदाहरण दिया—

शरत्कालसमुल्लासिपूर्णिमाशर्वरीप्रियम्। करोति ते मुखं तन्वि चपेटापातनातिथिम्॥

यहाँ पर 'चपेटापातनातिथि' शब्दसे 'जित' अर्थ लक्षित किया गया है, जिसे रूढि या प्रयोजन दो में से कोई भी बल प्राप्त नहीं है। यह सारी बात कुमारिल ने स्पष्ट कह दी है—

'निरूढा लक्षणाः काश्चित् सामर्थ्यादभिधानवत्। क्रियन्ते साम्प्रतं काश्चित् काश्चिन्नैव त्वशक्तितः'॥

इस कारिकामें अन्तिम चरणद्वारा जिसका निषेध किया गया है, उसी लक्षणाके अवलम्बनमें नेयार्थत्वका उदय होता है॥ ७४॥

नेदृशं बहु मन्यन्ते मार्गयोरुभयोरपि।
नहि प्रतीतिः सुभगा शब्दन्यायविलङ्घिनी॥ ७५॥

ईदृशं नेयार्थम् वाक्यम् उभयोरपि गौडवैदर्भमार्गयोराचार्या न बहु मन्यन्ते नाद्रियन्ते, उभयोरपि सम्प्रदाययोराचार्या नेयार्थत्वं न युक्ततयाऽऽतिष्ठन्त इत्यर्थः, तत्र कारण-मुपन्यस्यति—शब्दन्यायः शाब्दबोधपद्धतिः वृत्त्युपस्थितानामेवार्थानां बोध इत्येवं रूपो व्यवहारस्तद्विलङ्घिनी तत्प्रतिकूला प्रतीतिः (नेयार्थप्रतीतिः) नहि सुभगा न रमणीया, अत एव तादृश्याः प्रतीतेरहृद्यत्वमभ्युपेत्य संप्रदायद्वयेऽपि नादरो नेयार्थग्रहणप्रयोगा-देरिति भावः ॥ ७५ ॥

हिन्दी—इस तरहके नेयार्थ वाक्यका कहीं भी आदर नहीं होता है, गौड़ या वैदर्भ किसी भी सम्प्रदायके आचार्य उसका आदर नहीं करते, क्योंकि शाब्दबोधके नियम—वृत्त्युपस्थापित, अर्थोंका ही अन्वय हो—इस तरहके नियमका उल्लङ्घन करनेवाली प्रतीति सुन्दर नहीं हुआ करती। जिस बोधमें शाब्दबोधके सिद्धान्तोंकी अवहेलना की जाती है वह बोध हृद्य नहीं होता है, इसीलिये गौड़वैदर्भ दोनों सम्प्रदायके आचार्यगण नेयार्थका त्याग ही अभीष्ट मानते हैं ॥ ७५ ॥

उत्कर्षवान् गुणः कश्चिद्यस्मिन्नुक्ते प्रतीयते।
तदुदाराह्वयं तेन सनाथा काव्यपद्धतिः ॥ ७६ ॥

यस्मिन् वाक्ये उक्ते अभिहिते सति कश्चित् उत्कर्षवान् वर्णनीयवस्तुमहत्तासूचकः गुणो धर्मविशेषः प्रतीयते ज्ञायते, तद्वाक्यम् उदाराह्वयम् उदारम् उदारतानामकगुणयुक्तम् तेन उदारतानामकगुणेन काव्यपद्धतिः काव्यरीतिः सनाथा कृतार्था चमत्कृतेत्यर्थः, भवतीति शेषः। येन वाक्येन प्रयुज्यमानेन सता वर्णनीयस्य वस्तुनः कोऽपि महिमातिशयो बुद्धिगोचरो भवति तदुदारं वाक्यमित्याशयः, तत्र महिमातिशय उत्कर्षख्यापनेन आकर्षख्यापनेन चोभयथा संभवति, चमत्कारस्योभयथा समुत्पाद्यत्वात्। अयं चार्थगुणः, वाक्यस्यार्थद्वारैव गुणव्यञ्जकत्वात्। वामनस्तु विकटत्वस्वरूपमुदारत्वं शब्दगुणमेवाह, विकटत्वं तु पदानां नृत्यत्प्रायत्वम्, यथा —'सुचरणविनिविष्टैर्नूपुरैर्नर्त्तकीनां झणिति रणित-मासीत्तत्र चित्रं कलञ्च' ॥ ७६ ॥

हिन्दी—जिस वाक्यके प्रयुक्त होनेपर उस वाक्यार्थके द्वारा वर्णनीय वस्तुके लोकोत्तर चमत्कार की अवगति हो, उसमें उदारता नामक गुण होता है, उससे काव्यमार्ग सफल होता है, काव्यका प्रयोजन चमत्कार ही माना जाता है, उदारतासे चमत्कारका पोषण होता है, अतः उदारताको काव्यका जीवन माना गया है। यहाँ पर यह समझना चाहिये कि वाक्य जब गुणव्यञ्जक होंगे तब स्वीय अर्थ द्वारा ही; इससे यह अर्थगुण हुआ, वामनादि ने जो एक उदारता मानी है वह विकटत्वस्वरूप है अतः वह शब्दगुण है।

भरतने उदारताकी यह परिभाषा की है—

'दिव्यभावपरीतं यच्छृङ्गाराद्भुतचेष्टितम्। अनेकभावसंयुक्तमुदारं तत्व प्रकीर्त्तितम्' ॥

भोजराजने कहा है—'विकटाक्षरबन्धत्वमार्यैरौदार्यमुच्यते'।

'भूत्युत्कर्षमुदारता'…………… ।

इसमें पहला लक्षण शब्दगुण-उदारताका है और दूसरा लक्षण अर्थगुण-उदारताका। इस उदारताको अर्वाचीन आचार्यगण गुणरूपमें नहीं मानते, उनका आशय है कि शब्दगुण-उदारताका ओजमें अन्तर्भाव होता है और अर्थगुण-उदारता अग्राम्यतादोषाभावस्वरूप है ॥ ७६ ॥

---

१. सर्वं।

अर्थिनां कृपणा दृष्टिस्त्वन्मुखे पतिता सकृत् ।
तदवस्था पुनर्देव नान्यस्य मुखमीक्षते ॥ ७७ ॥
इति त्यागस्य वाक्येस्मिन्नुत्कर्षः साधु[1] लक्ष्यते ।
अनेनैव पथान्यच्च[2] सामानन्यायमूह्यताम् ॥ ७८ ॥

पूर्वोक्तलक्षणमौदार्यं दृष्टान्तेन विशदयति—**अर्थिनामिति** । हे देव महाराज अर्थिनां याचकानां कृपणा दीना दृष्टिः त्वन्मुखे सकृत् एकदा पतिता सती पुनः पश्चात् तदवस्था दीना भूत्वा अन्यस्य दात्रन्तरस्य मुखं नेक्षते न पश्यति, त्वयैव पूरिताभिलाषा दीना न याचनाय दात्रन्तरमुपसर्पन्तीत्यर्थः, एवमत्रोदाहरणे लक्षणसङ्गमायाह—**इतीति** । इति एवं वाक्येऽस्मिन् पूर्वोक्ते श्लोकवाक्ये त्यागस्य दानस्योत्कर्षः साधु स्फुटं लक्ष्यते, एवमेव क्वचिदन्यस्य बलरूपादेरप्युत्कर्षप्रतीतावुदारत्वं शक्यसंभवमिति बोधयति—**अनेनैवेति** । अनेनैव त्यागोत्कर्षदर्शनसजातीयेन पथा प्रकारेण समानन्यायम् एतत्तुल्यम् उदाहरणान्तरम् ऊह्यताम् तर्क्यताम् ॥ ७७-७८ ॥

हिन्दी—पूर्वोक्तलक्षण उदारताका उदाहरण तथा उसका सङ्गमन इन दो श्लोकों द्वारा किया गया है । जो याचक दीनभावसे एक बार आपका मुख देख लेता है उसे फिर कभी किसीका मुख याचकके रूपमें नहीं देखना पड़ता । आप उसे इतना धन दे देते हैं कि उसकी आर्थिक दीनता दूर हो जाती है । यही है इसका अर्थ । इस श्लोकमें राजाके दानका उत्कर्ष प्रतिपादित हुआ है अतः उदारता गुण है, इसी तरह अन्यान्य वस्तुओंके उत्कर्षप्रतिपादन होने पर भी उदारता गुण होगा ॥ ७७-७८ ॥

श्लाघ्यैर्विशेषणैर्युक्तमुदारं कैश्चिदिष्यते ।
यथा लीलाम्बुजक्रीडासरोहेमाङ्गदादयः ॥ ७९ ॥

स्वाभिमतमुदारतालक्षणं निरुच्य सम्प्रति परकीयं तल्लक्षणोदाहरणादि बोधयति—**श्लाघ्यैरिति** । इदमग्निपुराणीयस्य लक्षणस्य कीर्तनम्, तत्र हि—'उत्तानपदतौदार्यं युतं श्लाघ्यैर्विशेषणैः'इत्युक्तम् । तदुदाहरणं यथा—**लीलाम्बुजेति** । अत्र लीलाम्बुजपदेऽनाम्बुजे लीलेति विशेषणेन वर्णाकारसौरभातिशयशालित्वम्, क्रीडासरःपदे सरसः क्रीडाविशेषणेन कमलसारसविहारनौकासनाथत्वम्, एवम् हेमाङ्गदपदस्थहेमपदेन रत्नखचितत्वं प्रतीयते, एवमेव मणिनूपुर-रत्नकाञ्ची-कनककुण्डलादिपदेषु ॥ ७९ ॥

हिन्दी—दण्डी स्वाभिमत उदारतालक्षण बताकर अब अग्निपुराणोक्त उदारतालक्षण प्रदर्शित करते हैं । श्लाघ्य विशेषणोंसे युक्त वाक्यका उदार कहा जाता है, जैसे लीलाम्बुजादि । यहाँ अम्बुजमें लीलाविशेषण लगानेसे उसके आकार-वर्ण-सौरभ आदि गुणोंका उत्कर्ष प्रतीत होता है, इसी तरह क्रीड़ासर, हेमाङ्गद आदि पदोंमें भी ॥ ७९ ॥

ओजः समासभूयस्त्वमेतद्गद्यस्य जीवितम् ।
पद्येऽप्यदाक्षिणात्यानामिदमेकं परायणम् ॥ ८० ॥

ओजोगुणं निरूपयति—**ओज इति** । समसनम् द्वयोर्बहूनां वा पदानाम् एकपदत्वप्राप्तिः समासः, समासभूयस्त्वम् समासबाहुल्यम् ओजो नाम गुणः, बहुपदसमास ओज

---

१. खलु । २. अन्यत्र ।

इत्यर्थः, एतत् समासभूयस्त्वम् गद्यस्य जीवितम् प्राणस्वरूपम्, अस्मिन्हि सति गद्यमतीव स्वदते इत्यर्थः। अदाक्षिणात्यानां पौरस्त्यानां गौडानाम् पद्येऽपि (अपिर्गद्यसमुच्चायकः) इदं समासबाहुल्यम् एकं परायणम् अवलम्बनम्। गौडीवैदर्भाश्चोभयेऽपि ओजोगुणमाद्रियन्ते, नात्र तयोर्वैमत्यम्, तत्र गौडा गद्ये पद्ये च समानभावेनौजः समाद्रियन्ते, वैदर्भास्तु गद्यमेवौजसा भूषणीयं जीवनीयं च मन्यन्त इति विशेषो बोध्यः ॥ ८० ॥

हिन्दी—समासकी बहुलता होनेपर ओज गुण माना जाता है। इस गुणके संबन्धमें गौड़वैदर्भ सम्प्रदायोंमें सहमति है, दोनों सम्प्रदाय इसे माननेवाले हैं, अन्तर इतना ही है कि वैदर्भ लोग ओजगुणको गद्यमात्रका जीवन कहते हैं और गौड़ सम्प्रदायवाले गद्य तथा पद्य दोनों प्रकारकी रचनाके लिये इसे समानरूपसे अवलम्बन मानते हैं। समास शब्दगत वस्तु है, अतः यह ओज शब्दगुण है, ऐसा दण्डीका मत प्रतीत होता है क्योंकि उन्होंने 'समासभूयस्त्वम् ओजः' यही लक्षण कहा है।

वामनने 'अर्थस्य प्रौढिः ओजः' ऐसा लक्षण करके अर्थगत ओज भी माना है, उन्होंने इसे पाँच प्रकारका बताया है। शब्दगत ओजका लक्षण वामनने 'गाढबन्धत्वमोजः' कहा है।

भोजराज, वाग्भट, हेमचन्द्र, जगन्नाथ इत्यादि आचार्योंने भी ओजको शब्दगत तथा अर्थगत मानकर लक्षण-उदाहरण दिये हैं।

काव्यप्रकाशकारने—'ओजश्चित्तस्य विस्ताररूपदीप्तत्वजनकम्' ऐसा लक्षण किया है, और 'वीरबीभत्सरौद्रेषु क्रमेणाधिक्यमस्य तु' स्वीकार किया है, तदनुसार तीन उदाहरण भी दिये जाते हैं। विश्वनाथ कविराजने भी उन्हींके पदचिह्नका अनुसरण किया है ॥ ८० ॥

तद्गुरूणां लघूनां च बाहुल्याल्पत्वमिश्रणैः।
उच्चावचप्रकारं[1] तद्[2] दृश्यमाख्यायिकादिषु ॥ ८१ ॥

तत् ओजः गुरूणाम् दीर्घवर्णानाम् लघूनाम् ह्रस्ववर्णानां च बाहुल्येन आधिक्येन अल्पत्वेन न्यूनत्वेन मिश्रणेन उभयविधवर्णसाङ्कर्येण च त्रिधा भवति, क्वचित् दीर्घा एव वर्णा भूयांसः, क्वचिच्च लघव एव तथा क्वचिच्च तयोर्मिश्रणं तदेवमिदमोज उच्चावचप्रकारं नानाविधं तच्च आख्यायिकादिषु गद्यप्रबन्धेषु दृश्यम् द्रष्टव्यम्। अत्रादिपदं चम्पूविरुदादिगद्यप्रचुरग्रन्थसंग्राहकम् ॥ ८१ ॥

हिन्दी—पूर्वोक्त ओज गुण नानाप्रकारके होते हैं, कहीं गुरु वर्णोंकी बहुलता होती है, कहीं लघु वर्णोंकी बहुलता होती है, और कहीं दोनों प्रकारके वर्णोंकी मिलावट (मिश्रण) होती है, इस प्रकारसे अवान्तर भेदोंके होनेके कारण ओज अनेक प्रकारका होता है। ओज गुणका विशेष प्रयोग आख्यायिका, विरुद, चम्पू वगैरह गद्यप्रचुर ग्रन्थोंमें देखनेको मिलता है ॥ ८१ ॥

अस्तमस्तकपर्यस्तसमस्तार्कांशुसंस्तरा।
पीनस्तनस्थितातानाम्रकम्रवस्त्रेव[3] वारुणी ॥ ८२ ॥
इति पद्येऽपि पौरस्त्या बध्नन्त्योजस्विनीर्गिरः।
अन्ये[4] त्वनाकुलं हृद्यमिच्छन्त्योजो गिरां यथा ॥ ८३ ॥
पयोधरतटोत्सङ्गलग्नसन्ध्यातपांशुका।
कस्य कामातुरं चेतो वारुणी न करिष्यति ॥ ८४ ॥

---

१. प्रकारेण। २. सद्दृश्यं। ३. वस्त्रेवाभाति। ४. अन्येप्यनाकुलं।

अस्तम् अस्ताचलस्तस्य मस्तके शिखरदेशे पर्यस्ताः व्याप्ताः प्रसृता ये समस्ता अर्कांशवः सायंकालिकसूर्यकिरणाः तैः संस्तरः आच्छादनं यस्याः सा तादृशी वारुणी पश्चिमाशा पीनः पुष्टो यः स्तनस्तस्मिन् स्थितम् आताम्रम् ईषल्लोहितम् कम्रम् सुन्दरम् च वस्त्रं यस्याः सा तादृशी इव भातीति शेषः। पश्चिमाशाया वर्णनमिदम्, सन्ध्याकाले सूर्यस्य रक्ताभाः किरणाः पश्चिमाचलशिखरे प्रसरन्ति, मन्ये वारुणी दिशा नायिका पीनस्तनभागे रक्तं वस्त्रमिव धारयति इत्याशयः। अनुप्रासपूर्णतया गौडा इदमोजस उदाहरणं मन्यन्ते। इति एवम् पद्येऽपि पौरस्त्या गौडा ओजस्विनीः ओजोगुणयुताः गिरः बध्नन्ति प्रयुञ्जते, अनुप्रासरसिका गौडा ओजोगुणं पद्येऽप्याद्रियन्त इत्यर्थः। अन्ये वैदर्भास्तु गिराम् वाचाम् अनाकुलम् अनाकुलत्वम् सुखोच्चार्यत्वम् हृद्यम् मनोहरम् ओजः ओजोगुणम् इच्छन्ति। तदुदाहरणम्—**पयोधरेति**। पयोधरो मेघ एव पयोधरः स्तनस्तस्य तटं प्रान्तदेशस्तदुत्सङ्गे मध्यभागे लग्नं सन्ध्यातपः सायंकालिकसूर्यकिरणा एव अंशुकं रक्तवासो यस्याः सा एतादृशी वारुणी पश्चिमदिशा नायिका कस्य जनस्य चेतो हृदयं कामातुरम् अनङ्गपीडायुतं न करिष्यति सर्वमपि जनं कामातुरं करिष्यतीत्यर्थः। अत्र यद्यपि ओजोगुणायापेक्षितः समासोऽस्ति, परन्तु पूर्वोदाहरण इव क्लिष्टपदं नास्तीति वैदर्भा अभिमन्यन्ते। इदमत्र बोध्यम्—अयमोजोगुणो गौडवैदर्भयोरुभयोरपि सम्प्रदाययोरिष्टः, परं गौडसम्प्रदायानुगामिनोऽनुप्रासलोभात् कष्टपदबहुलसमासचिन्यासने श्रोतॄणां बुद्धीर्व्यामोहयन्ति, वैदर्भास्तु बन्धपारुष्यशैथिल्यादिदोषपरिहारेण प्रसन्नार्थक-पदानां समासेन बुद्धीः प्रसादयन्ति, समासभूयस्त्वमुभयोः समानम्, परन्तु कष्टत्वसार-ल्यमात्रे भेद इति॥ ८२-८४॥

हिन्दी—सूर्यके समस्त किरणजालसे आच्छादित अस्ताचल पर बिखरी हुई शोभासे युक्त पश्चिम दिशा उस नायिकाके समान मालूम पड़ रही थी, जिसने रक्त वस्त्रसे अपने पीन कुचोंको आच्छादित कर लिया हो। इस प्रकारसे गौड़ लोग पद्यमें भी ओजोगुणयुक्त वाणीका प्रयोग करते हैं, वैदर्भसम्प्रदायवाले वाणीमें ओजगुण तभी पसन्द करते हैं जब वह स्पष्टार्थ तथा सरलतया हृदयग्राहिणी होती है। सन्ध्याकालिक सूर्यके किरणजालसे बादलोंके तटों (स्तनोंके ऊपरी भाग) को आच्छादित कर पश्चिम दिशा (बाला) किसके मनको कामातुर नहीं कर देगी॥ ८२-८४॥

कान्तं सर्वजगत्कान्तं लौकिकार्थानतिक्रमात्[1]।
तच्च वार्ताभिधानेषु वर्णनास्वपि दृश्यते[2]॥ ८५॥

लौकिकस्य लोकप्रसिद्धस्यार्थस्य वस्तुनः अनतिक्रमात् अपरित्यागात् सर्वजगत्कान्तम् सर्वप्रियम् आपामरप्रसिद्धार्थोपनिबन्धनात् सर्वजनहृद्यं वाक्यम् कान्तं कान्तिनामकगुणयुतम्, एवं च लोकप्रसिद्धार्थवर्णनं कान्तिरिति फलितम्। अयं च कान्तिगुणः आचार्यदण्डिमतेना-र्थगुणः, अर्थानुसन्धानतः पूर्वमस्यानुदयात्, तच्च कान्तिगुणोपेतं वाक्यं वार्त्ताभिधानेषु लौकिकोपचारवचनप्रयोगेषु तथा वर्णनासु प्रशंसापरकवाक्येषु च दृश्यते॥ ८५॥

हिन्दी—लोकप्रसिद्ध वस्तुका अतिक्रमण-त्याग-नहीं करनेके कारण जो सर्वलोकप्रिय हो, आपामरप्रसिद्ध अर्थके प्रयोगसे जो सबको अच्छा लगे, उसे कान्त अर्थात् कान्तिगुणयुक्त मानते

---

१. गतिक्रमात्। २. विद्यते।

हैं, उस गुणकी अधिकता लौकिक उपचारमें—प्रशंसापरक वचनोंमें मिलती है। आचार्य दण्डीने कान्तिको—कान्ति गुणको—अर्थगुण स्वीकार किया है क्योंकि अर्थानुसन्धान होने पर ही उसकी सर्वहृद्यता प्रतीत होगी।

भरतने कान्तिका लक्षण यह कहा है—

यन्मनःश्रोत्रविषयमाह्लादयति ह्यीन्दुवत्। लीलाद्यर्थोपपन्नां वा तां कान्तिं कवयो विदुः॥

इसका उदाहरण हेमचन्द्रने दिया है—

ददृशुर्द्वारदेशस्थां सीतां वल्कलधारिणीम्। अङ्गदाह्लादनङ्गस्य रतिं प्रव्रजितामिव॥

वामनोक्त कान्तिलक्षण यह है—

औज्ज्वल्यं कान्तिः, औज्ज्वल्यं नाम नवप्रतिभाप्रकर्षः, यदभावे, पुराणीबन्धच्छायेयमिति व्यपदिशन्ति।

भोजराजने—'यदुज्ज्वलत्वं बन्धस्य काव्ये सा कान्तिरुच्यते'। कान्तिका इस प्रकार लक्षण करके यह उदाहरण दिया है—

'निरानन्दः कौन्दे मधुनि विधुरो बालबकुले न साले सालम्बो लवमपि लवङ्गे न रमते।

प्रियङ्गौ नासङ्गं रचयति न चूते विचरति स्मरँल्लक्ष्मीलीलाकमलमधुपानं मधुकरः'॥

काव्यप्रकाशकारने कान्ति गुणको ग्राम्यत्वदोषाभावरूप माना है, इसे पृथक् गुण नहीं स्वीकार किया।

पण्डितराजने—'अविदग्धवैदिकादिप्रयोगयोग्यानां पदानां परिहारेण प्रयुज्यमानेषु पदेषु लोकोत्तरशोभारूपमौज्ज्वल्यं कान्तिः' ऐसा लक्षण कहा है और यह उदाहरण दिया है—

'नितरां परुषा सरोजमाला न मृणालानि विचारपेशलानि।

यदि कोमलता तवाङ्गकानामथ का नाम कथाऽपि पल्लवानाम्'॥

गृहाणि नाम तान्येव तपोराशिर्भवादृशः।
संभावयति यान्येवं[1] पावनैः पादपांसुभिः॥ ८६॥
अनयोरनवद्याङ्गि स्तनयोर्जृम्भमाणयोः।
अवकाशो न पर्याप्तस्तव बाहुलतान्तरे[2]॥ ८७॥
इति सम्भाव्यमेवैतद्विशेषाख्यानसंस्कृतम्।
कान्तं भवति सर्वस्य लोकयात्रानुवर्तिनः॥ ८८॥

तानि एव गृहाणि गृहपदवाच्यानि प्रशस्तानि गृहाणि, भवादृशो युष्मत्सदृशः तपोराशिः तपस्वी यानि गृहाणि पावनैः पवित्रतासम्पादकैः पादपांसुभिः चरणरजोभिः संभावयति आदरभाजनं करोति, यत्र भवादृशस्य तपस्विनः पदधूलिः पतति तान्येव गृहाणि धन्यानि, तदितराणि त्वधन्यानि तादृशसौभाग्यभाजनत्वाभावादिति भावः। अत्र सत्पुरुषचरणसम्पर्केण गृहाणां प्राशस्त्यवर्णनं लोकप्रसिद्धमेवेतीयं वार्ताभिधानरूपा कान्तिः। वर्णनारूपां कान्तिमुदाहरति—**अनयोरिति**। हे अनवद्याङ्गि, सर्वानिन्द्यतनो सुन्दरि, तव बाहुलतान्तरे हस्तद्वयस्य मध्ये वक्षोदेशे जृम्भमाणयोः वर्धमानयोः स्तनयोः कुचयोः अवकाशः स्थानम् न पर्याप्तः न अलम्, विशालयोः कुचयोरवस्थानयोग्यं स्थानं नास्ति तव वक्षसि, तेन तदौन्नत्यविशालत्वे व्यञ्जिते। अत्र वर्णनायां कान्तिगुणः।

---

१. यान्येवं। २. लतान्तरम्।

इति एतत्पूर्वदर्शितं स्थलद्वयम् वार्त्ताविषयं वर्णनाविषयं चोदाहरणद्वयम् सम्भाव्यम् लोकप्रसिद्धतया संभवदुक्तिकम्, न तु कविप्रतिभामात्रकल्पितम्, तदेवेदं स्वतःसम्भाति विशेषाख्यानसंस्कृतम् विशिष्टप्रकारककथनेन संस्कृतम् उपश्लोकितं रञ्जितं सत् सर्वस्य लोकयात्रानुवर्त्तिनः लोकव्यवहारनिपुणस्य जनस्य कान्तं रमणीयं भवति, वार्त्तावर्णनयोः करणीययोः केवलं सामान्यपदप्रयोगेण कथने सति न कान्तिगुणः, अपितु विशिष्टवर्णनात्मकप्रकारेणैव कान्तिगुण इति भावः ॥ ८६–८८ ॥

हिन्दी—वास्तवमें वेही गृह गृह हैं—सौभाग्यशाली गृह हैं—जिन गृहोंको आपके समान तपस्वी जन अपने चरण की धूलिसे गौरवशाली बनाते हैं। इस श्लोकमें सत्पुरुषचरणधूलिसे गृह की सौभाग्यशालिताका वर्णन किया गया है, जो लोकव्यवहारप्रसिद्ध है, अतः यहाँ पर वार्त्तानिधानरूप कान्ति गुण है। दूसरा उदाहरण देते हैं—हे अनिन्द्यसर्वावयवे सुन्दरि! इन तेरे दोनों बढ़ते हुए स्तनोंके लिये लताके समान तेरे दोनों हाथोंके मध्यभागमें वक्षःस्थलपर पर्याप्त स्थान नहीं है, इन उभरे हुए कुचोंके लिये जितना स्थान पर्याप्त रूपमें अपेक्षित है, उतना लम्बा चौड़ा तुम्हारा वक्षःस्थल नहीं है। इस वर्णनमें लौकिक अर्थको बढ़ाकर कहा गया है, अतः कान्ति गुण है। इन दोनों उदाहरणोंमें जो बात कही गई है वह संभाव्य है—संभवदुक्तिक है, कहा जा सकता है, उसीको विशिष्ट प्रकार-वर्णन-प्रशंसाके लिये कहनेके कारण रोचक हो गया है, अतः इस तरहका कथन लोकव्यवहारनिष्णात जनके लिये हृद्य होता है ॥ ८६–८८ ॥

लोकातीत इवात्यर्थमध्यारोप्य विवक्षितः।
योऽर्थस्तेनातितुष्यन्ति विदग्धा नेतरे जनाः ॥ ८९ ॥
देवधिष्ण्यमिवाराध्यमद्यप्रभृति नो गृहम्।
युष्मत्पादरजःपातधौतनिःशेषकिल्बिषम्[2] ॥ ९० ॥
अल्पं निर्मितमाकाशमनालोच्यैव वेधसा।
इदमेवंविधं भावि भवत्याः स्तनजृम्भणम् ॥ ९१ ॥
इदमत्युक्तिरित्युक्तमेतद्गौडोपलालितम्।
प्रस्थानं प्राक्प्रणीतं तु सारमन्यस्य वर्त्मनः ॥ ९२ ॥

अत्यर्थम् लोकातीतः अत्यन्तं लोकप्रसिद्धिमतिक्रान्त इव योऽर्थः अध्यारोप्य कविप्रतिभया कल्पितः सन् विवक्षितः वक्तुमिष्टो भवति यं कमपि कल्पनामात्रनिष्पन्नस्वरूपं वस्तुविशेषम् कवयो विवक्षन्ति, तेन तादृशेन कल्पितार्थेन विदग्धाः चतुरा गौडा एव अतितुष्यन्ति नितरां प्रीतिमावहन्ति, इतरे जनाः वैदर्भाः न, अतितुष्यन्तीत्यर्थः। लोकप्रसिद्धिमतिक्रम्य स्थितेन कविकल्पितेनार्थेन केवलं गौडा एव सन्तुष्यन्ति, न वैदर्भाः, सेयं वस्तुस्थितिः। तत्र कान्तिगुणप्रक्रमे कविप्रतिभामात्रकल्पितेऽर्थे वार्त्ताप्रशंसयोरुदाहरणद्वयं दर्शयति—देवधिष्ण्यमिति। अल्पमिति च। अद्यप्रभृति अद्यारभ्य युष्मत्पादरजसां भवच्चरणधूलीनाम् पातेन पतनेन धौतं क्षालितं निःशेषं किल्बिषं सकलं पातकं यस्य तादृशम् नो गृहम् अस्मदीयमागारम् देवधिष्ण्यम् देवमन्दिरमिव आराध्यम् अजायतेति शेषः, यथा देवागारं लोका बह्वाद्रियन्ते, तथैव भवच्चरणधूलिपतनसञ्जातपातकनिवृत्तीदं मम गृहं लोका बहुमानेन संभावयिष्यन्तीत्यर्थः। अत्र हि कविकल्पित-

---

१. यथा। २. कल्मषम्। ३. इदमीदृग्विधं।

वस्तुना॰ लोकप्रसिद्धिरतिक्रम्यते, लोके हि सत्पुरुषचरणरजःसंपर्केण गृहस्य पवित्रतैव प्रसिद्धा नैव देवागारवदाराध्यता, सा तु तत्र कविनाऽध्यारोपिता। अत्र लौकिकार्थातिक्रमान्नेयं वैदर्भाणां मते कान्तिः, किन्तु गौडा इमां कान्तिमाहुः। वर्णनायां गौडाभिमतां कान्तिमाह—भवत्याः इदं पुरतो दृश्यम् स्तनजृम्भणम् कुचकलशविकासः एवंविधम् समस्ताकाशव्यापकम् भावि भविष्यत् अनालोच्य मनसाऽप्यचिन्तयित्वा वेधसा ब्रह्मणा आकाशम् अल्पम् स्वल्पविस्तारम् निर्मितम्। यस्मिन्नाकाशाभोगे मेरुमन्दरादयोऽसंबाधमासते तत्रापि व्योमनि वर्द्धमानयोः स्तनयोरवकाशाप्राप्त्या ब्रह्मणा स्तनयोर्विस्तारमविचिन्त्यैवाल्पं व्योम निर्मितं, यदि भवदीययोः स्तनयोर्विस्तारं ब्रह्मा पूर्वमचिन्तयिष्यत्तदा नेतादृशमल्पं व्योम निर्माय कृतित्वमाकलयिष्यदित्यर्थः। इदं वर्णनमतिशयोक्तिरूपम्, इदमपि गौडा एव कान्तत्वेनोदाहरन्ति, न वैदर्भा इति बोध्यम्। एवं गौडवैदर्भयोः कान्तिविषयं सिद्धान्तभेदं निरूपयति—इदम् पूर्वोक्तस्वरूपं काव्यम् अत्युक्तिः अतिशयोक्तिरूपम् इत्युक्तम् अलङ्कारशास्त्रनिष्णातैः एतत् अतिशयोक्तिरूपतया स्वीकृतम्, एतत् गौडोपलालितम् गौडैः कान्तिगुणत्वेनाभ्युपेतम्, प्राक् प्रणीतं पूर्वोक्तम्—कान्तं सर्वजगत्कान्तमित्यादिना पूर्वं निरूपितम् प्रस्थानं मार्गः अन्यस्य वर्त्मनः गौडभिन्नस्य वैदर्भसम्प्रदायस्येत्यर्थः ॥ ८९–९२ ॥

हिन्दी—जिस काव्यमें लोकातीत—लोकप्रसिद्धिसे बाहरके अर्थ कविकल्पनाद्वारा अध्यारोपित होकर प्रयुक्त हों, उससे विदग्ध—चतुर गौड़ लोग ही अतिशय सन्तोषका अनुभव करते हैं, वैदर्भ लोग नहीं। वार्ता—लोकोपचार-विषयमें या प्रशंसा-विषयमें जहाँ पर लोकप्रसिद्धिको छोड़कर कविगण अतिरञ्जनसे काम लेते हैं, वैसे काव्यमें अपनेको अत्यधिक बुद्धिमान् समझने वाले-विदग्ध-गौड़ लोगही सन्तुष्ट होते हैं, विदर्भमार्गके अनुयायी नहीं। गौड़ाभिमत कान्ति गुणके दो उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, उनमें पहला उदाहरण लोकोपचारका तथा द्वितीय उदाहरण वर्णनाका है।

हमारा गृह आजसे देवस्थानके समान सर्वपूज्य हो गया, क्योंकि आपके पदरजके गिरनेसे इस घरका समस्त पाप धुल गया है।

हे सर्वानवद्यगात्रे, आपके स्तन इतने बड़े होंगे इस बातको नहीं ध्यानमें रखा, अत एव ब्रह्माने आकाशको इतना छोटा बनाया,· यदि ब्रह्माकी बुद्धिमें आपके स्तनोंके भावी विस्तारकी बात आती, तो वह अवश्य इसको छोटा न बनाकर थोड़ा बड़ा बनाते।

यह अत्युक्ति है, अतिशयोक्ति है, जो गौड़ लोगोंको अधिक प्रिय है, इससे पूर्वमें—'कान्तं सर्वजगत्कान्तम्' इत्यादि द्वारा जो सोदाहरण कान्तिगुण बताया है वह विदर्भ संप्रदायका सार है ॥ ८९–९२ ॥

अन्यधर्मस्ततोऽन्यत्र लोकसीमानुरोधिना।
सम्यगाधीयते यत्र[1] स समाधिः स्मृतो[2] यथा ॥ ९३ ॥
कुमुदानि निमीलन्ति कमलान्युन्मिषन्ति च।
इति नेत्रक्रियाध्यासाल्लब्धा तद्वाचिनी श्रुतिः ॥ ९४ ॥

समाधिं नाम गुणं लक्षयति—**अन्यधर्म इति**। लोकसीमानुरोधिना लौकिकमर्यादापालनजागरूकेण कविना अन्यधर्मः अप्रस्तुतगतो गुणः ततोऽन्यत्रार्थात् प्रस्तुते यत्र

१. वस्तु। २. मतः।

वाक्यार्थे सम्यग् आधीयते साध्यवसानलक्षणया प्रत्याय्यते सः समाधिर्नाम गुणः स्मृतः आचार्यैः कथितः। इत्थं च प्रस्तुतस्य धर्मं तिरोधाय तत्र सदृशतया अप्रस्तुतधर्मस्य तादात्म्याध्यवसानं समाधिरिति फलितोऽर्थः। अयं समाधिरर्थगुणः, अर्थे अर्थान्तरारोपात्। उदाहरणमाह—**कुमुदानीति**। कुमुदानि स्वनामख्यातानि पुष्पाणि निमीलन्ति सङ्कुचन्ति, कमलानि सरोजानि च उन्मिषन्ति विकसन्ति। इति अनयोः वाक्ययोर्नेत्रक्रिययोः निमीलनोन्मीलनयोः संकोचविकासरूपयोरर्थयोरध्यासात् आरोपात् तद्वाचिनी श्रुतिः तत्प्रतिपाद्यता तच्छब्दवाच्यता लब्धा, अयमाशयः—निमीलनोन्मीलने नयनधर्मौ, कुमुदसङ्कोचकमलविकासयोः प्रतिपाद्ययोर्निमीलनोन्मीलनशब्दावुच्चार्यमाणौ सादृश्यातिशयमहिम्ना सङ्कोचविकासयोरुपचर्येते, सादृश्यमूलकमेव च तयोरेकशब्दप्रतिपाद्यत्वम्, तद्वाचिनी श्रुतिः तच्छब्दवाच्यता ॥ ९३–९४ ॥

हिन्दी—लोकसीमाके पालनमें तत्पर कविद्वारा जब अप्रस्तुत वस्तुके धर्म प्रस्तुत वस्तुपर आरोपित किये जाते हैं तब उसको समाधि गुण कहते हैं। यह अर्थगुण है क्योंकि एक अर्थपर दूसरा अर्थ आरोपित होता है। वामन आदिने आरोहावरोहक्रमरूप समाधिको शब्दगुण स्वीकार किया है। अन्यान्य आचार्योंके लक्षण उदाहरण निम्नलिखित हैं :—

भरत—

'अभियुक्तैर्विशेषस्तु योऽर्थस्यैवोपलभ्यते। तेन चार्थेन सम्पन्नः समाधिः परिकीर्त्यते॥'

भोजराज—'समाधिः सोऽन्यधर्माणां यदन्यत्राधिरोपणम्'।

(उदाहरण)—

प्रतीच्छत्याशोकीं किसलयपरावृत्तिमधरः कपोलः पाण्डुत्वादवतरति तालीपरिणतिम्।
परिम्लानप्रायामनुवदति दृष्टिः कमलिनीम्, इतीयं माधुर्यं स्पृशति न तनुत्वं च भजते॥

यहाँ पर प्रतीच्छति, अवतरति, अनुवदति, इत्यादि चेतनक्रियाओंका अचेतन अधरादि पर आरोप किया गया है, अतः समाधि गुण है।

वाग्भट—'अन्यस्य धर्मो यत्रान्यत्रारोप्यते स समाधिः'।

पण्डितराज जगन्नाथने समाधिको अर्थगुण नहीं मानकर एक विचित्र लक्षण बता दिया है जिससे यह कविताका नहीं कविका गुण हो जाता है, उनका लक्षण है—'अवर्णितपूर्वोऽयमर्थः पूर्ववर्णितच्छायो वेति कवेरालोचनं समाधिः'। 'समाधिस्तु कविगतः काव्यस्य कारणं, न तु गुणः, प्रतिभाया अपि काव्यगुणत्वापत्तेः'।

आचार्य दण्डीने जिसे अर्थगुण कहा है उस समाधिका उदाहरण दिया है—कुमुदिनीति। कुमुदिनी बन्द हो रही है, (निमीलित-संकुचित हो रही है) और कमल खुल रहे हैं (उन्मिषित हो रहे हैं—खिल रहे हैं) इसमें आँखकी क्रियाओं (निमीलन और उन्मेष) का कुमुदिनी एवं कमलकी क्रियाओंपर आरोप किया गया है, इसीलिए उसी क्रियाको प्रकट करनेवाले शब्द प्रयुक्त हुए हैं॥ ९३–९४॥

निष्ठ्यूतोद्गीर्णवान्तादि गौणवृत्तिव्यपाश्रयम्[1]।
अतिसुन्दरमन्यत्र[2] ग्राम्यकक्षां विगाहते॥ ९५॥
पद्मान्यर्कांशुनिष्ठ्यूताः पीत्वा पावकविप्रुषः।
भूयो वमन्तीव मुखैरुद्गीर्णारुणरेणुभिः॥ ९६॥
इति हृद्यमहृद्यं तु निष्ठीवति वधूरिति।

---

१. व्यपाश्रयात्। २. अन्यत्तु।

इतः पूर्वं समाधिगुणप्रस्तावे साध्यवसानलक्षणयाऽन्यदीयधर्मस्यान्यत्रारोपो भवतीत्युक्तम्, तत्प्रसङ्गेन कानिचित्पदानि गौणवृत्त्यैव शोभातिशयं वहन्ति, नतु मुख्यवृत्त्येत्यभिधातुमाह—**निष्ठ्यूतेत्यादि**। निष्ठ्यूतोद्गीर्णवान्तादि निष्ठ्यूतम् उद्गीर्णम् वान्तम् इत्यादि पदम् गौणवृत्तिव्यपाश्रयम् लाक्षणिकम् लक्षणावृत्त्याश्रयम् एवं सत् अतिसुन्दरम् सहृदयमनोहरम् (तथा सत्येव समाधिगुणोदयात्) अन्यत्र मुख्यया वृत्त्या प्रयुक्तत्वे तु ग्राम्यकक्षां विगाहते ग्राम्यत्वदोषपूर्णं भवतीत्यर्थः। उदाहरणमाह—पद्मानि कमलानि अर्कांशुनिष्ठ्यूताः सूर्यकरक्षिप्ताः पावकविप्रुषः वह्निस्फुलिङ्गान् पीत्वा उद्गीर्णारुणरेणुभिः बहिस्त्यक्तरक्तपरागैः भूयो वमन्तीव। सांध्यपवनकम्पितस्खलत्परागपद्मवर्णनमिदम्। सूर्यनिष्ठ्यूताग्निकणपायिनो जलजसमूहाः स्खलत्परागतया उद्गीर्णारुणरेणुभिर्मुखैः पुनरपि पीतपूर्वान् अग्निकणान् वमन्तीवेति भावः। अत्र निष्ठ्यूतपदं बहिःक्षिप्ते, पानपदं ग्रहणे, वमतिक्रिया बहिःक्षेपे, उद्गीर्णपदं निर्गमे, एवमेतानि पदानि लाक्षणिकानि। इति हृद्यम् एतत् सहृदयमनोहरम्, ग्राम्यकक्षविगाहितयाऽहृद्यं तु यथा निष्ठीवति वधूरिति। निष्ठ्यूतपदं तथान्यदपि च तादृशं पदं लाक्षणिकत्वे सति चमत्कारातिशयं पुष्णाति। तथा प्रयुक्तं महाकविसुबन्धुना—'अविदितगुणाऽपि सत्कविभणितिः कर्णेषु वमति मधुधाराम्'। तथा चैतानि निष्ठ्यूतादिपदानि लक्षणायां कृतायामेव शोभातिशयं पुष्यन्ति इति प्रतिज्ञातं समर्थितम् ॥ ९५-९६ ॥

हिन्दी—कमल सूर्यकी किरणों से थूके हुए (निकलते हुए) अग्निकणोंका पान करके अपने मुखोंसे लाल परागरेणुओंको निकालते हुए (वमन करते हुए) ऐसे दीख पड़ते हैं, मानो वमन कर रहे हों।

इस श्लोकमें सान्ध्य पवनसे कम्पित तथा परागपाती कमलका वर्णन किया गया है। यहाँ निष्ठ्यूत पदका मुख्यार्थ है थूकना, लक्ष्यार्थ निकलना, वमन्ति का मुख्यार्थ-वमन करना, लक्ष्यार्थ बाहर निकालना, उद्गीर्णका मुख्यार्थ उगलना, लक्ष्यार्थ गिराना है। इससे यह निष्कर्ष निकाला गया है कि थूकना, उगलना, वमन आदि शब्द यदि मुख्यार्थ छोड़कर गौण वृत्तिके द्वारा अन्यार्थका बोध करावें तो सुन्दर होते हैं, लाक्षणिक प्रयोग हो जानेके कारण समाधि गुणके उद्भूत हो जानेसे चमत्कारयुक्त हो जाते हैं, जैसे यहाँ पूर्वोक्त उदाहरणमें; और जहाँ पर मुख्यार्थमें ही रहते हैं वहाँ इन पदोंके प्रयोग होने पर ग्राम्यत्व दोष होता है। वैसा होनेपर वह असुन्दर हो जाता है, जैसे वधूः निष्ठीवति ॥ ९५-९६ ॥

युगपन्नैकधर्माणामध्यासश्च स्मृतो[1] यथा ॥ ९७ ॥
गुरुगर्भभरक्लान्ताः[2] स्तनन्त्यो मेघपङ्क्तयः।
अचलाधित्यकोत्सङ्गमिमाः समधिशेरते ॥ ९८ ॥
उत्सङ्गशयनं सख्याः स्तननं गौरवं क्लमः।
इतीमे[3] गर्भिणीधर्मा बहवोऽप्यत्र[4] दर्शिताः ॥ ९९ ॥

'अन्यधर्मस्ततोऽन्यत्रे' त्यादिकारिकया समाधिर्नाम गुणो लक्षितः, तत्र किमेकधर्मारोप एव समाधिरुतानेकधर्मेऽपीति शङ्कायामाह—**युगपदिति**। नैकधर्माणाम् अन्यदीयगुणक्रियारूपानेकधर्माणाम् युगपत् सहैव अध्यासः आरोपश्च समाधिः स्मृतः, तथा चैकस्मिन्धर्मे

१. मतो। २. भराक्लान्ताः। ३. इहैमे। ४. वोन्यत्र।

आरोप्यमाण इवानेकस्मिन्नपि धर्म आरोप्यमाणे समाधिर्नाम गुणो भवतीति निष्कर्षः। तत्रैकधर्मारोपे समाधिरुदाहृतपूर्वः, सम्प्रति बहुधर्मारोपरूपसमाधिमुदाहरति—**गुरुगर्भेति**। गुर्व्यः एकत्र मेघमालायां जलेनापरत्र गर्भिण्यां गर्भभारेण च स्थूलाः, एवं गर्भभरेण अन्तर्गतजलेन भ्रूणेन च क्लान्ताः मन्दीभूताः, स्तनन्त्यः शब्दायमानाः क्लान्तिसूचकशब्दं कुर्वत्यश्च, एतादृश्यो मेघपङ्क्तयः घनमालाः (गर्भिण्यश्च) इमाः अचलाधित्यकायाः पर्वतोर्ध्वदेशस्य (सख्याश्च) उत्सङ्गम् क्रोडं समधिशेरते संश्रयन्ते, यथा गर्भिण्योऽङ्गनाः स्थूलोदराः क्लान्ताः सशब्दाश्च सख्युत्सङ्गे शेरते, तथैव मेघमाला जलपूर्णा मन्दाः स्तनन्त्यश्च पर्वतोर्ध्वदेशमाश्रयन्तीति भावः। अत्र मेघपङ्क्तिषु तत्तद्धर्मनिगरणेन बहूनां गौरवादीनां गर्भिणीधर्माणां युगपदध्यासात् समाधिर्नाम गुणः। तदेवोपपादयति—**उत्सङ्गेति**। 'सख्या उत्सङ्गे शयनं स्तननं गौरवं क्लमः' इतीमे बह्वो गर्भिणीधर्मा दर्शिताः आरोपेण मेघमालायां कथिताः। स्तननादेर्गर्भिणीधर्मत्वमाह वाग्भटः—

क्षामता गरिमा कुक्षौ मूर्च्छा छर्दिररोचकम्।
जृम्भाप्रसेकः................॥ इत्यादि। (शारीरस्थाने १. ५०)

अत्र स्तनितशब्दः सामान्यध्वनिपरो न मेघशब्दपरः, तथा सति तस्य गर्भिणीधर्मत्वाप्रसक्तेः॥ ९७-९९॥

हिन्दी—पूर्वोक्त समाधिलक्षणमें 'अन्यधर्मस्ततोऽन्यत्र' इस प्रकार सामान्यतः अन्य धर्म कहा गया है, उसमें एक धर्मका अध्यास या अनेक धर्मका अध्यास हो यह बात स्पष्ट नहीं की गई है उसीको स्पष्ट करते हैं—युगपदिति। अनेक धर्मोंका एक साथ आरोप भी समाधि नामक गुण है। उसका उदाहरण—गुरुगर्भेति। यह मेघमाला (सगर्भा नायिका) भारी जल (गर्भभार) से, मन्दीभूत होकर गरजती (सिसकती) है, और अचलाधित्यकाकी (सखीकी) गोदमें सोती है। इस श्लोकमें सखीकी गोदमें सोना, शब्द करना, मन्दता, गौरव आदि अनेक गर्भिणीधर्मोंका मेघमालामें आरोप किया गया है। यद्यपि—'स्तनितभणितादि सुरते' इस अमरके अनुसार स्तनित का अर्थ सुरत-शब्द ही होता है, तथापि यहाँपर—'आर्त्तस्तनितसंनादे रुधिराम्बुहदाकुले' इत्यादि हरिवंशस्थ प्रयोगके देखनेसे स्तनित शब्द सामान्य ध्वनिमें प्रयुक्त हुआ है॥ ९७-९९॥

तदेतत्काव्यसर्वस्वं समाधिर्नाम यो गुणः।
कविसार्थः समग्रोऽपि तमेनमनुगच्छति॥ १००॥

समाधिं प्रशंसन् गुणनिरूपणमुपसंहरति—तत् तस्मात् प्रोक्तदिशा काव्यचमत्कृतिजननात् समाधिर्नाम यो गुणः पूर्वमुक्तः एतत् काव्यसर्वस्वम् काव्ये जीवनस्वरूपतयाऽवश्यमपेक्षणीयम्। तमेनं समाधिं समग्रोऽखिलोऽपि गौडवैदर्भसम्प्रदायविभक्तः कविसार्थः कविगणः एनम् समाधिम् अनुगच्छति आद्रियते, साभिनिवेशं स्वकाव्येषु योजयितुं यतते॥ १००॥

हिन्दी—इस प्रकार वर्णित यह समाधि गुण काव्यमें चमत्कार उत्पन्न करनेके कारण काव्यका जीवन है, अतः अवश्य उपादेय है, गौड़ तथा वैदर्भ दोनों सम्प्रदायोंके अनुगामी कविगण इसे अपनाते हैं।

गुणके सम्बन्धमें प्राचीन तथा अर्वाचीन आचार्योंमें बड़ा भारी मतभेद है, प्राचीन वामनाचार्योंने—

'श्लेषः प्रसादः समता माधुर्यं सुकुमारता। अर्थव्यक्तिरुदारत्वमोजःकान्तिसमाधयः'॥

---

१. तमेक।

इन दश अर्थगुणोंको तथा इसी नामवाले दश शब्दगुणोंको स्वीकार करते हैं। सबके अलग-अलग लक्षण-उदाहरण भी उन्होंने दिये हैं।

मम्मट आदि नवीन आचार्योंने इन बीस गुणोंकी जगह पर केवल तीन गुण माने हैं। उनका कहना है कि—

'केचिदन्तर्भवन्त्येषु दोषत्यागात् परे श्रिताः। अन्ये भजन्ति दोषत्वं कुत्रचिन्न ततो दश ॥'

इस प्रकार मम्मटने दश शब्दगुणों को अस्वीकृत कर दिया है, उन्होंने—श्लेष, उदारता प्रसाद और समाधि नामक चार शब्दगुणोंको ओजोव्यञ्जक घटनामें अन्तर्भूत बताया है। माधुर्यको व्यङ्ग्यमाधुर्य गुणव्यञ्जक रचनास्वरूप ही कहा है। समताको जो मार्गभेदस्वरूप है, उसे अनवीकृतत्वरूप दोष बताया है। कान्ति और सुकुमारताको ग्राम्यत्व और कष्टत्वरूप दोषाभावस्वरूप कहा है, एवं अर्थव्यक्ति नामक गुणको प्रसादमें अन्तर्भूत बताया है। इस प्रकार प्राचीनोक्त दश गुणोंका माधुर्य, ओज, प्रसाद नामक स्वाभिमत गुणत्रयमें अन्तर्भाव बताया गया है, 'माधुर्यौजः-प्रसादाख्यास्त्रयस्ते न पुनर्दश'। यह हुआ शब्दगत दश गुणोंका विवेचन।

अर्थगत दश गुणोंका भी इस प्रकार अन्तर्भाव किया गया है—

श्लेष तथा ओजोगुणके प्राचीनोक्त चार भेद वैचित्र्यमात्र हैं, अतः उन्हें गुण नहीं मानना चाहिये।

प्रसादगुण अधिकपदत्वरूप दोषाभावस्वरूप है।

माधुर्य उक्तिवैचित्र्यमात्र हैं। इसे अनवीकृतत्वरूप दोषाभावस्वरूप कहा गया है।

सुकुमारता अमङ्गलरूपाश्लीलत्वदोषाभावरूप है।

उदारता ग्राम्यत्वरूप दोषाभावस्वरूप है।

समता भग्नप्रक्रमत्वरूप दोषाभावस्वरूप है।

साभिप्रायविशेषणत्वरूप ओजका पञ्चम प्रकार अपुष्टार्थत्वरूप दोषाभावस्वरूप है।

अर्थव्यक्तिका स्वभावोक्ति नामक अलङ्कारमें अन्तर्भाव होता है।

कान्तिको रसध्वनिरूप या रसवदलङ्काररूप माना है।

समाधिको कविका गुण माना गया है, काव्यगुण नहीं।

इस प्रकार दशविध अर्थगुणोंकी भी विवेचना की गई है। फलतः तीन— माधुर्यौजःप्रसाद नामक गुण ही अर्थगत हैं। दण्डीने अपना विचार भरतके अनुसार कायम रखा है ॥ १०० ॥

इति मार्गद्वयं भिन्नं तत्स्वरूपनिरूपणात्।
तद्भेदास्तु न शक्यन्ते वक्तुं प्रतिकविस्थिताः ॥ १०१ ॥
इक्षुक्षीरगुडादीनां माधुर्यस्यान्तरं महत्।
तथापि न तदाख्यातुं सरस्वत्यापि शक्यते ॥ १०२ ॥

इति प्रागुक्तप्रकारेण तयोः गौडवैदर्भमार्गयोः स्वरूपस्य असाधारणधर्मस्य निरूपणात्—'इति वैदर्भमार्गस्य प्राणा दशगुणाः स्मृताः। एषां विपर्ययः प्रायो दृश्यते गौडवर्त्मनि ॥' इत्यादिना भिन्नतया प्रतिपादनात् मार्गद्वयं गौडवैदर्भप्रस्थानद्वयम् भिन्नम् अत्यन्तविसदृशम्। प्रतिकविस्थिताः तद्भेदाः तयोर्गौडवैदर्भमार्गयोरवान्तरप्रकारा आवन्तिकीलाटीमागध्यादयः वक्तुं न शक्यन्ते। तयोर्मार्गयोरवान्तरभेदोऽशक्यनिरूपणस्तत्र कारणं दृष्टान्तेन विशदयति—इक्षुक्षीरेति। इक्षुः, क्षीरं पयः, गुड इक्षुविकारस्तदानीनां इक्षुक्षीरगुडशर्कराखर्जूरप्रभृतिमधुरपदार्थानां माधुर्यस्य मधुरताया अन्तरम् परस्परतारतम्यं महदस्ति, तथापि सत्यपि माधुर्यभेदे यथा तदीयोऽवान्तरभेदः सरस्वत्या

वाचामधिष्ठात्र्याऽपि आख्यातुं वक्तुं न शक्यते तथैव गौडवैदर्भसम्प्रदाययोर्विद्यमानानां लाटीमागध्यादीनां प्रभेदविशेषाणां विशिष्टं भेदतारतम्यं वक्तुमशक्यमिति भावः ॥१०२-१०२॥

हिन्दी—इस प्रकार परस्पर भिन्न दो मार्ग—सम्प्रदाय चलते आ रहे हैं, इनके स्वरूपका निरूपण कर दिया गया, इनमें अवान्तर प्रभेद कविभेदसे अनन्त हैं, उनका वर्णन असंभव है।

जिस प्रकार ईख, दूध एवं गुड़में वर्त्तमान माधुर्यमें अन्तर है, वह अन्तर महान् है, परन्तु उसका वर्णन सरस्वती भी नहीं कर सकती, उसी प्रकार गौड़वैदर्भ-सम्प्रदायान्तर्गत उपभेदोंके बीच वर्तमान महान् भेदका वर्णन अशक्य है ॥ १०१–१०२ ॥

नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहु निर्मलम्।
अमन्दश्चाभियोगोऽस्याः कारणं काव्यसम्पदः ॥ १०३ ॥

एतावता ग्रन्थेन काव्यस्वरूपमभिधाय सम्प्रति तत्कारणमाह—**नैसर्गिकीति**। नैसर्गिकी स्वभावसिद्धा पूर्वजन्मसंस्कारासादिता प्रतिभा प्रज्ञा तथा संशयादिमलसम्पर्करहितम् बहु नानाशास्त्रविषयं परिशीलनं श्रुतम् शास्त्राभ्यसनम्, तानि च शास्त्राणि पदवाक्य-प्रमाणसाहित्यच्छन्दोऽलङ्कारश्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासागमनाट्याभिधानकोशकामार्थयोगशास्त्रा-दिरूपाणीति परिगणितमाचार्यैः, तथा अमन्दः महान् अभियोगः काव्यविच्छिक्षया पुनः पुनः काव्यकरणप्रवृत्तिरित्येतत्त्रयं काव्यसंपदः काव्यसम्पत्तेः साधुकाव्यनिर्मितेः कारणम्। कारणमित्येकवचनेन कारणता व्यासक्ता न तु प्रत्येकपर्याप्तेति बोधितम् ॥ १०३ ॥

हिन्दी—यहाँ तक सोपोद्घात काव्यस्वरूपवर्णन किया गया, अब इस कारिकासे काव्यका कारण बताते हैं। पूर्वजन्मसंस्कारासादित प्रतिभा, नानाशास्त्रपरिशीलन और काव्य करनेका सतत अभ्यास ये ही तीन वस्तु मिलितरूपमें काव्यके प्रति कारण हैं। कारणपदमें एकवचन विभक्ति सम्मिलित कारणताकी अभिव्यक्ति करती है। यहाँ पर अन्यान्य आचार्योंके मतमें काव्यकारणत्वका जो विचार किया गया है, वह भी संक्षेपमें प्रस्तुत किया जाता है। अतिप्राचीन आलङ्कारिक भामहने कहा है—

'काव्यं तु जायते जातु कस्यचित् प्रतिभावतः।
शब्दाभिधेये विज्ञाय कृत्वा तद्विदुपासनम् ॥
विलोक्यान्यनिबन्धांश्च कार्यः काव्यक्रियाऽऽदरः'।

इन शब्दोंमें भामहने प्रतिभा, काव्यज्ञशिक्षा और विविध शास्त्रज्ञानको कारण माना है।

यहाँ इतना स्पष्ट समझ लेना चाहिये कि भामहने प्रतिभाको प्राधान्य दिया है और काव्यज्ञ-शिक्षा तथा अभ्यासको सहायक माना है परन्तु दण्डीने तीनोंको समान भावसे कारण पदपर आसीन किया है।

वामनने कहा है—'लोको विद्या प्रकीर्णञ्चेति काव्याङ्गानि'। 'लोकवृत्तं लोकः, शब्दस्मृत्यभि-धानकोशच्छन्दोविचितिकलाकामशास्त्रदण्डनीतिपूर्वा विद्याः, लक्ष्यज्ञत्वमभियोगो वृद्धसेवावेक्षणं प्रतिभानमवधानञ्च प्रकीर्णम्, कवित्वबीजं प्रतिभानम्, जन्मान्तरगतसंस्कारविशेषः कश्चित्, यस्मा-द्विना काव्यं न निष्पद्यते, निष्पन्नं वा हास्यायतनं स्यात्'।

इस प्रकार वामनने भामहके पक्षमें ही अपना साक्ष्य दिया है ऐसा प्रतीत होता है, रुद्रटने अपने काव्यालङ्कार में इस प्रकार कहा है—

'त्रितयमिदं व्याप्रियते शक्तिर्व्युत्पत्तिरभ्यासः'।

रुद्रटके इस वचनसे काव्यप्रकाशकारके मतकी पुष्टि होती है, काव्यप्रकाशकारने कहा है—

'शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्। काव्यज्ञशिक्षयाऽभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे'॥'

इससे काव्यकारणता व्यासज्यवृत्त्या त्रितयगत है यह दण्डीका मत प्रमाणित किया जाता है। पीयूषवर्षी जयदेवने कहा है—

'प्रतिभैव श्रुताभ्याससहिता कवितां प्रति। हेतुर्मृदम्बुसम्बद्धबीजव्यक्तिर्लतामिव' ॥

इस प्रसङ्गमें एक बात ध्यान देने योग्य है कि त्रितयकारणतावादी लोगों में दो सम्प्रदाय हैं, एक समान भावसे कारणतावादी, दूसरे प्राधान्येन प्रतिभाकारणतावादी होकर भी व्युत्पत्ति तथा अभ्यासको सहायक माननेवाले। प्रथम पक्षमें स्पष्टतः काव्यप्रकाशकार, दण्डी आदि आते हैं और द्वितीय पक्षमें वामन, रुद्रट, जयदेव आदि।

पण्डितराज जगन्नाथने केवल प्रतिभाको कारण माना है, वह कहते हैं—

'तस्य च कारणं केवला कविगता प्रतिभा, नतु त्रयमेव, बालादेस्तौ (व्युत्पत्त्यभ्यासौ) विनापि केवलान्महापुरुषप्रसादादपि प्रतिभोत्पत्तेः'।

पण्डितराजको अपने सिद्धान्तका बीज राजशेखरके ग्रन्थ काव्यमीमांसामें मिला था, वहाँ कहा है—

'सा शक्तिः केवलं काव्ये हेतुरिति यायावरीयः। विप्रसृतिश्च सा व्युत्पत्त्यभ्यासाभ्याम्। शक्तिकर्तृके हि प्रतिभाव्युत्पत्तिकर्मणी। शक्तस्य प्रतिभाति। शक्तश्च व्युत्पद्यते' ॥ १०३ ॥

न विद्यते यद्यपि पूर्ववासनागुणानुबन्धिप्रतिभानमद्भुतम्।
श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम् ॥ १०४ ॥

यद्यपि सहजा प्रतिभा पुरुषप्रयत्नसंपाद्या न भवति, तथाऽपि सहजप्रतिभाऽभावेऽपि कवित्वम् संभवति तदाह—**न विद्यत इति**। अद्भुतम् अलौकिककविताप्रकटीकारेणाश्चर्यावहम् पूर्ववासनागुणानुबन्धि प्राक्तनसंस्कारसंबद्धम् प्रतिभानम् प्रतिभाशक्तिः यद्यपि न विद्यते, तथापि श्रुतेन तत्तच्छास्त्रपरिशीलनेन यत्नेन काव्यज्ञशिक्षया काव्यकरणाभ्यासेन च उपासिता सेविता वाक् कमपि अनुग्रहम् काव्यकरणसामर्थ्यरूपं प्रसादम् करोत्येव। ध्रुवमित्यनेन व्यभिचारशङ्का निरस्ता। प्रतिभाऽभावेऽपि शास्त्राभ्यासकवितानिर्माणप्रवृत्तिभ्यां जायते काव्यकरणसामर्थ्यमिति भावः। एतेन प्रतिभाऽभावेऽपि कालिदासादयः प्राक्तनप्रतिभाऽभावेऽपि देव्याराधनादिना प्रतिभां प्रादुर्भावयामासुरिति यत्नस्य सार्थक्यमुक्तम् ॥ १०४ ॥

हिन्दी—यद्यपि वह अद्भुत प्रतिभा, जो पूर्वकी वासना—प्राक्तन संस्कारसे उत्पन्न होती है, न भी हो, तथापि पठन तथा काव्याभ्यासके द्वारा सरस्वतीकी सेवा करने वालोंके ऊपर सरस्वती अवश्य अनुग्रह करती है। प्राक्तनसंस्कारवशोन्मिषित प्रतिभाके न रहने पर भी यदि शास्त्रोंका अध्ययन तथा काव्य करनेका अभ्यास जारी रखा जायगा, तो सरस्वती अवश्य कवितानिर्माणमें साफल्यरूप अनुग्रह करेगी ॥ १०४ ॥

तदस्तन्द्रैरनिशं सरस्वति श्रमादुपास्या खलु कीर्तिमीप्सुभिः।
कृशे कवित्वेऽपि जनाः कृतश्रमा विदग्धगोष्ठीषु विहर्तुमीशते ॥ १०५ ॥

इत्याचार्यदण्डिनः कृतौ काव्यादर्शे मार्गविभागो नाम
प्रथमः परिच्छेदः।

---

१. कमपि। २. रप्सुभिः ३. श्रुते।

तत् तस्मात् (सेविता सरस्वती निश्चयेन दयते इति हेतोः) अस्ततन्द्रैः आलस्यरहितैः कीर्त्तिमीप्सुभिः कवित्वादिजनितशयोऽभिलाषशालिभिः अनिशं सततम् सरस्वती उपास्या खलु निश्चयेनाराध्या। कदाचित् कवित्वे काव्यनिर्माणे कृशे स्वल्पे अपि कृतश्रमाः कृतकाव्यनिर्माणाभ्यासा जनाः विदग्धगोष्ठीषु सहृदयसमाजेषु विहर्त्तुं सरसतया काव्य-रहस्यज्ञत्वेन यथायथं काव्यानि बोद्धुम् ईशते क्षमन्ते, प्रतिभाया अभावेऽपि यदि लोकोऽनलसः सन् काव्यकर्मणि व्याप्रियते, तदाऽसत्यपि काव्यनिर्माणप्रावीण्ये काव्यार्थ-ज्ञत्वमासाद्य सरसजनसमाजे दक्षतामुपयाति, सरस्वत्युपासनं व्यर्थं नैव जायते, अतः सर्वथा सरस्वत्युपासनीयेति भावः ॥ १०५ ॥

हिन्दी—इसलिये कीर्त्तिकी कामना रखने वालोंको चाहिये कि वे आलस्यका त्याग करके परिश्रमपूर्वक सरस्वतीकी उपासना—शास्त्राध्ययन तथा काव्यकरणाभ्यास में तत्पर रहें, (प्रतिभाके नहीं रहनेके कारण शास्त्रज्ञान और अभ्यासके होने पर भी यदि) कवित्वका उद्भव अत्यल्प-मात्रामें होगा, नहींकी मात्रामें होगा, तथापि सरस्वतीकी निरन्तर उपासना करने वालोंको रसिकजनगोष्ठोमें काव्यार्थज्ञानशक्तिसे यथोचित व्याहार तथा व्यवहारकी क्षमता प्राप्त हो जायगी, सरस्वतीकी उपासना व्यर्थ नहीं हो सकती है, कवि न हों, काव्यज्ञ होकर रहेंगे ॥ १०५ ॥

इति मैथिल पण्डित श्रीरामचन्द्रमिश्रशर्मप्रणीते काव्यादर्श'प्रकाशे'
प्रथमपरिच्छेद 'प्रकाशः' ।

—oo:o:oo—

द्वितीयः परिच्छेदः

काव्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान् प्रचक्षते।
ते चाद्यापि विकल्प्यन्ते कस्तान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति॥ १॥

अथावसरप्राप्तान् अलङ्कारान्निरूपयितुकामो दण्डी प्रथममलङ्कारसामान्यलक्षणमाह— **काव्यशोभेति।** काव्यस्य इष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावलिः काव्यमिति लक्षितस्वरूपस्य शोभायाः रमणीयतायाः कराः सम्पादका ये धर्मा अनुप्रासोपमादयस्तान् अलङ्कारान् प्रचक्षते आहुः, प्राचीना इति शेषः। यथा सौन्दर्यमण्डितस्य वपुषो हारादयः शोभामतिशाययन्ति, तथा गुणवतः काव्यस्यानुप्रासोपमादयः शोभां पुष्यन्ति इत्याशयः, एतेनालङ्काराणां शब्दार्थगतत्वं प्रतीङ्गितं कृतम्। स्फुटीभविष्यति चेदमग्रे–'इति वाचामलङ्काराः पञ्चैवान्यैरुदाहृताः' इत्युपक्रमे, 'गिरामलङ्कारविधिः सविस्तरं स्वयं विनिश्चित्य धिया मयोदितः' इति चोपसंहारे। भरतेनाप्यत्र प्रसङ्गे इत्थमेवोक्तम्—'काव्यस्यैते ह्यलङ्काराश्चत्वारः परिकीर्तिताः'। वामनोऽप्याह—'काव्यशोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः, तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः'। अयमेव च गुणालङ्कारयोर्भेदो यद् गुणा नित्याः, तैर्विना काव्यशोभानुपपत्तेः, अलङ्कारास्तु चलस्थितयः। एतच्चालङ्कारलक्षणनिर्वचनप्रसङ्गे प्रतिपादितमाचार्यैः, तथा च काव्यप्रकाशः—'ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः। उत्कर्षहेतवस्ते स्युरचलस्थितयो गुणाः॥ उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्। हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः॥' काव्यप्रदीपकारोऽपि लक्षणनिर्वचनवर्त्मनार्थमिममावर्त्तयति—'रसोपकारकत्वे सति तदवृत्तित्वं, तथात्वे सति रसव्यभिचारित्वम्, अनियमेन रसोपकारकत्वं चेति सामान्यलक्षणत्रयमलङ्काराणाम्।' एतावताऽलङ्कारसामान्यं लक्षितम्, सम्प्रति तत्तदलङ्काराणां बहुप्रभेदत्वं विभाव्य तद्विवेचने स्वस्यासामर्थ्यं सविनयमुपन्यस्यति— **ते चाद्यापीति।** ते च अलङ्काराः अद्यापि सम्प्रति अपि विकल्प्यन्ते विविधकल्पनाभिः नवनवा उद्भाव्यन्ते, तथा चोक्तं ध्वन्यालोके—'सहस्रशो हि महात्मभिरन्यैरलङ्कारप्रकाराः प्रकाशिताः प्रकाश्यन्ते च' इति। अतः कः तान् अलङ्कारान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति साकल्येन निरूपयिष्यति। मेधाविनां कल्पनायाः कदापि विरामाभावात् कल्पनाप्रभविनामलङ्काराणामियत्तया परिच्छिद्य निरूपणमशक्यमिति तात्पर्यम्॥ १॥

हिन्दी—काव्यकी शोभाको समृद्ध करनेवाले धर्मोंको अलङ्कार कहते हैं, पूर्वोक्तस्वरूप काव्यकी शोभा जिनसे बढ़े ऐसे धर्म अलङ्कार कहे जाते हैं। जैसे सौन्दर्यमण्डित शरीरको हारादि अलङ्कार अधिक सुशोभित करते हैं उसी तरह गुणयुक्त काव्यको अनुप्रासोपमादि अधिक शोभासम्पन्न बनाते हैं। काव्यप्रकाशकारने अलङ्कारका जो लक्षण दिया है उससे प्रसङ्ग स्पष्ट हो जाता है, उन्होंने लिखा है—

'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्। हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः'॥

अर्थात् जैसे हार आदि आभूषण कण्ठ आदि अङ्गके सौन्दर्यवर्धक हुआ करते हैं, उसी तरह उपमा आदि अलङ्कार शब्द और अर्थरूप अङ्गके सौन्दर्यवर्धक हुआ करते हैं।

---

१. काव्ये। २. कार्त्स्न्येन।

इस प्रसङ्गमें इतना जान लेना आवश्यक है कि प्राचीन आचार्यगण अलङ्कारोंको शब्दार्थगत मानते थे, दण्डीने भी इसी बातको स्वीकार किया है, उन्हें अलङ्कारोंसे रसोत्कर्षकी चिन्ता नहीं थी, परन्तु बादके आचार्योंने अलङ्कारोंसे रसको उत्कृष्ट बनानेकी दिशामें ध्यान दिया। काव्य-प्रकाशकारने कहा है—

'ये वाच्यवाचकलक्षणाङ्गातिशयमुखेन मुख्यरसं सम्भविनमुपकुर्वन्ति ते कण्ठाद्यङ्गानामुत्कर्षा-धानद्वारेण शरीरिणोऽप्युपकारका हारादय इवालङ्काराः। यत्र तु नास्ति रसस्तत्रोक्तिवैचित्र्यमात्र-पर्यवसायिनः'।

इसका अनुवाद इस प्रकार किया गया है—

'कविताके अलङ्कार वे हुआ करते हैं जो कविताके वाचक और वाच्य—शब्द और अर्थरूप अङ्गोंके सौन्दर्यकी वृद्धि किया करते हैं, और उसी प्रकार किया करते हैं जैसे हार आदि आभूषण किसी सुन्दरीके कण्ठ आदि अङ्गों की। किन्तु अलङ्कारोंसे वाच्यवाचकरूप अङ्गोंकी सौन्दर्य-वृद्धि तभी संभव है जबकि कविताका व्यक्तित्व—कविताका रसरूप आत्मतत्त्व सुन्दर हो, क्योंकि आभूषणोंसे भी कण्ठ आदि अङ्गोंकी श्रीवृद्धि तभी हुआ करती है जब कि उन्हें धारण करने वाली स्त्री सुन्दरी हो, अन्यथा तो जैसे किसी कुरूप स्त्री के हार आदि आभूषण देखने वालोंके लिये दृष्टिवैचित्र्यसे लगने लगते हैं, वैसे ही नीरस कविताके अनुप्रास आदि अलङ्कार पढ़ने वालोंके लिये वैचित्र्यमात्र प्रतीत होते हैं।

इस प्रकार अलङ्कारका लक्षण बताया गया, अब उसका समग्रभावसे वर्णन करना संभव नहीं है क्योंकि वे तो प्रतिदिन नये-नये बनते हैं, अतः किसकी क्षमता है कि उनका समग्र भावसे निरूपण कर सके, यह बात उत्तरार्धसे कही गई है। आचार्य दण्डोने इस कारिकार्धसे अपनी नम्रता प्रकट की है, उनका कहना है कि ध्वनिकारके शब्दोंमें—'सहस्रशो हि महात्मभिरन्यैरलङ्कारप्रकाराः प्रकाशिताः प्रकाश्यन्ते च' प्रतिदिन मेधावियोंकी कल्पनायें नयी-नयी कल्पनाओं द्वारा नये-नये अलङ्कारोंको प्रस्तुत किया करती हैं, इस दशामें अलङ्कारोंका समग्रभावसे वर्णन कर सकना किसीके लिये संभव नहीं है, फलतः मैं भी वैसा नहीं कर सकूंगा॥ १॥

किन्तु बीजं विकल्पानां पूर्वाचार्यैः प्रदर्शितम्[1]।
तदेव प्रति संस्कर्त्तुमयमस्मत्परिश्रमः॥ २॥

'कस्तान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति' इति प्रागलङ्काराणामानन्त्यादसंभवदुक्तिकत्वं निरूपितं, ततश्चायमुद्यमो माकारीति चेत्तत्राह—**किन्त्विति**। किन्तु तथापि अलङ्काराणामानन्त्येपि विकल्पानाम् अर्वाचीनकृतकल्पनाप्रभवाणामलङ्काराणां बीजं सामान्यमूलम् पूर्वाचार्यैः भर-तादिभिः प्रदर्शितम् उक्तम्, तदेव प्राचीनोक्तं विकल्पबीजं प्रतिसंस्कर्त्तुं सम्यक्तया स्फुटी-कर्त्तुम् अयम् एतद्ग्रन्थप्रणयनरूपोऽस्मत्परिश्रमः आयासः। यथा नवीनैरुद्भाविता-नामुपमाभेदानां बीजं भरतेन 'उपमा नाम सा ज्ञेया गुणाकृतिसमाश्रया' इत्युपन्यस्तम्, तद्भेदास्तु तदेव बीजमाधारीकृत्यान्यैः कल्पिताः तदेव तादृशं बीजजातमन्विष्य प्रति-संस्कर्त्तुमहमुद्यतोऽस्मीति भावः॥ २॥

हिन्दी—पूर्वाचार्य भरत आदिने नये-नये आविष्कृत किये जाने वाले अलङ्कारोंके बीज—संक्षिप्तरूप से बतलाये हैं, यह मेरा एतद्ग्रन्थनिर्माणरूप परिश्रम इसीलिये हो रहा है कि प्राचीनोक्त अलङ्कारबीजोंका विशद विवेचन किया जाय।

---

१. प्रकल्पितम्।

इससे पहली कारिकामें विकल्पों को अनन्त बता कर अलङ्कारोंका समग्र विवेचन असाध्य कहा गया था, उसपर यह शङ्का की जा सकती थी कि जब अलङ्कारनिर्वचन असाध्य कार्य है तब चन्द्रबिम्बाहरणकी तरह उसे छोड़ ही क्यों न दिया जाय, इसी शङ्काका उत्तर प्रकृत कारिकामें दिया गया है। इस कारिकामें दण्डीने बताया है कि जो अलङ्कारबीज प्राचीनोंने बताये हैं, मैं उनका विशद विवेचन प्रस्तुत करनेके लिये यह ग्रन्थ लिख रहा हूँ ॥ २ ॥

काश्चिन्मार्गविभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलङ्क्रियाः ।
साधारणमलङ्कारजातमन्यत्[१] प्रकाश्यते ॥ ३ ॥

तदित्थं सामान्यतोऽलङ्कारनिरूपणस्योपक्रान्तत्वं समर्थितम्। इतः पूर्वं प्रसङ्गतो निर्णीतानां श्रुत्यनुप्रासादीनामलङ्काराणां निरूपणमसम्बद्धमस्थानगतं च मा प्रसाङ्क्षी-दिति स्पष्टयति—काश्चिदिति। काश्चित् श्रुत्यनुप्रासवृत्त्यनुप्रासयमकादयः अलङ्क्रियाः अलङ्काराः मार्गविभागार्थम् गौडवैदर्भमार्गयोर्भेदस्य स्फुटीकरणार्थम् प्राग् इतः पूर्वमपि प्रथमपरिच्छेदे उक्ताः, अतः परतस्तदवर्णनेऽपि न न्यूनता। अन्यत् पूर्वोक्तालङ्कार-भिन्नम् साधारणम् उभयसम्मतम् गौडवैदर्भमार्गद्वयसमानम् अलङ्कारजातम् अलङ्कार-समुदयः प्रकाश्यते लक्षणोदाहरणादिना विशदीक्रियते ॥ ३ ॥

हिन्दी—इससे पहले प्रथम परिच्छेदमें भी हमने श्रुत्यनुप्रास आदि अलङ्कारोंके निरूपण किये थे, वह प्रसङ्गवश किया गया था, क्योंकि गौड़ वैदर्भरूप प्रस्थानद्वयके निरूपणमें उनका परिचय अपेक्षित था, क्योंकि श्रुत्यनुप्रास वैदर्भमार्गसम्मत है, गौड़में नहीं, इत्यादि बातें बिना अलङ्कार-स्वरूप-परिचयके स्पष्ट नहीं हो सकती थीं, अतः प्रसङ्गवशात् कुछ अलङ्कारोंका परिचय कराया गया था, अब इस परिच्छेदमें साधारण—उभयमार्गानुमोदित—गौड़ वैदर्भ दोनों प्रस्थानोंमें समान भावसे आद्रियमाण अन्य अलङ्कारोंके निरूपण किये जायेंगे ॥ ३ ॥

स्वभावाख्यानमुपमा रूपकं दीपकावृती ।
आक्षेपोऽर्थान्तरन्यासो व्यतिरेको विभावना ॥ ४ ॥
समासातिशयोत्प्रेक्षा हेतुः सूक्ष्मो लवः क्रमः ।
प्रेयो रसवदूर्जस्वि पर्यायोक्तं[२] समाहितम् ॥ ५ ॥
उदात्तापह्नुतिश्लेषविशेषास्तुल्ययोगिता ।
विरोधाप्रस्तुतस्तोत्रे व्याजस्तुतिनिदर्शने ॥ ६ ॥
सहोक्तिः परिवृत्त्याशीः सङ्कीर्णमथ[३] भाविकम् ।
इति वाचामलङ्कारा दर्शिताः[४] पूर्वसूरिभिः ॥ ७ ॥

अलङ्कारेषु लक्षणीयेषु तान्नामग्राहं गणयति—स्वभावाख्यानमिति। स्वभावाख्यानं स्वभावोक्तिः उपमा रूपकम् दीपकं च आवृत्तिश्च दीपकावृत्ती आवृतिपदं वृतेः क्तिप्रत्ययेन निवृत्तम्, आवृत्तिदीपकं नामालङ्कारं बोधयितुं प्रयुज्यते। आक्षेपः, अर्थान्तरन्यासः, व्यतिरेको, विभावना, समासो नाम समासोक्तिः, अतिशयः अतिशयोक्तिः, उत्प्रेक्षा, हेतुः, सूक्ष्मः, लवः—लेशः, क्रमः, यथासङ्ख्यम्, प्रेयः, रसवत्, ऊर्जस्वि, पर्यायोक्तम्, समाहितम् समाधिपरनामकम्, उदात्तः, अपह्नुतिः, श्लेषः, विशेषः, विशेषोक्तिः,

---

१. अथ। २. पर्यायान्यत। ३. संसृष्टिरथ। ४. स्मर्यन्ते।

तुल्ययोगिता, विरोधः, अप्रस्तुतस्तोत्रम्, अप्रस्तुतप्रशंसा, व्याजस्तुतिः, निदर्शना, सहोक्तिः, परिवृत्तिः, आशीः, संकीर्णम्, संसृष्टिः, भाविकम्, इति एते वाचाम् अलङ्काराः पूर्वसूरिभिः दर्शिताः। एतेषां पञ्चत्रिंशत्सङ्ख्यकानामुद्दिष्टनामकानामलङ्काराणामर्थालङ्कारत्वे स्थितेऽपि वाचामलङ्कारा इति कथनं शब्दार्थयोर्वैयाकरणाभिमतमभेदमारोप्य कृतम्, पूर्वसूरिभिर्दर्शिता इति कथनेन प्राचीननिर्दिष्टा एवालङ्कारा मया लक्षणोदाहरणादिना विव्रियन्ते नतु स्वयमलङ्काराः कल्प्यन्ते, तादृशकल्पनाप्रसूतानामलङ्काराणामानन्त्यादिति प्रकाशितम् ॥ ४-७ ॥

हिन्दी—अलङ्कारोंका निरूपण करना है, अतः पहले उनके नाम निर्देश कर दिये जाते हैं: १-स्वभावोक्ति, २-उपमा, ३-रूपक, ४-दीपक ५-आवृत्तिदीपक, ६-आक्षेप, ७-अर्थान्तरन्यास, ८-व्यतिरेक, ९-विभावना, १०-समासोक्ति, ११-अतिशयोक्ति, १२-उत्प्रेक्षा, १३-हेतु, १४-सूक्ष्म, १५-लेश, १६-यथासङ्ख्य, १७-प्रेयः, १८-रसवत्, १९-ऊर्जस्वि, २०-पर्यायोक्त, २१-समाधि; २२-उदात्त, २३-अपह्नुति, २४-श्लेष, २५-विशेष, २६-तुल्ययोगिता, २७-विरोध, २८-अप्रस्तुतप्रशंसा, २९-व्याजस्तुति, ३०-निदर्शना, ३१-सहोक्ति, ३२-परिवृत्ति, ३३-आशीः, ३४-संसृष्टि, ३५-भाविक। यही पैंतीस अलङ्कार प्राचीन आचार्योंने माने हैं, ये अलङ्कार यद्यपि अर्थगत हैं, तथापि इन्हें वाणीका-शब्दका अलङ्कार इसलिये कहा जाता है कि शब्द और अर्थमें अभेद माना जाता है, शब्दार्थतादात्म्य वैयाकरणोंका सिद्धान्त है ॥ ४-७ ॥

नानावस्थं पदार्थानां रूपं साक्षाद्विवृण्वती।
स्वभावोक्तिश्च जातिश्चेत्याद्या सालङ्कृतिर्यथा ॥ ८ ॥

क्रमप्राप्तेऽलङ्कारनिर्वचने प्रथमपरिगणितां स्वभावोक्तिं लक्षयति—**नानावस्थमिति।** आद्या अलङ्कारनामनिर्देशावसरे प्राथम्येनोद्दिष्टा अलङ्कृतिः स्वभावोक्तिः जातिश्चेति नामद्वयवती। तल्लक्षणं तु नानावस्थमिति। पदार्थानां तत्तद्भेदभिन्नानाम् पदार्थानां स्थावरजङ्गमात्मकवस्तूनाम् नानावस्थम् जातिगुणक्रियाद्रव्यवशेन विविधप्रकारकम् रूपम् स्वरूपविशेषम् साक्षात् विवृण्वती सूक्ष्मत्वाद् दुर्दर्शमपि प्रत्यक्षमिव दर्शयन्ती (स्वभावोक्तिर्नामालङ्कृतिर्भवतीति शेषः) एवञ्च वस्तुनो यथावत् स्वरूपस्फुटीकरणसमर्थमसाधारणधर्मवर्णनं स्वभावोक्तिरिति लक्षणं फलितम्। अलङ्कारसामान्येऽपेक्षितं चमत्कारकत्वं त्वत्रापि निश्चयेनापेक्षितम्, अतश्च—

'दीर्घपुच्छश्चतुष्पादः ककुद्मॉल्लम्बकम्बलः। गोरपत्यं बलीवर्दस्तृणमत्ति मुखेन सः' ॥

इत्यादौ नायमलङ्कारः, अलङ्कारजीवातोश्चमत्कारस्यानुपलब्धेः ॥ ८ ॥

हिन्दी—भिन्न भिन्न अवस्थाओंमें स्थित पदार्थोंके रूपमें स्थित, पदार्थोंके रूपको प्रत्यक्ष करके दिखलानेवाली अलङ्कृति स्वभावोक्ति या जाति नाम से प्रथित है, अर्थात् जिसमें पदार्थोंका ऐसा सजीव स्वाभाविक वर्णन हो जिससे उनका प्रत्यक्ष-सा दर्शन होने लगे उस अलङ्कारका नाम स्वभावोक्ति या जाति है, वह आदिम है अर्थात् इस ग्रन्थमें प्रथम गृहीत है। इस तरह स्वभावोक्तिका यह लक्षण प्रकट होता है कि किसी वस्तुका यथावत् स्वरूप-स्फुटीकरणसमर्थ असाधारणधर्म-वर्णन स्वभावोक्ति अलङ्कार है। यहाँ पर इतना अवश्य ध्यानमें रखना चाहिये कि सभी अलङ्कारोंमें अलङ्कारसामान्यापेक्षित चमत्कार आवश्यक है, अतः यहाँ भी स्वरूपवर्णनमें यदि चमत्कार नहीं होगा तो अलङ्कार नहीं होगा, जैसे—

'दीर्घपुच्छश्चतुष्पादः ककुद्मान् लम्बकम्बलः। गोरपत्यं बलीवर्दस्तृणमत्ति मुखेन सः' ॥

इस पद्यमें स्वरूप वर्णन होने पर भी चमत्कारके नहीं होनेसे अलङ्कार नहीं है।

स्वभावोक्तिके लक्षणमें आचार्य दण्डीने 'नानावस्थं' कहा है जिससे यह प्रकट होता है कि यदि किसी वस्तुकी एकावस्थताका वर्णन किया जाय तो वहाँ पर स्वभावोक्ति नहीं हो पायगी, जैसे—'अम्भोदमुदितं दृष्ट्वा मुदा नृत्यन्ति बर्हिणः' इस वाक्यमें मेघकी एकावस्था वर्णन होनेसे अलङ्कार नहीं होता है।

भोजराजने अर्थव्यक्तिको अर्थगुण माना है, और स्वभावोक्तिके साथ अर्थव्यक्तिके साङ्कर्यको बचानेके लिये—सार्वकालिकवस्तुस्वरूप-वर्णनको अर्थव्यक्ति गुण कहते हैं और आगन्तुक-वस्तुस्वरूप-वर्णनको स्वभावोक्ति अलंकार कहते हैं ऐसा भेद बताया है। आचार्य दण्डीने तो अर्थव्यक्ति अनेयार्थत्वरूप शब्दगुण माना है, अतः उनके मतमें सार्वकालिक और आगन्तुक उभयरूप स्वरूपवर्णन स्वभावोक्तिमें ही समाविष्ट होता है।

आचार्य भामहके पहले भी स्वभावोक्तिको अलङ्कार माना जाता था, उन्होंने कहा है—'स्वभावोक्तिरलंकार इति केचित् प्रचक्षते'। 'केचित् प्रचक्षते' कह कर उन्होंने स्वभावोक्तिको अलंकार माननेमें अपनी असम्मति व्यक्त की है, उनके अनुयायियोंने भी स्वभावोक्तिको अलंकार नहीं माना, न्तकने तो स्वभावोक्ति अलंकार मानने वालोंका उपहास भी किया है—

'अलंकारकृतां येषां स्वभावोक्तिरलङ्कृतिः। अलङ्कार्यतया तेषां किमन्यदवशिष्यते'॥

काव्यप्रकाशकारने उद्भटके सिद्धान्तानुसार स्वभावोक्तिको अलङ्कार माना है॥ ८॥

तुण्डैराताम्रकुटिलैः पक्षैर्हरितकोमलैः।
त्रिवर्णराजिभिः कण्ठैरेते मञ्जुगिरः शुकाः॥ ९॥

तुण्डैरिति। स्वभावोक्तिर्जातिगुणक्रियाद्रव्यरूपतया चतुर्विधा, तत्राद्याया इदमुदाहरणम्। आताम्रकुटिलैः ईषद्रक्तैर्वक्राकृतिभिश्च तुण्डैः मुखैः (चञ्चुभिः) हरितकोमलैः पलाशवर्णैः सुकुमारैश्च पक्षैः गरुद्भिः त्रिवर्णराजिभिः नीलरक्तधूसररेखाशालिभिः कण्ठैः उपलक्षिताः एते शुकाः मञ्जुगिरः मधुरालापिनः सन्तीति शेषः। अत्र तुण्डादीनां ताम्रत्वादिकः सर्वशुकजातेर्धर्मस्तेन जात्युदाहरणमेतत्॥ ९॥

हिन्दी—स्वभावोक्तिके चार उदाहरण दण्डीने दिये हैं—जाति, गुण, क्रिया, द्रव्यकी स्वभावोक्तिके भेदसे। उनमें पहला उदाहरण है—तुण्डैरित्यादि। तुण्डमुख-चोंच लाल तथा टेढ़ी है, पङ्ख हरे और कोमल हैं, और गलेमें तीन वर्णोंकी—नील, रक्त, धूसर वर्णोंकी रेखायें शोभायमान हैं ऐसे यह सुग्गे बहुत मधुर वाणी बोलते हैं। इस पद्यमें लाल चोंच आदि धर्म शुक जातिका है अतः यह जातिगत स्वभावोक्ति है॥ ९॥

कलक्वणितगर्भेण कण्ठेनाघूर्णितेक्षणः।
पारावतः परिभ्रम्य रिरंसुश्चुम्बति प्रियाम्॥ १०॥

कलेति। कलम् अव्यक्तमधुरं यत् क्वणितं मधुरध्वनिः तत् गर्भे अभ्यन्तरे यस्य तेन तथोक्तेन कण्ठेन उपलक्षितः आघूर्णितेक्षणः प्रियामुखचालितनेत्रो रिरंसुः रन्तुमिच्छुः पारावतः परिक्रम्य प्रियाध्युषितदेशे चतुर्दिक्षु परिभ्रम्य प्रियाम् कपोतीं चुम्बति। अत्र कलक्वणितादयः सर्वे धर्माः पारावतचुम्बनक्रियाया इति क्रियागता स्वभावोक्तिरियम्॥१०॥

हिन्दी—कण्ठके भीतर-भीतर मधुर ध्वनि करता हुआ तथा आँखोंको तिरछी किये हुए यह रमणाभिलाषी कपोत पीछेसे आकर अपनी प्रिया कपोतीका चुम्बन करता है। यहाँ पर कण्ठमें

१. परिक्रम्य।

मधुर भाषणादि सभी वर्ण्यमानधर्म पारावतकर्तृक चुम्बन क्रियाके हैं, अतः यह क्रियागत स्वभावोक्ति अलङ्कार हुआ ॥ १० ॥

बध्नन्नङ्गेषु रोमाञ्चं कुर्वन् मनसि निर्वृतिम् ।
नेत्रे चामीलयन्नेष प्रियास्पर्शः प्रवर्त्तते ॥ ११ ॥

बध्नन्नङ्गेष्विति । एष अनुभवमात्रवेद्यसुखातिशयः प्रियास्पर्शः दयिताशरीरसंस्पर्शः अङ्गेषु गात्रेषु रोमाञ्चं बध्नन् रोमहर्षम् उत्पादयन्, मनसि निर्वृतिम् परमानन्दं कुर्वन् उत्पादयन्, नेत्रे च आमीलयन् सौख्यातिशयेन निमीलयन् प्रवर्त्तते प्रारभते । अत्र प्रियास्पर्शस्य गुणतया गुणगतेयं स्वभावोक्तिः ॥ ११ ॥

हिन्दी—शरीरमें रोमाञ्च उत्पन्न करता हुआ, मनमें सुखका सञ्चार करता हुआ और आँखोंको सुखानुभवसे निमीलित करता हुआ यह प्रियास्पर्श प्रवृत्त हो रहा है। यहांपर प्रियास्पर्शरूप गुणकी स्वभावोक्ति है ॥ ११ ॥

कण्ठेकालः करस्थेन कपालेनेन्दुशेखरः ।
जटाभिः स्निग्धताम्राभिराविरासीद्वृषध्वजः ॥ १२ ॥

कण्ठेकाल इति । कण्ठे गलदेशे कालः कालकूटं यस्य तादृशः, करस्थेन कपालेन नृमुण्डेन स्निग्धताम्राभिः कोमलाभिर्दीप्तारुणवर्णाभिः जटाभिश्च उपलक्षितः, इन्दुशेखरः चन्द्रमौलिर्वृषध्वजः शिवः आविरासीत् प्रकटीभूतः । अत्र कण्ठेकालत्वादयः सर्वेऽपि धर्माः शिवरूपैकद्रव्यगता इति द्रव्यस्वभावोक्तिरियम् ॥ १२ ॥

हिन्दी—विषपान करनेके कारण काले कण्ठवाले, हाथमें कपाल धारण करनेवाले, चन्द्रमौलि तथा वृषध्वज शिवजी कोमल तथा ताम्रवर्ण जटाके साथ प्रकट हुए। यहां पर कण्ठेकालत्वादि सकल धर्म शिवरूप एक व्यक्तिके हैं, इसलिये इसे द्रव्यस्वभावोक्ति कहते हैं ॥ १२ ॥

जातिक्रियागुणद्रव्यस्वभावाख्यानमीदृशम्[1] ।
शास्त्रेष्वस्यैव[2] साम्राज्यं काव्येष्वप्येतदीप्सितम् ॥ १३ ॥

जातिक्रियेति । जातिश्च क्रिया च गुणश्च द्रव्यञ्चैतेषां स्वभावस्य नैसर्गिकस्वरूपस्य ईदृशम् प्रागुक्तस्वरूपम् आख्यानम् मनोहरतया प्रतिपादनमेव स्वभावोक्तिरलङ्कारः, शास्त्रेषु तत्तत्तत्त्वनिरूपणप्रवृत्तेषु अस्यैव स्वभावाख्यानस्य साम्राज्यं प्राचुर्येण व्यवहारः, शास्त्राणि स्वभावोक्तिमुपजीव्यैव स्वलक्ष्यसाधनाध्यवसितानि, तथैव तदुद्देश्यसिद्धिसंभवात्, न केवलं शास्त्रेष्वेव किन्तु काव्येष्वपि कविकर्मस्वपि एतत्स्वभावाख्यानम् ईप्सितम्, कवयोऽप्यलङ्कारान्तरापेक्षयाऽस्य प्राधान्येन प्रयोगं कुर्वत इति भावः ॥ १३ ॥

हिन्दी—इस प्रकार क्रमशः जाति, क्रिया, गुण, द्रव्यका, स्वाभाविक वर्णन होनेसे स्वभावोक्ति के चार भेद हुए। शास्त्रोंमें भी इसका साम्राज्य है क्योंकि शास्त्रोंमें वस्तुस्वरूपवर्णन आवश्यक है—उसीसे तत्त्वनिर्णय करना है, काव्यमें तो यह अभीष्ट है ही ॥ १३ ॥

यथाकथञ्चित् सादृश्यं यत्रोद्भूतं प्रतीयते[3] ।
उपमा नाम सा तस्याः प्रपञ्चोऽयं प्रदर्श्यते ॥ १४ ॥

यथाकथञ्चिदिति । क्रमप्राप्तस्योपमालङ्कारस्य सामान्यमिदं लक्षणम् यत्र काव्ये यथाकथञ्चित् येन केनचित् गुणक्रियादिरूपेण उद्भूतम् स्फुटं सादृश्यं द्वयोः साम्यम्

---

१. द्रव्यैः । २. शास्त्रे चास्यैव । ३. निदर्श्यते ।

प्रतीयते गम्यते अभिधादिवृत्त्या प्रतीयते सा उपमा नामालङ्कारः, तथा च काव्यनिष्ठं चमत्कारजनकं द्वयोः सादृश्यमुपमेति लक्षणं सिद्धयति चमत्कारविरहे सादृश्यं नोपमा, यथा गौरिव गवय इत्यत्र। उक्तञ्च रसगङ्गाधरे—'सादृश्यं सुन्दरं वाक्यार्थोपस्कारकमुपमा, सुन्दरमिति सादृश्यविशेषणम्, सौन्दर्यं च चमत्कृत्याधायकत्वम्, चमत्कृतिश्चानन्दविशेषः। तस्या उक्तलक्षणाया उपमायाः अयं सद्यो वक्ष्यमाणलक्षणः प्रपञ्चो विस्तरः प्रदर्श्यते उदाहरणादिना प्रकाश्यते ॥ १४ ॥

हिन्दी—उद्देशक्रमप्राप्त उपमालङ्कारका लक्षण बताते हैं, जिस काव्यमें यथाकथञ्चित् जिस किसी तरहसे गुणक्रियादि द्वारा स्फुट सादृश्य प्रतीत हो वह उपमा है, अर्थात् दो वस्तुओंका सादृश्य उपमालङ्कार है। इस सादृश्य में चमत्कारजनकत्व होना आवश्यक है, अतएव—'गौरिव गवयः' इस वाक्यमें स्फुट सादृश्य रहने पर भी उपमालङ्कार नहीं होता है क्योंकि चमत्कार नहीं है।

उपमाऽलङ्कारके चार अङ्ग होते हैं—उपमान, उपमेय, साधारण धर्म, उपमावाचक। सादृश्यप्रतियोगी उपमान कहा जाता है और सादृश्यानुयोगी उपमेय कहा जाता है। उपमान और उपमेय इन दोनोंमें रहनेवाला समान धर्म साधारण धर्म कहलाता है। इवादि शब्द उपमावाचक कहलाते हैं। जैसे—'कमलमिव मुखं मनोज्ञम्' इस वाक्यमें मनोज्ञतारूप धर्मके द्वारा कमलके साथ मुखकी उपमा दी गई है। अतः मनोज्ञत्व साधारण धर्म हुआ, कमल उपमान, मुख उपमेय और इव शब्द उपमाका वाचक शब्द हुआ ॥ १४ ॥

अम्भोरुहमिवाताम्रं मुग्धे करतलं तव।
इति धर्मोपमा साक्षात्तुल्यधर्मप्रदर्शनात्[1] ॥ १५ ॥

हे मुग्धे सुन्दरि, तव करतलम् पाणितलम् अम्भोरुहमिव कमलतुल्यम् आताम्रं रक्तम् इति एतादृक् साधारणधर्मप्रयोगात्मा धर्मोपमानामोपमाप्रपञ्चः, तत्र हेतुमाह—**साक्षादिति**। साक्षात् शब्दतः तुल्यधर्मस्य द्वयोः समानस्य धर्मस्य आताम्रत्वस्य प्रदर्शनात् प्रकाशनात्। अत्रेवशब्दश्रवणाच्छ्रौत्युपमा। उपमानोपमेयसाधारणधर्मसादृश्यवाचकानां प्रयोगाच्च पूर्णेयमुपमा ॥ १५ ॥

हिन्दी—हे मुग्धे, तुम्हारा करतल कमलके समान रक्तवर्ण है, यह धर्मोपमा हुई, क्योंकि इस वाक्यमें शब्दतः आताम्रत्वरूप तुल्यधर्म प्रकाशित किया गया है।

उपमाके चारों अङ्ग जहां पर उपात्त रहते हैं वह पूर्णोपमा है, जहां पर एक, दो या तीन का अनुपादान होता है, वह लुप्तोपमा होती है, इस प्रकारके भेद अर्वाचीन आचार्योंने बताये हैं, परन्तु दण्डीने प्राचीनाभिमत भेद ही स्वीकार किये हैं। धर्मोपमा और वस्तूपमाका वर्णन अग्निपुराणमें भी किया गया है—

'यत्र साधारणो धर्मः कथ्यते गम्यतेऽथवा। ते धर्मवस्तुप्राधान्याद्धर्मवस्तूपमे उभे' ॥ १५ ॥

राजीवमिव ते वक्त्रं नेत्रे नीलोत्पले इव।
इयं[2] प्रतीयमानैकधर्मा वस्तूपमैव सा ॥ १६ ॥

राजीवमिवेति। ते तव वक्त्रं मुखम् राजीवम् कमलम् इव, नेत्रे नयने नीलोत्पले नीलकमले इव, इयं निर्दिश्यमानस्वरूपा उपमा प्रतीयमानः शब्देनानुच्यमानतया

---

१. प्रदर्शनम्। २. इति।

गम्यमानः एकधर्मः साधारणधर्मो यस्यां सा वस्तूपमा भवतीति शेषः। यत्रोपमानोपमेयोपमावाचकानां शब्दत उपादानं साधारणधर्ममात्रं तु गम्यमेव सा वस्तूपमेति फलितार्थः, तदुदाहरणमेतदुक्तम्। इमामर्वाचीना धर्मलुप्तोपमापदेनाभिलपन्ति॥ १६॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख लाल कमलके समान है, और तुम्हारे नयन नील कमलके समान हैं, इस पद्यार्थमें वस्तूपमानामक अलङ्कार है क्योंकि इसमें उपमान और उपमेयका साधारण धर्म शब्दोपात्त नहीं है प्रतीयमान है। आशय यह है कि जिस वाक्यमें उपमान, उपमेय और उपमावाचक शब्दका प्रयोग रहे, परन्तु साधारण धर्म शब्दोपात्त नहीं हो, उसकी प्रतीति (किसी तरह) हो जाती हो, उसे वस्तूपमा कहते हैं, जैसे—'राजीवमिव' इस पद्यार्धमें कमल तथा मुखका साधारण धर्म मनोज्ञता प्रतीयमान है। अर्वाचीन आचार्य इस तरहकी उपमाको वस्तूपमा नहीं कह कर धर्मलुप्तोपमा नामसे पुकारते हैं॥ १६॥

त्वदाननमिवोन्निद्रमरविन्दमभूदिति।
सा प्रसिद्धिविपर्यासाद्विपर्यासोपमेष्यते॥ १७॥

त्वदाननमिति। उन्निद्रम् प्रबुद्धम् विकसितं कमलम् त्वदाननमिव त्वदीयमुखमिव अभूत् आसीत, इति प्रसिद्धेः ख्यातेः—कमलमुपमानं भवति, मुखं चोपमेयं भवतीति प्रसिद्धेः विपर्यासात् वैपरीत्यात् विपर्यासोपमा नामालङ्कार इष्यते। प्रस्तुतत्वेन वर्णनीयानां मुखादीनामुपमेयत्वम्, तदुत्कृष्टताप्रतिपादनाय न्यस्ताना चन्द्रारविन्दादीनामुपमानत्वं भवतीति कवित्वमार्गप्रसिद्धिः, यत्र काव्ये उपमेयोत्कर्षप्रतिपदनाय विपर्यासः उपमेयोपमानभावाविपर्ययः क्रियते सा विपर्यासोपमा कथ्यत इत्याशयः॥ १७॥

हिन्दी—विकसित होनेपर कमल तुम्हारे मुखके समान हो गया, इस वाक्यमें प्रसिद्धिका विपर्यास हो गया है—अर्थात प्रस्तुत मुखको उपमेय एवं कमलको उपमान रूपमें वर्णित होना चाहिये, वैसा नहीं करके मुखको ही उपमान एवं कमलको उपमेय बना दिया गया है, अतः यह विपर्यासोपमा हुई। नवीन आचार्य गण इस तरहके अलङ्कारको 'प्रतीप' कहते हैं—कुवलयानन्दकारने लिखा है—

'प्रतीपमुपमानस्योपमेयत्वप्रकल्पनम्। त्वल्लोचनसमं पद्मं त्वद्वक्त्रसदृशो विधुः'॥

पण्डितराजने भी इसका यह उदाहरण दिया है—

'किं जल्पसि मुग्धतया हन्त ममाङ्गं सुवर्णवर्णमिति।
तद्यदि पतति हुताशे तदा हताशे तवाङ्गवर्णं स्यात्'॥ १७॥

तवाननमिवाम्भोजमम्भोजमिव ते मुखम्।[2]
इत्यन्योन्योपमा सेयमन्योन्योत्कर्षशंसिनी[3]॥ १८॥

तवाननमिति। तव आननं मुखमिव अम्भोजम् कमलम्, अम्भोजमिव ते मुखम् इति एवम् अन्योन्यस्य परस्परस्य उत्कर्षस्य गुणगौरवस्य शंसिनि कथयित्रीयम् अन्योन्योपमा नाम अलङ्कारः। अयमाशयः—यत्र तृतीयसदृशव्यवच्छेदार्थम् उपमानोपमेययोः परस्परसादृश्यं निबध्यते साऽन्योन्योपमा नाम। उपमानं कमलम् उपमेयं मुखं च निबद्धय तयोः पुनः कमलम् उपमेयम् मुखञ्चोपमानं इत्येवं यत्र परस्परौपम्यप्रतिपादनं साऽन्योन्योपमेति भावः। अत्र द्वयोरपि मुखाम्भोजयोः प्रस्तुतत्वं बोध्यम्, अम्भोजस्याप्रस्तुतत्वे तदु-

---

१. तवाननम्। २. त्वदाननम्। ३. शालिनी।

त्कर्षप्रतिपादनवैयर्थ्यात्। अप्पयदीक्षितोऽपि 'धर्मोऽर्थ इव पूर्णश्रीरर्थो धर्म इव त्वयि' इत्युभयप्रस्तुतत्वमेवोदाहृतवान् ॥ १८ ॥

हिन्दी—तुम्हारे मुखके समान कमल है, और कमलके समान तुम्हारा मुख है, इस वाक्यमें परस्पर उत्कर्षप्रतीति की जाती है अतः यह अन्योन्योपमा नामसे प्रख्यात है। प्रस्तुतको उपमेय एवं अप्रस्तुत को उपमान बनाया जाता है, जहाँ पर दोनों ही प्रस्तुत हों वहाँ पर दोनों ही क्रमशः उपमेय और उपमान बनाये जाते हैं, इससे तृतीय सदृशका व्यवच्छेद पर्यवसित होता है, तुम्हारा मुख कमलके समान है और कमल तुम्हारे मुखके समान है, इससे कमल और मुखके समान तीसरा कोई पदार्थ नहीं है यह प्रतीत होता है, इस तरहकी तुलनाको अन्योन्योपमा कहते हैं। अप्पय्यदीक्षितने भी इस प्रसङ्गमें उभयप्रस्तुतत्व स्वीकार किया है, जैसा कि 'धर्मोऽर्थ इव पूर्णश्रीरर्थो धर्म इव त्वयि' इस उदाहरणसे स्पष्ट है। पण्डितराज जगन्नाथने इसको अन्य अर्वाचीन आचार्योंकी तरह उपमेयोपमा नामसे व्यवहृत किया है। उनके मतानुसार तृतीय सदृशव्यवच्छेद मात्र इसका फल है, और यह उभय प्रस्तुतमें ही हो ऐसा कोई बन्धन नहीं है, प्रस्तुताप्रस्तुतमें भी यह हो सकता है, उदाहरण के लिये उन्होंने लिखा है—

कौमुदीव भवती विभाति मे कातराक्षि भवतीव कौमुदी।
अम्बुजेन तुलितं विलोचनं लोचनेन च तवाम्बुजं समम् ॥ १८ ॥

त्वन्मुखं कमलेनैव तुल्यं नान्येन केनचित्।
इत्यन्यसाम्यव्यावृत्तेरियं सा नियमोपमा ॥ १९ ॥

त्वन्मुखमिति। त्वन्मुखं कमलेनैव तुल्यम् अन्येन केनचिच्चन्द्रादिना तुल्यं न, तेषां तदपेक्षया हीनत्वात्, इति अत्र वाक्ये अन्यसाम्यव्यावृत्तेः अन्येषां चन्द्रादीनां सादृश्यस्य निषेधात् इयं नियमोपमा नामालङ्कारः। एकस्य वस्तुनो बहूपमानसद्भावे हीनताप्रत्यय इति सदृशान्तरव्यवच्छेदपूर्वकं यत्र क्वचनैकत्र सादृश्यं निबध्यते सा नियमोपमेति भावः ॥ १९ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख कमलके समान है, दूसरी किसी भी वस्तुके समान नहीं है, इस वाक्यमें दूसरी वस्तुओंसे सादृश्यका प्रतिषेध हो जाता है अतः इसे नियमोपमा नामक अलङ्कार कहते हैं। किसी भी वर्णनीय वस्तुका यदि उपमानबाहुल्य हो तो उसका अपकर्ष प्रतीत होता है, इसी दृष्टिकोणसे यदि एक उपमान बताकर उपमानान्तरप्रतिषेध कर दिया जाय तब उसे नियमोपमा नामसे व्यवहृत किया जाता है ॥ १९ ॥

पद्मं तावत्तवान्वेति मुखमन्यच्च तादृशम्।
अस्ति चेदस्तु तत्कारीत्यसावनियमोपमा ॥ २० ॥

अनियमोपमां लक्षयति—**पद्ममिति।** तावदिति वाक्यालङ्कारे पद्मं कमलम् तव मुखम् अन्वेति अनुकरोति, अन्यत् कमलादितरत् चन्द्रादि तत्कारि त्वदीयमुखानुकारि अस्ति चेदस्तु, इति एवं नियमाभावात् उपमानविषये नियमाभावात् इयम् अनियमोपमा नामालङ्कार इत्यर्थः ॥ २० ॥

हिन्दी—कमल तो तुम्हारे मुखका अनुकरण करता ही है, यदि कमलातिरिक्त चन्द्रादि भी तुम्हारे मुखका अनुकरण करते हैं तो करें, इसको अनियमोपमा कहते हैं, क्योंकि इसमें उपमानविषयक नियम नहीं है ॥ १० ॥

समुच्चयोपमाऽप्यस्ति न कान्त्यैव मुखं तव ।
ह्लादनाख्येन चान्वेति कर्मणेन्दुमितीदृशी ॥ २१ ॥

समुच्चयोपमां लक्षयति—**समुच्चयोपमेति** । तव मुखं कोमलं कान्त्या एव न अपि तु ह्लादनाख्येन अनुरञ्जनाभिधेन कर्मणा क्रिययापि इन्दुम् चन्द्रम् अन्वेति, न केवलं कान्तिमात्रेण तव मुखं चन्द्रानुकारि किन्तु लोकनयनसन्तर्पणाख्यकर्मणापीति एतादृशी समुच्चयोपमाऽपि अस्ति । अत्र गुणस्य कान्तेः ह्लादनाख्यस्य कर्मणश्च समुच्चयेन समुच्चयोपमानाम्ना व्यवहारः । ईदृशीतिकथनाद्यथात्र गुणक्रिययोः समुच्चयस्तथा क्वचिदुदाहरणे साधारणधर्मसमुच्चयेऽपीयं भवतीति व्यञ्जितम् ॥ २१ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख केवल कान्तिसे ही नहीं, ह्लादनरूप-लोकानुरञ्जन रूप कर्मसे भी चन्द्रमाका अनुकरण करता है, केवल सौन्दर्यमात्रही नहीं लोकनेत्रप्रसादनरूप क्रिया में भी तुम्हारे मुखको चन्द्रमाकी तुलना प्राप्त है, इस वाक्यमें समुच्चयोपमा है, क्योंकि इसमें गुण–कान्ति और क्रिया–ह्लादनका समुच्चय है । इस कारिकामें 'ईदृशी' कहा गया है जिसका अभिप्राय यह है कि ऐसी और भी समुच्चयोपमा होती है उसका साधारण धर्म समुच्चयमें संभव है ॥ २१ ॥

त्वय्येव त्वन्मुखं दृष्टं दृश्यते दिवि चन्द्रमाः ।
इयत्येव भिदा नान्येत्यसावतिशयोपमा ॥ २२ ॥

अतिशयोपमां लक्षयति—**त्वय्येवेति** । त्वन्मुखं त्वयि एव दृष्टम् , दिवि आकाशे चन्द्रमाः दृश्यते, इयती एव भिदा, एतावानेव भेदः, अन्य भिदा भेदो न, इति एवम् अतिशयोपमा भवतीति शेषः । उपमानोपमेययोर्महत्यपि भेदे वर्त्तमाने किञ्चिद्भेदं प्रदर्श्य नान्यो भेदो वर्तत इति अभिन्नताध्यवसानेनोपमेयस्य गुणक्रियातिशयो वर्णित इतीयमतिशयोपमा । अत्रेवादिशब्दा प्रयोगात्साम्यं व्यञ्जनगम्यम् न चात्र रूपकध्वनिः, आश्रयभेदस्य स्पष्टतयाभिधानेनाभेदप्रतीतेरभावात् । नापि व्यतिरेकः, उपमानादुपमेयाधिक्यस्याप्रतीतेः । तस्मादियमुपमैव ॥ २२ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख केवल तुम में ही दीखता है, और चन्द्रमा आकाशमें दीखता है दोनोंमें केवल आश्रयमात्रकृत भेद है अन्य भेद नहीं है, यह अतिशयोपमा कहलाती है । उपमान चन्द्र और उपमेय मुखमें यद्यपि बहुत भेद है, तथापि आश्रयभेदमात्रका प्रदर्शन करके अन्य भेद छिपा दिये गये हैं, और अभेदाध्यवसाय कर दिया गया है, जिससे उपमेय गुण-क्रियाका अतिशय प्रतीत होता है इसीलिये इसे अतिशयोपमा कहते हैं । यहाँ साम्य व्यञ्जनगम्य है क्योंकि उसका वाचक इवादि शब्द प्रयुक्त नहीं है । इसको रूपकध्वनि नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आश्रयभेदके स्पष्ट प्रतिपादित होनेसे अभेदप्रतीति नहीं होती है । इसे आप व्यतिरेक भी नहीं कह सकते क्योंकि इसमें उपमानापेक्षया उपमेयकी अधिकता नहीं प्रकाशित होती है । अतः यह उपमाका ही प्रभेद है ॥ २२ ॥

मय्येवास्या मुखश्रीरित्यलमिन्दोर्विकत्थनैः ।
पद्मेऽपि सा यदस्त्येवेत्यसावुत्प्रेक्षितोपमा ॥ २३ ॥

मय्येवेति । अस्याः प्रस्तुतनायिकायाः मुखश्रीः मुखशोभासमा शोभा मयि इन्दौ एव विद्यते इति ईदृशैः इन्दोर्विकत्थनैः आत्मश्लाघाभिः अलम् न किमपि फलम्, यत्

---

१. धर्मेण ।

यस्मात् असौ एतदीयमुखशोभासमा शोभा पद्मे कमलेऽपि अस्त्येव, असौ उत्प्रेक्षितोपमा। चन्द्रमाः पूर्वोक्तप्रकारकं विकत्थनं न कुरुते, नायक एव चाटूक्तये तथोत्प्रेक्षत इतीयमुत्प्रेक्षया लब्धास्पदत्वादुत्प्रेक्षितोपमा कथ्यते ॥ २३ ॥

हिन्दी—इस नायिकाके मुखकी शोभाके सदृश शोभा केवल मुझमें ही है इस प्रकार चन्द्रमाकी आत्मश्लाघा व्यर्थ है क्योंकि कमलमें भी इसके मुखकी शोभाके समान शोभा वर्त्तमान है, इस वाक्यमें उत्प्रेक्षितोपमा नामका अलङ्कार है। चन्द्रमामें इस तरहकी आत्मश्लाघाकी संभावना तो केवल नायककी चाटूक्तिपरायणतासे ही हुई है, अतः इसे उत्प्रेक्षितोपमा कहते हैं ॥ २३ ॥

यदि किञ्चिद् भवेत् पद्मं सुभ्रु विभ्रान्तलोचनम्।
तत्ते मुखश्रियं धत्तामित्यसावद्भुतोपमा ॥ २४ ॥

यदीति। हे सुभ्रु सुन्दरि, यदि पद्मम् किञ्चित् मनाक् विभ्रान्तलोचनम् घूर्णितनेत्रम् भवेत् जायेत, तत् तर्हि ते तव मुखश्रियं धत्ताम् प्राप्नोतु। यदि कमले नेत्रसंयोगो घटेत तदा तत्त्वन्मुखश्रियमधिगन्तुमीशीत, इयमसौ अद्भुतोपमा। विभ्रान्तलोचनत्वादयो धर्मा मुखस्यैव, तेषां सम्भावनया पद्मे कल्पितत्वेन मुखसादृश्यवर्णनं चमत्कारातिशयाय भवतीति अद्भुतोपमालङ्कारोऽयम् ॥ २४ ॥

हिन्दी—हे सुभ्रु सुन्दरी, यदि कमल चञ्चलनयन हो जाय, तब वह तुम्हारे मुखकी शोभा प्राप्त करे, यह अद्भुतोपमाऽलंकार है। चञ्चलनयनत्व धर्म मुखका ही है। चाटूक्तिपरायण नायकने संभावनाद्वारा उसे कमलमें कहा है, यही चमत्कार का स्थान है इसे दण्डी अद्भुतोपमा कहते हैं। प्राचीन अन्य आचार्योंने भी इसे अद्भुतोपमा नामसे ही कहा है—

'यत्रोपमेयधर्माः स्युरुपमानेऽधिरोपिताः। चमत्कारविधानार्थमाहुस्तामद्भुतोपमाम्' ॥

काव्यप्रकाशकारके मतमें यह अतिशयोक्ति ही है, उनका लक्षण है—

'प्रस्तुतस्य यदन्यत्वं यद्यर्थोक्तौ च कल्पनम्। विज्ञेयातिशयोक्तिः सा……॥

उदाहरण यह दिया गया है—

'राकायामकलङ्कं चेदमृतांशोर्भवेद्वपुः। तस्या मुखं तदा साम्यपराभवमवाप्नुयात्' ॥

यहाँ पर इतना समझ लेना आवश्यक है कि जिस वाक्यमें संभावना करके भी औपम्यकी अनिष्पत्ति ही कविको अभिप्रेत होती है वहाँ उपमा न होकर अतिशयोक्ति ही होती है, जैसे—'राकायाम्' इत्यादि पूर्वोक्त उदाहरणमें चन्द्रशरीरका कलङ्कमुक्त होना असंभव है अतः उसके द्वारा मुखसाम्यप्राप्ति भी असंभव ही है, अतः मुखसाम्यमें कविका अभिप्राय हो नहीं सकता है, अतः यह उपमा नहीं, अतिशयोक्ति ही है।

'पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यान्मुक्ताफलं वा स्फुटविद्रुमस्थम्।
ततोऽनुकुर्याद् विशदस्य तस्यास्ताम्रोष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य' ॥

इस श्लोकमें अतिशयोक्ति नहीं है, क्योंकि फूलका प्रवालोपहित होना संभव है। यहां पर कवि औपम्यका अभाव नहीं देखता है। संभावना केवल चारुतातिशय-प्रकाशनके लिये की गई है। अतः प्राचीनोंने इसे अतिशयोक्ति नहीं कह कर उत्पाद्योपमा कहा है।

आचार्य दण्डीके मतानुसार 'राकायाम्' और 'पुष्पं प्रवालोपहितम्' दोनों जगह अद्भुतोपमा ही है ॥ २४ ॥

---

१. अयं श्लोकः क्वचिन्नास्ति।

शशीत्युत्प्रेक्ष्य तन्वङ्गि त्वन्मुखं त्वन्मुखाशया ।
इन्दुमप्यनुधावामीत्येषा मोहोपमा स्मृता ॥ २५ ॥

शशीति । हे तन्वङ्गि कृशाङ्गि, त्वन्मुखम् शशी चन्द्र इति इत्थम् उत्प्रेक्ष्य संभाव्य (अनन्तरं त्वद्विरहे) त्वन्मुखाशया त्वद्वदनस्पृहया त्वन्मुखमेवेदमिति भ्रान्त्या इन्दुम् अपि अनुधावामि अनुसरामि तद्दर्शनबद्धादरो भवामि, इत्येषा मोहोपमा स्मृता, कविभिरिति शेषः। मोहो भ्रान्तिः सादृश्येन इन्दौ मुखभ्रमस्तन्मूलकतया मोहोपमेयम्। तदुक्तम् अग्निपुराणे—

'प्रतियोगिनमारोप्य तदभेदेन कीर्त्तनम् ।
उपमेयस्य यन्मोहोपमासौ परिकीर्त्तिता' ॥ २५ ॥

हिन्दी—हे तन्वङ्गि, तुम्हारे मुखको मैंने चन्द्रमा समझ लिया और तुम्हारे विरहमें तुम्हारे मुखको देखनेकी स्पृहासे चन्द्रमाका अनुधावन किया करता हूँ, इसमें मोहोपमा नामक अलङ्कार है। मोह—भ्रम—सादृश्यवशात् चन्द्रमामें मुखभ्रम, तन्मूलकतया इसे मोहोपमा कहते हैं। यह प्राचीनोंका नामकरण है। अर्वाचीन आचार्योंने इसे 'भ्रान्तिमान्' नामक अलङ्कार कहा है। अप्पय्यदीक्षितने लिखा है—

'कविसंमतसादृश्याद्विषये पिहितात्मनि । आरोप्यमाणानुभवो यत्र स भ्रान्तिमान् मतः' ॥

उनके द्वारा प्रस्तुत भ्रान्तिमान्‌के उदाहरण भी बड़े चमत्कारपूर्ण हैं—

'कपाले मार्जारः पय इति करॉंल्लेढि शशिनः तरुच्छिद्रप्रोतान् बिसमिति करी सङ्कलयति ।
रतान्ते तल्पस्थान् हरति वनिताऽप्यंशुकमिति प्रभामत्तश्चन्द्रो जगदिदमहो विभ्रमयति' ॥

एक ऐसा भी उदाहरण है जिसमें उत्तरोत्तर भ्रान्ति पल्लवित होती गई है—

'वल्लालक्षोणिपाल, त्वदहितनगरे सञ्चरन्ती किराती
कीर्णान्यादाय रत्नान्युरुतरखदिराङ्गारशङ्काकुलाङ्गी ।
कृत्वा श्रीखण्डखण्डं तदुपरि मुकुलीभूतनेत्रा धमन्ती
श्वासामोदानुधावन्मधुकरनिकरैर्धूमशङ्कां तनोति' ॥ २५ ॥

किं पद्ममन्तर्भ्रान्तालि किन्ते लोलेक्षणं मुखम् ।
मम दोलायते चित्तमितीयं संशयोपमा ॥ २६ ॥

किं पद्ममिति । अन्तर्भ्रान्तालि मध्ये भ्रमद्भ्रमरयुगलमिदं पद्मं कमलं किम् ? अथवा ते तव लोलेक्षणं चलनेत्रं मुखं किम् ? इति मम चित्तं दोलायते द्वैधमिवानुभवति, इतीयं संशयोपमा नामालङ्कारः। मध्ये भ्रमद्भ्रमरपद्मत्वप्रकारकं त्वत्सम्बन्धिमुखत्वप्रकारकं च संशयात्मकं ज्ञानं (त्वदीयमुखे) जायत इत्यर्थः। तदत्र संशयस्य चमत्कारकतया संशयोपमा नामालङ्कारः। एकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धनानार्थावमर्शः संशयः, अस्य च सादृश्यपर्यवसायितयोपमाभेदे संग्रहः ॥ २६ ॥

हिन्दी—क्या यह मध्यभागमें घूमते हुए भ्रमरसे युक्त कमल है या चञ्चलनेत्रों वाला तुम्हारा मुख है? इस दुविधामें हमारा हृदय घूम रहा है। यहाँ पर संशयोपमा नामक उपमाभेद होता है। अर्वाचीन आचार्यगण इसे सन्देहालङ्कार मानते हैं। कविराजने कहा है—

'सादृश्यमूला भासमानविरोधा समबला नानाकोट्यवगाहिनी धी रमणीया सन्देहालङ्कृतिरिति'। इस प्रसङ्गमें उदाहरण भी दिया है—

'अधिरोप्य हरस्य हन्त चापं परितापं प्रशमय्य बान्धवानाम्।
परिणेष्यति वा न वा युवायं निरपायं मिथिलाधिनाथपुत्रीम्' ॥ २६ ॥

न पद्मस्येन्दुनिग्राह्यस्येन्दुलज्जाकरी द्युतिः।
अतस्त्वन्मुखमेवेदमित्यसौ निर्णयोपमा ॥ २७ ॥

निर्णयोपमां लक्षयति—**न पद्मस्येति**। इन्दुनिग्राह्यस्य चन्द्रेण कृताभिभवस्य पद्मस्य इन्दुलज्जाकरी चन्द्रसङ्कोचकारिणी द्युतिर्न संभवति, यत्पद्मं चन्द्रमसाऽभिभूतपूर्वं तस्य द्युतिश्चन्द्रमसं स्वजेतारं सङ्कोचयेदिति न संभवति, अतः इदं चन्द्रलज्जाकरीं द्युतिं बिभ्रत् त्वन्मुखमेवेति असौ निर्णयोपमा नामालङ्कारः। अत्रेदं पद्मं मुखं वेति संशयः पूर्वमवतारणीयः, ततश्चायं निश्चयः, संशयोत्तरनिश्चयस्यैव निर्णयालङ्कारस्वरूपतयाग्निपुराणेऽभिहितत्वात्, तथा चोक्तं तत्र—'उपमेयस्य संशय्य निश्चयान्निश्चयोपमा'। निश्चयोपमा निर्णयोपमा इति चानर्थान्तरम् ॥ २७ ॥

हिन्दी—जिस पद्मको चन्द्रमाने अभिभूत कर दिया था उस पद्मकी द्युति चन्द्रमाको लज्जित करने वाली नहीं हो सकती है, अतः यह तुम्हारा मुख ही है, इसको निर्णयोपमा कहते हैं। अग्निपुराणमें इसीको निश्चयोपमा शब्दसे कहा गया है। इसका उदाहरणान्तर यह दिया जा सकता है—

'किन्तावत् सरसि सरोजमेतदारादाहोस्विन्मुखमवभासते तरुण्याः।
संशय्य क्षणमिति निश्चिकाय कश्चिद्बिब्बोकैर्बकसहवासिनां परोक्षैः'॥

विश्वनाथ आदि अर्वाचीन आचार्य इसे निश्चयान्त संदेह कहते हैं ॥ २७ ॥

शिशिरांशुप्रतिस्पर्धि श्रीमत्सुरभिगन्धि च।
अम्भोजमिव ते वक्त्रमिति श्लेषोपमा स्मृता ॥ २८ ॥

शिशिरेति। ते तव वक्त्रम् अम्भोजं कमलमिव शिशिरांशुप्रतिस्पर्धि चन्द्रप्रतिद्वन्द्वि[1], (अत्र मुखपक्षे शिशिरांशोः प्रतिस्पर्धीति विग्रहः, अम्भोजपक्षे तु शिशिरांशुः प्रतिस्पर्धी यस्येति विग्रह इति बोध्यम्। श्रीमत् प्रशंसनीयशोभम्', सुरभिगन्धि घ्राणतर्पणगन्धयुतं च। अत्र विशेषणत्रयमपि श्लेषद्वारा मुखे कमले चोभयत्रान्वेतीति इयं श्लेषोपमा स्मृता। श्लेषश्चात्रार्थश्लेषः। अत्र श्लेषस्य विद्यमानत्वेऽपि न श्लेषालङ्कारः, सादृश्यजन्यचमत्कारे श्लेषचमत्कारस्य लीनतया तस्यालङ्कारकत्वायोगात्। अतश्चात्र श्लेषानुप्राणितोपमा ज्ञेया ॥ २८ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख कमलकी तरह चन्द्रप्रतिपक्षि, श्रीमत् एवं सुरभिगन्धयुत है, इसमें श्लेषोपमा नामक अलङ्कार है, यहाँ पर चन्द्रप्रतिस्पर्द्धि, श्रीमत् और सुरभिगन्धि यह तीनों विशेषण श्लिष्ट हैं अतः इसे श्लेषोपमा नामक अलङ्कार कहा जाता है ॥ २८ ॥

सरूपशब्दवाच्यत्वात् सा समानोपमा[2] यथा।
बाले वोद्यानमालेयं सालकाननशोभिनी ॥ २९ ॥

समानोपमां निर्वक्ति—**सरूपेति**। सरूपम् समानम् सत्यप्यर्थभेदे समानाकृति, तादृशशब्देन वाच्यत्वात् समानधर्मस्य प्रतिपाद्यत्वात् सा समानोपमा भवतीति शेषः,

---

१. प्रतिद्वन्द्वि। २. सन्तानोपमा, सरूपोपमा वा।

ययेति तदुदाहरणोपन्यासः, इयम् उद्यानमाला वनपङ्क्तिः बाला वधूरिव सालकेन चूर्णकुन्तलललितेन आननेन शोभिनी सशोभा, वनपङ्क्तिर्यथा सालानां वृक्षाणां काननेन वनेन शोभायुता तथा बालापि सालकाननेन (चूर्णकुन्तलयुक्तमुखेन) शोभायुता, तदत्रोपमायां भिन्नयोरपि उपमानोपमेयधर्मयोः समानशब्दवाच्यत्वात्साधारण्यम् । अस्यां च शब्दश्लेषो हेतुः, वृक्षकाननेति परपदप्रयोगे उपमाभावात् ॥ २९ ॥

हिन्दी—जहाँ पर उपमान और उपमेयगत धर्म समानानुपूर्वीक शब्दद्वारा बताया गया हो, अर्थभेदेन भिन्न होनेपर भी उपमानोपमेयगत धर्मोपस्थापकशब्दसमानाकृतिक हो, उसे समानोपमानामक उपमाभेद मानते हैं। जैसे—यह बाला उद्यानमालाकी तरह सालकाननशोभिनी है। यहाँ पर 'सालकाननशोभिनी' शब्दका उपमानभूत उद्यानमालापक्षमें—सालवृक्षोंके वनसे शोभायुक्त, तथा उपमेय बालापक्षमें—चूर्णकुन्तलसे युक्त मुखसे शोभायुक्त यह अर्थ है, परन्तु दोनों अर्थोंके उपस्थापक शब्द—'सालकाननशोभिनी' में समानता, सरूपता, एकानुपूर्वीकत्व होनेसे यहाँ समानोपमा है ॥ २९ ॥

पद्मं बहुरजश्चन्द्रः क्षयी ताभ्यां तवाननम् ।
समानमपि सोत्सेकमिति निन्दोपमा स्मृता[1] ॥ ३० ॥

पद्ममिति । पद्मम् कमलम् बहुरजः परागधूसरम् , चन्द्रः क्षयी कृष्णपक्षे नश्यद्द्युतिः, (कमलं धूलिपूर्णं क्षयी चन्द्रः) ताभ्यां कमलचन्द्राभ्यां समानम् तुलितमपि तवाननं त्वन्मुखम् सोत्सेकम् सगर्वम् । यत्तव मुखं धूलिपूर्णेन कमलेन क्षयिणा चन्द्रमसा च सादृश्यमावहति तस्यापि सगर्वता ? नोचितस्तस्य गर्व इत्यर्थः । इति एषा निन्दोपमा स्मृता कविभिरुक्ता । अत्र साम्यमात्रपर्यवसायित्वात् तस्यैव कविसंरम्भगोचरत्वात् प्रतीयमानेऽपि भेदे तस्य प्राधान्याभावान्न व्यतिरेकः । प्राधान्येन भेदस्य चमत्कृतिजनकत्व एव तस्य निश्चितत्वात् ॥ ३० ॥

हिन्दी—कमलमें परागरूप धूल भरी पड़ी है, चन्द्रमा कृष्णपक्षमें क्षीण हो जाता है, उन्हीं दोनोंसे समता रखता है यह तुम्हारा मुख, फिर भी इसे अपनी रमणीयतापर पूरा गर्व है ? इसे निन्दोपमा कहा गया है। यह निन्दा साम्यपर्यवसायिनी है, साम्य ही कविका अतिप्रेत भी है, अतः भेदप्रधानरूपमें विवक्षित नहीं है, इसीलिये यहाँ व्यतिरेक नामक अलङ्कार नहीं हुआ, क्योंकि जहाँ पर प्राधान्येन भेद चमत्कारक हो, वहीं व्यतिरेक माना जाता है ॥ ३० ॥

ब्रह्मणोऽप्युद्भवः पद्म[2]श्चन्द्रः शम्भुशिरोधृतः ।
तौ तुल्यौ त्वन्मुखेनेति[3] सा प्रशंसोपमोच्यते[4] ॥ ३१ ॥

ब्रह्मण इति । पद्मः कमलम् ब्रह्मणोऽपि उद्भवः उत्पत्तिस्थानम् , चन्द्रः शम्भुशिरोधृतः शम्भुना मस्तके निधाय कृतादरः, तौ पद्मचन्द्रौ त्वन्मुखेन तुल्यौ इति सा प्रशंसोपमा उच्यते । पद्मचन्द्रौ महद्भ्यां ब्रह्मशिवाभ्या प्रभवस्थानत्वे शिरोभूषणत्वे च क्रमश आश्रितौ इति तयोर्महत्ता, तावेव च जगत्त्रितयरोचनेन तव मुखेनापि तुलितावित्यहो तयोः प्रकर्षः इत्थं, पद्मचन्द्रौ अधिकगुणतयोपमानभूतेन मुखेन प्रशंसिताविति मुखस्य गुणातिशयो व्यञ्जितः । अत्र विपर्यासोपमासमेधिता प्रशंसा, तत्र प्रशंसायाः

१. मता । २. पद्मं । ३. ते मुखेनेति । ४. प्रशंसोपमेष्यते ।

प्राधान्यात् तदन्तर्भूतं विपर्यासोपमावैचित्र्यमिति नात्र विपर्यासोपमा, किन्तु प्रशंसोपमै-वेति बोध्यम् ॥ ३१ ॥

हिन्दी—कमल ब्रह्माका जन्मस्थान है, चन्द्रमाको शिवने मस्तकालङ्कार बनाया है, इस तरह इन दोनोंको ही महत्त्व प्राप्त है, वही कमल और चन्द्रमा तुम्हारे मुखसे भी समता प्राप्त करते हैं (अतः उनका महत्त्व और अधिक हो गया) इसको प्रशंसोपमा कहते हैं। यहाँ पर अधिक गुणशाली कमल और चन्द्रमाको प्रशंसित करनेके लिये मुखको उपमान बनाया गया है, उपमान अधिकगुणत्वेन सम्भावित ही बनाया जाता है, अतः मुखकी ही प्रशंसा पर्यवसित होती है। इसमें यद्यपि विपर्यासोपमाकृतानुप्राणना प्रशंसोपमा है, परन्तु प्रधान प्रशंसा ही है, विपर्यास प्रशंसाके भीतर प्रविष्ट हो गया है, अतः इसे प्रशंसोपमा ही माना जाता है ॥ ३१ ॥

चन्द्रेण त्वन्मुखं तुल्यमित्याचिख्यासु मे मनः।
स गुणो वास्तु दोषो वेत्याचिख्यासोपमां विदुः ॥ ३२ ॥

चन्द्रेणेति। मे मम मनः त्वन्मुखम् तव वदनम् चन्द्रेण तुल्यम् शशिना समानम् इत्याचिख्यासु कथयितुकामम् (विद्यते) सः आख्यानाभिलाषः गुणो वास्तु दोषो वास्तु, इति ईदृशीम् आचिख्यासोपमां विदुः पण्डिता इति शेषः। अत्र 'सगुणो वास्तु दोषो वा' इत्येतावताऽऽख्यानाभिलाषस्य समुद्रेको व्यक्तः, स चोपमेयस्य मुखस्य चारुतातिशयं प्रकाशयति ॥ ३२ ॥

हिन्दी—मेरा मन यह कहना चाहता है कि तुम्हारा मुख चन्द्रमाके समान है, यह गुण हो चाहे दोष हो (भले ही आप अपनी इच्छाके अनुसार हमारे इस आख्यानाभिलाषको गुण या दोष कहें परन्तु मैं उत्कट इच्छा रखता हूँ यह कहनेके लिये कि तुम्हारा मुख चन्द्रमाके समान है), यह आचिख्यासोपमा कही जाती है ॥ ३२ ॥

शतपत्रं शरच्चन्द्रस्त्वदाननमिति त्रयम्।
परस्परविरोधीति सा विरोधोपमा[1] मता ॥ ३३ ॥

शतपत्रमिति। शतपत्रं कमलम्, शरच्चन्द्रः शरन्निशानाथः, त्वदाननम् तव मुखम् इति त्रयम् एतत्त्रितयम् परस्परविरोधि अन्योन्यप्रतिस्पर्धि, प्रायः समानविद्याः परस्पर-यशः पुरोभागा इति सिद्धान्तानुसारेण समानताशालिनां परस्परविरुद्धत्वं प्रसिद्धम्, सैषा विरोधोपमा नामालङ्कारः, अत्र विरोधस्य साम्यपर्यवसायितया चमत्कारकत्वम् ॥ ३३ ॥

हिन्दी—कमल, शरदृतुका चन्द्रमा और तुम्हारा मुख—ये तीनों परस्पर विरोधी हैं, यहाँपर विरोधोपमा नामका अलङ्कार होता है। समानतामें विरोधका होना स्वाभाविक है अतः यहाँ वर्ण्यमान विरोध साम्यपर्यवसायी होकर चमत्कारकारी होता है, अतः विरोधोपमा नाम पड़ा है ॥ ३३ ॥

न जातु शक्तिरिन्दोस्ते मुखेन प्रतिगर्जितुम्।
कलङ्किनो जडस्येति प्रतिषेधोपमैव सा ॥ ३४ ॥

न जात्विति। इन्दोः चन्द्रमसः ते तव मुखेन सह न जातु न कदाचिदपि प्रति-गर्जितुम् स्पर्धितुम् शक्तिरस्ति (यतो हि चन्द्रः कलङ्की जडश्च), विशेषणद्वयेन तमर्थं विवृणोति—**कलङ्किनो जडस्येति।** चन्द्रो यतः कलङ्की जडः शीतलो मूर्खश्चातोऽसौ

1. विरोधोपमोदित ।

अकलङ्किनाऽजडेन च तव मुखेन प्रतिस्पर्धितुं न क्षमत इत्यर्थः । अत्र परिकरालङ्कारस्य शङ्का न कार्या, तस्य दण्डिनाऽस्वीकृतत्वात् , यदि चन्द्रे विशेषणद्वयं पूर्वोक्तं न प्रयुज्यते तदा अपुष्टार्थत्वं स्यात् । पूर्वोक्तनिन्दोपमायां प्रतिषेधो नास्ति, इति तस्या भेदः । अत्र सादृश्यप्रतिषेधेन उपमेयगुणस्योत्कर्षो वर्णितो भवतीति प्रतिषेधोपमा ॥ ३४ ॥

हिन्दी—कलङ्की तथा जड़ (मूर्ख-शीतल) चन्द्रमाकी क्या शक्ति है कि वह तुम्हारे मुखके साथ बराबरी कर सके, यहाँ पर प्रतिषेधोपमा नामक अलङ्कार होता है । इसे आप परिकर अलङ्कार नहीं कह सकते क्योंकि आचार्य दण्डीके मतमें परिकर नामका कोई अलङ्कार नहीं होता है । यहाँ पूर्वोक्त निन्दोपमा नहीं हो सकती क्योंकि निन्दोपमामें प्रतिषेध नहीं होता है । यहाँपर सादृश्यनिषेध करके उपमेयगुणाधिक्य ही विवक्षित है, अतः इसे प्रतिषेधोपमा ही माना जाता है ॥ ३४ ॥

चन्द्रारविन्दयोः कान्तिमतिक्रम्य मुखं तव ।
आत्मनैवाभवत्तुल्यमित्यसाधारणोपमा ॥ ३५ ॥

चन्द्रारविन्दयोरिति । तव मुखं चन्द्रारविन्दयोः कान्तिम् शोभाम् अतिक्रम्य स्वशोभया विजित्य आत्मना स्वेन एव तुल्यम् अभवत् सदृशमजायत, इति असाधारणोपमानामालङ्कारः । चन्द्रपद्मे एव मुखस्योपमानतया प्रथिते, तयोरतिक्रमे कृते सति सदृशान्तरवैधुर्येणौपम्यस्यासाधारणत्वं निष्पद्यत इतीयमसाधारणोपमा नामालङ्कारः । न चैकस्यैवोपमानोपमेयभावः कथमिति वाच्यम् 'आत्मानमात्मना वेत्ति' इत्यादाविव काल्पनिकभेदमादाय प्रयोगसंभवात् ॥ ३५ ॥

हिन्दी—तुम्हारे मुखने चन्द्रमा और कमलकी शोभाको अतिक्रान्त करके अपने ही साथ समानता पा ली है, इसे असाधारण उपमा कहते हैं । मुखके समान चन्द्र और पद्म थे, उनकी शोभाको अतिक्रमण कर लेने पर दूसरा कोई बराबरी करनेवाला नहीं रह गया, फलतः मुखने अपनी तुलना अपनेमें ही पाई । यहाँ पर साधारण—समान दूसरेका प्रतिषेध हो जाता है अतः इसका नाम असाधारणोपमा पड़ा ॥ ३५ ॥

मृगेक्षणाङ्कं ते वक्त्रं मृगेणैवाङ्कितः शशी ।
तथापि सम एवासौ नोत्कर्षीति चटूपमा ॥ ३६ ॥

मृगेक्षणाङ्कमिति । ते तव वक्त्रं मुखम् मृगेक्षणाङ्कम् मृगनयनसदृशनयनशोभितम्, शशी चन्द्रः मृगेणैव अङ्कितः भूषितः, तथापि-यद्यपि मुखे मृगेक्षणमात्रं चन्द्रे च सर्वाङ्गेण मृगः—तथापि असौ शशी समः त्वद्वदनतुल्य एव नोत्कर्षी न प्रकर्षशाली इति चाटूपमा नाम । अधिकसाधनवता अधिकोत्कर्षवता भाव्यम् , परं तादृशविशेषसाधनसम्पन्नोपि मृगेणाङ्कितोऽपि शशी मुखतः न्यूनसाधनसम्पन्नात् मृगेक्षणमात्राङ्कितात् त्वद्वदनात् समधिकोत्कर्षशाली न, अपितु सम एवेति शशिनः समीकरणेन मुखस्य सौन्दर्यपरिपोषो बोध्यः । अस्याः प्रियोक्तिरूपत्वाच्चटूपमानाम्ना व्यवहारः ॥ ३६ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख मृगनेत्रसे (एक अङ्गमात्रसे) और चन्द्रमा सर्वाङ्गपूर्ण मृगसे ही अङ्कित है, तथापि (अधिक साधनसम्पन्न होकर भी) वह चन्द्रमा मुखके समान ही है, बढ़ कर नहीं है, यह चटूपमा नामक अलङ्कार है ॥ ३६ ॥

---

१. कक्ष्यां ।

न पद्मं मुखमेवेदं न भृङ्गौ चक्षुषी इमे ।
इति विस्पष्टसादृश्यात् तत्त्वाख्यानोपमैव सा ॥ ३७ ॥

न पद्ममिति । इदं पुरो दृश्यमानम् पद्मं कमलं न किन्तु मुखमेव, इमौ भृङ्गौ भ्रमरौ न किन्तु चक्षुषी नयने एव, इत्येवं विधिनिषेधप्रकाशनवर्त्मना विस्पष्टसादृश्यात् सादृश्यस्य स्पष्टीकरणात् इयं तत्त्वाख्यानोपमा ज्ञेया । भ्रमनिरासाय भ्रमविषयस्य तत्त्वस्य यथार्थस्वरूपाविष्करणं तत्त्वाख्यानम्, तन्मूलकत्वादस्यास्तत्त्वाख्यानोपमानाम्ना व्यवहारः । निर्णयोपमायां संशयपूर्वकं तत्त्वाख्यानम्, अत्र तु भ्रान्तिपूर्वकं तत्त्वाख्यानमित्यनयोर्भेदः ॥ ३७ ॥

हिन्दी—यह कमल नहीं है मुख ही है, यह भ्रमर नहीं हैं नयन ही हैं, इस प्रकार विधिनिषेधोभयाभिधान द्वारा सादृश्य स्पष्ट करनेके कारण इसे तत्त्वाख्यानोपमा कहते हैं । निर्णयोपमामें संशयपूर्वक तत्त्वाख्यान रहता है, और यहाँ भ्रान्तिपूर्वक तत्त्वाख्यान रहता है, यही इन दोनोंमें अन्तर है ॥ ३७ ॥

सर्वपद्मप्रभासारः[1] समाहृत[2] इव क्वचित् ।
त्वदाननं[3] विभातीति तामभूतोपमां विदुः ॥ ३८ ॥

सर्वपद्मेति । क्वचित् एकत्रस्थाने विधात्रा समाहृतः एकत्रीकृत्य स्थापितः सर्वपद्मप्रभासारः सकलकमलकान्तिपुञ्ज इव त्वदाननं विभाति तामिमाम् (कवयः) अभूतोपमाम् विदुः आहुः । अभूतेन अनिष्पन्नेन उपमानेन औपम्यस्य वर्णनम् अभूतोपमा, नात्रेवशब्दः सम्भावनायाम् अपितु साधर्म्यवाचकः, तेन समाहृत इत्यस्य संभावनया समाहरणेऽपि उत्प्रेक्षावाचकाभावात् केवलसंभावनाचमत्कृत्यपेक्षया तादृशसंभावनानिष्पन्नोपमानसादृश्यवर्णनचमत्कृतेः प्राधान्यादत्रोपमैव ज्ञेया । अविद्यमानस्य केवलं कविप्रतिभया कल्प्यमानस्य धर्मिणो यत्र वर्णनं तत्राभूतोपमा, स्वयं विद्यमानस्य धर्मिणो यत्रान्यधर्मिणां सम्मेलनकल्पनया साम्यवैचित्र्यवर्णनं तत्राद्भुतोपमेत्युभयोर्भेदः ॥ ३८ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख ऐसा मालूम पड़ता है मानो ब्रह्माने सकल कमलकान्तिपुञ्जको एक स्थानपर एकत्रित कर दिया हो, इसे अभूतोपमा कहते हैं । अभूत—अनिष्पन्न उपमानके साथ सादृश्यप्रकाशन होनेके कारण इसे अभूतोपमा कहते हैं । अभूतोपमामें कविकल्पित अभूतधर्मीका उपन्यास होता है और स्वयं विद्यमान धर्मीका अन्य धर्मीके साथ मिलन होनेसे जहाँ वैचित्र्यवर्णन होता है वह अद्भुतोपमा है, यही दोनोंमें भेद है ॥ ३८ ॥

चन्द्रबिम्बादिव विषं चन्दनादिव पावकः ।
परुषा वागितो वक्त्रादित्यसंभावितोपमा ॥ ३९ ॥

चन्द्रबिम्बादिति । इतः एतस्मात् तव वक्त्रात् परुषा कठोरा वाक् वाणी चन्द्रबिम्बात् शशाङ्कमण्डलात् विषं गरलम् इव, चन्दनात् पावकोऽग्निरिव । अत्र उपमानभूताभ्यां चन्द्रचन्दनाभ्यां विषपावकनिर्गमस्येव तव वदनात् परुषवाङ्निस्सरणस्यासंभावितत्वादियमसम्भावितोपमाऽलङ्कारः ॥ ३९ ॥

हिन्दी—इस तुम्हारे मुखसे कठोर वाणीका निकलना उसी प्रकार होगा जैसे चन्द्रमण्डलसे विषका निकलना और चन्दनकाष्ठसे आगका निकलना । अर्थात् यदि चन्द्रबिम्ब और चन्दनसे

१. सारं । २. हृतमिव । ३. तवाननम् ।

विष और आगका निकलना संभव हो, तभी तुम्हारे मुखसे कठोर वाणीका निकलना संभव हो सकता है। इसमें असंभावित वस्तुके साथ सादृश्यवर्णन किया गया है अतः यह असंभावितोपमा है ॥ ३९ ॥

चन्दनोदकचन्द्रांशुचन्द्रकान्तादिशीतलः ।
स्पर्शस्तवेत्यतिशयं बोधयन्ती बहूपमा ॥ ४० ॥

चन्दनोदकेति । चन्दनोदकं मलयाङ्गरागः, चन्द्रांशवः शशिकराः, चन्द्रकान्तः स्वनामप्रसिद्धो मणिभेदः, एतदादिशीतलः एतत्प्रभृतिसुखकरस्तव स्पर्शः, इति अतिशयं बोधयन्ती उपमानान्तरावस्थितशैत्यगुणापेक्षया प्रस्तुते विशेषं गमयन्ती इयं बहूपमा नामोपमाप्रभेदः । अर्वाचीना इमां मालोपमामाहुः ॥ ४० ॥

हिन्दी—चन्दनजल, चन्द्रकिरण, चन्द्रकान्तमणि प्रभृति वस्तुओंकी तरह तुम्हारा स्पर्श अतिशीतल है, इसमें शैत्योपमानतया प्रसिद्ध कदल्यादिसे प्रस्तुत वस्तुमें अतिशय प्रतीत होता है अतः इसे बहूपमा कहते हैं। अर्वाचीन आचार्यगण इसे मालोपमा कहते हैं, उनका लक्षण-उदाहरण यह है, लक्षण—'मालोपमा यदेकस्योपमानं बहु दृश्यते'।

उदाहरण—

'वारिजेनेव सरसी शशिनेव निशीथिनी । यौवनेनेव वनिता नयेन श्रीर्मनोहरा' ॥ ४० ॥

चन्द्रबिम्बादिवोत्कीर्णं पद्मगर्भादिवोद्धृतम् ।
तव तन्वङ्गि वदनमित्यसौ विक्रियोपमा ॥ ४१ ॥

चन्द्रबिम्बादिति । हे तन्वङ्गि कृशगात्रि, तव वदनं मुखम् चन्द्रबिम्बात् शशिमण्डलात् उत्कीर्णम् इव उट्टङ्कितम् इव, पद्मगर्भात् उद्धृतम् इव, इति इयम् विक्रियोपमानामालङ्कारः । अत्रोपमानभूतौ इन्दुबिम्बपद्मगर्भौ प्रकृती वदनञ्च विकृतिः । प्रकृतिविकृत्योश्चास्ति साम्यमिति विक्रियोपमा । एतदुक्तमग्निपुराणे—

'उपमानविकारेण तुलना विक्रियोपमा' ।

अन्यत्राप्युक्तम्—

'उपमेयस्य यत्र स्यादुपमानविकारता ।
प्रकृतेर्विकृतेः साम्यात् तामाहुर्विक्रियोपमाम्' ॥ ४१ ॥

हिन्दी—हे कृशाङ्गि, तुम्हारा मुख ऐसा लगता है मानो चन्द्रमण्डलसे उत्कीर्ण—खचित हो, कमलपुष्पगर्भसे निकाला गया हो, इसे विक्रियोपमा कहते हैं। यहाँ पर उपमानभूत चन्द्रबिम्ब और पद्मगर्भ प्रकृति हैं और वदन विकृति है, प्रकृतिके साथ विकृतिका साम्य अवश्यंभावी है, अतः यह विक्रियोपमा हुई ॥ ४१ ॥

पूष्ण्यातप इवाह्नीव पूषा व्योम्नीव वासरः ।
विक्रमस्त्वय्यधाल्लक्ष्मीमिति मालोपमा मता ॥ ४२ ॥

पूष्णीति । यथा आतपः प्रकाशः पूष्णि सूर्ये (लक्ष्मीमधात्), पूषा अह्नि दिवसे (लक्ष्मीमधात्), वासरो दिवसश्च व्योम्नि आकाशे (लक्ष्मीमधात्) तथा विक्रमः पराक्रमस्त्वयि लक्ष्मीमधात् इति मालोपमा नामालङ्कारः । यथा मालायां ग्रथितस्यैकस्य कुसुमस्य परेण तस्यापि परेणेत्येवं सश्लेषो भवति तथैवात्र प्रथमवाक्येऽधिकरणत्वेनो-

---

१. शीतांशु ।

पात्तस्य पदार्थस्य तदुत्तरवाक्ये कर्तृतयोपादानम् , एवमग्रेऽपि, तदियं मालासाम्या-न्मालोपमापदेनोक्ता । पूर्वं निरुक्तायां—'चन्दनोदकचन्द्रांशुचन्द्रकान्तादिशीतलः । स्पर्श-स्तवेत्यतिशयं बोधयन्ती बहूपमा' इति स्वरूपायां बहूपमायां केवलमुपमाबाहुल्यम् , अस्यां तु पूर्ववाक्यस्थपदस्योत्तरवाक्ये सम्बन्धस्ततश्चोपमाबाहुल्यमपीत्युभयोर्भेदः । नव्यास्त्वत्र तत्रोभयत्रापि मालोपमामेव मन्यन्ते ॥ ४२ ॥

हिन्दी—जैसे प्रकाशने सूर्यको लक्ष्मी दी है, सूर्यने दिनको लक्ष्मी दी है, और दिनने आकाश को लक्ष्मी दी है उसी तरह पराक्रमने आपको लक्ष्मी दी है। यह मालोपमा मानी जाती है। जैसे मालामें गुथे गये एक फूलका दूसरेसे, दूसरेका तीसरेसे संबन्ध होता है, उसी तरह इसमें प्रथम वाक्यमें अधिकरणतया गृहीत पदार्थका तदुत्तरवाक्यमें कर्तृतया सम्बन्ध होता है, जैसे 'पूष्ण्यातप इव' इस प्रथम वाक्यमें अधिकरणतया गृहीत पूषाका तदुत्तरवाक्य—'अह्नीव पूषा'में—कर्तृतया सम्बन्ध हुआ है, इसी प्रकार आगे भी हुआ है, अतः इसे मालासाम्य होनेके कारण मालोपमा कहते हैं। बहूपमामें केवल उपमानबाहुल्य होता है, इस मालोपमामें पूर्ववाक्यस्थ पदका उत्तरवाक्यमें अन्वय तथा तदनन्तर उपमानबाहुल्य होता है, यही दोनोंमें भेद है। नवीन आचार्यगण बहूपमाको और इसको भी मालोपमा ही मानते हैं ॥ ४२ ॥

वाक्यार्थेनैव वाक्यार्थः कोऽपि यद्युपमीयते ।
एकानेकेव शब्दत्वात्सा वाक्यार्थोपमा द्विधा ॥ ४३ ॥

वाक्यार्थेनैवेति । यदि कोपि वाक्यार्थः वाक्यार्थेन परेण वाक्यार्थेन एव उपमीयते, तदा वाक्यार्थोपमा नामालङ्कारो भवति । वाक्यार्थयोरुपमानोपमेयभावेन साम्यस्य वर्णनात् वाक्यार्थोपमेति नामकरणम् । सा चेयं वाक्यार्थोपमा द्विप्रकारा—एकेवशब्दघटिता अने-केवशब्दघटिता च । तत्रायं विवेकः, यदा वाक्यस्थिताखिलपदार्थसाम्यप्रत्यायनेच्छा तदा प्रत्युपमानमिवशब्दप्रयोगः इत्यनेकेवशब्दघटिता सा, यदा तु प्रधानपदार्थबोधोतरं पश्चात् पर्यालोचनया अवान्तरपदार्थानां साम्यं प्रतीतमिवावभासते तदा प्रधानोपमानपुरत एवेव-शब्दप्रयोगेणैव सकलसाम्यप्रतीतिरित्येकेवशब्दप्रयोगघटिता सा ॥ ४३ ॥

हिन्दी—जब एक वाक्यके अर्थसे दूसरे वाक्यके अर्थकी उपमा दी जाती है तब वाक्यार्थो-पमा नामक अलङ्कार होता है। यह दो प्रकारका होता है १-एक इव शब्दघटित और २-अनेक इव शब्दघटित। जब वाक्यस्थित सभी पदार्थोंमें साम्यबोधनेच्छा होती है तब प्रत्येक उपमानके साथ इव शब्द लगा दिया जाता है। उस स्थितिमें यह अनेक इव शब्दसे घटित होती है, और जब प्रधानपदार्थान्वयबोधोत्तर पर्यालोचन करनेपर अवान्तर पदार्थोंका साम्य स्वतःप्रतीत सा मालूम पड़ता है, तब प्रधानोपमानके साथ ही एकमात्र इव शब्दका प्रयोग होता है, उस स्थितिमें यह एक इव शब्दघटित होती है ॥ ४३ ॥

त्वदाननमधीराक्षमाविर्दशनदीधिति ।
भ्रमद्भृङ्गमिवालक्ष्यकेसरं भाति पङ्कजम् ॥ ४४ ॥

एकेवशब्दघटितां वाक्यार्थोपमामुदाहरति—**त्वदाननमिति** । अधीराक्षम् चञ्चल-नयनम् आविर्दशनदीधिति प्रकाशीभवद्दशनद्युति च त्वदाननम् तव मुखम् भ्रमद्भृङ्गम् सञ्चरद्भ्रमरम् आलक्ष्यकेसरम् किञ्चिल्लक्ष्यकिञ्जल्कं पङ्कजम् कमलमिव भाति शोभते। अत्र चलनयनप्रकाशमानदन्तद्युतिसहितस्याननस्य भ्रमद्भ्रमरकिञ्चिल्लक्ष्यकिञ्जल्कपद्मस्य च

साम्यमुपमानोपमेयात्मकवाक्यद्वयेन निबद्धम्। अतश्चेयं वाक्यार्थोपमा, अत्र च विशिष्ट-योरेवोपमानोपमेयत्वप्रतीतिरिष्टेत्येकेवशब्दप्रयोगः ॥ ४४ ॥

हिन्दी—चञ्चल नेत्रोंसे युक्त और प्रकाशित होनेवाली दन्तद्युतिसे मण्डित यह तुम्हारा मुख मँडराते हुए भ्रमरसे युक्त तथा लक्ष्यकिञ्जल्क कमलके समान शोभित होता है। इसमें पूरे मुखको पूरे कमलसे उपमा दी गई है, यह बात दूसरी है कि प्रधानवाक्यार्थबोधोत्तर नेत्रका भ्रमरसे और दन्तद्युतिका किञ्जल्कसे साम्य मालूम पड़ जाता है। यह एक इव शब्दघटित वाक्यार्थोपमाका उदाहरण है ॥ ४४ ॥

नलिन्या इव तन्वङ्ग्यास्तस्याः पद्ममिवाननम्।
मया मधुव्रतेनेव पायं पायमरम्यत ॥ ४५ ॥

अनेकेवशब्दघटितां वाक्यार्थोपमामाह—**नलिन्या इति**। मधुव्रतेन भ्रमरेण इव मया नलिन्याः पद्मलताया इव तस्याः तन्वङ्ग्याः कृशकायलतायाः सुन्दर्याः पद्मम् इव आननम् पायं पायम् असकृत्पीत्वा अरम्यत रतिरासाद्यत। यथा भ्रमरः पद्मिन्याः पद्मं पीत्वा पीत्वा रमते तथाहमपि तस्याः कृशाङ्ग्या मुखं पीत्वाऽरंसीति भावः। अत्रानेकेवशब्दप्रयोगः सर्वाङ्गसाम्यं बोधयति ॥ ४५ ॥

हिन्दी—नलिनीलताके समान उस कृशाङ्गी सुन्दरीके कमलसदृश मुखका भ्रमरके समान मैं बार-बार पान (चुम्बन) करके आनन्दमग्न हो गया। यहाँ पद्मिनीलता—नायिका, कमल—मुख, और मधुकर तथा मैं इनमें उपमानोपमेयभाव पृथक्-पृथक् इव शब्दोंसे प्रकट किया गया है। अनेक इव शब्दोंवाली वाक्यार्थोपमाका यह उदाहरण है ॥ ४५ ॥

वस्तु किञ्चिदुपन्यस्य न्यसनात्तत्सधर्मणः।
साम्यप्रतीतिरस्तीति प्रतिवस्तूपमा यथा ॥ ४६ ॥

प्रतिवस्तूपमां निर्वक्तुमारभते—**वस्तु किञ्चिदिति**। किञ्चित् प्रकृतं वस्तु उपन्यस्य प्रथममभिधाय तत्सधर्मणः प्रकृतवस्तुसमानस्य अप्रकृतस्य न्यसनात् प्रकृतसमर्थनार्थम् वाक्यान्तरेण प्रतिपादनात् साम्यप्रतीतिः विनापीवादिशब्दप्रयोगं सादृश्यबोधो भवति, तत्र प्रतिवस्तूपमा नामालङ्कारः। प्रतिवस्तु प्रतिपदार्थम् उपमा समानधर्मो यस्यां सा प्रति-वस्तूपमा, एतच्च सधर्मणः इति लक्षणघटकेन—अप्रस्तुतवाक्येऽपि धर्मोपादानमावश्यक-मिति सूचयता विवृतम्। 'यत्रोपमानोपमेयवाक्ययोरेकः समानो धर्मः पृथक् निर्दिश्यते सा प्रतिवस्तूपमे'ति कुवलयानन्देऽप्पयदीक्षिताः। काव्यप्रकाशे तु—'प्रतिवस्तूपमा तु सा। सामान्यस्य द्विरेकस्य यत्र वाक्यद्वये स्थितिः' इत्याहुर्मम्मटभट्टाः। पृथक् प्रतिपादनं च भिन्नशब्देनैव, तत्पदावृत्तौ कथितपदत्वरूपदोषप्रसक्तेः। अत्र लक्षणनिरुक्तौ साम्य-प्रतीतिरस्तीति वदतो दण्डिन उपमाजीवातुभूतस्य साम्यस्यात्र प्राधान्येन भानात् उपमा-प्रपञ्च एवास्या अन्तर्भावो युक्त इत्याशयो व्यज्यते ॥ ४६ ॥

हिन्दी—किसी एक प्रस्तुत वस्तुका कुछ वर्णन करके यदि तत्समानधर्मवाले किसी अप्रस्तुत वस्तुका वर्णन किया जाय तो प्रतिवस्तूपमा होती है ॥ ४६ ॥

नैकोऽपि त्वादृशोऽद्यापि जायमानेषु राजसु।
ननु द्वितीयो नास्त्येव पारिजातस्य पादपः ॥ ४७ ॥

प्रतिवस्तूपमामुदाहरति—**नैकोऽपीति**। अद्यापि जायमानेषु अद्ययावत् प्राप्तजन्मसु राजसु भूपालेषु एकोऽपि त्वादृशः तव तुल्यो नास्ति, ननु निश्चये, पारिजातस्य पादपो वृक्षो द्वितीयो नास्त्येव। अत्र पूर्ववाक्ये त्वत्सदृशो नास्ति, परवाक्ये च द्वितीयो नास्ति, इत्येक एव सादृश्यप्रतिषेधाख्यो धर्मः शब्दान्तरेण वाक्यद्वये निर्दिष्ट इति प्रतिवस्तुपमा ॥ ४७ ॥

हिन्दी—प्रतिवस्तूपमाका उदाहरण देते हैं—पैदा होनेवाले भूपोंमें आजतक कोई तुम्हारे ऐसा नहीं हुआ, निश्चय ही पारिजातवृक्षका द्वितीय जोड़ा नहीं होता है। यहाँ पर प्रस्तुत राजाका निर्देश करके तत्समधर्मा पारिजातका निर्देश किया गया है। यहाँ पर पूर्ववाक्यमें 'त्वत्सदृश नहीं हुआ' कहा है और उत्तरवाक्यमें 'द्वितीयो नास्ति' कहा है, एक ही वस्तु दो तरहसे कही गई है, 'सामान्यस्य एकस्य वाक्यद्वये द्विःस्थितिः' यह काव्यप्रकाश भी इसके अनुकूल ही है ॥ ४७ ॥

अधिकेन समीकृत्य[1] हीनमेकक्रियाविधौ।
यद्ब्रुवन्ति स्मृता सेयं तुल्ययोगोपमा यथा ॥ ४८ ॥

तुल्ययोगोपमां लक्षयति—**अधिकेनेति**। हीनं न्यूनगुणं पदार्थम् अधिकेन गुणाधिकपदार्थेन समीकृत्य तुलनामानीय यद्ब्रुवन्ति सा इयं तुल्ययोगोपमा स्मृता। हीनाधिकयोस्तुल्यत्वेन योगे यदौपम्यं सा तुल्ययोगोपमेति भावः ॥ ४८ ॥

हिन्दी—न्यून गुणवाले पदार्थको अधिक गुणवाले पदार्थके साथ तुलना देकर समानकार्यकारितया कहा जाय तो तुल्ययोगोपमा होती है। प्रकृत तथा अप्रकृत पदार्थका एकधर्माभिसम्बन्धरूप तुल्ययोगिता दूसरी है। तुल्ययोगितामें प्रकृत तथा अप्रकृत सभीका समकक्षभावसे वर्णन होता है, अतः वहां पर उपमानोपमेय भावकी अपेक्षा नहीं होती है, अतः वहाँ वाच्य अथवा व्यङ्ग्य साम्य नहीं होता है। इस तुल्ययोगोपमामें प्रकृत और अप्रकृतमें उपमानोपमेयभाव विवक्षित रहा करता है। यहां साम्य भी प्रतीत होता ही है, वाच्य या व्यङ्ग्यरूपमें। एक बात और है कि तुल्ययोगिताकी प्रवृत्ति स्तुति या निन्दाके लिये होती है और तुल्ययोगोपमा की प्रवृत्ति केवल साम्यप्रतिपादनार्थ होती है, यही सब भेद इन दोनोंमें है ॥ ४८ ॥

दिवो जागर्त्ति रक्षायै पुलोमारिर्भुवो[2] भवान्।
असुरास्तेन हन्यन्ते सावलेपास्त्वया[3] नराः ॥ ४९ ॥

उदाहरणमाह—**दिवो जागर्त्तीति**। पुलोमारिः इन्द्रः दिवः स्वर्लोकस्य रक्षायै जागर्त्ति, भवान् भुवः रक्षायै जागर्त्तीत्यत्रापि योजनीयम्। तेन इन्द्रेण असुराः दैत्याः हन्यन्ते, त्वया सावलेपाः गर्वोद्धताः नृपा हन्यन्ते। अत्र हीनस्य प्रस्तुतस्य राज्ञः गुणाधिकेन महेन्द्रेण सह तुल्यताप्रतिपादनात्तुल्ययोगोपमा। अत्र साधर्म्यं व्यङ्ग्यमेव, इवाद्यप्रयोगात् ॥ ४९ ॥

हिन्दी—इन्द्र स्वर्गकी रक्षाके लिए सतर्क रहा करते हैं और आप पृथ्वीकी रक्षाके लिये। वह असुरों का नाश करते हैं और आप उद्धत नृपोंका। यहां पर हीन गुणवाले प्रस्तुत राजाकी गुणाधिक महेन्द्रके साथ तुल्यता बताई गई है अतः तुल्ययोगोपमा अलङ्कार हुआ ॥ ४९ ॥

कान्त्या चन्द्रमसं धाम्ना सूर्यं धैर्येण चार्णवम्।
राजन्ननु करोषीति सैषा हेतूपमा मता[4] ॥ ५० ॥

---

१. समाहृत्य। २. भवान् भुवः। ३. नृपास्त्वया। ४. स्मृता।

हेतूपमामाह—कान्त्या देहप्रभया चन्द्रमसमनुकरोषि, धाम्ना प्रतापेन सूर्यमनुकरोषि, धैर्येण अर्णवमनुकरोषि, इयं हेतूपमा, चन्द्रादिभिः समं नृपसादृश्यस्य हेतूनां कान्त्यादीनां निर्दिष्टत्वात् ॥ ५० ॥

हिन्दी—हे राजन् ! आप कान्तिसे चन्द्रमाका, तेजसे सूर्यका और धैर्यसे समुद्रका अनुकरण करते हैं, यह हेतूपमा है, क्योंकि इसमें चन्द्रादिके साथ राजाकी तुलनाके हेतु कान्त्यादि निर्दिष्ट है ॥ ५० ॥

न लिङ्गवचने भिन्ने न हीनाधिकतापि वा ।
उपमादूषणायालं यत्रोद्वेगो न धीमताम् ॥ ५१ ॥

इयता परिकरेण विविधभेदामुपमां निरूप्य सम्प्रति तद्गतान्दोषान्विवक्षुरादौ दोषाणां तेषां व्यवस्थितविषयत्वमुपपादयति—**न लिङ्गेति** । यत्र धीमताम् उद्वेगः प्रतीतिविघातजन्या व्याकुलता न भवति तत्र भिन्ने उपमानसम्बन्धिलिङ्गवचनापेक्षयाऽतिरिक्ते लिङ्गवचने हीनाधिकता उपमानस्य न्यूनता अधिकताऽपि वा उपमादूषणाय अलम् समर्था न भवन्ति । अयमाशयः—भिन्नं लिङ्गं, भिन्नं वचनम् , उपमानहीनता, उपमानाधिकता चेति सत्युपमादोषाश्चत्वारः परन्तु नैषां तत्र दोषत्वं यत्र सत्यपि लिङ्गवचनभेदे सत्यपि वा हीनाधिकत्वे धीमतामुद्वेगो न जायते । उद्वेगस्यैव दूषकतया तदभावे दोषाभ्युपगमनैरर्थक्यात् । प्रायो भिन्नलिङ्गवचनयोरुपमानोपमेययोः सतोरेकतरलिङ्गवचनानुगतेन समानधर्मेणोभयोः सम्बन्धो दुर्घटो भवति, एतादृशी उपमा सामान्यत उद्वेगं जनयति, किञ्च उपमानस्य हीनतायामुपमेयस्यानुत्कर्षः, अधिकतायां च तदपेक्षयोपमानस्य निकृष्टतरतया वैरस्यमिव जायते इत्यमी दोषा उद्वेगजनकतया हेयत्वेनोक्ताः, परन्तु यत्र धीमतामुद्वेगो न स्यात् , केनापि प्रकारेणोपमानोपमेययोर्लिङ्गवचनभेदे हीनाधिकत्वे च वा सत्यपि साधारणधर्मतया विवक्षितस्य धर्मक्रियादेर्युभयत्रान्वयः संभवति तदा नास्ति दोषत्वम् । अदोषतोदाहरणव्याख्यायामिदं स्पष्टीभविष्यति ॥ ५१ ॥

हिन्दी—प्राचीन आलङ्कारिक भामहने उपमाके सात दोष गिनाये हैं—

'हीनताऽसम्भवो लिङ्गवचोभेदो विपर्ययः ।
उपमानाधिकत्वं च तेनासदृशताऽपि वा ॥
त एते उपमादोषाः सप्त मेधाविनोदिताः ।' (काव्यालङ्कार २. ३९–४०)

वामनने भी भामहका ही अनुसरण किया है—

'हीनत्वाधिकत्वलिङ्गवचनभेदासादृश्यासंभवास्तद्दोषाः' ।

वामनने विपर्ययको छोड़ दिया है, शेष छः दोष स्वीकार किये हैं ।

आचार्य दण्डीने—भामहोक्त दोषसप्तकमें—विपर्यय, असादृश्य, असंभव इन तीन दोषोंको नहीं माना है, क्योंकि उनके उपमालक्षणमें—'सादृश्यं यत्रोद्भूतं प्रतीयते' कहा गया है, उद्भूत सादृश्यस्थलमें इनका संभव नहीं है । शेष चार दोषोंके विषयमें उनका वक्तव्य है कि यदि लिङ्गभेद, वचनभेद, हीनता और अधिकता रहने पर भी किसी कारणवश श्रोतृजन उद्वेगका अनुभव नहीं करें तब ये दोष नहीं हैं, अन्यथा दोष हैं ॥ ५१ ॥

स्त्रीव गच्छति षण्ढोऽयं[1] वक्त्येषा स्त्री पुमानिव।
प्राणा इव प्रियोऽयं[2] मे विद्या धनमिवार्जिता ॥ ५२ ॥

लिङ्गवचनभेदस्यादोषतां निदर्शयति—**स्त्रीवेति**। अयं षण्ढः क्लीबः स्त्रीव गच्छति, एषा स्त्री पुमानिव वक्ति, एतस्मिन् वाक्यद्वये साधारणधर्मत्वेनोपात्ताया गमनवचनक्रियाया भिन्नलिङ्गयोरप्युपमानोपमेययोः सुखमन्वेतुमर्हतया प्रतीतिविघातजन्यत्रासरूपोद्वेगाभावात् लिङ्गभेदस्य नोपमादूषकत्वम्। एवम्—अयं जनो मे प्राणा इव प्रियः, मया विद्या धनम् इवार्जिता, अनयोरुदाहरणयोः प्राणशब्दो नित्यबहुवचनान्तः, धनशब्दो नित्यनपुंसकः, अतोऽगतिकगत्या—यथा प्राणाः प्रियास्तथाऽयं मे प्रियः, यथा च धनमर्जितं तथा विद्याऽर्जितेति लिङ्गविपरिणामेनान्वयः सम्पाद्य एवेति नात्र सहृदयानामुद्वेग इति नोपमादोषः। इत्थमेव चन्द्र इव मुखम्, सुधावदधरः इत्यादिस्थलेऽपि प्रतीतिविघातविरहान्नोपमादोष इति ॥ ५२ ॥

हिन्दी—यह नपुंसक स्त्रीकी तरह जाता है, यह स्त्री पुरुषके समान बोलती है। इन उदाहरण-वाक्योंमें लिङ्गवचनभेदरूप दोष नहीं है, क्योंकि यहां उपात्त साधारण धर्म गमन तथा वचनका उपमान और उपमेय दोनोंमें अन्वय सम्भव है, अतः यहाँ दोष नहीं है। इसी तरह—यह मुझे प्राणोंके समान प्रिय है, इसने धनकी तरह विद्या अर्जित की है, इन वाक्योंमें प्राणशब्द नित्यबहुवचनान्त है और धन शब्द नित्य नपुंसक है, उसका अन्वय बिना लिङ्ग-वचन विपरिणामके संभव नहीं है, अतः अगत्या लिङ्गवचन-विपरिणाम करके ही अन्वय करना होगा, यहाँ भी सहृदयोंको उद्वेग नहीं होता है, यह भी दोष नहीं है ॥ ५२ ॥

भवानिव महीपाल देवराजो विराजते।
अलमंशुमतः कक्षामारोढुं[3] तेजसा नृपः ॥ ५३ ॥

उपमानस्य हीनत्वाधिकत्वयोरदोषतामुदाहरति—**भवानिति**। हे महीपाल, भवानिव देवराजो विराजते, अत्र नृपतेर्मनुष्यतया देवतास्वरूपादिन्द्राद् हीनत्वं, तथापि नृपतेर्देवांशसंभवतया नोद्वेगकरत्वमस्या उपमायाः। एवम्—तेजसा नृपः अंशुमतः सूर्यस्य कक्षाम् साम्यम् आरोढुम् प्राप्तुम् अलम् समर्थः, अत्र जात्याधिकोंऽशुमानुपमानीकृतः, परन्तु नृपस्य देवांशतया नोद्वेग इति न दोषः ॥ ५३ ॥

हिन्दी—हे राजन्, आपकीही तरह इन्द्र शोभा पाते हैं, इस उदाहरणमें उपमान नृप मनुष्य होनेके कारण उपमेय इन्द्रसे हीन है, अतः हीनत्व दोष होना चाहिये, परन्तु राजा देवांश होता है, उसकी हीनता उद्वेगजनक नहीं है, अतः यह दोष नहीं है, इसी तरह—यह राजा प्रतापसे सूर्य की समता पानेमें समर्थ है, इस वाक्यमें उपमान सूर्य जात्या अधिक है, परन्तु पूर्वोक्त प्रकारसे उद्वेग नहीं हो पाता है, अतः यह भी दोष नहीं माना जाता है ॥ ५३ ॥

इत्येवमादौ सौभाग्यं न जहात्येव जातुचित्।
अस्त्येव[4] क्वचिदुद्वेगः प्रयोगे तद्विदां[5] यथा ॥ ५४ ॥

उपसंहरति—**इत्येवमिति**। इति एवमादौ एतादृशे उदाहरणनिवहे—सत्यपि लिङ्गवचनभेदे हीनत्वेऽधिकत्वे च सौभाग्यं न जहाति वैचित्र्यं न नश्यति, अतो नैषु

---

१. षण्डोयं। २. प्रियेयं। ३. कक्ष्याम्। ४. अस्ति च। ५. वाग्विदां।

दोषः । न चैवमेषां दोषाणां सर्वथा विरह एव प्रसज्यत इत्यत्राह—न सर्वथैषां दोषाणामभाव एव, किन्तूद्वेगसापेक्षतादोषाणामिति भावः । क्वचित् प्रयोगे वाग्विदां सहृदयानाम् उद्वेगः प्रतीतिमान्थर्यकृता विकलता अस्त्येव, अतस्तत्रावश्यं दोषसत्तेति, तदुदाहरणं सद्यो वक्ष्यते ॥ ५४ ॥

हिन्दी—ऊपर दिये गये उदाहरणोंमें उद्वेग नहीं है, यह वैचित्र्यरूप सौभाग्यसे हीन नहीं हो सके हैं, अतः यहाँ पर पूर्वोक्त उपमादोष नहीं होते हैं । नीचे ऐसे उदाहरण दिये जायेंगे जिनमें सहृदयोंको उद्वेग होता है जिससे उन्हें दुष्ट माना जाता है ॥ ५४ ॥

हंसीव धवलश्चन्द्रः सरांसीवामलं नभः ।
भर्तृभक्तो भटः श्वेव खद्योतो भाति भानुवत् ॥ ५५ ॥

उपमादोषस्थलमुदाहरति—**हंसीवेति** । 'चन्द्रः हंसीव धवलः' अत्रोपमानोपमेययोर्हंसीचन्द्रयोर्लिङ्गभेदः, 'सरांसीव नभः अमलम्' इत्यत्र वचनभेदः, 'भर्तृभक्तः स्वामिभक्तो भटः शूरः श्वा इव' अत्रोपमानस्य शुनो निकृष्टजातित्वात् जातिन्यूनता, 'खद्योतो भानुवत् भाति' इत्यत्र खद्योतसूर्ययोरन्तरस्यात्यन्तमहत्तयाऽधिकता ॥ ५५ ॥

हिन्दी—हंसीके समान चन्द्रमा शुभ्र है, इसमें उपमान हंसी और उपमेय चन्द्रमामें लिङ्गभेद है, सरोवरोंके समान आकाश स्वच्छ है, इस वाक्यमें उपमान सरोवर और उपमेय आकाशमें वचनभेद है, स्वामिभक्त शूर कुत्तेकी तरह है, इसमें उपमान कुत्तेकी जाति हीन है और जुगनू सूर्यकी तरह चमक रही है, इसमें उपमान जात्या अधिक है । इस प्रकार लिङ्गभेद, वचनभेद, जातिहीनता और जात्यधिकतारूप उपमाके चार दोषोंके उदाहरण दिये गये ॥ ५५ ॥

ईदृशं[1] वर्ज्यते सद्भिः कारणं तत्र[2] चिन्त्यताम् ।
गुणदोषविचाराय[3] स्वयमेव मनीषिभिः ॥ ५६ ॥

ईदृशमिति । ईदृशं पूर्वोक्तोदाहरणसमानं सद्भिः काव्यशास्त्रनिष्णातैः वर्ज्यते त्यज्यते, तत्र कारणं प्रतीतिमान्थर्यजननद्वारा वैरस्योत्पादकत्वं चिन्त्यताम् स्वयमूह्यताम्, तथाकृते सति मनीषिभिर्गुणदोषविचारः सुसम्पादो भवतीत्याह—**गुणदोषविचारायेति** । स्पष्टमन्यत् ॥ ५६ ॥

इस तरहके दोषोंका सहृदय लोग त्याग करते हैं, उस त्यागमें प्रतीतिमान्थर्यकृत उद्वेगरूप कारणका ऊह स्वयं करें, बुद्धिमान् लोग गुण-दोषका विचार करनेके लिये दूषकताबीजका विचार करें ॥ ५६ ॥

इववद्वायथाशब्दाः समाननिभसन्निभाः ।
तुल्यसङ्काशनीकाशप्रकाशप्रतिरूपकाः[4] ॥ ५७ ॥
प्रतिपक्षप्रतिद्वन्द्विप्रत्यनीकविरोधिनः ।
सदृक्सदृशसंवादिसजातीयानुवादिनः ॥ ५८ ॥
प्रतिबिम्बप्रतिच्छन्दसरूपसमसंम्मिताः[5] ।
सलक्षणसदृक्षाभसपक्षोपमितोपमाः ॥ ५९ ॥
कल्पदेशीयदेश्यादिः[6] प्रख्यप्रतिनिधी अपि ।
सवर्णतुलितौ शब्दौ ये [7]चान्यूनार्थवादिनः ॥ ६० ॥

---

१. ईदृशो । २. त्वत्र । ३. इदं श्लोकार्धं क्वचिन्नोपलभ्यते । ४. च्छन्न । ५. सप्रभाः । ६. देश्यादि । ७. च तुल्यार्थं ।

समासश्च बहुव्रीहिः शशाङ्कवदनादिषु ।
स्पर्धते जयति द्वेष्टि द्रुह्यति प्रतिगर्जति ॥ ६१ ॥
आक्रोशत्यवजानाति कदर्थयति निन्दति ।
विडम्बयति सन्धत्ते[1] हसतीर्ष्यत्यसूयति ॥ ६२ ॥
तस्य मुष्णाति सौभाग्यं तस्य कान्तिं विलुम्पति ।
तेन सार्धं विगृह्णाति तुलां तेनाधिरोहति ॥ ६३ ॥
तत्पदव्यां पदं धत्ते तस्य कक्षां[2] विगाहते ।
तमन्वेत्यनुबध्नाति तच्छीलं तन्निषेधति ॥ ६४ ॥
तस्य चानुकरोतीति शब्दाः सादृश्यसूचकाः[3] ।
उपमायामिमे प्रोक्ताः[4] कवीनां बुद्धिसौख्यदाः ॥ ६५ ॥

(इत्युपमाचक्रम्[5])

इववद्वेति । पर्यवसित उपमाभेदप्रस्तावः, सम्प्रति तद्वाचकान्निर्देष्टुमयमुपक्रमः । अभिधालक्षणाव्यञ्जनाभिश्च तत्प्रतीतिः, तत्र वाचकलक्षकव्यञ्जकान्सहैव निर्दिष्टवान् दण्डी । श्रौत्यार्थ्यादिप्रविभागाभावेन तच्चिन्तामुक्ततयेत्थं कृतम् । अथाप्यादौ वाचका एव निर्दिष्टाः । इवशब्दः प्रसिद्धः, 'वत्' इति द्विविधस्यापि वतिप्रत्ययस्य संग्राहकः । अन्यत्स्पष्टम् ॥ ५७-६५ ॥

हिन्दी—इव, वत् , वा इत्यादि शब्द उपमाके प्रकाशक हैं, इनमें कुछ अभिधाद्वारा, कुछ लक्षणाद्वारा और कुछ व्यञ्जनाद्वारा उपमाको प्रकाशित करते हैं। यहाँ पर निर्दिष्ट सभी उपमावाचक शब्दोंका लक्ष्यमें प्रयोग उदाहरणोंद्वारा स्फुट प्रतिपत्त्यर्थ प्रदर्शित किया जा रहा है ।

१ इवशब्द (निपात-अव्यय)—

'हंसीव कृष्ण ते कीर्त्तिः स्वर्गङ्गामवगाहते' ।

२ वत्—यह तद्धितप्रत्यय है, यह दो प्रकारका होता है, एक—'तत्र तस्येव' इस सूत्रसे विहित, दूसरा—'तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः' इस सूत्रसे विहित। क्रमशः एकही श्लोकमें दोनोंके उदाहरण दिये जाते हैं :—

'गाम्भीर्यगरिमा तस्य सत्यं गङ्गाभुजङ्गवत् । दुरालोकः स समरे निदाघाम्बररत्नवत्' ॥

३ वाशब्द—'मणीवोष्ट्रस्य लम्बेते प्रियौ वत्सतरौ मम' ।

४ यथाशब्द—

'धन्यस्यानन्यसामान्यसौजन्योत्कर्षशालिनः । करणीयं वचश्चेतः सत्यं तस्यामृतं यथा' ॥

५ समानशब्द—'भुजे भुजङ्गेन्द्रसमानसारे भूयः स भूमेर्धुरमाससञ्ज' ।

६ निभशब्द—'प्रबुद्धपुण्डरीकाक्षं बालातपनिभांशुकम्' ।

७ सन्निभशब्द—'भगवान् यज्ञपुरुषो जगर्जागेन्द्रसन्निभः' ।

८ तुल्यशब्द—'अवेहि मां किङ्करमष्टमूर्त्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भतुल्यम्' ।

९ संकाशशब्द—'विमाने सूर्यसङ्काशे रघुराजो व्यराजत' ।

१० नीकाशशब्द—

'आकाशनीकाशतटां तीरवानीरसङ्कुलाम् । बभूव चरतां हर्षः पुण्यतीर्थां सरस्वतीम्' ॥

---

१. संबन्धे । २. कक्ष्यां । ३. सूचिनः । ४. इदं श्लोकार्धं क्वचिन्नोपलभ्यते ।
५. क्वचिन्नोपलभ्यते ।

११ प्रकाशशब्द—'चन्द्रप्रकाशं वदनं तरुण्या भाति सुन्दरम्' ।

१२ प्रतिरूपकशब्द—'वाग्भिः सुधायाः प्रतिरूपकाभिस्तनोति मोदं हृदि मेऽनिशं या' ॥ ५७ ॥

१३ प्रतिपक्षशब्द—'पङ्केरुहश्रीप्रतिपक्षभूतनेत्रप्रभाभिः स्पृहणीयशोभम्' ।

१४ प्रतिद्वन्द्विशब्द—'चन्द्रप्रतिद्वन्द्वि विभाति बालामुखं निशायां ललितोत्सवेषु' ।

१५ प्रत्यनीकशब्द—'कामस्य प्रत्यनीकोऽयम्' ।

१६ विरोधिन्‌शब्द—'त्वं रतेश्च विरोधिनी' ।

१७ सदृक्‌शब्द—'न त्वया सदृगन्योऽस्ति त्रैलोक्येऽपि मनोरमः' ।

१८ सदृशशब्द—'सुधाकरश्रीसदृशी च कीर्त्तिः' ।

१९ संवादीशब्द—'विभाति बालावदने स्मितश्रीः संवादिनी शारदचन्द्रिकायाः' ।

२० सजातीयशब्द—'कृष्णागुरुसजातीयम्' ।

२१ अनुवादीशब्द—'पीयूषस्यानुवादिनम्' ॥ ५८ ॥

२२ प्रतिबिम्बशब्द—'चन्द्रस्य प्रतिबिम्बं सत्सङ्गं सन्तापहं श्रये' ।

२३ प्रतिच्छन्दशब्द—'जामदग्न्यप्रतिच्छन्दः' ।

२४ सरूपशब्द—'सरूपो यः किरीटिनः' ।

२५ संमितशब्द—'सम्मितो रघुनाथस्य शिवराजो विराजते' ।

२६ समशब्द—'पाणिः पल्लवेन समस्तव' ।

२७ सलक्षणशब्द—'इन्दुसलक्षणवदने' ।

२८ सदृक्षशब्द—'सुधासदृक्षोऽधरस्य रसः' ।

२९ आभाशब्द—'ज्योत्स्नाभाः स्मितमधुरा नर्मालापाः' ।

३० सपक्षशब्द—'दलद्द्राक्षानिर्यद्रसभरसपक्षा भणितयः' ।

३१ उपमितशब्द—'राक्षसोपमिता वाग्भिः खला दीनांस्तुदन्त्यलम्' ।

३२ उपमाशब्द—'साधवस्तोषयन्त्यन्यांस्ताभिरेव सुरोपमाः' ॥ ५९ ॥

३३ कल्पप्रत्यय—'पूर्णेन्दुकल्पवदना' ।

३४ देश्यप्रत्यय—'मृणालीदेश्यदोर्लता' ।

३५ देशीयप्रत्यय—'चक्रदेशीयजघना सा स्वप्नेऽपि न दृश्यते' ।

३६ प्रख्यशब्द—'गुप्तमभ्रचयप्रख्यैर्गोपुरैर्मन्दरोपमैः' ।

३७ प्रतिनिधिशब्द—

'भयोत्सृष्टविभूषाणां तेन केरलयोषिताम् । अलकेषु चमूरेणुश्चूर्णप्रतिनिधिः कृतः' ॥

३८ सवर्णशब्द—'ग्रथितमौलिरसौ वनमालया तरुपलाशसवर्णतनुच्छदः' ।

३९ तुलितशब्द—'मुखं श्लेष्मागारं तदपि च शशाङ्केन तुलितम्' ॥

४० अन्यूनार्थवाचक सभी शब्द उपमाप्रत्यायक होते हैं, जैसे—अन्यून, अनून, अहीन इत्यादि । क्रमशः उदाहरण—

(क) अन्यूनशब्द—'सुधाऽन्यूनानि गङ्गाया जलानि' ।

(ख) अनूनशब्द—'अमृतानूनरसाधरा प्रिया' ।

(ग) अहीनशब्द—'अहीनं चन्द्रमण्डलात्—तन्मुखम्' ॥ ६० ॥

४१ बहुव्रीहिसमास—'कमलकरा करभोरूः कुवलयनयना' ।

४२ कर्मधारयसमास—'शोणाधरांशुसंभिन्नास्तन्वि ते वदनाम्बुजे' ।

४३ स्पर्धते—'स्पर्धते रुद्धमद्धैर्यो वररामामुखानिलैः' ।

४४ जयति—'जिगाय जम्बूजनितश्रियः श्रियं सुमेरु-शृङ्गस्य तदा तदासनम्' ।

४५ द्वेष्टि—'राधामुखं द्वेष्टि सुधाकरस्तत्पापेन लोके दधते कलङ्कम्' ।

४६ द्रुह्यति—'द्रुह्यन्ति तल्लोचनमम्बुजानि ततो निमीलन्ति निशासु तानि'।
४७ प्रतिगर्जति—'न जातु शक्तिरिन्दोस्ते मुखेन प्रतिगर्जितुम्' ॥ ६१ ॥
४८ आक्रोशति—'अम्बुजमाक्रोशति ते मुखम्'।
४९ अवजानाति—'अवजानाति ते वक्त्रं पद्मं नेयं कथा मृषा'।
५० कदर्थयति—'कदर्थयति कान्ताया मुखं मे फुल्लपङ्कजम्'।
५१ निन्दति—'निन्दत्यधरश्च बन्धूकम्'।
५२ विडम्बयति—स एवमुक्त्वा मघवन्तमुन्मुखः करिष्यमाणः सशरं शरासनम्।
अतिष्ठदालीढविशेषशोभिना वपुःप्रकर्षेण विडम्बितेश्वरः'॥

५३ सन्धत्ते—
'चन्दनः शीततां धत्ते, सौरभ्यं कमलं, शशी। लावण्यं, त्वन्मुखं बाले सन्धत्ते तत्त्रयं कथम्'॥
५४ हसति—'अकलङ्कतया वक्त्रं हसन्तीन्दुं कलङ्किनम्'।
५५ ईर्ष्यति—'ईर्ष्यति कपिचेष्टायै चपलमतिर्यो यदीयदुश्चरितम्'।
५६ असूयति—'नित्यमसूयति वानरवदनाय नमः खलाय शतशस्ते'॥ ६२ ॥

५७ तस्य मुष्णाति सौभाग्यम्—
५८ तस्य कान्तिं विलुम्पति—
५९ तेन सार्धं विगृह्णाति—
६० तुलां तेनाधिरोहति—
६१ तत्पदव्यां पदं धत्ते—
६२ तस्य कक्षां विगाहते—

इन छः वाक्योंमें कविने उदाहरणकी रचना स्वतः कर दी है, इनके उदाहरण अलगसे देनेकी आवश्यकता नहीं है ॥६३॥

६३ तमन्वेति—'पद्ममन्वेति ते मुखम्'।
६४ तमनुबध्नाति—'शशाङ्कमनुबध्नाति मुखमित्यमृषा कथा'।
६५ तच्छीलम्—'शीलं धत्ते पयोजस्य राधाचरणयोर्युगम्'।
६६ तन्निषेधति—'निषेधति मुखं बाले तव फुल्लं कुशेशयम्' ॥ ६४ ॥
६७ तस्यानुकरोति—'सर्वदेवमयस्य प्रकटितविश्वरूपाकृतेरनुकरोति भगवतो नारायणस्य'।

ऊपर गिनाये गये शब्द सादृश्यसूचक हैं, इनमें अभिधा, लक्षणा और व्यञ्जनावृत्तिद्वारा सादृश्यको प्रकाशित करनेकी क्षमता है, इनमें इव, वत्, यथा आदि शब्द अभिधाद्वारा सादृश्यका ज्ञान कराते हैं, तुल्यादिशब्द सादृश्यमें शक्त न होकर सादृश्यविशिष्टमें शक्त हैं अतः उनके द्वारा अर्थसादृश्यकी प्रतीति होती है। निषेधति, असूयति आदि शब्द सादृश्यके लक्षक हैं, और अनुकरोति आदि सादृश्यके व्यञ्जक हैं। इन उपमासूचक शब्दोंका सञ्चयन कवियोंकी बुद्धिको सुख (क्लेशराहित्य) प्रदान करनेके लिये किया गया है।

यहाँ इतना और बता देना आवश्यक है कि यह उपमावाचकोंका परिगणन नहीं है, यह तो निदर्शनमात्र है, इसके अतिरिक्त रूपमें भी उपमा प्रकाशित की जा सकती है, जैसे—अनुहरतिशब्दसे—'अनुहरति मनोजबाणलक्ष्मीं सुभगतनो तव चञ्चलः कटाक्षः'। सहाधीतिशब्दसे—'अवधृत्य दिवोऽपि यौवतैर्न सहाधीतवतीमिमामहम्' सतीर्थ्यशब्दसे—'कमलसतीर्थ्यं वदनं कुमुदसहाध्यायिनो हासाः ॥ ६५ ॥

उपमैव तिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते[1]।
यथा बाहुलता पाणिपद्मं चरणपल्लवः[2] ॥ ६६ ॥

---

१. इष्यते। २. पल्लवम्।

उपमानन्तरं रूपकं लक्षयति—**उपमैवेति**। तिरोहितः निगूहितः विद्यमानोऽपि सादृश्यातिशयप्रकाशनाय कविना निह्नुतो भेदः प्रस्तुताप्रस्तुतयोर्वैधर्म्यं यस्यां तादृशी उपमा सादृश्यमेव रूपकं नामाऽलङ्कारः। रूपयति उपमानोपमेययोरेकरूपतामापादयति तद्रूपकमिति तदक्षरार्थः। *यथा* मुखं चन्द्र इति। अत्र मुखचन्द्रपदाभ्यां मुखत्वचन्द्रत्वरूपपरस्परविरुद्धधर्मत्वेनोपस्थितयोरपि मुखचन्द्रयोर्भेदनिगूहनेनाभेदप्रतिपत्तिः। इयं चाभेदप्रतीतिराहार्यरूपा। परिष्कृतं लक्षणं जगन्नाथस्य यथा—उपमेयतावच्छेदकपुरस्कारेणोपमेये शब्दान्निश्चीयमानमुपमानतादात्म्यं रूपकम् इति। उपमेयतावच्छेदकपुरस्कारेणेति विशेषणादपह्नुतिभ्रान्तिमदतिशयोक्तिनिरासस्तथाहि अपह्नुतौ स्वेच्छया निषिध्यमानत्वात्, भ्रान्तिमति भ्रान्तिजनकदोषेणैव प्रतिबध्यमानत्वात्, अतिशयोक्तिनिदर्शनयोश्च साध्यवसानलक्षणामूलत्वादुपमेयतावच्छेदस्य पुरस्कारो नास्ति। शब्दादिति विशेषणात् मुखमयं चन्द्र इति प्रात्यक्षिकाहार्यनिश्चयगोचरचन्द्रतादात्म्यव्यवच्छेदः। निश्चीयमानमिति विशेषणात्संभावनात्मनो नूनं मुखं चन्द्र इत्युत्प्रेक्षाया व्यावृत्तिः, उपमानोपमेयविशेषणाभ्यां सादृश्यलाभात् 'मुखं मनोरमा रामा' इत्यादि शुद्धारोपतादात्म्यनिरासः। उदाहरणमाह—**बाहुलतेति**। बाहुरेव लता, पाणिरेव पद्मम्, चरण एव पल्लव इत्युपमानप्रधानो मयूरव्यंसकादित्वात्समासः॥ ६६॥

हिन्दी—यदि अतिशय सादृश्य बतानेके लिये उपमान और उपमेयका भेद छिपाकर दोनोंमें अभेद-सा बताकर कहा जाय तो, उस सादृश्यको रूपक कहा जाता है। रूपकशब्दकी व्युत्पत्ति है—रूपयति तद्रूपतां नयति—उपमानोपमेये सादृश्यातिशयद्योतनद्वारा एकतां नयतीति रूपवान्। अभिप्राय यह है कि उपमान और उपमेयके भिन्नस्वरूपमें प्रकाशित होने पर भी दोनोंमें अत्यन्त साम्यके प्रदर्शनके लिये काल्पनिक अभेदका किया जाना ही रूपक है। जैसे 'मुखं चन्द्रः' इस वाक्यमें मुख और चन्द्रमाके अपने-अपने स्वरूपमें प्रकाशित होने पर भी दोनोंमें अभेदका आरोप किया गया है। यह अभेदारोप भी जब चमत्कारयुक्त होगा तब ही इसे अलङ्कार माना जायगा, अत एव 'लोष्टः पाषाणः' इस अभेदारोपमें रूपक नहीं होगा। उदाहरण—बाहुलता, चरणपङ्कज, पाणिपल्लव। इन उदाहरणों में 'बाहुरेव लता, चरण एव पङ्कजम्, पाणिरेव पल्लवः' इस प्रकार उपमानप्रधान मयूरव्यंसकादि समास हुआ है। 'मुखपद्मम्' इत्यादि समासस्थलमें यदि विशेषण प्राधान्येन उपमानगत होगा तब रूपक माना जायगा, जैसे 'विकसितं मुखपद्मम्' यहाँ विकास पद्मधर्म है, पद्म उपमान है अतः इसे रूपक कहा जायगा। वही विशेषण यदि उपमेयगत होगा तब उसको उपमा माना जायगा, जैसे 'सहासं मुखपद्मम्', यहाँ हास उपमेयभूत मुखका धर्म है अतः उपमा है। इस प्रकार उपमारूपकका साङ्कर्य अविशेषणकस्थलमें बना ही रहता है॥ ६६॥

अङ्गुल्यः पल्लवान्यासन् कुसुमानि नखत्विषः।
बाहू लते वसन्तश्रीस्त्वं नः प्रत्यक्षचारिणी॥ ६७॥

पूर्वकारिकायां समस्तरूपकस्थलान्युदाहृतानि सम्प्रति व्यस्तस्थलीयरूपकाण्युदाहरति—**अङ्गुल्य इति**। अङ्गुल्यः अङ्गुल्यभिधया प्रथिताः करशाखाः पल्लवानि किसलयानि, नखत्विषः नखमयूखाः कुसुमानि प्रसूनानि, बाहू करौ लते इव, तदित्थं त्वं नः प्रत्यक्षचारिणी दर्शनविषयीभूता वसन्तश्रीः वासन्ती शोभा। उपमास्थले इव रूपकेऽपि

१. नखार्चिषः।

सहृदयहृदयोद्वेगाभावे उपमानोपमेययोर्भिन्नलिङ्गतादोषाय न भवतीति सूचनाय पूर्वोक्त-वाक्यत्रये भिन्नलिङ्गयोरुपमानोपमेययोर्निर्देशः। एवमेव क्वचिद्रूपके वचनभेदोऽपि न दोषाय, यथा प्रयुज्यते—शास्त्राणि चक्षुर्नवमिति ॥ ६७ ॥

हिन्दी—पूर्वकारिकामें—'बाहुलता', 'चरणपङ्कज', 'पाणिपल्लव' यह समासस्थलगत रूपकके उदाहरण बताये गये हैं, इस कारिकामें असमस्तस्थलीय रूपकके उदाहरण बताते हैं—अङ्गुल्य इत्यादि। तुम्हारी अङ्गुलियाँ पल्लव हैं, तुम्हारें नखोंकी कान्तियाँ फूल हैं, तुम्हारें बाहु लता हैं, इस प्रकार तुम हम लोगोंके सामने प्रत्यक्षचारिणी वसन्तशोभा हो।

उपमाके निरूपणप्रसङ्गमें यह बात कही गई है कि यदि सहृदयोंको खटके नहीं तब उपमान और उपमेयका लिङ्गभेद दोष नहीं माना जाता है, वही बात रूपकमें भी मान्य है, अतः 'अङ्गुल्यः पल्लवानि', 'कुसुमानि नखत्विषः', 'बाहू लते' इन उदाहरणोंमें लिङ्गभेद अविचारणीय है। इसी तरह वचनभेद भी क्षम्य है, जैसे—'शास्त्राणि चक्षुर्नवम्' इसमें सकलशास्त्र-प्रवीणता बतानेके लिये-उसके द्वारा चमत्कार उत्पन्न करनेके लिये 'शास्त्राणि' यह विशेषण बहुवचनान्त प्रयुक्त किया गया है, यह दोषाधायक नहीं है ॥ ६७ ॥

इत्येतदसमस्ताख्यं समस्तं पूर्वरूपकम्।
स्मितं मुखेन्दोर्ज्योत्स्नेति समस्तव्यस्तरूपकम् ॥ ६८ ॥

इति एतत् अव्यवहितपूर्वोक्तम्—'अङ्गुल्यः पल्लवानी'ति रूपकत्रयम् असमस्ताख्यम् असमस्तरूपकसंज्ञकम्, पूर्वरूपकम् पूर्वकारिकायामुक्तं रूपकम् बाहुलता पाणिपल्लवादि-रूपम् समस्तम् समस्तरूपकसंज्ञकम्, उपमानोपमेययोस्समासासमासकृतोऽयं भेदः। सम्प्रति तृतीयं प्रकारं समस्तव्यस्तरूपकमुदाहरति—**स्मितमिति**। मुखेन्दोः मुखमे-वेन्दुश्चन्द्रस्तस्य स्मितं किञ्चिद्धसितम् ज्योत्स्ना इति अत्र मुखेन्दोरिति समस्तम्, स्मितं ज्योत्स्नेति व्यस्तं तदिदं संहत्य समस्तव्यस्तरूपकं नाम ॥ ६८ ॥

हिन्दी—यह पूर्वकथित-'अङ्गुल्यः पल्लवानि' इत्यादि रूपकत्रय असमस्तरूपक हैं, और पहले वाली कारिकामें उक्त—'बाहुलता' 'चरणपङ्कज' आदि रूपक समस्तरूपक हैं, 'स्मितं मुखेन्दोर्ज्योत्स्ना' यह समस्तव्यस्तरूपक है, क्योंकि इसमें 'मुखेन्दोः' पदमें समास है और 'स्मितं ज्योत्स्ना' में समास नहीं है ॥ ६८ ॥

ताम्राङ्गुलिदलश्रेणि नखदीधितिकेसरम्।
ध्रियते मूर्ध्नि भूपालैर्भवच्चरणपङ्कजम् ॥ ६९ ॥

सम्प्रति सकलरूपकमुदाहरति—**ताम्रेति**। ताम्राङ्गुल्यो रक्ता अङ्गुलयः दलश्रेणिः पत्रावलिः यत्र तादृशम्, नखानां दीधितयः किरणा एव केसराणि किञ्जल्कानि यस्मि-स्तादृशञ्च भवच्चरणपङ्कजम् त्वत्पदकमलम् भूपालैस्त्वद्वशवर्त्तिराजभिर्मूर्ध्नि ध्रियते शिरसा उह्यते ॥ ६९ ॥

हिन्दी—लाल-लाल अङ्गुलियाँ पत्रावली हैं, नखकी श्वेत रक्तकान्ति केशर है, इस तरहके आपके चरणको वशवर्त्ती राजागण अपने शिरपर रखते हैं, आज्ञा मानते हैं ॥ ६९ ॥

अङ्गुल्यादौ दलादित्वं पादे चारोप्य पद्मताम्।
तद्योग्यस्थानविन्यासादेतत् सकलरूपकम् ॥ ७० ॥

लक्षणं सङ्गमयति— **अङ्गुल्यादाविति**। अङ्गुलिषु दलत्वम्, नखकिरणेषु केसरत्वम्, पादे च कमलत्वमारोप्य तद्योग्यस्य राजशिरोरूपस्य स्थानस्य विन्यासात् एतत् सकल-

रूपकम्, सर्वावयवरूपणं हि सकलरूपकत्वार्थमपेक्षितम्, तच्चात्र दलकेसररूपसर्वावयव-रूपणादुपपन्नम्। इदमेव साङ्गं, सावयवं रूपकमिति नवीना आहुः, तथा चोक्तं पण्डित-राजेन—

परस्परसापेक्षनिष्पत्तिकानां रूपकाणां सङ्घातः सावयवम्। यथा :—

'सुविमलमौक्तिकतारे धवलांशुकचन्द्रिकाचमत्कारे।
वदनपरिपूर्णचन्द्रे सुन्दरि राकासि नात्र सन्देहः'॥

इदं सकलरूपकमपि द्विविधं—समस्तासमस्तभेदात्, तत्रेदं—'ताम्राङ्गुलिदलश्रेणि' इत्यादि पद्यं समस्तसकलरूपकोदाहरणम्, 'अङ्गुल्यः पल्लवान्यासन्' इति च पूर्वोक्तमसमस्तसकलरूप-कोदाहरणमिति बोध्यम्॥ ७०॥

हिन्दी—इस श्लोकमें अङ्गुलियोंमें पत्रावलीका रूपण किया गया है, नखकान्तिमें केशरका रूपण किया गया है, और चरणमें पद्मका रूपण किया है जिससे पादपद्मको राजाके मस्तकरूप योग्य स्थानपर प्रतिष्ठित किया जा सके, वह सकलरूपक है क्योंकि इसमें कमलके सभी अवयव रूपित किये गये हैं। इसी सकलरूपकको नवीन आचार्यगण साङ्ग या सावयव रूपक कहते हैं। यह सकलरूपक दो प्रकारका होता है—समस्त सकलरूपक और असमस्त सकलरूपक। उसमें 'ताम्राङ्गुलिदलश्रेणि' यह समस्त सकलरूपक है, और 'अङ्गुल्य: पल्लवानि' यह असमस्त सकल-रूपक है॥ ७०॥

**अकस्मादेव ते चण्डि स्फुरिताधरपल्लवम्।
मुखं मुक्तारुचो धत्ते घर्माम्भःकणमञ्जरीः॥ ७१॥**

अवयवरूपकमुदाहरति—**अकस्मादेवेति**। हे चण्डि कोपने, अकस्मात् सहसा एव स्फुरिताधरपल्लवम् चलदोष्ठकिसलयं ते तव मुखम् मुक्तारुचः मौक्तिकाकाराः घर्माम्भः-कणमञ्जरीः स्वेदोदकबिन्दुरूपाः मञ्जरीः धत्ते धारयति, कोपयुक्तायास्तव मुखं स्विद्यति, स्वेदकणाश्च मुक्तावदवभासन्ते इत्यर्थः॥ ७१॥

हिन्दी—हे मानशीले, सहसा तुम्हारे (मुखपर) पसीनेकी बूँदें मञ्जरीकी तरह दीखने लगीं, तुम्हारे अधरपल्लव हिलने लगे, तुम्हारे कोपका उदय हो आया॥ ७१॥

**मञ्जरीकृत्य घर्माम्भः पल्लवीकृत्य चाधरम्।
नान्यथा कृतमत्रास्यमतोऽवयवरूपकम्॥ ७२॥**

मञ्जरीति। अत्र प्रस्तुतोदाहरणे घर्माम्भः मञ्जरीकृत्य कणमञ्जरीत्वेन रूपयित्वा अधरञ्च पल्लवीकृत्य पल्लवतया रूपयित्वाऽपि आस्यम् मुखं न अन्यथा कृतम् पद्मत्वेन रूपितमिति अतः अवयवरूपकमेतत्। अवयविनो मुखस्य पद्मत्वेनारूपणेऽपि अवयवानां घर्माम्भःकणाधरादीनां मञ्जरीत्वपल्लवत्वादिना रूपणादवयवरूपकमिदम्। अर्वाञ्चस्त्वा-चार्या इदमेकदेशविवर्त्तिरूपकनाम्ना व्यवहरन्ति। तत्रायं विशेषः—दण्डिनोऽवयवरूपके-ऽवयवानां रूपणे कृतेऽपि निश्चयेनावयविनो रूपणस्याभावः, नवीनाभिमतैकदेशविवर्त्ति-रूपके तु अवयवानामन्यतमस्यापि रूपणस्य विरहः, अवयविन एव रूपणस्य विरह इत्यु-भयोरन्यतरः प्रकार आस्थितो भवति॥ ७२॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें स्वेदबिन्दुको मञ्जरीसे रूपण दिया गया है, और अधरको पल्लवका रूपक किया गया है, परन्तु मुखको किसी दूसरे रूपमें (पद्मरूपमें) रूपित नहीं किया गया है,

अतः यह अवयवरूपक है। अवयवरूपकस्थलमें अवयवमात्रका रूपण किया जाता है, अवयवीको योंही छोड़ दिया जाता है, एकदेशविवर्त्ती रूपकमें अवयव या अवयवी किसी एकका रूपक छुटा रहता है, यही अन्तर है। नवीन आचार्यगण अवयवरूपककी जगह एकदेशविवर्ति रूपक ही मानते हैं ॥ ७२ ॥

वल्गितभ्रु[1] गलद्धर्मजलमालोहितेक्षणम्।
विवृणोति मदावस्थामिदं वदनपङ्कजम् ॥ ७३ ॥

अवयवरूपकं निरूप्य सम्प्रत्यवयविरूपकमाह—वल्गितभ्रु इति। वल्गितभ्रु चलितभ्रुकुटि, गलद्धर्मजलम् प्रस्रवत्स्वेदवारि, आलोहितेक्षणम् रक्तनयनम् इदं दृश्यमानम् वदनपङ्कजम् तव मुखरूपं कमलम् मदावस्थाम् मद्यपानजनिताम् विकृतिम् विवृणोति प्रकाशयति, भ्रूचापलस्वेदप्रवृत्तिरक्तनेत्रतादिका धर्मास्तस्या मदोपयोगं व्यञ्जयन्तीत्यर्थः ॥७३॥

हिन्दी—जिसमें भ्रुकुटियाँ चञ्चल हो रही हैं, पसीने की बूँदें टपक रही हैं, आँखें लाल हो रही हैं, ऐसा यह तुम्हारा वदनपङ्कज तुम्हारी मदावस्था-मद्योपयोगजनित विकृतिको प्रकटित करता है ॥ ७३ ॥

अविकृत्य[2] मुखाङ्गानि मुखमेवारविन्दताम्।
आसीद्गमितमत्रेदमतोऽवयवि[3] रूपकम् ॥ ७४ ॥

उदाहरणमुपपादयति—अविकृत्येति। अत्र उक्तोदाहरणे मुखाङ्गानि भ्रुकुटिधर्मजलनयनादीनि अवयवानि अविकृत्य तदवस्थान्येव स्थापयित्वा (उपमानाङ्गभ्रमरादिभिरूपयित्वा) मुखम् अवयविभूतम् वदनम् एव अरविन्दताम् गमितम् कमलत्वेन रूपितमासीदत इदमवयविरूपकम्। नवीनानां मते इदमप्येकदेशविवर्त्ति रूपकम् ॥ ७४ ॥

इस उदाहरण में मुखाङ्ग—भ्रुकुटि, स्वेदजल, रक्तनयन आदिका भ्रमर, पद्म, मधु आदिके साथ रूपण नहीं किया गया, केवल मुखको कमलके रूपमें रूपित कर दिया गया है अतः यहाँ पर अवयवी मुखका रूपण होनेसे अवयविरूपक होता है। नवीनोंके मतमें यहाँ भी एकदेशविवर्त्ति रूपक माना जायगा, निरङ्गरूपक तो इसमें नहीं कहा जा सकता क्योंकि इस उदाहरणमें अवयवी मुखके अवयव भ्रू, स्वेद, नयन तो निर्दिष्ट हो हैं, कमलरूप आरोप्यमाणके अवयव भ्रमरादि का निर्देश नहीं किया गया है। निरङ्गरूपक होता तब तो मुखके अवयव भी नहीं निर्दिष्ट होते ॥ ७४ ॥

मदपाटलगण्डेन रक्तनेत्रोत्पलेन ते।
मुखेन मुग्धः सोऽप्येष जनो रागमयः कृतः ॥ ७५ ॥

अवयवरूपकस्य भेदानभिधातुमुपक्रममाण एकाङ्गरूपकमाह—मदेति। मदेन मद्योपयोगेन पाटलौ श्वेतरक्तौ गण्डौ कपोलदेशौ यत्र तादृशेन, एवं रक्तम् अरुणवर्णम् नेत्रमेवोत्पलं यत्र तेन ते तव मुखेन एषः मल्लक्षणो मुग्धः त्वत्सौन्दर्यमोहितो जनः रागमयः अनुरक्तः (लोहितश्च) कृतः। त्वदीयं मदविभ्रमं वीक्ष्य मम रागो नितरां प्रवृद्ध इत्यर्थः ॥ ७५ ॥

हिन्दी—मदपान करनेके कारण लाल कपोल, और कमलरूप रक्तनेत्रोंसे युक्त तुम्हारे मुखपर मोहित होकर यह आदमी (मैं) रागमय (लाल-अनुरक्त) हो गया, तुम्हारे मस्ती भरे चेहरेको देखकर मैं मोहित हो गया ॥ ७५ ॥

---

१. वलित। २. अविवृत्य। ३. अवयव।

एकाङ्गरूपकं चैतदेवं द्विप्रभृतीन्यपि ।
अङ्गानि रूपयन्त्यत्र योगायोगौ भिदाकरौ ॥ ७६ ॥

एकाङ्गेति । एतत् च पूर्वोक्तमुदाहरणम् एकाङ्गरूपकं नाम, यतोऽत्र 'रक्तनेत्रोत्पलेने'ति एकाङ्ग एव रूपणं कृतं नान्यत्र मदपाटलगण्डेनेत्यादौ । एवम् अनयैव दिशा द्विप्रभृतीनि अपि द्वित्रिचतुःपञ्चसङ्ख्यकानि अपि अङ्गानि (कवयः) रूपयन्ति, ततश्च द्व्यङ्गरूपकत्र्यङ्गरूपकचतुरङ्गरूपकादीनि बहूनि रूपकाणि भवन्ति । अस्मिन्नेकाङ्गरूपकेऽपि योगायोगौ युक्तायुक्तत्वे भिदाकरौ भेदकरौ भवतः । इदमेकाङ्गरूपकमपि युक्तरूपकायुक्तरूपकभेदेन द्विधा भिद्यत इत्यर्थः ॥ ७६ ॥

हिन्दी—यह एकाङ्ग रूपकका उदाहरण हुआ, क्योंकि यहाँपर 'नेत्रोत्पल' मात्रमें रूपण किया गया है । इसी तरह द्व्यङ्ग, त्र्यङ्ग, चतुरङ्ग रूपक भी होते हैं । इनका भी युक्तरूपक और अयुक्तरूपक नामसे भेद किया जाता है । इस तरहके भेदके कारण योग और अयोग होते हैं, यहाँ योगका अर्थ है आरोपणयोग, और अयोगका अर्थ है आरोपणायोग ॥ ७६ ॥

स्मितपुष्पोज्ज्वलं [1]लोलनेत्रभृङ्गमिदं मुखम् ।
इति पुष्पद्विरेफाणां सङ्गत्या युक्तरूपकम् ॥ ७७ ॥

युक्तरूपकमयुक्तरूपकं चेति भेदद्वयं प्रति पूर्वकारिकायामिङ्गितं कृतं, सम्प्रति तयोर्युक्तरूपकाख्यं प्रथमं भेदमुदाहरति—**स्मितेति** । स्मितम् ईषद्धसितमेव पुष्पं, तेन उज्ज्वलम् कान्तिमत्, लोले चञ्चले नेत्रे एव भृङ्गौ यत्र तादृशञ्च इदम् मुखम् अस्तीति शेषः । इति अत्र पुष्पाणां द्विरेफाणाञ्च क्रमशः स्मितेषु चलनेत्रेषु चारोप्यमाणाना सङ्गत्या परस्परसम्बन्धस्यौचित्येन इदं युक्तरूपकं नामालङ्कारः ॥ ७७ ॥

हिन्दी—फूलरूपी मुस्कुराहटसे कान्तिशाली और चञ्चलनेत्ररूप भ्रमरवाला यह मुख है, इस उदाहरणमें स्मितमें पुष्पत्व तथा नेत्रमें भ्रमरत्वका आरोप किया गया है, इसमें आरोप्यमाण पुष्प और भ्रमरका योग संगत है अतः इसे युक्तरूपक कहा जाता है ॥ ७७ ॥

इदमार्द्रस्मितज्योत्स्नं स्निग्धनेत्रोत्पलं मुखम् ।
इति ज्योत्स्नोत्पलायोगादयुक्तं नाम रूपकम् ॥ ७८ ॥

क्रमप्राप्तमयुक्तरूपकमुदाहरति—**इदमिति** । आर्द्रं प्रमार्द्रं स्मितमेव ज्योत्स्ना चन्द्रिका यत्र तादृशम्, स्निग्धे स्नेहपूर्णे नेत्रे एव उत्पले कमले यत्र तादृशञ्च मुखम् । अस्तीति शेषः । अत्र ज्योत्स्नोत्पलयोरयोगाद्—आरोप्यमाणयोश्चन्द्रिकाकमलयोः परस्परविरोधितयाऽसम्बन्धात् अयुक्तरूपकं नामालङ्कार इति भावः ॥ ७८ ॥

हिन्दी—'प्रेमपूर्ण हँसीरूप चन्द्रिकासे युक्त एवं स्नेहयुक्त नेत्ररूप कमलसे अलङ्कृत यह तेरा मुख है' इस उदाहरणमें चन्द्रिका और कमलरूप आरोप्यमाण पदार्थोंके परस्परविरोधी होनेके कारण योग नहीं होनेसे अयुक्तरूपक अलङ्कार है ॥ ७८ ॥

रूपणादङ्गिनोऽङ्गानां रूपणारूपणाश्रयात् ।
रूपकं विषमं नाम ललितं जायते यथा ॥ ७९ ॥

---

१. लोलभृङ्गनेत्रम् ।

विषमरूपकं लक्षणमुखेन निरूपयति—**रूपणादिति**। अङ्गिनः प्रधानस्य वर्णनीयस्य रूपणात्, तथा अङ्गानां तदवयवादीनामप्रधानानाम् रूपणस्य अरूपणस्य चाश्रयात्, अङ्गानां मध्ये केषांचिद्रूपणात् केषाञ्चिच्चारूपणात् ललितं विचित्रतया सहृदयहृदयावर्जकमिदं विषमं नाम विषमरूपकाख्यं जायते इत्यर्थः ॥ ७९ ॥

हिन्दी—जिस रूपकमें वर्णनीयतया उपात्त अङ्गी-प्रधान-का रूपण किया गया हो परन्तु अङ्ग-अप्रधान-अवयवोंमें से कुछका रूपण हो और कुछका रूपण न हो, तब रूपण और अरूपण दोनों प्रकारोंके आश्रयणके कारण ललित--अर्थात् सहृदयहृदयाकर्षक इस रूपकको विषमरूपक कहा जाता है ॥ ७९ ॥

मदरक्तकपोलेन मन्मथस्त्वन्मुखेन्दुना।
नर्त्तितभ्रूलतेनालं मर्दितुं भुवनत्रयम् ॥ ८० ॥

विषमरूपकमुदाहरति—**मदरक्तेति**। मदरक्तकपोलेन मद्यपानसञ्जातारुण्यशालिकपोलेन, नर्त्तितभ्रूलतेन चलितभ्रूलतेन त्वन्मुखेन्दुना त्वदीयमुखचन्द्रेण मन्मथः कन्दर्पः भुवनत्रयं मर्दितुं पराभवितुम् अलम् समर्थः। मदपानजनितारुण्यशालिकपोलभृता चलितभ्रुकुटिरूपलतेन तव मुखचन्द्रेण कन्दर्पो भुवनत्रयमपि जेतुमीश इत्यर्थः। अत्र अङ्गिनि मुखे चन्द्रत्वारोपः कृतः अङ्गेषु भ्रुवोर्लतात्वारोपोऽपि कृतः, परन्तु मदरक्तकपोलयोर्न कस्याप्यारोपः कृत इति अङ्गानां रूपणारूपणाश्रयात् इति लक्षणं समन्वेयम्। तदिदं विषमरूपकं नामालङ्कारः ॥ ८० ॥

हिन्दी—मदरक्त कपोलोंवाले, चञ्चल भ्रूलताशाली तुम्हारे मुखचन्द्रसे कन्दर्प तीनों लोकोंको मसल देने--जीत लेनेमें समर्थ हो सकता है। इस उदाहरणमें अङ्गी-प्रधान-मुखमें चन्द्रत्वका आरोप किया गया, अङ्गोंमें भी भ्रूमें लताका आरोप हुआ, परन्तु मदरक्त कपोलमें किसी वस्तुका आरोप नहीं किया गया है, अतः इसे विषमरूपक कहा जा सकता है ॥ ८० ॥

हरिपादः शिरोलग्नजह्नुकन्याजलांशुकः।
जयत्यसुरनिःशङ्कसुरानन्दोत्सवध्वजः ॥ ८१ ॥

सविशेषणरूपकं नाम रूपकभेदं निरूपयन्प्रथममुदाहरणमाह—**हरिपाद इति**। शिरसि अग्रभागे (पादस्य ध्वजस्य च) लग्ना संसक्ता या जह्नुकन्या गङ्गा तस्या जलम् एव अंशुकम् श्वेतपताका यत्र तादृशः, असुरेभ्यः निःशङ्काः गतभयाः ये सुराः तेषाम् आनन्दोत्सवस्य ध्वजः केतुरिव हरिपादः वामनस्य भगवतश्चरणो जयति। अत्र बलिनिग्रहेण देवा असुरेभ्यो निःशङ्का अजायन्त, ते च उत्सवं द्योतयितुं ध्वजमुच्चिक्षिपुः, स इव प्रतीयते स्म भगवतः पादो यत्र गङ्गा ध्वजपट इव भासते, गङ्गाया विष्णोः पादात्प्रसूतेर्धावल्याच्च ध्वजपटत्वारोप इति ध्येयम् ॥ ८१ ॥

हिन्दी—बलिके निगृहीत हो जानेपर असुरोंसे निःशङ्क देवोंके आनन्दोत्सव-ध्वजके समान प्रतीत होने वाले भगवान् वामनके चरणकी जय हो जिसके अग्रभागमें संसक्त गङ्गाका जल-ध्वजाग्रवर्त्ती वस्त्रकी तरह दीखता था ॥ ८१ ॥

विशेषणसमग्रस्य रूपं केतोर्यदीदृशम्।
पादे तदर्पणादेतत्सविशेषणरूपकम् ॥ ८२ ॥

उदाहरणं सङ्गमय्य विशदयति—**विशेषणेति**। विशेषणेन शिरोऽन्नेति विशेषणेन समग्रस्य युक्तस्य केतोः यदीदृशं रूपम् सपताकध्वजरूपम् पादे भगवतश्चरणे तस्य सपताकध्वजस्य समर्पणात् विशेषणविशिष्टस्य पदार्थस्यारोपात् सविशेषणरूपकमेतत् ॥८२॥

हिन्दी—जिस विशेषणसे युक्त ध्वजका रूप बतलाया गया है वह पूर्ववर्त्ती विशेषण है, उसीका चरण पर आरोप हुआ है अतः यह सविशेषण रूपक है। तात्पर्य यह है कि पैरमें ध्वजदण्डका आरोप है, उसमें वस्त्र भी होना चाहिये वह है गङ्गा, इस प्रकारसे विशेषणसमग्रध्वजत्वका रूपण चरणमें किया गया है अतः यह सविशेषण रूपक है ॥ ८२ ॥

न[1] मीलयति पद्मानि न नभोऽप्यवगाहते।
त्वन्मुखेन्दुर्ममासूनां हरणायैव कल्पते[2] ॥ ८३ ॥

विरुद्धरूपकमाह—त्वन्मुखेन्दुः तव वदनचन्द्रमाः पद्मानि कमलानि न मीलयति न सङ्कोचयति, नभः व्योम अपि न अवगाहते नाश्रयति, केवलं ममासूनां मदीयप्राणानां हरणाय कल्पते प्रवर्त्तते। वियोगावस्थायामधिककष्टप्रदानेन प्राणहरत्वोक्तिः ॥ ८३ ॥

हिन्दी—तुम्हारा मुखरूपी चन्द्रमा ने कमलोंको सङ्कुचित करता है और न आकाशमें जाता है, केवल हमारे प्राणोंको हरनेमें उद्यत रहता है ॥ ८३ ॥

अक्रिया चन्द्रकार्याणामन्यकार्यस्य च क्रिया।
अत्र सन्दृश्यते[3] यस्माद्विरुद्धं नाम रूपकम् ॥ ८४ ॥

उदाहरणं विवृणोति—**अक्रियेति**। चन्द्रकार्याणाम् चन्द्रमःसम्पाद्यकार्यतया प्रथितानाम् पद्मसङ्कोचनव्योमगमनादीनाम् अक्रिया अननुष्ठानम्, अन्यस्य चन्द्रातिरिक्तस्य चाण्डालादेः कस्यचित् कार्यस्य क्रिया अनुष्ठानम्, यस्मादत्रोदाहरणे सन्दर्श्यते निबध्यते, तस्मादिदं विरुद्धरूपकं नाम। रूपके उपमानाभिन्नतया रूपितस्योपमेयस्य (अत्र चन्द्राभिन्नतया रूपितस्य मुखस्य) तत्कार्यकरत्वमेवौचित्यसिद्धम्, परमत्र तद्विपरीतकार्यकरत्वादिदं विरुद्धरूपकम् इति भावः ॥ ८४ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें विरुद्धरूपक नामक अलङ्कार है—क्योंकि मुखरूप चन्द्रमा चन्द्रमाकार्य—कमलसङ्कोचन और आकाशाश्रयण नहीं करता है, वह तो अचन्द्रमा का—किसी चाण्डालादिका कार्य-प्राण लेना—करता है, अतः इसको विरुद्धकार्यकरतया विरुद्धरूपक कहा जाता है ॥ ८४ ॥

गाम्भीर्येण समुद्रोऽसि गौरवेणासि पर्वतः।
कामदत्वाच्च लोकानामसि त्वं कल्पपादपः ॥ ८५ ॥

हेतुरूपकमाह—**गाम्भीर्येणेति**। गाम्भीर्येण अगाधतया समुद्रोऽसि, गौरवेण सारवत्तया पर्वतोऽसि, लोकानां कामदत्वात् वाञ्छितफलदायित्वात् कल्पपादपः कल्पवृक्षः असि ॥ ८५ ॥

हिन्दी—महाराज, आप गाम्भीर्यके कारण समुद्र, गौरवके कारण पर्वत और लोगोंकी इच्छाको पूर्ण करनेके कारण कल्पवृक्ष हैं ॥ ८५ ॥

गाम्भीर्यप्रमुखैरत्र हेतुभिः सागरो गिरिः।
कल्पद्रुमश्च क्रियते तदिदं हेतुरूपकम् ॥ ८६ ॥

---

१. निमीलयति। २. यास्यति। ३. सन्दृश्यते, सन्दिश्यते वा।

उदाहरणं विशदयति—गाम्भीर्यप्रमुखैरिति। गाम्भीर्यप्रमुखैः गाम्भीर्यगौरवकामप्रदत्वैः हेतुभिः वर्णनीयो नृपः सागरः पर्वतः कल्पवृक्षश्च क्रियते तदिदं हेतुरूपकम् ॥८६॥

हिन्दी—इस उदाहरण में वर्णनीय राजाको गाम्भीर्यादि हेतुसे सागर, पर्वत और कल्पवृक्ष कहा गया है अतः यह हेतुरूपक हुआ, क्योंकि रूपक होनेका हेतु निर्दिष्ट है। साहित्यदर्पणकारने 'एकस्यानेकधोल्लेखो यः स उल्लेख उच्यते' ऐसा लक्षण बताकर ईदृश स्थलोंमें उल्लेखालङ्कार माना है। वस्तुतः हेतुशून्य विविधारोपस्थलमें उल्लेख होना चाहिये—जैसे :—'प्रिय इति गोपवधूभिः शिशुरिति वृद्धैरधीश इति देवैः' इसमें, और हेतुपुरस्सर आरोपस्थलमें हेतुरूपक ही मानना चाहिये। इस प्रकारके भेदके रहने पर भी साहित्यदर्पणकारने सामान्यतः सर्वत्र उल्लेख ही मान लिया है, यह चिन्तनीय है ॥ ८६ ॥

राजहंसोपभोगार्हं[१] भ्रमरप्रार्थ्यसौरभम्[२] ।
सखि वक्त्राम्बुजमिदं तवेति श्लिष्टरूपकम् ॥ ८७ ॥

श्लिष्टरूपकं दर्शयति—राजेति। सखि, राजहंसो नृपश्रेष्ठः हंसभेदश्च तदुपभोगार्हम् तत्संभोगयोग्यम्, भ्रमरप्रार्थ्यसौरभम् भृङ्गाभिलषणीयसुगन्धं कामुकस्पृहणीयं च तव वक्त्राम्बुजं मुखकमलम् अस्तीति शेषः, इदं श्लिष्टरूपकं नाम ॥ ८७ ॥

हिन्दी—हे सखि, तुम्हारा यह मुखरूप कमल राजहंस—नृपश्रेष्ठ और हंसप्रभेदके उपभोगयोग्य है, इसकी सुगन्धिके लिये भ्रमर और कामुक जन लालायित हैं, इसमें श्लिष्टरूपक है, क्योंकि साधारण धर्म श्लिष्ट है ॥ ८७ ॥

इष्टं साधर्म्यवैधर्म्यदर्शनाद् गौणमुख्ययोः ।
उपमाव्यतिरेकाख्यं रूपकद्वितयं यथा ॥ ८८ ॥

उपमारूपकं व्यतिरेकरूपकं चेति रूपकद्वयं निर्दिशति—इष्टमिति। गौणमुख्ययोः—गुणसम्बन्धादारोप्यमाणश्चन्द्रादिर्गौणः, मुख्यो वर्णनीयतया प्रस्तुतो मुखादिर्मुख्यः, तयोर्गौणमुख्ययोः साधर्म्यदर्शने उपमारूपकम्, तयोरेव च वैधर्म्यदर्शने व्यतिरेकरूपकमिति अलङ्कारद्वयमालङ्कारिकैरिष्टमित्यर्थः। उदाहरणं क्रमशोऽग्रे निर्देक्ष्यति ॥ ८८ ॥

हिन्दी—गुणसम्बन्धसे आरोपित होने वाले चन्द्र आदि गौण हैं, और वर्णनीयत्वेन प्रस्तुत मुखादि मुख्य हैं, उनमें यदि सादृश्य वर्णित हो तब उपमारूपक होता है और वैधर्म्य-भेद-अन्तर प्रतीत हो तब वैधर्म्यरूपक—व्यतिरेकरूपक नाम अलङ्कार होता है। उदाहरण क्रमशः अगले श्लोकोंमें दिये जायेंगे ॥ ८८ ॥

अयमालोहितच्छायो मदेन मुखचन्द्रमाः ।
सन्नद्धोदयरागस्य चन्द्रस्य[३] प्रतिगर्जति ॥ ८९ ॥

उपमारूपकमुदाहरति—अयमिति। मदेन मद्यपानेन आलोहितच्छायः रक्तकान्तिः (तव) मुखमेव चन्द्रमाः सन्नद्धोदयरागस्य उदयसमयकृतलौहित्ययुक्तस्य चन्द्रस्य प्रतिगर्जति स्पर्द्धते। अत्र चन्द्रत्वेनारोपितस्य मुखस्य औपम्यसूचकप्रतिगर्जनारूपसाधर्म्यसम्बन्धादुपमारूपकमिदम् ॥ ८९ ॥

हिन्दी—उपमारूपकका उदाहरण दिया जाता है :—अयमिति। मदपानसे रक्ताभ यह तुम्हारा मुखचन्द्र उदयकालिक लालिमासे युक्त चन्द्रमाकी स्पर्द्धा-बराबरी करता है। इस उदाहरण

१. भोगार्थ। २. तदेतत्। ३. मुखस्य।

में चन्द्रत्वेन रूपित मुखको चन्द्रमाका प्रतिस्पर्द्धी बनाया गया है प्रतिस्पर्द्धा सादृश्यसूचक है, अतः यह उपमारूपक हुआ ॥ ८९ ॥

चन्द्रमाः पीयते देवैर्मया त्वन्मुखचन्द्रमाः ।
असमग्रोऽप्यसौ[1] शश्वदयमापूर्णमण्डलः ॥ ९० ॥

व्यतिरेकरूपकमुदाहरति—**चन्द्रमा इति** । देवैः सुरैः असमग्रोऽपि असम्पूर्णमण्डलोऽपि असौ चन्द्रमाः सर्वदा पीयते आस्वाद्यते, अयम् मत्पुरोवर्त्ती त्वन्मुखचन्द्रमाः आपूर्णमण्डलः सम्पूर्णबिम्बः मया पीयते सस्पृहमालोक्यते । अत्र गौणमुख्यचन्द्रमसोः मुखविध्वोः सम्पूर्णमण्डलत्वासम्पूर्णमण्डलत्वाभ्यां वैधर्म्ययोगात् व्यतिरेकरूपकमिदम् । न चायं—'शब्दोपात्ते प्रतीते वा सादृश्ये वस्तुनोर्द्वयोः । तत्र यद्भेदकथनं व्यतिरेकः स कथ्यते' इत्युक्तलक्षणो व्यतिरेकः, सादृश्यप्रतीतिपूर्वकभेदपर्यवसान एव तस्य स्वीकारात् अत्र मुखचन्द्रमा इति रूपकेणाभेदप्रतीतेः सादृश्याप्रतीतेः ॥ ९० ॥

हिन्दी—देवतागण जिस चन्द्रमाका (सुधारस) पान करते हैं वह असम्पूर्णमण्डल भी रहता है, और हम जिस (तुम्हारे) मुखचन्द्रका पान करते हैं, वह पूर्णबिम्ब ही रहता है, इसको व्यतिरेकरूपक कहते हैं। इसमें गौणचन्द्रमा और मुख्यचन्द्रमा (मुख और विधु) में सम्पूर्णमण्डलत्व और असम्पूर्णमण्डलत्वकृत वैधर्म्य है, अतः इसे वैधर्म्यमूलकतया व्यतिरेकरूपक कहते हैं। 'शब्दोपात्ते प्रतीते वा सादृश्ये वस्तुनोर्द्वयोः । तत्र यद्भेदकथनं व्यतिरेकः स कथ्यते' इस लक्षण वाला व्यतिरेक अलङ्कार यहाँ नहीं हो सकता, क्योंकि व्यतिरेकमें सादृश्यप्रतीतिपूर्वकभेदपर्यवसान होता है, और यहाँपर रूपक होनेके कारण सादृश्यप्रतीति नहीं होती--अभेदप्रतीति होती है। इस तरह व्यतिरेकरूपक और व्यतिरेकमें यही भेद सिद्ध हुआ कि जहाँ सादृश्यप्रतीति पूर्वक भेदपर्यवसान होगा, उसे व्यतिरेक कहेंगे और जहाँ अभेदप्रतीतिपूर्वक भेदपर्यवसान होगा उसे व्यतिरेकरूपक कहेंगे ॥ ९० ॥

मुखचन्द्रस्य चन्द्रत्वमित्थमन्योपतापिनः ।
न ते सुन्दरि संवादीत्येतदाक्षेपरूपकम् ॥ ९१ ॥

आक्षेपरूपकं विवृणोति—**मुखचन्द्रस्येति** । हे सुन्दरि, इत्थम् अनेन मया प्रत्यक्षीकृतेन प्रकारेण अन्योपतापिनः अन्यासां सपत्नीनां त्वदवाप्तिवञ्चितानां पुंसां वा सन्तापकरस्य ते तव मुखचन्द्रस्य चन्द्रत्वं न संवादि नानुगुणम्, चन्द्रो हि सर्वाह्लादकरो भवति, त्वन्मुखं तु सपत्न्यादिहृदये सन्तापजननद्वारा न तेन संवदतीति भावः । इदमाक्षेपरूपकनाम, आक्षेपः प्रतिषेधोक्तिः, तदुपादानादाक्षेपरूपकमिदम् । अथवा आक्षेपस्य निन्दाया निवेशनादिदमाक्षेपरूपकम् । नायं व्यतिरेकः, सादृश्यप्रतीतेरभावात्, न वाऽपह्नुतिः प्रस्तुतस्य निषेधायोगात् ॥ ९१ ॥

हिन्दी—इस प्रकारसे अन्य-सपत्नी अथवा तत्प्राप्तिवञ्चित पुरुषको सन्ताप देने वाले तुम्हारे इस मुखचन्द्रका चन्द्रत्व मेल नहीं खाता है। चन्द्रमा सर्वाह्लादकर होता है, तुम्हारा मुख भी जब चन्द्रमा है तब तो इसको भी सर्वाह्लादकारी होना चाहिये, यह तो सपत्न्यादिसन्तापक है, इसलिये इसका चन्द्रत्व मेल नहीं खाता है। इसको आक्षेपरूपक कहते हैं, इसमें प्रतिषेधोक्ति नियत है, अथवा इसमें उपमान की निन्दा होती है, अतः इसका नाम आक्षेपरूपक रखा गया

१. ह्यसौ ।

है। इसे आप व्यतिरेकालङ्कार नहीं मान सकते हैं, क्योंकि इसमें सादृश्यप्रतीति नहीं होती है, अपह्नुति भी नहीं कह सकते हैं क्योंकि इसमें प्रस्तुतका निषेध नहीं हुआ करता है ॥ ९१ ॥

मुखेन्दुरपि ते चण्डि मां निर्दहति निर्दयम् ।
भाग्यदोषान्ममैवेति तत्समाधानरूपकम् ॥ ९२ ॥

समाधानरूपकं नाम रूपकप्रकारमुपन्यस्यति—**मुखेन्दुरपीति** । हे चण्डि कोपने, ते तव मुखेन्दुरपि मुखचन्द्रोऽपि मां निर्दयम् अकरुणभावेन निर्दहति सन्तापयति, तत्र स्वयं समाधानमाह--ममैव भाग्यदोषादिति । तदित्थं स्वयं समाधानात्समाधानरूपकमेतत् ॥ ९२ ॥

हिन्दी—हे मानिनि, तुम्हारा मुख चन्द्र (होकर भी) मुझे निर्दयतापूर्वक सन्तापित किया करता है, इसमें मेरा अभाग्य ही कारण है, इसे समाधानरूपक कहते हैं, क्योंकि इसमें स्वयं समाधान किया गया है ॥ ९२ ॥

मुखपङ्कजरङ्गेऽस्मिन् भ्रूलतानर्त्तकी तव ।
लीलानृत्यं करोतीति रम्यं रूपकरूपकम् ॥ ९३ ॥

रूपकरूपकं नाम प्रभेदं निर्दिशति--**मुखपङ्कजेति** । मुखमेव पङ्कजं कमलं तदेव रङ्गः नृत्यशाला तत्र, तव भ्रूलतानर्तकी भ्रूरेव लता सा एव नर्त्तकी नृत्यकारिणी लीलानृत्यम् सविलासं नर्त्तनं करोतीति रम्यं रमणीयं रूपकरूपकं नामालङ्कारभेदः । समाख्याबीजं तु एकेन रूपितस्यान्येन रूपणं यथा मुखमत्र पङ्कजत्वेन रूपितं सदपि रङ्गत्वेन पुना रूप्यते, एवमेव भ्रूर्लतात्वेन रूपणं गताऽपि रङ्गत्वेन रूप्यत इति । इदं च रूपकं समास एव संभवति, वाक्ये तु एकस्मिन् वस्तुनि बहूनामारोपे हेतूपादाने सति पूर्वोक्तस्वरूपं हेतुरूपकम् , हेत्वनुपादाने मालारूपकम् । अत्र रम्यमिति लक्षणे निवेशात् यत्र रूपकरूपणे रम्यत्वं चमत्कारकत्वं नास्ति तत्र नायमलङ्कारः, यथा--'नारीबाहुलताव्यालीपरिरब्धः सुखी कुतः' अत्र बाहौ लतात्वं तत्र च व्यालीत्वमारोप्यमाणमपि न चमत्कारकमिति ॥ ९३ ॥

हिन्दी—तुम्हारे इस मुखकमलरूपी रङ्गस्थलपर भ्रूलतारूपी नर्त्तकी विलासनृत्य कर रही है, यह चमत्कारकारक होनेसे रूपकरूपक कहा जाता है। इस उदाहरणमें मुखका पङ्कजमें रूपण किया गया और फिर उसी मुखपङ्कजको रङ्गशालाका रूपक दिया गया है, एवं--भ्रूको लतारूपमें रूपित करके पुनः उसी भ्रूलताको नर्त्तकीका रूपक दिया गया है, अत इसको रूपकाश्रितरूपक होनेके कारण रूपक-रूपक कहते हैं। 'रम्यम्' यह विशेषण लक्षणमें कहा गया है अतः जहाँपर रूपकाश्रितरूपक होनेपर भी चमत्कार नहीं होगा, उसे रूपक-रूपक नहीं मानेंगे, जैसे--'नारीबाहुलताव्यालीपरिरब्धः सुखी कुतः' नारीके बाहुरूप लतास्वरूप सर्पिणीसे लिपटा हुआ जन सुखी कैसे हो सकता है, यहाँपर नारीबाहुको लतासे और उसे व्यालीसे रूपक दिया गया है परन्तु चमत्कार न होनेसे यह अलङ्कार नहीं है ॥ ९३ ॥

नैतन्मुखमिदं पद्मं न नेत्रे भ्रमराविमौ[1] ।
एतानि केसराण्येव नैता दन्तार्चिषस्तव ॥ ९४ ॥

---

१. इमे ।

तत्त्वापह्नवरूपकं विवृणोति—**नैतदिति**। एतत् दृश्यमानं तव मुखं न, इदं पद्मम् कमलम्, इमे नेत्रे न अपि तु इमौ भ्रमरौ, एताः दन्तार्चिषः दशनद्युतयः न, अपि तु केसराणि किञ्जल्का एव ॥ ९४ ॥

हिन्दी—यह तुम्हारा मुख नहीं है कमल है, ये तुम्हारी आँखें नहीं भ्रमर हैं, और ये तुम्हारे दाँतोंकी कान्ति नहीं हैं यह केसर हैं ॥ ९४ ॥

मुखादित्वं निवर्त्यैव पद्मादित्वेन रूपणात्।
उद्भावितगुणोत्कर्षं तत्त्वापह्नवरूपकम् ॥ ९५ ॥

मुखादित्वमिति। मुखनेत्रदन्तद्युतीनाम् वर्णनीयपदार्थानाम् मुखादित्वम् मुखत्व-नेत्रत्वदन्तद्युतित्वम् निवर्त्य प्रतिषिध्य एव पद्मादित्वेन पद्मत्वभ्रमरत्वकेसरत्वादिना रूपणात् आरोपस्य करणात् उद्भावितगुणोत्कर्षम् रूपकान्तरापेक्षया प्रकृष्टचमत्कार-प्रकाशकमिदम् तत्त्वापह्नवरूपकम्, तत्त्वस्य वस्तुधर्मस्य मुखत्वादेरपह्नवेन रूपणात्तत्त्वा-पह्नवरूपकमिति समाख्याकरणम्। 'शुद्धापह्नुतिरन्यस्यारोपार्थो धर्मनिह्नवः' इति कुवलया-नन्दे लक्षिताऽपह्नुतिर्नेयम्, तस्या धर्मनिह्नवविषयत्वात्, अत्र तु धर्मिणं मुखादिकं प्रति-षिध्य धर्म्यन्तरस्य मुखादिकस्यारोप इत्यवधेयम्। दर्पणकृतस्य 'प्रकृतं प्रतिषिध्यान्यस्थापनं स्यादपह्नुतिः' इति सामान्यतो (धर्मस्य धर्मिणो वा) प्रतिषेधपूर्वकारोपे अपह्नुतिं कथ-यन्ति, तन्मतेऽत्रापह्नुतिरेव। तन्मतं रूपकलक्षणमत्र न समन्वेति--'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे' इति लक्षणस्य तेनोक्तेः ॥ ९५ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें मुख, नेत्र, दन्तद्युतिरूप वर्णनीय पदार्थोंके मुखत्व-नेत्रत्व-दन्तद्युतित्व-रूप धर्मका प्रतिषेध करके पद्मत्व, भ्रमरत्व और कमलकिञ्जल्कत्वका आरोप किया गया है, अतः रूपकान्तरापेक्षया अधिक चमत्कारक होनेके कारण यह तत्त्वापह्नवरूपक कहा जाता है। तत्त्व वस्तुधर्म, मुखत्व आदिका अपह्नव करके रूपण किया गया है, इसीसे इसका नाम तत्त्वापह्नव-रूपक रखा गया है। कुवलयानन्दकारके अपह्नुतिलक्षणके अनुसार धर्मापह्नवमें होने वाली अपह्नुति यह नहीं है क्योंकि यहाँ धर्मीका ही निषेध करके धर्म्यन्तरका रूपण किया गया है। साहित्यदर्पणके अनुसार यहाँ अपह्नुति ही है ॥ ९५ ॥

न पर्यन्तो विकल्पानां रूपकोपमयोरतः।
दिङ्मात्रं दर्शितं धीरैरनुक्तमनुमीयताम् ॥ ९६ ॥
(इति रूपकचक्रम्)

रूपकमुपसंहरति--**न पर्यन्त इति**। रूपकस्य उपमायाश्चेति रूपकोपमयोः विकल्पा-नाम् प्रकाराणाम् पर्यन्तः समाप्तिर्नास्ति, अतः समग्रभेदानां वर्णयितुमशक्यत्वात् दिङ्मात्रं दर्शितम्, धीरैः बुद्धिमद्भिः अनुक्तम् अपि ऊह्यताम् उन्नीयताम्। दर्शितोदाहरणद्वारा जागरितधियो विद्वांसः स्वयमेवानुक्तानपि प्रकारान् ऊहेरन्निति भावः ॥ ९६ ॥

हिन्दी—रूपक और उपमाके प्रभेदोंका अन्त नहीं है, अतः हमने यहाँपर दिग्दर्शनमात्र करा दिया है, साहित्यविद्याके मर्मज्ञ बुद्धिमान् लोग अनुक्त प्रकारोंका भी स्वयं ऊह कर लें, प्रदर्शित प्रकारसे कल्पना कर लें। रूपकके यहाँ कहे गये प्रभेदोंमें अन्तर्भूत न होने वाले कुछ प्रकार ये हो सकते हैं--

१. रपि।

परम्परितरूपक, जैसे--

'विद्वन्मानसहंस, वैरिकमलासङ्कोचदीसद्युते', इत्यादि ।

मालापरम्परितरूपक, जैसे--

पर्यङ्को राजलक्ष्म्या हरितमणिमयः पौरुषाब्धेस्तरङ्गः
संग्रामत्रासताम्यन्मुरलपतियशोहंसलीलाम्बुवाहः ।
भग्नप्रत्यर्थिवंशोल्बणविजयकरिस्त्यानदानाम्बुपट्टः
खड्गः क्ष्मासौविदल्लः समिति विजयते मालवाखण्डलस्य ॥

अधिकारूढवैशिष्टयरूपक, जैसे--

'इदं वक्त्रं साक्षाद्विरहितकलङ्कः शशधरः' इत्यादि ।

वैयधिकरण्यरूपक, जैसे--विदधे मधुपश्रेणीमिह भ्रूलतया विधिः ॥

वैधर्म्यरूपक, जैसे--'सौजन्याम्बुमरुस्थली सुजनतालेख्यद्युभित्तिर्गुण-
ज्योत्स्नाकृष्णचतुर्दशी' इत्यादि ।

काव्यानुशासनमें आचार्य हेमचन्द्रने कुछ और भेद बताये हैं, जैसे--

अनेकविषयरूपक, उदाहरण--

'यस्या बीजमहंकृतिर्गुरुतरोर्मूलं ममेति ग्रहो, नित्यत्वस्मृतिरङ्कुरः सुतसुहृज्ज्ञात्यादयः पल्लवाः ।
स्कन्धोदारपरिग्रहः परिभवः पुष्पं फलं दुर्गतिः, सा मे त्वच्चरणार्हणा परशुना तृष्णालता लूयताम्' ॥

रशनारूपक, जैसे--

किसलयकरैर्लतानां करकमलैर्मृगदृशां जगज्जयति ।
नलिनीनां कमलमुखैर्मुखेन्दुभिर्योषितां मदनः ॥ ९६ ॥

जातिक्रियागुणद्रव्यवाचिनैकत्र वर्त्तिना ।
सर्ववाक्योपकारश्चेत्[1] तमाहुर्दीपकं[2] यथा ॥ ९७ ॥

क्रमागतं दीपकं नामालङ्कारं विवृणोति--**जातिक्रियेति** । एकत्रवर्त्तिना एकवाक्यस्थितेन जातिक्रियागुणद्रव्यवाचिना जात्याद्यन्यतमवाचकेन पदेन चेत् सर्ववाक्योपकारः स्वार्थद्वारा सर्ववाक्यान्तरार्थान्वयः, तदा तं दीपकं नामालङ्कारमाहुः । दीप इव दीपकम्, दीपो यथा प्रासादार्थमुद्दीपितः प्रासादमुपकृत्य रथ्यामप्युपकरोति, तथा कस्मिंश्चिदेकस्मिन् वाक्ये स्थितं जात्यादिवाचकं पदं तद्वाक्योपकारपूर्वकम् अन्यस्मिन्नपि वाक्ये तदादिसर्वनामद्वारा चकारादिना वोपस्कुरुते तदा दीपकं नामालङ्कारः । अयं चार्थालङ्कारः । भरतभामहाभ्यां भोजेन चापीदमेव लक्षणं प्रतीज्ञितं वृतम् । प्रकाशकारादयो नवीनास्तु प्रस्तुताप्रस्तुतयोर्धर्मस्य सकृद्वृत्तिरदं दीपकमाहुः । यत्र जात्यादिवाचकं पदं वर्त्तते तस्य वाक्यस्य तद्भिन्नवाक्यस्य चोपकारकत्व एव दीपकमिति कथनादेकवाक्ये दीपकं न भवतीति व्यञ्जितम् । तदिदं दीपकं चतुर्धा--जातिदीपक-क्रियादीपक-गुणदीपक-द्रव्यदीपकभेदात् । क्रमशस्तेषामुदाहरणानि वक्ष्यति ॥ ९७ ॥

हिन्दी—एक वाक्यमें अवस्थित जात्यादिवाचक पद यदि स्वसंसृष्ट वाक्यका उपकार करके स्वार्थद्वारा अन्य वाक्योंका भी उपकार करता हो तो दीपक अलङ्कार होता है । दीपकके समान होनेसे ही इसका नाम दीपक है, दीप जैसे घरको प्रकाशित करने के लिये जलाया जाता है फिर भी घरको प्रकाशित करता हुआ स्वसमीपस्थ गलीको भी प्रकाशित करता है, उसी प्रकारसे

१. उपचारश्चेत् । २. तदाहुः ।

जात्यादिवाचक पद भी स्वसंसृष्ट वाक्य को उपकृत करते हुए स्वार्थद्वारा अन्य वाक्योंको भी उपकृत करते हैं। भरत-भामह आदिने और भोजने दीपकका इसी प्रकारका लक्षण कहा है, परन्तु काव्यप्रकाशकार आदि नवीन आचार्योंने—प्रस्तुत और अप्रस्तुतमें धर्मकी सकृद्वृत्ति—एकत्र कथनको दीपक माना है। यह दीपक सामान्यतः चार प्रकारका होता है—जातिदीपक, गुणदीपक, क्रियादीपक और द्रव्यदीपक। क्रमशः इनके उदाहरण आगे कहे जायेंगे॥ ९७॥

पवनो दक्षिणः पर्णं जीर्णं हरति वीरुधाम्।
स[1] एवावनताङ्गीनां मानभङ्गाय जायते॥ ९८॥

जातिदीपकमुदाहरति—**पवन इति।** दक्षिणः पवनः मलयानिलः वीरुधाम् लतानां जीर्णं शिथिलवृन्तं पर्णं हरति, स एव च मलयानिलः अवनताङ्गीनां विनम्रगात्रीणां सुन्दरीणां मानभङ्गाय जायते कामोद्दीपनद्वारा कोपत्याजको भवतीति। अत्र पूर्ववाक्यस्थस्य पवन इति जातिवाचकपदस्य उत्तरवाक्ये स इति सर्वनाम्ना परामर्शात् अन्वयः सम्पद्यत इति, पवनशब्दस्य जातिवाचकत्वमिति च जातिदीपकालङ्कारोदाहरणमिदम्॥ ९८॥

हिन्दी—दक्षिण वायु लताओंके शिथिल पत्रोंका हरण करती है, और वही दक्षिणवायु (मलयपवन) अवनताङ्गी सुन्दरियोंके मानभङ्गका भी कारण होती है, दक्षिणवायुके द्वारा कामोद्दीपन होनेसे स्त्रियाँ मानत्याग करती हैं। इसमें पूर्ववाक्यस्थित पवनशब्दका—जो जातिवाचक है—उत्तरवाक्यमें 'सः' इस सर्वनामके द्वारा अन्वय कराया जाता है, अतः यह जातिगत दीपकका उदाहरण हुआ॥ ९८॥

चरन्ति चतुरम्भोधिवेलोद्यानेषु दन्तिनः।
चक्रवालाद्रिकुञ्जेषु कुन्दभासो गुणाश्च ते॥ ९९॥

क्रियादीपकमुदाहरति—**चरन्तीति।** कस्यचिन्नरपतेरियं स्तुतिः, हे नृपते, ते तव दन्तिनः गजाः चतुरम्भोधिवेलोद्यानेषु सागरचतुष्टयतटवर्त्तिवनेषु चरन्ति, तथा कुन्दभासः कुन्दपुष्पवत् धवलवर्णाश्च ते तव गुणाः शौर्यौदार्यादयः चक्रवालाद्रिकुञ्जेषु लोकालोकाख्यपर्वतनिकुञ्जेषु चरन्ति भ्राम्यन्ति। अत्र चकारेण परामृष्टायाः चरन्तीति क्रियायाः स्वघटितपूर्ववाक्यवत् उत्तरवाक्यस्याप्युपकारकत्वात् क्रियादीपकम् इति दीपकभेदालङ्कारः॥ ९९॥

हिन्दी—हे राजन्, आपके हाथी चारों समुद्रोंके तटवर्त्ती वनोंमें घूमते हैं, और कुन्दपुष्पसदृश धवल आपके गुण चक्रवालगिरिके कुञ्जोंमें घूमते हैं। इस उदाहरणमें पूर्ववाक्यस्थ 'चरन्ति' क्रिया उत्तरवाक्यमें भी चकारानुकृष्ट होकर अन्वय पाती है, अतः इसे क्रियादीपक कहा जाता है॥ ९९॥

श्यामलाः प्रावृषेण्याभिर्दिशो जीमूतपङ्क्तिभिः।
भुवश्च सुकुमाराभिर्नवशाद्वलराजिभिः॥ १००॥

गुणदीपकमुदाहरति—**श्यामला इति।** दिशः दश दिशः प्रावृषेण्याभिः वर्षाकालोत्पन्नाभिः जीमूतपङ्क्तिभिः मेघमालाभिः श्यामलाः कृष्णवर्णाः, सुकुमाराभिः कोमलाभिः नवशाद्वलराजिभिः प्रत्यग्रप्ररूढाभिः अल्पतृणपङ्क्तिभिः श्यामलाः इत्यनुषज्यते।

---

[1] स एव नतगात्रीणाम्।

अत्र श्यामला इति गुणवाचकपदस्य पूर्ववाक्य इव परतोऽपि चकारानुकृष्टतयाऽन्वयाद् गुणदीपकम् ॥ १०० ॥

हिन्दी—वर्षाकालिक जलदमालासे दिशायें श्यामल-काली-हो रही हैं, और कोमल नवीन घासोंसे धरती काली हो उठी है, यहाँ पूर्ववाक्यस्थ गुणवाचक श्यामलपद चकारानुकृष्ट होकर उत्तरवाक्यमें भी अन्वित होता है अतः इसे गुणदीपक कहते हैं ॥ १०० ॥

विष्णुना विक्रमस्थेन दानवानां विभूतयः।
क्वापि नीताः कुतोऽप्यासन्नानीता दैवतर्द्धयः ॥ १०१ ॥

द्रव्यदीपकमाह—विक्रमस्थेन बलिनिग्रहसमये त्रिपादविक्रमं प्रकटयता वामनावतारेण विष्णुना दानवानां बलिप्रमुखाणां विभूतयः सम्पदः क्वापि नीताः क्षणमात्रेणापहृताः, तथा दैवतर्द्धयः इन्द्रादीनां श्रियः कुतोऽपि आनीताः आसन्, अतर्कितमेव समुपनमिता इत्यर्थः। अत्रैकव्यक्तिवाचकतया द्रव्यवाचकस्य विष्णुपदस्य पूर्ववाक्यस्थस्यापि काकाक्षिन्यायेनोत्तरवाक्येऽप्यन्वयात् द्रव्यदीपकम् ॥ १०१ ॥

हिन्दी—बलिनिग्रहकालमें त्रिपाद विक्रम प्रकट करनेवाले विष्णुने दानवोंकी समृद्धियोंको न जाने कहाँ भेज दिया, और न जाने कहाँ से उन्होंने देवगणकी वह सारी समृद्धियाँ ला दीं। यहाँपर एकव्यक्तिवाचकतया द्रव्यवाचक विष्णुपदका—जो पूर्ववाक्यस्थ है—उत्तर वाक्यमें भी अन्वय हुआ है, अतः यह द्रव्यदीपक कहा जाता है ॥ १०१ ॥

इत्यादिदीपकान्युक्तान्येवं मध्यान्तयोरपि।
वाक्ययोर्दर्शयिष्यामः कानिचित्तानि तद्यथा ॥ १०२ ॥

उक्तानि चत्वारि दीपकानि आदिदीपकानि, यतस्तेषां प्रथमवाक्ये उक्तानां पदानामग्रिमवाक्येऽन्वयः, एवमेव मध्ये तेषां जात्यादिवाचकपदानामुपादाने सति परत्र सम्बन्धे मध्यदीपकानि, तथाऽन्ते तेषामुपादाने सति परत्र सम्बन्धे चान्तदीपकान्यपि सम्भवन्ति, कानिचित् कतिचित् तानि मध्यदीपकान्यन्तदीपकानि च दर्शयिष्याम इत्याशयः। तदेवं प्रोक्तानि चत्वार्युदाहरणान्यादिदीपकस्य मध्यदीपकस्यान्तदीपकस्य चाग्रे वक्ष्यन्त इत्यायातम् ॥ १०२ ॥

हिन्दी—आदिदीपकके उदाहरण बताये गये, इसी तरह मध्यदीपक और अन्तदीपक भी सम्भव हैं, उनके भी उदाहरण बताये जायेंगे। तात्पर्य यह है कि दीपकके चार उदाहरण जाति-क्रियागुणद्रव्य-भेदसे दिये गये, उन सभी उदाहरणोंमें प्रथमवाक्योपात्त पदोंका अग्रिम वाक्योंमें अन्वय हुआ है अतः वे सभी आदिदीपक नामक प्रभेदके हुए। इसी प्रकार जहाँ मध्यवाक्यस्थ जात्यादिवाचक पदका अन्यत्र अन्वय किया जायगा वह मध्यदीपक होगा, एवं अन्तवाक्यस्थ जात्यादिवाचक पदका पूर्वमें अन्वय होनेपर वह अन्तदीपक होगा, इनके उदाहरण भी यथासम्भव बताये जायेंगे ॥ १०२ ॥

नृत्यन्ति निचुलोत्सङ्गे गायन्ति च कलापिनः।
बध्नन्ति च पयोदेषु दृशो हर्षाश्रुगर्भिणीः ॥ १०३ ॥

मध्यगतं जातिदीपकमुदाहरति—नृत्यन्तीति। कलापिनो मयूराः निचुलोत्सङ्गे वेतसवनप्रदेशे नृत्यन्ति, गायन्ति, पयोदेषु स्वसुहृत्सु मेघेषु च तदागमनहृष्टतया हर्षाश्रुगर्भिणीर्दृशो बध्नन्ति सानन्दाश्रुपूर्णदृष्टिभिस्तं पश्यन्ति। अत्र कलापिन इति

मध्यवाक्यवर्त्ति पदं पूर्वत्र परत्र चान्वेतीति मध्यगतं जातिदीपकमिदम्। कलापिनो जातिपदत्वादिदं जातिदीपकं मध्यगतत्वाच्च तथेति भावः ॥ १०३ ॥

हिन्दी—वेतसकुञ्जमें मयूर नाच रहे हैं, गा रहे हैं और आनन्दाश्रुपूर्ण नयनोंसे मेघों की ओर देख रहे हैं। इस उदाहरणमें जातिवाचक कलापीपद मध्यगत है अतः इसे मध्यगत जातिदीपक कहा जाता है ॥ १०३ ॥

मन्दो गन्धवहः क्षारो वह्निरिन्दुश्च जायते।
चर्चाचन्दनपातश्च शस्त्रपातः प्रवासिनाम् ॥ १०४ ॥

क्रियागतं मध्यदीपकमुदाहरति—**मन्दो गन्धवह इति**। प्रवासिनां विदेशस्थितानां वियोगिनाम् मन्दो गन्धवहः मन्दानिलः क्षारः क्षते क्षारवद्व्यथकः, इन्दुः वह्निर्वह्निवत्सन्तापकः, चर्चाचन्दनपातः अङ्गचर्चार्थं संभृतस्य मलयजरसस्य सम्बन्धश्च शस्त्रपातः शस्त्रपातवत्कष्टकर इति। अत्र सर्ववाक्यान्वयिनः 'जायते' इति क्रियापदस्य मध्यगतत्वान्मध्यगतं क्रियादीपकमिदम् ॥ १०४ ॥

हिन्दी—वियोगियोंके लिये मन्दवायु क्षतमें क्षारकी तरह पीड़ाकर, चन्द्रमा आगकी तरह सन्तापक और शरीरमें लगानेके लिये लाया गया चन्दन शस्त्रप्रहारके समान लगता है। इसमें 'जायते' यह क्रियापद मध्यवाक्यगत है जिसका सर्वत्र अन्वय हुआ है, अतः यह मध्यगत क्रियादीपक हुआ।

आचार्य दण्डीने मध्यगत दीपकके चार भेदोंमें केवल दो भेदोंके ही उदाहरण लिखे हैं, मध्यगत गुणदीपक और मध्यगत द्रव्यदीपकके उदाहरण नहीं लिखे हैं।

प्रेमचन्द्र शर्माने इसी ग्रन्थकी टीकामें अनुक्त दोनों भेदोंके उदाहरण दिये हैं, उन्हें यहाँ उद्धृत किया जाता है।

मध्यगत गुणदीपक—

'तडिद्भिर्वारिवाहाणां योगः स्त्रीभिः प्रवासिनाम्। लताभिः पादपानां च समापाते घनागमे'। इस उदाहरणमें 'योगः' इस मध्यगत गुणवाचक शब्दका सर्वत्र अन्वय हुआ है, अतः यह मध्यगत गुणवाचकका उदाहरण है।

मध्यगत द्रव्यदीपक—

'मुहुर्विश्वं संसृजति बिभर्त्ति च मुहुर्हरिः। मुहुश्च नाशं नयति बालक्रीडनकौतुकी' ॥

इसमें 'हरिः' यह द्रव्यवाचक शब्द मध्यगत होकर भी सर्वत्र अन्वित होता है अतः यह मध्यगत द्रव्यदीपक है ॥ १०४ ॥

जलं जलधरोद्गीर्णं कुलं गृहशिखण्डिनाम्।
चलं च तडितां दाम बलं कुसुमधन्वनः ॥ १०५ ॥

अन्तगतं जातिदीपकमुदाहरति—**जलमिति**। जलधरैः मेघैः उद्गीर्णं वान्तम् वृष्टमित्यर्थः जलम् गृहशिखण्डिनाम् प्रासादवर्त्तिमयूराणां कुलं समूहः, चलम् चपलम् तडितां विद्युतां दाम च एतत् त्रितयं कुसुमधन्वनः बलम् कामदेवस्य सैन्यम्। वर्षाजलप्रासादशिखरस्थमयूरकुलचपलादामभिरेव बलैः कामो विश्वं विजयत इत्यर्थः। अत्र बलपदं सैन्यपरं तच्च जातिवाचकं तस्यान्त्यवाक्यस्थस्य सर्वत्रान्वयादिदमन्तगतं जातिदीपकम् ॥ १०५ ॥

हिन्दी—मेघका जल, प्रासादशिखरस्थमयूरोंका दल और चञ्चल विद्युद्दाम—ये तीनों कामदेवके सैन्य हैं। इसमें अन्तगत बल शब्द जातिपरक होकर सर्वत्र अन्वय पाता है अतः यह अन्तगत जातिदीपक हुआ ॥ १०५ ॥

त्वया नीलोत्पलं कर्णे स्मरेणास्त्रं शरासने ।
मयाऽपि मरणे चेतस्त्रयमेतत् समं कृतम् ॥ १०६ ॥

अन्तगतं क्रियादीपकमाह—**त्वयेति** । कस्यचिच्चाटुकारस्येयमुक्तिः, त्वया कर्णे नीलोत्पलम्, स्मरेण शरासने अस्त्रम्, मयापि मरणे चेतः, एतत् त्रयं समं युगपत् कृतम् । अत्रान्त्यवाक्यस्थितेन कृतमिति क्रियावाचकपदेन इतरवाक्यसम्बन्धात् अन्तगतमिदं क्रियादीपकम् ॥ १०६ ॥

हिन्दी—हे प्रिये, तुमने अपने कानमें नीलकमल, कामदेवने अपने धनुष पर बाण और मैंने मरणमें मन एक ही साथ किया। इसमें अन्तिमवाक्यस्थ 'कृतम्' इस क्रियापदका सर्वत्र अन्वय होता है अतः यह अन्तगत क्रियादीपक है।

यहाँ भी दण्डीने अन्तगत गुणदीपक और अन्तगत द्रव्यदीपकके उदाहरण नहीं दिये हैं, जो प्रेमचन्द्र शर्माकी टीकासे दिये जा रहे हैं—

अन्तगत गुणदीपक—

'इदमुज्जृम्भते बिम्बं भानोस्तापयितुं जगत् । ममैव हृदयं चण्डि मुख च तव लोहितम्' ॥

यहाँ अन्त्यवाक्यगत 'लोहित' इस गुणवाचक पदका अन्यत्र भी अन्वय हुआ है अतः यह अन्तगत गुणदीपक है।

अन्तगत द्रव्यदीपक—

'सत्यं विश्वं सन्तपति सत्यं कर्षति वै रसान् । तमांसि तु निहन्तीति प्रार्थनीयोदयो रविः' ॥

इसमें अन्त्यवाक्यगत 'रविः' इस द्रव्यवाचकका सर्वत्र अन्वय हुआ है अतः यह अन्तगत द्रव्यदीपकका उदाहरण है ॥ १०६ ॥

शुक्लः श्वेतार्चिषो वृद्ध्यै पक्षः पञ्चशरस्य सः ।
स च रागस्य रागोऽपि यूनां रत्युत्सवश्रियः ॥ १०७ ॥
इत्यादिदीपकत्वेऽपि पूर्वपूर्वव्यपेक्षिणी ।
वाक्यमाला प्रयुक्तेति तन्मालादीपकं मतम् ॥ १०८ ॥

मालादीपकमाह—**शुक्ल इति** । शुक्लः पक्षो मासस्यादिमो धवलो दलः श्वेतार्चिषः चन्द्रस्य वृद्ध्यै परिपोषाय भवति, सः श्वेतार्चिः पञ्चशरस्य कामदेवस्य वृद्ध्यै भवति, सः पञ्चशरो रागस्य वनिताविषयासक्तेः वृद्ध्यै भवति, स च रागः यूनां तरुणानां रत्युत्सवश्रियः विलासलक्ष्म्या वृद्ध्यै भवति ॥ १०७ ॥

इत्यादीति । इति अत्रोदाहरणे आदिदीपकत्वे 'वृद्ध्यै' इति प्रथमवाक्यस्थस्य पदस्य सकलवाक्यान्वयितयाऽऽदिदीपकलक्षणक्रान्तत्वे सत्यपि पूर्वपूर्वव्यपेक्षिणी स्वोपकारकतया पूर्वपूर्ववाक्यमपेक्षमाणा वाक्यमाला वाक्यावलिः प्रयुक्तेति हेतोरिदं मालादीपकन्नाम ॥ १०८ ॥

हिन्दी—शुक्लपक्ष चन्द्रमाकी वृद्धिके लिये होता है, चन्द्रमा कामदेवकी वृद्धिके लिये होता है, कामदेव स्त्रीविषयक आसक्तिके लिये होता है, और वह आसक्ति युवजनोंके रागरङ्गकी वृद्धिके लिये हुआ करती है ॥ १०७ ॥

इस उदाहरणमें 'वृद्धयै' यह प्रथमवाक्यस्थ पद सभी वाक्योंमें अन्वित हुआ है अतः यह आदिदीपक है, तथापि इसमें पूर्वपूर्ववाक्यकी अपेक्षा करनेवाली वाक्यमाला प्रयुक्त हुई है, अतः इसे मालादीपक मानते हैं। यह मालादीपक—सभी वाक्योंमें अन्वित होनेवाला पद सापेक्ष वाक्यस्थित हो तभी होता है यह कोई खास आवश्यक बात नहीं है, अतएव काव्यप्रकाशकारने—

'संग्रामाङ्गणमागतेन भवता चापे समारोपिते देवाकर्णय येन येन सहसा यद्यत्समासादितम्।
कोदण्डेन शराः शरैररिशिरस्तेनापि भूमण्डलं तेन त्वं भवता च कीर्त्तिरतुला कीर्त्या च लोकत्रयम्'॥
यह उदाहरण मालादीपकका दिया है, इस उदाहरणमें निरपेक्षवाक्यगत 'आसादितम्' इस क्रियापद के साथ सभी वाक्योंमें अन्वय कराया गया है, यदि सर्ववाक्यान्वयी पदका सापेक्षवाक्यस्थितत्व आवश्यक रहता, तब यह उदाहरण कैसे दिया जाता ?॥ १०८॥

अवलेपमनङ्गस्य वर्द्धयन्ति बलाहकाः।
कृशयन्ति तु घर्मस्य मारुतोद्धूतशीकराः॥ १०९॥

विरुद्धार्थदीपकमाह—**अवलेपमिति**। बलाहकाः मेघाः अनङ्गस्य कामदेवस्य अवलेपं गर्वं वर्द्धयन्ति समेधयन्ति। मारुतोद्धूतशीकराः वायुनोत्क्षिप्ताः जलकणाः येषां तादृशाश्च ते बलाहकाः घर्मस्य ग्रीष्मस्य अवलेपं कृशयन्ति कृशतां नयन्ति, दूरीकुर्वन्तीत्यर्थः॥ १०९॥

हिन्दी—यह मेघ कामदेवके गर्वको बढ़ाते हैं और हवासे जिनके जलकण ऊपर उड़ रहे हैं ऐसे यही मेघ ग्रीष्मके गर्वको घटा रहे हैं॥ १०९॥

अवलेपपदेनात्र बलाहकपदेन च।
क्रिये विरुद्धे संयुक्ते तद्विरुद्धार्थदीपकम्॥ ११०॥

अवलेपेति। अत्रोदाहरणे कर्मभूतेन अवलेपपदेन कर्त्तृभूतेन बलाहकपदेन च विरुद्धे क्रिये वर्द्धनकृशीकरणरूपे संयुक्ते समानाधिकरणे कृते तत् एतत् विरुद्धार्थदीपकम्। अयमाशयः—अत्रावलेपपदं कर्मभूतम्, तदर्थश्च बलाहकैरनङ्गसम्बन्धितया वृद्धिं नीयते, ग्रीष्मसम्बन्धितया च कृशत्वं नीयते, इत्यत्रैवावलेपे कर्मणि सम्बन्धिभेदमहिम्ना वृद्धिकृशत्वरूपयोर्विरुद्धयोः क्रिययोः समावेशेन, तथा चात्र बलाहकाः कर्त्तारः, तेऽनङ्गसम्बन्धितया गर्वस्य वृद्धिकर्त्तारः, ग्रीष्मसम्बन्धितया च तस्यैव कृशत्वकर्त्तार इत्येकत्र बलाहकेषु कर्त्तृषु विरुद्धयोर्वृद्धिकृशत्वक्रिययोः समावेशेन च विरुद्धार्थदीपकमिदम्॥ ११०॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें अवलेप कर्म है, उसमें अनङ्गसम्बन्ध होनेपर वृद्धिक्रिया की जाती है, और ग्रीष्मसम्बन्ध होनेपर कृशत्वक्रिया की जाती है, अतः एकमें विरुद्धक्रियायें होनेसे विरुद्धार्थदीपक है, एवं बलाहक कर्त्ता है, उसमें अनङ्गसम्बन्धितया गर्ववृद्धिक्रिया और ग्रीष्मसम्बन्धितया गर्वकृशत्वक्रिया कही गयी है अतः एक कर्त्ता बलाहकमें विरुद्धक्रियासमावेश होनेसे विरुद्धार्थदीपक हुआ। यह आदिदीपकप्रभेद है, क्योंकि आदिवाक्यस्थ अवलेप और बलाहकपद उत्तरवाक्यमें अन्वित हुआ है। इस उदाहरणमें—अवलेप गुणवाचक है और बलाहक जातिवाचक है अतः गुणवाचक और जातिवाचकका सङ्कर है॥ ११०॥

हरत्याभोगमाशानां गृह्णाति ज्योतिषां गणम्।
आदत्ते चाद्य मे प्राणानसौ जलधरावली॥ १११॥

एकार्थदीपकमुदाहरति—**हरतीति**। असौ जलधरावली मेघमाला आशानाम् दिशाम् आभोगम् हरति सङ्कोचयति, ज्योतिषां ग्रहाणां गणम् गृह्णाति तिरोदधाति, अथ मे मम (विरहदग्धस्य) प्राणान् आदत्ते विपादयति ॥ १११ ॥

हिन्दी—यह मेघमाला दिशाओंके विस्तारको सङ्कुचित करती है, ग्रहनक्षत्रोंको छिपाती है, और हमारे प्राणको हरती है। यहाँ 'हरति' 'गृह्णाति' 'आदत्ते' इन तीनों क्रियाओंसे 'लोप करना' रूप एक ही अर्थ प्रतीत होता है ॥ १११ ॥

अनेकशब्दोपादानात् क्रियैकैवात्र दीप्यते।
यतो जलधरावल्या तस्मादेकार्थदीपकम् ॥ ११२ ॥

अनेकेति। अत्र अस्मिन्नुदाहरणे यतः जलधरावल्या एका एव क्रिया लोपनरूपा अनेकेषाम् हरणग्रहणादानात्मनाम् उपादानात् दीप्यते उज्ज्वलीक्रियते नानाशब्दैरेकैव क्रिया प्रकाश्यते, अत इदमेकार्थदीपकं नाम। अनेकशब्दप्रतिपाद्यस्य एकार्थस्य दीपनात् एकार्थदीपकमिदमिति बोध्यम् ॥ ११२ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें अनेक शब्दों द्वारा एक ही लोपनरूप क्रिया प्रकाशित की गई है अतः इसे एकार्थदीपक कहते हैं।

अनेक क्रियाओंमें एक कारक हो—'अथ कारकमेकं स्यादनेकासु क्रियासु चेत्' तब जो दीपक प्रकाशकारने स्वीकार किया है वह इससे भिन्न ही है, क्योंकि उसमें एकार्थक अनेकक्रिया नहीं हुआ करती है, जैसे—

'स्विद्यति कूणति वेल्लति विचलति निमिषति विलोकयति तिर्यक्।
अन्तर्नन्दति चुम्बितुमिच्छति नवपरिणया वधूः शयने' ॥

यही एक कारककी अनेक क्रियावाले दीपकका उदाहरण काव्यप्रकाशमें दिया गया है, इसमें एकार्थक अनेक क्रिया नहीं है, प्रकृत एकार्थदीपकमें तो लोपनार्थक अनेक 'हरति गृह्णाति आदत्ते' क्रियायें हैं ॥ ११२ ॥

हृद्यगन्धवहास्तुङ्गास्तमालश्यामलत्विषः।
दिवि भ्रमन्ति जीमूता भुवि चैते मतङ्गजाः ॥ ११३ ॥

श्लिष्टार्थदीपकमाह—**हृद्येति**। दिवि आकाशे जीमूताः मेघाः भ्रमन्ति, कीदृशा मेघाः? हृद्यगन्धवहाः मनोरमपवनानुगताः, तुङ्गा उन्नताः, तमालश्यामलत्विषः तमालतरुकृष्णकान्तयः भुवि च एते मतङ्गजाः गजा भ्रमन्ति, कीदृशाः गजाः? हृद्यः घ्राणतर्पणो यो गन्धो दानवारिसौरभम् तद्वहाः तस्य धारिणः, तुङ्गा इत्यादि पूर्ववत् ॥ ११३ ॥

हिन्दी—मनोरम पवनसे प्रेरित, उन्नत तथा तमालतरुश्यामल मेघ आकाशमें भ्रमण कर रहे हैं, और घ्राणतर्पण दानवारिसुगन्धिसे युक्त, उन्नत एवं तमालश्यामल दन्ती पृथ्वी पर घूम रहे हैं ॥ ११३ ॥

अत्र धर्मैरभिन्नानामभ्राणां दन्तिनां तथा।
भ्रमणेनैव सम्बन्ध इति श्लिष्टार्थदीपकम् ॥ ११४ ॥

अत्र धर्मैरिति। अत्र पूर्वोक्तोदाहरणे धर्मैः हृद्यगन्धवहत्वादिरूपैः अभिन्नानाम् एकशब्दवाच्यतया समानानाम् अभ्राणां तथा दन्तिनाम् भ्रमणेनैव भ्रमतिक्रियया एव सम्बन्ध इति श्लिष्टशब्दोपस्थापितसाधारणधर्मवतोर्जीमूतमतङ्गजयोः भ्रमन्तीति क्रियया दीपनादिदं श्लिष्टार्थदीपकम्। तत्र हृद्यगन्धवहा इति श्लिष्टमन्यच्च समं विशेषणम् ॥ ११४ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें हृद्यगन्धवहत्व, तुङ्गत्व तथा तमालश्यामलत्वरूप धर्मोंसे एकशब्द-प्रतिपाद्यत्वेन अभिन्न मेघ तथा दन्तिओंका भ्रमणरूप एक क्रिया में अन्वय हुआ है अतः इसे श्लिष्टार्थदीपक कहते हैं, क्योंकि श्लिष्टशब्दप्रतिपाद्य साधारण धर्मवाले मेघ तथा हस्तीका एकमें अन्वय हुआ है ॥ ११४ ॥

अनेनैव प्रकारेण शेषाणामपि दीपके।
विकल्पानामवगतिर्विधातव्या विचक्षणैः ॥ ११५ ॥

(इति दीपकचक्रम्)

अनेनेति। अनेन पूर्वदर्शितप्रकारेण दीपके नामालङ्कारे शेषाणाम् अनुक्तानाम् अपि विकल्पानाम् प्रकाराणाम् अवगतिः ज्ञानम् विचक्षणैः सुधीभिः कर्त्तव्या। अत्रोक्तं भोजराजेन—

'अर्थावृत्तिः पदावृत्तिरुभयावृत्तिरावली।
संपुटं रशना माला चक्रवालं च तद्भिदाः' इति ॥ ११५ ॥

हिन्दी—इसी तरह दीपकके शेष प्रकारोंकी भी जानकारी सुधीगण कर लें। भोजराजने इस प्रसङ्गमें लिखा है :—

'अर्थावृत्तिः पदावृत्तिरुभयावृत्तिरावली। संपुटं रशना माला चक्रवालं च तद्भिदाः'॥

उनमें अर्थावृत्ति, पदावृत्ति और उभयावृत्तिको आचार्य दण्डीने आवृत्त्यलङ्कारके रूपमें अभी आगे स्वीकार किया है, आवलीका उदाहरण—

'त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवहस्त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च'।

संपुटका उदाहरण—

'नवपल्लवेषु लोलति घूर्णति विटपेषु चलति शिखरेषु।
स्थापयति स्तबकेषु चरणे वसन्तश्रीरशोकस्य'॥

रशनादीपक और मालादीपक बताया जा चुका है, चक्रवाल चमत्कारी नहीं होता है ॥११५॥

अर्थावृत्तिः पदावृत्तिरुभयावृत्तिरेव च।
दीपकस्थान एवेष्टमलङ्कारत्रयं यथा ॥ ११६ ॥

आवृत्त्यलङ्कारं भेदकथनेनाह—**अर्थावृत्तिरिति**। दीपकस्थाने दीपकप्रसङ्ग एव अर्थावृत्तिः, पदावृत्तिः, उभयावृत्तिः च एतदलङ्कारत्रयम् विद्वद्भिरिष्टम् अभिमतम्, तत्रेदं बोध्यम्—दीपके पदस्यानुषङ्गः, अत्रत्वावृत्तिरेव। अत एव चास्य दीपकस्थानीयत्वम् ॥ ११६ ॥

हिन्दी—दीपकके स्थानमें अर्थावृत्ति, पदावृत्ति और उभयावृत्ति नामके तीन अलङ्कार कवियोंने माने हैं। दीपकमें पदका अनुषङ्ग होता है, इसमें आवृत्ति होती है ॥ ११६ ॥

विकसन्ति कदम्बानि स्फुटन्ति कुटजद्रुमाः।
उन्मीलन्ति च कन्दल्यो दलन्ति ककुभानि च ॥ ११७ ॥

अर्थावृत्तिमुदाहरति—**विकसन्तीति**। कदम्बानि नीपकुसुमानि विकसन्ति। कुटजद्रुमाः स्फुटन्ति उद्भिन्ना भवन्ति। कन्दल्यः वर्षाकालभवाः पुष्पभेदाः उन्मीलन्ति विकसन्ति। ककुभानि अर्जुनकुसुमानि दलन्ति स्फुटन्ति। अत्र विकसन्ति, स्फुटन्ति, उन्मीलन्ति, दलन्ति इति चत्वार्यपि पदानि भिन्नरूपाण्यपि एकार्थानीति अर्थावृत्तिरियम् ॥ ११७ ॥

हिन्दी—कदम्ब विकसित हो रहे हैं, कुटजके फूल खिल रहे हैं, कन्दली फूल रही है और अर्जुनमें फूल निकल रहे हैं। यहाँपर एक ही अर्थमें भिन्नरूप चार पद प्रयुक्त हुए हैं, यह अर्थापत्ति है। यह वर्षाका वर्णन है, वर्षाके प्रसङ्गमें कालिदासने भी इन फूलोंके विकासका वर्णन किया है।

'नीपं दृष्ट्वा हरितकपिशं केशरैरर्द्धरूढैः' 'आविर्भूतप्रथममुकुलाः कन्दलीश्चानुकच्छम्'।
'स प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्घाय तस्मै' 'कालक्षेपं ककुभसुरभौ पर्वते पर्वते ते' ॥ ११७ ॥

उत्कण्ठयति मेघानां माला वृन्दं कलापिनाम्।
यूनां चोत्कण्ठयत्येष मानसं मकरध्वजः ॥ ११८ ॥

पदावृत्तिमुदाहरति—**उत्कण्ठयतीति**। मेघानां माला जलधरावलिः कलापिनां मयूराणां वृन्दम् उत्कण्ठयति स्वदर्शनार्थमुद्ग्रीवं करोति, एषः मकरध्वजः कामश्च यूनां युवकानां मानसम् उत्कण्ठयति विलासोत्सुकं करोति। अत्र 'उत्कण्ठयति'पदस्य उभयत्र भिन्नार्थकत्वेन केवलं पदावृत्तिः ॥ ११८ ॥

हिन्दी—मेघमाला मयूरोंके समूहको उत्कण्ठित करती है (मेघदर्शनार्थ उद्ग्रीव-उत्थित-ग्रीव-बनाती है), यह कामदेव युवकोंके मनको विलासोत्सुक बनाता है। इस पद्यमें उत्कण्ठयति पद एकाकार होने पर भी मयूरके साथ दूसरे अर्थमें और युवकोंके मनके साथ दूसरे अर्थमें है अतः पदावृत्ति है ॥ ११८ ॥

जित्वा विश्वं भवानद्य विहरत्यवरोधनैः।
विहरत्यप्सरोभिस्ते रिपुवर्गो दिवं गतः ॥ ११९ ॥
(इत्यावृत्तिचक्रम्)

उभयावृत्तिमुदाहरति—**जित्वेति**। अत्र मर्त्यलोके भवान् विश्वं संसारं जित्वा स्वायत्तीकृत्य अवरोधनैः स्वान्तःपुरस्थरमणीभिः विहरति क्रीडति ते तव रिपुवर्गः रणे भवता हतः सन् दिवं गतः अप्सरोभिः विहरति क्रीडति। अत्र विहरतीति पदस्य तदर्थस्य चावृत्तिरित्युभयावृत्तिः ॥ ११९ ॥

हिन्दी—आप संसारको जीतकर अन्तःपुरकी स्त्रियोंसे विहार करते हैं, और आपके शत्रु स्वर्ग जाकर (वीरगति प्राप्त कर) अप्सराओंसे विहार करते हैं, यहाँ 'विहरति' पदकी तथा उसके अर्थकी भी आवृत्ति होनेसे उभयावृत्ति है। इस पद्यमें विहरति पद दो बार आया है, तथापि पुनरुक्ति-कथित-पदता दोष नहीं है, क्योंकि वह उद्देश्यप्रतिनिर्देश्यभावातिरिक्तस्थलमें ही होता है, जैसे—'उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च' इसमें दोष नहीं होता, उसी तरह यहाँ भी वह दोष नहीं है ॥ ११९ ॥

प्रतिषेधोक्तिराक्षेपस्त्रैकाल्यापेक्षया त्रिधा।
अथास्य पुनराक्षेप्यभेदानन्त्यादनन्तता ॥ १२० ॥

आक्षेपालङ्कारं निरूपयति—**प्रतिषेधोक्तिरिति**। प्रतिषेधस्य निषेधस्य उक्तिः कथनमात्रम् (नतु वास्तविकः प्रतिषेधः) प्रतिषेधाभासः आक्षेपः आक्षेपालङ्कारः। इयञ्च प्रतिषेधोक्तिः किमपि फलमभिसन्धायैव करिष्यते, तच्च फलं विशेषाभिधानरूपम्, प्रतिषेधोऽपि इष्टार्थस्यैव, तस्यैव प्रतिषेधे चमत्कारोदयसम्भवात्, तथा च विशेषाभिधानेच्छयेष्टस्यार्थस्य प्रतिषेधाभास आक्षेप इति लक्षणं फलति। स चायमाक्षेपस्त्रैकाल्यापेक्षया

त्रैकालिकपदार्थसम्बन्धित्वेन त्रिधा, तथा च अतीताक्षेपो वर्त्तमानाक्षेपो भविष्यदाक्षेपश्चेति भेदत्रयं सिद्धयति, तदित्थं भेदत्रयविशिष्टस्याप्यस्याक्षेपस्य आक्षेप्यस्य निषेधविषयस्य धर्मधर्मिकार्यकारणादिरूपस्य आनन्त्यात् अनन्तता पर्यवस्यति ॥ १२० ॥

हिन्दी—विशेषाभिधानेच्छासे इष्टवस्तुके निषेधाभासको आक्षेप नामक अलङ्कार मानते हैं, यह तीन प्रकारका है क्योंकि निषेध तीनकालसम्बन्धिपदार्थोंका सम्भव है, अतः—अतीताक्षेप, वर्त्तमानाक्षेप और भविष्यदाक्षेप नामक तीन भेद सिद्ध हुए। इन तीन भेदोंके भी अनन्तभेद किये जा सकते हैं क्योंकि निषेध्यपदार्थ धर्मधर्मिकार्यकारणादिभेदसे अनन्त हो सकते हैं।

इस आक्षेपका लक्षण अग्निपुराणमें इस प्रकार कहा गया है—

'शब्देनार्थेन यत्रार्थः कृत्वा स्वयमुपार्जनम्। प्रतिषेध इवेष्टस्य यो विशेषाभिधित्सया ॥

तमाक्षेपं ब्रुवन्त्यत्र ………………….।'

इसमें भेदकी चर्चा नहीं है। काव्यप्रकाशकारका लक्षण भी इसी तरहका है—

'निषेधो वक्तुमिष्टस्य यो विशेषाभिधित्सया। वक्ष्यमाणोक्तविषयः स आक्षेपो द्विधा मतः' ॥

काव्यप्रकाशकारने 'वक्ष्यमाणोक्तविषयः' कहकर अतीताक्षेप और भविष्यदाक्षेप नामके दो ही भेद माने हैं, दण्डीने एक वर्त्तमानाक्षेप भी माना है, इसके अतिरिक्त धर्मधर्मिकार्यकारणादि आक्षेप्योंकी अनन्ततासे अन्तहीन भेदराशिकी भी कल्पना की है, यह काव्यप्रकाशमें नहीं है ॥१२०॥

अनङ्गः पञ्चभिः पौष्पैर्विश्वं व्यजयतेषुभिः।
इत्यसम्भाव्यमथवा विचित्रा वस्तुशक्तयः ॥ १२१ ॥
इत्यनङ्गजयायोगबुद्धिर्हेतुबलादिह।
प्रवृत्तैव यदाक्षिप्ता वृत्ताक्षेपः स ईदृशः ॥ १२२ ॥

आक्षेपालङ्कारस्यातीताक्षेपं नाम प्रथमं भेदमुदाहरति—**अनङ्ग इति**। अनङ्गः कामदेवः पौष्पैः पुष्पमयैः पञ्चभिः पञ्चसङ्ख्यकैरिषुभिः बाणैर्विश्वं समस्तं संसारं व्यजयत जितवान्, इत्यसम्भाव्यम् न सम्भवविषयः, अथवा वस्तुशक्तयः पदार्थानां कार्यसम्पादकसामर्थ्यानि विचित्राः अचिन्त्यवैभवाः। अत्रासम्भाव्यमित्यन्तेन कन्दर्पकर्त्तृकविश्वविजयानुपपत्तिः स्थिरीकृता, सा चाग्रे निषिद्धा ॥ १२१ ॥

लक्षणं सङ्गमयति—**इतीति**। इति अत्रोदाहरणे अनङ्गजयायोगबुद्धिः कामकर्त्तृकविश्वविजयासम्भवत्वज्ञानम् इह हेतुबलात् विचित्रा वस्तुशक्तय इति कारणप्रदर्शनात् प्रवृत्ता एव यत् आक्षिप्ता प्रतिषिद्धा, स ईदृशो वृत्ताक्षेप इति। अत्र कन्दर्पकर्त्तृकपुष्पमयबाणकरणकसकलसंसारकर्मकजयस्यासम्भाव्यताबुद्धिः प्रवृत्ता सती वस्तुमाहात्म्यघोषणया प्रतिषिध्यत इतीदृशोऽयं वृत्ताक्षेपो नामाक्षेपभेद इति भावः। अत्र प्रतिषेधो वाचकशब्दाभावात् प्रत्येय एव ॥ १२२ ॥

हिन्दी—अनङ्ग होकर भी कामदेवने फूलके बने हुए अपने केवल पाँच बाणोंसे ही इस विश्वको जीत लिया, यह असम्भव है, अथवा वस्तुकी शक्तियाँ अद्भुत हुआ करती हैं ॥ १२१ ॥

इस उदाहरणमें बिना अङ्गवाला कन्दर्प कर्त्ता है, फूलके बाण विजयके साधन हैं, यह सारा संसार लक्ष्य है, फिर भी उसने हरि-हर-विरञ्चिसमेत इस विश्वको जीत लिया, इस असम्भवतया प्रतीत वस्तुका प्रतिषेध वस्तुशक्तिकी विचित्रतारूप हेतु बताकर किया गया है, अतः यह वृत्ताक्षेप (अतीताक्षेप) नामक आक्षेपप्रभेद हुआ। इस उदाहरणमें प्रतिषेध व्यङ्ग्य होगा, क्योंकि वाचकशब्दका अभाव है ॥ १२२ ॥

कुतः कुवलयं कर्णे करोषि कलभाषिणि।
किमपाङ्गमपर्याप्तमस्मिन् कर्मणि मन्यसे ॥ १२३ ॥
स वर्त्तमानाक्षेपोऽयं कुर्वत्येवासितोत्पलम्।
कर्णे काचित् प्रियेणैवं चाटुकारेण रुध्यते ॥ १२४ ॥

वर्त्तमानाक्षेपमुदाहरति—**कुत इति**। हे कलभाषिणि, मधुरालापे, कुतः कस्मात् कारणात् कर्णे कुवलयं नीलकमलं करोषि? धारयसि? किम् त्वम् आत्मनः अपाङ्गम् नेत्रप्रान्तम् अस्मिन् कर्णशोभासम्पादनरूपे अपर्याप्तम् अशक्तं मन्यसे? कर्णायतलोचनायास्तवापाङ्गेनैव कर्णशोभासम्पादनसंभवे तव स्वकर्णे कुवलयधारणे प्रयोजनं नावधारयामीति भावः। अत्र कर्णे कुवलयधारणस्य क्रियमाणस्यैव कुत इत्यनेन प्रतिषेधः कृतः ॥ १२३ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**स इति**। यतः काचित् नायिका कर्णे असितोत्पलं कुवलयम् कुर्वती एव (न तु कृतवती न वा करिष्यन्ती) चाटुकारेण प्रियामनोऽनुकूलनाय मिष्टभाषिणा प्रियेण एवम् पूर्वोक्तरूपम् रुध्यते निषिद्ध्यते, अतश्चात्र वर्त्तमानकालिकस्य कुवलयधारणस्य निषेधात् वर्त्तमानाक्षेपोऽयम् ॥ १२४ ॥

हिन्दी—हे मधुरभाषिणि, तुम अपने कानोंमें नीलकमल क्यों धारण कर रही हो? क्या तुम अपने नेत्रप्रान्त (कटाक्ष) को इस कर्णशोभासम्पादनरूप कार्यमें अक्षम मानती हो? ॥ १२३ ॥

यहाँ पर नील कमलका धारण करती हुई कोई सुन्दरी ठकुरसुहाती बोलनेवाले प्रियतमके द्वारा नीलकमल धारण करनेसे रोकी जा रही है, इसमें वर्त्तमान कालमें होते हुए नीलकमलधारणरूप कार्यका प्रतिषेध किया गया है, अतः यह वर्त्तमानाक्षेप नामक आक्षेपप्रभेद हुआ ॥ १२४ ॥

सत्यं ब्रवीमि न त्वं मां द्रष्टुं वल्लभ लप्स्यसे।
अन्यचुम्बनसङ्क्रान्तलाक्षारक्तेन चक्षुषा ॥ १२५ ॥

भविष्यदाक्षेपमुदाहरति—**सत्यमिति**। हे वल्लभ प्रिय, अन्यस्याः मदतिरिक्ताया नायिकायाश्चुम्बनेन नेत्रचुम्बनव्यापारेण सङ्क्रान्तया लग्नया लाक्षया अधरलिप्तया रक्तेन अरुणीकृतेन चक्षुषा स्वनेत्रेण त्वं मां द्रष्टुं न लप्स्यसे प्राप्स्यसि, अन्यां नायिकां जुषमाणस्त्वं तत्कृते नयनचुम्बने तदधरलाक्षया रञ्जितनयनः सन् मदन्तिकमागत्य मां द्रष्टुं न शक्ष्यसि, एतत् सत्यं ब्रवीमि, न मृषा भाषे इत्यर्थः ॥ १२५ ॥

हिन्दी—हे प्रिय, मैं सत्य कहती हूँ, तुम दूसरी नायिकाके नेत्रचुम्बन करने पर उसके अधरलिप्त लाक्षाद्वारा रञ्जित हुए नेत्रोंसे मुझे देखनेका अवसर नहीं पा सकोगे, जभी मुझे पता होगा कि तुमने मुझसे दूसरी नायिकाके साथ सम्पर्क स्थापित किया है, तभी मैं तुमको अपने पास नहीं फटकने दूँगी ॥ १२५ ॥

सोऽयं भविष्यदाक्षेपः प्रागेवातिमनस्विनी।
कदाचिदपराधोऽस्य भावीत्येवमरुन्ध यत् ॥ १२६ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**सोऽयमिति**। अत्र अतिमनस्विनी सातिशयमानशालिनी काचित् नायिका कदाचित् अस्य नायकस्य अपराधः अन्यनायिकोपसरणलक्षणः भावी भविष्यति इति सम्भाव्य प्रागेव अपराधोत्पत्तेः प्रागेव अरुन्ध वारितवती, अतोऽयं भविष्यदाक्षेपः ॥ १२६ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें अतिमानिनी नायिकाने अपने प्रियको पहले ही मना कर दिया है जिससे वह दूसरी नायिकाके साथ सम्पर्कस्थापनारूप अपराध न कर सके, इसमें भविष्यमें किये जानेवाले अपराधका ही प्रतिषेध किया गया है, अतः यह भविष्यदाक्षेप है ॥ १२६ ॥

तव तन्वङ्गि मिथ्यैव रूढमङ्गेषु मार्दवम् ।
यदि सत्यं मृदून्येव किमकाण्डे रुजन्ति माम् ॥ १२७ ॥

एवमाक्षेपस्य सामान्यभेदत्रयमुदाहृत्य तदीयसूक्ष्मभेदानामानन्त्येनाशक्यनिरूपणत्वेऽपि शिष्यबुद्धिवैशद्यार्थं कतिपयभेदप्रदर्शनप्रवृत्त आचार्यो धर्माक्षेपमुदाहरति—**तवेति**। हे तन्वङ्गि कृशगात्रि, तव अङ्गेषु रूढं स्थितं (लोकैस्त्वदङ्गवर्त्तितया प्रसिद्धिं गमितम्) मार्दवं सौकुमार्यं मिथ्यैव असत्यभूतमेव, यदि सत्यं तर्हि तादृशानि मृदूनि एव तेऽङ्गानि अकाण्डे सहसा मां किं कुतो रुजन्ति व्यथयन्ति, सत्यमृदुत्वे व्यथकत्वायोगात्त्वदङ्गानां मार्दवं मृषेति भावः ॥ १२७ ॥

हिन्दी—हे कृशाङ्गि, तुम्हारे अङ्गोंकी प्रसिद्ध मृदुता मिथ्या है, यदि तुम्हारे ये अङ्ग यथार्थमें सुकुमार होते तो मुझे सहसा क्यों पीड़ित करते ? मृदु तो पीड़ा नहीं किया करते ॥ १२७ ॥

धर्माक्षेपोऽयमाक्षिप्तमङ्गनागात्रमार्दवम् ।
कामुकेन यदत्रैवं कर्मणा तद्विरोधिना ॥ १२८ ॥

उदाहरणं योजयति—**धर्माक्षेप इति**। यत् यतः अत्रोदाहरणे एवम् कौशलद्वारा कामुकेन तस्यां नायिकायामनुरक्तेन तद्विरोधिना मार्दवप्रतिकूलेन व्यथाकरणरूपेण कर्मणा अङ्गनायाः तस्या रमण्या गात्राणां मार्दवं सौकुमार्यम् आक्षिप्तं प्रतिषिद्धम्, तस्मादयं मार्दवरूपधर्मस्याक्षेपात् धर्माक्षेप इति ॥ १२८ ॥

हिन्दी—इस प्रकार इस उदाहरणमें कामुक नायकने अङ्गोंके सुकुमारताविरुद्ध व्यथाकरणरूप कर्मसे उस नायिकाके शरीरकी सुकुमारताका प्रतिषेध किया है, अतः यह धर्माक्षेप है, यहाँ पर नायिका-गात्रमार्दवरूप धर्मका आक्षेपप्रतिषेध हुआ है ॥ १२८ ॥

सुन्दरी सा न[1] वेत्येष विवेकः केन[2] जायते ।
प्रभामात्रं हि तरलं दृश्यते न तदाश्रयः ॥ १२९ ॥

धर्म्याक्षेपमुदाहरति—**सुन्दरीति**। सा प्रभाकरनिमग्ना नवगम्यमानकरचरणाद्यवयवा सुन्दरी न वा विद्यते न वा इति एषः विवेकः निश्चयात्मकमेकतरकोटिज्ञानं केन जायते ? कथं भवति, यतः तरलं सर्वतः प्रसमरतया दृष्टिविघातकम् प्रभामात्रं केवला प्रभा एव दृश्यते, तदाश्रयः तस्याः प्रभाया आधारः (तत्सुन्दरीशरीरम्) न दृश्यते ॥ १२९ ॥

हिन्दी—यह निश्चय कैसे किया जाय कि वह सुन्दरी नायिका है या नहीं ? केवल तरल प्रभा ही तो दीख रही है, उस प्रभाका आश्रय नायिकाशरीर तो दीख ही नहीं रहा है ॥ १२९ ॥

धर्म्याक्षेपोऽयमाक्षिप्तो धर्मी धर्मं प्रभाह्वयम् ।
अनुज्ञायैव[4] यद्रूपमत्याश्चर्यं[5] विवक्षता ॥ १३० ॥

उपपादयति—**धर्म्याक्षेपोऽयमिति**। अत्र अत्याश्चर्यं स्वप्रभया शरीरतिरोधायकं रूपं तन्नायिकासौन्दर्यं विवक्षता प्रतिपिपादयिषता नायकेन प्रभाह्वयं प्रभानामकं धर्मम्

---

१. वा । २. भवत्येवं । ३. कस्य । ४. अनुज्ञायेव । ५. तद्रूपम् ।

नायिकागुणम् अनुज्ञाय स्वीकृत्य एव यत् यतः धर्मो नायिकारूपः आक्षिप्तः प्रतिषिद्धस्तदयं धर्म्याक्षेपरूप आक्षेपभेदः ॥ १३० ॥

हिन्दी—यहाँ अत्यन्त आश्चर्यकर प्रभामात्रदृश्य रूपका प्रतिपादन करनेकी इच्छा रखनेवाला नायक नायिकाके प्रभारूप धर्मको स्वीकार करके नायिकारूप धर्मीका प्रतिषेध करता है अतः यह धर्म्याक्षेप है ॥ १३० ॥

चक्षुषी तव रज्येते स्फुरत्यधरपल्लवः[1] ।
भ्रुवौ च भुग्ने[2] न तथाप्यदुष्टस्यास्ति ते भयम् ॥ १३१ ॥

कारणाक्षेपमाह—**चक्षुषी इति ।** तव चक्षुषी नयने रज्येते कोपोदयाद्रक्तवर्णतां गच्छतः, अधरपल्लवः पल्लवोपमौष्ठः स्फुरति कोपेन कम्पते, भ्रुवौ भुग्ने कुटिलतां गते, तथाऽपि एवं सत्यपि अदुष्टस्य नायिकान्तरसम्पर्करूपापराधरहितस्य मे मम भयं न भवतीति शेषः ॥ १३१ ॥

हिन्दी—तेरी आँखें लाल हो रही हैं, तेरे अधरपल्लव स्फुरित-चपल हो रहे हैं, और तेरी भौंहें भी टेढ़ी हो रही हैं, फिर अपराधी न होनेके कारण मुझे भय नहीं हो रहा है, नायिकान्तर-सम्पर्करहित होनेसे मैं निर्भय हूँ ॥ १३१ ॥

स एव[3] कारणाक्षेपः प्रधानं कारणं भियः[4] ।
स्वापराधो निषिद्धोऽत्र यत्प्रियेण पटीयसा ॥ १३२ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**स एष इति ।** पटीयसा चतुरतमेन प्रियेण नायकेन भियः नायिकाऽपादानकस्य भयस्य प्रधानं कारणं स्वापराधो निषिद्धः—अदुष्टस्येति स्वविशेषण-द्वारा प्रतिषिद्धः अतः कारणाक्षेपोऽयम् । अत्र 'न भयम्' इति कथनेन भयरूपकार्यस्य प्रतिषेधादयं कार्याक्षेपोऽपि, तदनयोः कारणाक्षेपकार्याक्षेपयोरत्र सङ्करः ॥ १३२ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें चतुर नायकने भयके प्रधान कारण—नायिकान्तरसम्पर्कजन्य स्वापराधका प्रतिषेध कर दिया है अतः इसे कारणाक्षेप कहते हैं । कुछ लोग यहाँपर कार्य 'भय' के प्रतिषेध होनेसे कार्याक्षेप भी मानते हैं, उनके अनुसार यहाँ कारणाक्षेप और कार्याक्षेपका सङ्कर होगा । जो लोग इस तरहका सङ्कर मानते हैं, उनके मतमें शुद्ध कारणाक्षेपका उदाहरण निम्नलिखित है—

'अस्माकं सखि वाससी न रुचिरे ग्रैवेयकं नोज्ज्वलं
नो वक्रा गतिरुद्धतं न हसितं नैवास्ति कश्चिन्मदः ।
किंत्वन्येऽपि जना वदन्ति सुभगोऽप्यस्याः प्रियो नान्यतो
दृष्टिं निक्षिपतीति विश्वमियता मन्यामहे दुःस्थितम्' ॥

यहाँ उत्तरार्धद्योत्य पतिवशीकरणकके कारण वसनरुचिरत्वादिका प्रतिषेध किया गया है । प्रधान-कारणनिषेध कारणाक्षेपका विषय होता है, और अप्रधानकारणाभाव विभावनाका विषय होता है । यहाँपर भयके कारण रक्तनेत्रत्वादि शब्दतः कहे गये हैं विभाव्य नहीं हैं, अतः यहाँ विभावना नहीं है, क्योंकि—

'प्रसिद्धहेतुव्यावृत्त्या यत्किञ्चित् कारणान्तरम् । यत्र स्वाभाविकत्वं वा विभाव्यं सा विभावना ॥'
विभावनाका यही लक्षण दण्डीने स्वीकार किया है ॥ १३२ ॥

दूरे प्रियतमः सोऽयमागतो जलदागमः ।
दृष्टाश्च फुल्ला निचुला न मृता चास्मि किन्विदम् ॥ १३३ ॥

---

1. पल्लवम् । 2. भुग्नौ । 3. एव । 4. छियः

कार्याक्षेपमाह—**दूरे प्रियतम इति**। प्रियतमः दूरे विदेशेऽस्तीति शेषः, सोऽयं विरहिजनघातकतया प्रसिद्धो जलदागमः वर्षाकालः आगतः, फुल्लाः कुसुमिताः निचुलाः वेतसतरवः दृष्टाः प्रत्यक्षमवलोकिताश्च, एवं मरणसाधनानां पतिदूरत्ववर्षागमफुल्लनिचुल-दर्शनानां जातत्वेऽपि न मृतास्मि जीवामि एव, किन्विदम्, कथमिदं जायते, आश्चर्यमिद-मिति भावः ॥ १३३ ॥

हिन्दी—प्रियतम दूरदेशमें हैं, विरहिघातकतया प्रथित वर्षाकाल आ गया, विकसित वेतसतरु मैंने प्रत्यक्ष देखे, फिर भी मैं मरी नहीं, यह क्या बात है ? ॥ १३३ ॥

कार्याक्षेपः स कार्यस्य मरणस्य निवर्त्तनात्।
तत्कारणमुपन्यस्य दारुणं जलदागमम् ॥ १३४ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**कार्याक्षेप इति**। तस्य मरणस्य कारणं दारुणं विरहासह्यं जलदागमं तत्सहचरितं च पतिदूरत्वादिकम् उपन्यस्य अभिधाय, कार्यस्य मरणस्य निवर्त्त-नात् प्रतिषेधात् सोऽयं कार्याक्षेपो नाम। अप्रसिद्धकारणोपन्यासे कार्याभावो विशेषोक्ति-रिति ततोऽस्य भेदः ॥ १३४ ॥

हिन्दी—यहाँपर मरणके कारण—दारुण वर्षाकालके आनेके साथ पतिवियोगादि कहा गया, परन्तु मरणरूप कार्यका प्रतिषेध कर दिया गया, अतः यह कार्याक्षेप है। यहाँ विशेषोक्ति नहीं हो सकती, क्योंकि दण्डीके अनुसार अप्रसिद्ध कारणके उपन्यस्त रहने पर भी कार्याभाव ही उसका निदान है ॥ १३४ ॥

न चिरं मम तापाय तव यात्रा भविष्यति।
यदि यास्यसि यातव्यमलमाशङ्कयात्र ते ॥ १३५ ॥

अनुज्ञाक्षेपमुदाहरति—**न चिरमिति**। तव यात्रा विदेशगमनम् चिरं बहुकाल-पर्यन्तं मम तापाय वियोगजनितसन्तापप्रदानाय न भविष्यति, त्वद्विरहे झटित्येव मम प्राणात्यये सति मया कष्टानुभवो न करिष्यते, अतः यदि यास्यसि तर्हि त्वया यातव्यम् गन्तव्यम्, अत्र विषये ते तव आशङ्कया विरहे कथमियं स्थास्यतीति मद्विषयकचिन्तया अलम्, न किमपि चिन्तायाः प्रयोजनम्, त्वद्विरहे मम मरणस्यावश्यं भावित्वादिति भावः ॥ १३५ ॥

हिन्दी—तुम्हारी विदेशयात्रा चिरकालतक मेरे सन्तापका कारण नहीं बनी रह सकेगी, तुम्हारे वियोगमें मैं अधिक काल तक जीवित नहीं रह सकूंगी, फिर सन्ताप होगा किसे ? अतः यदि तुमको जाना है तो जाओ, यहाँके लिये चिन्ता करना व्यर्थ है ॥ १३५ ॥

इत्यनुज्ञामुखेनैव कान्तस्याक्षिप्यते गतिः।
मरणं सूचयन्त्येति सोऽनुज्ञाक्षेप उच्यते ॥ १३६ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**इत्यनुज्ञेति**। इति अत्रोदाहरणे अनुज्ञामुखेन गमनानुमति-प्रदानविधयैव मरणं सूचयन्त्या तद्विरहेऽवश्यं भाविनं स्वप्राणात्ययं व्यञ्जयन्त्या नायिकया कान्तस्य गतिः विदेशयात्रा आक्षिप्यते प्रतिषिध्यतेऽतोऽनुज्ञाक्षेपोऽयम् ॥ १३६ ॥

---

१. याहि त्वं। २. यापि। ३. ईदृशः।

हिन्दी—इस उदाहरणमें गमनानुज्ञाप्रदान करनेके द्वारा अपने मरणकी सूचना देनेवाली नायिकाने अपने कान्तकी यात्राका प्रतिषेध किया है अतः इसे अनुज्ञाक्षेप नामक आक्षेप मानते हैं। अनुज्ञाके द्वारा प्रतिषेध किया गया है, अतः यह अनुज्ञाक्षेप कहा गया है।

साहित्यदर्पणकारने इस तरहके प्रसङ्गमें विध्याभास नामक अलङ्कार माना है, और उसका लक्षण यह कहा है :—'अनिष्टस्य तथार्थस्य विध्याभासः परो मतः' ॥ १३६ ॥

धनञ्च बहुलभ्यं ते सुखं क्षेमं च वर्त्मनि।
न च मे प्राणसन्देहस्तथापि प्रिय मा स्म गाः ॥ १३७ ॥

प्रभुत्वाक्षेपमाह—**धनमिति**। अस्यां विदेशयात्रायाम् बहुधनं सम्पत्त्यादि ते तव लभ्यम् अत्र यात्रायां स्वकौशलेन त्वं बहुधनमर्जयिष्यसि, ते तव वर्त्मनि मार्गे सुखम् समयस्यानुकूलतया सौविध्यम्, क्षेमञ्च कुशलमपि, न च मे प्राणसन्देहः त्वद्वियोगकाले मम मरणम् इत्यपि न, सत्यपि कष्टे प्राणाः प्रयास्यन्त्येवेति नाशङ्कनीयम्, तथापि तव धनलाभस्य तथा सुखक्षेमयोर्दृढसम्भावनाविषयत्वे, मम प्राणसन्देहस्य चाशङ्कनीयत्वे सत्यपि हे प्रिय, मा स्म गाः न गच्छ, अत्र केवलं प्रेमप्रकर्षेण यात्रा निरुध्यते ॥ १३७ ॥

हिन्दी—इस यात्रामें आपको बहुत धन मिलेगा, रास्तेमें भी सब प्रकारका सुख तथा मङ्गल प्राप्त होता रहेगा, और इस प्रवासावधिके भीतर मेरे प्राणोंका संशय भी नहीं है, फिर भी हे प्रिय, तुम जाओ मत ॥ १३७ ॥

इत्याचक्षाणया[1] हेतून् प्रिययात्रानुबन्धिनः[2]।
प्रभुत्वेनैव रुद्धस्तत्[3] प्रभुत्वाक्षेप उच्यते ॥ १३८ ॥

उदाहरणं योजयति—**इत्याचक्षाणयेति**। इति प्रोक्तप्रकारेण प्रिययात्रानुरोधिनः नायकप्रवासौचित्यसमर्थकान् हेतून् धनलाभादीन् आचक्षाणया कथयन्त्या कान्तया प्रेमप्रभावोत्पन्नेन स्वाधीनपतिकत्वरूपेण प्रभुत्वेनैव कान्तो रुद्धो गमनान्निवारित इति तत प्रभुत्वाक्षेपोऽयम् ॥ १३८ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें प्रियकी यात्राके औचित्यका समर्थन करनेवाले धनलाभ, सुख, कुशल, स्वप्राणसंशयविरह, इन सभी कारणोंको कह कर भी नायिकाने प्रेमजनित प्रभुत्वके द्वारा नायककी यात्राका प्रतिषेध कर दिया है, अतः यह प्रभुत्वाक्षेप कहा जाता है ॥ १३८ ॥

जीविताशा बलवती धनाशा दुर्बला मम।
गच्छ वा तिष्ठ वा कान्त स्वावस्था तु निवेदिता ॥ १३९ ॥

अनादराक्षेपमुदाहरति—**जीविताशेति**। हे कान्त, प्रियतम, मम जीविताशा त्वयि समीपस्थे सति जीवितुमिच्छा बलवती धनाशापेक्षया प्रबला, धनाशा त्वां विदेशे प्रस्थाप्य धनकामना दुर्बला जीवितापेक्षया न्यूना, अहं त्वया सह स्थित्वा जीवितुमिच्छामि, न च त्वया विरहय्य धनम्, अस्यां स्थितौ गच्छ वा तिष्ठ वा, मम न तत्र कोऽपि निर्बन्धः, केवलं स्वावस्था निजा स्थितिस्तु निवेदितोक्ता ॥ १३९ ॥

हिन्दी—मेरे हृदयमें आपके साथ रहकर जीते रहनेकी इच्छा बलवती है, धनकी आशा उतनी प्रबल नहीं है, आप चाहे जाँय या रहें, मैंने अपनी स्थिति बता दी। आपके रहने पर ही मैं जी सकती हूँ। और मैं जीना ही चाहती हूँ धन नहीं चाहती, यही मेरी मनोदशा है, इस स्थितिमें आप चाहें तो जा सकते हैं, चाहें तो रुक भी सकते हैं ॥ १३९ ॥

---

१. प्रत्याच। २. सरोधिनः। ३. तु।

असावनादराक्षेपो यदनादरवद्वचः ।
प्रियप्रयाणं रुन्धत्या प्रयुक्तमिह रक्तया ॥ १४० ॥

उदाहरणमुपपादयति—**असाविति** । इह अत्रोदाहरणे प्रियप्रयाणं नायकस्य विदेशप्रस्थानं रुन्धत्या प्रतिषेधन्त्या रक्तया प्रेमपरायणया नायिकया यत् यस्मात् अनादरवत् गच्छ वा तिष्ठ वा इति स्वौदासीन्यसूचकं वचनं प्रयुक्तम्, ततः असौ अनादराक्षेपो नाम ॥ १४० ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें नायककी यात्राका प्रतिषेध करनेवाली अनुरक्ता नायिकाने अनादरपूर्ण—जाइये या रहिये—ये अनादरयुक्त वचन कहे हैं, अतः इसे अनादराक्षेप कहा जाता है। अनादर द्वारा प्रतिषेध होनेसे अनादराक्षेप हुआ । अनादर यहाँ औदासीन्यस्वरूप है ॥ १४० ॥

गच्छ गच्छसि चेत् कान्त पन्थानः सन्तु ते शिवाः ।
ममापि जन्म तत्रैव भूयाद्यत्र गतो भवान् ॥ १४१ ॥

आशीर्वचनाक्षेपमुदाहरति—**गच्छेति** । हे कान्त, प्रियतम, गच्छसि चेत् त्वया गन्तव्यं चेत् तर्हि गच्छ, पन्थानः मार्गाः ते तुभ्यं शिवाः कल्याणप्रदाः सन्तु जायन्ताम् । यत्र भवान् गतः (भविष्यति) तत्रैव ममापि जन्म भूयात् । त्वयि गते मम त्वदायत्तजीविताया मरणमवश्यं भावि, मरणात्परतश्च पुनर्जन्मनः प्रसङ्गे यत्र भवदास्थितिस्तत्रैव जन्माशासे, येन भवद्दर्शनजन्या तृप्तिरासाद्येतेति भावः ॥ १४१ ॥

हिन्दी—हे कान्त, आप जाते हैं तो अवश्य जायँ, भगवान् आपके मार्गको कल्याणमय करें, मेरी भी यही इच्छा है कि (आपके चले जानेपर विरहकी असह्यतासे प्राणत्याग करनेके बाद) मेरा जन्म उसी स्थानपर हो जहाँ आप गये हों ॥ १४१ ॥

इत्याशीर्वचनाक्षेपो यदाशीर्वादवर्त्मना ।
स्वावस्थां सूचयन्त्यैव कान्तयात्रा निषिध्यते ॥ १४२ ॥

उक्तमुदाहरणं सङ्गमयति—**इतीति** । इति अत्रोदाहरणे कान्तया आशीर्वादवर्त्मना ममापि तत्रैव जन्म भूयाद्यत्र भवान् गतः स्यादिति स्वजन्माशंसापद्धत्या स्वावस्थाम् विरहे प्राणधारणस्याशक्यत्वं सूचयन्त्या एव कान्तयात्रा निषिध्यते इति आशीर्वचनाक्षेपोऽयम् ॥ १४२ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें नायिकाने आशीर्वादके रास्ते—मेरा भी जन्म वहीं हो जहाँ आप गये हों–इस इच्छाको व्यक्त करनेके द्वारा अपनी अवस्था–विरहमें प्राणधारण करनेकी अक्षमताको सूचित करके कान्तकी यात्राका प्रतिषेध किया है अतः यह आशीर्वचनाक्षेप है ॥ १४२ ॥

यदि सत्यैव यात्रा ते काप्यन्या मृग्यतां त्वया ।[1]
अहमद्यैव रुद्धास्मि रन्ध्रापेक्षेण मृत्युना ॥ १४३ ॥[2]
इत्येष परुषाक्षेपः परुषाक्षरपूर्वकम् ।
कान्तस्याक्षिप्यते यस्मात् प्रस्थानं प्रेमनिघ्नया ॥ १४४ ॥

परुषाक्षेपमुदाहरति—**यदीति** । यदि ते यात्रा सत्या एव यदि तव विदेशयात्रा निश्चिता तदा कापि अन्या त्वदीयवियोगेऽपि जीवितधारणक्षमा त्वया मृग्यताम् भार्या-

१. काप्यनुग्राह्यतां । २. रन्ध्रान्वेषेण ।

पदारोपायान्विष्यताम्, यतः अहम् अद्यैव त्वत्प्रस्थानरजन्यामेव रन्ध्रापेक्षेण छिद्रान्वेषिणा मृत्युना रुद्धास्मि म्रिये। त्वयि प्रस्थितमात्रे मम मरणस्यावश्यभावितया त्वया कापि परा स्त्री क्रियतां या त्वदीयं विरहं सोढुं क्षमेतेत्यर्थः ॥ १४३ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**इतीति**। प्रेमनिघ्नया प्रेमाधीनया कान्तया यस्मात् परुषाक्षरपूर्वकम्—त्वया काप्यन्या मृग्यताम्—इति कठोरवचनकथनद्वारेण कान्तस्य प्रस्थानम् प्रवासगमनम् आक्षिप्यते, इत्येषः परुषाक्षेपो नाम ॥ १४४ ॥

हिन्दी—यदि आपका जाना निश्चित है तो आप किसी दूसरी स्त्रीका वरण करके ही विदेश जाइये (जो आपके वियोगमें जीती रह सके), मैं तो छिद्रान्वेषण करनेवाली मृत्युसे आज ही पकड़ ली गई, मरी ॥ १४३ ॥

इस उदाहरण में प्रेमपराधीना नायिकाने अपने प्रियतमकी विदेशयात्राका कठोर शब्द—जाना निश्चित हो तो दूसरी स्त्री करके जाइये—इस निर्मम भाषणके द्वारा प्रतिषेध करती है अतः इसे परुषाक्षेप कहा जाता है ॥ १४४ ॥

गन्ता चेद्गच्छ तूर्णं ते कर्णौ यान्ति पुरा रवाः।
आर्त्तबन्धुमुखोद्गीर्णाः[1] प्रयाणपरिपन्थिनः[2] ॥ १४५ ॥
साचिव्याक्षेप एवैष यदत्र प्रतिषिध्यते।
प्रियप्रयाणं साचिव्यं कुर्वत्येवातिरक्तया[3] ॥ १४६ ॥

साचिव्याक्षेपं विवरीतुमुदाहरणमाह—**गन्ता चेदिति**। त्वं गन्ता चेत् अवश्यं प्रवासगामी चेत् तूर्णं शीघ्रं गच्छ प्रस्थानं कुरु, पुरा यावत् आर्त्तबन्धुमुखोद्गीर्णाः मन्मृत्युदुःखितबान्धवजनमुखनिर्गताः प्रयाणपरिपन्थिनः यात्राप्रतिबन्धकाः रवाः मन्मरणोपरान्तक्रन्दनध्वनयः कर्णौ यान्ति ते श्रुतिं प्रवेक्ष्यन्ति। यदि गन्तव्यमेव तर्हि शीघ्रं गच्छ यावन्मम मरणेन पीडितानां बान्धवानां क्रन्दनध्वनयस्तव कर्णौ प्रविश्य यात्रां न प्रतिबध्नन्ति, तेषु श्रूयमाणेषु तव यात्रा विहता स्यादिति भावः ॥ १४५ ॥

नामकरणं योजयति—**साचिव्येति**। यत् यस्मात् अत्र उदाहरणेऽस्मिन् साचिव्यं कुर्वत्या तूर्णं गच्छेति कथनेन गमने सहायतां विरचयन्त्या इव अतिरक्तया सातिशयप्रेमपरायणया नायिकया प्रियप्रयाणं नायकस्य परदेशप्रस्थानं प्रतिषिध्यते भाविस्वमृत्युसूचनया निषिध्यते, तस्मादेषः साचिव्याक्षेपः सहायतापूर्वकनिषेधद्वारा साचिव्याक्षेपनामा प्रभेद इति ॥ १४६ ॥

हिन्दी—यदि आपको जाना है तो शीघ्र जाइये, जिससे हमारे मरने पर बान्धवोंके मुखोंसे निकलनेवाली रोदनध्वनि आपके कानोंमें पैठकर आपकी यात्राका प्रतिबन्ध नहीं कर सके ॥ १४५ ॥

इस उदाहरणमें नायिका नायकके जानेमें सहायता करती हुई-सी प्रतीत होती है, परन्तु वह भावि स्वमरणबोधनद्वारा वस्तुतः नायककी यात्राका प्रतिषेध कर रही है, अतः इसे साचिव्याक्षेप कहते हैं क्योंकि इसमें साचिव्य—सहायता करके ही प्रतिषेध किया गया है ॥१४६॥

गच्छेति वक्तुमिच्छामि मत्प्रियं त्वत्प्रियैषिणी।[4]
निर्गच्छति मुखाद्वाणी मा गा इति करोमि किम् ॥ १४७ ॥

---

१. जनोद्गीर्णाः। २. प्रतिपन्थिनः। ३. कुर्वन्त्यथ। ४. त्वत्प्रियं मत्प्रियै।

यत्नाक्षेपः स यत्नस्य कृतस्यानिष्टवस्तुनि ।
विपरीतफलोत्पत्तेरानर्थक्योपदर्शनात्[1] ॥ १४८ ॥

यत्नाक्षेपमुदाहरति—**गच्छेतीति** । हे मत्प्रिय मम प्राणवल्लभ, त्वत्प्रियैषिणी त्वदीयप्रियं कामयमाना अहम् गच्छ इति वक्तुमिच्छामि त्वदीयं गमनमनुमन्तुमभिलषामि, परन्तु मुखात् मा गा इति निषेधपरा वाणी वाक् निर्गच्छति बहिर्याति । किं करोमि ? प्रयत्ने कृतेऽप्यसाफल्यादुपायरहितास्मि संवृत्तेति भावः ॥ १४७ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**यत्नाक्षेप इति** । अनिष्टवस्तुनि स्वानभिमतेऽपि गच्छेति वचनोच्चारणरूपे पदार्थे कृतस्य यत्नस्य स्वचेष्टायाः विपरीतफलोत्पत्तेः मा गाः इति वचनोच्चारणरूपान्यथाफलदर्शनात् आनर्थक्योपदर्शनात वैयर्थ्यप्रकाशनात् सोऽयं यत्नाक्षेपो नाम । अयमाशयः—अत्र नायिकया कान्तं प्रति गच्छेति वक्तुकामया मया तथा वक्तुमिष्यते, किन्तु तद्विपरीतं मा गा इत्येवोच्चार्यते इति स्वीयप्रयत्नस्य वैफल्यं विपरीतफलोत्पत्तिप्रकाशनविधया प्रकाश्यते, तत्र तया प्रियेच्छानुसरणयत्नः कृतस्तेन च विपरीतं फलं जनयता गमनं प्रियेष्टं प्रतिषिध्यते इति ॥ १४८ ॥

हिन्दी—हे मेरे प्रियतम, तुम्हारा प्रिय चाहनेवाली मैं यद्यपि 'जाओ' यही कहना चाहती हूँ, परन्तु मेरे मुखसे निकलती है 'नहीं जाओ' यह वाणी । मैं क्या करूँ, मैं यत्न करती हूँ कि 'जाओ' कहूँ, परन्तु उस यत्नके द्वारा मेरे मुखसे वाणी निकलती है कि 'मत जाओ' । इस स्थितिमें मैं क्या कर सकती हूँ ॥ १४७ ॥

इस उदाहरणमें नायिका ने स्वानभिमत—'जाओ' इस शब्दको मुखसे निकालनेका प्रयास किया, परन्तु फल विपरीत हुआ—मुखसे निकला नहीं जाओ, उसे प्रयत्नमें विफलता मिली । इस तरह किये गये प्रयत्नसे नायककी प्रवासयात्राका प्रतिषेध हुआ है, अतः यह यत्नाक्षेप है ॥ १४८ ॥

[2]क्षणं दर्शनविघ्नाय पक्ष्मस्पन्दाय कुप्यतः ।
प्रेम्णः प्रयाणं त्वं[3] ब्रूहि मया तस्येष्टमिष्यते ॥ १४९ ॥
[4]सोऽयं परवशाक्षेपो यत्प्रेमपरतन्त्रया ।
तया निषिध्यते [5]यात्राऽन्यस्यार्थस्योपसूचनात् ॥ १५० ॥

परवशाक्षेपमुदाहरति—**क्षणमिति** । हे प्रिय, क्षणं स्वल्पकालम् दर्शनविघ्नाय त्वदवलोकनपरिपन्थिने पक्ष्मस्पन्दाय निमेषाय कुप्यतः निमेषमप्यसहमानस्य प्रेम्णः अनुरागस्य (समीपे) त्वं निजं प्रयाणं ब्रूहि निवेदय, मया तस्य प्रेम्णो यदिष्टं तदेवेप्यते । गन्तुकामेन त्वया त्वद्विलोकनविघ्नकारितया निमेषमप्यसहमानः प्रेमैव स्वयात्राविषये वक्तव्यः, मां तु वृथैवानुज्ञां याचसे, यतो मया तु तस्य प्रेम्णो यदिष्टं तदेवेष्यते, प्रेमपराधीनाया ममानुमतेर्याचनयाऽलमिति भावः ॥ १४९ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**सोऽयमिति** । यत् यस्मात् प्रेमपरतन्त्रया स्नेहवशीभूतया तया नायिकया अन्यस्य स्वापेक्षया भिन्नस्य अनुज्ञायाचनोपयुक्तस्यार्थस्य प्रेमरूपस्योपसूचनात् यात्रा कान्तस्य प्रस्थानं निषिध्यते सोऽयं परवशाक्षेपो नाम । अत्र स्वस्याः प्रेमपरवशां प्रदर्श्य नायिकया कान्तयात्रा प्रतिषिद्धेति परवशाक्षेपोऽयमिति भावः ॥ १५० ॥

---

१. सूचनात् । २. क्षणदर्शन । ३. ते । ४. अयं । ५. यात्रेत्यस्यार्थं ।

हिन्दी—हे प्रिय, आप जानेके सम्बन्धमें मेरे उस प्रेमसे ही अनुमति मांगिये जो क्षणभरके लिये आपके दर्शनमें विघ्न उत्पन्न करने वाले निमेषपर भी कुपित होता रहता है, मैं तो उस प्रेमके इष्टको ही पसन्द करूंगी। मैं प्रेमपराधीन हूँ, मेरी अनुमति कोई वस्तु नहीं है, आप प्रेमसे ही अनुज्ञा मांगें ॥ १४९ ॥

इस उदाहरणमें प्रेमपरतन्त्र उस नायिकाने स्वभिन्न प्रेमसे अनुज्ञा मांगनेको कहा, अन्य-स्वभिन्न-प्रेमरूप अर्थको अनुज्ञायाचनपात्रत्वेनोपयुक्त बताया, इस तरह अपनी परवशता दिखाकर नायककी यात्राका निषेध किया, इसे परवशाक्षेप कहते हैं ॥ १५० ॥

सहिष्ये विरहं नाथ देह्यदृश्याञ्जनं मम।
यदक्तनेत्रां[1] कन्दर्पः प्रहर्त्ता[2] मां न पश्यति ॥ १५१ ॥
दुष्करं जीवनोपायमुपन्यस्योपरुध्यते।
पत्युः प्रस्थानमित्याहुरुपायाक्षेपमीदृशम् ॥ १५२ ॥

उपायाक्षेपमुदाहरति—**सहिष्य इति**। हे नाथ, (अहम्) विरहं त्वद्वियोगं सहिष्ये, तदर्थम् मम अदृश्याञ्जनम् अदृश्यतासम्पादकं कज्जलम् (यदक्तनेत्रो नान्यैर्दृश्यते) देहि, यदक्तनेत्रां येन अदृश्याञ्जनेनाञ्जितनयनां मां प्रहर्त्ता उत्पीडनकरः कन्दर्पो न पश्यति न वीक्षते ॥ १५१ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**दुष्करमिति**। ईदृशं दुष्करं कठिनम् जीवनस्य नायिकाजीवनधारणस्य उपायम् अदृश्याञ्जनप्रदानम् उपन्यस्य कथयित्वा पत्युः प्रस्थानं यात्रा उपरुध्यते, सति गमनस्यावश्यकत्वे सिद्धाञ्जनं मह्यं प्रदाय प्रस्थेयमिति कठिनं यात्रोपायमभिधायोपायस्यासाध्यतया यात्रा निषिध्यत इत्ययमुपायाक्षेप इति कवय आहुः ॥ १५२ ॥

हिन्दी—हे नाथ, मैं आपका विरह सह लूंगी परन्तु आप मुझे अदृश्याञ्जन देते जाइये, जिस अञ्जनको आँखोंमें लगानेके बाद प्रहार करनेवाला कामदेव मुझे नहीं देख सकेगा।

अदृश्याञ्जन एक प्रकार का मन्त्रसाधित कज्जल होता है उसे जो अपनी आँखोंमें लगा लेता है उसे दूसरे नहीं देख पाते हैं। इस अदृश्याञ्जन की गणना अष्टसिद्धियोंमें की जाती है, भारतेन्दु हरिश्चन्द्रने सत्यहरिश्चन्द्रमें—अञ्जन, गुटिका, पादुका, धातुसिद्धि वेताल,………मोहिसिद्ध इहिकाल' में इसीकी गणना की है ॥ १५१ ॥

इस उदाहरणमें अदृश्याञ्जन-प्रदानरूप अतिकठिन जीवनोपाय बताकर प्रियतम की यात्राका प्रतिषेध किया गया है, इस तरहके आक्षेपको उपायाक्षेप कहते हैं ॥ १५२ ॥

प्रवृत्तैव प्रयामीति वाणी वल्लभ ते मुखात्।
अयताऽपि त्वयेदानीं मन्दप्रेम्णा ममास्ति किम् ॥ १५३ ॥
रोषाक्षेपोऽयमुद्रिक्तस्नेहनिर्यन्त्रि[3]तात्मना।
संरब्धया प्रियारब्धं प्रयाणं यन्निषिध्यते[4] ॥ १५४ ॥

रोषाक्षेपमुदाहरति—**प्रवृत्तैवेति**। हे वल्लभ, ते तव मुखात् प्रयामि गच्छामि इति वाणी एतादृशमरुन्तुदम् वचनम् प्रवृत्ता एव, निर्गता एव, अतीवाश्चर्यजनकमेतद्यत्त्वं मां वल्लभां मन्यमानोऽपि प्रयामीति प्राणहरं वचनमुदचारयः इति। इदानीम्—अयता केनापि प्रतिबन्धेन अगच्छता अपि मन्दप्रेम्णा प्रयामीति कथनानुमितानुरागशैथिल्येन त्वया मम

१. यदक्तनेत्रां। २. प्रहर्तुं। ३. यन्त्रणा। ४. निवार्यते।

किम् (प्रयोजनम्) अस्ति । शिथिले प्रेमणि प्रमापिते गच्छामीति कथनेन, त्वं तिष्ठ गच्छ वा, नास्ति मम कोऽपि विशेष इत्यर्थः ॥ १५३ ॥

सङ्गमयति-**रोषाक्षेपोऽयमिति**। उद्रिक्तः परां काष्ठामारूढो यः स्नेहस्तेन नियन्त्रितः प्रियगमनवृत्तश्रवणे सति विह्वलीकृत आत्मा यस्यास्तया संरब्धया कुपितया नायिकया प्रियारब्धं नायकेन क्रियमाणं प्रयाणं विदेशगमनम् यत् यस्मात् निषिध्यते तदयम् रोषाक्षेपो नाम । रोषेणाक्षेपो रोषाक्षेपः । अत्र व्यङ्गय एव प्रतिषेधो बोध्यः ॥ १५४ ॥

हिन्दी—हे वल्लभ, जब तुम्हारे मुखसे 'जाता हूँ' यह बात निकल ही गई, तब अब तुम जाओ या ठहरो, तुम्हारे प्रेममें तो शिथिलता आ ही गई है (जिसका प्रमाण यही है कि तुम 'जाता हूँ' यह शब्द कह सके, यदि प्रेममें शिथिलता नहीं आई रहती तो तुम ऐसा कह ही नहीं सकते थे), फिर तुमसे मुझे क्या प्रयोजन है, नहीं जानेपर भी तुमसे मुझे क्या मतलब रह गया ॥ १५३ ॥

इस उदाहरणने अतिप्रगाढ़ प्रेमसे विह्वलहृदय होकर कुपित हो गई है, और अपने कोपसे अब मुझे तुमसे-शिथिलस्नेह तुमसे-क्या प्रयोजन है, यह कहलानेवाले क्रोधसे प्रियके प्रस्थानको रोका है—प्रतिषिद्ध कर दिया है, अतः यह रोषाक्षेप है ॥ १५४ ॥

मुग्धा कान्तस्य यात्रोक्तिश्रवणादेव मूर्च्छिता ।
बुद्ध्वा वक्ति प्रियं[1] दृष्ट्वा किं चिरेणागतो भवान् ॥ १५५ ॥
इति तत्कालसंभूतमूर्च्छयाऽऽक्षिप्यते गतिः ।
कान्तस्य कातराक्ष्या यन्मूर्च्छाक्षेपः स ईदृशः ॥ १५६ ॥

मूर्च्छाक्षेपमुदाहरति—**मुग्धेति**। मुग्धा सुन्दरी नायिका कान्तस्य स्वप्रियतमस्य यात्रोक्तिश्रवणात् प्रयाणसूचकवचनाकर्णनात् एव (प्रयाणात् प्राक् तदुक्तिश्रवणमात्रात्) मूर्च्छिता अचेतनतां गता, (कृतेषु बन्धुभिर्व्यजनपवनजलप्रोक्षणादिषु) बुद्ध्वा मूर्च्छापगमे संज्ञां लब्ध्वा प्रियं च (तत्रस्थितं) दृष्ट्वा किं भवान् चिरेणागत इति वक्ति प्रियं पृच्छति ॥ १५५ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**इति तत्कालेति**। इति एवं प्रकारेण तत्कालसंभूतमूर्च्छया प्रियप्रयाणोक्तिश्रवणसमकालोत्पन्नमोहेन (करणेन) कातराक्ष्या अधीरलोचनया तया सुन्दर्या (कर्तृभूतया) कान्तस्य गतिः आक्षिप्यते प्रतिषिध्यते, तदयं मूर्च्छया गतेराक्षेपान्मूर्च्छाक्षेपो नामालङ्कारः ॥ १५६ ॥

हिन्दी—प्रियतमकी यात्राकी बात सुनते ही वह भोली नायिका मूर्च्छित हो गई, (उसका प्रियतम नहीं जा सका, उपचार करने पर जब) वह चेतनामें आई, तब उसने अपने प्रियतमसे पूछा कि आप बड़ी देरसे आये हैं या अभी आ रहे हैं, आपको आये कितना समय हुआ ॥ १५५ ॥

इस उदाहरणमें कातरनयना वह भोली नायिका प्रियतमके जानेकी बात सुनते ही मूर्च्छित होकर प्रियतमके गमनका प्रतिषेध सद्यःसञ्जात स्वमूर्च्छा द्वारा करती है अतः इसे मूर्च्छाक्षेप कहा जाता है ॥ १५६ ॥

नाघ्रातं न कृतं कर्णे स्त्रीभिर्मधुनि नार्पितम् ।
[2]त्वद्द्विषां दीर्घिकास्वेव विशीर्णं नीलमुत्पलम् ॥ १५७ ॥

---

१. प्रियाश्लिष्टा । २. तद्द्विषां ।

असावनुक्रोशाक्षेपः[1] सानुक्रोशमिवोत्पले ।
व्यावर्त्य कर्म तद्योग्यं शोच्यावस्थोपदर्शनात्[2] ॥ १५८ ॥

सानुक्रोशाक्षेपमाह—**नाघ्रातमिति** । त्वद्द्विषां त्वदरीणां स्त्रीभिः नीलमुत्पलम् नीलकमलं नाघ्रातम्, न कर्णे कृतं कर्णालङ्कारतां गमितम्, न मधुनि मद्येऽर्पितं सुगन्धवर्द्धनाय न्यस्तम्, एवम् तत् नीलोत्पलम् दीर्घिकास्वेव वापीष्वेव विशीर्णम् कालपरिणामात् क्षयं गतम् । इदं राजस्तुतिपरं पद्यम् । तत्र च कविना वर्णनीयस्य राज्ञो दीर्घिकाविकसितनीलोत्पलव्यर्थजीर्णतावर्णनेन तद्रिपुस्त्रीणां वैधव्यं व्यञ्जितं, वनगमनं वा, उभयथापि नीलोत्पलानुपयोगसम्भवात् ॥ १५७ ॥

उपपत्तिं विशदयति—**असाविति** । उत्पले नीलकमले सानुक्रोशं दयापूर्वकम्—अनुपयुक्तस्य तस्य शोच्यताप्रकाशनपूर्वकम्—तद्योग्यं नीलकमलार्हं कर्म स्त्रीजनकर्तृकाघ्राणकर्णभूषणीकरणमद्यन्यसनादि व्यावर्त्य प्रतिषिध्य शोच्यावस्थोपदर्शनात् वृथा विशीर्णत्वरूपावस्थावर्णनात् असौ पूर्वदर्शितोदाहरणोऽनुक्रोशाक्षेपो नाम । अनुक्रोशपूर्वकम् नाघ्रातमित्यादि निषेधदर्शनादनुक्रोशाक्षेप इति संज्ञा ॥ १५८ ॥

हिन्दी—आपके शत्रुओंकी वापीमें (बावलीमें) खिलनेवाले नीलकमलको आपकी शत्रुस्त्रियोंने न सूंघा, न कानोंमें अलङ्काररूपमें धारण किया और न मद्यको सुवासित करनेके लिए उसमें ही डाला, वह नीलकमल उस वापीमें कालक्रमसे यों ही विशीर्ण हो गया, झड़ गया ॥ १५७ ॥

इसे अनुक्रोशाक्षेप कहा गया है, क्योंकि नीलकमलका कोई उपयोग नहीं हुआ, इसलिये उसकी दयनीयावस्था बताकर उसके योग्य कार्य आघ्राण, अलङ्काररूपमें कर्णन्यसन और मद्यसुवासनार्थं मद्यमें स्थापन का प्रतिषेध किया गया है । अनुक्रोश—दयाके द्वारा आक्षेपप्रतिषेध हुआ अतः इसे अनुक्रोशाक्षेप कहा गया ॥ १५८ ॥

अमृतात्मनि पद्मानां द्वेष्टरि स्निग्धतारके ।
मुखेन्दौ तव सत्यस्मिन्नपरेण किमिन्दुना ॥ १५९ ॥
इति मुख्येन्दुराक्षिप्तो गुणान् गौणेन्दुवर्त्तिनः ।
तत्समान् दर्शयित्वेह श्लिष्टाक्षेपस्तथाविधः[3] ॥ १६० ॥

श्लिष्टाक्षेपमुदाहरति—**अमृतात्मनीति** । अमृतात्मनि परमाह्लादकतयाऽमृतस्वरूपे पद्मानां कमलानां द्वेष्टरि सौन्दर्यातिशयकृतेन द्वेषेण शत्रौ, स्निग्धतारके स्निग्धाक्षिकनीनिकाशालिनि अस्मिन् पुरोवर्त्तिनि तव मुखेन्दौ मुखरूपे चन्द्रे सति विद्यमाने अपरेण आकाशगतेन इन्दुना किम् ? नास्ति किमपि प्रयोजनम् ? अत्र पूर्वोक्तानि मुखेन्दुविशेषणानि अमृतात्मनीत्यादीनि चन्द्रेऽपि विभक्तिविपरिणामेन योज्यानि, तत्रामृतात्मनि इत्यस्यामृतमय इति, पद्मानां द्वेष्टरि सङ्कोचनपरे, स्निग्धतारके इत्यस्य चानुकूलतारारूपभार्ये इत्यर्थः ॥ १५९ ॥

उदाहरणं विवृणोति—**इतीति** । इह अत्रोदाहरणं इति अनेन प्रकारेण गौणेन्दुवर्त्तिनो मुखरूपचन्द्रे स्थितान् गुणान् अमृतात्मत्वादीन् तत्समान् मुख्येन्दुगुणसदृशान् दर्शयित्वा प्रकाश्य श्लिष्टविशेषणद्वारा प्रकल्प्य मुख्येन्दुराकाशस्थश्चन्द्र आक्षिप्तः कैमर्थ्येन प्रतिषिद्ध इति श्लिष्टाक्षेपोऽयम् । श्लिष्टपदन्यासेन आक्षेपः श्लिष्टाक्षेप इति नामकरणबीजम् ॥ १६० ॥

---

१. सानुक्रोशोयमाक्षेपः । २. पवर्णनात् । ३. विधिः ।

हिन्दी—अमृतसमान स्वादुसरस, कमलके द्वेषी, चिकनी कनीनिकाओंसे युक्त इस मुखचन्द्रके रहते अन्य आकाशस्थ चन्द्रमाकी क्या आवश्यकता है, आकाशस्थ चन्द्रमामें भी अमृतमयता, पद्मसङ्कोचकत्व, स्नेहशील तारारूप स्त्रीसे युक्तत्व रूप तीनों विशेषण विभक्तिविपरिणामसे लगाये जा सकते हैं ॥ १५९ ॥

इस उदाहरणमें गौणचन्द्र-मुखचन्द्रमें रहने वाले अमृतात्मत्व, पद्मद्वेष्टृत्व, स्निग्धतारकत्व रूप धर्मोंको मुख्यचन्द्रवर्त्ति धर्म समान बताकर-श्लिष्ट विशेषणोपन्यास द्वारा दोनों चन्द्रोंके धर्ममें समानताकी कल्पना करके-मुख्यचन्द्रमाका कैमर्थ्येन प्रतिषेध किया गया है, किंप्रयोजनं कहकर आक्षेप हुआ है, अतः यह श्लिष्टाक्षेप है ॥ १६० ॥

अर्थो न संभृतः कश्चिन्न विद्या काचिदर्जिता ।
न तपः सञ्चितं किञ्चिद्गतं च सकलं वयः ॥ १६१ ॥
असावनुशयाक्षेपो यस्मादनुशयोत्तरम् ।
अर्थार्जनादेर्व्यावृत्तिर्दर्शितेह' गतायुषा ॥ १६२ ॥

अनुशयाक्षेपं विवृणोति—**अर्थो नेति** । कश्चित् सुवर्णादिरर्थो न संभृतो न संचितः, काचित विद्या पदवाक्यप्रमाणाद्यन्यतमशास्त्रज्ञानम् न अर्जिता, किञ्चित् तपः कृच्छ्रसान्तपनादिकम् न सञ्चितम् नानुष्ठितम्, सकलञ्च वयः जीवनं गतम् ॥ १६१ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**असाविति** । यस्मात् इह अत्रोदाहरणे अनुशयोत्तरं पश्चात्तापादनन्तरम् गतायुषा वृद्धेन केनचित् अर्थार्जनादेः धनविद्यातपस्सञ्चयप्रभृतेः व्यावृत्तिः स्वीयाऽकृतकार्यता दर्शिता व्यञ्जिता, अतोऽसावनुशयाक्षेपो नाम । अनुशयपूर्वक आक्षेपोऽनुशयाक्षेप इति संज्ञारहस्यम ॥ १६२ ॥

हिन्दी—न कुछ धन एकत्र किया, न विद्याध्ययन कर सका और न कुछ तपस्या ही की । इस प्रकार मेरी सारी जिन्दगी व्यर्थ चली गई ॥ १६१ ॥

यह अनुशयाक्षेप नामक अलङ्कार है क्योंकि इस पद्यमें बूढ़ा आदमी पश्चात्ताप करनेके बाद धनादि-सञ्चयका प्रतिषेध करता है । अनुशयपूर्वक आक्षेप अनुशयाक्षेप है यही इस नामसे व्यक्त होता है ॥ १६२ ॥

किमयं शरदम्भोदः किं वा हंसकदम्बकम् ।
रुतं नूपुरसंवादि श्रूयते तन्न तोयदः ॥ १६३ ॥
इत्ययं संशयाक्षेपः संशयो यन्निवर्त्यते² ।
धर्मेण हंससुलभेनास्पृष्टघनजातिना ॥ १६४ ॥

संशयाक्षेपमाह—**किमयमिति** । अयं वियति दृश्यमानः शरदम्भोदः शरत्कालिकः स्वच्छो मेघः किम् ? किंवा अथवा हंसकदम्बकम् हंससमूहः ? (यतः) नूपुरसंवादि नूपुरशब्दसदृशम् रुतं शब्दः श्रूयते, तत् ततोऽयं तोयदो मेघो न भवति । पारिशेष्यादयं हंससमूह एव, तस्यैव तादृशशब्दयुतत्वादिति भावः ॥ १६३ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**इतीति** । इति उक्तरूपोऽयं संशयाक्षेपो नाम, यतोऽत्र अस्पृष्टघनजातिना मेघसामान्यमस्पृशता तदसंबद्धेन हंससुलभेन हंसेषु प्रतीतेन धर्मेण नूपुरसंवादिरुतेन संशयो मेघोऽयं हंसनिवहो वेत्येवंरूपः सन्देहः निवर्त्यते दूरीक्रियते,

१. दर्शितेयं । २. निवार्यते ।

संशयस्यैकतरकोटिनिर्णयाविशिष्टजीवितत्वात्, नूपुरशब्देन हंसत्वनिर्णये संशयनिवृत्तेरवश्यंभावादिति भावः ॥ १६४ ॥

हिन्दी—क्या यह शरत् समयका मेघ है या मानससे लौटने वाला हंससमूह है? नूपुरके शब्दसे मिलता-जुलता सा शब्द सुनाई पड़ रहा है, अतः यह मेघ नहीं है ॥ १६३ ॥

यह संशयाक्षेप कहा जाता है क्योंकि इसमें मेघजातिके साथ कभी नहीं देखा जानेवाला और हंसजातिमें देखा जाने वाला नूपुरशब्दसदृश शब्द संशयको निवृत्त कर देता है ॥ १६४ ॥

चित्रमाक्रान्तविश्वोऽपि विक्रमस्ते न तृप्यति[1] ।
कदा वा दृश्यते तृप्तिरुदीर्णस्य हविर्भुजः ॥ १६५ ॥
अयमर्थान्तराक्षेपः प्रकान्तो यन्निवार्यते[2] ।
विस्मयोऽर्थान्तरस्येह दर्शनात्तत्सधर्मणः ॥ १६६ ॥

अर्थान्तराक्षेपमुपस्थापयति—**चित्रमिति** । आक्रान्तविश्वः वशीकृतसकलसंसारः अपि ते तव विक्रमः न तृप्यति न सन्तुष्यति इति चित्रम् आश्चर्यम् । वा अथवा उदीर्णस्य दीप्तस्य हविर्भुजो वह्नेः कदा तृप्तिः दृश्यते न कदापि वह्नेस्तृप्तिस्तथैव तव पराक्रमस्यापीति भावः ॥ १६५ ॥

उदाहरणं योजयति—**अयमिति** । इह पूर्वोक्तोदाहरणे तत्सधर्मणः विक्रमसमानस्य अर्थान्तरस्य उदीर्णहविर्भुजः दर्शनात् उपस्थापनात् प्रकान्तो विस्मयः यत् निवार्यते, अतोऽयमर्थान्तराक्षेपो नाम ॥ १६६ ॥

हिन्दी—सारे संसारको आक्रान्त करके भी आपका पराक्रम तृप्त नहीं हो रहा है, अथवा क्या उद्दीप्त वह्निकी तृप्ति भी कहीं देखी गई है ॥ १६५ ॥

यह अर्थान्तराक्षेप कहा जाता है क्योंकि इसमें पराक्रमके समान तेजस्वितारूप धर्मसे युक्त प्रदीप्त पावकरूप अर्थान्तरका उपस्थापन करके प्रकृत विस्मयका आक्षेप—प्रतिषेध किया गया है ॥१६६॥

न स्तूयसे[3] नरेन्द्र त्वं ददासीति कदाचन ।
स्वमेव मत्वा गृह्णन्ति यतस्त्वद्धनमर्थिनः ॥ १६७ ॥
इत्येवमादिराक्षेपो हेत्वाक्षेप इति स्मृतः ।
अनयैव दिशाऽन्योऽ[4]पि विकल्पः शक्य ऊहितम् ॥ १६८ ॥

(इत्याक्षेपचक्रम्)

हेत्वाक्षेपमुपन्यस्यति—**न स्तूयस इति** । हे नरेन्द्र, राजन्, त्वं ददासीति कृत्वा कदाचन कदाचिदपि न स्तूयसे न प्रशस्यसे, यतः अर्थिनो याचकास्तव धनं स्वं निजस्वत्वास्पदम् एव मत्वा ज्ञात्वा गृह्णन्ति । एवञ्च स्वं धनं गृह्णतां कुतः स्तुतिप्रवृत्तिरिति भावः ॥ १६७ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**इत्येवमिति** । इति एवमादिः एतत्सदृशः आक्षेपः हेत्वाक्षेपः, प्रस्तुतस्य नरेन्द्रस्तवस्य 'स्वमेव मत्वा गृह्णन्ति त्वद्धनमर्थिनः' इति हेतुमुपन्यस्य आक्षेपात् । पूर्वोक्ते कारणाक्षेपे कारणस्याक्षेपः, अत्र तु कारणेन प्रस्तुतस्यार्थान्तरस्या-

---

१. शाम्यति । २. निवर्त्यते । ३. श्रूयसे । ४. अन्योऽपि विकल्पाः शक्यमूहितुम् ।

क्षेप इति द्वयोर्भेदः । अनया पूर्वदर्शितया एव दिशा पद्धत्याऽन्योपि विकल्पः आक्षेपालङ्कारप्रभेदः (बुद्धिमद्भिरूहितुं शक्यः) ॥ १६८ ॥

हिन्दी—हे नरेन्द्र, आपकी प्रशंसा दान देते रहने पर भी इसलिये नहीं की जाती है कि याचकवृन्द आपके धनको अपना ही धन मानकर लेते हैं । आपके धनमें याचकों को स्वत्व मालूम पड़ता है, अतः आपके द्वारा दान दिये जाने पर भी आपकी स्तुति नहीं की जाती है ॥ १६७ ॥

इस तरहके आक्षेप हेत्वाक्षेप कहे जाते हैं, क्योंकि इसमें प्रस्तुत नरेन्द्रस्तवका 'याचकवृन्द आपके धनको अपना धन समझके ले जाते हैं' यह हेतु बताकर प्रतिषेध—आक्षेप किया गया है। इसी प्रकार आक्षेपालङ्कारके अन्य प्रभेदोंका भी बुद्धिमान् जन स्वयम् ऊह कर लेंगे ॥ १६८ ॥

ज्ञेयः सोऽर्थान्तरन्यासो वस्तु प्रस्तुत्य किञ्चन ।
तत्साधनसमर्थस्य न्यासो योऽन्यस्य वस्तुनः ॥ १६९ ॥

क्रमप्राप्तमर्थान्तरन्यासं नामालङ्कारं लक्षयति—ज्ञेय इति । किञ्चन किमपि वस्तु प्रकृतम् प्रस्तुत्य उपन्यस्य, तस्य प्रस्तुतस्य साधने सोपपत्तिकतयोपपादने समर्थस्य (असंभाव्यतया सन्दिह्यमानस्य प्रकृतार्थस्य सोपपत्तिकतयोपपादने कुशलस्य) अन्यस्य अप्रकृतस्य यः न्यासः निवेशः सोऽयमर्थान्तरन्यासो नामालङ्कारः । कस्यापि प्रस्तुतस्य वस्तुनः पूर्वमुपन्यासे कृते (तस्यासम्भाव्यतायां तर्कितायां) तत्साधनसमर्थस्याप्रस्तुतस्य वस्तुन उपन्यास एवार्थान्तरन्यास इति भावः ॥ १६९ ॥

हिन्दी—किसी प्रस्तुत वस्तुका उपन्यास करके (उसकी अनुपपद्यमानताकी सम्भावना होने पर) उस प्रस्तुत अर्थके साधन—उपपादनमें समर्थ अप्रस्तुत वस्तुके उपन्यासको ही अर्थान्तरन्यास नामक अलङ्कार जानना चाहिये । इस मूल लक्षणमें 'किञ्चन प्रकृतं वस्तु प्रस्तुत्य अन्यस्य अप्रकृतस्य वस्तुन उपन्यासः' ऐसा अन्वय किया जाता है, जिससे यह ध्वनि निकल सकती है कि प्रस्तुतका पूर्वमें उपन्यास हो और अप्रस्तुतका बादमें, तभी अर्थान्तरन्यास होगा, परन्तु यह बात नहीं है, अप्रस्तुतका भी पूर्वोपन्यास और प्रस्तुतका पश्चादुपन्यास होने पर आचार्योंने अर्थान्तरन्यास माना है, जैसे—

'प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ विफलत्वमेति बहुसाधनता ।
अवलम्बनाय दिनभर्त्तुरभून्न पतिष्यतः करसहस्रमपि ॥'

यह सन्ध्यावर्णन है, उत्तरवाक्यार्थ ही प्रस्तुत है, पूर्ववाक्यार्थ उसके समर्थनके लिये है, वह अप्रस्तुत है । यदि प्रस्तुतका पूर्वनिर्देश अवश्यापेक्षित होता तब इसमें अर्थान्तरन्यास कैसे माना जाता । इससे यह सिद्ध हुआ कि पूर्वमें या आगे, कहीं भी रहनेवाले प्रस्तुतके समर्थनके लिए अप्रस्तुतके उपन्यासको अर्थान्तरन्यास कहा जायगा । समर्थ्य-समर्थकभावमें अर्थान्तरन्यासवादी काव्यप्रकाशकारने समर्थ्य और समर्थक वाक्यार्थोंमें सामान्य-विशेषभाव आवश्यक माना है । उनके अनुसार कार्यकारणभावस्थलमें काव्यलिङ्ग होता है ।

दण्डीने काव्यलिङ्ग अलङ्कार नहीं माना है, फलतः वह दोनों स्थलोंमें अर्थान्तरन्यास ही मानते हैं ।

इस प्रसङ्गको और स्पष्ट करते हुए काव्यप्रकाशकारने हेतुके तीन प्रभेद स्वीकार किये हैं।—ज्ञापक, निष्पादक और समर्थक । ज्ञापक हेतु रहने पर अनुमानालङ्कार होता है, निष्पादक हेतु रहनेपर काव्यलिङ्ग और समर्थक हेतुस्थलमें अर्थान्तरन्यास । इस प्रकार असाङ्कर्य प्रतिपादित किया गया है ।

उद्योतकारने लिखा है कि अनुपपद्यमानतया संभाव्यमान अर्थके उपपादनार्थ अर्थान्तरके न्यासको अर्थान्तरन्यास कहा जाता है । दृष्टान्तमें सामान्यका सामान्यसे और विशेषका विशेषसे

समर्थन होता है, इसमें सामान्यका विशेषसे या विशेषका सामान्यसे, यही दोनोंमें अन्तर है। अनुमानमें व्याप्त्यादि कही जाती है, यहाँ पर उसकी आवश्यकता नहीं होती है।

इसके लक्षणमें प्रायः सभी आचार्य सिद्धान्ततः एकमत हैं, परन्तु उदाहरण-भेद-प्रदर्शनमें मतभेद है। काव्यप्रकाशकार ने केवल चार भेद स्वीकार किये हैं। साहित्यदर्पणकार आठ भेद मानते हैं, इस मतभेदका कारण स्पष्ट है, काव्यप्रकाशकार कार्यकारणभावस्थलमें अर्थान्तरन्यास मानते ही नहीं हैं, फलतः ४ भेद कम होगा ही। साहित्यदर्पणकार कार्य-कारणभावमें भी अर्थान्तरन्यास मानते हैं, अतः आठ भेद कहे हैं ॥ १६९ ॥

विश्वव्यापी विशेषस्थः श्लेषाविद्धो विरोधवान्।
अयुक्तकारी युक्तात्मा युक्तायुक्तो विपर्ययः ॥१७० ॥
इत्येवमादयो भेदाः प्रयोगेष्वस्य[1] लक्षिताः।
उदाहरणमालैषां रूपव्यक्त्यै[2] निदर्श्यते[3] ॥ १७१ ॥

सामान्यतो लक्षितस्यार्थान्तरन्यासालङ्कारस्य समर्थकार्यभेदेन संभविनो भेदान् निर्दिशति—**विश्वव्यापीति**। विश्वव्यापी सर्वत्रसंभवी, विशेषस्थः क्वचन वस्तुविशेषे एव विद्यमानः, श्लेषाविद्धः—श्लेषो वस्तुसाम्यं तेनाविद्धो युक्तः—अविरुद्धार्थसमर्थकेन समर्थित इत्यर्थः। विरोधवान् प्रकृतविरोधी, अयुक्तकारी प्रकृत्यैवानुचितकरणशीलः, युक्तात्मा औचित्ययुक्तः, युक्तायुक्तः युक्तोऽप्ययुक्तकारी, विपर्ययः एतद्विरुद्धोऽयुक्तोऽपि युक्तकारी ॥ १७० ॥

इत्येवमिति। इत्येवमादयः इत्यादयः अस्य समर्थकार्थस्य (अर्थान्तरन्यासप्रभेदकरस्य) भेदाः प्रयोगेषु महाकविप्रयोगेषु लक्षिताः प्रतीताः। एषाम् समर्थकार्थानाम् रूपव्यक्त्यै स्वरूपस्फुटतायै उदाहरणमाला उदाहरणततिः निदर्श्यते ॥ १७१ ॥

हिन्दी—इन दो श्लोकोंमें अर्थान्तरन्यासके प्रभेदोंके आधारभूत समर्थक अर्थोंके भेद गिनाये गये हैं। प्रथम श्लोकमें उनके नाम हैं, जैसे—विश्वव्यापी अर्थात् सर्वत्रसंभवी, विशेषस्थ—किसी खास वस्तुमें होनेवाला, श्लेषाविद्ध—अविरुद्धार्थ—समर्थकसे युक्त, विरोधवान्—प्रकृतविरोधी, अयुक्तकारी—प्रकृत्या अनुचितकारी, युक्तात्मा—औचित्ययुक्त, युक्तायुक्त—युक्त होकर भी अयुक्तकारी, विपर्यय-अयुक्त होकर भी युक्तकारी ॥ १७० ॥

इस तरहके समर्थक अर्थके प्रकार (जिनके आधारपर अर्थान्तरन्यासके भेद किये जा सकते हैं) महाकविप्रयोगमें लक्षित होते हैं, उनके स्वरूपको स्फुट करनेके लिये उदाहरणमाला प्रस्तुत की जा रही है ॥ १७१ ॥

भगवन्तौ जगन्नेत्रे सूर्याचन्द्रमसावपि।
पश्य गच्छत एवास्तं नियतिः केन लङ्घ्यते ॥ १७२ ॥

अर्थान्तरन्यासप्रभेदेषु प्रथमं विश्वव्यापिनमुदाहरति—**भगवन्ताविति**। भगवन्तौ सर्वसामर्थ्यशालिनौ जगन्नेत्रे सकलपदार्थप्रकाशकतया जगतः संसारस्य नयनस्थानीयौ सूर्याचन्द्रमसौ सूर्यश्चन्द्रश्चापि (का कथाऽन्येषाम् ?) अस्तं गच्छत एव नियमेनास्तौ भवत इत्यधुनापि क्रमः, अस्यार्थस्यासंभाव्यतामाशङ्क्य निराकरोति—**नियतिरिति**। नियतिः दैवं केन लङ्घ्यते अतिक्रम्यते। विश्वव्यापी नामायमर्थान्तरप्रभेदः, समर्थकार्थस्य

---

१. विकल्पेषु। २. रूपव्यक्तौ। ३. नियम्यते।

विश्वव्यापित्वात्, तेन चतुर्थपादार्थेन सामान्येन पादत्रयगतो विशेषार्थोऽत्र समर्थितो बोध्यः ॥ १७२ ॥

हिन्दी—सकलसामर्थ्यशाली, संसारकी आँखोंके समान ये सूर्य और चन्द्रमा भी अस्त होते ही हैं, देखिये, भाग्यका अतिक्रम कौन कर सकता है !

इस उदाहरणमें विशेषभूत आद्यपादत्रयार्थका सामान्यभूत चतुर्थपादार्थसे समर्थन किया गया है, इस समर्थनके विना वह पादत्रयार्थ असंभव-सा लगता। इसमें चतुर्थपादोक्त समर्थक अर्थ विश्वव्यापी है—भाग्यका अनुल्लङ्घनीयत्व ब्रह्मासे लेकर पिपीलिकापर्यन्त समान है, अतः इसे विश्वव्यापी अर्थान्तरन्यास कहा गया है ॥ १७२ ॥

पयोमुचः परीतापं हरन्त्येव[1] शरीरिणाम् ।
नन्वात्मलाभो महतां परदुःखोपशान्तये ॥ १७३ ॥

विशेषस्थमर्थान्तरन्यासमाह—**पयोमुच इति** । पयोमुचः मेघाः शरीरिणां स्थावर-जङ्गमात्मकानां प्राणिनाम् परीतापम् तपर्त्तुप्रभवं सन्तापं हरन्त्येव अपनयन्त्येव, उक्तमर्थमुपपत्त्या द्रढयति—**नन्विति** । महताम् आत्मलाभः जन्मग्रहणम् परेषां दुःखस्य उपशान्तये प्रशमनाय, ननु निश्चितमिदम् । अत्र समर्थकार्थे महतामित्युक्तेर्न साधारणप्राणिनां किन्तु महतामेवेति विशेषस्थता, उत्तरवाक्यार्थेन सामान्येन पूर्ववाक्यार्थस्य विशेषस्य समर्थनाद् विशेषस्थो नामायमर्थान्तरन्यासप्रभेदः ॥ १७३ ॥

मेघ स्थावर-जङ्गम सभी प्राणियोंके ग्रीष्मकृत सन्तापको अवश्य ही दूर करता है, बड़ोंका जन्म ही दूसरोंके सन्तापको दूर करनेके लिये हुआ करता है। इस उदाहरणमें विशेषभूत प्रथम वाक्यार्थका सामान्यभूत द्वितीय वाक्यार्थसे समर्थन किया गया है, और समर्थकार्थ विशेषस्थ है क्योंकि उसमें 'महताम्' कहा है। अतः यह विशेषस्थ नामक अर्थान्तरन्यासका दूसरा प्रभेद हुआ है ॥१७३॥

उत्पादयति लोकस्य प्रीतिं मलय[2]मारुतः ।
ननु दाक्षिण्यसम्पन्नः सर्वस्य भवति[3] प्रियः ॥ १७४ ॥

श्लेषाविद्धं नामार्थान्तरन्यासमुदाहरति—**उत्पादयतीति** । मलयमारुतः मलयाचलप्रवृत्तः पवनः लोकस्य समस्तस्य संसारस्य प्रीतिम् आनन्दम् उत्पादयति करोति, उक्तमर्थमुपपादयति— **नन्विति** । ननु निश्चयेन दाक्षिण्यसम्पन्नः कौशलपूर्णः सर्वस्य प्रियो भवति, अयमपि मलयानिलो दाक्षिण्येन दक्षिणदिगुद्भवत्वेन सम्पन्न इति युक्तैवास्य लोकप्रीतिजनकता । दाक्षिण्यपदं श्लिष्टम्, तेन श्लेषमूलकतयोत्तरवाक्यार्थेन पूर्ववाक्यार्थस्य समर्थनात् श्लेषाविद्धो नामायमर्थान्तरन्यासप्रभेदः ॥ १७४ ॥

हिन्दी—'मलयानिल लोगोंके आनन्दको उत्पन्न करता है, दाक्षिण्यसम्पन्न आदमी सबका प्रिय होता है, यह निश्चित है।' यहाँ पर 'दाक्षिण्यसम्पन्न' शब्दके श्लेषमूलक दो अर्थ माने गये हैं, एक—कौशलयुक्त, दूसरा—दक्षिणदिशामें उत्पन्न, इसी श्लेषको आश्रित करके उत्तरवाक्यार्थ पूर्ववाक्यार्थका समर्थक होता है, अतः इसे श्लेषाविद्ध अर्थान्तरन्यास कहते हैं ॥ १७४ ॥

जगदानन्दयत्येष[4] मलिनोऽपि निशाकरः ।
अनुगृह्णाति हि परान् सदोषोऽपि द्विजेश्वरः ॥ १७५ ॥

विरोधवन्तमर्थान्तरन्यासमुदाहरति—**जगदिति** । एषः प्रत्यक्षदृश्यः मलिनः कलङ्कयुतः अपि (सदोषश्चेति ध्वन्यते) निशाकरः चन्द्रः जगत् आनन्दयति प्रमोदयति,

१. हरन्त्येते । २. दक्षिण । ३. आवहति प्रियम् । ४. आह्लादयति ।

उक्तमर्थं समर्थयति—अनुगृह्णातीति । सदोषः स्वयं दोषपूर्णो मलिनाचारोऽपि द्विजेश्वरः ब्राह्मणश्रेष्ठः परान् अन्यान् अनुगृह्णाति उपदेशादिना दयते । अत्र निशाकरस्यापि द्विजराजत्वेन द्विजेश्वरानुग्रहरूपेण सामान्येन विशेषस्य सदोषचन्द्रकृतजगदाह्लादनस्य समर्थनं क्रियते, तच्च समर्थनं सदोषत्वानुग्राहकत्वयोर्विरुद्धधर्मयोः सामानाधिकरण्याद्विरोधयुक्तमिति विरोधवदर्थान्तरन्यासोऽयम् ॥ १७५ ॥

हिन्दी—यह सकलङ्क चन्द्रमा जगत्को आनन्दित करता है, दोषपूर्ण होने पर भी द्विजराज अन्योंको अनुगृहीत करता ही है। द्विजेश्वर-ब्राह्मणश्रेष्ठ, चन्द्रमा भी। यहाँ सामान्य द्विजेश्वरसे सदोष रहने पर भी अन्योपकाररूप सामान्य द्वारा विशेष—चन्द्रकृत जगदाह्लादन—का समर्थन किया गया है। इसमें समर्थक वाक्य सदोषत्व और अनुग्राहकत्वरूप विरुद्ध धर्मोंसे युक्त है अतः इसे विरोधवान् अर्थान्तरन्यास कहते हैं ॥ १७५ ॥

मधुपानकलात् कण्ठान्निर्गतोऽप्यलिनां ध्वनिः ।
कटुर्भवति कर्णस्य कामिनां पापमीदृशम् ॥ १७६ ॥

अयुक्तकारिणमर्थान्तरन्यासमुदाहरति—मधुपानेति । मधुपानेन मकरन्दास्वादनेन कलात् मधुरतां गतात् अलीनां भ्रमराणां कण्ठात् (जातावेकवचनम्) निर्गतोऽपि ध्वनिः शब्दः कामिनाम् विरहिकामुकानाम् कर्णस्य (अत्रापि जातावेकवचनम्) कटुः व्यथको भवति, तदेतत् सामान्येन समर्थयति—पापमिति । पापम् विषयासक्तत्वम् ईदृशं सुखदवस्तु प्रत्यासत्तावपि दुःखदं भवतीति भावः । अत्र पापस्य दुःखप्रदत्वरूपसामान्यार्थेन भ्रमररुतस्य दुःखदत्वरूपविशेषार्थस्य समर्थनात् समर्थकार्थस्य कटुत्वरूपायुक्तसंपादनाच्चायुक्तकार्ययमर्थान्तरन्यासः ॥ १७६ ॥

हिन्दी—मधुपान करनेसे मधुरताको प्राप्त करने वाले भ्रमरकण्ठोंसे भी निकलती हुई ध्वनि विरही कामियों को कर्णकटु लगा करती है क्योंकि पाप (विषयासक्तत्व) ऐसा ही हुआ करता है। यहाँ पर पापका दुःखप्रदत्वरूप सामान्यसे भ्रमरध्वनिके दुःखप्रदत्वरूप विशेषका समर्थन हुआ है और समर्थकार्थ-कटुत्वरूप उपयुक्त अर्थका संपादन करता है, इसे अयुक्तकारी अर्थान्तरन्यास कहा जाता है ॥ १७६ ॥

अयं मम दहत्यङ्गमम्भोजदलसंस्तरः ।
हुताशनप्रतिनिधिर्दाहात्मा ननु युज्यते ॥ १७७ ॥

युक्तात्मनामानमर्थान्तरन्यासमुदाहरति—अयमिति । अयम् मयाऽध्युष्यमाणोऽम्भोजदलसंस्तरः कमलपत्रनिर्मितं शयनीयम् मम वियोगिनः अङ्गम् शरीरावयवम् दहति स्वस्पर्शेन सन्तापयति—ननु शीतलतया प्रथितानां कमलदलानां सन्तापकत्वं कथमित्यनुपपत्तिं निराकरोति—हुताशनेति । हुताशनप्रतिनिधिः उज्ज्वलरक्ताकारतया वह्नेः प्रतिकृतिभूतः अम्भोजदलसंस्तरः दाहात्मा दाहकत्वस्वभावयुक्त इति युज्यते उचितमेव । यो यत्प्रतिनिधिस्स तत्कार्यकारीति लोकप्रसिद्ध्याऽग्निप्रतिनिधेः कमलदलसंस्तरस्य युक्तमेव सन्तापकत्वमिति भावः । अत्र हुताशनप्रतिनिधित्वरूपसामान्यार्थेन तत्प्रतिनिधिविशेषस्याम्भोजदलसंस्तरस्याङ्गदाहकत्वे युक्तत्वं समर्थ्यत इति हुताशनप्रतिनिधेर्दाहकत्वस्य युक्ततया युक्तात्माऽयमर्थान्तरन्यासः ॥ १७७ ॥

हिन्दी—कमलपुष्पकी पङ्खुड़ियोंसे निर्मित यह शयनीय मुझे सन्तापित करता है, श्वेत-रक्तकान्तिशाली अत एव आगके प्रतिनिधिसमान लगने वाले इस कमल-शयनीयका दाहप्रदत्व उचित ही है।

यहाँ पर अग्निप्रतिनिधिसामान्यके दाहकत्वसे अग्निप्रतिनिधिविशेष कमलदलसंस्तरका दाहकत्व समर्थित हुआ है, और अग्निप्रतिनिधिका दाहकत्व उचित ही है, अतः यह युक्तकारी अर्थान्तरन्यास हुआ ॥ १७७ ॥

क्षिणोतु कामं शीतांशुः किं वसन्तो दुनोति माम्।
मलिनाचरितं कर्म सुरभेर्नन्वसाम्प्रतम् ॥ १७८ ॥

युक्तायुक्तं नामार्थान्तरन्यासप्रभेदमाह—**क्षिणोत्विति**। शीतांशुश्चन्द्रमाः (मां) कामं यथेच्छम् क्षिणोतु पीडयतु, (तस्य कलङ्कितया युक्तं परपीडनम्), वसन्तो मधुमासः किं कथं मां दुनोति सन्तापयति, तथाहि सुरभेः वसन्तस्य (विख्यातनामधेयस्य च तस्य) मलिनाचरितं कलङ्किलोकानुष्ठितं परपीडनरूपं कर्म असाम्प्रतम् अयुक्तं ननु। 'मधौ कामदुघायाञ्च विख्याते सुरभिर्द्वयोः' इति नानार्थरत्नावली। अत्र सामान्येन विशेषसमर्थनं स्पष्टम्। अत्रोत्कृष्टस्य सुरभेरपकृष्टकर्माचरणे युक्तेनायुक्ताचरणमिति युक्तायुक्तनामायमर्थान्तरन्यासः ॥ १७८ ॥

हिन्दी—भले ही शीतांशु (कलङ्की होनेके कारण) मुझे पीड़ित किया करे, वसन्त मुझे क्यों सताता है, कलङ्की द्वारा किया जाने वाला सन्तापनरूप कार्य सुरभि वसन्त (ख्यातनामा) के लिये उपयुक्त नहीं है। वसन्त सुरभि—ख्यातनामा है, उसके लिये चन्द्रमा-कलङ्की द्वारा किया गया कार्य उचित नहीं कहा जा सकता।

यहाँ सामान्यसे विशेषका समर्थन और उत्कृष्ट सुरभिका अपकृष्ट सन्तापनरूप युक्तका अयुक्ताचरण है, अतः युक्तायुक्त नामक अर्थान्तरन्यास हुआ ॥ १७८ ॥

कुमुदान्यपि दाहाय[1] किमयं[2] कमलाकरः।
नहीन्दुगृह्येषूग्रेषु सूर्यगृह्यो मृदुर्भवेत् ॥ १७९ ॥
(इत्यर्थान्तरन्यासचक्रम्)

विपर्ययनामार्थान्तरन्यासमुदाहरति—**कुमुदानीति**। कुमुदानि चन्द्रकरविकासीनि (शीतकरविकासितया शीतत्वेन संभावनीयानि) अपि दाहाय (मम) सन्तापाय भवन्ति, तदा अयं कमलाकरः पद्मवनम् (सूर्यविकासितयाऽवश्यंभाविसन्तापकत्वस्वभावः) किम् किमु वक्तव्य इत्यर्थः। उक्तमर्थं द्रढयति—इन्दुगृह्येषु चन्द्रपक्षीयेषु कुमुदेषु उग्रेषु सन्तापकेषु सत्सु सूर्यगृह्यः सूर्यपक्षगतः कमलाकरः मृदुः शीतलः नहि भवेत्। शीतलतया संभाव्यमानानां कुमुदानां सन्तापकत्वे उग्रत्वेन संभावितस्य कमलाकरस्योचितमेव सन्तापकत्वमित्याशयः। अत्र सामान्येन विशेषसमर्थने समर्थ्यवाक्ये कुमुदेऽयुक्तकारिता, कमले च युक्तकारिता इति युक्तायुक्तनामायमर्थान्तरन्यासः ॥ १७९ ॥

हिन्दी—कुमुद भी जब मुझे सन्ताप देते हैं तब कमलोंकी क्या बात है, वह तो सन्ताप देंगे ही, (शीतकर) चन्द्रमाके पक्षवाले कुमुद जब उग्र—सन्तापकर हो रहे हैं तब (उष्णकर) सूर्यके पक्षवाले क्यों शीतल होने लगे? यहाँ कुमुदमें अयुक्तकारिता और कमलमें युक्तकारिता का वर्णन है अतः यह युक्तायुक्तकारी अर्थान्तरन्यास है।

---

१. तापाय। २. किमङ्ग।

यहाँ ध्यान देना चाहिये कि जितने अर्थान्तरन्यासके उदाहरण दिये गये हैं वह सभी साधर्म्यके उदाहरण हैं, वैधर्म्यका अर्थान्तरन्यास निम्नलिखित है—

'वक्षोजकुम्भनिवहाद्वनिताजनानां ग्रीष्मर्त्तुना विनिहितं ग्रहराजपुत्री।
तापं पितुः स्वमहरत् तरलोर्मिहस्तैरन्यं न याति हि विभूतिरपत्यभाजाम् ॥'

यहाँ सामान्यभूत—'सन्तानयुक्त जनकी सम्पत्ति दूसरोंके पास नहीं जाती है'—इस अर्थसे 'यमुनाने अपने पिता सूर्यकी तापरूप सम्पत्ति ले ली' यह समर्थित होता है, यहाँ समर्थक अर्थ निषेधमुख है, अतः यह वैधर्म्येण अर्थान्तरन्यास है ॥ १८९ ॥

शब्दोपात्ते प्रतीते वा सादृश्ये वस्तुनोर्द्वयोः।
तत्र यद्भेदकथनं व्यतिरेकः स कथ्यते[1] ॥ १८० ॥

शब्दोपात्ते इति। द्वयोर्वस्तुनोः उपमानोपमेययोः सादृश्ये शब्दोपात्ते वाचके वादिशब्देन प्रतिपादिते तुल्यादिशब्दप्रयोगे सति लक्षणया प्रतीते, पूर्वापरपर्यालोचनया वा प्रतीते सति, तत्र सादृश्ये यद्भेदनकथनं केनचिद्धर्मविशेषेणोपमानादुपमेयस्योत्कर्षाय भेदप्रतिपादनं स व्यतिरेकः तन्नामालङ्कार इति लक्षणम्। स चायं व्यतिरेकः उपमेयोत्कर्षोपमानापकर्षयोर्द्वयोरुपादानात् द्वयोरेकस्य वानुपादानात् चतुर्विधः। उपमानोपमेययोर्भेदकथनञ्च क्वचिन्नञादिभिः, क्वचिद्विरुद्धधर्मोपादानमात्रेण, क्वचिच्च तात्पर्यपर्यालोचनया भवति, तत्सर्वमपि प्रदर्शयिष्यमाणोदाहरणप्रसङ्गे स्फुटीभविष्यति ॥ १८० ॥

हिन्दी—जहाँ पर उपमान और उपमेय का सादृश्य इवादि वाचकशब्दप्रयोगके होनेसे शब्दतः कथित हो, अथवा तुल्यादिशब्दप्रयोग होनेसे लक्षणाद्वारा प्रतीत हो, या पूर्वापर पर्यालोचनासे प्रतीत हो, वहाँ यदि भेद कहा जाय—किसी धर्मविशेषसे उपमानापेक्षया उपमेयका उत्कर्ष बतानेके लिये अन्तर कहा जाय तब व्यतिरेक नामक अलङ्कार होता है। यह व्यतिरेक चार प्रकार का होता है। १—उपमानका अपकर्ष और उपमेयका उत्कर्ष दोनोंके उपादानमें। २—उपमानके अपकर्षमात्रोपादानमें। ३—उपमेयके उत्कर्षमात्रोपादानमें। ४—उभयानुपादानमें।

रुय्यक प्रभृति कुछ आचार्य उपमेयके अपकर्ष-कथनमें भी व्यतिरेक अलङ्कार स्वीकार करते हैं और उदाहरण देते हैं :—

'क्षीणः क्षीणोऽपि शशी भूयो भूयोऽभिवर्द्धते नित्यम्।
विरम प्रसीद सुन्दरि, यौवनमनिवर्त्ति यातं तु ॥'

यहाँ पर उपमेयभूत यौवनका उपमानभूत चन्द्रापेक्षया—चले जाने पर फिर नहीं लौटनारूप अपकर्ष बताया गया है। आचार्य दण्डीको यह व्यतिरेक स्वीकार्य नहीं था, इसीलिये इस तरहका उदाहरण नहीं दिया। मम्मटने भी उपमानापेक्षया उपमेयकी उत्कृष्टतामें ही व्यतिरेक माना है, अपकृष्टतामें नहीं।

'उपमानाद्यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः;' व्यतिरेक आधिक्यम् (काव्यप्रकाश)। सर्वाधिक चमत्कार तब उत्पन्न होता है जब हम देखते हैं कि मम्मटने उपमेयापकर्षप्रतिपादनमें व्यतिरेकालङ्कारवादी रुय्यकके ही उपमेयापकर्षव्यतिरेकोदाहरण—'क्षीणः क्षीणोऽपि शशी' इसी श्लोकको उपमेयाधिक्यका उदाहरण सिद्ध किया है, उनका वक्तव्य यों है :—

'क्षीणः क्षीणोऽपि' इत्यादावुपमानस्योपमेयादाधिक्यमिति केनचिदुक्तं, तदयुक्तमत्र यौवनगतास्थैर्याधिक्यं हि विवक्षितम्'।

---

१. उच्यते।

ध्यान देनेकी बात है कि रुय्यकप्रभृतिने यौवनकी अस्थिरताको अपकर्ष-न्यूनता समझा है और उसी अनिर्वात्तिता-अस्थिरताको मम्मटने उसकी अधिकता मानी हैं, यह तो विवक्षा है—'यौवनगतास्थैर्याधिक्यं हि विवक्षितम्' यहाँ जगन्नाथने भी मम्मटका साथ दिया है। व्यतिरेकमें स्पष्टतया भेदकथन अपेक्षित है, अतएव—'मुखमिव चन्द्रः' इस प्रतीपोदाहरणमें मुखमें उपमानीकरणप्रयुक्त आधिक्यके गम्यमान होनेपर भी व्यतिरेक नहीं माना जाता है, वहाँ खासकरके भेदबोधक कोई शब्द नहीं है, यही इन दोनों अलङ्कारोंमें अन्तर समझना चाहिये ॥ १८० ॥

धैर्यलावण्यगाम्भीर्यप्रमुखैस्त्वमुदन्वतः ।
गुणैस्तुल्योऽसि[2] भेदस्तु वपुषैवेदृशेन ते ॥ १८१ ॥

व्यतिरेकमुदाहरति—**धैर्येति**। धैर्यं धृतिः अचाञ्चल्यं च, लावण्यं सौन्दर्यं लवणमयत्वं च, गाम्भीर्यम् गूढाभिप्रायशालित्वं दुरवगाहत्वं च, एतत्प्रमुखैः एतदादिभिः गुणैः त्वम् उदन्वतः समुद्रस्य तुल्यः समानोऽसि, भेदस्तु पार्थक्यं तु ईदृशेन मनोहरकरचरणादिशालिना वपुषा एव। धैर्यं गाम्भीर्यं लावण्यं च यद्यपि तव सागरे च तुल्यं परं तव वपुर्मनोहरं तन्न तथा समुद्रस्येति वपुर्मात्रकृतं पार्थक्यमिति भावः ॥ १८१ ॥

हिन्दी—धीरता, लावण्य और गम्भीरता आदि गुणोंमें आप सागरके समान ही हैं, यदि भेद है तो केवल आपके इस प्रत्यक्षदृश्य शरीरमें ही। यहाँ पर धैर्य—समुद्रमें धीरता और वर्णनीय राजामें अचञ्चलता, लावण्य—राजामें सौन्दर्य और सागरमें खारापन, गम्भीरता-राजामें गूढाशयत्व और सागरमें अगाधता यह श्लेषसे समझा जाता है ॥ १८१ ॥

इत्येकव्यतिरेकोऽयं धर्मेणैकत्रवर्त्तिना ।
प्रतीतिविषयप्राप्तेर्भेदस्योभयवर्त्तिनः[3] ॥ १८२ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**इत्येकेति**। एकत्र उपमेयमात्रे वर्त्तिना स्थितेन धर्मेण सुन्दरवपुःशालित्वेन उभयवर्त्तिनः उपमानोपमेयावगाहिनः (प्रतियोगित्वानुयोगित्वाभ्यामुभयस्पृशः) भेदस्य वैधर्म्यस्य प्रतीतिविषयप्राप्तेः प्रतीयमानत्वात् हेतोः अयम् पूर्वोक्तस्वरूपः एकव्यतिरेकः। अयमाशयः—अत्रोदाहरणे एकत्रोपमेये स्थितेन सुन्दरवपुष्ट्वेन धर्मेण उपमानोपमेययोर्द्वयोरपि भेदः प्रतीतिमवगाहत इत्ययमेकव्यतिरेको नामालङ्कार इति ॥१८२॥

हिन्दी—उक्त उदाहरणमें उपमेयभूत राजामात्रमें वर्त्तमान सुन्दरशरीरशालित्वरूप धर्मसे उपमान सागर और उपमेय राजाका भेद प्रतीत होता है, अतः इसे एकव्यतिरेक नामक व्यतिरेकप्रभेद कहा जाता है ॥ १८२ ॥

अभिन्नवेलौ गम्भीरावम्बुराशिर्भवानपि ।
असावञ्जनसङ्काशस्त्वं तु चामीकरद्युतिः[4] ॥ १८३ ॥

उभयव्यतिरेकमुदाहरति—**अभिन्नेति**। अम्बुराशिः सागरः भवांश्च उभौ द्वौ अपि अभिन्नवेलौ सागरोऽप्यनतिक्रान्ततीरः भवानपि अनुल्लङ्घितमर्यादः, उभावपि गम्भीरौ—सागरोऽगाधः भवानपि गूढाभिप्रायः, तदित्थं सत्यपि युवयोः साम्ये अम्बुराशिः नीलाभजलत्वादञ्जनसङ्काशः कज्जलमलिनः, त्वं पुनश्चामीकरद्युतिः सुवर्णवर्णः ॥ १८३ ॥

हिन्दी—आप दोनों—सागर और आप गम्भीर हैं (सागर अगाध है आप गूढाभिप्राय हैं), आप दोनों ही अभिन्नवेल हैं (सागरने वेला—तटका अतिक्रमण नहीं किया है आपने वेला—

---

१. माहात्म्य। २. तुल्योपि। ३. प्रतीत। ४. च्छविः।

मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं किया है)। इस प्रकार दोनों समान हैं परन्तु भेद यह है कि आप सुवर्ण-वर्ण हैं और सागर नीलजलशाली होनेसे अञ्जनपुञ्ज-सा है ॥ १८३ ॥

उभयव्यतिरेकोऽयमुभयोर्भेदकौ गुणौ ।
कार्ष्ण्यं पिशङ्गता चोभौ यत् पृथग्दर्शिताविह ॥ १८४ ॥

उभयेति । अयम् उदाहृतः उभयव्यतिरेको नाम, यत् यस्मात् इह उभयोः उपमानोपमेययोः भेदकौ इतरव्यावर्त्तकौ गुणौ उभौ कार्ष्ण्यं पिशङ्गता च कृष्णत्वपीतवर्णत्वरूपौ पृथक् दर्शितौ ॥ १८४ ॥

हिन्दी—यह उभयव्यतिरेक है क्योंकि इसमें उपमान और उपमेय—समुद्र और वर्णनीय राजा दोनोंके भेदक गुण क्रमशः कालापन और पिशङ्गता अलग-अलग बताये गये हैं ॥ १८४ ॥

त्वं समुद्रश्च दुर्वारौ महासत्त्वौ सतेजसौ ।
अयं तु युवयोर्भेदः स जडात्मा पटुर्भवान् ॥ १८५ ॥
स एष श्लेषरूपत्वात् सश्लेष इति गृह्यताम् ।
साक्षेपश्च सहेतुश्च दर्श्यते तदपि द्वयम् ॥ १८६ ॥

सश्लेषव्यतिरेकमाह—**त्वं समुद्रश्चेति** । त्वं समुद्रश्च दुर्वारौ, त्वं दुर्वारो रोद्धुमशक्यः अपराजेयः, समुद्रश्च दुर्वाः दुष्टमनास्वाद्यं वाः वारि यस्य तादृशः, त्वं महासत्त्वः सामर्थ्यातिशययुक्तः, समुद्रश्च महद्भिः सत्त्वैस्तिमिङ्गिलप्रभृतिभिर्युतः, त्वं सतेजाः तेजस्वी, समुद्रश्च तेजसा वडवानलेन सहितः, तदेवमुभावपि समानौ, अयं तु युवयोर्भेदः पार्थक्यं यत् सः सागरो जडात्मा जलमयः, भवान् पटुः चतुरः, अन्यधर्माणां श्लिष्टपदोपस्थापितानां साम्येऽपि जडात्मत्वपाटवाभ्यां भेदः ॥ १८५ ॥

स एष इति । स एषः उपरिदर्शितो व्यतिरेकः श्लेषरूपत्वात् जडात्मा पटुः इति श्लिष्टपदेन वैधर्म्यप्रकाशनात् सश्लेषो नाम व्यतिरेकप्रभेद इति गृह्यताम् ज्ञायताम् ।

अन्यदपि भेदद्वयमाह—**साक्षेप इति** । आक्षेपो विरुद्धधर्मोपन्यासेन सादृश्यप्रतिषेधः, सहेतुः—हेतुः पञ्चम्यन्तपदरूपस्तत्कृतः, तदपि साक्षेपसहेतुरूपं भेदद्वयं दर्श्यत उदाह्रियते ॥ १८६ ॥

हिन्दी—आप और सागर दोनों दुर्वार—अपराजेय एवं खारे पानीसे युक्त, महासत्त्व—अतिबलशाली एवं बड़े-बड़े प्राणियोंसे पूर्ण, सतेजस—तेजस्वी एवं बड़वानलरूप तेजसे युक्त हैं, आप दोनोंमें—समुद्र और आपमें—भेद इतना ही है कि वह सागर जड़ात्मा—जलमय (मूर्ख) है, आप पटु—चतुर हैं ॥ १८५ ॥

यह श्लेषव्यतिरेक है क्योंकि इसमें 'स जडात्मा पटुर्भवान्' इससे श्लेषद्वारा वैधर्म्यप्रतिपादन किया गया है। साधारण धर्मवाचक दुर्वारादिपदमें श्लेष है इसने इसे श्लेषव्यतिरेक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उन विशेषणोंसे तो सादृश्यबोध होता है, वैधर्म्यप्रतिपादनमें उनका कुछ उपयोग नहीं होता। इस वैधर्म्यचमत्कृतिप्रधान व्यतिरेकालङ्कारमें वैधर्म्यसूचक विशेषणोंके श्लिष्ट होनेपर ही श्लेषव्यतिरेक मानना उचित है; यदि साधर्म्योपपादक विशेषणोंमें श्लेष होनेपर भी श्लेषव्यतिरेक मानने लगेंगे तब तो सभी व्यतिरेकप्रभेदोंको श्लेषव्यतिरेक कहना पड़ेगा। इस प्रकार श्लेषव्यतिरेकका उदाहरण दिया गया। साक्षेप और सहेतु व्यतिरेकोंके भी उदाहरण दिये जा रहे हैं। साक्षेप-

---

१. पृथक्त्वेन दर्शितौ । २. इयता । ३. एव । ४. दृश्यते ।

व्यतिरेक वह है जिसमें आक्षेप-विरुद्धधर्मोपन्याससे सादृश्यप्रतिषेध होता हो और सहेतुव्यतिरेक वह है जिसमें पञ्चम्यन्त पदरूप हेतुसे वैधर्म्यप्रकाश कराके सादृश्यप्रतिषेध होता हो ॥ १८६ ॥

स्थितिमानपि धीरोऽपि रत्नानामाकरोऽपि सन् ।
तव कक्षां[1] न यात्येव मलिनो मकरालयः ॥ १८७ ॥

साक्षेपव्यतिरेकमुदाहरति—स्थितिमान् अनुज्झितमर्यादः अपि, धीरः प्रशान्तः अपि, रत्नानाम् मणीनाम् आकरः उत्पत्तिस्थानम् सन्नपि भवन्नपि मकरालयः सागरः मलिनः नीलजलतया श्याम इति हेतोः तव कक्षाम् तुलनां नैव याति । अत्रोपमानभूतसमुद्रगतेन मालिन्यरूपधर्मेण नृपसादृश्याक्षेपः, तेन नृपस्योत्कर्ष इति साक्षेपव्यतिरेकोऽयम् ॥ १८७ ॥

हिन्दी—मकरालय स्थितिमान्-मर्यादायुक्त है, धीर—प्रशान्त है, रत्नोंकी खान है, फिरभी मलिन—नीलाभजलयुक्त होनेसे आपकी तुलना नहीं कर सकता है, यहाँ पर उपमानभूत समुद्रगत मालिन्यरूप धर्मसे नृपसादृश्यप्रतिषेध होता है और उससे नृपका उत्कर्ष सिद्ध होता है, अतः इसे साक्षेप—सप्रतिषेध—व्यतिरेक कहा गया है ॥ १८७ ॥

वहन्नपि महीं कृत्स्नां सशैलद्वीपसागराम् ।
भर्तृभावाद्भुजङ्गानां शेषस्त्वत्तो निकृष्यते ॥ १८८ ॥

सहेतुव्यतिरेकमुदाहरति—**वहन्नपीति** । शैलैः पर्वतैः द्वीपैः जम्बूद्वीपादिपदाभिलप्यैः भूखण्डैः सागरैः समुद्रैश्च सहिताम् सशैलद्वीपसागराम् कृत्स्नाम् सकलां महीं पृथिवीं वहन् शिरसा धारयन्नपि शेषः शेषनागः त्वत्तः त्वदपेक्षया निकृष्यते अपकृष्टः सिद्ध्यति, तत्र हेतुमाह—**भर्तृभावादिति** । भुजङ्गानां सर्पाणां जाराणाञ्च भर्तृभावात् स्वामित्वात् इति । शेषः सर्वथा त्वत्सादृश्यार्हः सन्नपि भुजङ्गनायकत्वात् त्वदपेक्षया निकृष्टत्वं यातीत्यर्थः । अत्र पञ्चम्यन्तहेतूपस्थाप्यस्य धर्मस्य भुजङ्गपतित्व(जारपतित्व)रूपस्योपमानापकर्षहेतुत्वात् हेतुव्यतिरेकोऽयम् ॥ १८८ ॥

हिन्दी—पर्वत, द्वीप एवं समुद्रोंसे सहित इस समस्त पृथ्वीका वहन करता हुआ भी शेषनाग आपसे निकृष्ट है क्योंकि वह भुजङ्गों (सर्पों, जारों) का नायक है, इसमें पञ्चम्यन्त पदसे उपस्थापित जारपतित्वरूप हेतु उपमानके अपकर्षको बताता है, अतः इसे हेतुव्यतिरेक कहते हैं ॥ १८८ ॥

शब्दोपादानसादृश्यव्यतिरेकोऽयमीदृशः ।
प्रतीयमानसादृश्योऽप्यस्ति सोऽप्यभिधीयते[2] ॥ १८९ ॥

शब्दोपादानेति । व्यतिरेकलक्षणनिरूपणावसरे—'शब्दोपात्ते प्रतीते वा सादृश्ये' इत्युक्तं, तेन शब्दोपात्तसादृश्यव्यतिरेकः प्रतीयमानसादृश्यव्यतिरेकश्चेति व्यतिरेकस्य भेदद्वयं पुरः स्फुरति, तयोः अयमीदृशः सम्प्रति यावदुदाहृतः शब्दोपादानसादृश्यः शब्दोपात्तसादृश्यव्यतिरेकः, स चोक्त एव, प्रतीयमानसादृश्यव्यतिरेको नाम प्रभेदोऽपि अस्ति, सोऽप्यभिधीयतेऽनुपदमेवोच्यते इत्यर्थः ॥ १८९ ॥

हिन्दी—व्यतिरेकके लक्षणमें कहा था कि जहाँपर शब्दोपात्तसादृश्य या प्रतीतसादृश्य रहनेपर भेदकथन हो उसे व्यतिरेक कहते हैं, फलतः शब्दोपात्तसादृश्यव्यतिरेक, प्रतीयमान-

---

१. कक्ष्यां । २. अनुविधीय ।

सादृश्यव्यतिरेक यह दो व्यतिरेकभेद हुए, उनमें शब्दोपात्तसादृश्यव्यतिरेक इस तरहका है (जो कहा गया), प्रतीयमान सादृश्यव्यतिरेकके उदाहरणादि बताये जा रहे हैं ॥ १८९ ॥

त्वन्मुखं कमलं चेति द्वयोरप्यनयोर्भिदा ।
कमलं जलसंरोहि त्वन्मुखं त्वदुपाश्रयम् ॥ १९० ॥

प्रतीयमानसादृश्यव्यतिरेकमुदाहरति—**त्वन्मुखमिति** । त्वन्मुखं कमलं चेति अनयो-र्द्वयोरपि भिदा भेदः अयमेव यत्—कमलं जलसंरोहि पानीयप्रभवम् , त्वन्मुखं त्वदुपाश्रयम् त्वदाधारम् । अत्र जलं कमलस्याधारः मुखस्य च त्वम् इति विभिन्नाधारतया कविप्रसिद्धि-गतं कमलमुखयोः सादृश्यं निरस्यते, समानधर्मानुपादानात् प्रतीयमानमत्र सादृश्यमिति बोध्यम् ॥ १९० ॥

हिन्दी—तुम्हारे मुख तथा कमलमें केवल यही अन्तर है कि तुम्हारे मुखके आश्रय तुम हो, और कमल पानीमें पैदा हुआ है, उसका आश्रय पानी है । यहाँपर आश्रयभेद बताकर मुख तथा कमलके सादृश्यका प्रतिषेध किया गया है । समान धर्मके अनुपादानसे इसे प्रतीयमान सादृश्य कहा गया है ॥ १९० ॥

अभ्रूविलासमस्पृष्ट[1]मदरागं मृगेक्षणम् ।
इदं तु नयनद्वन्द्वं तव तद्गुणभूषितम् ॥ १९१ ॥

प्रतीयमानसादृश्यव्यतिरेकस्यापरमुदाहरणमाह—**अभ्रूविलासमिति** । मृगेक्षणम् हरिणनेत्रम् अभ्रूविलासम् भ्रूविलासानभिज्ञम्, अस्पृष्टमदरागं मदिरापानोपजातरक्तिमर-हितञ्च, तव त्विदं पुरो दृश्यमानं नयनद्वन्द्वम् तद्गुणभूषितम् ताभ्यां भ्रूविलासमदरागनाम-काभ्यां गुणाभ्यां भूषितं युक्तम् अस्तीति शेषः ।

पूर्वोदाहरणे समानधर्मानुपादानमत्र तु विरुद्धधर्मोपादानमिति भेदः ॥ १९१ ॥

हिन्दी—हरिणोंके नयन भ्रूविलाससे अपरिचित तथा मदिरापानोपजात रक्ततासे रहित हुआ करते हैं- परन्तु आपकी यह आँखें उन गुणोंसे—भ्रूविलासपरिचय और मदिरापानजन्य रक्ततासे भूषित हैं ॥ १९१ ॥

पूर्वस्मिन् भेदमात्रोक्तिरस्मिन्नाधिक्यदर्शनम् ।
सदृशव्यतिरेकश्च पुनरन्यः प्रदर्श्यते ॥ १९२ ॥

उदाहरणद्वयदानमुपपादयति—**पूर्वस्मिन्निति** । पूर्वस्मिन् प्रथममुदाहृते—'त्वन्मुखं कमलञ्चे' त्याद्युदाहरणे भेदमात्रोक्तिः उपमानोपमेययोः कमलमुखयोर्भेदकस्याधारभिन्नता-रूपस्य धर्ममात्रस्योक्तिः, नतु उत्कर्षस्यापकर्षस्य वोक्तिः, अस्मिन्ननन्तरोक्ते तूदाहरणे-'अभ्रूविलास'मित्यत्र आधिक्यस्योपमानोपमेययोर्निकर्षोत्कर्षरूपस्य दर्शनम्, अत्रेदं बोध्यम्, भेदो द्विधा भवति—विरुद्धधर्माध्यासेन कारणभेदेन च, तत्र पूर्वोदाहरणे कारणभेदकृतो भेदः, अत्र च विरुद्धधर्माध्यास इति । अन्यश्च प्रोक्तद्वितयविलक्षणः सदृशव्यतिरेकः प्रदर्श्यते उदाहियते ॥ १९२ ॥

हिन्दी—'त्वन्मुखं कमलं च' इस प्रथम उदाहरणमें भेदमात्र—उपमान-उपमेयभूत कमल और मुखमें भेद करने वाले आधारभेद रूप धर्ममात्रकी उक्ति है, उत्कर्षापकर्षकी उक्ति नहीं है,

---

१. अस्पष्ट ।

'अभ्रूविलासम्' इस उदाहरणमें आधिक्य—उपमान-उपमेयके निकृष्टत्व-उत्कृष्टत्वका कथन है। यहाँ यह जानना है कि भेदके दो प्रकार भगवान् शङ्कराचार्यने बताये हैं—विरुद्धधर्माध्यास और कारणभेद, उनमें पूर्वोदाहरणमें कारणभेदकृत भेद है, और इस दूसरेमें विरुद्धधर्माध्यासकृत भेद है। इसी बातको स्पष्ट करनेके लिये आचार्य दण्डीने प्रतीयमान सादृश्यव्यतिरेकके दो उदाहरण दिये हैं॥ १९२॥

त्वन्मुखं पुण्डरीकं च फुल्ले सुरभिगन्धिनी।
भ्रमद्भ्रमरमम्भोजं[1] लोलनेत्रं मुखं तु[2] ते॥ १९३॥

सदृशव्यतिरेकश्च पुनरन्यः प्रदर्श्यत इति प्रतिज्ञातं, तत्र शाब्दं सदृशव्यतिरेकमुदाहरति—**त्वन्मुखमिति**। त्वन्मुखं कमलञ्च फुल्ले विकसिते, एकत्र विकासः स्मितशोभिताऽन्यत्र दलविदलनम्, तथा सुरभिगन्धिनी घ्राणतर्पणगन्धयुते। अत्र फुल्लत्वसुरभिगन्धित्वयोः साधारण्येन सादृश्यं शाब्दम्। व्यतिरेकमाह—**भ्रमदिति**। अम्भोजं कमलम् भ्रमद्भ्रमरम्, ते तव मुखं तु लोलनेत्रं विलासचपलनयनयुतम्। अत्र सदृशाभ्यामेव भ्रमरनयनाभ्यां मुखकमलयोर्व्यतिरेकः प्रकाश्यते इति सदृशव्यतिरेकोऽयम्॥ १९३॥

हिन्दी—तुम्हारा मुख और कमल विकसित तथा सुगन्धिपूर्ण हैं, अन्तर इतना ही है कि तुम्हारा मुख चञ्चल नयनयुक्त है और कमल चपलभ्रमरयुक्त है। इसमें फुल्लत्व सुरभिगन्धत्व मुख तथा कमलमें समान है अतः सादृश्य शाब्द है। यहाँ समानभूत भ्रमर नयनसे ही कमल और मुखमें भेद किया गया है इसीसे इसे सदृशव्यतिरेक कहा गया है॥ १९३॥

चन्द्रोऽयमम्बरोत्तंसो हंसोऽयं तोयभूषणम्।
नभो नक्षत्रमालादमुत्फुल्लकुमुदं[3] पयः॥ १९४॥

आर्थं सदृशव्यतिरेकमुदाहरति—**चन्द्रोऽयमिति**। अयं चन्द्रः अम्बरोत्तंसः आकाशभूषणम्, अयं हंसः तोयभूषणम् जलाशयशोभासम्पादकः। इदं नभो व्योम नक्षत्रमालि तारागणमण्डितम् इदं पयः उत्फुल्लकुमुदं विकसितकुसुमसनाथम्। अत्र चन्द्रहंसयोराकाशपयसोश्चोपमानोपमेयभूतयोः सादृश्यमार्थमिति सदृशव्यतिरेकोऽयमार्थः॥ १९४॥

हिन्दी—यह चन्द्रमा आकाशका अलङ्कार है, यह हंस जलाशयका भूषण है। आकाश तारागणसे मण्डित है और जल विकसित कुमुदपुष्पसे भूषित है। इस उदाहरणमें हंस चन्द्रमा और जल-आकाशरूप उपमेय और उपमानका सादृश्य आर्थ है अतः यह आर्थ सदृशव्यतिरेक हुआ॥१९४॥

प्रतीयमानशौक्ल्यादिसाम्ययोर्वियदम्भसोः।
कृतः प्रतीतशुद्धयोश्च भेदोऽस्मिंश्चन्द्रहंसयोः[5]॥ १९५॥

पूर्वोक्तमुदाहरणद्वयं स्पष्टयति—**प्रतीयमानेति**। अत्र 'चन्द्रोऽय'मित्यादिपूर्वश्लोके प्रतीयमानम् वाचकशब्दाभावेन वर्णनानुरोधवशात् कथञ्चिदुन्नीयमानम् शौक्ल्यादि शुक्लत्वनिर्मलत्वादि तेन साम्यं ययोस्तादृशयोर्वियदम्भसोः, प्रतीतशुद्धयोः ख्यातधावल्ययोश्चन्द्रहंसयोश्च भेदः कृतः प्रथमस्थले अम्बरतोयाभ्याम्, अपरत्र च नक्षत्रकुमुदाभ्यां सादृश्यनिषेधः कृतः॥ १९५॥

हिन्दी—'चन्द्रोऽयमम्बरोत्तंसः' इस पूर्वोक्त उदाहरणमें आकाश-जलका, एवं चन्द्र-हंसका व्यतिरेक है, उसमें आकाश-जलका साम्य शुक्लत्व निर्मलत्वादि शब्दप्रतिपाद्य नहीं है कल्पनीय

१. लोलदृष्टि। २. च। ३. इदमुत्कुमुदं। ४. सौक्ष्म्यादि। ५. हंसचन्द्रयोः।

है, किन्तु चन्द्रमा और हंसका साम्य प्रतीत है—धवलतया साम्य सर्वविदित है। इन दोनों स्थानोंमें प्रथममें अम्बर-तोयसे और द्वितीय में नक्षत्र-कुमुदसे सादृश्यनिषेध हुआ है, उनका सादृश्य स्फुट है अतः यह सदृशव्यतिरेक ही है ॥ १९५ ॥

पूर्वत्र शब्दवत् साम्यमुभयत्रापि भेदकम् ।
भृङ्गनेत्रादितुल्यं तत् सदृशव्यतिरेकता ॥ १९६ ॥

पूर्वत्र 'त्वन्मुखं पुण्डरीकं च' इति पूर्वोक्तोदाहरणे शब्दवत् समानधर्मवाचकशब्दोपस्थापितं साम्यं फुल्लत्वादि अस्ति।

उभयत्र शब्दोपात्तप्रतीयमानसादृश्योदाहरणद्वये—भेदकं वैधर्म्यप्रतिपादकम् भृङ्गनेत्रादि (अम्बरतोयनक्षत्रकुमुदानि चादिपदबोध्यानि) तुल्यम् समानम् (भिन्नशब्दप्रतिपादनेन भिन्नत्वावभासेऽपि वस्तुत एकस्वरूपम्) तत् अस्य उदाहरणद्वयस्यापि सदृशव्यतिरेकता बोध्या ॥ १९६ ॥

हिन्दी—'त्वन्मुखं पुण्डरीकं च' इस पूर्वोक्त उदाहरणमें साम्य फुल्लत्वादि शब्दवत् समानधर्मवाचक शब्दोपस्थापित है।

शब्दोपात्त सादृश्यव्यतिरेक और प्रतीयमान सादृश्यव्यतिरेक नामक प्रभेदोंके पूर्वोक्त दोनों उदाहरणोंमें भेदक—वैधर्म्यप्रतिपादक भृङ्गनेत्र अम्बरतोय नक्षत्रकुमुद समान हैं—भिन्नशब्दद्वारा कहे जानेपर भिन्न भले लगते हों किन्तु उनमें समता ही है, अतः दोनों ही उदाहरणोंमें सदृशव्यतिरेक है ॥ १९६ ॥

अरत्नालोकसंहार्यमहार्यं सूर्यरश्मिभिः ।
दृष्टिरोधकरं यूनां यौवनप्रभवं तमः ॥ १९६ ॥
सजातिव्यतिरेकोऽयं तमोजातेरिदन्तमः ।
दृष्टिरोधितया तुल्यं भिन्नमन्यैरदर्शि यत् ॥ १९८ ॥

(इति व्यतिरेकचक्रम्)

सजातिव्यतिरेकमाह—**अरत्नालोकेति**। रत्नालोकैः मणिकिरणैः संहार्यम् अपनेयं न भवतीत्यरत्नालोकसंहार्यम्, सूर्यरश्मिभिः सूर्यकिरणैः (अपि) अहार्यम् अविनाश्यम्, यूनां युवजनानाम् दृष्टिरोधकरं कर्त्तव्यदर्शनशक्तिहरम् यौवनप्रभवं तमो भवतीति शेषः, यौवनोत्पन्नेन तमसा अन्धकारेण मोहेन युवानो विवेकविधुराः क्रियन्ते, तेषां च तत्तमो न रत्नप्रभाभिर्दूरीकर्तुं शक्यं न सूर्यरश्मिभिरपनेयं भवतीति भावः। अत्र यौवनतमोऽन्धकारयोर्दृष्टिरोधकत्वं साम्यम्। तच्च शाब्दम्। उपमेयमात्रगतं रत्नकिरणाद्यनाश्यत्वं च भेदकम् ॥ १९७ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**सजातिव्यतिरेक इति**। यतः दृष्टिरोधितया दृक्शक्तिप्रतिबन्धकतया इदं यौवनप्रभवं तमः तमोजातेः तुल्यम् समम्, तत् तमः अन्यैररत्नालोकसंहार्यत्वादिभिर्धर्मैः भिन्नम् उत्कर्षवत् अदर्शि निबद्धमतोऽयं सजातिव्यतिरेको नाम ॥१९८॥

हिन्दी—युवकोंकी सदसद्विवेक बुद्धिरूप दृष्टिको हर लेनेवाला यौवनमें प्रकट होनेवाला तम मोह-अन्धकार न रत्नकी प्रभासे दूर होता है, न सूर्यकी किरणोंसे नष्ट होता है ॥ १९७ ॥

१. अवार्यं। २. स्वजाति।

दृक्शक्तिप्रतिबन्धकतया यह यौवनप्रभव तम तमोजाति के समान है, उसे ही अरत्नालोक संहार्यत्वादि धर्मोंसे उत्कृष्ट दिखलाया गया है, अतः यह संजातिव्यतिरेक है ॥ १९८ ॥

प्रसिद्धिहेतुव्यावृत्त्या यत् किञ्चित् कारणान्तरम् ।
यत्र स्वाभाविकत्वं वा विभाव्यं सा विभावना ॥ १९९ ॥

क्रमप्राप्तं विभावनालङ्कारं लक्षयति—**प्रसिद्धेति** । प्रसिद्धस्य लोकविदितस्य हेतोः कारणस्य व्यावृत्त्या अभावप्रदर्शनेन यत्किञ्चित् किमपि कविकल्पितं कारणान्तरं विभाव्यं फलान्यथानुपपत्त्या मन्तव्यं तत्, स्वाभाविकत्वं कस्यापि कारणस्याननुसन्धाने सति कार्यस्य स्वभावसिद्धत्वं वा विभाव्यं सा विभावना नामालङ्कारः ॥ १९९ ॥

हिन्दी—जहाँ पर प्रसिद्ध कारणका अभाव बताकर कुछ कविकल्पित कारणका अनुसन्धान किया जाय, अथवा किसी भी कारणके नहीं ज्ञायमान होनेसे कार्यके स्वाभाविकत्वका अन्दाज किया जाय, उसे विभावना नामक अलङ्कार कहा जाता है। प्रसिद्ध हेतुके अभावको बताकर अप्रसिद्ध कविकल्पित कारणान्तर अथवा सर्वथा कारणाभावमें कार्यके स्वाभाविकत्व की भावना ही विभावना है, इस तरहकी परिभाषामें विभावना पदका भी सामञ्जस्य रहता है। काव्यप्रकाशकार तथा उनके अनुयायियोंने—'क्रियायाः प्रतिषेधेऽपि फलव्यक्तिर्विभावना' यह लक्षण कहा है, इस तरहके लक्षणमें विभावना पदका सामञ्जस्य नहीं है ॥ १९९ ॥

अपीतक्षीबकादम्बमसंमृष्टामलाम्बरम् ।
अप्रसादितशुद्धाम्बु जगदासीन्मनोहरम् ॥ २०० ॥

कारणान्तरविभावनामाह—**अपीतेति** । अपीताः अकृतमद्यपाना अपि क्षीबाः मत्ताः कादम्बा हंसा यत्र तादृशम्, असंमृष्टम् अप्रक्षालितम् अपि अमलम् निरभ्रतया स्वच्छम् अम्बरम् यत्र तादृशम्, अपि च अप्रसादितम् कतकादिनिर्मलीकरणद्रव्यद्वारा अशोधितम् अपि शुद्धम् अम्बु जलं यत्र तादृशम् जगत् मनोहरम् आसीत् । अत्र कादम्बक्षीबत्वाम्बरामलत्वजलप्रसादितत्वानां मद्यपानसम्मार्जनप्रसादनानि प्रसिद्धानि कारणानि, तानि नञा व्यावर्त्तितानि, तेषामभावेऽपि तादृशफलोत्पत्तिः किमपि कारणमपेक्षतेतैव, तद्विभावनाच्च शरद्रूपं कारणान्तरं कल्पयति विभावयति, तच्च विभाव्यमानं शरद्रूपं कारणमत्रार्थमेव शब्दानिवेदितत्वात् ॥ २०० ॥

हिन्दी—जिसमें विना मद्यपान किये ही हंसगण मत्त हो रहे हैं, जिसमें विना साफ किये ही आकाश स्वच्छ हो रहा है और जिसमें निर्मली आदि साफ करनेवाली वस्तुयें डालकर स्वच्छ नहीं करने पर भी पानी शुद्ध हो रहा है, ऐसा (शरत्कालिक) जगत् मनोहर हो रहा था।

इस उदाहरणमें मत्तता, निर्मलता और शुद्धताके कारण मद्यपान, संमार्जन और प्रसादनके अभावमें भी उन कार्योंकी उत्पत्ति होती है, कार्य-कारण तो होना चाहिये, अतः शरत् रूप कारण की विभावना-कल्पना की जाती है, यही कारण है कि इसे विभावनाऽलंकार कहा जाता है ॥२००॥

अनञ्जितासिता दृष्टिर्भ्रूरनावर्जिता नता ।
[1]अरञ्जितोऽरुणश्चायमधरस्तव सुन्दरि ॥ २०१ ॥

उदाहरणान्तरमाह—**अनञ्जितेति** । हे सुन्दरि, तव दृष्टिः अनञ्जिता अनाकलितकज्जला अपि असिता श्यामा, तव भ्रूः अनावर्जिता अनाकृष्टा अपि नता वक्रीभूता,

१. अरञ्जितारुणः ।

तव अयम् अधरश्च अरञ्जितः रञ्जनद्रव्येणारक्तीकृतोऽपि अरुणः रक्तकान्तिः, सर्वत्रास्तीति-पदमध्याहृत्यान्वयः । अत्रासितत्वनतत्वरूपाणि कार्याणि अञ्जनावर्जनरञ्जनस्वरूपैः प्रसिद्धैः हेतुभिर्विना दर्शितानि, स्वाभाविकत्वं व्यञ्जयन्ति ॥ २०१ ॥

हिन्दी—हे सुन्दरि, काजल नहीं लगानेपर भी तुम्हारी आँखें काली हैं, आकृष्ट नहीं होने पर भी तुम्हारी भ्रुकुटियाँ नत हैं और विना रंगे भी यह तुम्हारा अधर रक्तवर्ण है।

इस उदाहरणमें कालापन, नतत्व और लालीके प्रसिद्ध कारण अंजन लगाना, आकृष्ट करना और रंगना निषिद्ध कर दिये गये हैं, इससे उन कार्योंकी स्वाभाविकता विभावित होती है। इसको स्वाभाविक विभावना कहते हैं।

विभावनाके लक्षणमें दण्डीने-'कारणान्तरं स्वाभाविकत्वं वा विभाव्यते' कहा है, तदनुसार ही उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं, 'अपीतक्षीव' यह कारणान्तर विभावनाका उदाहरण है और 'अनञ्जितासिता' यह स्वाभाविक विभावनाका उदाहरण है ॥ २०१ ॥

यदपीतादिजन्य[1] स्यात् क्षीबत्वाद्यन्यहेतुजम् ।
अहेतुकं च तस्येह विवक्षेत्यविरुद्धता ॥ २०२ ॥

विभावनाया उदाहरणद्वयं प्रदर्शितं, सम्प्रति तत्सङ्गतिमाह—**यदपीतेति**। पूर्वोदाहरणे 'अपीतक्षीबकादम्बम्' इत्यत्र अपीतादिजन्यम् पानाद्यजन्यम् क्षीबत्वादि अन्यहेतुजम् शरत्कालरूपकारणान्तरजन्यम्, द्वितीयोदाहरणे 'अनञ्जितासिता' इत्यत्र अञ्जनाद्यजन्यम् असितत्वादि अहेतुकं स्वभावजम्, एवमुदाहरणद्वये तस्य अन्यहेतुजत्वस्य अहेतुकत्वस्य च विवक्षा, अतः अविरुद्धता विरोधाभावः। अयं भावः अत्रोभयत्रापि विभावनोदाहरणतयोपस्थापिते पद्ये अपाने मत्तता अनञ्जनेऽसितत्वमुच्यते, न चेदं सम्भवति मत्ततारूपं कार्यं प्रति पानस्याऽसितत्वरूपं च कार्यं प्रति कज्जलाकलनस्य च कारणत्वेनाभ्युपगतेः, कारणाभावे कार्यं कथमिव जायते, तथा सति सर्वत्र सर्ववस्तुप्रसङ्गः, इमामेवाशङ्कां मनसिकृत्याचार्यः परिहारमाहात्र। पूर्वोदाहरणे क्षीबत्वं पानाजन्यमपि शरत्कालजन्यमिति कारणान्तरं विभाव्यत एव, परत्र चोदाहरणेऽहेतुकत्वेनोच्यमानं स्वभावजमिति विभाव्यते, तथा च स्वभाव एव तत्र कारणमिति द्वयोरपि स्थलयोः कारणजन्यमेव कार्यं न तद्विरुद्धमिति नास्ति कोऽपि सिद्धान्तविरोध इति ॥ २०२ ॥

हिन्दी—विभावनाके दो उदाहरण दिये गये हैं, उनके विषयमें यह शङ्का की जाती है कि 'अपीतक्षीबकादम्बम्' इसमें अपीतादिजन्य-पानाद्यजन्य क्षीवता कैसे होगी, क्योंकि कारणके बिना कार्य कैसे होगा? इसका उत्तर यह है कि पानरूप प्रसिद्ध हेतुका निषेध करके भी उसे अन्यहेतुक शरत् रूप कारणान्तरजन्य कहा जाता है, इस अवस्थामें वह बिना कारणका कार्य कैसे हुआ। जो कारण दूसरे लोग कहते हैं कवि उसका प्रतिषेध करके चमत्कारी कारणोपन्यास करता है, वह वैसा ही कहना चाहता है, फिर इसमें अकारणे कार्यरूप शास्त्रसिद्धान्तका विरोध कहाँ है? दूसरे उदाहरणमें 'अनञ्जिताऽसिता दृष्टिः' में असितत्वके कारण अंजनका प्रतिषेध करके असितत्वको अहेतुक कहा है, अहेतुक—स्वाभाविक। यहाँ का असितत्वरूप कार्य कारणके बिना ही नहीं हो गया है, वह स्वभाव रूप अलौकिक कारणसे जन्य बताया गया है, अतः यहाँ भी कारणभावशाली शङ्का नहीं उठती, 'अपीतादिजन्यम् यत् क्षीबत्वादि (तत्) अन्यहेतुजं

---

१. पीत्यादि जन्म।

स्यात् अहेतुक च स्यात्, तस्य (अन्यहेतुजत्वस्य अहेतुकत्वस्य च) इह विवक्षा, इति अविरुद्धता' इस तरह अन्वय करके अर्थ करना चाहिये ॥ २०२ ॥

वक्त्रं निसर्गसुरभि वपुरव्याजसुन्दरम्।
अकारणरिपुश्चन्द्रो निर्निमित्तासुहृत्[२] स्मरः ॥ २०३ ॥
निसर्गादिपदैरत्र हेतुः साक्षान्निवर्त्तितः।
उक्तं च सुरभित्वादि[३] फलं तत्[४]सा विभावना ॥ २०४ ॥

(इति विभावनाचक्रम्)

शाब्दं स्वाभाविकं विभावनाभेदमुदाहरति—**वक्त्रमिति।** वक्त्रं मुखं निसर्गसुरभि स्वाभाविकसौरभशालि, वपुः शरीरम् अव्याजसुन्दरम् निष्कपटरमणीयम्, चन्द्रः अकारणरिपुः अहेतुकः शत्रुः, स्मरः निर्निमित्तासुहृत् अकारणशत्रुः अस्तीति शेषः ॥ २०३ ॥

उदाहरणं योजयति—**निसर्गादीति।** अत्र प्रदर्शितोदाहरणे निसर्गादिपदैः निसर्गाव्याजाकारणनिर्निमित्तशब्दैः हेतुः तत्र तत्र कारणतया मताः हेतवः कर्पूरभूषाधारणमात्सर्यादयः साक्षान्निवर्त्तितः स्फुटं प्रतिषिद्धः, तत्सम्पाद्यं च सौरभसौन्दर्यशत्रुत्वादिकमुक्तम्, तत् तस्मादियं विभावना ॥ २०४ ॥

हिन्दी—मुख स्वभावतः सुगन्धियुक्त है (कर्पूरधारणसे सुगन्धित नहीं है). शरीर अकृत्रिम सौन्दर्ययुक्त है (भूषण धारण करके सुन्दर नहीं हुआ है), चन्द्रमा स्वाभाविक शत्रु है (किसी कारणसे शत्रुता नहीं हुई है), इसी तरह कामदेव भी बिना कारणके शत्रु हो रहा है ॥ २०३ ॥

इस उदाहरणमें निसर्ग, अव्याज, अकारण और निर्निमित्त शब्दोंसे सौरभ, सौन्दर्य और शत्रुताके कारणोंका, कर्पूरधारण, भूषणग्रहण, मत्सरिता आदिका, व्यावर्त्तन कर दिया गया है परन्तु उनके कार्य सौरभ, सौन्दर्य और शत्रुतादि कहे गये हैं अतः यहाँ विभावना है। इसमें स्वाभाविकत्व शाब्द है, पहले वाले 'अनञ्जितासिता' इसमें स्वाभाविकत्व अर्थबललभ्य है, इसी भेदको स्पष्ट करने के लिए यह पुनः उदाहरण दिया गया है ॥ २०४ ॥

वस्तु किञ्चिदभिप्रेत्य तत्तुल्यस्यान्यवस्तुनः।
उक्तिः[५]संक्षेपरूपत्वात् सा समासोक्तिरिष्यते ॥ २०५ ॥

क्रमप्राप्तां समासोक्तिं लक्षयति—**वस्तु किञ्चिदिति।** किञ्चित् प्रस्तुतमप्रस्तुतं वा वस्तु अभिप्रेत्य विनैव वाग्व्यापारं प्रतिपादयितुमभिलष्य तत्तुल्यस्य प्रतिपादयितुमभिलषितेन वस्तुना सदृशस्य कस्यचित् वस्तुनः प्रस्तुतस्य अप्रस्तुतस्य वा वस्तुनः उक्तिः समासोक्तिः, तादृशनामकरणे कारणं निर्दिशति—**संक्षेपरूपत्वादिति।** एकस्याभिधानेन द्वयोरभिधानं संक्षेपः, संक्षेपः समास इति चानर्थान्तरम्। तथा च प्रस्तुताप्रस्तुतयोरन्यतरस्य प्रयोगेण तदन्यस्य प्रतीतिः समासोक्तिरिति लक्षणं फलितम्।

एकस्य प्रस्तुताप्रस्तुतयोरन्यतरस्य शब्देनाभिधानेऽन्यस्य जायमानोऽशाब्दो बोधश्चमत्कारविशेषं जनयति, तदेवास्या अलङ्कारतायां निदानम् ॥ २०५ ॥

हिन्दी—किसी प्रस्तुत या अप्रस्तुत वस्तुकी अभिलाषा करके, बिना शब्दव्यापारके ही कहनेकी इच्छाका विषय बनाकर, तत्सदृश कथनीयतया अभिलषितार्थसमान किसी प्रस्तुत या अप्रस्तुतकी उक्तिको समासोक्ति नामक अलङ्कार कहते हैं, इसमें संक्षेपेण उक्ति रहती है—अर्थात् एकके कथनसे दो समझे जाते हैं अतः इसे समासोक्ति नामसे व्यवहृत किया जाता है। एक

---

१. रत्यन्त। २. सुहृत् स मे। ३. सुरभीत्यादि। ४. तस्मात्। ५. संक्षिप्तं।

वाक्यमें—प्रस्तुत-अप्रस्तुत दोनोंमें से एकके कथनसे तदन्यकी प्रतीतिको समासोक्ति कहते हैं। एक अर्थके शब्दप्रतिपादित रहने पर दूसरा अर्थ यदि प्रतीत होता है तो एक प्रकारका वैचित्र्य उत्पन्न होता है, वही वैचित्र्य इस अलङ्कारका बीज है।

समासोक्ति प्राचीन अलङ्कारोंमेंसे है, भामहने इसका लक्षण कहा है :—

'प्रकृतार्थेन वाक्येन तत्समानविशेषणैः।

अप्रस्तुतार्थकथनं समासोक्तिः॥' (काव्यालङ्कारसारसंग्रह २. १०.)

इसका अभिप्राय यह है कि समान विशेषणके सामर्थ्यसे प्रकृतपरक वाक्यद्वारा अप्रकृत अर्थके अभिधानको समासोक्ति कहा जाता है।

राजानक रुय्यकने अलङ्कारसर्वस्वमें—

'विशेषणानां साम्यादप्रस्तुतस्य गम्यत्वे समासोक्तिः।'

ऐसा लक्षण कहा है, इसी लक्षणके पदचिह्नोंपर चलकर मम्मटने कहा है :—

'परोक्तिर्भेदकैः श्लिष्टैः समासोक्तिः'

मम्मटने स्पष्ट कर दिया है कि विशेषणसाम्यमें ही समासोक्तिका जीवन निहित है, विशेष्य-साम्यकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

भोजराजने कुछ दूसरा ही लक्षण प्रस्तुत किया है :—

'यत्रोपमानादेवैतत् उपमेयं प्रतीयते। अतिप्रसिद्धेस्तामाहुः समासोक्तिं मनीषिणः॥'

साहित्यदर्पणकारने—

समासोक्तिः समैर्यत्र कार्यलिङ्गविशेषणैः। व्यवहारसमारोपः प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुनः॥'

यह लक्षण कहकर समासोक्तिका क्षेत्र बढ़ा दिया है॥ २०५॥

पिबन्मधु यथाकामं भ्रमरः फुल्लपङ्कजे।
अप्यसन्नद्धसौरभ्यं पश्य चुम्बति कुड्मलम्॥ २०६॥

समासोक्तिमुदाहरति—**पिबन्निति**। भ्रमरः फुल्लपङ्कजे विकसिते कमले यथाकामं यथेच्छं मधु पुष्परसं पिबन् असन्नद्धसौरभ्यं कालप्रतीक्षयाऽनुरजातसुगन्धम् कुड्मलम् कलिकां चुम्बति, इति पश्य। वाक्यार्थः कर्म॥ २०६॥

हिन्दी—विकसित कमलमें यथारुचि मकरन्द पान करनेवाला यह भ्रमर कालकी प्रतीक्षासे अनुत्पन्नगन्ध इस कलीको चूम रहा है। इस बातको देखिये॥ २०६॥

इति प्रौढाङ्गनाबद्धरतिलीलस्य रागिणः।
कस्याञ्चिदिह बालायामिच्छावृत्तिर्विभाव्यते॥ २०७॥

उदाहरणं योजयति—**इतीति**। इति अत्रोदाहरणे प्रौढाङ्गनाबद्धरतिलीलस्य प्रौढ-वनितानुरक्तस्य कस्यचित् रागिणः कामिनः कस्यांचित् बालायाम् अज्ञातयौवनायाम् इच्छावृत्तिः सुरताभिलाषोदयो विभाव्यते प्रतीयते। अत्राप्रस्तुतभ्रमरवृत्तान्तेन प्रौढाङ्गना-रतिशालिनः कामुकस्य बालासुरतासक्तिस्समासोक्त्या प्रतीयते। अत्र कार्यसाम्यं प्रत्यायनबीजम्॥ २०७॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें प्रौढ़वनिताके साथ यथेच्छ रतिक्रीड़ा करते हुए किसी कामुककी अज्ञातयौवना किसी बालवनिताके साथ सुरतकी इच्छा प्रतीत होती है। यहाँ पर अप्रस्तुत भ्रमर वृत्तान्तसे अप्रस्तुत नायकवृत्तान्तकी प्रतीति होती है। यह कार्य साम्यमूलक समासोक्ति है॥२०७॥

विशेष्यमात्रभिन्नापि तुल्याकारविशेषणा।
अस्त्यसावपराप्यस्ति भिन्नाभिन्नविशेषणा॥ २०८॥

समासोक्तेः प्रभेदं विशदयति—**विशेष्येति**। तुल्याकारविशेषणाश्लेषादिना प्रस्तुताप्रस्तुतोभयगामिविशेषणा विशेष्यमात्रभिन्ना श्लेषाभावेन यत्र विशेष्यमात्रं नोभयपर्यवसायि किन्त्वेकार्थबोधकं तादृशी, असौ एतादृशी समासोक्तिरस्ति, अपरापि भिन्नाभिन्नविशेषणा यत्रांशे न श्लेषस्तत्र भिन्नविशेषणा यत्र च श्लेषस्तत्राभिन्नविशेषणा, तदुभयोरेकत्र समावेशे भिन्नाभिन्नविशेषणाऽपि समासोक्तिरस्ति। अयमाशयः—समासोक्तेर्भेदद्वयमस्ति, एकः—यत्र विशेषणानि श्लेषेणोभयार्थबोधकानि केवलं विशेषणं न श्लिष्टमिति तदेकार्थम्। अन्यश्च यत्र कतिचनविशेषणानि श्लेषेणाभिन्नानि, कतिचिच्च श्लेषाभावेन भिन्नानि। तदिदं भेदद्वयमपि पुर उदाहरणप्रसङ्गे स्फुटीभविष्यति ॥ २०८ ॥

हिन्दी—समासोक्तिके दो प्रकार हैं, एक वह जिसमें विशेष्यवाचक पद अश्लिष्यमाण होता है अतएव विशेष्यभिन्न एकार्थवाचक होता है और विशेषणवाचक पदोंमें श्लेषके होनेसे विशेषणतुल्याकार उभयार्थक हों, दूसरा प्रभेद वह होता है जिसमें कुछ विशेषण तो श्लेष नहीं होनेसे भिन्न होते हैं और कुछ विशेषण श्लिष्टपदोपस्थाप्य होनेसे अभिन्न होते हैं। इनमें प्रथम प्रभेद विशेष्यमात्रभिन्ना और दूसरा प्रभेद भिन्नाभिन्नविशेषणा कहलाती है।

इन प्रभेदोंमें श्लेषशब्दसे शब्दश्लेष और अर्थश्लेष दोनों तरहके श्लेष लिये जाते हैं, शब्दश्लेषमूलक विशेष्यमात्रभिन्ना तुल्याकारविशेषणा समासोक्ति का उदाहरण दण्डीने स्वयं दिया है, अर्थश्लेषमूलक तुल्याकारविशेषणा समासोक्तिका उदाहरण यह है—

'विलिखति कुचावुच्चैर्गाढं करोति कचग्रहं लिखति ललिते वक्त्रे पत्रावलीमसमञ्जसाम्।
क्षितिप खदिरः श्रोणीबिम्बाद्विकर्षति चांशुकं मरुभुवि हठान्नश्यन्तीनां तवारिमृगीदृशाम् ॥'

यहाँ पर कुचविलेखन, कचग्रहण आदि पदोंमें अर्थश्लेष द्वारा ही खदिर वृक्ष तथा हठ नायक दोनों में साधारण्य होता है, इसमें उन्हीं साधारण विशेषणोंसे हठ नायककी प्रतीति होती है।

यह तुल्याकार विशेषणत्व औपम्यगर्भत्वमें और सारूप्यमें भी होता है, उनमें औपम्यगर्भका उदाहरण यह है—

'दन्तप्रभापुष्पचिता पाणिपल्लवशोभिनी। केशपाशालिवृन्देन सुवेशा हरिणेक्षणा ॥'

यहां पर नायिकावृत्तान्तसे लताकी परिस्फूर्त्ति हुई है, अतः समासोक्ति है। नायिकापक्षमें 'दन्तप्रभापुष्पाणीव' इत्यादि उपमितसमास होगा, और लतापक्षमें 'दन्तप्रभासदृशैः पुष्पैश्चिता' इस तरह समास किया जायगा।

सारूप्यमें उदाहरण है :—

'पुरा यत्र स्रोतः पुलिनमधुना तत्र सरितां विपर्यासं यातो घनविरलभावः क्षितिरुहाम्।
बहोर्दृष्टं कालादपरमिव मन्ये वनमिदं निवेशः शैलानां तदिदमिति बुद्धिं द्रढयति' ॥

यहाँ पर सारूप्य द्वारा वनसे कुटुम्बियों को प्रतीति होती है ॥ २०८ ॥

रूढमूलः फलभरैः पुष्णन्ननिशमर्थिनः।
सान्द्रच्छायो महावृक्षः सोऽयमासादितो मया ॥ २०९ ॥

तुल्याकारविशेषणां समासोक्तिमाह—**रूढमूल इति**। रूढं प्रवृद्धं मूलं शिफा मूलधनञ्च यस्य तादृशः, फलभरैः नानाविधैः फलैः तथा वाञ्छितार्थलाभैः अनिशं सदा अर्थिनः याचकान् पुष्णन् योजयन्, सान्द्रच्छायः घनच्छायः प्रसन्नकान्तिश्च सोऽयं महावृक्षो मयाऽऽसादितो लब्धः। अत्र सर्वाण्यपि विशेषणानि श्लिष्टतया तुल्याकाराणि वृक्षमहापुरुषोभयगामीनि, केवलं महावृक्ष इति विशेष्यपदमेकार्थम्। अत्र वृक्षोक्त्या महापुरुषस्य प्रतीतिरिति समासोक्तिः ॥ २०९ ॥

हिन्दी—जिसका मूल (जड़) बढ़ा हुआ है और जिसका मूलधन बहुत बढ़ा हुआ है, फलराशिसे और वाञ्छितार्थलाभसे जो याचककोंकी तृप्ति करता है, जिसकी छाया बड़ी घनी है, और जिसकी वदनकान्ति प्रसन्न है, ऐसे महावृक्षको (महापुरुषको) मैंने प्राप्त कर लिया है। इसमें महावृक्षोक्तिसे महापुरुषकी प्रतीति है अतः यहाँ समासोक्ति अलङ्कार हुआ, उसमें भी यहाँ सभी विशेषण श्लिष्ट हैं अतः वृक्ष पुरुष दोनोंमें अन्वित होते हैं, केवल विशेष्य भिन्न है अश्लिष्ट है, अतः इस भेदको विशेष्यमात्रभिन्ना तुल्याकारविशेषणा समासोक्ति कहते हैं ॥ २०९ ॥

अनल्पविटपाभोगः फलपुष्पसमृद्धिमान्।
[1]सोच्छ्रायः स्थैर्यवान् दैवादेष लब्धो मया द्रुमः ॥ २१० ॥

भिन्नाभिन्नविशेषणां समासोक्तिमुदाहरति—**अनल्पेति**। अनल्पः अधिको विटपानाम् शाखानाम् आभोगो विस्तारो यस्य तादृशः फलपुष्पसमृद्धिमान् फलैः पुष्पैश्च पूर्णः, सोच्छ्रायः महोन्नतः स्थैर्यवान् दृढमूलश्च एषः महाद्रुमो मया दैवात् लब्धः। अत्र वृक्षस्य चत्वारि विशेषणानि, तेषु द्वे केवलं वृक्षगते इति भिन्ने, अन्तिमे च द्वे विशेषणे सोच्छ्रायः स्थैर्यवानिति च, उच्छ्रायो विभूतिमत्त्वं स्थैर्यवान् दृढनिश्चय इत्यर्थेन महापुरुषेऽपि योजयितुं शक्येते, तेनेमे अभिन्ने एवञ्च भिन्नाभिन्नविशेषणा समासोक्तिरियम् ॥ २१० ॥

हिन्दी—जिसकी शाखाओंका विस्तार बहुत बड़ा है, जो फलपुष्पसे समृद्ध है, जो बहुत ऊँचा है, जिसकी जड़ दृढ़ है, ऐसे वृक्षको मैंने भाग्यवश प्राप्त कर लिया है। यहाँ पर वृक्षसे किसी महापुरुष की प्रतीति होती है, अतः यह समासोक्ति है। इस उदाहरणमें वृक्षके चार विशेषण हैं, जिनमें पहले दो विशेषण श्लेषासम्पृक्त होनेके कारण भिन्न हैं, सोच्छ्राय और स्थैर्यवान् यह दो विशेषण श्लिष्ट हैं, महापुरुषपक्षमें इनका अर्थ उन्नतियुक्त तथा दृढ़निश्चय यह किया जाता है, अतः ये दोनों विशेषण अभिन्न हुए, इस प्रकारसे यह उदाहरण भिन्नाभिन्नविशेषण समासोक्ति का हुआ ॥ २१० ॥

उभयत्र पुमान् कश्चिद् वृक्षत्वेनोपवर्णितः।
सर्वे साधारणा धर्माः पूर्वत्रान्यत्र तु द्वयम् ॥ २११ ॥

उदाहरणद्वयगतं विशेषमाह—**उभयत्रेति**। अनन्तरोक्तं उदाहरणद्वये उभयत्र कश्चित् पुमान् वृक्षत्वेनोपवर्णितः वृक्षोपमानतया निर्दिष्टः, तयोः पूर्वत्र प्रथमे सर्वे रूढमूलत्वादयो धर्माः साधारणाः श्लिष्टतयोभयान्वयिनः, अन्यत्र द्वितीय उदाहरणे तु (चतुर्षु विशेषणेषु) द्वयम् अन्तिमविशेषणद्वितयम् साधारणम् उभयनिष्ठम् अत एव च प्रथमस्य तुल्याकारविशेषणतया चरमस्य च भिन्नाभिन्नविशेषणतया व्यपदेशः ॥ २११ ॥

हिन्दी—ऊपर बताये गये दोनों उदाहरणोंमें—'दृढमूलः' इत्यादि तथा 'अनल्पविटपाभोगः' इत्यादिमें—किसी महापुरुषको वृक्षत्वेन स्तुत किया गया है, वृक्षका वर्णन करके किसी महापुरुषकी प्रतीति कराई गई है, यह दोनों समासोक्तिके उदाहरण हैं। इनमें पहले 'दृढमूलः' इत्यादि उदाहरणमें सभी विशेषण समान हैं। अर्थात् श्लिष्टतया वृक्ष और महापुरुष दोनों में अन्वित होते हैं, दूसरे उदाहरण—'अनल्पविटपाभोगः' में कथित चार विशेषणोंमें से केवल दो ही—'सोच्छ्रायः', 'स्थैर्यवान्' विशेषण श्लिष्ट होनेसे उभयान्वयी हैं। यही कारण है कि पहला उदाहरण तुल्याकारविशेषण समासोक्ति का है, और दूसरा उदाहरण भिन्नाभिन्नविशेषणा समासोक्ति का ॥ २११ ॥

---

१. सुच्छायः।

निवृत्तव्यालसंसर्गो निसर्गमधुराशयः।
अयमम्भोनिधिः कष्टं कालेन परिशुष्यति[1] ॥ २१२ ॥
इत्यपूर्वसमासोक्तिः पूर्वधर्मनिवर्त्तनात्।
समुद्रेण[2] समानस्य पुंसो व्यापत्तिसूचनात् ॥ २१३ ॥
(इति समासोक्तिचक्रम्)

अपूर्वसमासोक्तिमुदाहरति—**निवृत्तेति**। निवृत्तः दूरीभूतः व्यालानां सर्पाणां संसर्गः सम्बन्धो यत्र तादृशः (सागरः) खलानां संसर्ग इति च प्रतीयमाने पुरुषेऽर्थः, निसर्गमधुराणां जलानामाशयः आधारः (सागरः) निसर्गमधुरचित्तवृत्तिश्च पुरुषः। एतादृशः अयम् (अद्भुततयाऽपूर्वः) अम्भोनिधिः सागरः कालेन समयक्रमेण (यमेन च) परिशुष्यति नाशं गमिष्यति। कष्टं दुःखप्रदमिदम्। अत्र सागरेणोक्तेन कश्चन महान्पुरुषः प्रत्याय्यते ॥ २१२ ॥

उदाहरणं योजयति—**इतीति**। इति सेयमुदाहृता समासोक्तिः अपूर्वसमासोक्तिर्नाम, तत्र हेतुमाह—पूर्वधर्मनिवर्त्तनादित्यादिना। पूर्वयोः संसारेऽपि समुद्रवर्त्तितया प्रसिद्धयोः व्यालसंसर्गक्षारजलत्वयोः निवर्त्तनात् व्यालासंसृष्टत्वमधुराशयत्वोक्त्या समुद्रे प्रसिद्धधर्मविरुद्धधर्मयोर्निवेशनात्, निवृत्तव्यालत्वादिगुणैः समुद्रेण समानस्य पुंसो व्यापत्तिसूचनात् नाशस्य बोधनादियमपूर्वसमासोक्तिः ॥ २१३ ॥

हिन्दी—जो साँपोंके संसर्गसे रहित है, या दुर्जनसंसर्गसे रहित है, जिसमें स्वभावतः मधुररसवाले जल भरे हैं, या जिसकी मनोवृत्ति कोमल है, ऐसा वह जलनिधि (सत्पुरुष) कालके प्रभावसे (मृत्युसे) सूख जायगा (नष्ट हो जायगा) ॥ २१२ ॥

यह अपूर्वसमासोक्तिका उदाहरण है क्योंकि इसमें संसारप्रसिद्ध सागरधर्म सर्पयुक्तत्व और क्षारजलत्वका तिरस्कार करके (अपूर्वधर्मका आरोप करके) समुद्रसे समता रखनेवाले सत्पुरुषके नाशकी प्रतीति कराई गई है ॥ २१३ ॥

विवक्षा या विशेषस्य लोकसीमातिवर्तिनी[3]।
असावतिशयोक्तिः स्यादलङ्कारोत्तमा[4] यथा ॥ २१४ ॥

अतिशयोक्तिं लक्षयति—**विवक्षेति**। विशेषस्य प्रस्तुतवस्तुगतस्योत्कर्षस्य लोकसीमातिवर्त्तिनी लौकिकमर्यादातिक्रान्ता अद्भुतवर्णनानुगता विवक्षा—विवक्षया वर्णना सातिशयोक्तिर्नाम। प्रस्तुतस्य विशेषस्यातिबलं वर्णनमतिशयोक्तिरित्यर्थः। सा चेयमतिशयोक्तिरलङ्कारोत्तमा, वैचित्र्यमूलकेष्वलङ्कारेषु अतिवेलवर्णनमेव प्रायशो बीजभूतं तदेवात्र प्रधानमिति युज्यतेऽतिशयोक्तेरलङ्कारोत्तमत्वमिति बोध्यम् ॥ २१४ ॥

हिन्दी—प्रस्तुत वस्तुको असाधारणरूपसे बढ़ा-चढ़ाकर कहना ही अतिशयोक्ति नामका अलङ्कार है। वह सभी अलङ्कारोंमें श्रेष्ठ है, क्योंकि वैचित्र्यमूलक अलङ्कारोंमें जो विचित्रता रहा करती है वह बढ़ाकर कहनेसे ही, उसीकी प्रधानता उसमें रहती है। प्रस्तुत वस्तुका उत्कर्षवर्णन अभेदाध्यवसानादि कतिपय रूपमें किया जा सकता है, उन्हीं स्फुटमार्गोंको आधार बनाकर अर्वाचीन आचार्योंने अभेदाध्यवसानको प्राधान्येन अतिशयोक्ति स्वरूप ही मान लिया है।

अतिशयोक्तिमें प्रस्तुत वस्तुका लोकसीमातिक्रान्तरूपमें वर्णन किया जाता है, अतः दशविध गुणोंमें अन्यतम कान्तिगुणका तो अभाव अतिशयोक्तियुक्त काव्यमें अवश्यमेव हो जायेगा, क्योंकि

१. परिशुष्यते। २. द्रे तत्समा। ३. वर्तिनः। ४. रोत्तमो।

कान्तिगुणके लक्षणमें—'कान्तं सर्वजगत् कान्तं लौकिकार्थानतिक्रमात्' कहा है, वह आशङ्का यहाँ उठाई जा सकती है, इसका उत्तर दो प्रकारसे दिया जायगा, एक तो यह कि कान्तिनामक गुणका स्थान—वार्त्ताभिधानादि सीमित है अतः अतिशयोक्तिवाले काव्यमें उसके नहीं रहनेसे भी कोई क्षति नहीं होगी, दूसरा उत्तर यह है कि कान्तिगुण धर्मीके यथार्थ वर्णनकी अपेक्षा करता है, अतिशयोक्तिमें विशेष अर्थात् धर्मविशेषका ही अलौकिक रूपमें वर्णन किया जायगा, फलतः अतिशयोक्तिसे कान्तिगुणमें कुछ बाधा नहीं हो सकेगी।

अतिशयोक्तिका लक्षण अग्निपुराण में इस प्रकार कहा गया है :—

'लोकसीमातिवृत्तस्य वस्तुधर्मस्य कीर्त्तनम्। भवेदतिशयः………॥'

भामहने काव्यालङ्कार नामक अपने ग्रन्थमें अतिशयोक्तिका यह लक्षण दिया है :—

'निमित्ततो वचो यत्तु लोकातिक्रान्तगोचरम्। मन्यन्तेऽतिशयोक्तिं तामलङ्कारतया बुधाः॥'

वामनने—'संभाव्यधर्मतदुत्कर्षकल्पनातिशयोक्तिः' यह लक्षण कहा है। दण्डीने जो लक्षण कहा है वह प्रकृत ही है, इन सभी लक्षणोंमें एक ही बात है, सभी आचार्य वर्णनीय वस्तुको बढ़ा-चढ़ा कर कहने को ही अतिशयोक्ति मानते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि दण्डीके कालतक अतिशयोक्तिका लक्षण बहुत स्थूल रहा है, आगे आकर इस विषयमें क्रमशः परिष्कार हुआ है।

'निमित्ततो वचो यत्तु' इस भामहके लक्षणमें थोड़ा और जोड़ कर उद्भटने अतिशयोक्तिके लक्षण का थोड़ा परिष्कार किया, उनका लक्षण है :—

निमित्ततो वचो यत्तु लोकातिक्रान्तगोचरम्। मन्यन्तेऽतिशयोक्तिं तामलङ्कारतया बुधाः॥
भेदेऽनन्यत्वमन्यत्र नानात्वं यदि बध्यते। तथाऽसंभाव्यमानार्थनिबन्धेऽतिशयोक्तिगीः॥
कार्यकारणयोर्यत्र पौर्वापर्यविपर्ययात्। आशुभावं समालम्ब्य बध्यते सोऽपि पूर्ववत्॥'

मुझे मालूम पड़ता है कि इसमें बताई गई दिशा ही काव्यप्रकाशकारकी अतिशयोक्तिपरिभाषाकी प्रवर्त्तिका बनी है। उनकी परिभाषामें 'निगीर्याध्यवसानम्' वाली बात अपनी है, जिसे अनन्तरोत्पन्न सभी आचार्य स्वीकार करते आये हैं, औरों की तो बात जाने दीजिये, पण्डितराजने भी—

'विषयिणा विषयस्य निगरणमतिशयः, तस्योक्तिरतिशयोक्तिः' कह कर काव्यप्रकाशका ही मत स्वीकार किया है॥ २१४॥

मल्लिकामालभारिण्यः[1] सर्वाङ्गीणार्द्र[2]चन्दनाः।
क्षौमवत्यो न लक्ष्यन्ते ज्योत्स्नायामभिसारिकाः॥ २१५॥

अतिशयोक्तिमुदाहरति—**मल्लिकेति**। मल्लिकापुष्पाणां माधवीकुसुमानां मालाः बिभ्रतीति मल्लिकामालभारिण्यः सर्वाङ्गीणार्द्रचन्दनाः सर्वाङ्गलिप्तमलयजद्रवाः क्षौमवत्यः सितवसना अभिसारिण्यः कान्तमभिसरन्त्योऽङ्गनाः ज्योत्स्नायां न लक्ष्यन्ते पृथक्तया न ज्ञायन्ते। अत्र ज्योत्स्नायाः श्वेतत्वं मल्लिकापुष्पाद्यभिन्नतया वर्ण्यमानं समधिकश्वेततया प्रतीयत इत्यतिशयोक्तिः॥ २१५॥

हिन्दी—माधवीपुष्पकी माला धारण करनेवाली एवं सर्वाङ्गमें चन्दन लेप करनेवाली धवलवसनपरिधाना अभिसारिकायें चाँदनी रातमें लक्षित नहीं होती हैं।

यहाँ पर चाँदनीका ही वर्णन करना है, चाँदनीकी श्वेतता मल्लिकाकुसुमचन्दनादिकी श्वेतता से मिलती-जुलती है ऐसा कहनेसे चांदनीकी प्रशंसा होती है।

---

१. मल्लिकामाल्यधारिण्यः। २. क्षैणार्द्रं।

काव्यप्रकाशकारादि नवीन आचार्योंने ऐसे स्थलमें एक स्वतन्त्र मीलित नामक अलङ्कार स्वीकार किया है, जिसका लक्षण यह कहा है :—

'समेन लक्ष्मणा वस्तु वस्तुना यन्निगूह्यते । निजेनागन्तुना वापि तन्मीलितमिति स्मृतम्' ॥२१५॥

चन्द्रातपस्य बाहुल्यमुक्तमुत्कर्षवत्तया ।
संशयातिशयादीनां व्यक्त्यै[1] किञ्चिन्निदर्श्यते ॥ २१६ ॥

उदाहरणं योजयति—**चन्द्रातपस्येति** । अत्रोदाहरणे चन्द्रातपस्य चन्द्रिकायाः बाहुल्यम् समधिकं धावल्यम् । उत्कर्षवत्तया मल्लिकादिधावल्याभेदेन समधिकतया उक्तम्, अतः इदमतिशयोक्त्युदाहरणम् । भेदान्तरं दर्शयितुमाह—**संशयातिशयादीनामिति** । संशयातिशयादीनां संशयातिशयोक्तिनिर्णयातिशयोक्तिप्रभृत्यतिशयोक्तिप्रकाराणां व्यक्त्यै स्फुटप्रतिपत्तये किञ्चित् स्वल्पं निदर्श्यते उदाह्रियते ॥ २१६ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें चन्द्रिकाकी धवलता मल्लिकाकुसुमाभिन्नतया अतिधवल रूपमें वर्णित हुई है, अतः यह अतिशयोक्ति है। इसके बाद संशयातिशयोक्ति आदि प्रभेदोंको स्पष्ट करनेके लिये कुछ उदाहरण दिये जायेंगे ॥ २९६ ॥

स्तनयोर्जघनस्यापि मध्ये मध्यं[2] प्रिये तव ।
अस्ति नास्तीति सन्देहो न मेऽद्यापि निवर्त्तते ॥ २१७ ॥

संशयातिशयोक्तिमुदाहरति—**स्तनयोरिति** । हे प्रिये, तव स्तनयोः जघनस्य अपि मध्ये अन्तराले तव मध्यं कटिदेशः अस्ति नास्ति वा इति मे संदेहः संशयः अद्यापि चिर-सहवासे जातेऽपि न निवर्त्तते नापैति । अत्र संशयेन मध्यस्यातिकृशत्वं वर्ण्यत इति संशया-तिशयोक्तिरियम् ॥ २१७ ॥

हिन्दी—हे प्रिये, तुम्हारे, इन तुङ्गोन्नत स्तनों और चक्राकारविशाल जघनके बीचमें तुम्हारा मध्य-कमर है या नहीं यह मेरा सन्देह आज भी दूर नहीं हो सका है।

इसमें संशयद्वारा मध्यका कृशतातिशय वर्णित हुआ है, यह संशयातिशयोक्ति है ॥ २१७ ॥

निर्णेतुं शक्यमस्तीति मध्यं तव नितम्बिनि ।
अन्यथानुपपत्त्यैव[3] पयोधरभरस्थितेः[4] ॥ २१८ ॥

निर्णयातिशयोक्तिमाह—हे नितम्बिनि प्रशस्तनितम्बे, पयोधरभरस्य कुचविस्तारस्य स्थितिः सत्ता तस्याः अन्यथानुपपत्त्या निरालम्बनस्थित्यनुपपत्त्या एव तव मध्यम् अस्तीति निर्णेतुं शक्यम् । तव मध्यमतिकृशतयाऽस्ति नास्ति वेति संदेहे पयोधरभरस्या-न्यथानुपपत्तिरेव संशयापासिका, यदि मध्यं न स्यात्तदा कुचभरः क्वावतिष्ठेतातोऽस्ति मध्यम् इति निर्णीयते इत्याशयः । अत्र पयोधरभरान्यथानुपपत्त्या मध्यं कल्प्यते, तेन तस्यातिकृशत्वं वर्ण्यत इति ॥ २१८ ॥

हिन्दी—हे नितम्बिनि, तुम्हारा मध्यदेश है इसका निश्चय इसीसे होता है कि तुम्हारे कुच-विस्तार है, यदि मध्यदेश नहीं रहता तो यह कुचभार कहाँ रहते ? इसी अन्यथानुपपत्तिसे मध्य-देशकी कल्पना होती है। यह निर्णयातिशयोक्ति है, क्योंकि मध्य की स्थितिका निर्णय जिस प्रकारसे अवतीर्ण हुआ है वह कृशतातिशयका बोधक है ॥ २१८ ॥

अहो विशालं भूपाल भुवन[5]त्रितयोदरम् ।
माति मातुमशक्योऽपि यशोराशिर्यदत्र ते ॥ २१९ ॥

---

१. व्यक्तौ । २. मध्यमस्तीति । ३. नोपपद्येत । ४. स्थितिः । ५. भवन ।

आश्रयाधिक्येऽतिशयोक्तिमुदाहरति—**अहो विशालमिति**। हे भूपाल, राजन्, भुवनत्रितयोदरम् त्रिभुवनमध्यम् विशालम् महत्, अहो आश्चर्यम्! अस्य भुवनत्रयोदरस्य विशालत्वमाश्चर्यजनकम् इत्यर्थः। आश्चर्यकारणमाह—**यदिति**। यत् यस्मात् अत्र त्रिभुवनोदरे मातुम् समावेष्टुम् अशक्यः अयोग्यः अपि ते यशोराशिः कीर्त्तिभरः माति समाविशति। अत्राश्रयस्य त्रिभुवनोदरस्य विशालताप्रतिपादनेन तत्राश्रितस्य यशोराशेराधिक्यवर्णनात् आश्रयाधिक्यातिशयोक्तिरियम्॥ २१९॥

हिन्दी—हे भूपाल, यह त्रिभुवनोदर अतिविशाल है, इसकी विशालता आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस त्रिभुवनोदरमें तुम्हारा यश भी समाविष्ट हो गया है जो कहीं भी समाविष्ट नहीं हो सका था।

इस उदाहरणमें त्रिभुवनोदर रूप आश्रयके आधिक्यसे आश्रित यशोराशिका आधिक्य वर्णित होता है, अतः यह आश्रयाधिक्यातिशयोक्ति है।

नवीन आचार्यगण इसे अधिक अलङ्कार मानते हैं, उसका लक्षण उन लोगोंने इस प्रकार कहा है :—

'महतो यन्महीयांसावाश्रिताश्रययोः क्रमात्। आश्रयाश्रयिणौ स्यातां तनुत्वेऽप्यधिकं तु तत्' ॥२१९॥

अलङ्कारान्तराणामप्येकमाहुः[1] परायणम्।
वागीशमहितामुक्तिमिमामतिशयाह्वयाम्॥ २२०॥
(इत्यतिशयोक्तिचक्रम्)

वागीशमहिताम् बृहस्पतिनाप्यादृताम् परमश्रेष्ठाम् इमाम् वर्णितस्वरूपाम् अतिशयाह्वयाम् उक्तिम् अतिशयोक्तिम् अलङ्कारान्तराणाम् अन्येषां विविधालङ्काराणाम् अपि परायणम् परममाश्रयम् आहुः, यथोक्तं भामहेन—

'इत्येवमादिरुदिता गुणातिशययोगतः। सर्वैवातिशयोक्तिस्तु तर्कयेत्तां यथागमम्'॥ २२०॥

हिन्दी—बृहस्पतिके द्वारा प्रशंसित परमश्रेष्ठ यह अतिशयोक्ति अन्यान्य विविध अलङ्कारों का भी आश्रय होती है।

इसका तात्पर्य यह है कि शब्दार्थवैचित्र्य ही अलङ्कार है, वह वैचित्र्य अतिशयोक्त्यधीन है, अतः सभी अलङ्कारोंमें सामान्यतः अतिशयोक्ति रहती है, परन्तु तत्तद्वैचित्र्यविशेषके कारण भिन्न-भिन्न नामसे व्यवहार होता है। जहाँ पर दूसरे प्रकारकी विचित्रता नहीं रहती है वहाँ अतिशयोक्ति होती है। इसी सिद्धान्तको हृदयमें रख कर कहा गया है :—

'कस्याप्यतिशयस्योक्तिरित्यन्वर्थविचारणात्। प्रायेणामी अलङ्कारा भिन्ना नातिशयोक्तितः' ॥२२०॥

अन्यथैव स्थिता वृत्तिश्चेतनस्येतरस्य वा।
अन्यथोत्प्रेक्ष्यते यत्र[2] तामुत्प्रेक्षां विदुर्यथा॥ २२१॥

उत्प्रेक्षां लक्षयति—**अन्यथैवेति**। चेतनस्य मनुष्यादेः अचेतनस्य तर्वादेर्वा अन्यथा स्वभावनिष्पन्नतया स्थिता वर्त्तमाना गुणक्रियास्वरूपा वृत्तिः अन्यथा स्वरूपमपहाय भिन्नरूपेण यत्र उत्प्रेक्ष्यते उत्कटकोटिकसंभावनाविषयीक्रियते, बुधास्तामुत्प्रेक्षां नामालङ्कारं विदुः। अयमाशयः-यत्र प्रस्तुतस्य चेतनस्याचेतनस्य वा स्वाभाविकी स्थितिरप्रस्तुतान्यथाभावेन संभाव्यते सोत्प्रेक्षा। प्रकाशकारादयः—'संभावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परेण यत्' इति लक्षयन्ति। तत्रोत्कटैककोटिकः संशयः संभावनपदार्थः, तत्रापि उत्कटा कोटिरप्रस्तुत-

१. मप्याहुरेकं। २. यत्तु

स्यैव भवति, सा चाप्रस्तुतद्वारा प्रस्तुतस्य निगरणेन, तच्च द्विधा, क्वचित् प्रस्तुतस्यानुपादानेन, क्वचिच्च तस्य तिरस्कारेण भवति, तदुक्तम्—

'विषयस्यानुपादानेऽप्युपादानेऽपि सूरयः।
अधःकरणमात्रेण निगीर्णत्वं प्रचक्षते ॥' इति ॥ २२१ ॥

हिन्दी—वर्णनीय चेतन अथवा अचेतन वस्तुकी स्वाभाविक स्थितिको यदि अप्रस्तुत वस्तुके रूपमें संभावित किया जाय तब उत्प्रेक्षाऽलङ्कार होता है। यदि उपमेयमें उपमानकी संभावना की जाय तब उत्प्रेक्षा होती है, यही आशय हुआ।

यहाँ संभावना शब्दसे उत्कटैककोटिक संशय विवक्षित है। अप्रस्तुतकी ओर यदि अधिक झुकाव हो तो ऐसी संभावनामें उत्प्रेक्षा होती है। संभावनापेक्षित संशयकी उत्कटैककोटिकता दो प्रकारसे होती हैं, विषयमें—उपमेयके अनुपादानमें, और उपमेयके उपादीयमान होने पर भी उपमानद्वारा तिरस्करणमें। यह संशय आहार्य ही होता है, अतः भ्रमस्थलमें उत्प्रेक्षा नहीं होती। रूपकालङ्कारमें निश्चय ही होता है संशय नहीं, अतः वहां उत्प्रेक्षा नहीं कही जा सकती है। संदेहालङ्कारमें समकोटिक संशय होता है उत्प्रेक्षामें उत्कटैककोटिक। नवीन आचार्योंने उत्प्रेक्षालंकारलक्षण-प्रभेदादि इस प्रकार कहे हैं—

'भवेत्संभावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना। वाच्या प्रतीयमाना सा प्रथमं द्विविधा मता ॥
वाच्येवादिप्रयोगे स्यादप्रयोगे परा पुनः। जातिर्गुणः क्रिया द्रव्यं यदुत्प्रेक्ष्यं द्वयोरपि ॥
तदष्टधापि प्रत्येकं भावाभावाभिमानतः। गुणक्रियास्वरूपत्वान्निमित्तस्य पुनश्च ताः ॥
द्वात्रिंशद्विधतां यान्ति………।'

भामहने उत्प्रेक्षाके भेदमें चुप्पी लगा रखी थी, उन्हींके पदचिह्नों पर चलनेवाले काव्यप्रकाशकारने भी उत्प्रेक्षाके भेद नहीं किये हैं। उद्भटने—'भावाभावाभिमानतः' वाले भेदोंको माना है, अलङ्कारसर्वस्वकारने तो बहुतसे प्रभेद बताकर अन्तमें इसे अन्तहीन भेदवाली कहा है। वास्तविक दृष्टिमें इसके प्रभेदोंका कथन आवश्यक था, मौनधारणको अन्धानुकरण कहा जा सकता है ॥ २२१ ॥

मध्यन्दिनार्कसन्तप्तः सरसीं गाहते गजः।
मन्ये मार्त्तण्ड[1]गृह्याणि पद्मान्युद्धर्त्तु[2]मुद्यतः[3] ॥ २२२ ॥
स्नातुं पातुं बिसान्यत्तुं करिणी जलगाहनम्।
तद्वैरनिष्क्रयायेति कविनोत्प्रेक्ष्य वर्ण्यते ॥ २२३ ॥

चेतनगतामुत्प्रेक्षामुदाहरति—**मध्यन्दिनेति**। मध्यन्दिनार्कसन्तप्तः मध्याह्नसूर्यकिरणजनितसन्तापः गजः सरसीं जलाशयं गाहते अवतरति, मन्ये, मार्त्तण्डगृह्याणि सूर्यपक्षपातीनि पद्मानि उद्धर्त्तुम् उन्मूलयितुम् उद्यत इव। अत्र चेतनस्य गजस्य स्नानपानाद्यर्थं सरसीमज्जनं सूर्यस्य सन्तापकारित्वेन शत्रुभूततया तत्पक्षपातिकमलोन्मूलनहेतुतयोत्प्रेक्ष्यते। केचित्त्वत्र प्रत्यनीकालङ्कारलक्षणं योजयन्ति, तद्यथा—

'प्रत्यनीकमशक्तेन प्रतीकारे रिपोर्यदि। तदीयस्य तिरस्कारस्तस्यैवोत्कर्षसाधकः ॥'

वस्तुतस्तु—यत्र तत्पक्षापकारो वास्तवतया कविना विवक्ष्यते तत्रैव प्रत्यनीकालङ्कारः, अत्र तु संभावनामात्रमिति नास्ति तत्संभावनेति विभावनीयम् ॥ २२२ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**स्नातुमिति**। स्नातुम् स्नानं कर्त्तुम्, पातुम् जलपानेन तृषं शमयितुम्, बिसानि कमलनालानि अत्तुम् भक्षयितुम् (करिणा क्रियमाणम्) करिणो

१. मार्ताण्ड। २. न्याहर्तुम्। ३. उत्सुकः।

जलगाहनम् जलेऽवतरणं तस्य वैरम् सूर्ये स्वशत्रुत्वं तस्य निष्क्रयाय प्रतिशोधनाय, इति एवम् कविना उत्प्रेक्ष्य संभाव्य वर्ण्यते। मध्यन्दिने सूर्यकरसन्तप्तस्य करिणः स्नानाद्युद्दिश्य कृतमपि जलावगाहनं सन्तापकसूर्यपक्षगतकमलोन्मूलनहेतुतया संभाव्यत इति भवत्युत्प्रेक्षा-लक्षणसंगतिः ॥ २२३ ॥

हिन्दी—दोपहरके सूर्यकी किरणोंसे सन्तापित गज पानीमें प्रवेश करता है, ऐसा लगता है मानों वह अपने सन्तापक सूर्यके पक्षपाती (सूर्य कमलका मित्र माना जाता है) कमलोंको उखाड़नेके लिये ही जलमें प्रवेश कर रहा हो ॥ २२२ ॥

इस उदाहरणमें नहाने, पानी पीने या कमलनाल-भक्षणके लिये हाथी द्वारा किया गया जला-वगाहन सूर्यपक्षगत कमलोन्मूलनहेतुतया संभावित करके वर्णित हुआ है, अतः इसे उत्प्रेक्षा मान सकते हैं। यहाँ पर चेतन गजगत वृत्तिको—स्वाभाविक जलावगाहनको अन्य रूपमें—स्वसन्तापक शत्रुभूत सूर्यपक्षगामी कमलकुलोन्मूलनार्थत्वरूपमें संभावित किया गया है, अतः यह उत्प्रेक्षा है, इसमें उत्प्रेक्षाके सभी अङ्ग हैं, उत्प्रेक्षाविषय—जलावगाहन, उसका कारण मध्यन्दिनार्क सन्ताप, उत्प्रेक्षावाचक—मन्येशब्द, अन्यथा संभावना—सूर्यपक्षीय कमलोन्मूलनहेतुत्वेन संभा-वना ॥ २२३ ॥

कर्णस्य भूषणमिदं ममायाति [1]विरोधिनः।
इति कर्णोत्पलं प्रायस्तव दृष्ट्या विलङ्घ्यते ॥ २२४ ॥
अपाङ्गभागपातिन्या दृष्टेरंशुभिरुत्पलम्।
[2]स्पृश्यते वा [3]न वेत्येवं कविनोत्प्रेक्ष्य वर्ण्यते ॥ २२५ ॥

अचेतनगतोत्प्रेक्षामुदाहरति—**कर्णस्येति**। तव दृष्ट्या नयनेन (कर्तृपदम्) मम दृष्ट्याः आयतेः दैर्घ्यविस्तारस्य विरोधिनः बाधकस्य कर्णस्य इदम् उत्पलं भूषणमिति संभाव्यैव प्रायः कर्णोत्पलं विलङ्घ्यते निजांशुभिः प्रताड्यते। यद्ययं कर्णो नाभविष्यत्तदा मदीयो विस्तारोऽधिकोऽभविष्यदिति स्वीयविस्तारविरोधितया कर्णो मतः, तस्यैव चेदमुत्प-लमलङ्करणमिति संभाव्यैव तव दृष्टिः स्वप्रभयोत्पलं ताडयतीति भावः ॥ २२४ ॥

उदाहरणं योजयति—**अपाङ्गभागेति**। अपाङ्गभागपातिन्याः 'गतागतकुतूहलं नयन-योरपाङ्गावधि' इत्युक्ततया नेत्रप्रान्तमात्रे प्रसरणशीलायाः दृष्टेः नयनस्य अंशुभिः नीलाभ-किरणैः उत्पलम् कर्णाभरणीभूतं स्पृश्यते वा न वा स्पृश्यते (स्पर्शमात्रमपि मनाक्संभावना-दूरगतम्) इति एवम् अस्यामेव स्थितौ तदीयदृगंशुभिः उत्पलस्य पराभवः कल्पनयोत्प्रेक्ष्यत इति भवति लक्षणसङ्गतिः। पूर्वोदाहरणे चेतनस्य गजस्य जलावगाहनक्रियोत्प्रेक्षाविषयी-कृताऽत्र तु अचेतनस्य नयनगुणः (श्यामत्वं (कविनोत्प्रेक्षाविषयीकृत इति ॥ २२५ ॥

हिन्दी—तुम्हारे नयन, यह उत्पल हमारे विस्तारको रोकने वाले इन कानोंके भूषण हैं, यही समझ कर (स्वशत्रूपकारकतया वैरी मान कर) अपनी श्यामल प्रभासे इन उत्पलोंको अभिभूत किया करते हैं ॥ २२४ ॥

इस उदाहरणमें नेत्रप्रान्तमें फैलने वाली आँखोंकी श्यामलता उत्पलको छूती है या नहीं छूती है, परन्तु कविने उसी श्यामलतासे उत्पलका अभिभव वर्णन किया है, इस उदाहरणमें अचेतन नयननिष्ठ श्यामत्व गुणका उत्पलाभिभव कर्तृतया उत्प्रेक्षित किया गया है। यहाँ प्रायः शब्द उत्प्रेक्षावाचक है ॥ २२५ ॥

---

१. निरोधिनः। २. स्पृश्येत। ३. न वैवं तु।

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः ।
[1]इतीदमपि भूयिष्ठमुत्प्रेक्षालक्षणान्वितम् ॥ २२६ ॥

मन्ये शंके ध्रुवं प्राय इत्यादयः शब्दा उत्प्रेक्षावाचकाः, इवशब्द उपमावाचकः, इति प्रवादमाधारीकृत्य प्ररूढं लिम्पतीवेत्यादिश्लोके उपमैवालङ्कार इति मतं दूषयितुमाह—**लिम्पतीवेति ।** वर्षासमयकृष्णप्रदोषवर्णनप्रसङ्गे मृच्छकटिकनाटके पद्यं विद्यते—

'लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः । असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ॥'
तदेवात्र विवेचनाय प्रक्रान्तम् । तमः अङ्गानि लिम्पतीव, नभः अञ्जनं कज्जलं वर्षतीव, इति इदं पद्यार्धमपि भूयिष्ठं प्राचुर्येण उत्प्रेक्षालक्षणान्वितम् उत्प्रेक्षाया लक्षणेन युक्तम् । तथाहि अत्र तमसो व्यापनरूपो धर्मो लेपनेन संभावितः, तस्यैव चाधःप्रसरणरूपो धर्मः नभःकर्तृकाञ्जनवर्षणरूपतयोत्प्रेक्षितः । उभयत्रापि विषयस्य संभावनाधिकरणस्यानुपादानं समानम् । अत्रत्य इवशब्दः सम्भावनार्थकः, दूरस्थोऽयं देवदत्त इव भातीत्यत्रेवशब्दवत् । तथाचोत्प्रेक्षालक्षणाक्रान्ततयात्रोत्प्रेक्षैव, नोपमेति ॥ २२६ ॥

हिन्दी—कुछ प्राचीन आचार्य ऐसा विचार रखते थे कि मन्ये, शङ्के, ध्रुवं, प्रायः—इन शब्दोंके रहनेपर उत्प्रेक्षालङ्कार होता है, और इव शब्दके रहनेपर उपमालङ्कार होता है, इसी स्वसिद्धान्तके अनुसार 'लिम्पतीव' इस श्लोकमें उपमा ही मानते हैं, उनके मतका खण्डन करनेके लिये यहाँ से उपक्रम किया गया है ।

इस श्लोकमें वर्षाकालके कृष्णपक्षीय प्रदोषकालका वर्णन है । यहाँ पर अन्धकारके फैलनेको अङ्गलेपन रूपमें संभावित किया जाता है और अन्धकारके अधःप्रसरणको आकाश द्वारा किये गये अंजनवर्षणके रूपमें संभावित किया जाता है । इस उदाहरणमें अधिकांशमें उप्रेक्षाका लक्षण संगत होता है । अतः इस पद्यार्धमें उत्प्रेक्षा अलङ्कार ही है, उपमालङ्कार नहीं । इसी तरह—

'पिनष्टीव तरङ्गाग्रैरुदधिः फेनचन्दम् । तदादाय करैरिन्दुर्लिम्पतीव दिगङ्गनाः ॥'
इस पद्यमें भी उत्प्रेक्षालङ्कार ही मानना चाहिये ।

कुछ अन्य आचार्य इसे सादृश्यमूलक उत्प्रेक्षा मानते हैं, परन्तु दण्डीने तो यहाँ स्पष्ट उत्प्रेक्षा स्वीकार की है ॥ २२६ ॥

केषाञ्चिदुपमाभ्रान्तिरिवश्रुत्येह जायते ।
नोपमानं तिङन्तेनेत्यतिक्रम्याप्तभाषितम् ॥ २२७ ॥

पूर्वकारिकया स्वसिद्धान्त उक्तः, सम्प्रति प्रतिपक्षमतं खण्डयति—**केषाञ्चिदिति ।** केषाञ्चित् परेषाम् आचार्याणाम् इह अत्रोदाहृते पद्यार्धे उपमाभ्रान्तिः उपमैवेति संदेह इवश्रुत्या इवशब्ददर्शनेन जायते, तथाविधा भ्रान्तिश्च निर्मूलेति पूर्वार्द्धभागार्थः । तत्र बाधकमाह—**नोपमानमिति ।** तिङन्तेन तिङन्तशब्दप्रतिपाद्येन न उपमानम् न उपमानबोध इति आप्तभाषितम् अनुल्लङ्घनीयवचनस्याचार्यस्य पतञ्जलेर्भाषितम् वचनमतिक्रम्य उल्लङ्घ्य जातत्वादेवैतादृशं ज्ञानं भ्रम इति । भाष्यकृता 'न तिङन्तेनोपमानमस्ती'-

---

१. इतः प्राक् निम्नपद्यं क्वचिद् दृश्यते—
'असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ।
पिनष्टीव तरङ्गाग्रैरुदधिः फेनचन्दम् । तदादाय करैरिन्दुर्लिम्पतीव दिगङ्गनाः ॥'

त्युक्तम् , तस्यायमाशयः—तिङन्तप्रतिपाद्यस्य साध्यत्वमिति शास्त्रविदः स्वीकुर्वन्ति, तथा च स्मर्यते—'असत्त्वभूतो भावश्च तिङ्पदैरभिधीयते' इति । सिद्धस्यैव चोपमानत्वमिति च सर्वसम्मतम् , यदुक्तम्—

'सिद्धमेव समानार्थमुपमानं विधीयते । तिङन्तार्थस्तु साध्यत्वादुपमानं न जायते ॥' इति ।

एवञ्च तिङन्तप्रतिपाद्यस्य लेपनादेरुपमानत्वायोगान्नास्ति कथमप्यत्रोपमा, 'किन्तु तत्र संभावनार्थक इवशब्दः' इति पूर्वोक्तभाष्यव्याख्यास्थितकैयटग्रन्थानुसारेण तत्रोत्प्रेक्षैव युक्तेति ॥ २२७ ॥

हिन्दी—इस कारिकामें दण्डीने प्रतिपक्षीके मतका खण्डन किया है, जो लोग यहाँ पर उपमालङ्कार मानते हैं उनका कहना है कि इसमें—'लिम्पतीव तमोङ्गानि' इत्यादि पूर्वोक्त पद्यमें इव शब्द है, अतः यहाँ उपमा होगी, उन्हें यह नहीं मालूम है कि ऐसा कहना परमाप्त पतंजलिकी आज्ञाका उल्लंघन करना है, पतंजलिने—'धातोः कर्मणः समानकर्तृकादिच्छायां वा' इस सूत्रके भाष्यमें स्पष्ट कहा है कि—'न तिङन्तेनोपमानमस्ति'। इस भाष्यपङ्क्तिका अभिप्राय यह है कि तिङन्तपदोपस्थाप्य सिद्धावस्थापन्न नहीं होता है, वह साध्यस्वरूप रहता है अतः वह उपमान नहीं हो सकता है, क्योंकि—

'सिद्धमेव समानार्थमुपमानं विधीयते । तिङन्तार्थस्तु साध्यत्वादुपमानं न जायते ॥'

अतः यदि इसमें उपमा अलङ्कार माना जाय तो यह बात आप्तभाषित-भाष्यवचनके विरुद्ध होगी, अतः यहाँ उत्प्रेक्षालङ्कार ही मानना चाहिये।

जो लोग पूर्वोक्त उदाहरणमें उपमा मानते हैं उनका तर्क यही है कि इस पद्यमें इव शब्द है, इव शब्द सादृश्यवाचक है अतः यहाँ उपमा है, इस तर्कका भी उत्तर पूर्वोक्त भाष्य ग्रन्थकी व्याख्यामें कैयट ने दे दिया है, उन्होंने कहा है कि—'किन्तु तत्र संभावनार्थक इवशब्दः' संभावनार्थक इव शब्द मानने पर तो उपमाकी बात ही उठ जाती है। तिङन्तके साथ उच्चरित होनेवाला इव शब्द संभावनार्थक ही हुआ करता है सादृश्यार्थक नहीं होता है, फलतः यहाँ उपमाकी संभावना नहीं है ॥ २२७ ॥

उपमानोपमेयत्वं तुल्यधर्मव्यपेक्षया ।
लिम्पतेस्तमसश्चासौ धर्मः कोऽत्र[1] समीक्ष्यते ॥ २२८ ॥

पूर्वोक्तपद्ये उपमालङ्कारानङ्गीकारे उपोद्बलकान्तरमाह—**उपमानोपमेयत्वमिति**। सादृश्यप्रतियोगि उपमानम् , सादृश्यानुयोगि चोपमेयम् , तयोर्भाव उपमानोपमेयत्वं तुल्यधर्मव्यपेक्षया समानधर्ममपेक्ष्य भवति, सम्बन्धकस्य समानधर्मस्याभावे न भवत्युपमानोपमेयभावः, स चात्र न संभवति, तदाह—**लिम्पतेरिति**। लिम्पतीति तिङन्तार्थस्य तमसश्च असौ समानः धर्मः कः समीक्ष्यते ? उभयानुगतस्य कस्यापि समानधर्मस्याप्रतीतौ तदालम्बनस्य तयोर्लिम्पत्यर्थतमसोरुपमानोपमेयत्वस्याशक्यकल्पनकत्वेऽनुपपन्नैवात्रोपमेति भावः ॥२२८॥

हिन्दी—'लिम्पतीव' इत्यादि पूर्वोक्त उदाहरणमें उपमा नहीं हो सकती है, क्योंकि उपमानोपमेयभावमें समान धर्मकी अपेक्षा होती है, विना समान धर्मके उपमान और उपमेयका सादृश्य किस प्रकार नियत किया जायगा ? फलतः उपमान और उपमेयमें समानधर्मका होना आवश्यक है, वह यहाँ क्या होगा ? लिम्पतिरूप तिङन्तार्थलेपनक्रिया और तममें क्या समान धर्म हो सकता है, उभयानुगत समान धर्म कुछ है नहीं, अतः यहाँ उपमानोपमेयभावकी कल्पना निरी भ्रान्ति है।

---

१. को नु ।

यदि लेपनमेवेष्टं लिम्पतिर्नाम कोऽपरः ।
स एव धर्मो धर्मी 'चेत्यनुन्मत्तो न भाषते ॥ २२९ ॥

पूर्वपक्षी यदि लेपनमेव समानं धर्ममातिष्ठेत, तदा संभवत्युपमानोपमेयभावः, तत्रापत्तिमाह— यदीति । यदि लेपनम् एव तमोलिम्पत्यर्थयोः समानधर्मतया स्वीक्रियते, तदा लिम्पतिपदार्थस्य लेपनस्य धर्मतया ग्रहणे तदाश्रयः को धर्मी मन्येत ? लिम्पतिपदस्य 'भावप्रधानमाख्यातं सत्त्वप्रधानानि नामानी'ति यास्कसिद्धान्तेन लेपनमेवार्थः, तच्च धर्मतयाऽऽस्थितं, तद्भिन्नः कोऽस्ति लिम्पतिपदार्थो यो धर्मितया स्वीकृतः स्यात् ? स एवैको लिम्पतिपदार्थो धर्मो धर्मी चोभयं भविष्यतीति कथनं तून्मत्तजल्पितमेवेति न शक्यतेऽत्रोपमा निरूपयितुमिति भावः । नच यथात्मात्मानं जानातीत्यत्र एक एवात्मपदार्थः कर्त्तृत्वं कर्मत्वं चोभयं जुषते तथाऽत्रापि लिम्पतिपदार्थो धर्मो धर्मी च स्यादिति वाच्यम् , तत्र भिन्नपदोपस्थापितयोरात्मनोः समानत्वेऽपि कर्तृत्वकर्मत्वे कथञ्चिद् भवितुमर्हतः, अत्र त्वेकेन लिम्पतिपदेन समुपस्थापितस्य लेपनस्य धर्मत्वधर्मित्वयोरभ्युपगन्तुमशक्यत्वादिति ॥ २२९ ॥

हिन्दी—यदि पूर्वपक्षी यह कहें कि लेपन ही समान धर्म मान लिया जाय, तो इसका उत्तर यह है कि 'लिम्पति' इस तिङन्तका अर्थ ही तो लेपन है, यहाँ पर उसीको उपमान बनाया जायगा तब उपमा प्रतिष्ठित की जायगी, इस अवस्थामें लिम्पति पदार्थ तो उपमानरूप धर्मी होगा, उसे आप धर्म किस तरह बना सकेंगे, धर्म-धर्मी एक नहीं होते, दोनों को एक मानना उन्मत्तता है । लिम्पति तिङन्त है, 'भावप्रधानमाख्यातम्' इस वैयाकरणाभिमत सिद्धान्तके अनुसार उसका अर्थ है लेपन, उसीको उपमान मानकर आप उपमा मानने चले हैं, और उसी लेपनको आप समान धर्म भी कहते हैं, एक ही वस्तुको धर्म और धर्मी दोनों बनाना चाहते हैं यह तो सनक है। यहाँ पूर्वपक्षी यदि यह कहें कि जिस प्रकार 'आत्मा आत्मानं जानाति' इस वाक्यमें एक ही आत्माको कर्त्ता और कर्म दोनों माना जाता है उसी तरह एक ही लेपनको धर्म और धर्मी दोनों मान लेंगे, इसका उत्तर यह है कि 'आत्मा आत्मानं जानाति' इसमें विभिन्नपदोपस्थाप्य आत्मद्वयमें एकको कर्म और एकको कर्त्ता माना जा सकता है, परन्तु यहाँ तो एक ही लिम्पति पदसे एकमात्र लेपन अर्थ प्रतीत होता है, उसे कैसे धर्म और धर्मी दोनों रूपमें स्वीकार किया जायगा ॥ २२९ ॥

कर्ता यद्युपमानं स्यान्न्यग्भूतोऽसौ क्रियापदे ।
स्वक्रियासाधनव्यग्रो नालमन्यदपेक्षितुम् ॥ २३० ॥

उपायान्तरमुद्भाव्य दूषयति—**कर्त्ता यदीति** । तिङर्थस्य कर्तुरुपमानत्वं, कर्त्तृगतस्य लेपनव्यापारस्य च साधारणधर्मत्वमेवमुपमा भवितुमर्हतीति शङ्का, तदुत्तरमाह—यदि तिङुपस्थाप्यस्याश्रयस्य कर्त्तुरुपमानत्वं कल्प्यते तदाऽसौ कर्त्ता क्रियापदे लिम्पति-क्रियापदेन विशेष्यतया प्रतिपाद्ये व्यापारे न्यग्भुतः विशेषणतयाऽन्वितोऽसौ कर्त्ता (यतः) स्वक्रियासाधनव्यग्रः स्वव्यापारस्य विशेष्यतया बोधाय उपसर्जनतामापन्नः अन्यत् अपेक्षितुम् पदार्थान्तरविशेष्यकबोधे प्रकारीभवितुम् न अलम् न समर्थः । अयमाशयः—अत्रेयमाशङ्का—न तिङन्तेनोपमानमस्तीति भाष्यात् लेपनस्योपमानत्वं न संभवतीति स्वी-

१. चेत्युन्मत्तोपि ।

कारेऽपि लिम्पतीति तिङर्थस्य कर्त्तृरुपमानत्वमस्तु, तथा च लिम्पतिकर्त्तृसदृशतमःकर्त्तृकं व्यापनमिति शक्यते उपमां समर्थयितुमिति, एतदुत्तरमिदं यत्—अत्र वैयाकरणमतानुसारेण तिङन्तपदार्थव्यापाराश्रयस्य कर्त्तृर्धातुप्रतिपाद्ये व्यापारे विशेषणतयाऽन्वयो भवति, अतोऽसौ क्रियापदे तिङन्तोपस्थाप्ये व्यापारे न्यग्भूतो विशेषणतां गतः, ततश्च स्वक्रियासाधनव्यग्रः स्वक्रियायाः स्वनिष्ठविशेषणतानिरूपितविशेष्यताशालिन्याः क्रियायाः व्यापारस्य साधने विशेष्यतया बोधे व्यग्रः प्रकारीभूतोऽसौ कर्त्ता अन्यत् पदार्थान्तरम् अपेक्षितुम् स्वप्रकारकान्वयबोधे विशेष्यतयाऽवलम्बितुम् न अलम् , लेपनव्यापारे विशेषणतया अन्वितस्य कर्त्तुरुपमानसम्बन्धेन परत्रान्वयो न संभवति, तदुक्तं नागेशभट्टैः—'एकत्र विशेषणत्वेन गृहीतशक्तिकस्य ज्ञातस्य वा अपरत्र विशेषणत्वायोगः, अत एव राज्ञः पुरुषोऽश्वश्चेतिवत् राजपुरुषोश्वश्चेति ने'ति ॥ २३० ॥

हिन्दी—'लिम्पतीव' इत्यादि पूर्वोक्त पद्यार्थमें उपमा माननेवाले यदि यह आशङ्का करें कि तिङर्थ कर्त्ताको ही उपमान माना जाय, और धात्वर्थ लेपनको समान धर्म स्वीकार करें, तब तो लिम्पतिकर्त्तृसदृश तमःकर्त्तृक लेपन (व्यापन) इस तरहकी उपमाके होनेमें कुछ दोष नहीं है, इसका उत्तर यह है कि तिङर्थव्यापाराश्रय कर्त्ता धात्वर्थव्यापारमें विशेषणतया अन्वित है, वह कर्त्ता स्वविशेष्यव्यापारको प्राधान्येन बोधित करने के लिये अपनेको विशेषण बना चुका है, अतः उसका उपमानसंबन्धसे (सादृश्यसे) दूसरे पदार्थमें अन्वय करना सङ्गत नहीं होगा, क्योंकि एक जगह जो विशेषणतया गृहीतशक्तिक अथवा ज्ञात रहता है उसका दूसरेके साथ विशेषणतया अन्वय नहीं हो सकता है। मञ्जूषामें नागेशने लिखा है—'एकत्र विशेषणत्वेन गृहीतशक्तिकस्य ज्ञातस्य वा अपरत्र विशेषणत्वायोगः, अतएव राज्ञः पुरुषोऽश्वश्चेतिवद् राजपुरुषोऽश्वश्चेति न'। फलतः तिङर्थ कर्त्ता जब धात्वर्थव्यापारमें विशेषणतया अन्वित है तब आप उसे सादृश्यसंबन्धसे तम आदि अन्यपदार्थमें अन्वित नहीं कर सकते हैं, इस हालतमें उपमा कैसे होगी ॥ २३० ॥

यो लिम्पत्यमुना तुल्यं तम इत्यपि [1]शंसतः।
अङ्गानीति न सम्बद्धं[2]सोऽपि मृग्यः समो गुणः ॥ २३१ ॥

वैयाकरणमतानुकूलप्रक्रियायामुपमासंभवो निराकृतः, सम्प्रति नैयायिकमतेऽपि तदसंभवत्वं व्यवस्थापयति—**यो लिम्पतीति**। यो लिम्पति अमुना तुल्यं तमः—'लेपनकर्त्तृसदृशं तम' इत्यपि एवमपि शंसतः कथयतः प्रथमान्तमुख्यविशेष्यकबोधस्वीकारे लिम्पतिपदस्य लेपनकर्त्ता—लेपनानुकूलकृतिमानित्यर्थे, लेपनकर्त्तृसदृशं तमः इति स्वीकर्त्तुर्नैयायिकानुगस्य अपि मते अङ्गानीति पदं सम्बद्धं न भवति, उपमेयगतलेपने नान्वेति, तेनाकर्मकलेपनं समानधर्मो भवितुं नार्हतीति समः साधारणो धर्मः मृग्यः अन्वेषणीय एव। एवञ्चाङ्गानीत्यस्य असंबन्धेन, तत्कृतेन च साधारणधर्मानुपलम्भेन नास्त्युपमासंभव इति भावः ॥ २३१ ॥

हिन्दी—व्यापारमुख्यविशेष्यक बोधवादी वैयाकरणोंके मतानुसार 'लिम्पतीव' इस पद्यार्थमें उपमा नहीं हो सकती है, इतनी ही बात नहीं है, प्रथमान्तार्थमुख्यविशेष्यक बोधवादी नैयायिकोंके मतमें भी यहाँ उपमा नहीं बनती है क्योंकि 'जो लेपनका कर्त्ता है उसके समान अन्धकार' लेपनकर्त्तृसदृशतम इस प्रकारके अन्वयबोधमें उपमाकी आशा रखनेवाले नैयायिकानुगामियोंको भी—

---

१. शंसिनः। २. सम्बद्धः, सम्बन्धः।

'अङ्गानि' यह असंबद्ध रहता है, 'अङ्गानि' इस पदका उपमेयगत लेपनमें अन्वय नहीं हो पाता है, और इस स्थितिमें अङ्गकर्मक लेपन समान धर्म नहीं होने पाता है, समान धर्म अन्वेषणीय ही रह जाता है, इस स्थितिमें उपमा कैसे मानी जायेगी ? ॥ २३१ ॥

यथेन्दुरिव ते वक्त्रमिति कान्तिः प्रतीयते ।
न तथा लिम्पतेर्लेपादन्यदत्र प्रतीयते ॥ २३२ ॥

ननु साधारणगुणासंम्भवे मास्तु पूर्णोपमा, लुप्तोपमा तु साधारणधर्मविरहेऽपि संभवदात्मलाभेति शङ्कां निराकरोति—**यथेन्दुरिवेति** । यथा 'इन्दुरिव ते वक्त्रम्' इत्युपमायां साधारणधर्मतया कान्तिः प्रतीयते वाचकशब्दविरहेऽपि कान्तिमत्तया प्रसिद्धस्येन्दोरुपमानत्वाद् गम्यते, तथा अत्र लिम्पतेः उपमानसमर्पकात् लिम्पतिपदात् लेपात् स्ववाच्याद्विलेपनव्यापारात् अन्यत् औपम्यनिर्वाहकं साधारणं धर्मान्तरम् न प्रतीयते, लेपनं तूपमानमेव, लिम्पत्यन्तर्गतत्वात् । अतो नात्र लुप्तोपमाया अपि संभव इति भावः ॥

हिन्दी—पूर्वपक्ष किया जा सकता है कि जिस प्रकार 'इन्दुरिव ते वक्त्रम्' तुम्हारा मुख चन्द्रमाके समान है—इस वाक्यमें साधारणधर्मवाचक शब्दके अभावमें भी उपमान चन्द्र सादृश्यसे कान्तिको साधारणधर्म समझ लिया जाता है, अतः लुप्तोपमा होती है, उसी तरह 'लिम्पतीव' इस उदाहरणमें भी साधारणधर्मके नहीं रहने पर भी लुप्तोपमा—धर्मलुप्तोपमा मानने में क्या बाधा है ? इसका उत्तर यह दिया जा रहा है कि यहाँ पर 'लिम्पति' पदसे लेपनरूप अर्थके अतिरिक्त कुछ साधारण धर्म प्रतीत नहीं होता है, (प्रतीयमान साधारण धर्मके विरहमें) लुप्तोपमा भी कैसे मानी जा सकती है । तात्पर्य यह है कि लुप्तोपमाका वह विषय है जहाँ उपमान और उपमेयका सादृश्य शब्दानुक्त होनेपर भी लोकप्रसिद्धतया प्रतीतिविषय हो जाता है, जैसे 'तुम्हारा मुख चन्द्रमाके समान है' इस वाक्यमें उपमानभूत चन्द्रमा कान्तिमत्तया प्रसिद्ध है, उसके सादृश्यसे कान्तिरूप-साधारणधर्म अनुक्त होनेपर भी प्रतीत हो जाता है, परन्तु यहाँकी स्थिति भिन्न है, यहाँ तो लेपनकर्त्तारूप उपमान और तमरूप उपमेयमें कोई साधारणधर्म प्रतीत नहीं होता है, अतः यहाँ लुप्तोपमा भी नहीं मानी जा सकती है ॥ २३२ ॥

तदुपश्लेषणार्थोऽयं लिम्पतिर्ध्वान्तकर्त्तृकः ।
अङ्गकर्मा च पुंसैवमुत्प्रेक्ष्यत इतीष्यताम् ॥ २३३ ॥

तदिति । तत् तस्मात् उपश्लेषणार्थः व्यापनवाचकः अयं लिम्पतिः लिप्धात्वर्थो लेपनम् ध्वान्तकर्तृकः तमसा सकर्त्तृकः, तथा च अङ्गकर्मा अङ्गकर्मकश्च, ध्वान्तकर्त्तृकमङ्गकर्मकं च लेपनम् व्यापनत्वेन रूपेण पुंसा कविनिबद्धेन वक्त्रा एवम् व्यापनरूपेण उत्प्रेक्ष्यत इति इष्यताम् मन्यताम् । इत्थञ्च व्यापनं विषयो लेपनञ्च विषयीति उत्प्रेक्षैवात्र शक्यसंभवा, नोपमेति ॥ २३३ ॥

हिन्दी—यहाँ पर लिम्पतिका अर्थ उपश्लेषण-व्यापन है, तम उसका कर्त्ता है और अङ्ग उसका कर्म, उसी व्यापनार्थक लिम्पतिकी लेपन रूपमें उत्प्रेक्षा की जाती है । प्रस्तुत अर्थको विषय और संभाव्यमान अर्थको (अप्रस्तुतार्थको) विषयी माना जाता है, प्रकृत उदाहरणमें तमःकर्त्तृक अङ्गव्यापन उत्प्रेक्षाका विषय है, उसी तरहका लेपन संभाव्यमान होनेके कारण विषयी है, यही उत्प्रेक्षा का बीज है, अतः यहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार है, काव्यप्रकाशकारने भी इसे उत्प्रेक्षा का ही

१. लिम्पतौ ।

उदाहरण माना है, समन्वयके लिये जो विवरण दिया है उससे दण्डीका मत अच्छी तरह समर्थित हो जाता है। विवरण यों है:—

'अत्र व्यापनादि लेपनादिरूपतया संभावितम्।'

व्यापनको विषय और लेपनको विषयी मान कर ही उत्प्रेक्षा सिद्ध की जाती है॥ २३४॥

मन्ये शङ्के ध्रुवं प्रायो नूनमित्येवमादयः।
उत्प्रेक्षा व्यज्यते शब्दैरिवशब्दोऽपि तादृशः॥ २३४॥

(इत्युत्प्रेक्षाचक्रम्)

उत्प्रेक्षावाचकशब्दान् संगृह्णन्नुपसंहरति-**मन्ये शङ्के इति**। एषां निर्दिष्टानां शब्दानां प्रयोगे सति वाच्योत्प्रेक्षा, तदभावे तु गम्येति बोध्यम्॥ २३४॥

हिन्दी—मन्ये, शङ्के, ध्रुवम्, प्रायः आदि शब्दोंसे उत्प्रेक्षाकी प्रतीति होती है, और इव शब्दसे भी उसकी प्रतीति होती है। यद्यपि इव शब्द प्रधानतया उपमावाचक है, परन्तु वह संभावनावाचक भी है, इसीलिये उसकी गणना उत्प्रेक्षावाचकोंमें की जा रही है। यहाँ के आदि शब्दसे तर्कयामि, जाने, उत्प्रेक्षे, संभावयामि और एतदर्थक अन्यान्य क्रियाओंका ग्रहण समझना चाहिये। यहाँ कहे गये मन्ये शङ्के वगैरहके उदाहरण काव्योंमें अतिसुलभ हैं, अतः यहाँ नहीं दिये गये॥ २३४॥

हेतुश्च सूक्ष्मलेशौ च वाचामुत्तमभूषणम्।
कारकज्ञापकौ हेतू तौ[1] चानेकविधौ यथा॥ २३५॥

क्रमप्राप्तान् हेतुसूक्ष्मलेशालङ्कारौँल्लक्षयति—**हेतुश्चेति**। अमी त्रयोऽप्यलङ्काराः वाचामुत्तमभूषणम् अतिरमणीयतासंपादकम्, अत एव चावश्यमलङ्कारतया स्वीकरणीयाः। एतच्च भामहमतमपासितुमुक्तम्। तथाहि भामहेनः—

'हेतुश्च सूक्ष्मो लेशोऽथ नालङ्कारतया मतः। समुदायाभिधानस्य वक्रोक्त्यनभिधानतः॥'

इति ब्रुवता चमत्कृतिशून्यत्वेनालङ्कारत्रयमपीदं न स्वीकृतम्, आचार्यदण्डी तु वाचामुत्तमभूषणमिति कथयँस्तत्र चमत्कृतिमनुमन्यमानस्तानलङ्कारानङ्गीकरोति। तत्र प्रथमोक्तस्य हेतोः प्रभेदान् दिदर्शयिषुराह—**कारकज्ञापकाविति**। अत्र भेदमात्रमभिधीयते, लक्षणं तु नाम गतार्थम्। हेतुर्द्विविधः—कारको ज्ञापकश्च। अग्निर्धूमस्य कारको हेतुः धूमश्चाग्नेर्ज्ञापको हेतुः। तौ चेमौ कारकज्ञापकौ अनेकविधौ प्रवृत्तिनिवृत्त्यादिभेदेन भिन्नत्वात्॥ २३५॥

हिन्दी—भामहने हेतु, सूक्ष्म, लेश-इन तीन अलङ्कारोंके विषयमें कह दिया है कि इनमें चमत्कार नहीं होता है अतः इन्हें अलङ्कारके रूपमें नहीं स्वीकार करना चाहिये, उसीके विरोधमें—'हेतुश्च सूक्ष्मलेशौ च वाचामुत्तमभूषणम्' कहा गया है। दण्डीके कथनका लक्ष्य यह है कि इनमें अलङ्कार होने की योग्यता है, इनसे अर्थकी अलङ्कृति होती है, फलतः इनमें चमत्कार है, तब इनको अलङ्कार मानना ही चाहिये।

इस कारिकामें दण्डीने हेतु अलङ्कारका लक्षण नहीं कहा है, केवल भेद बताना प्रारम्भ कर दिया है, जिसका अभिप्राय यह है कि हेतु अपने नामसे ही अपना लक्षण कह रहा है। अग्निपुराणमें हेतुका लक्षण यह है:—

'सिषाधयिषितार्थस्य हेतुर्भवति साधकः।'

भोजराजने हेतुका लक्षण यह कहा है:—'क्रियायाः कारणं हेतुः।'

---

१. च नैक।

शास्त्रीय हेतु दो प्रकारके होते हैं—कारक और ज्ञापक, स्वतः कार्यको निष्पन्न करनेवाला कारक हेतु है और दूसरों द्वारा निष्पादित वस्तुको बोधित करानेवाला ज्ञापक हेतु है। कारक हेतुका उदाहरण—अग्नि धूमका कारक हेतु है। ज्ञापक हेतु—धूम अग्निका ज्ञापक हेतु है। यह हेतु और प्रकारसे बहुविध हो जाता है।

आचार्य दण्डी इसी हेतुमें काव्यलिङ्ग, अनुमान, कार्यकारणमूलक अर्थान्तरन्यास—इन नामोंसे व्यवहृत अलङ्कारोंका अन्तर्भाव कर लेते हैं, अत एव दण्डीने इनके अलगसे लक्षणादि नहीं किये हैं ॥ २३५ ॥

अयमान्दोलितप्रौढचन्दनद्रुमपल्लवः ।
उत्पादयति सर्वस्य प्रीतिं मलयमारुतः ॥ २३६ ॥

कारकहेतुमुदाहरति—**अयमिति**। आन्दोलिताः स्पृष्टाश्चालिताश्च प्रौढानां चन्दनद्रुमाणां पल्लवा येन तादृशोऽयं मलयमारुतः सर्वस्य प्रीतिमुत्पादयति जनयति, अत्र वायुविशेषणं तस्य सुगन्धत्वादिगुणद्योतनार्थं, तेन च प्रीतिजननसामर्थ्यं द्योत्यम्। अतोऽत्र चमत्कारकहेतूपन्यासात् हेतुर्नामालङ्कारः ॥ २३६ ॥

हिन्दी—विशाल चन्दनद्रुमके पत्तोंको हिलानेवाली यह मलयवायु सबके हृदयमें प्रसन्नता उत्पन्न कर रही है। इस उदाहरणमें प्रीतिजनन का हेतु—चन्दनपल्लवान्दोलनजात सुगन्धत्वादि बड़े चमत्कारकरूपमें निबद्ध किया गया है, अतः यहाँ हेतु अलङ्कार है ॥ २३६ ॥

प्रीत्युत्पादनयोग्यस्य रूपस्यात्रोपबृंहणम् ।
अलङ्कारतयोद्दिष्टं निवृत्तावपि तत्समम् ॥ २३७ ॥

उक्त उदाहरणेऽलङ्कारं प्रसञ्जयति—**प्रीत्युत्पादनेति**। अत्र उक्तश्लोके प्रीत्युत्पादनयोग्यस्य परमानन्दजननसमर्थस्य चन्दनद्रुमपल्लवान्दोलनजन्यसौरभसमृद्धत्वस्य रूपस्य वायुस्वरूपस्य उपबृंहणम् वैचित्र्यजनकोपन्यासोऽस्ति, तेनात्र वैचित्र्यकृतमलङ्कारत्वमिष्टम्, एवमेव निवृत्तावपि। तदाह—निवृत्तावपि। अयमाशयः—उत्पादने हेतुरिव निवृत्तावपि संभवति हेतुः, तत्रापि वैचित्र्ये सत्यलङ्कारत्वं मन्तव्यमेवेति भावः ॥ २३७ ॥

हिन्दी—उक्त उदाहरणमें प्रीत्युत्पादनयोग्यवायु का रूप चमत्कारक रूपमें कहा गया है, अतः हेतुका चमत्कारजनकरूपमें उपन्यास होनेसे यह हेत्वलङ्कार है। इसमें क्रियाकी उत्पत्तिका हेतु वर्णित है, इसी तरह क्रियाकी निवृत्तिमें हेतुके वर्णनमें भी चमत्कार होनेसे यह हेतु अलङ्कार होगा, जिसका वर्णन अगले उदाहरणमें किया जायगा ॥ २३७ ॥

चन्दनारण्यमाधूय स्पृष्ट्वा मलयनिर्झरान् ।
पथिकानामभावाय पवनोऽयमुपस्थितः ॥ २३८ ॥

निवृत्तौ हेत्वलङ्कारमुदाहरति—**चन्दनेति**। चन्दनारण्यम् चन्दनवनम् आधूय कम्पयित्वा मलयनिर्झरान् मलयाचलपातिपयःप्रवाहान् स्पृष्ट्वा च अयं पवनः पथिकानाम् विरहिपान्थानाम् अभावाय विनाशाय उपस्थितः आयातः। अत्र पथिकवधरूपनिवृत्तिं प्रति वायोः कारणत्वमुपन्यस्यत इति हेतुर्नामालङ्कारः ॥ २३८ ॥

हिन्दी—चन्दनवनका कम्पन करके और मलयपर्वतसे गिरनेवाले झरनोंको छूकर यह वायु विरही पान्थोंके अभावके लिये उपस्थित हुआ है। इस उदाहरणमें पथिकवधरूप निवृत्तिके लिये वायुकी उपस्थितिरूप चमत्कारी हेतुका निर्देश किया गया है, अतः हेत्वलङ्कार है ॥ २३८ ॥

---

१. लोकस्य। २. दक्षिण।

अभावसाधनायालमेवंभूतो हि मारुतः।
विरहज्वरसंभूतमनोज्ञारोचके जने ॥ २३९ ॥

यथा कस्यापि पदार्थस्य भावसाधने हेतुर्युज्यते, तथैवाभावसाधनेऽपि, तत्रायमान्दोलितप्रौढचन्दनद्रुमपल्लवः इत्यत्र प्रीतिरूपस्य वस्तुनो भावसाधनहेतुरुक्तः, अत्रोदाहरणे अभावसाधनहेतुरुक्तः, तदेव सङ्गमय्य बोधयति—**अभावेति**। एवंभूतः चन्दनवनसम्पर्केण सुरभिर्निर्झरस्पर्शेन च शीतलोऽयं मारुतः पवनः विरहज्वरेण वियोगकृततापेन सम्भूतं जातं मनोज्ञारोचकं शीतलसुरभिवातादिमनोहरवस्तुविषयद्वेषो यस्य तादृशे—वियोगखिन्नतया तादृशेऽपि पवने खिद्यमाने जने अभावसाधनाय तदपायं कर्तुम् अलं समर्थः। एतेन वायुना पान्था व्यापाद्यन्ते इत्यर्थः। अत्राभावसाधने चमत्कारकहेतूपन्यासो विशदीकृतो बोध्यः ॥ २३९ ॥

हिन्दी—चन्दनारण्यको कँपाकर और मलयाचलपाती निर्झरको छूकर आनेवाली बायु विरहसन्तापसे खिन्न होकर रमणीय वस्तुपर द्वेष रखनेवाले वियोगीजनके अभावके लिये समर्थ है, यहाँ इतना जानना आवश्यक है जिस प्रकार भावकार्य प्रति ललितकारणोपन्यासमें हेतु अलङ्कार होता है, उसी प्रकारसे अभावकार्य—निवृत्तिमें ललितकारणोपन्यासमें भी होता है। यह उदाहरण निवृत्तिविषयक हेतुका है ॥ २३९ ॥

निर्वर्त्ये च विकार्ये च हेतुत्वं तदपेक्षया।
प्राप्ये तु कर्मणि प्रायः क्रियापेक्षैव हेतुता ॥ २४० ॥

प्रायो हेतवो द्विविधाः क्रियार्थसम्पादकाः, कर्मार्थसम्पादकाश्च, तत्र क्रियार्थसम्पादकेषु कारकज्ञापकभेदेन हेतूनां प्रकारद्वयम्, तत्रापि कारकहेतूनां प्रकारद्वितयं भवति, उत्पत्तिनिवृत्तिविषयभेदात्, तयोरुदाहरणमुक्तम्, सम्प्रति कर्मार्थसम्पादकहेतूनामुदाहरणानि दर्शयितुमाह—**निर्वर्त्ये इति**। कर्म त्रिविधं, निर्वर्त्यं विकार्यं प्राप्यञ्च, तत्राद्ययोर्द्वयोस्तदपेक्षया हेतुत्वं भवति, निर्वर्त्यविकार्यकर्मसम्पादनाय हेतुत्वं भवति, प्राप्ये तु कर्मणि प्रायो भूयसा क्रियाऽपेक्षा एव हेतुता क्रियामात्रमेव तत्र हेतुसाध्यमिति। निर्वर्त्ये विकार्ये च कर्मणि हेतवो निर्वर्त्यविकार्यरूपे कर्मभूते वस्तुनी निष्पादयन्ति, प्राप्ये तु क्रियामात्रं जनयन्ति न वस्तुरूपं किमपि। तदुक्तम्—'क्रियाकृतविशेषाणां सिद्धिर्यत्र न दृश्यते। दर्शनादनुमानाद्वा तत् प्राप्यमिति कथ्यते ॥' इति।

यदसज्जायते पूर्वं जन्मना यत्प्रकाशते।
तन्निर्वर्त्यं विकार्यं च द्वेधा कर्म व्यवस्थितम् ॥
प्रकृत्युच्छेदसंभूतं किञ्चित् काष्ठादिभस्मवत्।
किञ्चिद् गुणान्तरोत्पत्त्या सुवर्णादिविकारवत् ॥ इति च।

निर्वर्त्यं कर्म यथा—कटं करोति, वस्त्रं वयति। अत्र पूर्वमसतः कटवस्त्रादेर्जन्म। विकार्यं द्विविधम्, प्रकृत्युच्छेदकं प्रकृतौ गुणान्तराधायकं च। उच्छेदकं यथा—काष्ठं भस्म करोति। गुणान्तराधायकं यथा—सुवर्णं कुण्डलं करोति।

---

१. संताप। २. मदनाग्न्यातुरे जने।

एतत्प्रकारद्वयभिन्नं प्राप्यं कर्म, यथा ग्रामं गच्छति, सूर्यं पश्यति। तथा च निर्वर्त्त्यविकार्ययोः पूर्वावस्थातो विशेषदर्शनादन्यहेत्वपेक्षा भवति, प्राप्यस्थले तु केवलक्रियामात्रापेक्षा ॥ २४० ॥

हिन्दी—हेतु दो प्रकारके हैं, क्रियार्थसम्पादक और कर्मार्थसम्पादक। क्रियार्थसम्पादक हेतु कारक-ज्ञापक-भेदसे दो प्रकार का होता है, उनमें भी कारक हेतुके उत्पत्ति-निवृत्तिरूप विषय-भेदसे दो प्रकार होंगे, उनका उदाहरण दिया जा चुका है। अब कर्मार्थसम्पादक हेतुओंके उदाहरण दिये जायेंगे।

कर्मके तीन प्रभेद हैं—निर्वर्त्त्य, विकार्य और प्राप्य। निर्वर्त्त्य कर्म वह है जो पहले नहीं था, अभी क्रियाओं द्वारा निष्पन्न होता हो, जैसे—'कटं करोति', 'वस्त्रं वयति' यहाँ पर कट और वस्त्र पहले नहीं होते, तत्काल क्रिया से बनते हैं।

विकार्य कर्म दो प्रकारका होता है:—एक वह जो प्रकृतिके नाशसे बनता हो, जैसे—'काष्ठं भस्म करोति', यहाँ पर काष्ठरूप प्रकृतिके नाशसे ही भस्मरूप कर्म उत्पन्न होता है। दूसरा वह जो प्रकृतिमें गुणान्तरकी उत्पत्तिसे हो, जैसे 'सुवर्णं कुण्डलं करोति'। यहाँ पर प्रकृति सुवर्णमें गुणान्तर वर्त्तुलत्वादिके उत्पन्न होनेसे कुण्डल रूप कर्म बनता है।

प्राप्य कर्म वह है जिसमें क्रियाकृत विशेषका ज्ञान देखने या अनुमान करनेसे न हो सके, जैसे 'ग्रामं गच्छति' 'सूर्यं पश्यति', यहाँ पर ग्राम और सूर्य रूप कर्ममें गमन और दर्शन क्रियासे कुछ विशेष नहीं होता है।

इस प्रकारसे निर्वर्त्त्य और विकार्य कर्मोंमें पूर्वावस्थासे विशेष होता है अतः हेत्वन्तरकी अपेक्षा होती है, इसीलिये तदपेक्षहेतुत्व-अर्थात् वस्त्वपेक्षहेतुत्व हुआ करता है, प्राप्य कर्ममें कुछ विशेष नहीं होता, अतः वहाँ क्रियापेक्षहेतुत्व हुआ करता है ॥ २४० ॥

हेतुर्निर्वर्त्तनीयस्य दर्शितः शेषयोर्द्वयोः।
दत्त्वोदाहरणद्वन्द्वं ज्ञापको वर्णयिष्यते ॥ २४१ ॥

हेतुरिति। निर्वर्त्तनीयस्य कर्मणः निर्वर्त्यकर्मणः हेतुः दर्शितः 'अयमान्दोलितप्रौढचन्दनद्रुमपल्लवः' इत्युदाहरणे विशदीकृतः, शेषयोर्द्वयोः विकार्यप्राप्ययोः उदाहरणद्वयं दत्त्वा प्रदर्श्य ज्ञापको हेतुर्वर्णयिष्यते ॥ २४१ ॥

हिन्दी—कर्म तीन प्रकारके माने गये हैं निर्वर्त्त्य, विकार्य और प्राप्य। तदनुसार कारकहेतु तीन प्रकार का होगा। उनमें कारकहेतुप्रभेदभूत निर्वर्त्यकर्मविषयक हेत्वलङ्कारका उदाहरण—'अयमान्दोलितप्रौढचन्दनद्रुमपल्लवः' यह दिया जा चुका है, बचे हुए विकार्य और प्राप्य कर्मद्वयविषयक दो प्रकारके हेत्वलङ्कारका उदाहरण बता दिया जायगा—इस प्रकार कारक हेतुका प्रकरण समाप्त कर दिया जायगा, अनन्तर ज्ञापक हेतुके उदाहरण दिये जायेंगे ॥ २४१ ॥

उत्प्रवालान्यरण्यानि वाप्यः संफुल्लपङ्कजाः।
चन्द्रः पूर्णश्च कामेन पान्थदृष्टेर्विषं कृतम् ॥ २४२ ॥

विकार्यहेतुमुदाहरति—**उत्प्रवालानीति**। उत्प्रवालानि उद्गतनूतनकिसलयानि अरण्यानि वनानि, संफुल्लपङ्कजाः विकसितकमलाः वाप्यः, पूर्णः सम्पूर्णमण्डलश्चन्द्रश्च कामेन पान्थदृष्टेः पथिकजननयनस्य विषं कृतम् विषरूपेण परिणमितम्। अत्रारण्यादिषु विषरूपविकारत्वमारोपितम् ॥ २४२ ॥

---

१. कालेन। २. दृष्टिविषं।

नवकिसलययुक्त कानन, विकसित कमलवाले तालाब, एवं सम्पूर्णमण्डल चन्द्रमाको कामदेवने पथिकोंकी दृष्टिके लिये विषरूपमें परिणत कर दिया है। यहाँ नवकिसलययुत काननादिमें विषरूप विकारत्व आरोपित हुआ है, अतः यह विकार्यविषयक हेतुका उदाहरण हुआ ॥ २४२ ॥

मानयोग्यां करोमीति प्रियस्थानस्थितां सखीम् ।
बाला भ्रूभङ्गजिह्माक्षी पश्यति स्फुरिताधरा ॥ २४३ ॥

प्राप्यहेतुमुदाहरति—**मानयोग्यामिति**। मानयोग्याम् मानस्याभ्यासम् करोमि इति विचार्य प्रियस्थानस्थिताम् प्रियतमत्वेन कल्पिताम् सखीं वयस्याम्—बाला अप्रौढा अप्राप्तमानशिक्षा वनिता भ्रूभङ्गजिह्माक्षी भ्रुकुटिकुटिलनेत्रा स्फुरिताधरा चलदोष्ठपुटा च सती पश्यति निरीक्षते। अत्र पश्यतिक्रियया सखी न निष्पाद्यते न वा विक्रियते इति सखी प्राप्यकर्म। तद्विषयकदर्शनक्रियापेक्षयैव बालाया हेतुत्वमिति प्राप्यहेतुगतोऽयं हेत्वलङ्कारः ॥ २४३ ॥

हिन्दी—किसी बाल वनिताने मान करनेका अभ्यास करती है ऐसा विचार करके अपनी सखीको प्रियतमके रूपमें मान लिया है, और उसकी ओर भ्रुकुटि, वक्रनेत्र तथा स्फुरिताधर होकर देख रही है। इस उदाहरणमें सखीरूप कर्म प्राप्य है क्योंकि उसमें क्रियाकृत विशेषका सर्वथा अभाव है, यहाँ बाला केवल सखीविषयक दर्शनक्रिया करनेके कारण हेतु है, इसे प्राप्यकर्मविषयक हेत्वलङ्कार मानना चाहिये ॥ २४३ ॥

गतोऽस्तमर्को भातीन्दुर्यान्ति वासाय पक्षिणः ।
इतीदमपि साध्वेव कालावस्थानिवेदने ॥ २४४ ॥

सम्प्रति ज्ञापकहेतुमुदाहरति—**गतोऽस्तमिति**। अर्कः अस्तंगतः, इन्दुश्चन्द्रो भाति प्रकाशते, पक्षिणः वासाय निवासस्थानमुद्दिश्य यान्ति प्रतिष्ठन्ति। इति इदम् अपि कालावस्थायाः सायंकालिकस्थितेर्निवेदने ज्ञापने साधु एव चमत्कारजनकं भवत्येव। तथा चात्र ज्ञापकहेत्वलङ्कार इत्युक्तं भवति ॥ २४४ ॥

हिन्दी—सूर्य अस्त हो गये, चन्द्रमा प्रकाशित हो रहे हैं, पक्षिगण निवासस्थानकी ओर चल रहे हैं, यह वर्णन समयकी स्थिति-सायंकालका ज्ञापन कराता है, अतः यह ज्ञापक हेतुका उदाहरण हुआ। 'सम्प्रति सन्ध्यासमय है' ऐसा कहने से चमत्कार नहीं होता है, परन्तु 'गतोऽस्तमर्को भातीन्दुः' इत्यादि वाक्य कहनेसे चमत्कारिक रूपमें समयकी सूचना होती है, अतः इसे ज्ञापकहेत्वलङ्कारका उदाहरण माना गया है ॥ २४४ ॥

अवध्यैरिन्दुपादानामसाध्यैश्चन्दनाम्भसाम् ।
देहोष्मभिः सुबोधं ते सखि कामातुरं मनः ॥ २४५ ॥

ज्ञाप्यस्य शब्देनोपादाने ज्ञापकहेतुमाह—**अवध्यैरिति**। हे सखि, इन्दुपादानाम् चन्द्रकिरणानाम् अवध्यैः अविनाशनीयैः (शमयितुमशक्यैः) चन्दनाम्भसाम् मलयजरसानाम् असाध्यैः अनपनेयैः (दूरीकर्तुमशक्यैः) देहोष्मभिः शरीरसन्तापैः ते तव कामातुरं मदनपीडितं मनः सुबोधम् सुज्ञेयम्। हे सखि, चन्द्रकरैरप्यशम्यैश्चन्दनरसैश्चाप्यनपनेयैः शरीरसन्तापैस्तव मनसो मदनपीडितत्वं सुखावगम्यमित्यर्थः। अत्र ज्ञाप्यं मनसः कामातुरत्वं तव देहोष्मभिर्ज्ञायते ॥ २४५ ॥

---

१. स्थाने स्थितां। २. अवन्ध्यैः। ३. म्भसा।

हे सखि, चन्द्रमाकी किरणों से भी नहीं मिटनेवाली और चन्दनद्रवसे भी नहीं शान्त होनेवाली यह तुम्हारे शरीरकी गर्मी तुम्हारे हृदयका कामातुरत्व सुखसे बता रही है, यहाँ ज्ञापक हेतु है देहकी गर्मी और उससे ज्ञाप्य है हृदयका कामातुरत्व। यहाँ ज्ञाप्य हृदयका कामातुरत्व शब्दोपात्त है। यह ज्ञापकहेत्वलङ्कारका स्पष्ट उदाहरण है ॥ २४५ ॥

इति लक्ष्याः प्रयोगेषु रम्या ज्ञापकहेतवः।
अभावहेतवः केचिद् व्याह्रियन्ते मनोहराः ॥ २४६ ॥

भावहेतुमुपसंहरति—**इतीति।** इति एवम् प्रयोगेषु कविकृतनिबन्धेषु रम्याः हृदयङ्गमाः ज्ञापकहेतवः लक्ष्याः ज्ञातव्याः। तदेवं भावहेतवो निरुक्ताः। सम्प्रति केचित् कतिपये मनोहराः अभावहेतवो व्याह्रियन्ते अभिधीयन्ते। अभावश्च चतुर्विधः प्रसिद्ध एवेति तन्मूलकस्यास्याभावहेत्वलङ्कारस्यापि चातुर्विध्यं स्वतःसिद्धं ज्ञातव्यम् ॥ २४६ ॥

हिन्दी—इस प्रकारसे मनको भले लगनेवाले ज्ञापक हेतुको कवियोंके निबन्धोंमें समझ लेना चाहिये। (इस प्रकार यह भावहेतुका प्रकरण समाप्त हुआ) अब कुछ अभावहेतुके उदाहरण बताये जा रहे हैं ॥ २४६ ॥

अनभ्यासेन विद्यानामसंसर्गेण धीमताम्।
अनिग्रहेण चाक्षाणां जायते व्यसनं नृणाम् ॥ २४७ ॥

अभावहेतुनुदाहरिष्यन्प्रथमं प्रागभावहेतुमाह—**अनभ्यासेति।** विद्यानाम् ज्ञानसाधनान्वीक्षिक्यादिशास्त्राणाम् अनभ्यासेन अपरिशीलनेन, धीमताम् पण्डितानाम् असंसर्गेण, अक्षाणाम् इन्द्रियाणाम् च अनिग्रहेण असंयमेन नृणाम् व्यसनं दुष्कर्मरतिर्जायते। अत्र विद्यादीनां यावन्नागमस्तावद् व्यसनं भवतीति विद्यादिप्रागभावस्य व्यसनहेतुतोक्त्या हेत्वलङ्कारः ॥ २४७ ॥

हिन्दी—आन्वीक्षिकी आदि शास्त्रोंके अनभ्याससे, पण्डितोंके असंसर्गसे, एवम् इन्द्रियोंके असंयमसे मनुष्योंमें व्यसन पैदा होते हैं। यहाँ पर व्यसनकी उत्पत्तिमें विद्याभ्यास, पण्डितसंसर्ग, एवम् इन्द्रियके संयमका प्रागभाव कारणरूपमें निर्दिष्ट हुआ है, अतः यह प्रागभावहेत्वलङ्कार हुआ। मनुस्मृतिमें अठारह व्यसन लिखे गये हैं—

मृगयाक्षो दिवास्वापः परीवादः स्त्रियो मदः। तौर्यत्रिकं वृथाट्या च कामजो दशको गणः ॥
पैशुन्यं साहसं द्रोह ईर्ष्यासूयार्थदूषणम्। वाग्दण्डजं च पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोऽष्टकः ॥२४७॥

गतः कामकथोन्मादो गलितो यौवनज्वरः।
क्षतो मोहश्च्युता तृष्णा कृतं पुण्याश्रमे मनः ॥ २४८ ॥

प्रध्वंसाभावहेतुमुदाहरति—**गत इति।** कामकथा रतिविलासचर्चा तत्र यः उन्मादः व्यासङ्गः सः गतः निवृत्तः, यौवनज्वरः युवावस्थाजन्योष्मा गलितः दूरीभूतः। मोहः धनगृहस्त्रीपुत्रादि ममताबुद्धिः क्षतो नष्टः, तृष्णा विषयस्पृहा च्युता लुप्ता, अतः पुण्याश्रमे संन्यासे मनः कृतम् निश्चयः कृतः। अत्रोन्मादादीनां प्रध्वंसाभाव एव चतुर्थाश्रमस्वीकारे हेतुत्वेनोक्त इत्ययं प्रध्वंसाभावहेत्वलङ्कारः ॥ २४८ ॥

हिन्दी—हमारे हृदयसे कामकथाकी आसक्ति जाती रही, जवानीकी गर्मी भी उतर गई, मोह नष्ट हो गया, विषयस्पृहा निकल गई, मैंने अब संन्यासरूप पुण्याश्रममें प्रवेश करनेका

---

१. सम्यक्। २. क्रियन्ते। ३. हतः।

निश्चय कर लिया है। इस उदाहरणमें कामकथोन्मादादिके प्रध्वंसाभावको पुण्याश्रमप्रवेशके प्रति कारण बताया गया है, अतः यह प्रध्वंसाभावहेत्वलङ्कार हुआ ॥ २४८ ॥

वनान्यमूनि न गृहाण्येता नद्यो न योषितः ।
मृगा इमे न दायादास्तन्मे नन्दति मानसम् ॥ २४९ ॥

अन्योन्याभावहेतुमुदाहरति—**वनान्यमूनीति**। अमूनि चित्तशान्तिजनकानि वनानि आश्रमकाननानि, गृहाणि चित्तोद्वेगकराणि गृहाणि न, एताः स्वच्छसलिलतया मनःप्रसादकराः नद्यः योषितः मनश्चपलतासंपादिकाः स्त्रियो न, इमे मृगाः मधुरवृत्तयो हरिणाः, दायादाः मत्सरग्रस्ताः सम्बन्धिजनाः न, तत् तस्मात् (अत्र वने) मे मम विरक्तस्य मानसं नन्दति सन्तोषमनुभवति। अत्र वनगृहादीनामन्योन्याभावेन मनस्तोषोपपादनादन्योन्याभावहेतुरलङ्कारः ॥ २४९ ॥

हिन्दी—यह वन है (जहाँ चित्तको शान्ति मिलती है) चित्तको उद्विग्न कर देने वाला घर नहीं है, यह (स्वच्छप्रवाहा मनोहर) नदियाँ हैं (हृदयको चञ्चल कर देने वाली) स्त्रियाँ नहीं हैं, और यह (सरल) मृग हैं (मत्सरसे भरे) दायाद नहीं हैं, इससे मेरा हृदय यहाँ तुष्ट होता है। इस उदाहरणमें वन गृहका अन्योन्याभाव (भेद-अन्तर) मनस्तुष्टिके प्रति कारणतया कहा गया है अतः यह अन्योन्याभावहेत्वलङ्कार हुआ ॥ २४९ ॥

अत्यन्तमसदार्याणामनालोचितचेष्टितम् ।
अतस्तेषां विवर्धन्ते[1] सततं सर्वसम्पदः ॥ २५० ॥

अत्यन्ताभावहेतूदाहरणमाह—**अत्यन्तमसदिति**। आर्याणां सत्पुरुषाणाम् अनालोचितचेष्टितम् अविमृश्यकारित्वम् अत्यन्तम् असत् सर्वथा न भवति, सन्तो हि कदाचिदपि विना विचारेण न प्रवर्त्तन्ते इत्यर्थः। अतः अविचार्यकारिताया नितान्तविरहादेव तेषाम् सर्वसम्पदः सर्वविधा समृद्धयः सततं सर्वदा विवर्धन्ते अधिकीभवन्ति, अत्राविमृश्यकारिताया अत्यन्ताभावस्य संपद्वृद्धिं प्रति कारणत्वोक्त्या अत्यन्ताभावहेत्वलङ्कारः ॥ २५० ॥

हिन्दी—आर्यजनोंमें अविमृश्यकारिताका नितान्त अभाव होता है, अतः आर्यजनोंकी सब तरहकी समृद्धियाँ सर्वदा बढ़ती रहती हैं। इस उदाहरणमें आर्यजनोंकी समृद्धिमें अविमृश्यकारिताका अत्यन्ताभाव कारणतया कहा गया है, अतः यह अत्यन्ताभावहेतु नामक अलङ्कार हुआ ॥ २५० ॥

उद्यानसहकाराणामनुद्भिन्ना न मञ्जरी ।
देयः पथिकनारीणां सतिलः सलिलाञ्जलिः ॥ २५१ ॥

इतः पूर्वं भावप्रतियोगिकानां चतुर्णामभावानां हेतुत्वे हेत्वलङ्कारा उदाहृताः, सम्प्रत्यभावप्रतियोगिकाभावस्य हेतुत्वे हेत्वलङ्कारमुदाहरति—**उद्यानेति**। उद्यानसहकाराणां गृहसंलग्नवाटिकावस्थिततताम्रवृक्षाणां मञ्जरी अनुद्भिन्ना अविकसिता न विकासं गतेत्यर्थः, एवं सति पथिकनारीणां पान्थस्त्रीणाम् वियोगिनीनाम् सतिलः सलिलाञ्जलिः मरणोत्तरकालदेयस्तिलतोयाञ्जलिः देयः। पथिकस्त्रीणां मरणमुपस्थितं यतः सहकारमञ्जर्यो नाविकसिता इत्यर्थः। अत्र मञ्जरीणामनुद्भेदाभावस्य मरणं प्रति हेतुतयोपन्यासादभावाभावहेत्वलङ्कारः ॥ २५१ ॥

---

1. विवर्तन्ते।

हिन्दी—इससे पहले चार उदाहरणों द्वारा भावप्रतियोगिक अभावके हेतुत्वमें हेत्वलङ्कारका प्रसङ्ग स्पष्ट किया गया है, अब अभावप्रतियोगिक अभावस्थलमें हेत्वलङ्कारका उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है। उद्यानस्थित आम्रवृक्षोंकी मञ्जरियाँ अविकसित नहीं रह गई हैं, पथिकजनोंकी (वियोगिनी) स्त्रियोंको मरणोत्तरकालिक तिलतोयाञ्जलि देना ही है। अर्थात् इन विकसित आम्रमञ्जरियोंकी उद्दीपकतासे पथिकस्त्रियोंका मरण अवश्यंभावी है।

इस उदाहरणमें अविकसितत्वाभाव (विकासाभावके अभाव) को पथिकस्त्रीमरणमें कारणतया प्रकाशित किया गया है अतः यह अभावप्रतियोगिक अभावस्थलीय हेतु है। यहाँ अनुद्भेद = उद्भेद-प्रागभाव, तदभाव=प्रागभावाभावस्वरूप पड़ता है। इसी तरह प्रध्वंसाभावाभाव, अन्योन्याभावा-भाव, अत्यन्ताभावाभाव में हेत्वलङ्कारके उदाहरण संभव हैं, जैसे—प्रध्वंसाभावाभाव में—

'पीनश्रोणि गभीरनाभि निभृतं मध्ये भृशोच्चस्तनं
पायाद्वः परिरब्धमब्धिदुहितुः कान्तेन कान्तं वपुः।
स्वावासानुपघातनिर्वृतमनास्तत्कालमीलद्दृशे
यस्मै सोऽच्युतनाभिपद्मवसतिर्वेधाः शिवं ध्यायति ॥'

इसमें विष्णुनाभिपङ्कजस्वरूप स्वावासके उपघाताभावको ब्रह्माके मनकी निर्वृतिके प्रति कारण-तया कहा गया है, उपघाताभाव—प्रध्वंसाभावाभावस्वरूप होगा, अतः यह प्रध्वंसाभावाभाव-स्थलीय हेतुका उदाहरण है।

अन्योन्याभावाभावमें—

'अवनिरुदकं तेजो वायुर्नभः शशिभास्करौ पुरुष इति यत् केचिद् भिन्ना वदन्ति तनूस्तव।
तदनघ वचोवैचित्रीभिर्निरावरणस्य ते विदधति पयःपूरोन्मीलन्मृषामिहिरोपमाम् ॥'

इसमें भिन्न पदसे अन्योन्याभावका उपन्यास करके 'निरावरणस्य' 'मृषा' इन पदों द्वारा उसका निषेध कराया गया है, अतः वही अन्योन्याभावाभाव 'मिहिरोपमा' का समर्थन करता है, यही अन्योन्याभावाभावरूप हेतु अलङ्कार है।

अत्यन्ताभावाभावमें—

'न विद्यते यद्यपि पूर्ववासना गुणानुबन्धिप्रतिभानमद्भुतम्।
श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम् ॥'

इसमें 'न विद्यते' इसके द्वारा प्रतिभाका अत्यन्ताभाव बताया गया, उसीका 'कमप्यनुग्रहम्' कहकर प्रतिषेध कर दिया गया, यही अत्यन्ताभावाभाव है, वही सरस्वतीकी उपासनाके कर्त्तव्यत्व-रूप कार्यका हेतु बताया गया है, अतः अत्यन्ताभावाभावहेतुनामक अलङ्कार हुआ ॥ २५१ ॥

प्रागभावादिरूपस्य हेतुत्वमिह वस्तुनः।
भावाभावस्वरूपस्य कार्यस्योत्पादनं प्रति ॥ २५२ ॥

अभावहेतुमुपसंहरति—**प्रागभावादीति**। इह अत्र प्रकरणे प्रागभावादिरूपस्य प्रागभावप्रध्वंसाभावात्यन्ताभावान्योन्याभावस्वरूपस्य वस्तुनः भावाभावस्वरूपस्य कार्य-स्योत्पादनं प्रति हेतुत्वम्, अर्थात् एषामन्यतमोऽभावः क्वचिद् भावकार्यं प्रति क्वचि-दभावकार्यं प्रति हेतुतया वर्णितो भवतीत्यर्थः। तत्र भावरूपकार्यं प्रति हेतुत्वेनोपन्यासो यथा—'अनभ्यासेन विद्यानाम्' इति पूर्वोक्ते। अत्र विद्याध्ययनप्रागभावस्य व्यसनरूप-भावकार्यं प्रति हेतुत्वं वर्णितम्। अभावरूपकार्यं प्रति हेतुत्वेनोपन्यासो यथा—'उद्यान-

---

१. स्वभावस्य।

सहकाराणाम्' इत्यत्र। तत्र हि—आममञ्जरीविकासाभावाभावस्य पथिकवधूनामभावे कारणत्वेनोपादानम् ॥ २५२ ॥

हिन्दी—यहाँ पर प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अत्यन्ताभाव, अन्योन्याभावरूप अभावचतुष्टय कहीं पर भावकार्यके प्रति कारणत्वेन प्रदर्शित होते हैं, और कहीं पर अभावकार्यके प्रति कारणत्वेन प्रदर्शित होते हैं, जैसे—'अनभ्यासेन विद्यानाम्' इस पूर्वोक्त उदाहरणमें विद्याध्ययन-प्रागभावको व्यसनरूप भावकार्यका कारण कहा गया है। इसी तरह—'उद्यानसहकाराणाम्' इस उदाहरणमें आम्रमञ्जरी विकासाभावाभावको पथिकवधुओंके मरण—अभावरूप कार्यका कारण कहा गया है ॥ २५२ ॥

दूरकार्यस्तत्सहजः कार्यानन्तरजस्तथा।
अयुक्तयुक्तकार्यौ चेत्यसङ्ख्याश्चित्रहेतवः ॥ २५३ ॥
तेऽमी प्रयोगमार्गेषु गौणवृत्तिव्यपाश्रयाः।
अत्यन्तसुन्दरा दृष्टास्तदुदाहृतयो यथा ॥ २५४ ॥

सम्प्रतियावत्कारकज्ञापकहेतू निरूपितौ, अथेदानीं चित्रहेतुप्रभेदान्दर्शयितुमाह—**दूरकार्य इति**। दूरे कार्यं यस्य स दूरकार्यः, तत्सहजः तेन कार्येण सहजातः, कार्यादनन्तरं जातः कार्यानन्तरजः, अयुक्तं कार्यं यस्य सः अयुक्तकार्यः, तथा युक्तं कार्यं यस्य सः युक्तकार्यः, इति एवम् असंख्याः अगणनीयाः बहुविधा इत्यर्थः, चित्रहेतवः चित्राख्यहेतुप्रभेदा जायन्ते। चित्राख्योऽयं हेतुः परिगणितो हेतुप्रभेदपरिगणने भोजराजेन-'क्रियायाः कारणं हेतुः कारको ज्ञापकस्तथा। अभावश्चित्रहेतुश्च चतुर्विध इहेष्यते' इति।

ननु कार्याद्विदूरस्य, सहजस्य, तदनन्तरजस्य वा हेतोर्हेतुत्वमेव न सिद्धयति, कार्यापेक्षया हेतोः सन्निकृष्टत्वस्य पूर्ववर्त्तित्वस्य चावश्यकत्वादिति शङ्कामपनुदति—**तेऽमी इति**। तेऽमी पूर्वोक्ताः दूरकार्यादयो हेतवः गौणवृत्तिव्यपाश्रयाः सारोपगौणलक्षणाऽऽलम्बनाः प्रयोगमार्गेषु कविजननिबन्धेषु अत्यन्तसुन्दरा दृष्टाः, अतः तदुदाहरणानि वक्ष्यन्ते। चित्रहेतवो महाकविनिबन्धे सारोपलक्षणां निमित्तीकृत्य चमत्कारकरा दृष्टा अतस्तेषामुदाहरणानि प्रक्रम्यन्त इत्यर्थः ॥ २५२-२५४ ॥

हिन्दी—अभीतक कारकज्ञापक हेतुओंका निरूपण किया जाता रहा है, अब चित्रहेतुका निरूपण किया जायगा। चित्रहेतुके बहुत प्रभेद हैं—दूरकार्य, तत्सहज, कार्यानन्तरज, अयुक्त कार्य एवं युक्त कार्य।

भोजराजने—चित्रहेतुका नाम हेतुप्रभेदोंमें लिया है, यह उसीका प्रपञ्च है।

यहाँ शङ्का की जा सकती है कि कार्य और कारणमें सन्निकृष्टत्व एवं कार्यापेक्षया कारणका पहले रहना व्यवस्थित है, फिर यह दूरकार्य, तत्सहज, कार्यानन्तरज आदि प्रभेद कैसे हो सकते हैं?

इसका उत्तर इस कारिकामें दिया जायगा। यह चित्रप्रभेद दूरकार्य आदि सारोपलक्षणाका अवलम्बन करके बनते हैं और महाकवियोंके निबन्धोंमें बड़े चमत्कारक बनते हैं, अतः इनका उदाहरण दिया जायगा। इन्हें सारोपगौणलक्षणासे जीवन मिलता है, उसमें कहीं कार्यमें गौणलक्षणा हुई रहती है जैसे—'प्रागेव हरिणाक्षीणामुदीर्णो रागसागरः' यहाँ सागरका आरोप राग में हुआ है। राग चन्द्रोदयका कार्य है। कहीं पर कार्य और कारण दोनोंमें आरोप होता है, जैसे—'राज्ञां हस्तारविन्दानि' ॥ २५३-२५४ ॥

---

१. अयुक्तो युक्तकारी। २. गौणमार्गव्यपाश्रयात्।

त्वदपाङ्गाह्वयं जैत्रमनङ्गास्त्रं यदङ्गने।
मुक्तं तदन्यतस्तेन सोऽप्यहं मनसि क्षतः॥ २५५॥

दूरकार्यं हेतुमुदाहरति—**त्वदपाङ्गेति**! हे अङ्गने प्रशस्तगात्रि, त्वदपाङ्गाह्वयम् त्वदपाङ्गसंज्ञकम् जैत्रम् विजयसाधनम् यत् अनङ्गास्त्रम् कामदेवस्यास्त्रम्, तत् त्वया अन्यतः मद्भिन्नं जनमुद्दिश्य मुक्तम्, तेन त्वदपाङ्गरूपमदनास्त्रेण सः लक्ष्यीकृतो जनः अहम् अलक्ष्यीकृतो मल्लक्षणश्च जनः मनसि क्षतः आहतः। अत्र अपाङ्गेऽस्त्रत्वारोपः, तस्य चास्त्रस्य लक्ष्यवेधरूपं कार्यं सन्निहितम्, अलक्ष्यवेधरूपञ्च विदूरम्, इति दूरकार्यस्य भवतीदमुदाहरणम्। इदञ्च देशदूरत्वे उदाहरणम्॥ २५५॥

हिन्दी—हे सर्वावयवानवद्ये, तुम्हारा जो यह अपाङ्गरूप कामदेवका विजयकारी अस्त्र है, उसे तुमने किसी अन्यको लक्ष्य करके चलाया, परन्तु उस अस्त्रसे लक्ष्यभूत वह जन तथा मैं भी मनमें आहत हो गया।

इस उदाहरणमें अस्त्रका लक्ष्यवेधरूप कार्य समीपस्थ है, और अलक्ष्यवेधरूप कार्य दूर है, अतः यह दूरकार्यहेतुका उदाहरण हुआ। इसमें दैशिकदूरता है, इसी प्रकारसे कालिकदूरतामें उदाहरण दिया जा सकता है, यथा—

'अनश्नुवानेन युगोपमानमलब्धमौर्वीकिणलाञ्छनेन।
अस्पृष्टखड्गत्सरुणापि चासीद्रक्षावती तस्य भुजेन भूमिः॥'

उस राजकुमारके हाथने युगकी उपमा नहीं पाई, धनुष चलानेका अभ्यास नहीं किया, तलवारकी मूठ नहीं पकड़ी, फिर भी उससे पृथ्वी सुरक्षित रही। यहाँ पर यौवनकार्य पृथ्वीरक्षण बाल्यमें ही किया गया है, अतः कालिकदूरकार्यहेतुका यह उदाहरण है॥ २५५॥

आविर्भवति नारीणां वयः पर्यस्तशैशवम्।
सहैव विविधैः पुंसामङ्गजोन्मादविभ्रमैः॥ २५६॥

सहजहेतुमुदाहरति—**आविर्भवतीति**। नारीणां पर्यस्तशैशवम् दूरीकृतबाल्यम् वयः यौवनम् पुंसाम् कामिजनानाम् विविधैः नानाप्रकारकैः अङ्गजोन्मादविभ्रमैः कामकृतमनोविकारविलासैः सहैव आविर्भवति प्रकटति, नारीणां यौवनं पुंसां कामकृतमनोविकारैः सहैवोदयते इत्यर्थः। अत्र मनोविकारो यौवनस्य कार्यं, तत्स्वकारणेन यौवनेन सहैव जायमानत्वेन वर्णितमिति सहजहेतोरुदाहरणमिदम्॥ २५६॥

हिन्दी—नारियोंकी बाल्यावस्थाको दूर भगानेवाली युवावस्था कामिजनोंके कामजनित मनोविकारोंके साथ ही प्रकट होती है।

इस उदाहरणमें युवावस्था कारण है और कामजनित मनोविकार कार्य है; कार्यसे कारणको पहले होना चाहिये, परन्तु आशुभाविताकी अभिव्यक्तिके लिये दोनोंको एक साथ प्रकट कराया गया है, यह सहजहेतुका उदाहरण हुआ, क्योंकि कार्य और कारण एक साथ हुये हैं॥ २५६॥

पश्चात् पर्यस्य किरणानुदीर्णं चन्द्रमण्डलम्।
प्रागेव हरिणाक्षीणामुदीर्णो रागसागरः॥ २५७॥

कार्यानन्तरजं हेतुमुदाहरति—**पश्चादिति**। किरणान् मयूखान् पर्यस्य समन्ततः प्रसार्य चन्द्रमण्डलं पश्चात् (रागसागरोदीरणानन्तरम्) उदीर्णम् उदितम्, हरिणाक्षीणाम्

---

१. मङ्गलास्त्रं। २. सोऽस्म्यहं।

रागसागरः प्रागेवोदीर्णः वनितानां कामाभिलाषरूपस्समुद्रः पूर्वमेव उच्छलितः। अत्र समुद्रोच्छलनस्य कारणत्वेन प्रसिद्धश्चन्द्रोदयः, स हि पूर्वमपेक्ष्यते, परन्तु पश्चाद्भावित्वेन वर्णित इति कार्यान्तरजहेतूदाहरणमिदम् ॥ २५७ ॥

हिन्दी—किरणोंको फैलाकरके चन्द्रमण्डल पीछे उदित हुआ, उससे पहले ही कानिनियोंके हृदयमें कामाभिलाषाका समुद्र लहराने लगा था।

चन्द्रमाका उदय रागोद्दीपक है। उदयरूप कारणसे पूर्व ही रागसागर लहराने लगा, यह कार्यानन्तरजहेतु है ॥ २५७ ॥

राज्ञां हस्तारविन्दानि कुड्मलीकुरुते कुतः।
देव त्वच्चरणद्वन्द्वरागबालातपः स्पृशन् ॥ २५८ ॥

अयुक्तकार्यं नाम हेतुमुदाहरति—**राज्ञामिति**। देव, राजन्, त्वच्चरणद्वन्द्वस्य त्वदीयचरणयुगलस्य रागः रक्तिमा एव बालातपः प्रभातकालिकसूर्यरश्मिः, स्पृशन् स्पर्शं कुर्वन् सन् राज्ञां हस्ता एव अरविन्दानि कमलानि कुतः कुड्मलीकुरुते मुकुलयति। बालातपस्पर्शो हि कमलानां विकासाय भवति, न सङ्कोचाय, अत्रारविन्दसङ्कोचकत्वं प्रतिपाद्यमानं बालातपस्यायुक्तमिति अयुक्तकार्यो हेतुः। हस्तकमलानां मुकुलीभावश्च प्रणामाय भवतीति बोध्यम् ॥ २५८ ॥

हिन्दी—देव, आपके चरणयुगलकी रक्ततारूप बालातप स्पर्श करके अन्य राजोंके हाथरूप कमलको मुकुलित क्यों कर देता है? बालातपस्पर्शसे कमल विकसित होते हैं, मुकुलित नहीं, यहाँपर प्रणामके लिए मुकुलीभावका वर्णन किया गया है, यह अयुक्तकार्यहेतु है ॥ २५८ ॥

पाणिपद्मानि भूपानां सङ्कोचयितुमीशते।
त्वत्पादनखचन्द्राणामर्चिषः कुन्दनिर्मलाः ॥ २५९ ॥

युक्तकार्यहेतुमुदाहरति—**पाणिपद्मानीति**। त्वत्पादनखचन्द्राणाम् त्वदीयचरणनखविधूनाम् कुन्दनिर्मलाः कुन्दकुसुमस्वच्छा अर्चिषः कान्तयः भूपानां प्रत्यर्थिराजानाम् पाणिपद्मानि करकमलानि सङ्कोचयितुं प्रणामाञ्जलिविधापनद्वारा मुकुलीकर्त्तुम् ईशते समर्था भवन्ति। अत्र चन्द्रार्चिषां कमलसंकोचकत्वं युक्तमिति युक्तकार्यहेतूदाहरणमिदम् ॥ २५९ ॥

हिन्दी—आपके चरणनखरूप विधुकी कुन्दपुष्पके सदृश स्वच्छ कान्तियाँ अन्यान्य राजगणके पाणिकमलको संकुचित करनेमें समर्थ हैं। आपके चरणोंमें सभी प्रणाम करते हैं, प्रणाम करनेसे हाथ संकुचित होते हैं। यहाँ चन्द्रकिरणोंका कमलसंकोचकत्व युक्त है, अतः यह युक्तकार्यहेतुका उदाहरण हुआ ॥ २५९ ॥

इति हेतु-विकल्पानां[2] दर्शिता गतिरीदृशी।
(इति हेतुचक्रम्)

उपसंहरति—**इतीति**। इतिः समाप्तिसूचनाय। ईदृशी एवंप्रकारा हेतुविकल्पानां हेत्वलङ्कारप्रभेदानां गतिः पद्धतिः दर्शिता उदाहरणादिना प्रकाशिता।

हिन्दी—इस प्रकारसे हेत्वलङ्कारके प्रभेदोंका दर्शन करा दिया गया।

---

१. रविबाला। २. विकल्पस्य।

इङ्गिताकारलक्ष्योऽर्थः सौक्ष्म्यात् सूक्ष्म इति स्मृतः ॥२६०॥
कदा नौ सङ्गमो भावीत्याकीर्णे वक्तुमक्षमम् ।
अवेत्य[1] कान्तमबला लीलापद्मं न्यमीलयत् ॥ २६१ ॥
पद्मसंमीलमादत्र[2] सूचितो निशि सङ्गमः ।
आश्वासयितुमिच्छन्त्या प्रियमङ्गजपीडितम् ॥ २६२ ॥

सूक्ष्मालङ्कारं लक्षयति—**इङ्गिताकारेति ।** इङ्गितं स्वाभिप्रायसूचकः शरीरचेष्टाविशेषः, आकारो हृदयाभिलाषसूचक आकारविशेषः, ताभ्यां लक्ष्यः साधारणजनदुर्ज्ञेयोऽपि सूक्ष्मबुद्धिजनवेद्योऽर्थः प्रतिपाद्यविषयः सौक्ष्म्यात् अतिनिगूढत्वात् सूक्ष्मो नामालङ्कारः स्मृतः, तथा च यत्र इङ्गिताकाराभ्यां सूक्ष्मबुद्धिमात्रज्ञेयमर्थवर्णनं क्रियते, स सूक्ष्मालङ्कार इति पर्यवस्यति । सोऽयं सूक्ष्मो द्विधा, इङ्गितेन सूक्ष्मार्थाभिधाने एकः आकारेण सूक्ष्मार्थाभिधाने च द्वितीयः ॥ २६० ॥

तत्रेङ्गितेन सूक्ष्मार्थाभिधानं नाम सूक्ष्ममुदाहरति—**कदा नाविति ।** कस्मिन्समये नौ आवयोः संगमो भावी भविता इति आकीर्णे जनाकुले स्थाने वक्तुम् अक्षमम् प्रष्टुमपारयन्तम् कान्तम् अवेत्य अबला कामिनी लीलापद्मं करधृतं क्रीडाकमलं न्यमीलयत् संकोचितवती, कान्तेन लोकाकुले स्थाने वाचाऽपृष्टमपि संगमकालं तदीयमुखच्छायया पृष्टमिवाकलय्य बाला तमवेत्य करस्थं लीलाकमलं समकोचयत् , तेन च तस्याः इङ्गितेन चतुरः कान्तः सन्ध्यां सङ्गमकालमवगतवान् , इति भवति सूक्ष्मालङ्कारः ॥२६१॥

उदाहरणमुपपादयति—**पद्मसंमीलनादिति ।** अत्र पूर्वोक्तोदाहरणे अङ्गजपीडितम् कामसन्तप्तम् प्रियम् आश्वासयितुम् इच्छन्त्या बालया पद्मसम्मीलनात् करधृतक्रीडाकमलसङ्कोचनात् निशि सङ्गमो (भावीति) सूचितः । अत्र कमलनिमीलनरूपेणेङ्गितेन निशि भावी सङ्गमः प्रियाय सूक्ष्मतया सूचित इति सूक्ष्मालङ्कारसमन्वयः ॥ २६२ ॥

हिन्दी—इङ्गित-इशारा, (शरीरचेष्टाविशेष) एवम् आकार से यदि सूक्ष्म—साधारणतया अज्ञेय अर्थका ज्ञान हो, तो इसे सूक्ष्म नामक अलङ्कार कहते हैं । वह दो प्रकारका है—१-इङ्गितसे सूक्ष्मार्थाभिधानमें और २-आकारसे सूक्ष्मार्थाभिधानमें ।

काव्यप्रकाशकारने सूक्ष्मालङ्कारका स्वरूप दूसरा ही कहा है—

'कुतोऽपि लक्षितः सूक्ष्मोऽप्यर्थोऽन्यस्मै प्रकाश्यते । धर्मेण केनचिद्यत्र तत्सूक्ष्मं परिचक्षते ॥'

आकार अथवा इङ्गित द्वारा किसी प्रकारसे लक्षित किये गये सूक्ष्म अर्थको यदि किसी असाधारण धर्मके द्वारा दूसरोंपर प्रकट कर दिया जाय तब सूक्ष्म होता है ।

काव्यप्रकाशके लक्षणमें दण्डीके लक्षणसे इतनी विशेषता है कि उनके मत में पहले स्वयं सूक्ष्म अर्थको किसी तरह जानकर उसीको दूसरों पर किसी प्रकार प्रकाशित किया जाता है, दण्डीने सूक्ष्मतया अभिधानको ही सूक्ष्म कहा है ॥ २६० ॥

लोगोंसे परिपूर्ण सदनमें कान्त अपनी प्रेयसीसे मिलनका समय पूछनेमें असमर्थ हो रहा है, परन्तु वह मिलनके समयको जाननेके लिये व्यग्र है, यह देखकर उस कामिनीने क्रीडाके लिये हाथमें रखे गये कमलको मुकुलित कर दिया ॥ २६१ ॥

इस उदाहरणमें मदनबाणविह्वल पतिदेवको धीरज देनेके लिये उस कामिनीने कमलसङ्कोचन-

---

१. अवेक्ष्य । २. पद्मस्य मीलनात् ।

रूप इङ्गितके द्वारा रात्रिमें हमारा मिलन होगा यह बात सूचित कर दी। यहाँ कमलनिमीलन-रूप इङ्गितसे मिलनसमय सूक्ष्मतया कहा गया है अतः यह सूक्ष्मका पहला भेद हुआ ॥ २६२ ॥

मदर्पितदृशस्तस्या गीतगोष्ठ्यामवर्धत।
उद्दामरागतरला छाया कापि[2] मुखाम्बुजे ॥ २६३ ॥
इत्यनुद्भिन्नरूपत्वाद्रत्युत्सवमनोरथः[3]।
अनुल्लङ्घ्यैव सूक्ष्मत्वमभूदत्र व्यवस्थितः ॥ २६४ ॥
(इति सूक्ष्मचक्रम्)

आकारलक्ष्यं सूक्ष्ममुदाहरति—**मदर्पितेति**। गीतगोष्ठ्यां गीतपरिषदि मदर्पितदृशो मयि निहितनयनायास्तस्याः नायिकाया मुखाम्बुजे कमलसमे मुखे उद्दामरागतरला अतिप्रवृद्धरत्यभिलाषविकस्वरा कापि अनिर्वचनीया छाया अवर्द्धत कान्तिः प्रकटीभुता। अत्र मुखच्छायावैलक्षण्यरूपाकारविशेषेण नायिकायाः रत्युत्सवेच्छा सूक्ष्मतया सूचितेति सूक्ष्मालङ्कारः ॥ २६३ ॥

उदाहरणं सङ्गमयति—**इत्थनुद्भिन्नेति**। इति अत्रोदाहरणे (छाययैव प्रकटीकृतः) रत्युत्सवमनोरथः कामक्रीडाविषयकोऽभिलाषः अनुद्भिन्नरूपत्वात् स्फुटतयाऽप्रतीयमानत्वात् सूक्ष्मत्वम् अनुल्लङ्घ्य अपरित्यज्य एव व्यवस्थितः वर्णितोऽभूत्, अतः सूक्ष्मालङ्कारोऽयम् यतोऽत्र स्फुटमप्रतीयमानो रत्युत्सवाभिलाषः छायया सूक्ष्मतया बोधितोऽत्रातः सूक्ष्मालङ्कार इति भावः ॥ २६४ ॥

हिन्दी—सङ्गीतगोष्ठीमें हमारे मुखकी ओर आँखें डालनेवाली उस कामिनीके मुखपर प्रवृद्धरतिकामनासे प्रस्फुट कुछ अद्भुतसी कान्ति बढ़ आई। मुझे देखकर उसकी कान्ति कुछ अद्भुत रक्ताभ हो गई ॥ २६३ ॥

इस उदाहरणमें (छायामात्रसे) स्पष्ट नहीं प्रतीयमान होनेवाला रत्युत्सवाभिलाष सूक्ष्मत्वका परित्याग बिना किये ही वर्णित हुआ है, यद्यपि वह सूक्ष्म बना ही है, फिर भी उसकी प्रतीति मुखच्छाया-वैलक्षण्यसे हो जाती है, अतः यह सूक्ष्मका उदाहरण है ॥ २६४ ॥

लेशो लेशेन निर्भिन्नवस्तुरूपनिगूहनम्।
उदाहरण एवास्य[4] रूपमाविर्भविष्यति ॥ २६५ ॥

आदावलङ्कारनिर्देशे क्रियमाणे यो लवनाम्नाऽभिहितस्तं लेशं लक्षयति—**लेश इति**। लेशेन स्वल्पभावेन निर्भिन्नस्य प्रकटतां गतस्य वस्तुनः कस्यापि रहस्यवस्तुविशेषस्य यद्रूपं स्वरूपं तस्य निगूहनम् प्रच्छादनम्—यद्गोप्यवस्तु कुतोऽपि हेतोः प्रकटीभुतकल्पम् तद्रूपस्यान्यथाप्रथनं—लेशो नामालङ्कारः। केचित्तु लेशेन व्याजेन वस्तुरूपनिगूहनं लेश इति व्याख्यां कुर्वन्ति। तथा च कारणान्तरोत्पन्नस्यांशतः प्रकटीभूतस्य च वस्तुनः कारणान्तरोत्पन्नत्वकथनद्वाराऽऽच्छादनं लेश इति फलितम्। अस्य लेशस्य रूपं चमत्कारकत्वम् उदाहरण एव आविर्भविष्यति, एतेन चमत्कारविरहितत्वाल्लेशस्य नालङ्कारत्वमिति कथनं खण्डितम् ॥ २६५ ॥

---

१. त्वदर्पित। २. काचित्। ३. इत्यसम्भिन्न। ४. वाक्यस्य।

हिन्दी—लेश नामक अलङ्कार तब होता है यदि कुछ-कुछ प्रकट होते हुए वस्तुरूपको चतुरतासे छिपा लिया जाय। इसका चमत्कारक रूप उदाहरण में प्रकट होगा। किसी रहस्य वस्तुके खुलते-खुलते गोपनको ही लेश अलङ्कार कहा जाता है, वह खुलना दो प्रकारसे होता है—रोमाञ्चादि गात्रविकारसे और असावधानतासे।

नवीन आचार्योंने इसकी जगहपर व्याजोक्ति नामक अलङ्कार कहा है। उनकी व्याजोक्तिका लक्षण है—'व्याजोक्तिरछद्मनोद्भिन्नवस्तुरूपनिगूहनम्'। अप्पय्य दीक्षितने जो छेकापह्नुतिनामक अलङ्कार कहा है, वह भी लेशालङ्कारमें ही अन्तर्भूत माना जाना चाहिये ॥ २६५ ॥

राजकन्यानुरक्तं मां रोमोद्भेदेन रक्षकाः।
[1]अवगच्छेयुराः ज्ञातमहो शीतानिलं[2] वनम् ॥ २६६ ॥

लेशालङ्कारमुदाहरति—**राजेति**। रक्षकाः राजान्तःपुरयामिका रोमोद्भेदेन रोमाञ्चदर्शनेन मां राजकन्यानुरक्तम् नृपकन्याकामुकम् अवगच्छेयुः जानीयुः—आः स्मृतो गोपनो यः, अहो आश्चर्ये, वनं शीतानिलम् अतिशीतलवातयुतम्। तथा चायं दृश्यमानो रोमाञ्चः शीतवातसम्पर्ककृत एवेति जानन्तो रक्षका मां न दोषिणं मन्येरन्निति निगूहनोपायोऽस्तीति भावः। अत्र शीतानिलसंपर्केण रोमोद्गमस्य समर्थनादनुरागनिगूहनं कृतमिति लेशः। प्रकाशीभवद्वस्तुगोपनं द्विधा क्रियते, अनिष्टसंभावनया लज्जया वा। तत्रानिष्टसंभावनया कृतमत्र निगूहनं, लज्जया निगूहनस्योदाहरणमनुपदमेव वक्ष्यति ॥ २६६ ॥

हिन्दी—मेरे शरीरमें रोमाञ्च देखकर कहीं अन्तःपुरके रक्षकगण मुझे राजपुत्रीपर आसक्त न समझ लें ? आह ! समझ गया, इस वनकी हवा आश्चर्यजनक रूपमें शीतल है ॥

इस उदाहरणमें राजकन्यानुरागसे होनेवाले रोमाञ्चको शीतवातसंसर्गकृत कह कर छिपा दिया गया है, यह लेश है।

दो कारणोंसे किसी प्रकट होने वाले अर्थका निगूहन किया जाता है—अनिष्टकी आशङ्कासे या लज्जासे। यहाँ पर राजदण्डरूप अनिष्टकी आशङ्कासे निगूहनका उदाहरण दिया गया है, लज्जासे निगूहनका उदाहरण अगले श्लोकमें दिया जायगा ॥ २६६ ॥

आनन्दाश्रु प्रवृत्तं मे कथं दृष्ट्वैव कन्यकाम्।
अक्षि मे पुष्परजसा वातोद्धूतेन कम्पितम् ॥ २६७ ॥

लज्जया निगूहनमुदाहरति—**आनन्देति**। कन्यकां विवाहमण्डपे समायातां कन्याम् दृष्ट्वा एव मे मम आनन्दाश्रु कथं प्रवृत्तम्। कन्यादर्शनेनानन्दाश्रुप्रवृत्तिर्लज्जाहेतुरिति निगूहति—**अक्षीति**। वातोद्धूतेन पवनचालितेन पुष्परजसा कुसुमपरागेण मे मम अक्षि दूषितम्। अत्र कन्यादर्शनजातस्यानन्दाश्रुणः पुष्परजोदूषिताक्षिजातत्वप्रतिपादनेन निगूहनं कृतं वेदितव्यम् ॥ २६७ ॥

हिन्दी—विवाहमण्डपमें आती हुई कन्याको देखते ही मेरी आँखमें आनन्दाश्रु क्यों उमड़ आए, आः, मेरी आँखमें पवनसे चालित पुष्पपराग आ पड़ा है, उसीसे यह अश्रु निकल आये हैं।

इस उदाहरणमें कन्यादर्शनजात आनन्दाश्रुका स्वीकार लज्जाजनक होता, अतः उसे पवनचालित पुष्परजसे दूषितनेत्रजात बताकर छिपाया गया है ॥ २६७ ॥

[3]इत्येवमादिस्थानेऽयमलङ्कारोऽतिशोभते।
लेशमेके विदुर्निन्दां स्तुतिं वा लेशतः कृताम् ॥ २६८ ॥

---

१. प्राव। २. शीतामिलम्बनम्। ३. इत्येवमादौ।

प्रोक्तस्वरूपं लेशमुपसंहरति—**इत्येवमादीति**। इत्येवमादिस्थाने एतादृशोदाहरणस्थेऽयं लेशालङ्कारोऽतिशोभते चमत्कारातिशयं जनयति, एतेन चमत्कारविरहान्नायमलङ्कार इत्यपास्तम्। लेशस्य प्रकारान्तरमाह—लेशमिति। एके विद्वांसः लेशतः कृतां निन्दां स्तुतिं वा लेशमाहुः। तथा च स्तुतिमिषेण निन्दास्थले निन्दामिषेण वा स्तुतिस्थले लेशालङ्कार इति फलति। व्याजस्तुतिर्नाम नवीनस्वीकृतालङ्कारोऽप्यत्रैव गतार्थो बोध्यः॥ २६८॥

हिन्दी—इस तरहके उदाहरणोंमें यह लेशालङ्कार अति चमत्कारक रूपमें प्रतीत होता है, (अतः यह शङ्का समाहित हो जाती है कि चमत्कारशून्यतया इसे अलङ्कार नहीं माना जाना चाहिये) इस प्रकार लेशका एक प्रकार उपसंहृत होता है। लेशका एक दूसरा भी प्रकार है, वह यह है कि स्तुतिके व्याजसे निन्दा और निन्दाके व्याजसे स्तुतिस्थलमें लेश होता है। दण्डीने व्याजस्तुतिनामक पृथक् अलङ्कार नहीं माना है, मालूम पड़ता है इसी लेशप्रकारमें उसके लक्ष्यको अन्तर्भूत होते देख कर ही ऐसा किया गया॥ २६८॥

युवैष गुणवान् राजा योग्यस्ते पतिरूर्जितः।
रणोत्सवे मनः सक्तं यस्य कामोत्सवादपि॥ २६९॥
वीर्योत्कर्षस्तुतिर्निन्दैवास्मिन् भावनिवृत्तये[1]।
कन्यायाः कल्पते भोगान्निर्विविक्षोर्निरन्तरम्[2]॥ २७०॥

स्तुतिव्याजेन निन्दात्मकं लेशालङ्कारमुदाहरति—**युवेति**। स्वयंवरागतां राजसुतां प्रति तत्सख्या उक्तिरियम्, एषः राजा युवा, गुणवान्, ऊर्जितः ओजस्वी, ते योग्यः अनुरूपः पतिः, यस्यास्य राज्ञः मनः कामोत्सवात् सुरतप्रसङ्गाद् अपि रणोत्सवे युद्धे सक्तम्, यो रतिमहोत्सवापेक्षयापि युद्धे समधिकं रमते सोऽयं राजा तव योग्यः पतिरित्यर्थः। अत्रातिवीरोऽयं व्रियतामिति प्रशंसया सदायुद्धासक्ततया त्वत्सुरताभिलाषपूरणाक्षमोऽयं न ते योग्य इति निन्दाप्रतीत्या लेशालङ्कारः॥ २६९॥

उदाहरणं विवृणोति—**वीर्योत्कर्षेति**। अस्मिन्नुदाहृतश्लोके निरन्तरं भोगान् निर्विविक्षोः सततभोगाभिलाषिण्याः कन्यायाः भावनिवृत्तये तद्राजविषयकाभिलाषप्रशमाय कल्पते (इति) वीर्योत्कर्षस्तुतिः सख्या क्रियमाणा तस्य राज्ञः सततयुद्धरतिप्रशंसा निन्दा एव, अतश्च स्तुतिव्याजेन निन्दात्माऽयं लेशालङ्कार इति भावः॥ २७०॥

हिन्दी—यह राजा युवा है, गुणवान् एवं तेजस्वी है, इसका मन कामोत्सवसे भी अधिक रणोत्सव में लगता है। यह स्तुतिव्याजेन निन्दारूप लेशका उदाहरण है। यह श्लोक स्वयंवरमें आई हुई राजकन्यासे उसकी सखी कह रही है, इसमें यद्यपि राजाकी वीरतासे प्रशंसा की गई है, परन्तु सततयुद्धरत होनेसे वह सुरतसुखदाता नहीं हो सकेगा, अतः वह राजकन्याके अयोग्य है यह निन्दा अभिव्यक्त हो जाती है॥ २६९॥

इस उदाहरण श्लोकमें वीर्योत्कर्षद्वारा की गई राजाकी प्रशंसा निन्दामें परिणत हो जाती है क्योंकि—सुरताभिलाषिणी राजकन्याके भाव-अभिलाष की निवृत्ति हो जाती है, उसी गुणके कारण राजकुमारी उससे अपरक्त हो जाती है॥ २७०॥

चपलो निर्दयश्चासौ जनः किं तेन मे सखि।
आगःप्रमार्जनायैव चाटवो येन शिक्षिताः॥ २७१॥

---

१. निवर्त्तने। २. निरन्तरान्।

दोषाभासो गुणः कोऽपि दर्शितश्चाटुकारिता।
मानं सखिजनोद्दिष्टं कर्त्तुं रागादशक्तया ॥ २७२ ॥
(इति लेशचक्रम्)

निन्दाव्याजेन स्तुत्यात्मकं लेशमुदाहरति—**चपल इति**। हे सखि, असौ जनः मम प्रियतमः चपलः स्वभावतश्चञ्चलः, निर्दयश्च परपीडानभिज्ञश्च येन मम प्रियतमेन आगःप्रमार्जनाय एव स्वापराधक्षालनाय एव चाटवः प्रियालापाः शिक्षिता अभ्यस्ताः, अतः तेन भवतीभिरवश्यावलम्बनीयतयोपदिष्टेन मानेन मे किं नास्ति किमपि प्रयोननम्। यद्यपि मम प्रियश्चञ्चलो निर्दयश्चाप्यस्ति, तथापि कृतापराधे तस्मिन्नहं यावन्मानं कर्त्तुमिच्छामि तावदेव स्वभ्यस्तचाटुतयाऽसौ मां प्रसादयति, तद्भवत्या क्रियमाणोऽयं मानोपदेशो वृथेति भावः ॥ २७१ ॥

उदाहरणं योजयति—**दोषाभास इति**। रागात् प्रियस्नेहात् सखीजनोद्दिष्टं सख्योपदिष्टं मानं प्रणयकोपं कर्त्तुम् अशक्तया अक्षमया नायिकया चाटुकारिता नाम गुणः स्त्रीजनप्रियो नायकधर्मः दोषाभासः दर्शितः दोषरूपतयोक्तः, एवञ्चात्र निन्दाव्याजेन स्तुतिरूपो लेश इति बोध्यम् ॥ २७२ ॥

हिन्दी—हे सखि, मेरा प्रियतम चञ्चल है, निर्दय भी है, जिसने अपने अपराधोंके मार्जनके लिये हि चाटुकारिताका अभ्यास कर लिया है, मुझे तुम्हारे द्वारा किये गये इस मानोपदेशका क्या प्रयोजन है। अर्थात् यद्यपि मेरी प्रियतम चञ्चल निर्दय है, फिर भी उसके द्वारा अपराध किये जानेपर जब मैं मान करनेको सोचती हूँ तभी वह चाटुकारिताके सहारे मरे हृदयको चुरा लेता है, अतः मुझे इस मानके उपदेशसे क्या प्रयोजन है ॥ २७१ ॥

इस उदाहरणमें प्रेमवश मान करनेमें असमर्थ उस नायिकाने प्रियतमके चाटुकारित्व गुणको दोषके रूपमें दिखलाया है, अतः यह निन्दाव्याजसे स्तुतिरूप लेशालङ्कार है ॥ २७२ ॥

उद्दिष्टानां[2] पदार्थानामनूद्देशो[3] यथाक्रमम्।
यथासङ्ख्यमिति प्रोक्तं संख्यानं क्रम इत्यपि ॥ २७३ ॥

'हेतुः सूक्ष्मो लवः क्रमः' इति प्रागलङ्कारोद्देशे प्रोक्तम्, तदवसरप्राप्तं क्रमालङ्कारं निरूपयति—**उद्दिष्टानामिति**। उद्दिष्टानां पूर्वं कथितानां पदार्थानाम् यथाक्रमम् तेनैव क्रमेण (येन पौर्वापर्यक्रमेण पूर्वमुक्ताः) अनूद्देशः पश्चादाख्यानम् (पश्चादुक्तैः पदार्थैः सहान्वयः) क्रमो नाम अलङ्कारः, एतस्यैवालङ्कारस्य यथासंख्यपदेन संख्यानपदेन च प्राचां ग्रन्थेष्वभिधानम्, तदुक्तं भामहेन—

'यथासंख्यमथोत्प्रेक्षामलङ्कारद्वयं विदुः। संख्यानमिति मेधावी नोत्प्रेक्षाऽभिहिता क्वचित् ॥'

काव्यप्रकाशकारोऽपि यथासंख्यनाम्ना क्रममेव लक्षयति—'यथासंख्यं क्रमेणैव क्रमिकाणां समन्वयः ॥' २७३ ॥

हिन्दी—उद्दिष्ट-पहले कहे गये पदार्थोंका क्रमशः यदि आगे कहे गये पदार्थोंमें समन्वय हो, जिस पौर्वापर्य क्रमसे पहले कहे गये हों उसी क्रमसे यदि आगे कहे गये पदार्थोंमें अन्वय किया जाय तो क्रम नामक अलङ्कार होता है। क्रमको केवल इतनेसे ही अलङ्कार माना गया है कि यहाँ पहले और पीछे वर्णन किये गये पदार्थोंमें यथाक्रम संबन्ध होनेसे एक प्रकारका वैचित्र्य—

---

१. गुणायैव। २. निर्दिष्टानां। ३. अनुदेशो।

चमत्कार प्रतीत होता है, नहीं तो यहाँ पदार्थोंमें कुछ उपमानोपमेयभाव, कार्यकारणभाव, या समर्थ्यसमर्थकभाव आदि नहीं रहता है। प्राचीन आचार्यों ने इसे यथासंख्य और संख्यान नामसे व्यवहृत किया है, उद्भट ने यथासंख्यकी जो परिभाषा की है वह स्वरूप स्पष्ट कर देती है—

'भूयसामुपदिष्टानामर्थानामसधर्मणाम्। क्रमशो योऽनुनिर्देशो यथासंख्यं तदुच्यते' ॥ २७३ ॥

ध्रुवं ते चोरिता तन्वि स्मितेक्षणमुखद्युतिः।
स्नातुमम्भःप्रविष्टायाः कुमुदोत्पलपङ्कजैः ॥ २७४ ॥

(इति क्रमः)

क्रमालङ्कारमुदाहरति—**ध्रुवमिति**। हे तन्वि, कृशाङ्गि, स्नातुम् अम्भःप्रविष्टायाः जलगतायाः ते तव स्मितेक्षणमुखद्युतिः हसितनयनवदनच्छवि: कुमुदोत्पलपङ्कजैः ध्रुवम् निश्चयेन चोरिता अपहृता। अत्र स्मितेक्षणमुखानि येन पौर्वापर्येण प्रागुद्दिष्टानि तेनैव क्रमेणाग्रे कुमुदोत्पलपङ्कजैरनुयन्ति, तथा च स्मितस्य द्युतिः कुमुदेन चोरिता, ईक्षणद्युतिः उत्पलेन चोरिता, मुखस्य च द्युतिः पङ्कजेन चोरितेत्यभीष्टान्वयः सिद्ध्यति। अत्र कुमुदानां श्वेततया, नीलकमलानां नीलतया, पङ्कजानां च रक्ततयेत्थमुक्तम् ॥ २७४ ॥

हिन्दी—हे कृशाङ्गि, स्नान करनेके लिये जब तुमने पानीमें प्रवेश किया था, तब तुम्हारी मुस्कान, नयन, और वदनकी कान्तिको निश्चय इन उत्पल, नीलकमल, पङ्कजोंने अपहृत कर लिया। इसमें स्मित, नयन, वदन जिस पौर्वापर्यक्रमसे पहले कहे गये, उसी क्रमसे उनका अन्वय कुमुद, नीलकमल, पङ्कजके साथ होता है ॥ २७४ ॥

प्रेयः प्रियतराख्यानं रसवद्रसपेशलम्।
ऊर्जस्वि रूढाहङ्कारं युक्तोत्कर्षं च तत्त्रयम् ॥ २७५ ॥

क्रमप्राप्तम् प्रेयोरसवदूर्जस्विनामकमलङ्कारत्रयं लक्षयति—**प्रेय इति**। प्रियतरम् भावाभिव्यक्त्या श्रोतुः प्रीत्यतिशयजनकं वक्तुर्वा प्रीतिविशेषकरम् आख्यानं प्रेयो नामालङ्कारः, अतिशयेन प्रियं प्रेयः, भावाश्च देवादिविषया रतिर्विभावानुभावाभ्यां प्राधान्येन व्यञ्जितो निर्वेदादिः, तदुक्तं काव्यप्रकाशे—'रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः, भावः प्रोक्तः' इति। अञ्जित इत्यस्य प्राधान्येनाभिव्यक्त इत्यर्थः। एवञ्चोक्तिवैशिष्ट्यमहिम्ना व्यज्यमाना देवादिविषया रतिरन्ये वा प्राधान्येनाभिव्यज्यमाना निर्वेदादयो भावा वाच्योपस्कारकत्वमुपयान्ति तत्र प्रेयोऽलङ्कार इति लक्षणं बोध्यम्।

एवमेव रसेन रत्यादिस्थायिभावरूपेण पेशलं रमणीयमाख्यानं रसवदलङ्कारः, तथा रूढः अभिव्यक्तोऽहङ्कारो गर्वो यत्र तादृशमाख्यानमूर्जस्वि चेति रसवदूर्जस्विनोर्लक्षणं विवक्षितं बोध्यम्।

तत्त्रयम्—प्रेयोरसवदूर्जस्विरूपमलङ्कारत्रितयं च युक्तोत्कर्षम् वाच्यशोभाकरत्वरूपोत्कर्षशालि, तेन तत्त्रयस्यालङ्कारत्वं स्वीकरणीयमेव, वाच्यशोभाकरत्वस्यैवालङ्कारतानियामकत्वात् ॥ २७५ ॥

हिन्दी—प्रियतर-भावकी अभिव्यक्ति होनेसे श्रोता तथा वक्ताकी प्रीति करनेवाले आख्यान—उक्तिविशेषको प्रेयःनामक अलङ्कार मानते हैं। देवादिविषयक रति तथा प्राधान्येन वर्णित व्यभिचारीभावको ही भाव नामसे कहा जाता है। सारांश यह कि उक्तिवैशिष्ट्यके द्वारा व्यज्यमान देवादिविषयक रति या प्राधान्ये अभिव्यञ्जित निर्वेदादि भाव यदि वाच्यार्थकी शोभा बढ़ावें तो प्रेयः नामक अलङ्कार होगा।

इसी प्रकार रस-रत्यादिस्थायिभाव —रूपसे रमणीय आख्यानको रसवत्, और रूढ़ाहङ्कार-गर्वद्योतक आख्यानको ऊर्जस्वि अलङ्कार माना जाता है।

यह तीनों प्रेयः, रसवत्, ऊर्जस्वि युक्तोत्कर्ष अर्थात् वाच्यशोभाकरत्वरूप उत्कर्षसे युक्त हैं, अतः इन तीनों को अलङ्कार माना जाता है—क्योंकि वाच्यशोभाकरत्वको दण्डीने अलङ्कारत्वका बीज स्वीकार किया है—

'वाच्यशोभाकरान् धर्मानलङ्कारान् प्रचक्षते।'

'रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः भावः प्रोक्तः' इस प्रामाणिक उक्तिके अनुसार भाव बहुत बड़ी संख्यामें हैं, क्योंकि व्यभिचारीभाव बहुत है, रस पदसे रस्यमानमात्र-अर्थात् रस, भाव, रसाभास, भावाभास, भावशान्ति, भावोदय, भावसन्धि, भावशबलता इन सभीका ग्रहण होता है। इन सभी भावोंमें देवादिविषयक रतिभावस्थलमें प्रेयः अलङ्कार होगा, गर्वाख्य भावस्थलमें ऊर्जस्वि अलङ्कार होगा, और अवशिष्ट भाव तथा रसाभासादि स्थलमें रसवत् अलङ्कार होगा।

जहाँ अन्य आचार्यगण अप्रधान रसमें ही रसवत् अलङ्कार मानते हैं, प्रधान रसको अलङ्कार्य कहते हैं—'प्रधानेऽन्यत्र वाक्यार्थे यत्राङ्गं तु रसादयः। काव्ये तस्मिन्नलङ्कारो रसादिरिति मे मतिः' (ध्वन्यालोक), वहाँ दण्डी प्रधान अप्रधान उभयरूपमें अभिव्यज्यमान रसादिको अलङ्कार मानते हैं, क्योंकि उनके मतानुसार शब्दार्थरूप काव्यकी शोभा दोनों प्रकारके रससे बढ़ती है।

रसके स्वरूप और भेदोंको अन्यत्र देखें। वह एक अलग विषय है॥ २७५॥

अद्य या मम गोविन्द जाता त्वयि गृहागते।
कालेनैषा भवेत् प्रीतिस्तवैवागमनात् पुनः॥ २७६॥

प्रेयोनामालङ्कारमुदाहरति—**अद्येति**। हे गोविन्द, अद्य त्वयि गृहागते मदीयं गृहमागते सति मम विदुरस्य या प्रीतिः, जाता, कालेन पुनः समयान्तरेण तवैव (नान्यस्य कस्यापि) पुनरागमनात् एषा प्रीतिः भवेत् (संभाव्यते) भगवन्तमद्य गृहागतं दृष्ट्वाऽहं यमानन्दमनुविन्दामि, तमानन्दं पुनर्भवति गृहागते सत्येव लब्धाहं, नान्यतः कुतोपि सज्जनान्तरागमनादिति वदतो विदुरस्य भगवद्विषयकरतिभावो वाच्यभङ्ग्या सहृदयांश्चमत्करोतीति प्रेयोनामालङ्कार उपपन्नः॥ २७६॥

हिन्दी—हे गोविन्द, आज आप जब हमारे घर पर पधारे हैं तब जो आनन्द मुझे हो रहा है, वह आनन्द कालान्तरमें फिर आप ही आनेकी कृपा करें तो संभव है, दूसरे किसी महात्माके आनेसे उस आनन्दकी उपलब्धि मुझे संभव नहीं है।

यहाँ भगवद्विषयक विदुरका रतिभाव वाच्यभङ्गीसे अभिव्यक्त होता है, अतः यह प्रेयः का उदाहरण है।

इस उदाहरणश्लोकको महाभारतका निम्नलिखित श्लोक अपनी छायासे अनुप्राणित कर रहा है।

'या प्रीतिः पुण्डरीकाक्ष तवागमनकारणात्। सा किमाख्यायते तुभ्यमन्तरात्मासि देहिनाम्'॥२७६॥

इत्याह युक्तं[३] विदुरो नान्यतस्तादृशी धृतिः।
भक्तिमात्रसमाराध्यः सुप्रीतश्च ततो हरिः॥ २७७॥

उदाहरणं योजयति—**इत्याहेति**। इति यथोक्तरूपम् वचनं विदुरो युक्तम् सत्यम् आह (यतस्तस्य) अन्यतः कुतोऽपि महात्मान्तरात् तादृशी भगवदागमनजातप्रीति-

१. नैषा काले। २. वाक्यं।

सदृशी धृतिः सन्तोषः (प्रीतिः) न । ततश्च विदुरेण तथाकथनात् भक्तिमात्रसमाराध्यः हरिः सुप्रीतः प्रसन्नोऽभवदिति शेषः ॥ २७७ ॥

हिन्दी—विदुरने भगवान्से पूर्वोक्त वचन ठीक ही कहा था, उनको किसी भी दूसरेके आनेसे वह प्रीति नहीं होती, जो भगवान्के आनेसे हुई। उनकी उक्तिसे भक्तिका परिचय प्राप्त करके भगवान् प्रसन्न हुए, क्योंकि वह भक्तिसे समाराध्य हैं, भक्तिशून्य उपचारोंसे उन्हें सन्तुष्टि नहीं हुआ करती ॥ २७७॥

सोमः सूर्यो मरुद्भूमिर्व्योम होतानलो जलम् ।
इति रूपाण्यतिक्रम्य त्वां द्रष्टुं देव के वयम् ॥ २७८ ॥

प्रेयोऽलङ्कारस्योदाहरणान्तरमाह—**सोम इति** । सोमः चन्द्रः, सूर्यः, मरुत् वायुः, भूमिः पृथ्वी, व्योम आकाशम् , होता आत्मा यजमानः, अनलः तेजः, जलम् , इति अष्टौ रूपाणि तव स्वरूपाणि अतिक्रम्य निस्तीर्य त्वां द्रष्टुं वयं के ? पृथ्व्या जलेन शिखिना मरुताऽम्बरेण होत्रेन्दुना दिनकरेण च मूर्त्तिभाजस्तव दर्शनमास्तु मूर्त्तिष्वेव शक्यक्रियम् , ता मूर्त्तीरतिक्रम्य तव प्रत्यक्षदर्शनं मादृशामशक्यं, तदपि जातमिति तवानुग्रहातिशय इति भावः ॥ २७८ ॥

हिन्दी—चन्द्रमा, सूर्य, वायु, पृथ्वी, आकाश, यजमान, अनल और जल इन आठ रूपों को टपकर आपको देखनेमें हम कौन होते हैं, हमें इन मूर्त्तियोंमें ही आपके दर्शनका अवसर मिल सकता है, इसके ऊपर जाकर आपके प्रत्यक्ष दर्शनका सौभाग्य हमारे लिये दुर्लभ है, आपने जो मुझे प्रत्यक्ष दर्शन दिया, वह आपका अनुग्रह है ॥ २७८ ॥

इति साक्षात्कृते देवे राज्ञो[1] यद्रातवर्मणः[2] ।
प्रीतिप्रकाशनं तच्च प्रेय[3] इत्यवगम्यताम् ॥ २७९ ॥

उदाहरणमुपपादयति— **इतीति** । इति प्रोक्तोदाहरणे देवे महेश्वरे साक्षात्कृते प्रत्यक्ष-दृष्टे सति रातवर्मणः तदाख्यस्य राज्ञः यत् प्रीतिप्रकाशनम् महेश्वरविषयकरतिसूचनं तच्च प्रेय इति अवगम्यताम् ज्ञायताम् ॥ २७९ ॥

हिन्दी—इस उदाहरणमें रातवर्मा नामक नृपतिने महेश्वरका साक्षात्कार करके जो महेश्वर-विषयक रतिभाव व्यक्त किया है, वह भी प्रेयः अलङ्कार है।

यहाँ आचार्य दण्डीने प्रेयः अलङ्कारके दो उदाहरण दिये हैं। एक विदुरकी उक्ति, दूसरी रातवर्माकी उक्ति। उनमें पहले उदाहरणमें श्रोताकी प्रीतिका और दूसरेमें वक्ताकी प्रीतिका आख्यान प्रियतर है, इसीलिये प्रेयः अलङ्कार होता है।

सर्ववादिसिद्ध भावकी परिभाषा—'रतिर्देवादिविषया भावः' है परन्तु उदाहरणके अनुरोधसे ऐसा मानना पड़ेगा कि 'देवमात्रविषया रति' ही दण्डीको भावतया स्वीकार्य थी। बहुसंमत-मतानुसार देवविषयक भाव, मुनिविषयक नृपविषयक भाव, सबका उदाहरण देना चहिये, देखिये—

मुनिविषयक रतिभाव, यथा—

'हरत्यघं सम्प्रति हेतुरेष्यतः शुभस्य पूर्वाचरितैः कृतं शुभैः ।
शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम् ॥'

---

१. राज्ञोभूद् । २. राजवर्मणः । ३. इत्यनु ।

राजविषयक रतिभाव, यथा—

'अत्युच्चाः परितः स्फुरन्ति गिरयः स्फारास्तथाम्भोधय-
स्तानेतानपि बिभ्रती किमपि न क्लान्तासि तुभ्यं नमः ।
आश्चर्येण मुहुर्मुहुः स्तुतिमिमां प्रस्तौमि यावद्भुव-
स्तावद्बिभ्रदिमां स्मृतस्तव भुजो वाचस्ततो मुद्रिताः' ॥ २७९ ॥

[1]मृतेति प्रेत्य सङ्गन्तुं यथामे मरणं मतम्[2] ।
[3]सैवावन्ती मया लब्धा कथमत्रैव जन्मनि ॥ २८० ॥

रसवदलङ्कारोदाहरणानि दिदर्शयिषू रसेषु प्राधान्यात् शृङ्गारमुदाहरति—**मृतेतीति** । वासवदत्ताया दाहप्रवादमाकर्ण्य समतिशयं दुःखमनुभूय पुनस्तां प्राप्य नितान्तमानन्दतो वत्सराजोदयनस्येयमुक्तिः । मृता अग्निदाहात्पञ्चत्वं प्राप्ता इति हेतोः यथा वासवदत्तया सह—प्रेत्य स्वयमपि मृत्वा—सङ्गन्तुम् मिलितुम् मे मम मरणं मतम् अभीष्टम् (यां वासवदत्तां मृतां मत्वा तया सह सङ्गन्तुमहं स्वमरणं प्रार्थये), सैव आवन्ती अवन्तिराजपुत्री वासवदत्ता कथम् अत्रैव जन्मनि मया लब्धा । अत्र संभोगशृङ्गारो रसः ॥ २८० ॥

हिन्दी—रसवत् अलङ्कारके उदाहरणप्रसङ्गमें रसराज शृङ्गारका उदाहरण दे रहे हैं । वासवदत्ताके जल जानेकी बात सुनकर अत्यन्त कष्टका अनुभव करनेके बाद पुनः वासवदत्ताको उसी रूपमें प्राप्त करके अत्यन्त आनन्दित होनेवाले वत्सराज उदयनकी यह उक्ति है, उदयनने कहा कि—जिस वासवदत्ताको मरी हुई सुनकर उससे मिलनेके लिए मैं अपने प्राण छोड़ना चाह रहा था, वही अवन्तिराजतनया वासवदत्ता इसी जन्ममें विना प्राणत्याग किये ही मुझे किस प्रकार मिल गई ! यह संभोगशृङ्गार है ॥ २८० ॥

प्राक्प्रीतिर्दर्शिता सेयं रतिः शृङ्गारतां गता ।
रूपबाहुल्ययोगेन तदिदं रसवद्वचः ॥ २८१ ॥

प्राक् पूर्वोदाहृते प्रेयोऽलङ्कारोदाहरणद्वये प्रीतिः दर्शिता, संप्रयोगशून्या रतिः प्रीतिः सा हि प्रेयोऽलङ्कारस्य विषयः, संप्रयोगशून्या विभावाद्यपरिपुष्टा, रतिः प्रीतिशब्दवाच्या, तत्र प्रेयोऽलङ्कार उदाहृत इत्यर्थः । सेयं रतिः विभावादिपरिपुष्टा रतिरत्र रसवदुदाहरणभूते पद्येऽस्मिन् रूपबाहुल्ययोगेन शृङ्गारतां गता स्वरूपस्य विभावादिकृतपरिपोषेण शृङ्गाररसत्वं प्राप्ता तत् तस्मात् इदं पूर्वोक्तं वचः रसवत् रसवदलङ्कारशालीत्यर्थः ॥२८१॥

हिन्दी—इस रसवत् अलङ्कारके उदाहरणसे पूर्व प्रेयः नामक अलङ्कारके दो उदाहरण दिये गये हैं, उनमें प्रीतिका प्रतिपादन हुआ है, संप्रयोगशून्य अर्थात् विभावादिकृत परिपोषसे रहित रतिको प्रीति कहते हैं, वही प्रीति उन दोनों उदाहरणोंमें दिखलाई गई है, इस उदाहरणमें रति विभावादिपरिपुष्ट होनेसे शृङ्गाररस बन गई है, अतः यह रसवत्का विषय है । इस उदाहरणमें उदयननिष्ठ रतिकी वासवदत्तारूप विभाव, तदुक्त मधुरवचनादि अनुभाव और हर्ष विस्मयादि व्यभिचारिभावोंसे पुष्टि हो गई है, अतः वह रति रसरूप—शृङ्गाररसत्वको प्राप्त हो गई है, इसीलिये यह रसवत् है ॥ २८१ ॥

निगृह्य केशेष्वाकृष्टा कृष्णा येनाग्रतो मम ।
सोऽयं दुःशासनः पापो लब्धः[4] किं जीवति क्षणम् ॥ २८२ ॥

---

१. मृतेमिप्रेत्य सङ्गन्तु । २. वृत्तम् । ३. सैषावन्ती । ४. दृष्टः ।

इत्यारुह्य परां कोटिं क्रोधो [1]रौद्रात्मतां गतः ।
भीमस्य पश्यतः शत्रुमित्येतद्रसवद्वचः ॥ २८३ ॥

रौद्ररसवदुदाहरति—**निगृह्येति** । येन दुःशासनेन मम भीमस्य अग्रतः पश्यन्तं मामगणयित्वा कृष्णा द्रौपदी केशेषु निगृह्य धृत्वा आकृष्टा नीता, सोऽयं पापो दुराचारी दुःशासनः (मया) लब्धः प्राप्तः किं क्षणम् अल्पकालमपि जीवति, तादृशदुष्कर्मकारिणं दुःशासनं दृष्टमात्रमेव हन्यामिति भावः ॥ २८२ ॥

उपपत्तिमाह—**इत्यारुह्येति** । इति दर्शितदिशा परां कोटिम् आरुह्य विभावादिभिः परिपुष्टतया प्रकर्षम् आसाद्य (भीमनिष्ठः स्थायिभावः कोपः) शत्रुं कृतापकारं दुःशासनं पश्यतो भीमस्य क्रोधः रौद्रात्मतां गतः रौद्ररसस्वरूपत्वं प्राप्त इतीदं वचो रसवत् , अत्र क्रोधो नाम—'प्रतिकूलेषु तैक्ष्ण्यस्य प्रबोधः क्रोध उच्यते' इति लक्षितः । इह हि दुःशासन आलम्बनविभावः, कृष्णाकेशकर्षणस्मरणमुद्दीपनविभावः, पाप इति निन्दावचनमनुभावः, गर्वादयो व्यभिचारिभावा इति रससामग्री ॥ २८३ ॥

हिन्दी—जिस दुःशासनने मेरे सामने मेरी कुछ भी परवाह नहीं करके द्रौपदीको केश पकड़ कर घसीटा, उस पापी दुःशासनको यदि पा लूँ तो क्षण भर भी जिन्दा न छोड़ूँ । क्या वह मेरे सामने आने पर क्षण भर भी जिन्दा रह सकता है ? ॥ २८२ ॥

इस उदाहरण-श्लोकमें पराकाष्ठाको पहुँचा हुआ भीमका कोप विभावादिसे पुष्ट होकर रौद्र रसका रूप प्राप्त कर लेता है, अतः यह रसवत् अलङ्कार है । यहाँ पर क्रोध स्थायीभाव, कृष्णा-केशाकर्षी दुःशासन आलम्बनविभाव, उसके द्वारा किये गये द्रौपदीके केशाकर्षण आदि दुर्व्यवहारका स्मरण उद्दीपनविभाव, 'पापः' यह निन्दावचन अनुभाव एवं गर्वादि व्यभिचारिभाव हैं ॥ २८३ ॥

अजित्वा सार्णवामुर्वीमनिष्ट्वा विविधैर्मखैः ।
अदत्त्वा चार्थमर्थिभ्यो भवेयं पार्थिवः कथम् ॥ २८४ ॥
इत्युत्साहः प्रकृष्टात्मा तिष्ठन् वीररसात्मना ।
रसवत्त्वं [2]गिरामासां [3]समर्थयितुमीश्वरः ॥ २८५ ॥

वीररसवदुदाहरति—**अजित्वेति** । सार्णवाम् सागरपर्यन्ताम् उर्वीम् पृथिवीम् अजित्वा अवशीकृत्य, विविधैः नानाप्रकारकैः राजसूयादिभिर्मखैः यज्ञैः अनिष्ट्वा यज्ञमकृत्वा, अर्थिभ्यो याचकेभ्यश्च अर्थम् धनम् तदर्थितम् अदत्त्वा कथं पार्थिवो राजा भवेयम् । राज्ञा भूर्वशनीया, यज्ञाः करणीयाः, याचकाश्च पूर्णमनोरथाः सम्पादनीयाः, तदेतत्त्रयमपि राजकृत्यमकृत्वा कथमहं राजा स्यामिति भावः ॥ २८४ ॥

उदाहरणं योजयति—**इत्युत्साह इति** । इति पूर्वोक्तप्रकारकः उत्साहः युद्धधर्मदानविषयकः स्थेयान् संरम्भः प्रकृष्टात्मा विभावादिपरिपुष्टस्वरूपः सन् वीररसात्मना आसां गिराम् वाचाम् रसवत्त्वं समर्थयितुम् उपपादयितुम् ईश्वरः शक्तः । अत्र युद्धे विजेतव्याः शत्रवः, धर्मे यज्ञाः, दाने याचकाः आलम्बनविभावाः, साहाय्यान्वेषणादयः आक्षिप्यमाणा अनुभावाः, हर्षधृतिस्मृत्यादयो व्यभिचारिणः, एभिरभिव्यक्तो वीररसस्थाय्युत्साहो रसरूपतां प्रपद्यासां गिरां रसवदलङ्कारयुक्ततां समर्थयितुं क्षम इति भावः ॥ २८५ ॥

---

१. रौद्रत्वमागतः । २. गिरां तासां । ३. समर्पं ।

हिन्दी—जब तक इस समुद्ररशना पृथ्वीको अधिकार में न कर लिया, जाय, नानाप्रकारके यज्ञोंसे देवोंकी आराधना न की जाय और याचकोंको भरपूर धन न दे दिया जाय, तब तक मैं राजा कैसे होऊँगा, मेरे राजत्वका यही लक्ष्य है कि सारी पृथ्वी पर अधिकार हो, नानाविध यज्ञ किये जाँय और याचकोंको पूर्ण धन दिया जाय ॥ २८४ ॥

इस उदाहरणमें पूर्ववणित उत्साह—पृथ्वीवशीकरण, यज्ञकरण, दानविषयक उत्साह प्रकृष्टात्मा-विभावादिपरिपोषित होकर वीररसरूपमें अवस्थित हो इस वाणीका रसवत्त्व समर्थित करता है। इसमें—विजेतव्य, यज्ञ, याचक यह तीन आलम्बनविभाव हैं, प्रतीयमान होनेवाले सहाया-न्वेषणादि अनुभाव हैं, हर्ष-धृति-स्मृतिप्रभृति व्यभिचारिभाव हैं, इनसे अभिव्यक्त होनेवाला उत्साह-रूप स्थायिभाव वीररसके रूपमें इस वाक्यको रसवत् बनाता है ॥ २८५ ॥

यस्याः कुसुमशय्यापि कोमलाङ्ग्या रुजाकरी।
साऽधिशेते कथं तन्वी[1] हुताशनवतीं चिताम् ॥ २८६ ॥
इति कारुण्यमुद्रिक्तमलङ्कारतया स्मृतम्।
[2]तथापरेऽपि बीभत्सहास्याद्भुतभयानकाः ॥ २८७ ॥

करुणरसवदुदाहरति—**यस्या इति।** यस्याः कोमलाङ्ग्याः कुसुमशय्या पुष्पनिर्मितं शयनीयम् अपि रुजाकरी पीडाप्रदायिनी (भवति स्म) सा तन्वी सुकुमारशरीरा हुता-शनवतीम् दीप्तपावकाम् चिताम् कथम् अधिशेते आरोहति ? कुसुमशयनेऽपि दूयमान-वपुषोऽतिसुकुमार्या नार्या ज्वलदग्निचितारोहणं नितान्तकष्टकरमिति भावः ॥ २८६ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**इतीति।** इति एवंप्रकारकं कारुण्यम्—प्रियतमामरणजन्मा शोकः स्थायी भावः उद्रिक्तम् विभावादिपरिपोषितं सत् अलङ्कारतया रसवदलङ्कारत्वेन स्मृतम्। अत्र मृता रमणी आलम्बनम्, स्मर्यमाणाः कुसुमशयनादयः उद्दीपनविभावाः, करुणवचनमनुभावः, चिन्तादयः प्रतीयमाना व्यभिचारिण इतीयता साधननिवहेन पुष्टः शोकाख्यः स्थायी करुणरसवतां प्राप्नोतीति भावः। अथ रसान्तरप्रस्तावमाह—**तथाऽपरे-पीति** ॥ २८७ ॥

हिन्दी—जिस सुकुमार शरीरवाली मेरी प्रियतमाके लिए फूलकी बनी शय्या भी कष्टदायक हुआ करती थी, वही कृशाङ्गी मेरी प्रियतमा इस धधकती हुई चितापर किस प्रकार आरूढ़ होगी, फूलकी शय्यापर कष्ट पानेवाली सुकुमारी के लिए यह जलती हुई चिता किस प्रकार सह्य होगी ॥ २८६ ॥

इसमें वर्णित नायकनिष्ठ प्रियतमाविपत्तिजन्मा शोक उद्रिक्त—विभावादिपोषित होनेसे करुणरसवदलङ्कार हो गया है। यहाँ मरी हुई सुकुमारी आलम्बन, स्मर्यमाण कुसुमशयनादि उद्दीपन, करुणवचन अनुभाव, एवं प्रतीयमान चिन्तादि व्यभिचारी मिलकर करुणरस हो जाते हैं, जिससे यह रसवत् होता है। इसी प्रकार बीभत्स, हास्य, अद्भुत एवं भयानक रसोंके भी उदाहरण दिये जायँगे ॥ २८७ ॥

पायं पायं तवारीणां शोणितं पाणिसम्पुटैः।
कौणपाः सह नृत्यन्ति कबन्धैरन्त्रभूषणाः ॥ २८८ ॥

बीभत्सरसवदुदाहरति—**पायं पायमिति।** अन्त्राणि पुरीततः भूषणानि अलङ्करणानि येषां तादृशाः कौणपाः राक्षसाः कबन्धैः शिरोरहितकलेवरैः सह तवारीणां हतानां तव

---

१. देवी। २. अथापरे।

शत्रूणां शोणितं रक्तं पाणिसम्पुटैः हस्तपुटकैः पायं पायं पीत्वा पीत्वा नृत्यन्ति आनन्देन क्रीडन्ति। अत्र जुगुप्सा स्थायिभावः, कौणपा आलम्बनानि, प्रतीयमानानि निष्ठीवनच्छर्दनानि अनुभावाः, मोहापस्मारादयो व्यभिचारिभावास्तैश्च परिपुष्टा जुगुप्सा बीभत्सरसत्वं प्राप्नोति ॥ २८८ ॥

हिन्दी—आँतोंकी मालायें धारण करने वाले राक्षसगण बिना सिरके कबन्धोंके साथ आपके शत्रुओंके शोणित पाणिपुटसे पी पी कर नाच रहे हैं। यहाँ जुगुप्सा स्थायी भाव है, राक्षस आदि आलम्बनविभाव, प्रतीयमान निष्ठीवनच्छर्दनादि उद्दीपनविभाव, एव मोहापस्मारादि व्यभिचारिभाव हैं, इन्हींसे परिपुष्ट जुगुप्सा बीभत्सरस हो जाती है। यही रसवत् अलङ्कार होता है।

वस्तुतः यहाँ बीभत्सराज राजविषयक रतिभावका अङ्ग है, अतः प्रेयः अलङ्कार होना चाहिये। इस प्रकार यहाँ प्रेयः और रसवत् का सङ्कर है ॥ २८८ ॥

इदमम्लानमानाया[1] लग्नं स्तनतटे तव।
छाद्यतामुत्तरीयेण नवं नखपदं सखि ॥ २८९ ॥

हास्यरसवदुदाहरति—**इदमिति**। हे सखि, अम्लानमानायाः अखण्डितमानायाः अस्माकं पुनःपुनरनुरोधेनापि अपरित्यक्तमानायाः तव स्तनतटे लग्नम् सञ्जातम् इदं (प्रत्यग्रं नतु प्राचीनम्) नवम् नखपदम् नखाघातचिह्नम् उत्तरीयेण छाद्यताम आव्रियताम्। काचिन्नायिका सखीभिरनुरुध्यमानापि मानं न त्यजति, परं नायकसमीपं गत्वा स्वयं स्वाङ्गमर्पयति, तदीयनखचिह्नं दृष्ट्वा सखी परिहसतीह तदेव वर्णितम्। अत्र हासः स्थायिभावः, तादृशी मिथ्यामानवती नायिका आलम्बनविभावः, नखक्षतवीक्षणमनुभावः, तादृशानि सोल्लुण्ठनानि वचनानि चोद्दीपनानि, अवहित्थादयो व्यभिचारिणः, एतैः पोषितोऽयं हासो हास्यरसतां प्राप्नोतीति भवति रसवत् ॥ २८९ ॥

हिन्दी—किसी नायिकाने सखियोंके अनुरोध करनेसे अपने मानका परित्याग नहीं किया, अपने मान पर अड़ी ही रही, परन्तु गुप्तरूपसे नायकके साथ संभोग कर आई, उसीके नख, क्षतादि रतिचिह्नोंको देख कर सखियाँ परिहास कर रही हैं। सखियाँ कहती हैं कि तुम्हारा मान तो नहीं मिटा है, फिर भी तुम्हारे स्तन पर यह नखक्षत—नया नया नखाघातचिह्न—दीख रहा है, इसे चादरसे आवृत कर लो। यदि इस नखक्षतको जो सद्यःकृत रतिपरिचय दे रहा है, आवृत नहीं कर लेती हो तो हमलोगोंके सामने बगलाभगत कैसे बन सकोगी?

इस उदाहरणमें हास स्थायिभाव, कपटमानवती वह नायिका आलम्बन, नखक्षत उद्दीपन, उलाहनाभरी उक्ति अनुभाव तथा प्रतीयमान अवहित्थादि व्यभिचारिभाव हैं, इनसे पोषित होकर हास हास्य रस होता है, अतः यह रसवत् है ॥ २८९ ॥

अंशुकानि प्रवालानि पुष्पं हारादिभूषणम्।
शाखाश्च मन्दिराण्येषां चित्रं नन्दनशाखिनाम् ॥ २९० ॥

विस्मयरसवदुदाहरति—**अंशुकानीति**। एषाम् नन्दनशाखिणां कल्पवृक्षतरूणाम् प्रवालानि किसलयानि अंशुकानि वस्त्राणि, पुष्पं हारादिभूषणम् नानालङ्कारस्थानीयम्, शाखाः विटपाः मन्दिराणि गृहाणि, चित्रम्! अत्याश्चर्यकरमिदं सर्वमिति भावः। अत्र विस्मयः स्थायी, नन्दनशाखिन आलम्बनानि, प्रवालादीनामंशुकादिपर्यवसायित्वमुद्दीपनम्,

---

१. मालाया। २. द्रवं।

प्रतीयमानाः स्तम्भस्वेदादयोऽनुभावाः, व्यभिचारिभावाश्च वितर्कादयः, एतैः पुष्टो विस्मयोऽद्भुतरसत्वं प्रपद्यत इति ॥ २९० ॥

हिन्दी—क्या आश्चर्य ! ये कल्पवृक्ष हैं, इनके नूतन किसलय वस्त्रका काम देते हैं, इनके फूल नानाप्रकारके अलङ्कार हो जाते हैं और इनकी डालियाँ भवन हो जाती हैं।

इस उदाहरणमें विस्मय स्थायी, कल्पवृक्ष आलम्बन, उनके पत्ते आदिका वस्त्रादि बन जाना उद्दीपन, प्रतीयमान स्तम्भस्वेदादि अनुभाव एवं वितर्कादि व्यभिचारी भाव हैं, इनसे पोषित हो विस्मय अद्भुतरसरूपमें परिणत होता है, अतः यह अद्भुतरसवत् है ॥ २९० ॥

इदं मघोनः कुलिशं धारासन्निहितानलम् ।
स्मरणं यस्य दैत्यस्त्रीगर्भपाताय जायते ॥ २९१ ॥

भयानकरसवदुदाहरति—**इदमिति** । मघोनः महेन्द्रस्य इदम् धारासन्निहितानलम् अग्रभागावस्थितपावकम् (तेजसा ज्वलद्धारम्) इदं कुलिशं वज्रमस्ति, यस्य मघवत्कुलिशस्य स्मरणं दैत्यस्त्रीगर्भपाताय जायते, स्मर्यमाणमेव यद्वज्रं दैत्यवनितानां हृदये भयमुत्पाद्य गर्भान्पातयतीत्यर्थः । अत्र भयं स्थायिभावः, इन्द्र आलम्बनम् , कुलिशाद्युद्दीपनम् , गर्भपातादयोऽनुभावाः, प्रतीयमाना आवेगादयो व्यभिचारिभावाः, एभिः पुष्यमाणं भयं भयानकरसत्वं प्रपद्यते ॥ २९१ ॥

हिन्दी—जिसकी धारमें आग वर्त्तमान है, ऐसा है यह इन्द्रका वज्र, उसकी याद दानवस्त्रियोंके गर्भपातका कारण बन जाती है, उसकी याद भर हो जानेसे दैत्यस्त्रियोंके हृदयमें इस प्रकारका आवेग होता है कि उनके गर्भ गिर जाते हैं।

यहाँ भय स्थायी, इन्द्र आलम्बन, वज्र उद्दीपन, गर्भपातादि अनुभाव और प्रतीयमान आवेगादि व्यभिचारी हैं, इनसे पुष्ट भय भयानक रसके रूपमें आस्वादित होता है, अतः यहां रसवत् अलङ्कार है।

यहाँ तक आठ रसोंके आठ उदाहरण दिये गये हैं, दण्डीने शान्तका उदाहरण नहीं दिया है, मालूम होता है वह भरतके अनुसार आठ ही रस स्वीकार करते थे। काव्यप्रकाशकारने शान्तरस भी माना है :—'निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः'। इस रसभेदप्रकरणमें अष्टरसवादी भरतने—'अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः' कहा है, जिसका तात्पर्य यह मालूम पड़ता है कि नाट्यसूत्रकार भरतको केवल नाटकोपयोगी रसोंका ही परिचय कराना इष्ट था, अतः उन्होंने केवल आठ ही रस कहे हैं, शान्तरसको नाटकानुपयुक्त समझकर छोड़ दिया है, शान्तरसका अभिनय उनके मतानुसार शान्तिका उपहास करना होगा, परन्तु यह बात परवर्त्ती आचार्योंको स्वीकार्य नहीं हुई, उन लोगोंने शान्तरसप्रधान नाटक भी लिखे हैं, और रचना द्वारा यह दिखलाया है कि—शान्तरस भी नाट्योपयुक्त हो सकता है। प्रबोधचन्द्रोदय, अमृतोदय, जीवानन्द आदि नाटक इसी प्रेरणासे लिखे गये हैं।

काव्यप्रकाशकारने नाट्यमें आठ रस और श्रव्य काव्यमें शान्तसमेत नव रस स्वीकार कर लिये हैं, यह समन्वयवादी दृष्टिकोण है।

शान्तरस स्वीकार करनेवाले उनका उदाहरण देते हैं :—

'अहौ वा हारे कुसुमशयने वा दृषदि वा मणौ वा लोष्टे वा बलवति रिपौ वा सुहृदि वा ।
तृणे वा स्त्रैणे वा मम समदृशो यान्तु दिवसाः क्वचित् पुण्यारण्ये शिव शिव शिवेति प्रजपतः ॥'

यहाँ पर मिथ्यात्वेन माना गया संसार आलम्बनविभाव, तपोवनादि उद्दीपनविभाव, सर्वत्र समदर्शन अनुभाव, मतिधृत्यादि व्यभिचारिभावोंसे पोषित निर्वेद शान्तरसरूपमें आस्वादित होता है, इसे ही शान्तरसवतका उदाहरण समझें।

शाण्डिल्यमतानुयायी लोग भक्तिरस नामक एक अलग रस मानते हैं—

'परत्रानासङ्गं जनयति रतिर्या नियमतः परस्मिन्नेवास्मिन् समरसतया पश्यत इमम् ।
परप्रेमाढ्येयं भवति परमानन्दमधुरा परा भक्तिः प्रोक्ता रस इति रसास्वादनचणैः ॥'

इस भक्तिरसमें—भगवान् आलम्बन, रोमाञ्चाश्रुपातादि अनुभाव, हर्षादि व्यभिचारिभाव एवं भगवदनुराग स्थायिभाव होता है ।

पण्डितराज जगन्नाथने इस रसका खण्डन करते हुए कहा है कि यह देवादिविषया रति होनेसे भाव है, रस नहीं । अपने मतकी पुष्टिमें उन्होंने भरतादिवचनको ही प्रमाणरूपमें दुहराया है ।

कुछ लोग वत्सल रस भी मानते हैं 'केचिच्चमत्कारितया वत्सलं च रसं विदुः ।'

'उवाच धात्र्या प्रथमोदितं वचो ययौ तदीयामवलम्ब्य चाङ्गुलिम् ।
अभूच्च नम्रः प्रणिपातशिक्षया पितुर्मुदं तेन ततान सोऽर्भकः ॥'

इस रसमें पुत्रस्नेह स्थायी, पुत्रादि आलम्बन, पुत्राद्यालिङ्गन-संभाषण अनुभाव और हर्षादि व्यभिचारी भाव होते हैं ।

इसी प्रकार रस भाव जहाँ अनौचित्य प्रवृत्त हो वहाँ रसाभास और भावाभास होता है, वहाँ भी रसवत् अलङ्कार होगा क्योंकि रसवत्में रसशब्दका अर्थ रस्यमानमात्र है ॥ २९१ ॥

[1]वाक्यस्याग्राम्यता[2]योनिर्माधुर्ये[3] दर्शितो रसः ।
इह त्वष्टरसायत्ता रसवत्ता स्मृता गिराम् ॥ २९२ ॥

(इति रसवच्चक्रम्)

ननु पूर्वं माधुर्यगुणस्वरूपकथनावसरे मधुरं रसवत् इत्यनेन रसवत्त्वस्य माधुर्यगुणत्वमुक्तमत्र पुनस्तस्यैव रसवत्त्वस्यालङ्कारत्वमुच्यते, तदिदं भ्रामकमित्यपेक्षायामाह—**वाक्यस्येति** । वाक्यस्य वाचः (वस्तुनश्चेत्युपलक्ष्यते) अग्राम्यतायोनिः अग्राम्यतामूलको रसो माधुर्ये दर्शितः, दोषाभावे सति वाक्यं रसवद् भवति, तदन्यथात्वमपकृष्यते, तदिदं माधुर्यगुणप्रक्रमे उक्तम्, इह तु अष्टरसायत्ता रसावत्ता दर्शिता । अत्र ग्राम्यत्वाभावसमानाधिकरणरसव्यञ्जकालङ्कारादिमत्त्वस्य माधुर्यगुणत्वं पूर्वमुक्तम्, इह तु केवलानां रसानामेवालङ्कारत्वमुच्यते इति भावः ॥ २९२ ॥

हिन्दी—प्रथम परिच्छेदमें माधुर्यगुणनिर्वचनप्रसङ्गमें—'मधुरं रसवत्' कहा था, फिर यहाँ रसवत् अलङ्कार कहा । एक जगह माधुर्यगुणस्वरूप रसवत्त्व और दूसरी जगह अलङ्कारस्वरूप, ऐसी बात क्यों हो रही है ? इसी प्रश्नका उत्तर इस कारिकामें दिया जा रहा है । पहले वाक्यमें अग्राम्यता होनेसे—ग्राम्यता दोषके नहीं होने से—प्रतीत होनेवाले रसकी बात कही गई थी, यहाँ पर केवल रसकी बात है । अर्थात् पहले ग्राम्यत्वदोषाभावसे समन्वित रसव्यञ्जक अलङ्कारादिसद्भावको माधुर्यगुणरूपमें कहा गया था—रसमात्रको माधुर्य नहीं कहा था, यहाँ केवल आठ रसोंको ही रसवदलङ्कारके रूपमें कहा गया है, अतः उनके भेद स्पष्ट हैं ॥ २९२ ॥

अपकर्त्ताऽहमस्मीति हृदि ते मा स्म भूद्भयम् ।
विमुखेषु न मे खड्गः प्रहर्तुं जातु वाञ्छति ॥ २९३ ॥
[4]इति मुक्तः परो युद्धे निरुद्धो दर्पशालिना ।
पुंसा केनापि तज्ज्ञेयमूर्जस्वीत्येवमादिकम् ॥ २९४ ॥

(इत्यूर्जस्वि)

---

१. वाच्यस्य । २. योनेः । ३. माधुर्ये । ४. एवमुक्त्वा ।

क्रमप्राप्तमूर्जस्विनमुदाहरति—**अपकर्त्तेति**। अहं ते तव अपकर्ता क्षतिकरः अपकारपरायणोऽस्मीति कृत्वा ते तव भयं मदपादानकं भयं मा स्म भूत् न जायताम्, तत्र कारणमाह—**विमुखेष्विति**। विमुखेषु सम्मुखयुद्धात्पलायितेषु मे खड्गः प्रहर्त्तुं प्रहारं कर्त्तुं जातु कदाचिदपि न वाञ्छति नाभिलष्यति। पराङ्मुखस्य हननं शास्त्रविरुद्धं मत्वा मम खड्गः त्वयि प्रहारं नैव करिष्यति, तदलमपकर्त्तुरपि तव मदपादानकेन भयेनेति भावः ॥ २९३ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**इति मुक्त इति**। दर्पशालिना अहङ्कारयुतेन केनापि पुंसा वीरेण युद्धे निरुद्धः अवरुद्धः स्ववशीकृतः परः शत्रुरिति एवमुक्त्वा मुक्तः गन्तुमाज्ञप्तः, तत् तस्मात् गर्वस्यात्र प्राधान्येनाभिव्यक्तेरित्येवमादिकं सर्वमप्युदाहरणमोजस्विनाम्नाऽलङ्कारेण युतं मन्तव्यम् ॥ २९४ ॥

हिन्दी—तुमने मेरा अपकार किया है इसलिए तुम्हें मुझसे डरनेकी आवश्यकता नहीं है, जब तुम युद्धविमुख हो गये हो, तब हजार उपकार करने पर भी हमारा यह खड्ग कभी भी तुम पर प्रहार नहीं करना चाहेगा।

यहाँ गर्वरूप व्यभिचारी भाव उत्साहरूप स्थायी भावको आवृत करके प्रकट हो रहा है, अतः इसे ऊर्जस्वी अलङ्कार मानते हैं ॥ २९३ ॥

इस उदाहरणमें महाभिमानी किसी वीर पुरुषने युद्धमें बन्दी बनाये गये शत्रुको उपर्युक्त प्रकार से लज्जित करनेवाली बातें कहकर मुक्त कर दिया, इसलिये इस तरहके सगर्व कथनोंमें ऊर्जस्वी अलङ्कार होगा ॥ २९४ ॥

इष्टमर्थमनाख्याय साक्षात्तस्यैव सिद्धये।
यत्प्रकारान्तराख्यानं पर्यायोक्तं तदिष्यते ॥ २९५ ॥

पर्यायोक्तं नामालङ्कारं लक्षयति—**इष्टमर्थमिति**। इष्टम् प्रतिपादयितुमीहितम् अर्थम् साक्षात् अनाख्याय अभिधया अनुक्त्वा तस्यैव अभिधित्सितार्थस्य सिद्धये सचमत्कारप्रतीतये यत् प्रकारान्तरेण चमत्कारजनकभङ्गिविशेषेण आख्यानं व्यञ्जनया प्रतिपादनं तत्पर्यायोक्तं नामालङ्कारः। विवक्षितमर्थं साक्षात्तद्वाचकपदैरनुक्त्वा चमत्कारातिशयप्रतिपत्तये प्रकारान्तरेण तत्कथनं पर्यायोक्तमिति फलितम्। पर्यायो नामैकस्यार्थस्य प्रतिपादकान्तरम्, पर्यायता हि शब्दयोरेकार्थबोधकता, सा चैकयेव वृत्त्येति न नियमः, तथा च वाच्यस्यार्थस्य व्यञ्जनया प्रतिपादनमेव पर्यायोक्तमिति भावः। न चैवमस्य ध्वनिरूपताऽऽपत्तिः, अत्र व्यञ्जनया वाच्यार्थस्यैवाभिधानं, ध्वनौ तु न वाच्य एवार्थो विषय इति भेदात् ॥ २९५ ॥

हिन्दी—विवक्षित अर्थको वाचक शब्दोंसे साक्षात् नहीं कह कर उसी अर्थकी चमत्कारिणी प्रतीतिके लिये चातुर्यव्यञ्जक भङ्गीसे व्यञ्जना द्वारा कथनको पर्यायोक्त कहते हैं। पर्यायका अर्थ है शब्दान्तर, जिस शब्दसे व्यञ्जना द्वारा विवक्षित अर्थ कहा जायगा वह अभिधा द्वारा तदर्थवाचकका पर्याय हुआ ही, उसीके द्वारा कहा जाता है अतः पर्यायोक्त नामकरण सार्थक हुआ। इसे आप ध्वनि या गुणीभूतव्यङ्ग्य नहीं कह सकते हैं क्योंकि यहाँ पर वाच्यार्थ ही व्यञ्जनासे कहलाया जाता है, ध्वनिमें तो वाच्यार्थ ही ध्वनिका विषय नहीं होता है, इसके अतिरिक्त यहाँ का व्यङ्ग्यार्थ अतिस्फुट हुआ करता है अत एव वह वाच्यातिशायी नहीं होता है, फिर उसे

ध्वनि कैसे माना जाय, यह तो उक्तिवैचित्र्यमात्र हैं, इन्हीं बातोंको हृदयमें रख कर काव्यप्रकाश-कारने लिखा है :—'यदेव वाच्यं तदेव व्यङ्ग्यं, यथा तु वाच्यं तथा न व्यङ्ग्यम्' इति ॥ २९५ ॥

दशत्यसौ परभृतः सहकारस्य मञ्जरीम् ।
तमहं वारयिष्यामि युवाभ्यामास्यतामिह ॥ २९६ ॥
सङ्गमय्य सखीं यूना संकेते तद्रतोत्सवम् ।
[1]निर्वर्त्तयितुमिच्छन्त्या कयाऽप्यपसृतं ततः ॥ २९७ ॥

(इति पर्यायोक्तम्)

पर्यायोक्तमुदाहरति—**दशत्यसाविति** । असौ परभृतः कोकिलः सहकारस्य आम्रस्य मञ्जरीं दशति आस्वाद्य विनाशयति, अहं तं परभृतं वारयिष्यामि, युवाभ्याम् इह स्वैरम् निश्रब्धम् आस्यताम् । अत्र अहं गच्छामि, युवाभ्यां यथेप्सितं सुरतं विधीयतामिति विवक्षितमर्थं प्रकारान्तरेण चमत्कारकारिणोक्तं विभाव्य पर्यायोक्तलक्षणं संगतं वेदितव्यम् ॥ २९६ ॥

प्रकरणं स्पष्टयति—**सङ्गमय्येति** । यूना नायकेन सखीं तत्सङ्गमाभिलाषिणीं वनितां सङ्केते सङ्गमय्य मेलयित्वा तद्रतोत्सवं तयोर्यूनोर्निधुवनं निर्वर्त्तयितुं स्वापसरणेन संपादयितुम् इच्छन्त्या कयापि सख्या ततः स्थानात् अपसृतम् ॥ २९७ ॥

हिन्दी—वह कोकिल आम्रमञ्जरीको नष्ट कर रहा है—कुतर-कुतर कर गिरा रहा है, मैं उसे वैसा करनेसे रोकने जा रही हूँ, आप दोनों आदमी यहाँ यथाकाम निश्चिन्त होकर रहें ।

इस उदाहरणमें आप दोनों अपना अभीष्ट सुरतोपभोग करें यह वाच्यार्थ—मैं जाती हूँ, और किसीका यहाँ आना संभव नहीं है, अतः आप विश्रब्ध होकर यहाँ रहें, इस व्यञ्जक प्रकारसे कहा गया है, अतः यह पर्यायोक्तालङ्कार हुआ ॥ २९६ ॥

युवा नायकके साथ नायिकाको एकान्त संकेत-स्थानमें मिलाकर उनके सुरतकार्यको सम्पादित करनेकी इच्छा रखनेवाली सखी वहाँसे टल गई । यह केवल इसलिये कह दिया गया है कि प्रकरण स्पष्ट हो जाय, जिससे उदाहरणश्लोकका तात्पर्य स्फुट हो सके ॥ २९७ ॥

किञ्चिदारभमाणस्य कार्यं दैववशात्[2] पुनः ।
तत्साधनसमापत्तिर्या तदाहुः समाहितम् ॥ २९८ ॥
मानमस्या निराकर्त्तुं पादयोर्मे पतिष्यतः ।
उपकाराय दिष्ट्येदमुदीर्णं घनगर्जितम् ॥ २९९ ॥

(इति समाहितम्)

समाहितं नामालङ्कारं लक्षयति—**किञ्चिदारभमाणस्येति** । किञ्चित् कार्यम् किमपि कर्त्तव्यं कर्म आरभमाणस्य यथोचितसाधनावलम्बनेन कर्त्तुमुपक्रममाणस्य कर्त्तुः दैववशात् या तत्साधनसमापत्तिः तत्कार्यसाधकसाधनान्तरोपलब्धिः तत् समाहितम् आहुः । आरब्धस्य कार्यस्य दैववशात् साधनान्तरोपलब्ध्या सौकर्येण समाधानं समाहितं नाम । अर्वाचीनास्तु समाधिसंज्ञयाऽमुं व्यवहरन्ति ।

अत्र भोजराजेन दैवात् साधनान्तरोपलब्धौ बुद्धिपूर्वकं वा साधनान्तरोपलब्धौ द्विधाऽपि समाहितं स्वीकृतं, तथोदाहृतं च ॥ २९८ ॥

---

१. प्रवर्त । २. दैवबलात् ।

उदाहरति—आननमस्या इति। अस्या मानिन्या नायिकाया मानम् निराकर्तुं दूरीकर्तुम् पादयोः तदीयचरणयोः पतिष्यतः प्रणिपत्य तां प्रसादयिष्यतो मे मम उपकाराय दिष्ट्या दैववशेन इदं घनगर्जितम् उदीर्णम् जातम्। अत्र मानिन्या मानापनोदनरूपकार्याय प्रणामरूपं साधनमादाय तत्परस्य नायकस्य दैवादुदीर्णेन घनगर्जितेन मानिनीकामोद्दीपनद्वारा तत्सम्पाद्ये मानापनोदने सौकर्यं सम्पाद्यत इति समाहितसंगतिः॥ २९९॥

हिन्दी—कर्ता किसी कार्यमें अपेक्षित साधनको लेकर उस कार्यको प्रारम्भ करे, भाग्यवश यदि उसी समय उस कार्यके साधक अन्य साधन मिल जायँ तब कार्य सुकर हो जाय, इसे समाहित अलङ्कार मानते हैं। नवीन आचार्य इसे समाधि नामसे व्यवहृत करते हैं, समाहित तो उनके अनुसार भावशान्तिमें होता है।

यहाँ 'दैवात्' यह नियमतः अपेक्षित नहीं है, दैवद्वारा अथवा बुद्धिकृत साधनान्तरोपलब्धि द्वारा कार्यसौकर्यविवक्षामें समाहित होता है, यह बात भोजराजने कही है, तदनुसार उदाहरण भी दिये हैं॥ २९८॥

इस मानिनी नायिकाके मानको दूर करनेके लिये मैं इसके पैरों पर पड़ने ही वाला था कि मेरे उपकारके लिए मेघका गर्जन भी होने लगा. चरणप्रणिपातरूप साधनसे मानापनोदनरूप कार्यके करनेके लिये नायक तत्पर था, उसके उपकारार्थ मेघकी आवाज सुनाई पड़ी, उसका कार्य मानापनोदन सुकर हो गया, क्योंकि मेघगर्जन अतिकामोद्दीपक होता है, उसके होने पर मानिनीका मान सहज ही दूर हो गया। मानिनीके मानापनोदनोपायों में प्रणाम भी गिना गया है—
'सामभेदोऽथ दानं च नत्युपेक्षे रसान्तरम्। तद्भङ्गाय पतिः कुर्यात् षडुपायानिति क्रमात्'॥२९९॥

आशयस्य विभूतेर्वा यन्महत्त्वमनुत्तमम्[1]।
उदात्तं नाम तं प्राहुरलङ्कारं मनीषिणः॥ ३००॥

उदात्तं लक्षयति—**आशयस्येति**। आशयस्य अभिप्रायस्य मनोव्यापारस्वरूपस्य विभुतेः सम्पदो वा यत् अनुत्तमम् अत्यधिकं महत्त्वं तत् मनीषिण उदात्तं नामालङ्कारं प्राहुः, यत्र प्रस्तुतस्यालौकिकं महाशयत्वं महाविभवत्वं वा वर्ण्यते स उदात्तो नामालङ्कारः इत्यर्थः॥ ३००॥

हिन्दी—आशय—अभिप्राय अथवा सम्पत्तिका यदि अतिशय महत्त्व वर्णित हो तो उदात्त अलङ्कार कहते हैं, अर्थात् यदि प्रस्तुत वस्तुकी महाशयता अथवा महाविभवशालिताका वर्णन हो तो उदात्त नामक अलङ्कार है। इन दोनों विषयोंके दो उदाहरण अभी आगे कहेंगे। काव्यप्रकाशकारने 'महतां चोपलक्षणम्' कहकर एक नया प्रभेद बनाया है—जहाँ पर प्रस्तुत वस्तुका अङ्ग होकर महान् जनका चरित वर्णित हो वह भी एक प्रकारका उदात्त है, इस प्रभेदका उदाहरण यह दिया है—

'तदिदमरण्यं यस्मिन् दशरथवचनानुपालनव्यसनी।
निवसन् बाहुसहायश्चकार रक्षःक्षयं रामः॥'

यहाँ वर्णनीयतया प्रस्तुत दण्डकारण्यके उत्कर्षके लिए तदङ्गतया रामका महान् चरित वर्णित हुआ है॥ ३००॥

गुरोः शासनमत्येतुं न शशाक स राघवः।
यो रावणशिरश्छेदकार्यभारेऽप्यविक्लवः॥ ३०१॥

---

१. अनुत्तरम्।

महाशयत्ववर्णन उदात्तमुदाहरति—**गुरोरिति**। यो राघवो रामः रावणस्य असाधारणशौर्यविख्यातस्य राक्षसाधिपस्य च शिरसां मस्तकानां छेदकार्यभारे छेदनरूपे गुरुणि कार्ये अविक्लवः अव्यग्रः, सः गुरोः शासनम् वनवासाज्ञाम् अत्येतुं लङ्घयितुं न शशाक नाक्षमत। अत्र रावणवधरूपस्यासाध्यकार्यस्य कर्त्तरि रामे राज्यापहारकपित्रादेशानुल्लङ्घकतया महाशयत्वमुक्तमिति भवत्युदात्तम् ॥ ३०१ ॥

हिन्दी—जिस राघव रामने रावणके सिर काटनेके समान महान् कार्यमें भी क्षमता प्रदर्शित की थी, वही राम पिताकी आज्ञा—वनवासादेशको (जिसके माननेसे राज्य छूट गया) नहीं टाल सके। यहाँ राक्षसराज-वधरूप असाधारण कार्य करनेवाले राममें पित्राज्ञावर्तित्व बताकर उनकी महाशयताका निदर्शन कराया गया है, अतः इसे उदात्त अलङ्कारका प्रथम भेद जानना चाहिये ॥ ३०१ ॥

रत्नभित्तिषु[1] सङ्क्रान्तैः[2] प्रतिबिम्बशतैर्वृतः।
ज्ञातो लङ्केश्वरः कृच्छ्रादाञ्जनेयेन तत्त्वतः ॥ ३०२ ॥

महाविभवत्वे उदात्तमुदाहरति—**रत्नेति**। आञ्जनेयेन हनूमता रत्नभित्तिषु मणिमयगृहकुडयेषु सङ्क्रान्तैः प्रतिफलितैः प्रतिबिम्बशतैः बहुभिः स्वीयप्रतिमूर्त्तिभिः वृतः वेष्टितो लङ्केश्वरः कृच्छ्रात् कष्टतः तत्वतो ज्ञातः यथार्थरावणः परिचितः। प्रतिबिम्बशतवृततया रावणस्य वास्तविकपरिचयो हनुमता कष्टेन प्राप्यते स्मेत्यर्थः। अत्र प्रतिबिम्बशतवृतत्त्वोपपादकरत्नभित्तिकभवनशालितया रावणस्य महाविभवत्वं वर्ण्यत इति भवत्युदात्तालङ्कारः ॥ ३०२ ॥

हिन्दी—रत्ननिर्मित दीवारों पर प्रतिबिम्बित मूर्त्तिशतसे आवृत रावणको हनुमान्‌ने कष्टसे यथार्थ रूपमें पहचाना। समानाकारक बिम्बप्रतिबिम्ब-समवधान होने—कौन यथार्थ रावण है, और कौन-कौन प्रतिबिम्ब हैं, यह पहचाननेमें हनुमान् को बुद्धि खपानी पड़ी। यहाँ पर रत्नभित्तिक भवनके वर्णनसे रावणका महाविभवत्व प्रदर्शित होता है, अतः इसे उदात्त अलङ्कार कहा गया है ॥ ३०२ ॥

पूर्वत्राशयमाहात्म्यमत्राभ्युदयगौरवम्।
सुव्यञ्जितमिति[3] प्रोक्तमुदात्तद्वयमप्यदः[4] ॥ ३०३ ॥
(इत्युदात्तम्)

उदात्तमुपसंहरति—**पूर्वत्रेति**। पूर्वत्र-'गुरोः शासनम्' इत्यादिप्रथमोदाहरणे आशयमाहात्म्यम् रामस्य महाशयत्वं सुव्यञ्जितम् साधु प्रकाशितम्, अत्र 'रत्नभित्तिषु' इत्यादि द्वितीयोदाहणे अभ्युदयगौरवम्—महाविभवत्वं रावणस्य सुव्यञ्जितमिति हेतोः अदः एतत् उदात्तद्वयम् अपि प्रोक्तम्, उदात्तस्य माहात्म्य-महाविभवत्वरूपविषयद्वयगतत्वेन द्वैविध्यमुक्तमिति भावः ॥ ३०३ ॥

हिन्दी—प्रथम उदाहरण—'गुरोः शासनमत्येतुं न शशाक स राघवः' इसमें रामके महाशयत्वको अच्छी तरह व्यञ्जित किया गया है, और 'रत्नभित्तिषु सङ्क्रान्तैः प्रतिबिम्बशतैर्वृतः' इस द्वितीय उदाहरणमें रावणका अभ्युदयगौरव—वैभवकी विशालता प्रकाशित की गई है, अतः विषयद्वैविध्य होनेसे हमने उदात्तका दो प्रकार किया है ॥ ३०३ ॥

---

१. स्तम्भेषु। २. संक्रान्त। ३. व्यक्तम्। ४. द्वितयं पुनः।

अपह्नुतिरपह्नुत्य किञ्चिदन्यार्थदर्शनम् ।
न पञ्चेषुः स्मरस्तस्य सहस्रं पत्रिणामिति ॥ ३०४ ॥

अपह्नुतिं लक्षयति—**अपह्नुतिरिति** । किञ्चित् किमपि प्रकृतस्य गुणक्रियादिरूपं वस्तु अपह्नुत्य अपलप्य अन्यस्य अर्थस्य दर्शनम् धर्मान्तरस्यारोपणम् अपह्नुतिर्नामालङ्कारः । प्रकृतं धर्मिणं निषिध्य धर्म्यन्तरारोपः तत्त्वापह्नवरूपकनाम्ना पूर्वमुक्तः, अत्र तु गुणक्रियादिरूपधर्मापलापपूर्वको धर्मान्तरारोपोऽपह्नुतिनाम्ना निर्दिश्यते इति भेदः । अन्यार्थारोपमात्रस्य लक्षणत्वे रूपकातिशयोक्त्योरतिव्याप्तिः स्यादतः 'किञ्चिदपह्नुत्य' इति योजितं तथा च रूपकातिशयोक्त्योः कस्यापि निषेधाभावान्नातिव्याप्तिः । 'किञ्चिदपह्नुत्य' इत्येतावन्मात्रोक्तौ आक्षेपालङ्कारेऽतिव्याप्तिः, अतोऽन्यार्थसाधनमुच्यते । संदेहालङ्कारे संशयः, अत्र तु निश्चयः, उत्प्रेक्षायां संभावनामात्रम् , अत्र त्वाहार्यारोप इति भेदः ।

उदाहरण उत्तरार्धमुपन्यस्यति—**न पञ्चेषुरिति** । स्मरः कामदेवः पञ्चेषुः बाणपञ्चकमात्रसहायो न, तावद्भिर्बाणैर्जगदुत्पीडनासम्भवात् , अतस्तस्य पत्रिणां सहस्रमस्तीति बोध्यम् । अत्र प्रस्तुतस्य कामबाणस्य धर्मं पञ्चसंख्यकत्वं निषिध्य तत्र धर्मान्तरं सहस्रसंख्यकत्वमारोप्यत इति भवति लक्षणसङ्गतिः ॥ ३०४ ॥

हिन्दी—वर्णनीय वस्तुके गुणक्रियादि धर्मको असत्य बताकर—अपलपित करके यदि दूसरे धर्म—गुणक्रियादिका आरोप किया जाय तो अपह्नुति अलङ्कार होता है, धर्मीका निषेध करके धर्म्यन्तरके आरोपमें दण्डीने तत्त्वापह्नवरूपक नामका अलङ्कार बताया है, अतः उससे भेद बतानेके लिये धर्मनिषेधपूर्वक धर्मान्तरारोप को अपह्नुति कह रहे हैं । अन्यान्य नवीन आचार्यगण उभयविध स्थलमें अपह्नुति ही मानते हैं ।

यहाँके अपह्नुतिलक्षणमें दो अंश हैं—धर्मका अपह्नव और धर्मान्तरका आरोप, उसमें यदि धर्मान्तरारोपमात्रको लक्षण कहेंगे तो रूपक और अतिशयोक्तिमें अतिव्याप्ति होगी; अतः 'किञ्चिदपह्नुत्य' धर्मका अपह्नवरूप प्रथम अंशको भी लक्षणमें स्थान दिया गया । वैसा कहने पर अतिव्याप्ति नहीं होती है क्योंकि वहाँ किसी वस्तुका अपह्नव–प्रतिषेध नहीं किया जाता है ।

'किञ्चिदपह्नुत्य' इस पूर्वांशमात्रको लक्षण मानते हैं तो आक्षेप नामक अलङ्कारमें लक्षणकी अतिव्याप्ति होती है, अतः अन्यधर्मारोपस्वरूप उत्तरांशको लक्षणमें समाविष्ट करते हैं ।

संदेहालङ्कारमें संशय होता है यहाँ निश्चय, उत्प्रेक्षामें संभावना होती है यहाँ आहार्यनिश्चय होता है, यही भेद है ।

इस कारिका का उत्तरार्ध अपह्नुति का उदाहरण है । कामदेव पञ्चेषु नहीं है, उसके बाणोंकी संख्या हजार है, यदि वह पञ्चेषु होता तो उतनेसे बाणोंसे संसारको उत्पीडित नहीं कर पाता, अतः निश्चय ही उसके पास हजारों बाण हैं ।

इस उदाहरणमें वर्णनीय वस्तु कामबाणके धर्म पञ्चसंख्यकत्वको असत्य बताकर दूसरे धर्म सहस्रसंख्यकत्वका आरोप हुआ है, अतः यह अपह्नुतिका उदाहरण है ॥ ३०४ ॥

चन्दनं चन्द्रिका मन्दो गन्धवाहश्च दक्षिणः ।
सेयमग्निमयी सृष्टिर्मयि शीता परान्प्रति ॥ ३०५ ॥
शैशिर्यमभ्युपेत्यैव परेष्वात्मनि कामिना ।
औष्ण्यप्रकाशनात्[1] तस्य [2]सेयं विषयनिह्नुतिः ॥ ३०६ ॥

---

१. प्रदर्शनात् । २. सैषा ।

विषयापह्नुतिमुदाहरति—**चन्दनमिति**। चन्दनं मलयजरसः, चन्द्रिका ज्योत्स्ना, तथा मन्दः दक्षिणो दक्षिणदिक्प्रवृत्तः गन्धवाहो वायुश्च, सेयम् एतत्समुदायरूपा मयि वियोगपीडितेऽग्निमयी सृष्टिः अग्निवत्सन्तापजननी, अतो मयाऽग्निवन्मन्यते, परान् संयोगिनः प्रति शीतला शीता, अतस्ते कामं तत्र तत्र शैत्यं प्रतियन्तु इति भावः, अत्रोष्णत्वप्रतिपादनेन शीतत्वं निषिध्यमानं बोध्यम् ॥ ३०५ ॥

उदाहरणमुपपादयति—**शैशिर्यमिति**। अत्रोदाहरणे कामिना वियुक्तेन पुंसा परेषु स्वभिन्नेषु संयोगिषु जनेषु (चन्दनादीनाम्) शैशिर्यम् शीतलताम् अभ्युपेत्य अङ्गीकृत्य एव तस्य शैशिर्यस्य आत्मनि औष्ण्यप्रकाशनात् सन्तापकतया वर्णनात्, सा इयं विषयनिह्नुतिः विषयापह्नुतिः नामालङ्कारः। अत्र चन्दनादीनां शैत्यं निषेध्यं तापकत्वं चारोप्यमिति निषेधारोपयोर्व्यवस्थितविषयत्वाद्विषयापह्नुतिरिति संज्ञा ॥ ३०६ ॥

हिन्दी—चन्दन, चन्द्रमाकी ज्योत्स्ना और दक्षिण दिशासे आनेवाली शीतल मन्द वायु, यह सब मेरे लिये अग्निमयी सृष्टि हैं, भले ही संयोगी पुरुषोंके लिये यही वस्तुएँ शीतल हों। यहाँ चन्दनादिकी उष्णता प्रतिपादन करके उनके शैत्यका निषेध व्यञ्जित किया गया है ॥ ३०५ ॥

इस उदाहरणमें कामी-वियुक्त पुरुषने स्वभिन्न संयोगी पुरुषोंमें चन्दनादिकी शीतलताको स्वीकार करके अपने विषयमें उन्हीं पदार्थोंकी उष्णता प्रकाशित की है, इसीलिए इसे विषयापह्नुति कहते हैं। इसका नाम विषयापह्नुति इसीलिए रखा गया कि निषेध्य और आरोप्यके विषय नियत हैं, अर्थात् शैत्यका निषेध होता है और सन्तापकत्वका आरोप है ॥ ३०६ ॥

अमृतस्यन्दिकिरणश्चन्द्रमा नामतो[1] मतः।
अन्य एवायमर्थात्मा विषनिष्यन्दिदीधितिः ॥ ३०७ ॥
इति चन्द्रत्वमेवेन्दौ निवर्त्य[2]ार्थान्तरात्मता[3]।
उक्ता[4] स्मरार्त्तेनेत्येषा[5] स्वरूपापह्नुतिर्मता ॥ ३०८ ॥

स्वरूपापह्नुतिमुदाहरति—**अमृतेति**। चन्द्रमाः चन्द्रः नामतः केवलं संज्ञामात्रेण अमृतस्यन्दिकिरणः सुधास्राविकरशाली, मतः। चन्द्रमाः केवलं संज्ञयैवामृतवर्षी, न त्वर्थत इति पूर्वार्द्धार्थः, अर्थात्मा यथार्थत्वे त्वयं चन्द्रमा अन्य एव अन्यथाभुत एव विषनिष्यन्दिदीधितिः गरलवर्षिकिरणः। वियोगिनां सन्तापजनकोऽयं चन्द्रो नाममात्रेणामृतकरः, यथार्थभावे त्वसौ विषकिरण इति।

अत्र चन्द्रमसः संज्ञामात्रं सुधाकरत्वं क्रियाकृतं तु विषकरत्वमिति सुधाकरत्वं प्रतिषिध्य विषकरत्वारोपादपह्नुतिः, इन्दौ चन्द्रत्वमाह्लादकस्वरूपत्वं तदेवापह्नुत्य विषादकत्वस्वरूपं धर्मान्तरमारोप्यते इति स्वरूपापह्नुतिः ॥ ३०७ ॥

उदाहरणं योजयति—**इति चन्द्रत्वमिति**। केनचित् स्मरार्त्तेन कामसन्तापितेन पुंसा इति प्रोक्तेन प्रकारेण इन्दौ चन्द्रमसि चन्द्रत्वं सर्वजनाह्लादकत्वरूपं तदीयमसाधारणधर्मं निवर्त्य प्रतिषिध्य अर्थान्तरात्मता अन्यस्वरूपता विषमयकिरणशालिता उक्ता आरोपिता, इति स्वरूपापह्नुतिः एषा स्वरूपस्याह्लादकत्वस्य निषेधेन प्रवृत्तत्वात्स्वरूपापह्नुतिरिति संज्ञा ॥ ३०८ ॥

---

१. नाम नामतः। २. निह्नुत्य। ३. अर्थान्तरात्मना। ४. उक्तं। ५. नेत्यादि।

हिन्दी—चन्द्रमा केवल संज्ञामात्रके लिये सुधाकर है, यथार्थमें वह विषमयकिरण है।

यह स्वरूपापह्नुति है, वियोगियोंको सताने वाले चन्द्रमाको सुधाकर कोई वियोगी कैसे स्वीकार कर सकता है, उसके लिये तो वह विषकर ही है ॥ ३०७ ॥

इस उदाहरणमें किसी कामसन्तप्त विरहीने उक्त रीतिसे चन्द्रमाके स्वरूप सुधास्यन्दिकिरणत्व-सुधाकरत्व-आह्लादकत्वका प्रतिषेध करके विषमयकिरणत्वका आरोप किया है अतः इसे स्वरूपापह्नुति नामक अलङ्कार कहा है। स्वरूपका अपलाप करके धर्मान्तरका आरोप किया जाता है अतएव इसे स्वरूपापह्नुति कहते हैं ॥ ३०८ ॥

उपमापह्नुतिः पूर्वमुपमास्वेव दर्शिता।
इत्यपह्नुतिभेदानां लक्ष्यो लक्ष्येषु विस्तरः ॥ ३०९ ॥
(इत्यपह्नुतिः)

अपह्नुतिप्रसङ्गमुपसंहरति—**उपमेति**। उपमायाः। सादृश्यस्य अपह्नुतिः **प्रतिषेधः उपमापह्नुतिः** पूर्वम् उपमासु उपमाप्रभेदेषु दर्शिता-प्रतिषेधोपमानाम्ना उक्ता-अतोऽत्र **नोच्यते**। इति एवम् अपह्नुतिभेदानां **विस्तरो** लक्ष्येषु लक्ष्यः अन्वेष्टव्यः ॥ ३०९ ॥

हिन्दी—उपमा-सादृश्यके प्रतिषेधसे अनुपमत्व-प्रतिपादनमें चमत्कार हो सकता है, अतः उपमापह्नुति नामक प्रभेद भी इस अपह्नुतिका होना चाहिये, उसे न कहने से न्यूनताका संदेह उठ सकता है, उसीका यह उत्तर दिया जाता है कि उपमा-सादृश्यके प्रतिषेधसे होनेवाले प्रभेदका उपमाकरण में कथन हो गया है, उसका वहाँ प्रतिषेधोपमा नामसे निरूपण कर दिया गया है, देखिये—

'न जातु शक्तिरिन्दोस्ते मुखेन प्रतिगर्जितुम्। कलङ्किनो जडस्येति प्रतिषेधोपमैव सा ॥'

इस तरहके लक्ष्योंमें सादृश्यका प्रतिषेध करके गुणातिशय प्रतिष्ठापित किया जाता है। यद्यपि सादृश्यप्रतिषेध होता है परन्तु सादृश्यप्रतिषेध उपमाके मूल गुणातिशयको ही प्रतिष्ठापित करता है, अतः यहाँ अपह्नुति भी उपमाकी विकासिका ही होकर रह जाती है, प्रधान उपमा ही होती है, अतएव दण्डीने इसे उपमाके प्रभेदोंमें ही कहा है, इसी अभिप्रायको व्यक्त करनेके लिये आचार्यने 'प्रतिषेधोपमैव'में एवकार लगा दिया है, यह ध्यान देनेके योग्य है।

इसी प्रकारसे अलङ्कारान्तरोत्पादक अपह्नुतिप्रभेदोंका लक्ष्यग्रन्थमें अन्वेषण करें। 'प्रेमचन्द्र' ने उत्प्रेक्षापह्नुतिका यह उदाहरण दिया है—

'अश्रुच्छलेन सुदृशो हुतपावकधूमकलुषाक्ष्याः। अप्राप्य मानमङ्गे विगलति लावण्यवारिपूर इव ॥'३०९॥

श्लिष्टमिष्टमनेकार्थमेकरूपान्वितं वचः।
तदभिन्नपदं भिन्नपदप्रायमिति द्विधा ॥ ३१० ॥

अथावसरप्राप्तं श्लेषालङ्कारं निरूपयति—**श्लिष्टमिति**। अनेकार्थम् एकरूपान्वितम् वचः श्लिष्टम् इष्टम्। अनेकार्थम् अभिधाद्वाराऽनेकार्थवाचकम्, एकरूपान्वितम् अर्थभेदेऽपि अभिन्नप्रयत्नोच्चार्यतया एकेन रूपेण युक्तम्, वचः वाक्यं श्लिष्टम् श्लेषाख्यालङ्कारयोगीष्टम्। श्लेषः—एकत्वावभासकः सम्बन्धविशेषः, स च शब्दयोरेकप्रयत्नोच्चार्यत्वरूपः, अर्थयोस्तु प्रकरणादिनियमाभावे एकप्रयत्नोच्चार्यशब्दद्वयेनैककालिकबोधविषयत्वरूपः।

एतच्च अनेकार्थकत्वम् अभिधाद्वारा युगपदनेकार्थप्रतिपादकत्वं, तच्चाभिधानियामकानां संयोगविप्रयोगादीनामभावे एव संभवतीति संयोगादिभिरभिधाया नियमस्थले युगपदर्थद्वयप्रतीतेरभावान्न श्लेषः, किन्तु तत्राप्रकृतार्थस्य ध्वनित्वमेव, यथा—

'भद्रात्मनो दुरधिरोहतनोर्विशालवंशोन्नतेः कृतशिलीमुखसङ्ग्रहस्य ।
यस्यानुपप्लवगतेः परवारणस्य दानाम्बुसेकसुभगः सततं करोऽभूत् ॥'

इत्यत्र प्रकरणनियमेन प्रथमं राजरूपोऽर्थः प्रतिपाद्यते, पश्चाच्च हस्ती व्यज्यते । श्लेषस्य भेदमाह— **तदभिन्नपदमिति** । तत् शिलष्टम् द्विधा—अभिन्नपदं भिन्नपदप्रायमिति च । शक्यतावच्छेदकभेदेऽपि एकप्रत्ययप्रकृत्यादिघटितानि अत एवाभिन्नानि पदानि यस्मिंस्तदभिन्नपदम्, एवम्— भिन्नानां प्रकृतिप्रत्ययादिभेदेन भिन्नानां पदानां प्रायः बाहुल्यं यत्र तादृशमभिन्नपदप्रायम् । एवञ्चाभिन्नपदस्थलेऽभङ्गश्लेषः भिन्नपदप्राये च सभङ्गश्लेष इति ।

स चायं श्लेषः शब्दपरिवृत्तिसहत्वतदसहत्वाभ्यां द्विधा, अर्थश्लेषशब्दश्लेषनाम्ना नवीनैरभ्युपगतः, प्राचीनास्तु दण्ड्यादयः शब्दस्यार्थद्वयोपस्थापकत्वरूपं समानं वैचित्र्यं निमित्तमादायोभयत्रापि अर्थश्लेषमेवाहुः ॥ ३१० ॥

हिन्दी—अनेकार्थक—अभिधावृत्तिद्वारा एकही साथ एकाधिक अर्थको कहनेवाले, एवं एकरूपान्वित—अर्थभेद होने पर भी अभिन्नप्रयत्नोच्चार्य होनेसे एकरूप वचनको श्लिष्ट—श्लेषालङ्कारयुक्त कहते हैं । श्लेषका अर्थ है—शब्द और अर्थका एकतावभासक संवन्धविशेष, वह शब्दोंमें एकप्रयत्नोच्चार्यत्वस्वरूप और अर्थोंमें एकप्रयत्नोच्चार्य शब्दद्वारा एककालिकबोधविषयत्वरूप पड़ता है ।

कुछ लोग शब्दोंमें जतुकाष्ठन्यायसे और अर्थोंमें एकवृन्तगतफलद्वयन्यायसे श्लेष स्वीकार करते हैं ।

नवीन आचार्योंने शब्दश्लेष और अर्थश्लेष नामसे अलग-अलग दो अलङ्कार माने हैं, उनके मतमें जहाँ पर शब्दपरिवर्तन होने पर भी—शब्दपरिवृत्तिसह स्थलमें श्लेष बना ही रहता है उसे अर्थश्लेष स्वीकार किया जाता हैं, जैसे-'स्तोकेनोन्नतिमायाति स्तोकेनायात्यधोगतिम् । अहो सुसदृशी वृत्तिस्तुलाकोटेः खलस्य च' यहाँ 'स्तोकेन' को 'अल्पेन' कहकर बदल देने पर भी श्लेषमें बाधा नहीं पड़ती है अतः यह अर्थश्लेष है, एवं जहाँ पर शब्दका परिवर्त्तन न हो सके, उस शब्दपरिवृत्त्यसह स्थलमें शब्दश्लेष होता है, जैसे—'प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ' इसमें 'विधौ' के स्थानमें कोई दूसरा पद रखें तो श्लेष में बाधा पड़ जाती है, अतः यह शब्दश्लेष है ।

परन्तु आचार्य दण्डीने अर्थद्वयप्रतीतिजनक इस श्लेषको प्रधानतया अर्थसापेक्ष देख कर केवल अर्थालङ्कार ही माना है ।

शब्दका अनेकार्थत्व—अभिधावृत्तिसे अनेकार्थप्रतिपादकत्व माना जाता है, वह अनेकार्थप्रतिपादकत्व अभिधानियामक संयोगादिकोंके अभावमें ही संभव होता है, जहाँ अनेकार्थक शब्दप्रयोग होने पर भी संयोगप्रकरणादि द्वारा एकार्थमें अभिधा नियन्त्रित हो जाती है वहाँ श्लेष नहीं होता, जैसे—'भद्रात्मनो दुरधिरोहतनोर्विशालवंशोन्नतेः कृतशिलीमुखसंग्रहस्य । यस्यानुपप्लवगतेः परवारणस्य दानाम्बुसेकसुभगः सततं करोऽभूत्' इस उदाहरणमें राजारूप अर्थमें अभिधानियन्त्रण हो जाने पर हाथीरूप अर्थ श्लेष द्वारा नहीं, व्यञ्जना द्वारा प्रतीत होता है—व्यङ्ग्य होता है ।

यह श्लेष दो प्रकारका है—अभिन्नपद और अभिन्नपदप्राय । शक्यतावच्छेदक भिन्न होने पर भी एकप्रकृति-प्रत्ययादिघटित होनेसे अभिन्न पदों वाला अभिन्नपद कहलाता है, और प्रकृति-प्रत्ययादि भिन्न होनेसे भिन्नपदप्राय ।

अभिन्नपद स्थलमें अभङ्ग श्लेष, भिन्नपदप्राय स्थलमें सभङ्ग श्लेष होता है । सभङ्ग श्लेष—

भिन्नपद श्लेष अधिक चमत्कारकारी होता है, उसे कवियोंका आदरातिशय प्राप्त है, अतः उसकी बहुलता बतानेके लिये 'प्राय' शब्दका निवेश कर दिया गया है।

काव्यप्रकाशादिमें शब्दश्लेषके आठ भेद किये गये हैं। इसके अतिरिक्त एक सभङ्गाभङ्ग श्लेष की भी कल्पना की गई है, इनके उदाहरण वहीं देखें ॥ ३१० ॥

असावुदयमारूढः कान्तिमान् रक्तमण्डलः।
राजा हरति लोकस्य[1] हृदयं मृदुभिः करैः ॥ ३११ ॥

अभिन्नपदं श्लेषमुदाहरति—**असाविति**। उदयम् उन्नतिम् उदयाचलञ्च आरूढः प्राप्तः, कान्तिमान् सुन्दरतनुः किरणशाली च, रक्तमण्डलः अनुरक्तप्रजावर्गः लोहिताभाबिम्बश्च असौ राजा प्रभुश्चन्द्रमाश्च मृदुभिः सुखप्रदेयैः शीतलैश्च करैः राजग्राह्यभागैः किरणैश्च लोकस्य हृदयं हरति वशीकरोति। अत्र प्रकरणादिकृताभिधानियन्त्रणाभावात् राजचन्द्रौ द्वावपि वाच्यौ, उदयादिश्लिष्टपदेष्वपि एकप्रकृतिप्रत्ययादिनिष्पाद्यत्वरूपमभिन्नत्वमिति भवति अभिन्नपदश्लेषत्वम् ॥ ३११ ॥

उदय—प्रतापप्रकर्ष तथा उदयाचलको प्राप्त, कान्तिमान्—रमणीय रूप तथा प्रभाशाली, रक्तमण्डल-अनुरक्त प्रजावर्ग और लोहितबिम्ब यह राजा-चन्द्रमा अपने हलके करों अथवा शीतल किरणोंसे समस्त लोकके हृदयको आकृष्ट करता है।

इस उदाहरणमें प्रकरणादिकृत नियन्त्रणाभाव होनेसे राजा और चन्द्रमा दोनों ही समान भावसे वाच्य हैं, उसमें भी उदयादि श्लिष्ट पद एकप्रकृति-प्रत्ययादिसाध्य हैं, अत एव श्लेषालङ्कारका अभिन्नपद श्लेष नामक भेद हुआ ॥ ३११ ॥

दोषाकरेण सम्बध्नन्नक्षत्रपथवर्त्तिना।
राज्ञा प्रदोषो मामित्थमप्रियं किं न बाधते ॥ ३१२ ॥

भिन्नपदं श्लेषमुदाहरति—**दोषाकरेणेति**। प्रदोषः सन्ध्यासमयो निशाप्रारम्भकालः नक्षत्रपथवर्त्तिना आकाशस्थितेन दोषाकरेण रजनीकरेण राज्ञा चन्द्रमसा सम्बध्नन् संयुज्यमानः सन् अप्रियं प्रियाविरहितं मां किन्न बाधत अपि तु बाधत एवेति प्रदोषपक्षेऽर्थः, कोऽपि प्रकृष्टदोषयुक्तः दोषाकरेण सकलदोषनिधिना नक्षत्रपथवर्त्तिना क्षत्रियोचितमार्गतश्च्युतेन सम्बध्नन् सम्बन्धं मैत्र्यादिकं स्थापयन् अप्रियं शत्रुभूतं मां किन्न बाधते नोपतापयति, अवश्यं तापयतीत्यर्थः। अत्र दोषाकरादिपदानां प्रकृतिप्रत्ययादिभेदेन भिन्नभिन्नार्थप्रतिपादकत्वात्सभङ्गपदश्लेषता ॥ ३१२ ॥

हिन्दी—'दोषाकरेण' यह सभङ्गपद श्लेषका उदाहरण है। इसका एक पक्षमें यह अर्थ है कि नक्षत्रपथवर्ती—आकाशचारी दोषाकर—रजनीकर राजा चन्द्रमासे सम्बन्ध स्थापित करनेवाला यह निशाका प्रारम्भकाल प्रियाविरही मुझको क्या नहीं बाधित करता है? दूसरा अर्थ है कि यह प्रदोष—नाना तरहके बड़े बड़े अवगुणोंवाला आदमी दोषोंके आकर—खानस्वरूप तथा क्षत्रियोचित मार्गसे च्युत इस राजासे सम्बन्ध स्थापित करके शत्रुता करनेवाले मुझको नहीं सताता है क्या? अर्थात् अवश्य सताता है।

इस उदाहरणमें दोषाकारादि श्लिष्ट पद प्रकृतिप्रत्ययादिके भिन्न होने से भिन्न-भिन्न अर्थोंको कहता है अतः यह सभङ्गश्लेष हुआ।

यद्यपि इस उदाहरणमें राजशब्दमें अभङ्गश्लेष ही है, इस तरह इसे किस प्रकारमें गिना जाय,

---

१. सर्वस्य।

यह बात उठती है, परन्तु ऐसा मालूम पड़ता है कि अधिकपदोंमें सभङ्गश्लेष देखकर इसे सभङ्गपद श्लेष ही माना गया।

अर्वाचीन आचार्यगण उभयात्मक श्लेष मानते हैं, उनके अनुसार तो यह निर्बाध रूपमें सभङ्गाभङ्ग श्लेषका उदाहरण माना जायगा। सभङ्गपदश्लेषका शुद्ध उदाहरण—
'पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिःशेषपरिजनं देव। विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति सममावयोः सदनम् ॥'
यह है। इसमें श्लेष वाले सभी पद सभङ्ग ही हैं ॥ ३१२ ॥

उपमारूपकाक्षेपव्यतिरेकादिगोचराः।
प्रागेव दर्शिताः श्लेषा दर्श्यन्ते केचनापरे ॥ ३१३ ॥

प्रधानभूतं श्लेषं निरूप्य अलङ्कारान्तरस्याङ्गभूतोऽपि श्लेषश्चमत्कारमावहतीति बुबोधयिषयाऽऽह—**उपमेति**। उपमारूपकाक्षेपव्यतिरेकादिगोचराः एतदलङ्कारसहचरिताः श्लेषाः प्रागेव तत्तदलङ्कारोदाहरणप्रसङ्गे दर्शिताः, केचन अपरे प्रोक्तालङ्कारभिन्नालङ्काराङ्गभूता श्लेषाः दर्श्यन्ते ॥ ६१३ ॥

हिन्दी—प्रधानभूत श्लेषका सब प्रकार निरूपण किया जा चुका, इसके आगे यह बताना है कि श्लेषालङ्कार अन्यान्य अलङ्कारोंका अङ्ग होकर भी चमत्कारक होता है, इस सम्बन्धमें उपमा, रूपक, आक्षेप, व्यतिरेक आदि अलङ्कारोंका अङ्गभूत श्लेष तत्तदलङ्कारोदाहरणप्रसङ्गमें बताया जा चुका है, कुछ अन्यालङ्काराङ्गभूत श्लेषके स्थल बताये जा रहे हैं।

उपमाके साथ शब्दश्लेष और अर्थश्लेष दोनों तरहके श्लेष समानोपमा और श्लेषोपमामें दिखलाये गये हैं, जैसे—

'बाले वोद्यानमालेयं सालकाननशोभिनी' (समानोपमा)
'शिशिरांशुप्रतिस्पर्धि श्रीमत्सुरभिगन्धि च। अम्भोजमिव ते वक्त्रमिति श्लेषोपमा स्मृता।' (श्लेषोपमा)

रूपकके साथ श्लेष, जैसे—
'राजहंसोपभोगार्हं भ्रमरप्रार्थ्यसौरभम्। सखि वक्त्राम्बुजमिदं तवेति श्लिष्टरूपकम् ॥'

आक्षेपके साथ श्लेष, जैसे—
'अमृतात्मनि पद्मानां द्वेष्टरि स्निग्धतारके। मुखेन्दौ तव सत्यस्मिन्नपरेण किमिन्दुना ॥'

साधारण धर्म प्रयोगवाले व्यतिरेकमें भी श्लेष होता है, जैसे—
'अभिन्नवेलौ गम्भीरावम्बुराशिर्भवानपि। असावञ्जनसंकाशस्त्वं तु चामीकरद्युतिः ॥'

'व्यतिरेकादिगोचराः' में आदि पदसे अर्थान्तरन्यास और समासोक्ति जानना चाहिये। अर्थान्तरन्यासमें श्लेष, जैसे—
'उत्पादयति लोकस्य प्रीतिं मलयमारुतः। ननु दाक्षिण्यसम्पन्नः सर्वस्य भवति प्रियः ॥'

समासोक्तिमें श्लेष, जैसे—
'रूढमूलः फलभरैः पुष्णन्ननिशमर्थिनः। सान्द्रच्छायी महावृक्षः सोऽयमासादितो मया ॥' ३१३ ॥

अस्त्यभिन्नक्रियः कश्चिदविरुद्धक्रियोऽपरः।
विरुद्धकर्मा चास्त्यन्यः श्लेषो नियमवानपि ॥ ३१४ ॥
नियमाक्षेपरूपोक्तिरविरोधी विरोध्यपि।
तेषां निदर्शनेष्वेव रूपमाविर्भविष्यति ॥ ३१५ ॥

श्लेषप्रकारानलङ्काराङ्गभूतान्परिगणयति—**अस्तीति**। निगदव्याख्यातम। तेषाम्

१. विरुद्धधर्मा। २. रूपव्यक्ति।

अत्रोक्तनामधेयानां श्लेषाणां रूपं स्वरूपम् निदर्शनेषु तत्तदुदाहरणेष्वेव आविर्भविष्यति स्फुटीभविष्यति ॥ ३१४–३१५ ॥

हिन्दी—अभिन्नक्रियश्लेष, अविरुद्धक्रियश्लेष, विरुद्धक्रियश्लेष, सनियमश्लेष, नियमाक्षेपरूपोक्तिश्लेष, अविरोधीश्लेष; विरोधीश्लेष इस प्रकारसे और भी श्लेष हैं, उनके उदाहरण दिये जायँगे, जिनमें उनके स्वरूप प्रकट होंगे ॥ ३१४–३१५ ॥

वक्राः[1] स्वभावमधुराः शंसन्त्यो रागमुल्वणम् ।
दृशो दूत्यश्च कर्षन्ति कान्ताभिः प्रेषिताः प्रियान् ॥ ३१६ ॥

अभिन्नक्रियश्लेषमुदाहरति—**वक्रा इति** । कान्ताभिः प्रेषिताः प्रक्षिप्ताः प्रहिताश्च, वक्राः कुटिलाः वक्रोक्तिनिपुणाश्च, स्वभावमधुराः अकृत्रिमसौन्दर्याः मधुरप्रकृतयश्च उल्वणं प्ररूढं रागं लोहितभावं प्रेमाणं च शंसन्त्यः सूचयन्त्यः कथयन्त्यश्च दृशो नेत्राणि दूत्यश्च प्रियान् कर्षन्ति आवर्जयन्ति । अत्र दृशो दूत्याश्च कर्षणैकक्रियान्वयात्तुल्ययोगिता, वक्रादिपदेषु श्लेषश्च तदङ्गभूत इति अभिन्नक्रियश्लेषोयम् ॥ ३१६ ॥

प्रियतमा द्वारा क्षिप्त तथा प्रेषित, वक्र—तिरछी तथा वक्रोक्तिनिपुण, स्वभावतः सुन्दर तथा मधुर प्रकृति वाली, बढ़े हुए रक्तत्व एवं अनुरागको प्रकट करने वाली दृष्टियाँ तथा दूतियाँ नायकोंको आकर्षित करती हैं ।

इस उदाहरणमें दृष्टि और दूतीका कर्षणस्वरूप एकक्रियामें अन्वयसे होने वाली तुल्ययोगिता है, वक्रादिपदमें वर्त्तमान श्लेष उसका अङ्ग है, इस तरहके श्लेषको अभिन्नक्रियश्लेष कहते हैं ।

अलङ्कारान्तरसहचरश्लेषकी प्रतिज्ञामें यह तुल्ययोगितासहचरश्लेष कहा गया है ॥ ३१६ ॥

मधुरा रागवर्धिन्यः कोमलाः कोकिलागिरः ।
आकर्ण्यन्ते मदकलाः श्लिष्यन्ते चासितेक्षणाः ॥ ३१७ ॥

अविरुद्धक्रियश्लेषमुदाहरति—**मधुरा इति** । मधुराः श्रुतिप्रियाः रागवर्धिन्यः उद्दीपकतया रागजनिकाः कोमलाः अपरुषाः मदकलाः मदमत्ताः कोकिलागिरः आकर्ण्यन्ते श्रूयन्ते, मधुराः सर्वावस्थाविशेषेषु माधुर्यं रमणीयतेति लक्षितमाधुर्यगुणशालिन्यः रागवर्धिन्यः प्रणयसमेधिन्यः कोमलाः सुकुमार्यः मदकलाः सौभाग्यगर्वशालिन्यश्च असितेक्षणाः नीलाभनयनकान्तयः कामिन्यः श्लिष्यन्ते आलिङ्ग्यन्ते, अत्र आश्लेषाकर्णनक्रिययोर्विभिन्नेन्द्रियजन्यत्वेनाविरोधादविरुद्धक्रियत्वं, श्लेषश्चात्र तुल्ययोगिताङ्गभूतो बोध्यः ॥

हिन्दी—कानोंको भली लगने वाली, उद्दीपक होनेसे आसक्तिको बढ़ाने वाली, अकठोर एवं मदमत्त कोकिलावाणी सुनी जाती हैं, और माधुर्यगुणसे पूर्ण अनुराग बढ़ाने वाली सुकुमारी तथा सौभाग्यगर्विता असितेक्षणा सुन्दरियाँ लिपटायी जाती हैं, आलिङ्गित होती है ।

इसमें आश्लेष और आकर्णन रूप क्रियायें अविरुद्ध हैं, अतः अविरुद्धक्रियश्लेष है, यहाँ भी श्लेष तुल्ययोगिताका अङ्ग है ॥ ३१७ ॥

रागमादर्शयन्नेष वारुणीयोगवर्द्धितम् ।
[2]तिरोभवति घर्मांशुरङ्गजस्तु[3] विजृम्भते ॥ ३१८ ॥

विरुद्धक्रियं श्लेषमुदाहरति—**रागमिति** । एषः दृश्यमानः घर्मांशुः सूर्यः वारुणीयोगवर्धितम् पश्चिमदिक्संबन्धेन समेधितं रागं लौहित्यम् आदर्शयन् प्रकाशयन् तिरोभवति

---

१. यत्र । २. परापतति । ३. जश्च ।

अस्तं गच्छति, अङ्गजः कामस्तु वारुण्या मदिराया योगेन सेवननेन वर्धितम् रागम् आसक्तिम् आदर्शयन् प्रकाशयन् उज्जृम्भते उद्दीप्तो भवति । अत्र तिरोभवनविजृम्भणक्रिये विरुद्धे इति तुल्ययोगिताङ्गभूतोऽयं श्लेषो विरुद्धक्रियश्लेषः ॥ ३१८ ॥

हिन्दी—वारुणी-पश्चिमदिशाके सम्बन्धसे बढ़ी हुई लालिमाको प्रकटित करता हुआ यह सूर्य छिप रहा है और मदिरापानसे बढ़ी हुई वनितासक्तिको प्रकटित करता हुआ कामदेव उद्दीप्त हो रहा है।

इस उदाहरणमें छिपना और उद्दीप्त होना परस्पर विरुद्ध हैं, अतः यह विरुद्धक्रियश्लेष है, इसमें भी तुल्ययोगिताका ही अङ्गभूत श्लेष है ॥ ३१८ ॥

निस्त्रिंशत्वमसावेव धनुष्येवास्य वक्रता ।
शरेष्वेव नरेन्द्रस्य मार्गणत्वं च वर्तते ॥ ३१९ ॥

सनियमश्लेषोदाहरणमाह—**निस्त्रिंशत्वमिति** । अस्य नरेन्द्रस्य राज्ञः निस्त्रिंशत्वम् निर्गतस्त्रिंशतोऽङ्गुलिभ्यो निस्त्रिंशः खड्गस्तस्य भावो निस्त्रिंशत्वम् त्रिंशदङ्गुलिपरिमाणाधिकपरिमाणत्वं निर्दयत्वं च असौ खड्गे एव, वक्रता कुटिलता धनुषि एव (तस्यैवाकर्षणादौ वक्रीभावात्), मार्गणत्वं बाणत्वं शरेष्वेव, मार्गणत्वं याचकत्वं च । अत्र राज्ञोऽसिरेव क्रूरो न स्वभावः, धनुरेव वक्रं न हृदयम् , बाणा एव मार्गणा न प्रजाजनाः इत्येवकारेण व्यवच्छेदनात्सनियमश्लेषः, स चैवात्र मुख्यभूतोऽपि ॥ ३१९ ॥

हिन्दी—इस नरेन्द्रकी तलवारमें ही निस्त्रिंशता—तीस अंगुलीसे अधिक परिमाणता अथवा निर्दयता है हृदय में निर्दयता नहीं, धनुषमें ही कुटिलता (आकर्षणादिकृत) है मनमें नहीं, बाणोंमें ही मार्गणता—याचकता है प्रयोजनमें नहीं।

इस उदाहरणमें प्रत्येकवाक्यस्थित एवकारसे द्वितीय वस्तुका व्यवच्छेद होता है अतः इसे सनियमश्लेष कहा जाता है। यहाँ श्लेष ही प्रधान अलङ्कार है।

कुछ टीकाकारोंने यहाँ परिसंख्याको प्रधान अलङ्कार माना है और श्लेषको उसीका अङ्ग कहा है, परन्तु यह ठीक नहीं है, क्योंकि दण्डीने तो परिसंख्यानामक अलङ्कार नहीं माना है, इस स्थितिमें उनका यह अभिप्राय कैसे हो सकता है। अतः यहाँ सनियमश्लेष ही प्रधान है, उसीमें परिसंख्याका अन्तर्भाव दण्डीका अभिप्रेत जानना चाहिये ॥ ३१९ ॥

पद्मानामेव दण्डेषु कण्टकस्त्वयि रक्षति ।
अथवा दृश्यते रागिमिथुनालिङ्गनेष्वपि ॥ ३२० ॥

नियमाक्षेपरूपोक्तिश्लेषमुदाहरति—**पद्मानामेवेति** । त्वयि रक्षति पालयति सति पद्मानां कमलानाम् एव दण्डेषु कण्टकः (प्रजानां तव वा कण्टकोऽल्पशत्रुर्नास्ति), अथवा रागिमिथुनस्य अनुरागिणोः कामिनोः आलिङ्गनेषु परस्पराश्लेषु कण्टको रोमाञ्चः दृश्यते, अत्र पद्मानामेवेति नियमं कृत्वा अथवेति पक्षमुत्थाप्य तदाक्षेप उक्त इति नियमाक्षेपरूपोक्तिश्लेषोऽयं दीपकस्याङ्गभूतः, अत्र एकत्रोक्तस्य कण्टकस्य वाक्यद्वयप्रकाशकतया दीपकपरिस्फूर्त्तिर्जायते ॥ ३२० ॥

हिन्दी—आपके रक्षक होने पर कमलके नालोंमें ही कण्टक-कांटे रह गये हैं (प्रजाओंके कण्टक सब उखाड़ दिये गये), अथवा अनुरागी युवकयुवतियोंके परस्पर आलिङ्गनमें रोमाञ्चरूप कण्टक रह गये हैं।

इस उदाहरणमें 'पद्मानामेव' यह नियम करके अथवापक्षोत्थापनद्वारा उसीका प्रतिषेध किया

गया है, अतः इसे नियमाक्षेपरूपोक्तिश्लेष माना गया। यहाँ एक वाक्यमें उक्त कण्टकपदसे वाक्य-द्वयका प्रकाशन होता है अतः दीपककी परिस्फूर्त्ति होती है, श्लेष उसीका पोषक है ॥ ३२० ॥

महीभृद्भूरिकटकस्तेजस्वी नियतोदयः।
दक्षः प्रजापतिश्चासीत् स्वामी शक्तिधरश्च सः ॥ ३२१ ॥

अविरोधिश्लेषमाह—**महीभृदिति**। सः राजा महीभृत् पृथ्वीपालकः पर्वतश्च भूरिकटकः विशालस्कन्धावारः विपुलनितम्बश्च, तेजस्वी समधिकप्रतापः सूर्यश्च नियतोदयः प्रतिदिवसजायमानसमृद्धिः सततोदयश्च, दक्षः कर्मसु निपुणः ऋषिमुख्यश्च प्रजापतिः सृष्टिप्रवर्त्तकः प्रजापालकश्च, स्वामी प्रभुः कार्त्तिकेयश्च, शक्तिधरः प्रभावोत्साहमन्त्रजभेदेन शक्तित्रयसम्पन्नः शक्त्याख्यशस्त्रधारी च आसीत्। अत्र महीभृदादिश्लिष्टपदार्थानां परस्पराविरुद्धतयाऽविरोधिश्लेषोऽयं, प्रधानभूतोऽप्यत्र स एव ॥ ३२१ ॥

हिन्दी—वह राजा महीभृत् पृथ्वीपालक (पर्वत भी) भूरिकटक—विशालस्कन्धावारवाला एवं विपुलविस्तारवाला था, तेजस्वी प्रतापवान् (सूर्य भी) नियमपूर्वक प्रतिदिन उन्नतिशाली एवं प्रतिदिन उगनेवाला था, दक्ष सर्वकार्यसमर्थ (दक्षप्रजापति) प्रजाका प्रवर्त्तक—प्रजापालक भी था, एवं स्वामी प्रभु (कार्त्तिकेय) प्रभावोत्साहमन्त्रजभेदसे त्रिविधशक्तिसम्पन्न और शक्त्याख्यास्त्र-भेदसे युक्त था।

यहाँ श्लिष्ट पदोंके अर्थोंमें परस्पर कुछ विरोध नहीं है, अतः इसे अविरोधिश्लेष कहा गया है। यहाँ श्लेष ही प्रधान भी है ॥ ३२१ ॥

अच्युतोऽप्यवृषच्छेदी राजाप्यविदितक्षयः।
देवोऽप्यविबुधो जज्ञे शङ्करोऽप्यभुजङ्गवान् ॥ ३२२ ॥

(इति श्लेषचक्रम्)

विरोधिश्लेषमुदाहरति—**अच्युतोऽपीति**। अच्युतः सन्मार्गात् अपरिभ्रष्टोऽपि अवृषच्छेदी अधर्मध्वंसकरः (अच्युतो विष्णुरपि अवृषच्छेदी- वृषाख्यासुरभेदस्याहन्ता) राजा प्रभुरपि अविदितक्षयः अज्ञातसंपत्क्षयः (राजा चन्द्रोऽपि अविदितक्षयः क्षयाख्यरोगेणा परिचितः) देवः राजापि अविबुधः पण्डितजनसम्पर्करहितो न, (देवः अपि अविबुधो देवभिन्नः) शङ्करः लोककल्याणकर्त्ता अपि अभुजङ्गवान खलजनासेवितः, (शङ्करो हरः सन्नपि अभुजङ्गवान्सर्परहितश्च) जज्ञे जातः! अत्राच्युतादिपदानां विष्ण्वादिरूपे द्वितीयार्थे वृषच्छेद्यादिद्वितीयपदार्थस्यासत्त्वं विरुद्धमिति विरोधिश्लेषोऽयं विरोधाभासस्याङ्गभूतः ॥

हिन्दी—वह अच्युत सुमार्गसे च्युत नहीं होकर भी अधर्मविनाशक (विष्णु होकर भी वृषनामक असुरको नहीं मारनेवाला), राजा होकर भी धनक्षयसे रहित (चन्द्रमा होकर भी क्षयरोग से मुक्त), देव—प्रभु होकर भी बुधसे कभी भी अरहित (देव होकर भी अविबुध-देवेतर), शङ्कर लोककल्याणकर होकर भी खल जनोंसे अयुक्त (शिव होकर भी सर्पसे रहित) थे।

इस उदाहरणमें अच्युतादि पदोंके श्लेषद्वारा जब विष्ण्वादि अर्थ किये जाते हैं तब अवृषच्छेदी आदि विशेषणार्थोंसे विरोध होता है। अतः यह विरोधिश्लेष प्राधान्येन प्रतीत होनेवाले विरोधाभासका अङ्गभूत है ॥ ३२२ ॥

गुणजातिक्रियादीनां यत्तु[1] वैकल्यदर्शनम्।
विशेषदर्शनायैव सा विशेषोक्तिरिष्यते ॥ ३२३ ॥

---

१. यत्र।

क्रमायातां विशेषोक्तिं लक्षयति—**गुणजातीति** । यत् विशेषस्य वर्णनीयनिष्ठ-वीर्याद्यतिशयस्य (कारणसामग्र्यभावेऽपि कार्यक्षमत्वरूपस्य) दर्शनाय ज्ञापनाय गुण-जातिक्रियादीनाम् वैकल्यदर्शनम् अनपेक्षाप्रकाशनं सा विशेषोक्तिर्नाम इष्यते । यत्र वर्णनीयवस्तुनः समधिकप्रभावताख्यापनार्थं कार्यसिद्धौ अपेक्षितानां गुणक्रियादीनां वैकल्यं प्रदर्श्यते सा विशेषोक्तिः इत्यर्थः । विशेषाय प्रकर्षसूचनाय उक्तिः गुणक्रियादिवैकल्या-भिधानं विशेषोक्तिरिति शब्दरहस्यम् ।

अतिशयोक्तौ वीर्याद्यतिशयप्रकाशनेऽपि वैकल्यं न प्रकाश्यते, विभावनायां च कारणा-न्तरं स्वाभाविकत्वं वा विभाव्यते, न तु प्रस्तुतस्य विशेष इति ताभ्यामस्या भेदः । नव्यास्तु—'विशेषोक्तिरखण्डेषु कारणेषु फलावचः' इत्याहुः ॥ ॥ ३२३ ॥

हिन्दी—जहाँ पर वर्णनीय वस्तुके वीर्याद्यतिशयको प्रदर्शित करनेके लिये (कार्यसिद्धिमें अपेक्षित) गुणजातिक्रियादिका वैकल्य वर्णित हो उसे विशेषोक्ति नामक अलङ्कार कहते हैं । विशेषके लिये—उत्कृष्टता बतानेके लिये उक्ति—गुणक्रियादिन्यूनताकथन विशेषोक्ति, यह अक्षर-लभ्यार्थ ही इसका स्पष्ट लक्षण है ।

सरस्वतीकण्ठाभरणकारने भी यही लक्षण स्वीकार किया है । वामनाका लक्षण हैः—'एकगुण-हानकल्पनायां साम्यदार्ढ्यं विशेषोक्तिः ।'

विभावनामें प्रधानतया कारणान्तर विभावित होता है या स्वाभाविकत्व प्रकाशित किया जाता है, विशेष प्रदर्शनको प्रधानता नहीं दी जाती और अतिशयोक्तिमें प्रस्तुत वस्तुका विर्याधति-शयमात्र कहा जाता है, गुणादिवैकल्य नहीं, यही विभावना और अतिशयोक्तिसे इसका भेद है ।

अर्वाचीन आचार्योंने कारणोंके रहनेपर भी कार्यके नहीं होनेमें विशेषोक्ति स्वीकार की है ॥३२४॥

न कठोरं न वा तीक्ष्णमायुधं पुष्पधन्वनः ।
तथापि जितमेवासीदमुना भुवनत्रयम् ॥ ३२४ ॥

गुणवैकल्यविशेषोक्तिमुदाहरति—**न कठोरमिति** । पुष्पधन्वनः कामस्य आयुधम् अस्त्रम् न कठोरं कठिनं न वा तीक्ष्णम् शितधारम् , तथापि जयायापेक्षितस्य कठोरती-क्ष्णायुधत्वस्याभावेऽपि अमुना कामेन भुवनत्रयम् जितमेवासीत् ।

अत्र कामस्य पराक्रमातिशयख्यापनाय तदस्त्राणां काठिन्यतीक्ष्णत्वरूपगुणवैकल्य-मुच्यत इति विशेषोक्तिः ॥ ३२४ ॥

हिन्दी—पुष्पधन्वाके अस्त्र न तो कठोर हैं, न तो तीक्ष्ण है, फिर भी उसने तीनों भुवनोंको वशमें कर लिया है ।

इस उदाहरणमें कामदेवके पराक्रमातिशयको प्रकाशित करनेके लिये उसके अस्त्रोंमें कठोरता एवं तीक्ष्णता रूप गुणों की विकलता-न्यूनता का वर्णन किया गया है अतः गुणवैकल्यविशेषोक्ति है ।

न देवकन्यका नापि गन्धर्वकुलसम्भवा ।
तथाप्येषा तपोभङ्गं विधातुं वेधसोऽप्यलम् ॥ ३२५ ॥

जातिवैकल्ये विशेषोक्तिमुदाहरति—**देवकन्यकेति** । एषा देवकन्यका न (अस्ति) न वा एषा गन्धर्वकुलसंभवा गन्धर्ववंशोत्पन्ना (अस्ति) तथापि एषा वेधसः ब्रह्मणः अपि तपोभङ्गं तपस्याच्युतिं विधातुं कर्त्तुम् अलं समर्था ।

देवत्वगन्धर्वत्वराहित्येऽपि ब्रह्मणस्तपस्याभञ्जनसामर्थ्योक्त्या तस्याः रूपगुणातिशयः

प्रतीयते। अत्र प्रस्तुताया नायिकाया जातिवैकल्येन विशेषो दर्शित इति जातिवैकल्यविशेषोक्तिरियम् ॥ ३२५ ॥

हिन्दी—न तो यह देवकन्या है और न गन्धर्ववंशोत्पन्ना है, फिर भी यह ब्रह्माके तप का भी भङ्ग करनेमें समर्थ है।

यहाँ देवत्व तथा गन्धर्ववंशोद्भवत्वके न होने पर भी ब्रह्मतपोभञ्जनसमर्थत्व बताकर उस नायिकाकी उत्कृष्ट रूपसंपत्ति अभिव्यञ्जित की गई है। यहाँ वर्णनीय नायिकाके जातिवैकल्यसे विशेष बताया गया है, अतः इसे जातिवैकल्यविशेषोक्ति कहते हैं ॥ ३२५ ॥

न बद्धा भ्रूकुटिर्नापि स्फुरितो दशनच्छदः।
न च रक्ताभवद्दृष्टिर्जितं[1] च[2] द्विषतां कुलम्[3] ॥ ३२६ ॥

क्रियावैकल्ये विशेषोक्तिमुदाहरति—**न बद्धेति**। भ्रुकुटिः भ्रुवोः कुटिलता न बद्धा न कृता, दशनच्छदः अधरः न स्फुरितः न चलितः, दृष्टिः रक्ता लोहिता न अभवत्, तथापि च द्विषतां कुलं जितम्। अत्र भ्रूभङ्गाद्यभावेऽपि शत्रुकुलाभिभवोक्त्या राज्ञो महाबलत्वं व्यञ्जितम्। अत्र च भ्रूभङ्गादिक्रियावैकल्ये विशेषाभिधानात् क्रियावैकल्य विशेषोक्तिः ॥ ३२६ ॥

हिन्दी—न भ्रुकुटि वक्रा की गई, न ओठ फड़के, न आँखें लाल हुईं, फिर भी शत्रुकुल पराजित कर लिया गया।

इस उदाहरणमें भ्रूभङ्गादिके अभावमें भी शत्रुकुलका अभिभव कहने से राजाका महाबलत्व व्यक्त होता है, भ्रूभङ्ग आदि क्रियाके वैकल्यमें विशेष कथन होनेसे इसे क्रियावैकल्यविशेषोक्ति कहते हैं।

इस उदाहरणमें बन्धन और स्फुरण तो क्रिया है, परन्तु रक्तत्व गुण है, अतः यह शुद्ध क्रियावैकल्यविशेषोक्तिका उदाहरण नहीं है, किन्तु क्रियावैकल्यविशेषोक्ति और गुणवैकल्यविशेषोक्तिका सङ्कर है। शुद्ध क्रियावैकल्यविशेषोक्तिका उदाहरण यह दिया जा सकता है—
'नोपभोगो न वा दानं बन्धूनां भरणं न वा। तथापि गुरुतां धत्ते नृणां संरक्षितं धनम् ॥' २२६ ॥

न रथा न च मातङ्गा न हया न च पत्तयः।
स्त्रीणामपाङ्गदृष्ट्यैव जीयते जगतां त्रयम् ॥ ३२७ ॥

द्रव्यवैकल्ये विशेषोक्तिमाह—**न रथा इति**। न रथाः यानानि, न च मातङ्गाः हस्तिनः, न हयाः अश्वाः, न च पत्तयः पदातयः, स्त्रीणाम् सुन्दरीणाम् अपाङ्गदृष्ट्या कटाक्षेणैव जगतां त्रयम् लोकत्रयं जीयते वशीक्रियते। अत्र रथादिजयसाधनद्रव्याणामभावेऽपि जगत्त्रयविजयः केवलया दृशा विहित इति द्रव्यवैकल्यविशेषोक्तिरेषा ॥ ३२७ ॥

हिन्दी—न रथ थे न हाथी, न घोड़े थे और न पैदल सैनिक ही थे, फिर भी स्त्रियोंके कटाक्षमात्रसे तीनों लोक विजित कर लिये गये।

इस उदाहरणमें विजयसाधनतया सम्मत चतुरङ्ग सैन्यके न रहने पर भी स्त्रियोंके कटाक्षमात्रसे त्रिभुवनविजय वर्णित है, इससे स्त्रियोंके मनोमोहनसामर्थ्यकी प्रतीति होती है, अतः यह द्रव्यवैकल्यविशेषोक्तिका उदाहरण है ॥ ३२७ ॥

एकचक्रो रथो यन्ता विकलो विषमा हयाः।
आक्रामत्येव तेजस्वी तथाप्यर्को नभस्तलम् ॥ ३२८ ॥

---

१. ध्वस्तं। २. तत्। ३. बलम्।

सैषा हेतुविशेषोक्तिस्तेजस्वीति विशेषणात् ।
अयमेव क्रमोऽन्येषां भेदानामपि कल्पने ॥ ३२९ ॥
(इति विशेषोक्तिचक्रम्)

हेतुविशेषोक्तिं प्रदर्शयति—**एकचक्र इति** । रथः एकचक्रः (यथाह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्) इत्युक्त्या गन्तुमसमर्थ एव तादृशो रथो, यन्ता च विकलः अङ्गविकलः अनूरुनाम्ना प्रसिद्धः, हया आश्वाश्च विषमाः सप्तसंख्यकाः, एतेन तेषामप्यकार्यकरत्वं व्यञ्जितम्, तथापि एवंसामग्रीवैकल्येऽपि तेजस्वी अर्कः सूर्यः नभस्तलम् विस्तीर्णं व्योममण्डलम् आक्रामति पारयति एव । अत्र विकलसाधनस्यापि रवेराकाशपारगमनकथनेन तस्य सामर्थ्यातिशयप्रतिपत्तिस्तत्र च हेतुस्तेजस्वीति विशेषणेनोक्त इति हेतुविशेषोक्तिरेषा ॥ ३२८ ॥

उदाहरणं विशदयति—**सैषेति** । तेजस्वीति विशेषणात् सैषा उक्तरूपा हेतुविशेषोक्तिर्नाम, हेयोस्तेजस्वित्वस्योपन्यसनाद्धेतुविशेषोक्तिः, अन्येषामपि भेदानां विशेषोक्तिप्रकाराणां कल्पनेऽयं पूर्वोक्तरूप एव क्रमो मार्गो बोध्यः ॥ ३२९ ॥

हिन्दी—सूर्यके रथमें एक ही चक्का है, वाहक भी अङ्गविकल है—अनूरु है, घोड़े विषम सप्तसंख्यक हैं, फिर भी तेजस्वी होनेके कारण सूर्य आकाशमण्डलको लांघ जाता ही है ।

इस उदाहरणमें रथादि साधनोंकी विकलतासे यह बताया गया कि सूर्य असाधारण सामर्थ्य रखते हैं, उसमें हेतु तेजस्वी होना तेजस्वी शब्दमे कहा गया है, अतः इसे हेतुविशेषोक्ति नामक प्रभेद कहा गया है ।

भोजराजने 'न रथा न च मातङ्गाः' इसमें द्रव्यवैकल्यविशेषोक्ति तथा—'एकचक्रो रथो यन्ता?' में वैकल्यवद् द्रव्यविशेषोक्ति स्वीकार की है ।

'एकचक्रो रथो यन्ता' इसका भाव लेकर भोजप्रबन्धमें एक श्लोक बनाया गया है, जो इसके अर्थको स्पष्ट कर देता है, जैसे—

'रथस्यैकं चक्रं भुजगयमिताः सप्ततुरगा निरालम्बो मार्गश्चरणविकलः सारथिरपि ।
रविर्यात्येवान्तं प्रतिदिनमपारस्य नभसः क्रियासिद्धिः सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे ॥'

पूर्वोक्त—'एकचक्रो रथो यन्ता' इस श्लोकमें 'तेजस्वी' विशेषण हेतुप्रकाशकरूपमें दिया गया है अतः यह हेतुविशेषोक्ति नामक प्रभेद हुआ । इसी प्रकार विशेषोक्तिके अन्यान्य प्रभेदोंकी कल्पना की जा सकती है । इसका तात्पर्य यह है कि जैसे—'एकचक्रो रथः' इत्यादि उदाहरणमें हेत्वलङ्कारसहित विशेषोक्ति होती है, उसी तरह अन्यान्य अलङ्कारोंके साथ भी विशेषोक्ति समावेशित हो सकती है, जैसे रूपकके साथ विशेषोक्ति—'भवन्ति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः' या—'द्यूतं हि नाम पुरुषस्यासिंहासनं राज्यम्' । इन उदाहरणोंमें रूपकसहचर विशेषोक्ति स्फुट है ॥ ३२८-३२९ ॥

विवक्षितगुणोत्कृष्टैर्यत्समीकृत्य कस्यचित् ।
कीर्त्तनं स्तुतिनिन्दार्थं सा मता तुल्ययोगिता ॥ ३३० ॥

तुल्ययोगितां निर्वक्ति—**विवक्षितेति** । विवक्षिताः वर्णनीयगतत्वेन वक्तुमिष्टाः ये गुणाः तैर्गुणैरुत्कृष्टैः प्रख्यातैरन्यैः समीकृत्य तुलामानीय स्तुतिनिन्दार्थं स्तुतये निन्दायै वा कस्यचियत् कीर्त्तनं कथनं सा तुल्ययोगिता नाम । तथा च प्रस्तुते यान् गुणान्विवक्षति,

---

१. गुणोत्कर्षै । २. स्मृता ।

तैर्गुणैः प्रसिद्धैः प्रस्तुतैः पुरुषादिभिः समं तुलनामारोप्य स्तुतये निन्दायै वा प्रस्तुतस्य कीर्त्तनं तुल्यगुणयोगात्तुल्ययोगितानामालङ्कारः इति लक्षणं पर्यवस्यति ।

विवक्षितगुणोत्कृष्टैरिति बहुवचनमतन्त्रम् , तेन द्वाभ्यामेकेन वा समीकृत्याभिधानेऽपि तुल्ययोगिता भवत्येवेति बोध्यम् ।

वामनोऽपि—'विशिष्टेन साम्यार्थमेककालक्रियायोगस्तुल्ययोगिता' इति सूत्रयन्नविरुद्धमेव लक्षणमभिप्रैति ।

उपमायां शाब्दी साम्यप्रतीतिरत्र तु सर्वेषां प्रस्तुताप्रस्तुतानां समभावेन शाब्दबोधविषयत्वे जाते पर्यवसाने पार्ष्ठिकी सादृश्यप्रतीतिरित्यनयोर्भेदः ॥ ३३० ॥

हिन्दी—जहाँ प्रस्तुत वस्तुमें विवक्षित गुणसे विख्यात अप्रस्तुतत वस्त्वन्तरके साथ समता बताकर प्रस्तुतकी स्तुति या निन्दाके उद्देश्यसे उसका वर्णन हो उसे तुल्ययोगिता अलङ्कार कहते हैं, तात्पर्य यह है कि प्रस्तुतमें जिन गुणोंको बताना चाहते हैं उन्हीं गुणोंसे विख्यात अप्रस्तुतोंके साथ समता बताकर यदि स्तुत्यर्थ या निन्दार्थ प्रस्तुतका वर्णन किया जाय तो तुल्यगुणयोग होनेसे तुल्ययोगिता नामक अलङ्कार होता है।

'गुणोत्कृष्टैः' पदमें का बहुवचन अविवक्षित है, अतः एक या दो के साथ समतामें भी तुल्ययोगिता होने में कुछ बाधा नहीं है।

वामनका तुल्ययोगितालक्षण भी इसी तरह का है।

उपमा (तुल्ययोगोपमा—'दिवो जागर्त्ति रक्षायै पुलोमारिर्भुवो भवान्' इसमें) में वाच्यार्थ और व्यङ्ग्यार्थकी साम्यप्रतीति वृत्त्युपस्थिततया शाब्दी होती है, परन्तु तुल्ययोगितामें प्रस्तुत और अप्रस्तुतका शाब्दबोध हो जाने पर पर्यवसानमें पार्ष्ठिक सादृश्यप्रतीति होती हैं, यही दोनोंमें भेद है ॥ ३३० ॥

यमः कुबेरो वरुणः सहस्राक्षो भवानपि ।
[1]बिभ्रत्यनन्यविषयां लोकपाल इति श्रुतिम् ॥ ३३१ ॥

स्तुतौ तुल्ययोगितामुदाहरति—**यम इति** । यमः, कुबेरः, वरुणः, सहस्राक्ष इन्द्रः, भवान् अपि, अनन्यविषयाम् अनन्यगामिनीम् 'लोकपालः' इति श्रुतिं प्रसिद्धिं बिभ्रति धारयन्ति । अत्र प्रस्तुते राजनि लोकपालत्वरूपो गुणी वक्तुमिष्टस्तेन च गुणेनोत्कृष्टैर्यमादिभिः समतामानीय राज्ञः स्तुत्यर्थं कीर्त्तनं कृतमिति स्तुतौ तुल्ययोगिता ॥ ३३१ ॥

हिन्दी—यम, कुबेर, वरुण, इन्द्र तथा आप अनन्यगामिनी दिक्पाल इस प्रतिष्ठाको धारण करते हैं। जैसे यमादि अनन्यगामी दिक्पालत्वसे ख्यात हैं, उसी तरह आप भी दिक्पालरूपमें प्रसिद्ध हैं।

यहाँ वर्णनीय राजामें दिक्पालत्वरूप गुण विवक्षित है, उसी दिक्पालत्वरूप गुणसे प्रख्यात यमकुबेरादिके साथ समतया निर्दिष्ट करके स्तुत्यर्थ राजाका कीर्त्तन हुआ है, अतः इसे स्तुतितुल्ययोगिता कहते हैं ॥ ३३१ ॥

सङ्गतानि मृगाक्षीणां तडिद्विलसितानि[2] च ।
क्षणद्वयं न तिष्ठन्ति घनारब्धान्यपि स्वयम् ॥ ३३२ ॥

निन्दायां तुल्ययोगितामाह—**सङ्गतानीति** । मृगाक्षीणाम् सुन्दरीणां स्त्रीणाम् सङ्गतानि समागमाः, तडिद्विलसितानि विद्युदुन्मेषाश्च, स्वयम् स्वेनैवानुरागाधिक्येन घना-

---

१. बिभर्ति । २. तान्यपि ।

रब्धानि बलवता वेगेन प्रारब्धानि मेधेन प्रारब्धानि अपि क्षणद्वयं न तिष्ठन्ति, तथा स्त्रीणां सङ्गतानि बलवतानुरागेण स्वतःप्रवृत्तान्यपि क्षणमात्रं तिष्ठन्ति, यथा घनेन मेघेन स्वतः-प्रारब्धा अपि विद्युदुन्मेषाः क्षणमात्रेणैव समाप्ता भवन्तीति भावः। अत्र चपलतया प्रसिद्धायाः विद्युत उन्मेषेण सह स्त्रीणां सङ्गमः कीर्त्यमानः स्पष्टं निन्दापात्रं भवतीति निन्दा-तुल्ययोगिता ॥ ३३२ ॥

हिन्दी—रमणियोंका सङ्गम अनुरागप्रकर्षसे स्वतः प्रारब्ध होने पर एवं प्रबल वेगसे होकर भी दो क्षण भी नहीं ठहर पाता है, और बिजलीका उन्मेष मेघद्वारा प्रारब्ध होने पर भी दो क्षण नहीं ठहर पाता है।

यहाँ प्रसिद्ध चञ्चला विद्युतके उन्भेषसे समकक्ष बनाकर स्त्रीसङ्गमका प्रतिपादन निन्दार्थं पर्यवसित होता है, अतः इसे निन्दातुल्ययोगिता कहा जाता है।

भोजराजने तुल्ययोगिता का एक नया रूप स्वीकार किया है, वे कहते हैं—सुखहेतु और दुःखहेतुके समवधानमें तुल्यरूपत्वकृत भी एक प्रकारकी तुल्ययोगिता मानी जाय, उनका लक्षण-उदाहरण निम्नलिखित है :—

लक्षण—'अन्ये सुखनिमित्ते च दुःखहेतौ च वस्तुनि। स्तुतिनिन्दार्थनेवाहुस्तुल्यत्वे तुल्ययोगिताम् ॥'

स्तुतिमें उदाहरण—

'आहूतस्याभिषेकाय विसृष्टस्य वनाय च। न मया लक्षितस्तस्य स्वल्पोऽप्याकारविभ्रमः ॥'

निन्दामें उदाहरण—

'यश्च निम्बं परशुना यश्चैनं मधुसर्पिषा। यश्चैनं गन्धमाल्याद्यैः सर्वस्य कटुरेव सः' ॥ ३३२ ॥

विरुद्धानां पदार्थानां यत्र संसर्गदर्शनम्।
[1]विशेषदर्शनायैव स विरोधः स्मृतो यथा ॥ ३३३ ॥

क्रमागतं विरोधालङ्कारं लक्षयति—**विरुद्धानामिति**। विशेषस्य प्रस्तुतगतोत्कर्षस्य दर्शनाय बोधनाय एव यत्र विरुद्धानां परस्परसहवासाक्षमाणां पदार्थानां संसर्गदर्शनं सहावस्थानप्रदर्शनं स विरोधः विरोधनामालङ्कारः। अयमाशयः, विरोधो द्विविधः-प्ररूढः अप्ररूढश्च, यत्र बाधबुद्ध्यानभिभूतत्वं तत्र प्ररूढो विरोधः, यत्र च बाधबुद्ध्यभिभूतत्वं तत्राप्ररूढो विरोधः, तत्र प्रथमो दोषो द्वितीयश्चालङ्कारस्वरूपः, तथा च विरुद्धानां नाम विरुद्धत्वेन भासमानानां वस्तुतो विरोधाभावेऽपि विरोधितया प्रतीयमानानां पदार्थानां यत्र सामानाधिकरण्यं प्रतिपाद्यमानं सत्प्रस्तुतस्योत्कर्षं गमयति तत्र विरोधो नामालङ्कार इति। अयमेवाशयः—'विरोधः सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वचः' इति वदतः प्रकाशकारस्यापि ॥ ३३३ ॥

हिन्दी—विशेष—प्रस्तुतगत उत्कर्ष प्रदर्शित करनेके लिये जहाँ विरुद्ध पदार्थोंका संसर्ग—एकत्रावस्थान वर्णन किया जाय, उसे विरोधनामक अलङ्कार कहा जाता है। आशय यह है कि आपाततः विरुद्ध प्रतीत होनेवाले पदार्थोंका यदि प्रस्तुतोत्कर्ष बतानेके लिये सामानाधिकरण्य प्रदर्शित करें तो विरोधालङ्कार होता है। काव्यप्रकाशमें-'विरोधः सोऽविरोधेऽपि विरुद्धत्वेन यद्वचः' ऐसा लक्षण किया गया है, जो इसके साथ मिलता-जुलता है। वामनने—'विरुद्धाभासत्वं विरोधः' कहकर इसका अनुमोदन ही किया है।

इसके भेदके सम्बन्धमें काव्यप्रकाशकारने कहा है कि—जातिका जातिगुणक्रियाद्रव्यसे विरोध होनेसे चार प्रकार, गुणका गुणक्रियाद्रव्यसे विरोध होनेसे तीन प्रकार, क्रियाका क्रिया और

---

१. विरोधसाधना।

द्रव्यसे विरोध होनेसे दो प्रकार और द्रव्यका द्रव्यसे विरोध होने पर एक प्रकार—इस तरह कुल दस भेद होते हैं।

दण्डीने यह क्रम नहीं कहा है, उनका भेदकरण थोड़ा स्थूल है। यह विरोध अपिशब्दा-प्रयोगमें व्यङ्ग्य और अपिशब्दप्रयोगमें वाच्य रहता है ॥ ३३३ ॥

कूजितं राजहंसानां वर्धते मदमञ्जुलम्।
क्षीयते च मयूराणां रुतमुत्क्रान्तसौष्ठवम् ॥ ३३४ ॥

विरोधमुदाहरति—**कूजितमिति**। राजहंसानां पक्षिभेदानाम् मदमञ्जुलम् मदकलम् कूजितं शब्दो वर्धते, मयूराणाञ्च उत्क्रान्तसौष्ठवम् अपगतमनोहरत्वं रुतं शब्दः क्षीयते अपचीयते। अत्र कूजितरुतपदाभिलप्यस्य शब्दस्यैकस्य क्षयवृद्धिक्रिये विरुद्धे, तयोरेकत्र शब्दे सामानाधिकरण्यवर्णनाद् विरोधो नामालङ्कारः, तेन च सामानाधिकरण्यदर्शनेन प्रस्तुतस्य शरत्कालस्य तुल्ययोरपि बलाबलकारित्वकृतं वैशिष्ट्यम् प्रतिभासत इति बोध्यम्। अत्र क्रिययोर्विरोधः ॥ ३३४ ॥

हिन्दी—राजहंसोंकी आवाज मदमञ्जुल होकर बढ़ती जाती है और मयूरोंकी वही आवाज अपने मनोहरत्वको खोकर घटती जा रही है। यह शरत्का वर्णन है। यह श्लोक—'शरदि हंसरवाः परुषीकृतस्वरमयूरमयूरमणीयताम्' इस श्लोकार्धसे समता रखता है। इस उदाहरणमें कूजित और रुत शब्दसे कहे जानेवाले एक शब्दरूप अर्थमें वृद्धि और क्षयक्रियाका-जो विरुद्ध है—वर्णन किया गया है, जिससे शरत्का माहात्म्य प्रतीत होता है, अतः विरोधालङ्कार है। इस उदाहरणमें क्रियाओंका विरोध है ॥ ३३४ ॥

प्रावृषेण्यैर्जलधरैरम्बरं दुर्दिनायते।
रागेण पुनराक्रान्तं[1] जायते जगतां मनः ॥ ३३५ ॥

वस्तुगतगुणविरोधं दर्शयति—**प्रावृषेण्यैरिति**। प्रावृषेण्यैः वर्षाकाले जायमानैः जलधरैः अम्बरं दुर्दिनायते आकाशं मेघाच्छन्नतया श्यामलं जायते, जगतां जगति स्थितानां प्रजानां मनः पुनः रागेण (विषयासक्त्या) आक्रान्तं व्याप्तं जायते, लोहितं भवतीति प्रतीतिः। अत्र रागस्य लोहिततया श्यामत्वलोहितत्वगुणयोरेकत्र जलधरे विरुद्धत्वं, तेन च वर्षासमयस्य विशेषः प्रकाश्यते ॥ ३३५ ॥

हिन्दी—वर्षाकालिक जलदोंसे आकाश आच्छन्न (श्यामल) हो रहा है, और लोगोंका हृदय राग (लाली-प्रेम) से आक्रान्त हुआ जा रहा है। इस उदाहरणमें जलधररूप एक अर्थमें श्यामता और लालीरूप विरुद्ध धर्मोका संसर्ग वर्णित हुआ है, अतः इसे विरोधालङ्कार कहा गया है ॥ ३३५ ॥

तनुमध्यं प्रथुश्रोणि रक्तौष्ठमसितेक्षणम्[2]।
नतनाभि वपुः स्त्रीणां कन्न हन्त्युन्नतस्तनम् ॥ ३३६ ॥

अवयवगतविरोधमुदाहरति—**तनुमध्यमिति**। स्त्रीणां सुन्दरीणां तनुमध्यं कृशकटिदेशम्, पृथुश्रोणि बृहन्नितम्बम, रक्तौष्ठम् रक्तवर्णाधरं तथा असितेक्षणम् श्यामनयनम्, नतनाभि गभीरनाभिविवरम्, उन्नतस्तनम् तुङ्गकुचं च वपुः शरीरं कं पुमांसं न हन्ति न पीडयति, अत्र तनुत्वबृहत्त्वयोः रक्तत्वासितत्वयोः नतत्वोन्नतत्वयोश्च गुणयो-

---

१. पुनरुत्सिक्तं। २. रक्तोष्ठम्।

विरोधः प्रतिभासते, परं तेषामाश्रयभेदेन व्यवस्थिततया विरोधः परिह्रियते। अयं च विरोधो वर्णनीयाया वनिताया उत्कर्षं प्रकाशयति ॥ ३३६ ॥

हिन्दी—मध्यभागमें—कटिदेशमें कृश तथा नितम्बमें विशाल, ओठमें रक्त एवं नयनभागमें श्याम, नाभिमें गंभीर एवं स्तनमें उन्नत नारीका रूपसौन्दर्य किस पुरुषको नहीं सताता है। यहाँ तनुत्व और विशालत्व, रक्तत्व एवं श्यामत्व, नतत्व और उन्नतत्व परस्पर विरुद्ध हैं, फिर भी एक नायिकामें वर्णित हुए हैं, अतः विरोधालङ्कार है, जिससे नायिकाका असाधारण सौन्दर्य व्यक्त होता है। इस श्लोककी छाया गोविन्द ठक्कुरके निम्नलिखित श्लोकपर पड़ती हुई-सी प्रतीत होती है—

'अकृशं कुचयोः कृशं वलग्ने विपुलं चेतसि विस्तृतं नितम्बे।
अधरेऽरुणमाविरस्तु चित्ते करुणाशालि कपालि भागधेयम्' ॥ ३३६ ॥

मृणालबाहुरम्भोरु पद्मोत्पलमुखेक्षणम्।
अपि ते रूपमस्माकं तन्वि तापाय कल्पते ॥ ३३७ ॥

विषमविरोधमुदाहरति—**मृणालेति**। हे तन्वि कृशाङ्गि मृणालबाहु कमलनालोपमशीतलभुजम्, रम्भोरु कदलीसमानजङ्घम्, पद्मम् इव उत्पले इव च मुखम्, ईक्षणे नयने च यत्र तत्तथा, पद्ममुखमुत्पलनयनञ्चेत्यर्थः, एतादृशमपि ते रूपम् मृणालरम्भापद्मोत्पलादिशीतलपदार्थप्रकारोपमितमपि ते तव रूपम् अस्माकं त्वत्सङ्गवञ्चितानां तापाय सन्तापातिशयाय जायते। अत्र शीतलोपमेयैरङ्गैः सन्तापजननोक्त्या विरोधः ॥३३७॥

हिन्दी—हे कृशाङ्गि, मृणालके समान बाहुवाला, कदलीके समान जङ्घावाला, कमलके समान मुखवाला एवं नील कमलके समान नयनों वाला होकर भी तुम्हारा यह रूप हमलोगोंके (वियुक्तों या पानेमें अशक्तोंके) लिये सन्तापका कारण हो रहा है।

जो रूप इतना शीतल-मृणाल-कदली-पद्म-उत्पलके समान है, वह सन्ताप प्रदायक हो यह विरुद्ध है ॥ ३३७ ॥

उद्यानमारुतोद्धूताश्चूतचम्पकरेणवः।
उदश्रयन्ति पान्थानामस्पृशन्तोऽपि लोचने[1] ॥ ३३८ ॥

असङ्गतिविरोधमुदाहरति—**उद्यानेति**। उद्यानमारुतेन पुष्पवाटिकापवनेन उद्धूताः चालिताः चूतानाम् आम्राणाम् चम्पकानाञ्च रेणवः परागाः लोचने पान्थानां पश्यतां वियोगिनां नयने अस्पृशन्तोऽपि उदश्रयन्ति सबाष्पे कुर्वन्ति। अत्र चूतचम्पकरेणूनाम् स्पर्शाभावेऽपि अश्रूदयकारणत्वं विरोधः, स चोद्दीपकतया सपरिहारः। अनेन वियोगिनामुत्कण्ठातिशयध्वनिः ॥ ३३८ ॥

हिन्दी—पुष्पवाटिकाकी वायुसे सञ्चालित होकर उड़नेवाली आम्रमञ्जरी तथा चम्पककी धूल (पराग) बिना स्पर्श किये ही वियोगियोंकी आँखोंको अश्रुपूर्ण बना देती है। आम्रमञ्जरी एवं चम्पकके परागको देखकर उद्दीपितकन्दर्प पथिकजन आँखोंमें आँसू भरकर उद्विग्न हो जाते हैं।

इस उदाहरणमें—पुष्पपराग आँखको स्पर्श नहीं करता है फिर भी आँखें आँसूसे भर जाती हैं—यही असङ्गतिमूलक विरोध है, जिससे समयकी मादकता व्यक्त होती है ॥ ३३८ ॥

कृष्णार्जुनानुरक्तापि दृष्टिः कर्णावलम्बिनी।
याति विश्वसनीयत्वं कस्य ते कलभाषिणि ॥ ३३९ ॥

---

१. लोचनम्।

इत्यनेकप्रकारोऽयमलङ्कारः प्रतीयते ।
(इति विरोधचक्रम्)

श्लेषमूलं विरोधमुदाहरति—**कृष्णेति** । हे कलभाषिणि मधुरवचने, कृष्णे भगवति वासुदेवे अर्जुने तृतीयपाण्डवे चानुरक्ता धृतप्रणयापि कर्णावलम्बिनी कानीने, राधेये आश्रिता (इति विरोधः, कृष्णार्जुनानुरक्ताया दृष्टेः कर्णाश्रितत्वानुपपत्तेः), कृष्णा अंशतः श्यामप्रभा अंशतोऽर्जुना धवला अनुरक्ता प्रान्तभागे लोहितवर्णा च (इति विरोधपरिहारः) ते तव दृष्टिः कस्य विश्वसनीयत्वं विश्वासपात्रत्वं याति, विरुद्धपक्षद्वयाश्रितायां तव दृष्टौ को विश्वासं कुर्यादिति । अत्र कृष्णार्जुनानुरक्तायाः कर्णाश्रयणं विरुद्धमिति क्रियाविरोधः, स च श्लेषमूलः ॥ ३३९ ॥

उपसंहरति—**इत्यनेकेति** । इति पूर्ववर्णितदिशा अयं विरोधो नाम अलङ्कारः अनेकप्रकारो बहुविधः, स च दर्शित एव ॥

हिन्दी—हे मधुरभाषिणि, तुम्हारे ये नयन कृष्णार्जुनानुरक्त—कृष्ण एवं अर्जुन पर अनुराग रखनवाले होकर भी कर्णका अवलम्बन करते हैं, इनपर कौन विश्वास करेगा ? तुम्हारे नयन काले, उजले और प्रान्तभागमें रक्तवर्ण हैं, श्वेतश्यामरतनार हैं फिर भी कान तक आये हैं, इनका विश्वास कौन करेगा ? इस उदाहरणमें कृष्णार्जुनानुरक्तका कर्णाश्रित होना विरुद्ध है, यह श्लेषकृत विरोध है, श्वेतश्यामरतनार नयन आकर्ण व्याप्त हैं, इस अर्थमें विरोधपरिहार हो जाता है ॥ ३३९ ॥

इस प्रकारसे यह विरोधनामक अलङ्कार अनेक प्रकारका प्रतीत होता है, जिन प्रकारोंका परिचय कराया गया, भोजराजने एकके दूसरेसे उलझानेमें—परस्परसापेक्षविरोधस्थलमें ग्रथित बिरोध मानकर यह उदाहरण दिया है—

'दिग्वासा यदि तत् किमस्य धनुषा, शस्त्रस्य किं भस्मना,
भस्मस्याथ किमङ्गना, यदि च सा कामं परिद्वेष्टि किम् ।
इत्यन्योन्यविरुद्धचेष्टितमिदं पश्यन्निजस्वामिनो
भृङ्गी सान्द्रशिरावनद्धपुरुषं धत्तेऽस्थिशेषं वपुः ॥'

अप्रस्तुतप्रशंसा स्यादप्रक्रान्तेषु या स्तुतिः ॥ ३४० ॥[2]

अप्रस्तुतप्रशंसां लक्षयति—**अप्रस्तुतेति** । अप्रकान्तेषु अप्रस्तुतेषु (अप्रस्तुतानामित्यर्थः) प्रस्तुतस्य निन्दार्था या स्तुतिः प्रशंसा सा अप्रस्तुतप्रशंसा नाम । यत्र प्रस्तुतस्य निन्दामुद्दिश्य अप्रस्तुतं प्रशस्यते सा अप्रस्तुतप्रशंसेत्यर्थः । इयं हि संज्ञाऽन्वर्था, तथा चाप्रस्तुतानां प्रशंसया प्रस्तुतानां निन्दैवास्यालङ्कारस्य प्रधानमुपपादकम् । समासोक्तौ तु अप्रस्तुताद्व्यात् प्रस्तुतस्य प्रतीतिरिति ततो भेदः ॥ ३४० ॥

हिन्दी—प्रस्तुतकी निन्दाके लिये की गई अप्रस्तुतकी प्रशंसा-स्तुतिको अप्रस्तुतप्रशंसा नामक अलङ्कार कहते हैं ।

दण्डीने अप्रस्तुत वाच्यसे प्रस्तुतकी प्रतीति होनेमें समासोक्ति एवं अप्रस्तुतकी प्रशंसा द्वारा प्रस्तुतकी निन्दामें अप्रस्तुतप्रशंसा मानकर दोनों अलङ्कारोंका विषयविभाग कर दिया है । इस मतमें संज्ञाकी अन्वर्थता पर ध्यान दिया गया है ।

अन्यान्य आचार्योंने अप्रस्तुत वाच्यसे प्रस्तुतकी प्रतीतिमें अप्रस्तुतप्रशंसा और प्रस्तुत वाच्यसे अप्रस्तुतकी प्रतीतिमें समासोक्ति, इस प्रकार विभाग किया है । इस मतमें प्रशंसा-शब्द स्तुत्यर्थक न होकर उक्तिमात्रार्थक है ॥ ३४० ॥

---

१. अलङ्कारोतिशोभते । २. अप्रक्रान्तेप्सितस्तुतिः ।

सुखं जीवन्ति हरिणा वनेष्वपरसेविनः।
अन्यैरयत्नसुलभैस्तृणदर्भाङ्कुरादिभिः ॥ ३४१ ॥
सेयमप्रस्तुतैवात्र मृगवृत्तिः प्रशस्यते।
राजानुवर्त्तनक्लेशनिर्विण्णेन मनस्विना ॥ ३४२ ॥
(इत्यप्रस्तुतप्रशंसा)

अप्रस्तुतप्रशंसामुदाहरति—**सुखमिति**। अपरसेविनः परकीयसेवाकार्यविमुखाः परसेवाजनितस्वात्मापमानदुःखापरिचिताः हरिणाः अयत्नसुलभैः अनायासप्राप्यैः तृणदर्भाङ्कुरादिभिः अन्यैः भोज्यवस्तुभिः सुखं कमपि क्लेशं विना वनेषु सुखं जीवन्ति। कस्यचिद्राजसेवानिर्विण्णमनस इयमुक्तिः। वनवासिनोऽपि परसेवारहितास्सुखिनः परं प्रासादवासिनोऽपि परसेवाधिकृताः मादृशाः सततसुलभदुःखा इति मृगप्रशंसया स्वनिन्दा ॥ ३४१ ॥

उदाहरणं योजयति—**सेयमिति**। अत्र उक्तोदाहरणे राजानुवर्त्तनक्लेशनिर्विण्णेन राजसेवाखिन्नेन केनापि मनस्विना मानिना सेयम् अप्रस्तुता एव मृगवृत्तिः प्रशस्यते, तया च प्रशंसया राजसेविनो वक्तुरात्मनिन्दा व्यज्यते ॥ ३४२ ॥

हिन्दी—दूसरेकी सेवा नहीं करनेवाले यह हरिण अनायासलभ्य घास, कुशाङ्कुर आदि भोज्य वस्तुओंसे वनोंमें सानन्द जीवनयापन करते हैं (परन्तु राजप्रासादमें रहकर नानाविध मिष्टान्न-भोजी परसेवी जन कष्टमें रहते हैं क्योंकि सेवा बड़ी बुरी वस्तु है) ॥ ३४१ ॥

इस उदाहरणमें राजसेवामें अनुभूत होनेवाले कष्टोंसे ऊब उठनेवाले किसी मानवाले पुरुषने अप्रस्तुत मृगवृत्तिकी प्रशंसा की है, जिससे वक्ताकी आत्मनिन्दा प्रतीत होती है। यह अलङ्कार प्रस्तुताप्रस्तुतकी प्रशंसामें नहीं होता है, किन्तु अप्रस्तुतकी प्रशंसासे प्रस्तुतकी निन्दामें होता है, अतएव—

'याते मय्यचिरान्निदाघमिहिरज्वालाशतैः शुष्कतां
गन्ता कं प्रति पान्थसन्ततिरसौ सन्तापमालाकुला।
इत्थं यस्य निरन्तराधिपटलैर्नित्यं वपुः क्षीयते
धन्यं जीवनमस्य मार्गसरसो धिग् वारिधीनां जनुः ॥'

यहाँ अप्रस्तुत मार्गस्थ सरोवर एवं प्रस्तुत दाताकी प्रशसा होने पर भी अप्रस्तुतप्रशंसा नहीं, समासोक्ति ही है ॥ ३४२ ॥

यदि निन्दन्निव स्तौति व्याजस्तुतिरसौ स्मृता[१]।
दोषाभासा गुणा एव लभन्ते ह्यत्र[२] सन्निधिम् ॥ ३४३ ॥

सम्प्रति व्याजस्तुतिन्निरूपयति—**यदीति**। निन्दन्निव यदि स्तौति असौ व्याजस्तुतिः स्मृता। अत्र व्याजस्तुतौ दोषाभासाः वस्तुतो दोषा अभवन्तोऽपि गुणाः सन्तोऽपि दोषवदवभासमाना एव सन्निधिं लभन्ते, दोषत्वेनोच्यमाना गुणा एव व्याजस्तुतौ कारणीभवन्तीत्यर्थः। निन्दन्निव स्तौतीति शब्दैः निन्दामुखेन स्तुतावेवालङ्कारत्वमभिप्रैयते दण्डिना, अत एवाग्रे तथैवोदाहृतमपि, प्रकाशकारादयस्तु 'स्तुवान्निव निन्दति' स्थलेऽपि व्याजस्तुतिमभिप्रयन्ति, तत्र व्याजेन निन्दा व्याजेन स्तुतिरिति दण्डी, प्रकाशकारादयश्च तेन व्याख्यानेन सहैव व्याजरूपा स्तुतिर्व्याजस्तुतिः निन्दापर्यवसायिनी स्तुतिरित्यपि व्याख्यानमङ्गीकुर्वन्तीति बोध्यम् ॥ ३४३ ॥

---

१. अर्थैः। २. जलदर्मा। ३. मता। ४. तत्र।

हिन्दी—यदि आपाततः निन्दा-सी प्रतीत हो, लेकिन उससे स्तुति प्रकट होती हो तो उसे व्याजस्तुति मानते हैं, इस अलङ्कारमें दोषाभासके समान प्रतीत होनेवाले गुण ही प्रधान कारण होते हैं। अर्थात् गुणोंको ही ऐसे शब्दोंसे कहें कि वह दोष मालूम पड़े, तो उस स्थितिमें निन्दाके बहाने स्तुति होनेसे व्याजस्तुति नामक अलङ्कार होता है। आचार्य दण्डीका अभिप्राय ऐसा मालूम पड़ता है कि निन्दामुखेन स्तुतिस्थलमें ही व्याजस्तुति अलङ्कार होता है, परन्तु काव्यप्रकाशकारप्रभृतिने व्याजस्तुतिका दो प्रकार विभाग किया है, एक निन्दामुखेन स्तुतिमें और दूसरा स्तुतिमुखेन निन्दामें। 'व्याजेन निन्दा व्याजेन स्तुतिः, व्याजरूपा वा स्तुतिः व्याजस्तुतिः' इन दोनों प्रकारोंमें नामनिर्वचन किया जाता है।

निन्दाव्याजेन स्तुतिमें दण्डीने कुछ उदाहरण दिये हैं, वे आगे दिये गये हैं, व्याजरूप स्तुतिका उदाहरण काव्यप्रकाशकारने यह दिया है—

'हे हेलाजितबोधिसत्त्व, वचसां किं विस्तरैस्तोयधे, नास्ति त्वत्सदृशः परः परहिताधाने गृहीतव्रतः।
तृष्यत्पान्थजनोपकारघटनावैमुख्यलब्धायशोभारस्योद्वहने करोषि कृपया साहायकं यन्मरोः॥'

इस श्लोकमें समुद्रकी स्तुतिके व्याजसे निन्दा प्रतिपादित हुई है, अतः यह व्याजरूपा स्तुतिस्वरूप व्याजस्तुति अलङ्कार है॥ ३४३॥

तापसेनापि रामेण जितेयं भूतधारिणी।
त्वया राज्ञापि सैवेयं जिता माभून्मदस्तव॥ ३४४॥

व्याजस्तुतिमुदाहरति—**तापसेनापीति**। तापसेन तपस्यापरायणेन (सैन्यसम्बन्धरहितेन) रामेण भार्गवेण परशुरामेण इयं भूतधारिणी पृथिवी जिता, त्वया राज्ञापि (चतुरङ्गसैन्यसम्पन्नेनापि) सैवेयं तावती एव पृथ्वी जिता, इति हेतोः तव मद् पृथ्वीजयसंभवो गर्वः माभूत् न भवतु। साधनहीनेन रामेण या पृथ्वी जीयते स्म, साधनसम्पदुपेतेन राज्ञा तस्या एव जये क्रियमाणे नास्ति गर्वस्यावसर इति प्रथममापाततो निन्दा प्रतिभाति, तद्व्याजेन समस्तपृथिवीजयजनितोत्कर्षवत्तया राज्ञः प्रशंसा फलतीति व्याजस्तुतिरियम्। अत्र निन्दाव्याजेन स्तुतिः स्फुटा॥ ३४४॥

हिन्दी—तपस्वी होकर भी परशुरामने जिस पृथ्वीकी विजय की थी, आपने राजा होकर भी उसी पृथ्वीकी विजय की है, अतः आपको पृथ्वी जीतने का गर्व नहीं होना चाहिये।

उस उदाहरणमें आपाततः (ऊपर-ऊपरसे) निन्दा प्रतीत होती है किन्तु है यह स्तुति, क्योंकि महादेवके शिष्य परशुरामने जिसे अधीनस्थ किया, आपने भी उसी पृथ्वीको अधीनस्थ बनाया है, यह मामूली बात नहीं है। अत एव इसे निन्दाव्याजेन स्तुति—व्याजस्तुति कहा गया है॥ ३४४॥

पुंसः पुराणादाच्छिद्य श्रीस्त्वया परिभुज्यते।
राजन्निक्ष्वाकुवंश्यस्य किमिदं तव युज्यते॥ ३४५॥

अलङ्कारान्तरान्यथा सा वैचित्र्यमभिके वहेदिति मन्वाऽर्थश्लेषमूलां व्याजोक्तिमुदाहरति- **पुंस इति**। हे राजन, त्वया पुराणात् आद्यात् पुंसः पुरुषात् ('पुराणपुरुषो यज्ञपुरुषो नरकान्तक' इति कोशात्) विष्णोः (वृद्धाच्चेति ध्वनिः) आच्छिद्य बलादाहृत्य श्रीर्लक्ष्मीः (सम्पत्तिश्च) परिभुज्यते उपभोगविषयीक्रियते, इक्ष्वाकुवंश्यस्य इक्ष्वाकुकुलसंभवस्य तव किम् इदं पुरुषान्तराहृतलक्ष्मीभोगरूपं कार्यम् युज्यते औचित्यमावहति?

---

१. वंशस्य।

पुराणपुरुषाहृतसम्पदुपभोगस्तव न युज्यते इति निन्दया प्रभूतसम्पत्तिकृता स्तुतिः प्रतीयते इति व्याजस्तुतिः। अत्र पुराणशब्दे श्रीशब्दे चार्थश्लेषः ॥ ३४५ ॥

हिन्दी—पुराणपुरुष विष्णुसे (किसी वृद्धसे) उसकी श्री (स्त्री) छीन कर आप भोग कर रहे हैं, यह क्या इक्ष्वाकुकुलोत्पन्न आपके योग्य कार्य है ?

इस उदाहरणमें पुराणपुरुषसे छीन कर लाई गई सम्पत्तिका उपभोग निन्दाव्याजसे प्रभूतसम्पत्तिशालिता द्वारा स्तुति प्रकाशित करता है, अतः व्याजस्तुति है। इस श्लोकमें पुराण एवं श्रीशब्दमें अर्थश्लेष है ॥ ३४५ ॥

भुजङ्गभोगसंसक्ता कलत्रं तव मेदिनी।
अहङ्कारः परां कोटिमारोहति कुतस्तव ॥ ३४६ ॥

शब्दश्लेषमूलां व्याजस्तुतिमुदाहरति—**भुजङ्गेति**। तव कलत्रं भार्या (भोग्या पाल्या च) मेदिनी पृथ्वी भुजङ्गभोगसंसक्ता शेषनागफणमण्डलाश्रिता (जारजनानुरक्ता च)। (एवं सति) तव अहङ्कारः परां कोटिं प्रकर्षं कथमारोहति ?

अत्र निन्दया त्वं सार्वभौमोऽसीति स्तुतिः पर्यवस्यति, सा भुजङ्गशब्दस्य श्लिष्टतया शब्दश्लेषमूला ॥ ३४६ ॥

हिन्दी—आपकी स्त्री पृथ्वी भुजङ्गभोगसंसक्ता—शेषनागके फणपर अवलम्बित या जारजनानुरक्त है, फिर भी आपका अहङ्कार पराकाष्ठाको क्यों पहुँच रहा है ? इस उदाहरणमें राजाकी स्त्रीस्थानीया पृथ्वीकी जारासक्तत्वकथनरूप निन्दासे उसकी सार्वभौमता प्रतीति होती है, अतः व्याजस्तुति है, यहाँ भुजङ्गपदमें शब्दश्लेष है, इसलिये यह शब्दश्लेषमूला व्याजस्तुति हुई ॥ ३४६ ॥

इति श्लेषानुविद्धानामन्येषाञ्चोपलक्ष्यताम्।
व्याजस्तुतिप्रकाराणामपर्यन्तस्तु[3] विस्तरः ॥ ३४७ ॥

(इति व्याजस्तुतिः)

व्याजोक्तिमुपसंहरति—**इतीति**। इति एवंप्रकारेण श्लेषानुविद्धानाम् श्लेषमूलानां तथा अन्येषाम् अन्यालङ्कारमूलानां च व्याजस्तुतिप्रकाराणाम् अपर्यन्तः असीमः विस्तरः तु उपलक्ष्यताम् स्वयमूह्यताम्, सर्वेषामेतदलङ्कारप्रभेदानां वक्तुमशक्यतयेत्थमुक्तम् ॥ ३४७॥

हिन्दी—इसी तरहसे श्लेषमूलक तथा अन्यालङ्कारमूलक व्याजस्तुतिके प्रभेदोंका असीम प्रभेद स्वयं समझे। अनन्तप्रभेद होनेसे वह कहा नहीं जा सकता है, स्वयं उसका ऊह करें ॥ ३४७ ॥

अर्थान्तरप्रवृत्तेन किञ्चित् तत्सदृशं फलम्।
सदसद्वा निदर्श्येत यदि तत्स्यान्निदर्शनम् ॥ ३४८ ॥

निदर्शनं लक्षयति—**अर्थान्तरेति**। अर्थान्तरप्रवृत्तेन कार्यान्तरव्यापृतेन केनचित् किमपि सत् असत् वा तत्सदृशम् अर्थान्तरतुल्यम् (स्वप्रवृत्तिविषयकार्यान्तरसदृशम्) यदि निदर्श्यते बोध्यते, तत् निदर्शनम् तन्नामालङ्कार इत्यर्थः ॥ ३४८ ॥

हिन्दी—किसी कार्यान्तरमें प्रवृत्त कोई कर्त्ता यदि स्वक्रियमाण कार्ययोग्य किसी सत् या असत् कार्यका बोधन करे तो वहाँ निदर्शन नामक अलङ्कार होता है, उदाहरणके लिए 'उगते ही सूर्य उदय का फल मित्रोंको उपकृत करना होता है' यह समझानेके लिये कमलकी श्रीसम्पन्न करते

---

१. संक्रान्ता। २. नुबद्धानाम्। ३. न्तः प्रविस्तरः।
४. पद्। ५. सा स्यान्निदर्शना।

है' इस वाक्यमें पद्मश्रीदायक उदयरूप कार्यमें प्रवृत्त सूर्यरूप कर्त्ता स्वक्रियमाण उदयकार्ययोग्य सत् सुहृदुपकार रूप कार्यका बोधन करता है, अतः यह निदर्शन है, अर्वाचीन आचार्योंने इसका लक्षण इस प्रकार कहा है—

'सम्भवन्वस्तुसम्बन्धोऽसम्भवन्वापि कुत्रचित् । यत्र बिम्बानुबिम्बत्वं बोधयेत्सा निदर्शना ॥ ३४८ ॥

उदयन्नेषं सविता पद्मेष्वर्पयति श्रियम् ।
बिभावयितुमृद्धीनां फलं सुहृदनुग्रहम् ॥ ३४९ ॥

सत्फलनिदर्शनमुदाहरति—**उदयन्नेवेति** । एषः सविता सूर्यः उदयन् उदयं प्राप्नुवन् ऋद्धीनां जायमानानां सम्पत्तीनामुदयानां च फलं सुहृदनुग्रहं बन्धुजनोपकारं विभावयितुं ज्ञापयितुम् पद्मेषु श्रियमर्पयति, कमलानि विकासभाजनानि कृत्वा सश्रीकाणि रचयतीत्यर्थः । अत्र पद्मेषु श्रीप्रदानोन्मुखेन उदयभाजा सूर्येण उदयफलं सुहृदनुग्रहरूपं निदर्श्यत इति भवति निदर्शनालङ्कारस्तत्र च सुहृदनुग्रहस्य सत्फलत्वम् ॥ ३४९ ॥

हिन्दी—सूर्य उगते ही समयमें सम्पत्तिका फल सुहृदनुग्रह होता है इस बातको ज्ञापित करनेके लिये कमलोंको विकासित करके शोभाशाली बना देते हैं ।

इस उदाहरणमें कमलोंको श्रीप्रदानमें उन्मुख उगता हुआ सूर्य उदयका फल सुहृदनुग्रह है—यह बताता है, अतः यह सत्फल निदर्शन रूप निदर्शन प्रभेद है ॥ ३४९ ॥

याति चन्द्रांशुभिः स्पृष्टा ध्वान्तराजी पराभवम् ।
सद्यो राजविरुद्धानां सूचयन्ती दुरन्तताम् ॥ ३५० ॥

(इति निदर्शनम्)

असत्फलनिदर्शनमुदाहरति—**यातीति** । चन्द्रांशुभिः चन्द्रकरैः स्पृष्टा ध्वान्तराजी तमःपङ्क्तिः राजविरुद्धानां नृपप्रतिकूलानां चन्द्रविरोधिनां च दुरन्तताम् दुःखकरावसानताम् सूचयन्ती सद्यः तत्समये एव पराभवं विनाशं याति, अत्र चन्द्रकरपरिभूयमाना तमस्ततिः राजद्रोहिणि परिणामदुरन्तं फलं बोधयतीति असत्फलनिदर्शनमिदम् ॥ ३५० ॥

हिन्दी—चन्द्रमाकी किरणोंसे छुये जाते ही अन्धकारराशि राजविरोधी—नृपद्रोही (या चन्द्रविरोधी) का अन्त भला नहीं हुआ करता, इस बातको सूचित करती हुई नष्ट हो जाती है ।

यहाँ चन्द्रकरसे परिभूयमान तमोराशि राजद्रोहीका अन्त भला नहीं होता है—इस असत् फलका बोधन कराती है, अतः यह असत्फलनिदर्शन है ॥ ३५० ॥

सहोक्तिः सहभावेन कथनं गुणकर्मणाम् ।
अर्थानां यो विनिमयः परिवृत्तिस्तु सा स्मृता ॥ ३५१ ॥

सहोक्तिं लक्षयति—**सहोक्तिरिति** । गुणस्य कर्मणः क्रियायाश्च सहभावेन साहित्येन कथनं सहोक्तिः, अत्र क्रियापदं द्रव्यस्याप्युपलक्षकं, तथा च सम्बन्धिभेदेन भिन्नानामपि गुणक्रियादीनां सहार्थकशब्दसामर्थ्येन यदेकदा प्रतिपादनं सा सहोक्तिर्नामलङ्कारः । सहभावेन कथने चमत्कारकत्वमपेक्ष्यत एव, अलङ्कारत्वस्य तन्मूलकत्वात् , अत एव सत्यपि सहकथने 'पुत्रेण सहागतः पिता' इत्यादौ नायमलङ्कारः, चमत्कारश्चात्रातिशयोक्तिमूलकत्व एव संभवति, अत एव च दर्पणकृता लक्षणे 'मूलभूताऽतिशयोक्तिर्यदा भवेत्' इति समावेशितम् ।

---

१. एव । २. विभावयन् समृद्धीनां । ३. राशिः । ४. सहभावस्य । ५. यथा ।

पूर्वार्धेन सहोक्तिं लक्षयित्वोत्तरार्धेन परिवृत्तिं नामालङ्कारं लक्षयति—**अर्थानामिति ।** यः अर्थानां विनिमयः प्रतिदानम् (किञ्चिद्दत्त्वा अन्यस्य कस्यचिद्ग्रहणम्) सा परिवृत्तिः स्मृता । चमत्कारकोऽर्थविनिमयः परिवृत्तिरिति स्मर्यते, तेन 'अश्वैर्गाः क्रीणाति' इत्यत्र नालङ्कारः । सा च परिवृत्तिस्त्रिधा—समेन समस्य, न्यूनेन अधिकस्य, अधिकेन न्यूनस्य च ॥ ३५१ ॥

हिन्दी—गुण, क्रिया, द्रव्यके सहभावेन कथनको सहोक्ति अलङ्कार कहते हैं, जहाँ सम्बन्धिभेदेन भिन्न होनेवाले भी गुण-क्रियादि सहार्थक शब्दके बलसे एक साथ कहे जाते हों उसको सहोक्ति माना जाता है, इस एक साथ कथनमें चमत्कार आवश्यक है, अतएव 'पुत्रके साथ पिता आये' इसमें अलङ्कार नहीं है । यहाँ चमत्कार अतिशयोक्तिमूलक ही होता है, इसी बातको ध्यान में रखकर साहित्यदर्पणकारने लक्षणमें ही 'मूलभूतातिशयोक्तिर्यदा भवेत्' कह दिया है ।

कारिकापूर्वार्द्धमें सहोक्तिका विवेचन करके उत्तरार्धसे परिवृत्तिका लक्षण कहते हैं । अर्थ-वस्तुओंके विनिमय-प्रतिदान बदलकर लेनेको परिवृत्ति अलङ्कार कहते हैं, उस विनिमयमें चमत्कार अवश्य अपेक्षित हैं, अतएव 'घोड़े देकर गाय बदलते हैं' इस वाक्यमें परिवृत्ति नहीं होती है ।

विनिमय तीन प्रकारका हो सकता है—समसे समका, न्यूनसे अधिकका, अधिकसे न्यूनका । अतएव परिवृत्तिके तीन भेद होंगे ।

बिनिमयका तात्पर्य है अपना कुछ देकर दूसरेका कुछ लेना, इसीलिये जहाँ कुछ छोड़कर कुछ ग्रहण करना इसका विषय नहीं है, अतएव—'किमित्यपास्याभरणानि यौवने धृतं त्वया वार्धकशोभि वल्कलम्' इसमें परिवृत्ति नहीं है ।

भोजराजने परिवर्त्तन—एक स्थानस्थित वस्तुका स्थानान्तरित होना भी परिवृत्तिका विषय माना है, यथा—

'कुमुदवनमपश्रि श्रीमदम्भ जखण्डं त्यजति मुदमुलूकः प्रीतिमाँश्चक्रवाकः ।
उदयमहिमरश्मिर्याति शीतांशुरस्तं हतविधिलसितानां ही विचित्रो विपाकः' ॥ ३५१ ॥

सह दीर्घा मम श्वासैरिमाः सम्प्रति रात्रयः ।
पाण्डुराश्च ममैवाङ्गैः सहताश्चन्द्रभूषणाः ॥ ३५२ ॥

गुणसहोक्तिमुदाहरति-**सह दीर्घा इति ।** विरहिण्या उक्तिरियम् , सम्प्रति विरहकाले **मम श्वासैः** सह दीर्घाः विशालाः इमा रात्रयः जाता इत्यर्थः, चन्द्रभूषणाः चन्द्रिकाशोभिताः ताः रात्रयश्च ममैवाङ्गैः सह पाण्डुराः श्वेतवर्णाः जाता इत्यत्रापि । अत्र दीर्घत्वपाण्डुरत्वगुणौ सम्बन्धिभेदभिन्नावपि सहोक्तौ ॥ ३५२ ॥

हिन्दी—इस वियोगकालमें रातें मेरी सांसोंके साथ बड़ी-बड़ी होती जा रही हैं और चन्द्रकलामण्डित वही रातें मेरे अङ्गोंके साथ उजली हुई जा रही हैं ।

यहाँ दीर्घत्व और पाण्डुरत्व रूप गुणकी सहोक्ति है ।

हेतुप्रभेदमें सहजहेतुका उदाहरण दिया है—

'आविर्भवति नारीणां वयः पर्यस्तशैशवम् । सहैव विविधैः पुंसामङ्गजोन्मादविभ्रमैः ॥'

इसमें क्रियओंका सहभाव वर्णित हुआ है, तथापि वह सहोक्ति नहीं है, क्योंकि वहाँ सहभाव होने पर भी कार्यकारणभावकृत वैचित्र्यको चमत्कारक मानते हैं । इसका सारांश यह है कि जहाँ कार्यकारणभावके विना केवल सहोक्तिकृत चमत्कार होगा, वहाँ सहोक्ति अल-

---

१. प्राणैः । २. पाण्डराश्च ।

कार और जहाँ कार्यकारणसहभावकृत चमत्कार होगा, वहाँ सहज हेतु नामक हेत्वलङ्कारप्रभेद होगा। 'सहदीर्घा' इत्यादि प्रकृतोदाहरणमें रात्रिदैर्घ्य और श्वासदैर्घ्यमें परस्पर कार्यकारणभाव नहीं है, दोनों ही विरहकृत हैं ॥ ३५२ ॥

वर्धते सह पान्थानां मूर्च्छया चूतमञ्जरी ।
[1]पतन्ति च समं तेषामसु[2]भिर्मलयानिलाः ॥ ३५३ ॥

क्रियासहोक्तिमाह—**वर्द्धत इति**। पान्थानां प्रवासिनां वियोगिनां मूर्च्छया सह चूतमञ्जरी वर्धते, तेषां प्रवासिवियोगिनाम् असुभिः प्राणैः समं मलयानिलाः दक्षिणवाताश्च पतन्ति। अत्र वृद्धिपतनक्रिये सहभावेन मूर्च्छाचूतमञ्जर्योरसुमलयानिलयोश्चोपनिबद्धे। तत्कृतैव च सहोक्तिरियम् ॥ ३५३ ॥

हिन्दी—वियोगी पथिकोंकी मूर्च्छाके साथ आम्रमञ्जरी बढ़ती जा रही है, और उनके प्राणोंके साथ ही दक्षिण वायु निकलने लगी है।

इस उदाहरणमें बढ़ना और पतनरूप क्रियामें सहभावेन मूर्च्छा—आम्रमञ्जरी, एवं वियोगिजनप्राण—मलयानिलगतत्वेन वर्णित हुए हैं, अतः यह सहोक्तिका उदाहरण है।

सहजहेतु अलङ्कार यह नहीं है, क्योंकि यहाँ भी परस्पर कार्यकारणभाव नहीं है, सभी वसन्तकार्य हैं ॥ ३५३ ॥

कोकिलालापसुभगाः सुगन्धिवनवायवः ।
यान्ति सार्धं जनानन्दैर्वृद्धिं सुरभिवासराः ॥ ३५४ ॥

उदाहरणान्तरमाह—**कोकिलेति**। कोकिलानाम् आलापैः सुभगाः मनोहराः, सुगन्धिवनवायवः विकसितपुष्पतया सुगन्धयुतवाताः सुरभिवासराः वसन्तर्तुदिवसाः जनानन्दैः सार्धं सह वृद्धिं यान्ति।

सहशब्दप्रयोगे एवायमलङ्कार इति भ्रमनिरासाय सार्धशब्देनेदमुदाहरणमित्येके। केचित्तु वृद्धिरूपस्य गुणस्य वृद्धिपदार्थभूतव्याप्तिरूपक्रियायाश्च तुल्यतयाभिधाने गुणक्रियासहोक्तिरियमिति व्याजह्रुः ॥ ३५४ ॥

हिन्दी—कोकिलोंके आलापसे मुखरित एवं पुष्पोंके विकसित होनेके कारण सुगन्धित वनवात वाले यह वसन्तके दिवस लोगोंके आनन्दके साथ बढ़ रहे हैं। इसमें वृद्धि रूप गुणक्रियाकी सहोक्ति है ॥ ३५४ ॥

इत्युदाहृतयो दत्ताः सहोक्तेरत्र काश्चन ।

(इति सहोक्तिः)

क्रियते परिवृत्तेश्च किञ्चिद्रूपनिद[3]र्शनम् ॥ ३५५ ॥

सहोक्तिमुपसंहरन्नेव परिवृत्तिं प्रस्तौति—**इत्युदाहृतय इति**। इति एवंप्रकारेण अत्र काश्चन कतिपयाः सहोक्तेः उदाहृतयः उदाहरणानि दत्ताः, इदानीं परिवृत्तेः किञ्चिद्रूपनिदर्शनम् उदाहरणप्रदर्शनं क्रियते ॥ ३५५ ॥

हिन्दी—इस प्रकारसे यहाँ सहोक्तिके कुछ उदाहरण दिये गये (इसके विषयमें अधिक प्रभेद सरस्वतीकण्ठाभरणादिमें देखें), अब आगे परिवृत्तिका उदाहरण दिया जाता है ॥ ३५५ ॥

---

१. वहन्ति। २. अश्रुभिः। ३. निरूपणम्।

शस्त्रप्रहारं ददता भुजेन तव भूभुजाम् ।
चिरार्जितं हृतं तेषां यशः कुमुदपाण्डुरम् ॥ ३५६ ॥
(इति परिवृत्तिः)

परिवृत्तिमुदाहरति—**शस्त्रप्रहारमिति** । भूभुजाम् राज्ञाम् (शेषे षष्ठी) शस्त्रप्रहारं ददता तव भुजेन तेषां राज्ञां चिरार्जितं सुबहुकालोपार्जितं कुमुदपाण्डुरं कुमुदवदतिधवलं यशो हृतम् गृहीतम् । अत्र शस्त्रप्रहारं दत्त्वा कीर्त्तिग्रहणमिति न्यूनेनाधिकस्य ग्रहणरूपा परिवृत्तिः ॥ ३५६ ॥

हिन्दी—हे राजन् , नृपोंको शस्त्रप्रहार देकर आपके बाहुने उनका चिरार्जित तथा कुमुद-समान स्वच्छ यश ले लिया ।

इस उदाहरणमें शस्त्रप्रहार देकर कीर्त्तिग्रहण किया गया है, यह न्यूनसे अधिकग्रहणरूप परि-वृत्तिप्रभेद हुआ ।

समसे समग्रहणमें—'दत्त्वा कटाक्षमेणाक्षी जग्राह हृदयं मम ।'
अधिकसे न्यूनग्रहणमें–'मया तु हृदयं दत्त्वा गृहीतो मदनज्वरः' यह उदाहरण दिये जाते हैं ॥३५६॥

आशीर्नामाभिलषिते वस्तुन्याशंसनं यथा ।
पातु वः[1] परमं ज्योतिरवाङ्मनसगोचरम् ॥ ३५७ ॥

आशीर्नामकमलङ्कारं निरूपयपि—**आशीरिति** । अभिलषिते स्वसम्बन्धितया स्वेष्ट-जनसंबन्धितया वा लिप्सितेऽर्थे आशंसनं स्वकीयाभिरुचिप्रकाशनम् आशीर्नामाऽलङ्कारः । उदाहरति—**पात्विति** । अवाङ्मनसगोचरम् वाचा मनसा च प्राप्तुमशक्यम् वाचा वर्ण-यितुम् मनसा च ग्रहीतुमशक्यम् परमं ज्योतिः परमात्माभिधानं तेजो वो युष्मान् पातु । अवाङ्मनसगोचरतामाह ब्रह्मणः श्रुतिर्यथा 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते अप्राप्य मनसा सह' ॥३५७॥

हिन्दी—अपने तथा अपने इष्टजनोंकी अभिलषित वस्तुके सम्बन्धमें स्वेच्छाप्रकाशनको 'आशीः' नामक अलङ्कार माना जाता है । इसका उदाहरण यह है—वचन तथा मनसे पर-वचनसे अवर्णनीय एवं मनसे अग्राह्य परमात्मस्वरूप तेज आपका कल्याण करे । इस उदाहरणमें स्वेष्टजनसम्बन्धितया अभिलषित ब्रह्मकर्त्तृक पालनमें अपनी इच्छा प्रकट की गई है । कुछ लोगोंने इसमें वैचित्र्य नहीं है, इसलिए इसे अलङ्कार नहीं मानना चाहिये, ऐसा कहा है ।

'आशीरपि च केषाञ्चित् अलङ्कारतया मता ।'

साहित्यदर्पणकार प्रभृतिने इसे नाट्यालङ्कार माना है, क्योंकि उनके मतमें नाट्यमें ही इसका चमत्कार प्रतीत होता है, उनका कहना है—

'आशीराक्रन्दकपटाक्षमागर्वोद्यमाश्रयाः ।··· ···नाट्यभूषणहेतवः ॥'

इसके बाद—'आशीरिष्टजनाशंसा' यह लक्षण लिखकर उन्होंने उदाहरण दिया है—

"ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्त्तुर्बहुमता भव । पुत्रं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि ॥'

अन्य आचार्य इसे प्रयः अलङ्कार स्वरूप मानते हैं ॥ ३५७ ॥

अनन्वयससन्देहावुपमास्वेव दर्शितौ ।
उपमारूपकं चापि रूपकेष्वेव दर्शितम्[2] ॥ ३५८ ॥
उत्प्रेक्षाभेद एवासावुत्प्रेक्षावयवोऽपि च ।

---

१. नः । २. कीर्तितम् ।

एतावत्पर्यन्तं यथोद्दिष्टान् सर्वानलङ्कारान् प्रदर्श्य परोक्तानां केषाञ्चिदलङ्काराणां स्वोक्तेष्वेवालङ्कारेष्वन्तर्भावं प्रदर्श्य स्वपरिगणनस्य न्यूनतां वारयति—अनन्वयेति। भामहेन अनन्वयः, ससन्देहः, उपमारूपकम्, उत्प्रेक्षावयवः इति चत्वारोऽधिका अलङ्कारा लक्षिता उदाहृताश्च, तत्र अनन्वयः ससन्देहश्च उपमासु उपमाप्रभेदेषु एव दर्शितौ उक्तौ, उपमायाः प्रभेदेऽसाधारणोपमायामनन्वयस्यान्तर्भावः, ससन्देहस्य च संशयोपमायामन्तर्भावः, इति भावः।

उपमारूपकस्य तन्नामके रूपकप्रभेदेऽन्तर्भावः, उत्प्रेक्षावयवो न पृथगलङ्कारः किन्तूत्प्रेक्षाभेद एव, तस्मादेषां पृथगलङ्कारतयानुक्तावपि नास्माकं न्यूनतेति दण्डिनस्तात्पर्यम्॥

हिन्दी—यहाँ उद्देशक्रमानुसार नाम्ना उद्दिष्ट अलङ्कारोंका निरूपण किया गया, इसके आगे यह बताया जायगा कि परोक्त अलङ्कारोंका अन्तर्भाव इन्हीं अलङ्कारोंमें हो जाता है, अतः उनका अलगसे निरूपण नहीं होनेपर भी इस ग्रन्थमें न्यूनता नहीं आई है।

भामहने अनन्वयके लक्षण तथा उदाहरण निम्नलिखित दिये हैं—

लक्षण—'यत्र तेनैव तस्य स्यादुपमानोपमेयता। असादृश्यविवक्षातस्तमित्याहुरनन्वयम्॥'

उदाहरण—'ताम्बूलरागवलयं स्फुरद्दशनदीधिति। इन्दीवराभनयनं तवेव वदनं तव॥'

इस अनन्वयको अलग अलङ्कार मानना व्यर्थ है, इसका अन्तर्भाव असाधारणोपमा नामक उपमाप्रभेदमें हो जाता है, जिसका लक्षणोदाहरण दण्डीने यह दिया है—

'चन्द्रारविन्दयोः कान्तिमतिक्रम्य मुखं तव। आत्मनैवाभवत्तुल्यमित्यसाधारणोपमा॥'

भामहने ससन्देहालङ्कारके लक्षणोदाहरण निम्न प्रकार दिये हैं—

लक्षण—'उपमानेन तत्त्वं च भेदं च वदतः पुनः। ससंदेहं वचः स्तुत्यै ससंदेहं विदुर्यथा॥'

उदाहरण—'किमयं शशी न स दिवा विराजते कुसुमायुधो न धनुरस्य कौसुमम्।
इति विस्मयाद्विमृशतोऽपि मे मतिस्त्वयि वीक्षिते न लभतेऽर्थनिर्वृतिम्'॥

इस सन्देहालङ्कारका भी दण्डीने उपमाप्रभेद—संशयोपमामें ही अन्तर्भाव कर दिया है, जिसका स्वरूप यह है—

'किं पद्ममन्तर्भ्रान्तालि किन्ते लोलेक्षणं मुखम्। मम दोलायते चित्तमितीयं संशयोपमा॥'

उपमारूपकके लक्षणोदाहरण भामहने यह दिये हैं—

लक्षण—'उपमानेन तद्भावमुपमेयस्य साधयन्। यां वदन्त्युपमामेतदुपमारूपकं यथा॥'

उदाहरण—'समग्रगगनायाममानदण्डो रथाङ्गिनः। पादो जयति सिद्धस्त्रीमुखेन्दुनवदर्पणः॥'

इसका अन्तर्भाव दण्डीने रूपकके प्रभेदमें किया है, जिसका स्वरूप निम्न प्रकार है—

'इदं साधर्म्यवैधर्म्यदर्शनाद् गौणमुख्ययोः। उपमाव्यतिरेकाख्यं रूपकद्वितयं यथा॥'

उत्प्रेक्षावयव नामक अलङ्कारके भामहने इस प्रकार लक्षणोदाहरण बताये थे—

लक्षण—'श्लिष्टस्यार्थेन संयुक्तः किञ्चिदुत्प्रेक्षयान्वितः। रूपकार्थेन च पुनरुत्प्रेक्षावयवो यथा॥'

उदाहरण—

'तुल्योदयावसानत्वाद् गतेस्तं प्रतिभास्वति। वासाय वासरः क्लान्तो विशतीव तमोगृहम्॥'

इस उत्प्रेक्षावयव नामक अलङ्कारका भी अन्तर्भाव उत्प्रेक्षामें ही हो जाता है, इसे आचार्य दण्डीने श्लेषरूपकादिसंकीर्ण उत्प्रेक्षा कहा है।

इसके अतिरिक्त—पराभिमत दृष्टान्तका उपमाप्रभेदमें उल्लेख और परिणामका रूपकप्रभेदमें, कारणमालाका हेतुप्रकारमें अन्तर्भाव किया गया है, जिससे न्यूनताका समाधान समझना चाहिये॥ ३५८॥

नानालङ्कारसंसृष्टिः संसृष्टिस्तु निगद्यते ॥ ३५९ ॥

संसृष्टिं लक्षयति—**नानेति**। सजातीयविजातीयबहुविधालङ्काराणां संसृष्टिः संसर्गः एकत्रावस्थानं संसृष्टिनाम्ना व्यवह्रियते, यथा लौकिकालङ्कारभेदानां परस्परसहभावे कोऽपि नवः प्रकारः शोकातिरेकजनकः प्रादुर्भवति, तद्वदिहापि। अत एव चास्याः पृथगलङ्कारतया व्यवहारः ॥ ३५९ ॥

हिन्दी—सजातीय तथा विजातीय अनेक अलङ्कारोंका एक साथ रहना संसृष्टि नामक पृथक् अलङ्कार माना जाता है, सजातीयसंसृष्टिस्थलमें शब्दालङ्कारोंकी संसृष्टि और अर्थालङ्कारोंकी संसृष्टि, इस तरह दो प्रकार होंगे, विजातीयस्थलमें शब्दालङ्कार एवं अर्थालङ्कार—दोनों तरहके अलङ्कारोंकी संसृष्टि होगी।

जिस प्रकार हारादि लौकिक अलङ्कारोंको एक साथ मिलाकर कोई नवीन अलङ्कार बनाया जाता है तो उसका एक विलक्षण चमत्कार होता है, उसी तरह इन शाब्दिक संसारके अलङ्कारों के परस्पर संसर्गसे एक दिव्य चमत्कार उत्पन्न होता है, अतएव इसको पृथक् अलङ्कार माना जाता है ॥ ३५९ ॥

अङ्गाङ्गिभावावस्थानं सर्वेषां समकक्षता।
इत्यलङ्कारसंसृष्टेर्लक्षणीया द्वयी गतिः ॥ ३६० ॥

संसृष्टेर्भेदानाह—**अङ्गाङ्गिभावेति**। अङ्गाङ्गिभावः गुणप्रधानभावः, तेन अवस्थानं स्थितिः (कस्यचित्प्राधान्यं तदितरालङ्काराणां च गौणत्वमेवंरूपेणावस्थानम्), तथा सर्वेषामलङ्काराणां समकक्षता तुल्यबलता, गुणप्रधानभावं विना समप्राधान्येनावस्थानम्, इति अलङ्कारसंसृष्टेः अलङ्काराणां परस्परसंसर्गस्य द्वयी गतिः भेदद्वयी लक्षणीया ज्ञेया ॥३६०॥

हिन्दी—संसृष्टि नामक इस अलङ्कारके दो प्रभेद होंगे, एक वह जिसमें समवेत विजातीय सजातीय सकल अलङ्कार परस्पर अङ्गाङ्गिभावापन्न हों, अर्थात् कोई एक अलङ्कार प्रधान हो, तदन्य अलङ्कार उसके पोषक हों, गौण हों, दूसरा प्रभेद वह होगा जिसमें समवेत सकल अलङ्कार समकक्ष-बराबर-तुल्यभावेन स्वतन्त्रतया अवस्थित हों। इस प्रकार दण्डीने संकर-संसृष्टि सभी नवीन प्रभेदों की जगहमें एकमात्र संसृष्टि ही मान ली है।

अर्वाचीन आचार्योंने इस प्रसङ्गमें कुछ स्पष्ट विचार प्रस्तुत किया है, उनके मतानुसार समकक्षतया वर्त्तमान दो अलङ्कारोंके संसर्गमें संसृष्टिनामक अलङ्कार होता है :— 'मिथोऽनपेक्षमेतेषां स्थितिः संसृष्टिरुच्यते' और अङ्गाङ्गिभाव, एकाश्रयानुप्रवेश तथा सन्दिग्धत्व स्थलकी संसृष्टिको सङ्कर नामसे अलग अलङ्कार माना जाता है—

'अङ्गाङ्गित्वेऽलङ्कृतीनां तद्वदेकाश्रयस्थितौ। सन्दिग्धत्वे च भवति सङ्करस्त्रिविधस्ततः ॥'
इसका विस्तृत विवेचन जाननेके लिये साहित्यदर्पणादि ग्रन्थ देखें ॥ ३६० ॥

आक्षिपन्त्यरविन्दानि मुग्धे तव मुखश्रियम्।
कोशदण्डसमग्राणां किमेषामस्ति दुष्करम् ॥ ३६१ ॥

अङ्गाङ्गिभावसंसृष्टिमुदाहरति—**आक्षिपन्तीति**। हे मुग्धे बाले, अरविन्दानि कमलानि तव मुखश्रियम् वदनकान्तिम् आक्षिपन्ति तुलयन्ति (आक्षिपतिर्निन्दार्थकतयौपम्यवाची, 'आक्रोशत्यवजानाति कदर्थयति निन्दती'त्यादिनौपम्यवाचकसंग्रहात्), तत्रोपपत्तिमाह—**कोषेत्यादि**। कोषः कुड्मलं धनचयश्च, दण्डो नालदण्डः सामादिषूपायेषु चरम

---

१. संकीर्णं। २. भावसंस्थानं। ३. कक्ष्यता। ४. श्रियः।

उपायश्च, ताभ्यां कोषदण्डाभ्यां समग्राणां पूर्णानाम् एषां कमलानां दुष्करमसाध्यं किमस्ति, कोषदण्डसद्भावे नास्ति किमप्यसाध्यम्, तत्सम्पन्नानि चामूनि कमलानि तव मुखश्रियमाक्षिपन्तीति सयुक्तिकमेव।

अत्र प्रधानमुपमा, कोषदण्डपदयोः स्थितेन श्लेषेणानुप्राणितोऽर्थान्तरन्यासश्च तदङ्गमिति बोध्यम्, तदयं भवत्यङ्गाङ्गिभावसंसृष्ट्यलङ्कारः ॥ ३६१ ॥

हिन्दी—हे वाले, तुम्हारे मुखकी शोभासे कमल बराबरी कर रहे हैं, ठीक ही हैं, कोष (धनराशि—कमलपुष्पकुड्मल), तथा दण्ड (कमलनालदण्ड तथा सामाद्युपायमें अन्तिम उपाय दण्ड) इन दोनोंसे युक्त इन कमलोंके लिये दुष्कर क्या है? कुछ भी असाध्य नहीं है।

'आक्षिपन्ति' पदसे उपमाप्रधानतया प्रतीत होती है, और 'कोषदण्ड' पदोंमें वर्त्तमान श्लेषसे अनुप्राणित अर्थान्तरन्यास उसका अङ्ग है, अतः यह श्लोक अङ्गाङ्गिभाव-संसृष्टिका उदाहरण हुआ है ॥ ३६१ ॥

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता ॥ ३६२ ॥

समकक्षतासंसृष्टिमुदाहरति—**लिम्पतीवेति**। तमः अङ्गानि लिम्पतीव, नभः अञ्जनं वर्षतीव, असत्पुरुषसेवा नीचजनानुवृत्तिः इव दृष्टिः निष्फलतां वस्तुनिरीक्षणाशक्ततां नैरर्थक्यम् गता प्राप्ता। अत्र पूर्वार्द्धे उत्प्रेक्षाद्वयम्, उत्तरार्धे चोपमा, तासां परस्परनिरपेक्षभावेन समकक्षतयाऽवस्थानात्समकक्षसंसृष्टिरियम् ॥ ३६२ ॥

हिन्दी—अन्धकार अङ्गोंको लिप्त सा कर रहा है, आकाश अञ्जनकी वृष्टि-सा कर रहा है और दुर्जनकी सेनाकी तरह आँखें वस्तुग्रहणाक्षमतया निष्फल हो रही हैं। इस श्लोकमें कृष्णपक्ष की त्रयोदशीका वर्णन है, पूर्वार्द्धमे दो उत्प्रेक्षायें हैं और उत्तरार्धमें उपमा है, उनका परस्पर निरपेक्ष रूपमें समकक्षतया अवस्थान होनेसे समकक्षतासंसृष्टि नामक संसृष्टिप्रभेद यहाँ स्फुट है ॥

श्लेषः सर्वासु पुष्णाति प्रायो वक्रोक्तिषु श्रियम्।
भिन्नं द्विधा स्वभावोक्तिर्वक्रोक्तिश्चेति वाङ्मयम् ॥ ३६३ ॥

(इति संसृष्टिः)

श्लेष इति। श्लेषः प्रायः भूयसा सर्वासु वक्रोक्तिषु उक्तिवैचित्र्यमूलकालङ्कारेषु श्रियं शोभां पुष्णाति वर्धयति, प्रायः सर्वेष्वेवोक्तिवैचित्र्यकृतालङ्कारेषु श्लेषो मूलत्वेनावतिष्ठते इत्यर्थः। वक्रोक्तिसाजात्यात्स्मृतां स्वभावोक्तिमपि निर्दिशंस्तयोर्वाङ्मयव्यापितामाह—**भिन्नमिति**। स्वभावोक्तिः वस्तुस्वरूपवर्णनम्, वक्रोक्तिश्च सालङ्कारमुक्तिवैचित्र्यमिति वाङ्मयम् सकलं काव्यादि द्विधा भिन्नम् प्रकारद्वितयकृतसमावेशमिति ॥ ३६३ ॥

श्लेष प्रायः सभी वक्रोक्तियों—उक्तिवैचित्र्यकृत अलङ्कारोंमें शोभाधायक रहा ही करता है, इस तरह सारा वाङ्मय दो विभागोंमें बाँटा जा सकता है—१. स्वभावोक्ति, २. वक्रोक्ति।

इस तरह विभाग करनेका तात्पर्य यह मालूम पड़ता है कि काव्य में दो तरहकी उक्तिशैली को प्रश्रय दिया जाता है, एक वस्तुस्वरूपवर्णनको दूसरा चमत्कृतवर्णन—उक्तिवैचित्र्यकी। इन दोनों में ही सारी काव्यकी प्रवृत्तियाँ निहित हैं। इन दोनों शैलियोंमें यथार्थस्वरूपवर्णनवाली शैली स्वभावोक्तिसे युक्त रह सकती है, और दूसरी शैली चमत्कृतवर्णन-उक्तिवैचित्र्य-वक्रोक्तिसे चमत्कृत हो सकती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि सारा वाङ्मय दो विभागों में बँट जाता है—स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति ॥ ३६३ ॥

तद्भाविकमिति प्राहुः प्रबन्धविषयं गुणम् ।
भावः कवेरभिप्रायः काव्येष्वासिद्धिसंस्थितः ॥ ३६४ ॥

अथ सर्वालङ्कारप्रधानं भाविकं नामालङ्कारं लक्षयति—**तद्भाविकमिति ।** प्रबन्धाः ते ते महाकाव्यनाटकाख्यायिकादयः तद्विषयं तत्र वर्त्तमानं धर्मम् चमत्काराधायकं गुणविशेषम् तत् भाविकमिति प्राहुः कथयन्ति । संज्ञां व्युत्पादयति—**भाव इति ।** भावः कवेरभिप्रायस्ततः प्रवृत्तं भाविकम् , स च भावः आसिद्धिसमाप्तिपर्यन्तं संस्थितः एकरूपेण वर्त्तमानोऽत इदं भाविकं प्रबन्धगतम् ।

काव्यप्रकाशकारादयस्तु भाविकलक्षणमन्यथैवाहुः-'प्रत्यक्षा इव यद्भावाः क्रियन्ते भूतभाविनः तद्भाविकम्' ॥ ३६४ ॥

